सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911







एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट
Integrated Annual Report

2025-26



व्यवसाय गति संवर्धन का वर्ष

The Year of **Business Acceleration.**



www.centralbank.bank.in

व्यवसाय गति संवर्धन
का वर्ष

एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट

2025-26









वित्तीय वर्ष 2025-26: व्यावसायिक गति संवर्धन के माध्यम से संकल्प साकार करना

वित्तीय वर्ष 2025-26, जिसे "व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष" के रूप में अभिहित किया गया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विकास-यात्रा का वह निर्णायक चरण है, जिसमें बैंक ने अपनी सुदृढ़ संस्थागत आधारशिला एवं अंतर्निहित प्रत्यास्थता का प्रभावी उपयोग करते हुए तीव्र, सतत एवं विस्तार योग्य विकास सुनिश्चित किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 की हमारी थीम "उत्कृष्टता का निर्वहन" की निरंतरता में, हमने अपने सभी हितधारकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को वास्तविक अर्थों में साकार किया है। परिणामस्वरूप हमारी रणनीति अकांक्षाएं प्रत्येक व्यावसायिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता में परिवर्तित हुईं।

परिमाणित प्रगति एवं वित्तीय सुदृढ़ता

हमारा हमारा कार्यनिष्पादन व्यवसाय में प्राप्त इस तीव्र प्रगति का सशक्त प्रमाण है। बैंक का कुल व्यवसाय बढ़कर ₹8,12,439 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच गया, जो गत वर्ष की तुलना में 15.60% की सुदृढ़ वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि प्रबंधन द्वारा निर्धारित 14-15% के लक्ष्य से भी अधिक रही। यह उपलब्धि अनुशासित सुदृढ़ वित्तीय आधार पर आधारित रही। बैंक ने अपने निकटवर्ती इतिहास में पहली बार वित्तीय वर्ष की प्रथम तीन तिमाहियों (प्रथम तिमाही में 1.02%) के दौरान आस्तियों पर प्रतिफल के 1.00% के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को सफ़लतापूर्वक प्राप्त किया, जो हमारी परिचालन दक्षता का स्पष्ट प्रमाण है। यद्यपि पूरे वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का एकल आस्तियों पर प्रतिफल 0.89% रहा, तथापि इस पर वित्त अधिनियम, 2026 के अंतर्गत आस्थगित कर परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से उत्पन्न उल्लेखनीय एकमुश्त प्रभाव सम्मिलित है।

रैम (रिटेल कृषि एवं एमएसएमई) क्षेत्र बैंक की वृद्धि का प्रमुख प्रेरक रहा। इस खंड में 20.86% की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई, जिसके परिणामस्वरूप इसका आकार बढ़कर ₹2,34,571 करोड़ हो गया। व्यवसाय में इस तीव्र प्रगति की एक प्रमुख उपलब्धि यह रही कि बैंक का रिटेल अग्रिम पोर्टफोलियो पहली बार ₹1,00,000 करोड़ के महत्त्वपूर्ण स्तर को पार करते हुए ₹1,03,533 करोड़ पर पहुँच गया। यह उपलब्धि वर्ष-दर-वर्ष 25.67% की उल्लेखनीय वृद्धि के परिणामस्वरूप संभव हुई। इसी प्रकार बैंक के दायित्व व्यवसाय में भी अभूतपूर्व सुदृढ़ता परिलक्षित हुई। बचत जमा ने पहली बार ₹2,00,000 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर को पार कर बैंक के सुदृढ़ देयता आधार को और अधिक सशक्त बनाया।

आस्ति गुणवत्ता एवं जोखिम अनुशासन का संस्थागत सुदृढ़ीकरण

हमने केवल व्यावसायिक वृद्धि के आँकड़ों तक ही सीमित न रहते हुए केंद्रीकृत परिवर्तन रूपरेखाओं के माध्यम से अपनी जोखिम प्रबंधन संरचना का व्यापक पुनर्गठन किया तथा "अनुशासन के साथ गति संवर्धन" की संस्कृति को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया। यह वित्त वर्ष बैंक के लिए आस्ति गुणवत्ता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धियों का वर्ष सिद्ध हुआ। सकल एनपीए अनुपात घटकर 2.67% (पूर्व वर्ष 3.18%) पर आ गया, जबकि शुद्ध एनपीए 0.49% के स्तर पर बना रहा। बैंक की वास्तविक वित्तीय सुदृढ़ता का परिचायक स्लिपेज अनुपात में उल्लेखनीय सुधार रहा, जो घटकर 1.16% पर आ गया। इस उपलब्धि में स्वचालित अनुपालन निगरानी पोर्टल तथा सुदृढ़ीकृत प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की सक्रिय भूमिका रही, जिसने जोखिमों की समयपूर्व पहचान एवं प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित किया। इसके अतिरिक्त बैंक ने 95.97% का उत्कृष्ट प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा, जिससे उसकी बैलेंस शीट और अधिक सुदृढ़ बनी रही।

डिजिटल प्रगति एवं समावेशी विकास

सेन्ट नियो तथा डिजिटल लैंडिंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) के विस्तार ने बैंक की डिजिटल प्रगति को नई गति प्रदान की। वर्तमान में यह मंच 37 सक्रिय डिजिटल माध्यमों का समर्थन कर रहा है। हमारी "डिजिटल-फर्स्ट" रणनीति की सफ़लता इस तथ्य से परिलक्षित होती है कि कुल बैंकिंग लेन-देन में डिजिटल लेन-देन की हिस्सेदारी बढ़कर 90.54% के अब तक के सर्वाधिक स्तर पर पहुँच गई। बैंक ने तकनीकी विस्तार के साथ-साथ मानव पूँजी की उत्पादकता को सुदृढ़ बनाने पर भी विशेष बल दिया। इसके परिणामस्वरूप प्रति कर्मचारी व्यवसाय बढ़कर ₹23.89 करोड़ हो गया। साथ ही बैंक की 4,585 शाखाओं में ऋण मूल्यांकन के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 1,000 क्रेडिट अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त हमारे हाइब्रिड सेवा मॉडल ने वित्तीय समावेशन को और अधिक सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र-निर्माण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को सशक्त बनाया। बैंक ने अपने सेवा नेटवर्क का विस्तार करते हुए कुल 22,129 सेवा-संपर्क बिंदुओं तक अपनी पहुँच सुनिश्चित की, जिनमें से 65.19% शाखाएँ ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। बैंक ने सामाजिक सुशासन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की। महिला नेतृत्व एवं सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 115 "पिंक शाखाओं" को स्थापित किया गया है।

भावी योजना: व्यवसाय उत्कृष्टता की ओर

व्यवसाय में प्राप्त यह तीव्र प्रगति कोई क्षणिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि बैंक में स्थायी संस्थागत परिवर्तन की सुदृढ़ आधारशिला है। आज बैंक वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपने मूल उद्देश्यों की सफ़लतापूर्वक पूर्ति करते हुए तथा "अपने संकल्प को साकार करने" के उपरांत एक महत्त्वपूर्ण रणनीतिक मोड़ पर खड़ा है। अब हम वित्तीय वर्ष 2026-27 को "व्यावसायिक उत्कृष्टता का वर्ष" के रूप में देखते हैं, जो अब तक अर्जित उपलब्धियों को संस्थागत स्वरूप प्रदान करने हेतु समर्पित है। इस चरण में हमारा ध्यान तीव्र विस्तार से आगे बढ़कर परिचालन दक्षता को और अधिक परिष्कृत एवं सुदृढ़ बनाने पर केंद्रित रहेगा। इसके अंतर्गत लागत-आय अनुपात को 56% से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित है एवं प्रत्येक ग्राहक संपर्क बिंदु पर उत्कृष्ट अनुभव सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को कार्यान्वित किया जाएगा।

हम अपनी गौरवशाली विरासत से प्रेरित होकर डिजिटल प्रगति के साथ अपनी पहचान को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्ध हैं, जो वास्तव में "प्रत्येक भारतीय के लिए पूर्णत: केन्द्रित" है।

रिपोर्टिंग कम्पास:

व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष की प्रगतिशील यात्रा



एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 डाउनलोड करने के लिए

क्यूआर कोड स्कैन करें

अथवा बैंक की वेबसाइट

www.centralbank.bank.in

देखें।

शीर्षक एवं दृष्टिकोण: पारदर्शिता के अपने वचन को साकार करते हुए

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शीर्ष प्रबंधन द्वारा आधिकारिक तौर पर "व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष" के रूप में नामित वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपनी तृतीय एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित है। यह प्रतिवेदन हमारी रणनीतिक यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, जहाँ वित्तीय वर्ष 2024-25 की थीम "उत्कृष्ट परिणाम" से आगे बढ़ते हुए हमने "संकल्प से सिद्धि तक" को अपनी वर्तमान कार्य-दृष्टि बनाया है। जहाँ हमारे प्रथम एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन का उद्देश्य समेकित चिंतन की आधारभूत अवधारणा एवं उसके प्रमुख स्तंभों को स्थापित करना था, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह संस्करण इस बात का सशक्त प्रमाण प्रस्तुत करता है कि उन रणनीतिक रूपरेखाओं को किस प्रकार सफलतापूर्वक ठोस, तीव्र एवं परिणामोन्मुख उपलब्धियों में परिवर्तित किया गया है।

इस प्रतिवेदन का उद्देश्य यह पारदर्शी एवं प्रमाण-आधारित विवरण प्रस्तुत करना है कि बैंक ने अपनी छह प्रकार की पूंजी - वित्तीय, विनिर्मित, बौद्धिक, मानव, प्राकृतिक तथा संबंध एवं सामाजिक पूंजी - का उपयोग करते हुए किस प्रकार स्थायी मूल्य का सृजन किया है। अपने मूल सीबीआई-केयर मूल्यों के साथ अपनी संस्थागत गति का समन्वय स्थापित करते हुए, हमने सफलतापूर्वक ₹8,12,439 करोड़ के कुल व्यवसाय की ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की, जो अनुशासन के साथ विस्तार करने की हमारी क्षमता को सिद्ध करता है। यह प्रतिवेदन दिशा-सूचक हमारे आधारभूत स्थिरीकरण से उच्च-स्तरीय क्रियान्वयन की ओर हुए परिवर्तन को संप्रेषित करने का प्रमुख माध्यम है तथा वित्तीय वर्ष 2027 के हमारे आगामी लक्ष्य : "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष" की दिशा में एक सुरक्षित एवं सुदृढ़ सेतु प्रदान करता है। हम अपने 8.26 करोड़ ग्राहकों तथा सभी हितधारकों को हमारी उस यात्रा की दिशा से स्पष्ट रूप से अवगत कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसके माध्यम से हम वित्तीय वर्ष 2030 तक ₹13 लाख करोड़ का संस्थान बनने की ओर अग्रसर हैं।

रूपरेखाएँ: भविष्योन्मुख परिप्रेक्ष्य का निर्माण

वैश्विक तुलनीयता सुनिश्चित करने तथा संस्थागत सुदृढ़ता बनाए रखने के लिए यह प्रतिवेदन अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत प्रतिवेदन परिषद (आईआईआरसी) फ्रेमवर्क के अनुरूप तैयार किया गया है, जो अब आईएफआरएस फाउण्डेशन की आधारशिला है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में हमारे प्रतिवेदन का परिपक्व स्वरूप बहुआयामी वैश्विक मानकों के प्रति कठोर अनुपालन से परिभाषित होता है, जो एक सुरक्षित वित्तीय संस्थान के रूप में हमारी प्रतिष्ठा को प्रतिबिंबित करता है। हम ग्लोबल रिपोर्टिंग इनिशिएटिव (जीआरआई) मानकों का अनुपालन निरंतर जारी रखे हुए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे पर्यावरणीय, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों का आकलन सर्वाधिक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, बैंक ने जलवायु-संबंधी वित्तीय जोखिमों का समाधान करने के लिए अपने प्रतिवेदन ढाँचे में सस्टेनेबिलिटी अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड के संकेतकों तथा जलवायु-संबंधी वित्तीय प्रकटीकरणों पर टास्कफोर्स की अनुशंसाओं को सम्मिलित किया है। इस वर्ष की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि ईज़ 7.0 सुधारों के अनुरूप हमारा समन्वय रहा, जिसमें बैंक ने डेटा गुणवत्ता के क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जो परिचालन उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। वर्ष 2028 तक नेट ज़ीरो स्कोप 1 के अपने स्वैच्छिक लक्ष्य की दिशा में अग्रसर होते हुए, हमने आईएफआरएस सस्टेनेबिलिटी प्रकटीकरण मानकों (आईएफआरएस एस1 एवं एस2) की ओर स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह व्यापक रूपरेखा हमें अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं - गतिसंवर्धन, विस्तारण, रूपांतरण एवं सुदृढ़ीकरण को सीधे संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ने में सक्षम बनाती है, जो हमारे व्यावसायिक गतिसंवर्धन का राष्ट्रीय एवं वैश्विक परिणामों में सकारात्मक योगदान सुनिश्चित करता है। द्वैध महत्त्वता दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारा प्रतिवेदन उन मुद्दों पर केंद्रित रहे, जो समय के साथ मूल्य सृजन करने की हमारी क्षमता को सर्वाधिक प्रभावित करते हैं।

कार्यक्षेत्र, परिधि एवं रिपोर्टिंग अवधि

जब तक अन्यथा उल्लेखित न हो, इस एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन में दी गई जानकारी 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि को कवर करती है।

प्रतिवेदन की परिधि में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 4,585 शाखाओं तथा 22,129 कुल संपर्क बिंदुओं के विस्तृत नेटवर्क में संचालित समस्त परिचालन शामिल हैं, जिससे हमारी व्यापक उपस्थिति का समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत होता है। इस परिधि में हमारी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सेन्ट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (सीएफएसएल) का वित्तीय एवं परिचालन कार्यनिष्पादन भी सम्मिलित है, जो हमारी विशिष्ट वित्तीय सेवा इकाई के रूप में कार्य करती है, साथ ही हमारे एवं सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड (सीबीएचएफएल), विशेषीकृत वित्त इकाई बैंक भी इसमें शामिल हैं।

यह विवरण विशेष रूप से व्यावसायिक गतिसंवर्धन चरण के दौरान हमारे प्रबल प्रभाव पर बल देता है, विशेषकर 1.00% आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) के लक्ष्य की प्राप्ति तथा हमारे रिटेल अग्रिम पोर्टफोलियो के ऐतिहासिक रूप से ₹1,00,000 करोड़ के स्तर से आगे बढ़ने की उपलब्धि पर। सभी भौतिक एवं डिजिटल माध्यमों, जिनमें सेन्ट निओ इकोसिस्टम भी शामिल है, को कार्यक्षेत्र में सम्मिलित करके हम इस ऐतिहासिक वित्तीय वर्ष के दौरान अपने कार्यनिष्पादन एवं जोखिमों का समग्र चित्र प्रस्तुत करते हैं।

सत्यनिष्ठा एवं विश्वास: स्वचालित सुदृढ़ता

इस प्रतिवेदन में प्रस्तुत जानकारी की सत्यनिष्ठा हमारी संबंधपरक पूंजी की आधारशिला है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने पारंपरिक मैनुअल रिपोर्टिंग व्यवस्था से आगे बढ़ते हुए बुद्धिमत्तापरक सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की। इस प्रतिवेदन में सम्मिलित सभी वित्तीय आँकड़े बैंक के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित हैं, जिन्हें असंशोधित लेखापरीक्षा अभिमत प्राप्त हुआ है। यह हमारे वित्तीय प्रतिवेदन की शुद्धता, विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता की पुष्टि करता है। जहाँ मध्य-वर्षीय प्रगति को रेखांकित करने के उद्देश्य से अनंतिम अथवा अनलेखापरीक्षित आँकड़ों का उपयोग किया गया है, वहाँ उन्हें स्पष्ट रूप से अस्थायी के रूप में चिह्नित किया गया है।

बैंक ने तीन प्रमुख तकनीकी स्तंभों के माध्यम से "स्वचालित सुदृढ़ता" की एक सुदृढ़ संस्थागत व्यवस्था स्थापित की है-

1. **स्वचालित अनुपालन पोर्टल**: बैंक की सभी 4,585 शाखाओं में सफलतापूर्वक लागू इस पोर्टल ने ईएसजी जोखिम मूल्यांकन एवं स्लिपेज नियंत्रण प्रक्रिया को स्वचालित बनाया है। इसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्लिपेज अनुपात न्यूनतम 1.16% पर रहा।
2. **प्रिज़्म पोर्टल**: यह पोर्टल बैंक की प्रमुख परिवर्तनकारी एवं डिजिटलीकरण परियोजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी एवं प्रगति-ट्रैकिंग सुनिश्चित करता है।
3. .bank.in **डोमेन में पूर्ण माइग्रेशन**: बैंक द्वारा सुरक्षित एवं सत्यापित .bank.in डोमेन पर शत-प्रतिशत माइग्रेशन पूर्ण कर लिया गया है, जिससे सभी हितधारकों के साथ होने वाले संवाद में डिजिटल विश्वास एवं साइबर सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

इन उन्नत आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों तथा डेटा गुणवत्ता में प्राप्त #2 स्थान के संयुक्त प्रभाव से यह सुनिश्चित होता है कि इस प्रतिवेदन में प्रस्तुत प्रत्येक आँकड़ा सत्यापित, विश्वसनीय एवं सुदृढ़ है।

भविष्योन्मुख कथन

"व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" के रूप में अभिहित वित्तीय वर्ष 2025-26 की यह एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट, प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2026-27 के "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष" की ओर अग्रसर होते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के भावी परिचालन, वित्तीय प्रदर्शन तथा रणनीतिक कार्ययोजना से संबंधित भविष्योन्मुख कथनों को समाहित करती है। "संकल्प से सिद्धि तक" की हमारी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने वाले इन कथनों की पहचान सामान्यत: "कर सकता है", "करेगा", "प्रयास", "लक्ष्य रखने", "पूर्वानुमान", "लक्षित करना", "प्रक्षेपित", "अपेक्षा करना", "अनुमान", "आशय", "योजना", "लक्ष्य", "विश्वास" अथवा इसी प्रकार के अन्य अभिव्यक्तियों के माध्यम से की जा सकती है।

ये कथन इस प्रतिवेदन की तिथि तक प्रबंधन के वर्तमान विश्वासों, आकलनों तथा अपेक्षाओं पर आधारित हैं तथा स्वभावत: ऐसे ज्ञात एवं अज्ञात जोखिमों, अनिश्चितताओं और मान्यताओं के अधीन हैं, जिनका पूर्वानुमान लगाना कठिन है। इन कारकों में भारतीय एवं वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं का प्रदर्शन, निरंतर विकसित हो रहे नियामकीय ढाँचे, परिपक्व हो रही ईएसजी एवं जलवायु-संबद्ध प्रकटीकरण आवश्यकताएँ, साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिम तथा बैंक के नियंत्रण से परे अन्य बाह्य घटनाएँ शामिल हैं, किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

इन कथनों में व्यक्त अथवा निहित अपेक्षाओं की तुलना में बैंक के वास्तविक परिणाम तथा संस्थागत उपलब्धियाँ उल्लेखनीय रूप से भिन्न हो सकती हैं। संभावित जोखिमों एवं अनिश्चितताओं, जिनमें विजन 2030 की दिशा में बैंक की प्रगति से संबंधित जोखिम भी सम्मिलित हैं, का विस्तृत विवरण इस एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन के जोखिम प्रबंधन अनुभाग तथा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में उपलब्ध है। लागू विधिक अथवा नियामकीय प्रावधानों के अंतर्गत अपेक्षित परिस्थितियों को छोड़कर, बैंक इस प्रतिवेदन की तिथि के पश्चात घटित घटनाओं अथवा परिवर्तित परिस्थितियों के आधार पर किसी भी भविष्योन्मुख कथन को अद्यतन, संशोधित अथवा परिवर्तित करने का कोई दायित्व स्वीकार नहीं करता।

रणनीतिक संपर्क

व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष का विश्लेषण

गति संवर्धन का विश्लेषण: हमारी एकीकृत रिपोर्टिंग की मार्गदर्शिका

अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्ट परिषद के सिद्धांतों के अनुरूप, यह अध्याय हमारी वित्तीय वर्ष 2025-26 की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट को समझने के लिए एक रणनीतिक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करता है। जहाँ, गति वर्ष का केंद्रबिंदु, हमारी एकीकृत रिपोर्ट यात्रा की आधारभूत शुरुआत था, वहीं इस वर्ष का विवरण प्रगति की तीव्रता को क्रियान्वयन के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

जैसे-जैसे बैंक "उत्कृष्टता के निर्वहन" से "अपने संकल्प को साकार करने" की ओर अग्रसर हो रहा है, इस रिपोर्ट को इस प्रकार संरचित किया गया है कि हितधारक हमारे छह पूंजीगत आधारों—वित्तीय, विनिर्मित, बौद्धिक, मानव, प्राकृतिक तथा संबंध एवं सामाजिक पूंजी—से इस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त उल्लेखनीय परिणामों तक मूल्य सृजन के प्रवाह का प्रत्यक्ष रूप से अनुसरण कर सकें। हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं तथा हमारी रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियों के मध्य अंतर्संबंधों को समझकर, पाठक इस बात की गहनता को समझा सकते हैं कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने सार्वभौमिक बैंकिंग मॉडल का विस्तार करते हुए ₹13 लाख करोड़ के संस्थान के रूप में किस प्रकार विकसित हो रहा है।

संकल्प से सिद्धि: संपर्कता का मूल्य

हमारे महत्त्वपूर्ण विषयों, रणनीतिक प्राथमिकताओं तथा व्यवसाय मॉडल के घटकों के मध्य अंतर्संबंध स्थापित करना, वित्तीय वर्ष 2026 को परिभाषित करने वाले तीव्र गति-निष्पादन को समझने के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह समग्र दृष्टिकोण हमें एक सुसंगत विवरण प्रस्तुत करने में सक्षम बनाता है कि किस प्रकार विभिन्न पूंजीगत आधार एक-दूसरे को प्रभावित करते हुए संस्थागत प्रगति को गति प्रदान करते हैं।

इस रिपोर्ट में संपर्कता केवल एक सैद्धांतिक अवधारणा नहीं है, बल्कि व्यापक स्तर पर मूल्य सृजन का प्रत्यक्ष प्रदर्शन है। उदाहरणस्वरूप, पाठक यह देख सकते हैं कि किस प्रकार हमारी बौद्धिक पूंजी (विशेष रूप से सेन्ट नियो इकोसिस्टम) ने मानव पूंजी की उत्पादकता के एक प्रमुख इंजन के रूप में कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप प्रति कर्मचारी ₹23.89 करोड़ का ऐतिहासिक व्यवसायिक स्तर प्राप्त हुआ। इसी प्रकार, प्राकृतिक पूंजी पर हमारा ध्यान अब केवल एक नीतिगत रूपरेखा तक सीमित नहीं है, बल्कि परिणामोन्मुखी दायित्व के रूप में परिलक्षित होता है, जिसका प्रमाण किसानों के लिए 16,500 सौर पंपों की कागज-रहित डिजिटल स्वीकृति है। इन "मूल्य प्रवाहों" का अनुक्रम समझकर हितधारक यह देख सकते हैं कि बैंक की रणनीतिक धारणा किस प्रकार प्रत्येक व्यावसायिक क्षेत्र में मापने योग्य तथा तीव्र गति वाले परिणामों में सफलतापूर्वक परिवर्तित हुई है।

गति संवर्धन बिंदु: महत्त्व के अनुसार विस्तार का मानचित्रण

इस वर्ष की रिपोर्ट की एक विशिष्ट विशेषता दोहरी महत्त्वपूर्णता दृष्टिकोण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारी रणनीतिक गति वित्तीय सुदृढ़ता तथा राष्ट्रीय उत्तरदायित्व दोनों के अनुरूप हो। इस रिपोर्ट में इन अंतर्संबंधों को समझने में पाठकों की सहायता के लिए विशिष्ट "गति संवर्धन बिंदुओं" का उपयोग किया गया है:

- **रणनीतिक प्राथमिकताएँ एवं परिणाम**: हम अपने चिन्हित महत्त्वपूर्ण विषयों—जैसे वित्तीय समावेशन तथा ग्राहक-केंद्रितता—को सीधे अपने रेम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) विकास इंजन से जोड़ते हैं। इससे पाठक यह समझ सकते हैं कि किस प्रकार हमारे रिटेल अग्रिमों के पोर्टफोलियो ने ऐतिहासिक ₹1,00,000 करोड़ के स्तर को पार किया, साथ ही सीबीआई- केयर के आकांक्षी विकास संबंधी हमारे संकल्प को भी पूर्ण किया।
- **परिवर्तन केंद्र**: पूरे दस्तावेज़ में मिशन प्रगति की भूमिका उस केंद्रीय नोडल बिंदु के रूप में रेखांकित की गई है, जहाँ रूपरेखाएँ कार्यान्वयन मंचों में परिवर्तित होती हैं। चाहे सक्षम के माध्यम से- परिसंपत्ति गुणवत्ता की चर्चा हो अथवा प्रिज़्म के माध्यम से- परियोजना अनुश्रवण की, हमारी शासन व्यवस्था तथा हमारे परिणामों के मध्य संपर्कता पूरी तरह पारदर्शी बनी रहती है।
- **स्थायित्व समन्वय**: यह रिपोर्ट वर्ष 2028 तक स्कोप 1 के अंतर्गत नेट ज़ीरो लक्ष्य को हमारी परिचालन विनिर्मित पूंजी से जोड़ती है तथा यह प्रदर्शित करती है कि हमारे वाहन बेड़े के 33% भाग का इलेक्ट्रिक वाहनों में रूपांतरण किस प्रकार संस्थागत कार्बन-उत्सर्जन में कमी में योगदान दे रहा है।

इंटेलिजेंस लेजर: नेविगेशन एंकर्स

इस ऐतिहासिक रिपोर्ट का सहजतापूर्वक अध्ययन करने में सुविधा प्रदान करने के लिए हमने अपनी इंटेलिजेंस-आधारित शासन व्यवस्था के अनुरूप अपनी नेविगेशन प्रणाली को अद्यतन किया है। संपूर्ण दस्तावेज़ में विभिन्न पूंजीगत आधारों तथा रणनीतिक प्राथमिकताओं को परस्पर जोड़ने के लिए निम्नलिखित "नेविगेशन एंकर्स" का उपयोग किया गया है:

1. **सीबीआई-केयर मूल्य**: प्रत्येक अध्याय हमारे मूल मूल्यों—ग्राहक सेवा, आकांक्षी विकास, राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा कर्मचारी कल्याण—पर आधारित है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारी तीव्र प्रगति सदैव उद्देश्य-प्रेरित रहे।
2. **रणनीतिक प्राथमिकताएँ (एईएफटी)**: गति संवर्धन, विस्तार, रूपांतरण तथा सुदृढ़ीकरण के प्रतीकों को प्रमुख उपलब्धियों के साथ प्रदर्शित किया गया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हमारी कार्ययोजना किस प्रकार हमारी प्रगति की गति का मार्गदर्शन करती है।
3. **डिजिटल विश्वास संकेतक**: .bank.in तथा सक्षम से संबंधित संकेतकों पर विशेष ध्यान दें। ये उन क्षेत्रों को दर्शाते हैं जहाँ प्रौद्योगिकी ने संस्थागत अनुशासन तथा डिजिटल विश्वास को सुदृढ़ किया है।
4. **एकीकृत मूल्य मैट्रिक्स**: यह दृश्य उपकरण इस बात का तकनीकी सार प्रस्तुत करता है कि हमारे इनपुट (प्रगति के ईंधन) किस प्रकार विशिष्ट आउटपुट (गति के परिणाम) तथा आउटकम (पूर्ण किए गए संकल्प) में परिवर्तित हुए।

संदर्भ तालिकाएँ:

1. रणनीतिक प्राथमिकताएँ: एईएफटी रोडमैप

वित्तीय वर्ष 2026 में हमारी समग्र रणनीतिक दिशा को चार प्रमुख स्तंभों में वर्गीकृत किया गया है, जो हमारे तीव्र गति वाले क्रियान्वयन का मार्गदर्शन करते हैं।

कोड	रणनीतिक प्राथमिकता	गति संवर्धन वर्ष का आशय
ए	गति संवर्धन	रैम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) क्षेत्रों में तीव्र गति से ऋण वितरण तथा प्रति कर्मचारी उत्पादकता में वृद्धि पर केंद्रित।
ई	विस्तार	22,129 सेवा संपर्क बिंदुओं तथा 115 पिंक शाखाओं के माध्यम से अपनी भौतिक एवं डिजिटल उपस्थिति का विस्तार।.
टी	रूपांतरण	सेन्ट नियो, डिजिटल ऋण प्रदाता मंच (डीएलपी) तथा कागज-रहित प्रक्रियाओं के माध्यम से इंटेलिजेंस-संचालित बैंक की दिशा में रूपांतरण।
एफ	सुदृढ़ीकरण	सक्षम-आधारित अनुपालन के माध्यम से बैलेंस शीट को सुदृढ़ बनाना तथा सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को बहुवर्षीय न्यूनतम 2.67% के स्तर पर लाना।

2. रणनीतिक सह-प्राथमिकताएं (विस्तृत बेविगेशन कोड)

सूक्ष्म स्तर पर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, बैंक विशिष्ट गतिविधियों को रणनीतिक उद्देश्यों से जोड़ने हेतु अक्षर-आधारित (A–O) कोडिंग प्रणाली का उपयोग करता है

कोड	रणनीतिक उद्देश्य	आशय एवं संदर्भ
ए	परिचालन दक्षता	प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए डिजिटल क्षमताओं का उपयोग करना।
बी	बैलेंस शीट का अनुकूलन	संसाधनों के आबंटन एवं लाभप्रदता में सुधार।
सी	संलग्न कार्यबल	समावेशी एवं विविधतापूर्ण कार्य-संस्कृति को प्रोत्साहित करना।
डी	प्रतिभा प्रतिधारण	प्रशिक्षण एवं सहयोगात्मक कार्य वातावरण में निवेश करना।
ई	डिजिटल क्षमताएँ	उत्कृष्ट समाधान प्रदान करने के लिए तकनीक का उपयोग करना।
एफ	ग्राहक नवाचार	डेटा विश्लेषण के आधार पर उत्पाद विकास को प्रोत्साहित करना।
जी	डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता	सुदृढ़ एन्क्रिप्शन एवं लेखा-परीक्षण के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास सुनिश्चित करना।
एच	अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से नवाचार	प्रयोगशालाओं एवं i3 के माध्यम से प्रक्रिया पुनर्रचना में निवेश करना।

आई	ग्राहकों का वित्तीय स्वास्थ्य	डेटा-आधारित अंतर्दृष्टियों द्वारा व्यक्तिगत वित्तीय परामर्श प्रदान करना।
जे	वित्तीय समावेशन	बैंकिंग सेवाओं से वंचित एवं अल्प-सेवित आबादी तक पहुँच बढ़ाना।
के	रणनीतिक भागीदारी	को-लेंडिंग के लिए फिनटेक कंपनियों एवं गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान के साथ सहयोग करना।
एल	भुगतान नवाचार	संपर्करहित एवं ब्लॉकचेन आधारित साधनों के माध्यम से भुगतान प्रणालियों को सुदृढ़ बनाना।
एम	वितरण माध्यम	हाइब्रिड एवं डिजिटल सेवा प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना।
एन	स्थिरता को प्रोत्साहन	परिचालन के भीतर पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करना।
ओ	सतत बैंकिंग	जलवायु-अनुकूल वित्तपोषण एवं हरित उत्पादों के प्रति प्रतिबद्ध रहना।

3. व्यवसाय मॉडल के घटक (बीएमसी)

ये कोड बिजनेस मॉडल कैनवास पर आधारित बैंक की मूल्य सृजन संरचना के प्रमुख घटकों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कोड	व्यवसाय मॉडल घटक	आशय
1	**प्रमुख भागीदार**	भारत सरकार, फिनटेक सहयोगी तथा को-लेंडिंग भागीदार।
2	**प्रमुख गतिविधियाँ**	जमा संकलन, ऋण वितरण तथा ट्रेजरी परिचालन।
3	**प्रमुख संसाधन**	मानव, वित्तीय, विनिर्मित तथा प्रौद्योगिकी पूंजी।
4	**मूल्य प्रस्ताव**	वित्तीय समावेशन, नवाचार तथा ग्राहक-केंद्रित सेवाओं का प्रदान करना।
5	**ग्राहक संबंध**	आईसीसी तथा डिजिटल स्व-सेवा के माध्यम से सक्रिय सहभागिता।
6	**सेवा माध्यम**	4,585 शाखाएँ, एटीएम तथा सेन्ट नियो डिजिटल इकोसिस्टम।
7	**ग्राहक वर्ग**	रिटेल, कृषि, एमएसएमई (रैम) तथा कॉर्पोरेट ग्राहक।
8	**प्रमुख इनपुट**	प्रगति के प्रेरक तत्व, जिनमें कुशल कर्मचारी तथा सुदृढ़ पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) शामिल हैं।
9	**राजस्व स्रोत**	ऋण, कोषागार तथा बैंकएश्योरेंस से प्राप्त विविधीकृत आय।

4. प्रमुख महत्त्वपूर्ण विषय

हमारा महत्त्वपूर्णता मूल्यांकन उन पर्यावरणीय, सामाजिक एवं सुशासन (ईएसजी) संबंधी विषयों की पहचान करता है, जो हमारी मूल्य सृजन क्षमता के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

क्षेत्र	विषय संख्या	प्रमुख महत्त्वपूर्ण विषय	अर्थ / वित्तीय वर्ष 2026 का परिणाम
पर्यावरण	01	जलवायु जोखिम एवं रणनीति	वर्ष 2028 तक स्कोप 1 के अंतर्गत नेट ज़ीरो का लक्ष्य; निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ईएसजी नीति।
	02	परिचालन पर्यावरणीय दक्षता	16,500 किसानों के लिए सौर पंपों का कागज-रहित वित्तपोषण।
सामाजिक	06	ग्राहक-केंद्रितता	रिटेल पोर्टफोलियो का ₹1.00 लाख करोड़ के ऐतिहासिक स्तर को पार करना।
	08	वित्तीय समावेशन	22,129 सेवा संपर्क बिंदुओं पर 65.19% आरयूएसयू उपस्थिति।
	10	मानव पूंजी विकास	गुणवत्तापूर्ण विस्तार सुनिश्चित करने हेतु 1,000 क्रेडिट अधिकारियों को प्रशिक्षण।
	11	विविधता एवं समावेशन	115 पूर्णत: महिला-संचालित "पिंक शाखाओं" की स्थापना।
सुशासन	12	नवाचार एवं डिजिटलीकरण	37 सक्रिय डिजिटल यात्राओं के साथ डिजिटल हिस्सेदारी 90.54% तक पहुँची।
	15	जोखिम एवं संकट प्रबंधन	गैर-निष्पादित आस्तियां घटकर 2.67% हुआ; सक्षम आधारित स्वचालित अनुपालन प्रणाली लागू।
	16	डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता	सत्यापित .bank.in डोमेन पर 100% स्थानांतरण।

5. वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई) मानकों का मानचित्रण

वैश्विक प्रतिवेदन पहल (जीआरआई) कोड स्थिरता प्रदर्शन की रिपोर्टिंग के लिए मानकीकृत संकेतक प्रदान करते हैं।

जीआरआई श्रृंखला	दायरा	सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संदर्भित प्रमुख मानक
100 श्रृंखला	आधार एवं प्रोफ़ाइल	102 (सामान्य प्रकटीकरण), 103 (प्रबंधन दृष्टिकोण)।
200 श्रृंखला	आर्थिक मानक	201 (आर्थिक प्रदर्शन), 203 (अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव), 205 (भ्रष्टाचार-रोधी)।
300 श्रृंखला	पर्यावरणीय मानक	302 (ऊर्जा), 303 (जल), 305 (उत्सर्जन), 306 (अपशिष्ट)।
400 श्रृंखला	सामाजिक मानक	401 (रोजगार), 404 (प्रशिक्षण), 405 (विविधता), 413 (स्थानीय समुदाय), 418 (ग्राहक गोपनीयता)।
एफएस श्रृंखला	क्षेत्र-विशिष्ट अनुपूरक	एफएस-8 (पर्यावरणीय लाभ), एफएस -13 (सेवा पहुँच बिंदु), एफएस -14 (वंचित वर्गों के लिए सेवा पहुँच)।

6. संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएनएसडीजी) के साथ संरेखण: राष्ट्र निर्माण के संकल्प की सिद्धि

बैंक वैश्विक सतत विकास उद्देश्यों में योगदान देने के लिए अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित करता है।

यूएनएसडीजी संख्या #	लक्ष्य का नाम	वित्तीय वर्ष 2026 में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रमुख क्रियान्वयन
	**गरीबी उन्मूलन**	13,685 बीसी आउटलेट्स के माध्यम से ग्रामीण भारत को ऋण उपलब्ध कराना।
	**उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण**	लक्षित सीएसआर हस्तक्षेपों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच का प्रदान करना तथा संरचित वेलनेस पहलों के माध्यम से कर्मचारियों के कल्याण को सुदृढ़ करना।
	**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**	आकांक्षी विद्यार्थियों तक पहुँच सुनिश्चित करते हुए शिक्षा ऋण पोर्टफोलियो का उल्लेखनीय विस्तार।
	**लैंगिक समानता**	पूर्णत: महिलाओं द्वारा संचालित 115 पिंक शाखाओं की स्थापना।
	**सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा**	नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ₹2,751.44 करोड़ के ऋण स्वीकृत करना।
	**सम्मानजनक कार्य एवं आर्थिक विकास**	व्यवसाय में वर्ष-दर-वर्ष 15.65% की वृद्धि तथा 1.00% आस्तियों पर प्रतिफल का ऐतिहासिक स्तर प्राप्त करना।
	**उद्योग, नवाचार एवं अवसंरचना**	सेन्ट नियो, 37 लाइव डीएलपी यात्राओं, प्रिज़्म निगरानी तथा 100% .bank.in स्थानांतरण के माध्यम से डिजिटल बैंकिंग अवसंरचना का विस्तार।
	**असमानताओं में कमी**	प्रधान-मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधान-मंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ बनाना।
	**उत्तरदायी उपभोग एवं उत्पादन**	कागज-रहित बैंकिंग, परिचालन इको-एफिशिऐंसी तथा डिजिटल यात्राओं और सतत अवसंरचना पहलों के माध्यम से हरित संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देना।
	**जलवायु कार्रवाई**	हरित वाहन बेड़े में रूपांतरण के माध्यम से वर्ष 2028 तक स्कोप 1 के अंतर्गत नेट ज़ीरो लक्ष्य की दिशा में अग्रसर होना।

विषय-सूची

हमारी व्यावसायिक कार्यप्रणाली: त्वरित विकास की संरचना

पृष्ठ 40





पृष्ठ 44

मूल्य सृजन कैसे करें: वित्त वर्ष 2026 में मूल्य सृजन एवं प्रभाव



पृष्ठ 64

बौद्धिक पूंजी
संस्थागत बुद्धिमत्ता – नवाचार के संकल्प का विस्तार

व्यवसाय गति संवर्धन का वर्ष 02

रिपोर्टिंग कम्पास 04
व्यवसाय गति संवर्धन के वर्ष की प्रगतिशील यात्रा

रणनीतिक संपर्क 06
व्यवसाय गति संवर्धन के वर्ष का विश्लेषण

विषय-सूची 10

बैंक के बारे में

निदेशक मंडल 12

कॉर्पोरेट जानकारी 14

वरिष्ठ प्रबंधन टीम (दिनांक 30.04.2026 की स्थिति के अनुसार) 15

प्रगति के शिल्पकार: सर सोराबजी की 115 वर्षीय प्रतिबद्धता 16

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का हितधारकों के नाम संदेश 22

रणनीति

बाजार की बदलती परिस्थितियों का प्रबंधन: 26
गति संवर्धन हेतु अवसरों का लाभ उठाना

हमारी व्यावसायिक प्राथमिकताएं: प्रतिबद्धता से प्रगति की ओर 30

हितधारक जुड़ाव: वचनबद्धता 34

प्रासंगिकता एवं हितधारक मूल्य: संवर्धन पर हमारा दृष्टिकोण 36

हमारी व्यावसायिक कार्यप्रणाली: त्वरित विकास की संरचना 40

मूल्य सृजन कैसे करें: वित्त वर्ष 2026 में मूल्य सृजन एवं प्रभाव 44

हमारी ईएसजी नीति रूपरेखा: उत्तरदायी एवं सतत विकास के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धताओं का निर्वहन 46

नैतिकता एवं कार्यप्रणाली में सुशासन का समावेशन: अपनी प्रतिबद्धताओं का निर्वहन 50

पूंजी

वित्तीय पूंजी 54
त्वरित प्रगति का सशक्त हाइब्रिड आधार

वित्तीय पूंजी 58
गतिशील पूंजी- तीव्र विकास के संकल्प की सिद्धि

बौद्धिक पूंजी 64
संस्थागत बुद्धिमत्ता- नवाचार की संभावनाओं का विस्तार

प्राकृतिक पूंजी 70
नेट-ज़ीरो भविष्य की ओर अग्रसर

संबंध एवं सामाजिक पूंजी 76
उद्देश्य को सशक्त बनाना- समावेशन के संकल्प को साकार करना

मानव संपदा 84
प्रगति की शक्ति- उत्पादकता की सिद्धि

अधिसूचना

19वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना 88

सांविधिक

निदेशक रिपोर्ट 2025-26 123

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट 129

निदेशकों का गैर-अयोग्यता का प्रमाणपत्र 133

प्रबंधकीय विमर्श एवं विश्लेषण 134

कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट 2025-26 188

कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर प्रमाणपत्र 216

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत प्रमाण-पत्र 217

व्यवसायिक उत्तरदायित्व एवं स्थायित्व रिपोर्ट 2025-26 218

बैंक की लाभांश वितरण नीति 253

वित्तीय विवरण

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट (एकल) 254

एकल वित्तीय विवरण 264

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट (समेकित) 339

समेकित वित्तीय विवरण 348

दिनांक 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार पिलर 3 (बेसिल- III) प्रकटीकरण 391

जीआरआई सूचकांक 392

निदेशक मंडल



श्री कल्याण कुमार
(प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिनांक 30.09.2025 से)



श्री एम. वी. राव
(प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिनांक 31.07.2025 तक)



श्री एम वी मुरली कृष्णा
(कार्यपालक निदेशक)



श्री महेन्द्र दोहरे
(कार्यपालक निदेशक)



श्री ई. रतन कुमार
कार्यपालक निदेशक
(दिनांक 24.11.2025 से)



श्री विवेक वाही
कार्यपालक निदेशक
(दिनांक 30.09.2025 तक)



श्री चन्द्रदीप कुमार झा
सरकार नामित निदेशक
(दिनांक 19.06.2026 से)



श्री बी. पुरुषार्थ
सरकार नामित निदेशक
(दिनांक 24.07.2025 से 19.06.2026 तक)



श्री हार्दिक मुकेश सेठ
सरकार नामित निदेशक
(दिनांक 24.07.2025 तक)



श्री मनोरंजन दास
भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक



श्री प्रियव्रत शर्मा
अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
(दिनांक 07.05.2026 तक)



श्री शारदा कुमार होता
अंशधारक निदेशक



श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी
अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
(दिनांक 11.04.2025 से 10.04.2026 तक)

कॉर्पोरेट जानकारी

निदेशक मंडल

श्री कल्याण कुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
(दिनांक 30.09.2025 से)

श्री एम. वी. राव
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
(दिनांक 31.07.2025 तक)

श्री एम वी मुरली कृष्णा
कार्यपालक निदेशक

श्री महेन्द्र दोहरे
कार्यपालक निदेशक

श्री ई. रतन कुमार
कार्यपालक निदेशक
(दिनांक 24.11.2025 से)

श्री विवेक वाही
कार्यपालक निदेशक
(दिनांक 30.09.2025 तक)

श्री चन्द्रदीप कुमार झा
सरकार नामित निदेशक
(दिनांक 19.06.2026 से)

श्री बी. पुरुषार्थ
सरकार नामित निदेशक
(दिनांक 24.07.2025 से 19.06.2026 तक)

श्री हार्दिक मुकेश सेठ
सरकार नामित निदेशक
(दिनांक 24.07.2025 तक)

श्री मनोरंजन दास
भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक

श्री प्रियव्रत शर्मा
अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
(दिनांक 07.05.2026 तक)

श्री शारदा कुमार होता
अंशधारक निदेशक

श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी
अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
(दिनांक 11.04.2025 से 10.04.2026 तक)

सांविधिक केन्द्रीय लेखापरीक्षक

मैसर्स एडीबी एंड कंपनी

मैसर्स अमित रे एंड कंपनी

मैसर्स जैन पारस बिलाला एंड कंपनी

मैसर्स गर्ग अशोक एंड कंपनी

सचिवीय लेखा परीक्षक

मैसर्स रागिनी चोकशी एंड कंपनी, *मुंबई*

सहायक कंपनियाँ

सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड
सेन्ट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

सहयोगी कंपनियाँ

जेनरली सेन्ट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
जेनरली सेन्ट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
इंडो ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड, *ज़ाम्बिया*

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता

इक्विटी शेयरों हेतु
एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

सी-101, 247 पार्क,
एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400083
दूरभाष: 022-49186270
फैक्स: 022-49186060
ई-मेल : rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com

बॉण्ड (डिबेंचर) हेतु
एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड

कार्यालय संख्या 383, तृतीय तल, बी-विंग,
गुंडेचा एन्क्लेव प्रिमाइसेस, सहकारी समिति लिमिटेड,
खेरानी रोड, साकीनाका, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400072
दूरभाष : 022-28516021
ई-मेल : helpdeskmum@mcsregistrars.com

बैंक के साथ पत्राचार हेतु पता

सहायक महाप्रबंधक - कंपनी सचिव
एवं अनुपालन अधिकारी

श्री चन्द्रकांत भागवत

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, 9वीं मंजिल,
चंदर मुखी भवन, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021

दूरभाष : 022-66387818 / 7575
ई-मेल : agmcompsec@centralbank.bank.in /
investors@centralbank.bank.in

वरिष्ठ प्रबंधन टीम

(30.04.2026 की स्थिति अनुसार)

क्र.	अधिकारी का नाम	धारित कार्यभार
1	**श्री अजय कुमार सिंह**	मुख्य सर्तकता अधिकारी

क्र.	प्रमुख प्रबंधकीय अधिकारियों के नाम	धारित कार्यभार
1	**श्री मुकुल नारायण दांडिगे**	मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य वित्त अधिकारी
2	**सुश्री कविता ठाकुर**	मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य अनुपालन अधिकारी
3	**श्री राज कोकिल सिंह**	महाप्रबंधक एवं मुख्य जोखिम अधिकारी
4	**सुश्री प्रीति सारस्वत**	उप महाप्रबंधक एवं लेखापरीक्षा विभाग प्रमुख
5	**श्री चंद्रकांत भागवत**	सहायक महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
6	**श्री राजेन्द्र भालेराव**	सीआईएसओ

क्र.	मुख्य महाप्रबंधकों के नाम	धारित कार्यभार
1	**सुश्री पॉपी शर्मा**	ग्राहक सेवा विभाग
2	**श्री वास्ती वेंकटेश**	ट्रेजरी एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग
3	**श्री सोहेल अहमद**	रणनीति प्रबंधन विभाग
4	**श्री कुशल पाल**	मानव संपदा प्रबंधन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, राजभाषा एवं सुरक्षा विभाग

क्र.	महाप्रबंधकों के नाम	धारित कार्यभार
1	**श्री उमेश कुमार सिंह**	एमडी एवं सीईओ, सरसाई (प्रतिनियुक्त)
2	**श्री बी एस हरिलाल**	प्राचार्य, एसपीबीटी महाविद्यालय, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग
3	**श्री मोहित कोडनानी**	सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
4	**श्री विवेक कुमार**	वित्त एवं लेखा विभाग
5	**श्री ए. डी. श्रीनिवास**	ऋण निगरानी एवं नीति विभाग
6	**श्री शीशराम तुंदवाल**	सरकारी व्यवसाय विभाग, दिल्ली
7	**श्री पी अनूप कुमार**	नियो बैंकिंग एवं विकोसोन्मुख तकनीक विभाग
8	**श्री संजू मंगरुलकर**	विकासोन्मुख व्यवसाय विभाग
9	**श्री शशिधर के**	संसाधन विभाग
10	**श्री धर्म पाल खुराना**	रणनीति विभाग
11	**श्री अश्वनी कुमार धींगड़ा**	ग्राहक सेवा विभाग
12	**श्री अजय खन्ना**	कॉर्पोरेट क्रेडिट विभाग
13	**श्री सूर्यनारायण मूर्ति सलादी**	एमएसएमई विभाग
14	**डॉ. जी. भास्कर**	ट्रेजरी विभाग
15	**श्री अरविंद कुमार**	खुदरा आस्ति विभाग
16	**श्री कौशिक काला**	व्यवसाय सहायक विभाग
17	**श्री पी महादेवन**	अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग विभाग
18	**डॉ. हिमांशु गुप्ता**	एमएसएमई विभाग
19	**श्री बीरेन्द्र मेहता**	सैम एवं वसूली विभाग

क्र.	अंचल प्रमुखों के नाम	धारित कार्यभार
1	**श्री अजय कुमार सिंह**	पुणे अंचल
2	**श्री तरसेम सिंह जीरा**	दिल्ली अंचल
3	**श्री धनंजय सिंह राठौर**	मुंबई महानगर आंचलिक कार्यालय
4	**श्री के धारासिंग नायक**	चेन्नई अंचल
5	**श्री डी. के. अर्जवानी**	लखनऊ अंचल
6	**श्री राजीव रंजन सिंहा**	पटना अंचल
7	**श्री धीरज गोयल**	भोपाल अंचल
8	**श्री प्रमोद मिश्रा**	अहमदाबाद अंचल
9	**श्री अनिल कुमार**	जयपुर अंचल
10	**श्री सुरेश सिंह**	चंडीगढ़ अंचल
11	**श्री राजकिशोर सिंह**	कोलकाता अंचल
12	**श्री एम. पिचैया**	हैदराबाद अंचल
13	**श्री राकेश भूतड़ा**	रायपुर अंचल
14	**श्री रजत मिश्रा**	गुवाहाटी अंचल

प्रगति के शिल्पकार:

सर सोराबजी की 115 - वर्षीय प्रतिबद्धता

"व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष'' में हम अपने गतिमान विकास के मूल स्रोत की ओर पुन: उन्मुख हो रहे हैं। वर्ष 1911 में स्थापित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया किसी स्थिर संस्थान के रूप में नहीं, बल्कि 28 वर्षीय दूरदर्शी अग्रणी सर सोराबजी पोचखानावाला की दूरदर्शी सोच, तीव्र प्रगति से उत्पन्न हुआ था। उनका 'राष्ट्र की संपत्ति' स्थापित करने का संकल्प केवल एक लक्ष्य नहीं था, बल्कि प्रत्येक भारतीय तक आर्थिक आत्मनिर्भरता पहुँचाने की एक दृढ़ प्रतिज्ञा थी।

गति संवर्धन हमारी स्वदेशी भावना की समकालीन अभिव्यक्ति है। सर सोराबजी ने केवल एक बैंक की स्थापना नहीं की, बल्कि भारतीय नवाचार, एक ऐसी प्रयोगशाला का निर्माण किया, जिसने अपने समय की रुढ़ियों और पूवाग्रहों को चुनौती देते हुए अद्वितीय गति से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया.



मूल "स्टार्टअप" भावना: 28 वर्ष की आयु में गति संवर्धन

विदेशी एकाधिकार के प्रभुत्व वाले युग में सर सोराबजी ने यह समझ लिया था कि अस्तित्व केवल प्रत्यास्थता से नहीं, बल्कि ***रणनीतिक गति*** *से ही सुनिश्चित किया जा सकता है।*

- **1911 | निर्णायक शुरुआत**: जब अधिकांश युवा अपने व्यावसायिक जीवन की शुरुआत कर रहे होते हैं, उस आयु में सर सोराबजी ने तत्कालीन बैंकिंग व्यवस्था की रूढ़ियों और पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हुए भारत के प्रथम वास्तविक स्वदेशी बैंक की स्थापना की।
- **1916 | एकाधिकार को चुनौती**: अपनी संस्थागत गतिशीलता का प्रदर्शन करते हुए, बैंक ने कोलकाता स्थित बैंकर्स क्लियरिंग हाउस में प्रवेश किया और विदेशी बैंकों के लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को निर्णायक चुनौती दी।
- **1913 | अग्निपरीक्षा का वर्ष**: वर्ष 1913 के गंभीर बैंकिंग संकट का सफलतापूर्वक सामना करने की सर सोराबजी की क्षमता ने यह सिद्ध कर दिया कि ईमानदारी, सुदृढ़ मूल्यों और विवेकपूर्ण नेतृत्व पर आधारित तीव्र विकास ही किसी संस्था के लिए अटूट एवं दीर्घकालिक आधारशिला का निर्माण करता है।

संकल्प से सिद्धि तक: "अग्रणी उपलब्धियों" की गौरवशाली विरासत

सर सोराबजी का नेतृत्व बैंकिंग उद्योग में अनेक अग्रणी एवं अभिनव पहलों से परिभाषित होता है। आज हमारी ***सेन्ट नियो*** *तथा* ***रणनीतिक परिवर्तनकारी पहलें*** *उसी दूरदृष्टि और नवाचार की निरंतरता के रुप में परिलक्षित होती हैं। उनका विश्वास था कि भारतीयों के जीवन में वास्तविक अर्थों में 'केंद्रीय' स्थान प्राप्त करने के लिए बैंक को मांग से पूर्व ही परिणाम प्रदान करने होंगे।*



- **1912 पारदर्शिता का अग्रदूत:** स्थापना के मात्र एक वर्ष के भीतर ही सर सोराबजी ने बैंक को देश का पहला ऐसा बैंक बनाया, जिसने प्रत्येक पखवाड़े अपने वित्तीय विवरण प्रकाशित करने की परंपरा प्रारंभ की। इस पहल से उत्तरदायित्व की ऐसी संस्कृति स्थापित हुई जो आज भी हमारे पीआरआईएसएम (प्रिज़्म) निगरानी तंत्र में परिलक्षित होती है।
- **सामाजिक प्रगति को नई गति (1924):** महिलाओं की आर्थिक क्षमता और उनकी अप्रयुक्त संभावनाओं को समय से बहुत पहले पहचानते हुए सर सोराबजी ने मुंबई में महिलाओं के लिए एक समर्पित 'महिला विभाग' की स्थापना की। 1920 के दशक के भारत में यह एक क्रांतिकारी पहल थी, जिसने महिला सशक्तीकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में नई राह प्रशस्त की। यही दूरदृष्टि आज वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्थापित हमारी 115 'पिंक शाखाओं' के रूप में साकार होती दिखाई देती है।
- **बचत को जन-जन तक पहुँचाना:** सर सोराबजी ने होम सेविंग्स बैंक विभाग तथा आवर्ती जमा जैसी अभिनव योजनाओं की शुरुआत की। उनका उद्देश्य केवल बचत योजनाएँ उपलब्ध कराना नहीं था, बल्कि बचत की संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाकर उसे राष्ट्रीय जीवन-शैली का अभिन्न अंग बनाना था।

1911 से 2026 तक: प्रगति की निरंतर यात्रा

"प्रत्येक भारतीय के जीवन और प्रगति के केंद्र में रहने" की संस्थापक की परिकल्पना आज भी हमारी दिशा और संकल्प की प्रेरक शक्ति है। "उत्कृष्टता के निर्वहन" से "व्यावसायिक गति संवर्धन" की ओर हमारी यात्रा उसी दूरदर्शी दृष्टि का स्वाभाविक विस्तार है। सर सोराबजी परिणामोन्मुख नेतृत्व के प्रतीक थे। स्वदेशी बैंकिंग के विकास में उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1934 में 'नाइटहुड' से सम्मानित किया गया।

आज, जब बैंक का कुल व्यवसाय ₹8,12,439 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर को पार कर चुका है, तब हम केवल विकास के नए आयाम नहीं छू रहे हैं, बल्कि 115 वर्ष पूर्व सर सोराबजी द्वारा निर्धारित दूरदर्शी विकास-पथ को साकार कर रहे हैं। उनकी विरासत हमारी प्रेरक शक्ति है और हमारी तीव्र प्रगति उसी दूरदृष्टि का सजीव प्रतिफल है.

एक नज़र में: तीव्र प्रगति की झलक

इस रिपोर्टिंग चक्र में बैंक रणनीतिक ढाँचों से उच्च-स्तरीय निष्पादन की ओर अग्रसर हुआ है। ये ऐतिहासिक मैट्रिक्स इस बात का प्रमाण है कि हमने अपने 8.26 करोड़ ग्राहकों तथा राष्ट्र के प्रति अपनी "प्रतिज्ञा का निर्वहन" किया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 का कार्यनिष्पादन: एक नज़र में

वित्तीय पैमाने

कुल व्यवसाय

₹8,12,439 करोड़

वार्षिक आधार पर 15.60% की सुदृढ़ वृद्धि।

शुद्ध लाभ

₹4,369 करोड़

पिछले वर्ष की तुलना में 15.43% की वृद्धि।

कुल जमा

₹4,67,923 करोड़

बचत जमा ने ऐतिहासिक ₹2.00 लाख करोड़ की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

कुल अग्रिम

₹3,44,516 करोड़

₹1,03,000 करोड़ से अधिक के ऐतिहासिक रिटेल पोर्टफोलियो द्वारा समर्थित।

डिजिटल एवं उत्पादकता

डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी

90.54%

डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी, जो बैंक के ऐतिहासिक उच्च स्तर को दर्शाती है।

मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ता

2 करोड़+

सेन्ट नियो इकोसिस्टम में परिवर्तन के पश्चात सक्रिय उपयोगकर्ता।

उत्पादकता

₹23.89 करोड़

प्रति कर्मचारी व्यवसाय में 12.11% की वृद्धि दर्ज की गई।

डिजिटल विश्वास

100%

डिजिटल अवसंरचना को सत्यापित .bank.in डोमेन पर स्थानांतरित किया गया।

पहुँच एवं उपस्थिति

सक्रिय ग्राहक आधार

8.26 करोड़

सक्रिय ग्राहक

कुल संपर्क बिंदु

22,129

टचपॉइंट्स द्वारा अंतिम छोर तक सेवा वितरण सुदृढ़ किया जाना।

शाखा नेटवर्क

4,585

शाखाएँ, जिनमें 65.19% ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी भारत में स्थित हैं।

सक्रिय ग्राहक आधार

13,685

व्यवसाय प्रतिनिधियों को 40 बीसी मैक्स केंद्रों द्वारा समर्थन प्राप्त है।

कार्यबल

33,997

कर्मचारियों को व्यवसाय उत्कृष्टता हेतु प्रशिक्षित एवं संरेखित किया गया है।

उत्कृष्टता का सम्मान : हमारे संकल्प की सार्थकता का प्रमाण

वित्तीय वर्ष 2025-26 में हमारी तीव्र प्रगति को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्राप्त अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों और अभूतपूर्व मान्यताओं ने प्रमाणित किया है। 'व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष' के दौरान हमारे उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को एक प्रौद्योगिकी-सक्षम, बुद्धिमत्ताप्रेरित तथा समावेशी वित्तीय संस्था के रूप में नई पहचान और विशिष्ट प्रतिष्ठा प्रदान की है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रमुख सम्मान



समावेशी नेतृत्व:

ईटी एज द्वारा "बेस्ट ऑर्गनाइजेशन फॉर विमेन 2026" सम्मान से अलंकृत—यह हमारी 115 सर्व-महिला पिंक शाखाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण एवं समावेशी कार्यसंस्कृति के प्रति हमारी सुदृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



डिजिटल सुरक्षा:

सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (एसओसी) की सुदृढ़ता के लिए स्कॉच अवॉर्ड 2025 से सम्मानित।




आकांक्षी विकास:

नवभारत एजुकेशन अवॉर्ड्स में "शिक्षा ऋण के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक" सम्मान प्राप्त।



राष्ट्र निर्माण:

एमएसएमई बैंकिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में "सरकारी योजनाओं को प्रोत्साहित करने हेतु सर्वश्रेष्ठ बैंक" पुरस्कार से सम्मानित।



परिचालन उत्कृष्टता:

ईज़ 7.0 सुधारों के अंतर्गत डेटा गुणवत्ता में द्वितीय स्थान।



नवाचार:

डेटा इनोवेशन अवॉर्ड्स 2026 में "कस्टमर एक्सपीरियंस ट्रांसफॉर्मर" पुरस्कार से सम्मानित।

स्वदेशी प्रगति का प्रेरक आधार

1911 में सर सोराबजी पोचखानावाला द्वारा स्थापित, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया देश का पहला पूर्णत: भारतीयों के स्वामित्व और प्रबंधन वाला वाणिज्यिक बैंक है। "व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" में, हमारी 115-वर्षीय विरासत को एक उच्च-स्तरीय वित्तीय इकोसिस्टम में रूपांतरित किया गया है, जो आज भी "प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तव में केंद्रित" बना हुआ है।

स्वदेशी नेतृत्व का युग (1911–1930)

1911

स्वदेशी युग का शुभारंभ: सर सोराबजी पोचखानावाला द्वारा स्थापित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया देश का पहला वाणिज्यिक बैंक बना, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन पूर्णत: भारतीयों के हाथों में था। इसकी स्थापना आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना को सशक्त आधार प्रदान करने के उद्देश्य से की गई।

1916

एकाधिकार को चुनौती: बैंक ने कोलकाता के बैंकर्स क्लियरिंग हाउस में प्रवेश प्राप्त कर विदेशी बैंकों के लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को चुनौती देने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

1921

सुरक्षा में अग्रणी पहल: भारतीय बैंकिंग उद्योग में पहली बार सुरक्षित जमा लॉकर की स्थापना कर ग्राहकों की संपत्तियों की सुरक्षा के नए मानक स्थापित किए।

जनविश्वास का प्रतीक: बैंक बॉम्बे म्युनिसिपैलिटी तथा बॉम्बे इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की निधियों का प्रबंधन करने वाला पहला भारतीय बैंक बना, जिससे विश्वसनीयता और जनविश्वास को नई पहचान मिली।

1922

बचत और पारदर्शिता की नई संस्कृति: लघु बचत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से होम सेविंग्स बैंक विभाग की स्थापना की तथा सार्वजनिक उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पाक्षिक वित्तीय विवरण प्रकाशित करने वाला देश का पहला बैंक बना।

1924

वित्तीय सशक्तीकरण की ऐतिहासिक पहल: महिलाओं की औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए महिला सहायिकाओं सहित एक समर्पित 'महिला विभाग' की स्थापना की, जो भारत में अपनी तरह की पहली पहल थी।

1932

ग्रामीण भारत से सशक्त जुड़ाव: पंजाब में 'मंडी शाखाओं' की स्थापना कर कृषकों को अपनी उपज के विपणन हेतु प्रत्यक्ष ऋण सहायता उपलब्ध कराने की अभिनव पहल की।

मध्यकालीन विस्तार का युग (1940–2000)

1962

बचत में नवाचार: भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में आवर्ती जमा की अवधारणा को अग्रणी रूप से प्रस्तुत कर बैंक ने घरेलू बचत की प्रवृत्ति में संरचनात्मक परिवर्तन की आधारशिला रखी।

1964

राष्ट्र निर्माण में सहभागिता: कृषकों को लघु ऋण प्रदान करने की औपचारिक शुरुआत कर बैंक ने कृषि ऋण के क्षेत्र में अपनी संस्थागत भूमिका को सुदृढ़ किया।

1980

डिजिटल युग की आधारशिला: 'द सेन्ट्रलकार्ड', भारत का पहला क्रेडिट कार्ड, प्रारंभ कर बैंक ने उपभोक्ता-केंद्रित ऋण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात किया।

2001

आधुनिक भुगतान व्यवस्था की ओर अग्रसर: अपने व्यापक ग्राहक आधार के लिए डेबिट कार्ड सुविधा प्रारंभ कर बैंक ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के प्रसार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया (वर्तमान में श्रीलंका में)।

परिवर्तन और पुनरुत्थान का युग (2022–2025)

2022

ऐतिहासिक पुनरुत्थान: प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन ढाँचे से सफलतापूर्वक बाहर निकलते हुए बैंक ने अपनी बैलेंस शीट के व्यापक सुदृढ़ीकरण, वित्तीय पुनर्संतुलन तथा संस्थागत स्थिरता की दिशा में किए गए प्रयासों को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया।

2025

उत्कृष्टता का संकल्प: यह वर्ष बैंक के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि का वर्ष रहा, जिसमें शुद्ध लाभ में 48.49% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई और यह बढ़कर ₹3,785 करोड़ तक पहुँच गया।

सेन्ट नियो की आधारशिला: भविष्य के लिए तैयार, बुद्धिमत्ताप्रेरित डिजिटल बैंक के निर्माण की दिशा में सेंट नियो कार्यक्रम तथा डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया, जिन्होंने बैंक के डिजिटल परिवर्तन के प्रमुख प्रेरक तंत्र के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया।

रणनीतिक परिवर्तन का निर्णायक चरण (2026)

2026

व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष: इस वर्ष बैंक ने केवल रणनीतिक रूपरेखाएँ तैयार करने तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें व्यापक स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित करते हुए परिमाणित एवं उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए। इसके साथ ही बैंक ने अपने प्रत्येक हितधारक से किए गए वादे को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

त्रिस्तरीय ऐतिहासिक उपलब्धि: बैंक ने कुल व्यवसाय ₹8,00,000 करोड़, बचत जमा ₹2,00,000 करोड़ तथा रिटेल ऋण पोर्टफोलियो ₹1,00,000 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर को सफलतापूर्वक पार कर तीन महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ एक साथ अर्जित कीं।

वित्तीय सुदृढ़ता: हाल के वर्षों में पहली बार बैंक ने वर्ष के दौरान 1.00 प्रतिशत आस्तियों पर प्रतिफल के अपने महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त किया, जो संस्थागत उत्कृष्टता की दिशा में उसके स्थायी रूपांतरण का स्पष्ट संकेत है।

डिजिटल विश्वास: बैंक ने अपने संपूर्ण डिजिटल इकोसिस्टम का सुरक्षित एवं सत्यापित .bank.in डोमेन पर 100 प्रतिशत सफल माइग्रेशन पूर्ण कर डिजिटल सुरक्षा, विश्वसनीयता और ग्राहकों के विश्वास को नई मजबूती प्रदान की।

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

का हितधारकों के नाम संदेश



विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब वह विश्वास से प्रेरित हो, समावेशिता से परिपूर्ण हो और स्थायी प्रगति का आधार बने। इस उल्लेखनीय वर्ष के दौरान हमारा यही मूलमंत्र रहा।

कल्याण कुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

₹8,12,439 करोड़

कुल व्यवसाय की ऐतिहासिक उपलब्धि: वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने कुल व्यवसाय के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि वर्ष-दर-वर्ष 15.60% की सुदृढ़ वृद्धि को दर्शाती है।

प्रिय हितधारकों,

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। हमारी 115 वर्ष की गौरवशाली विरासत में यह वर्ष, जिसे हमने "व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष" (दि ईयर ऑफ बिजनेस एक्सलेरेशन) के रूप में नामित किया है, एक ऐतिहासिक एवं निर्णायक पड़ाव का प्रतीक रहा है। यह वह वर्ष रहा, जब हमने केवल सुदृढ़ आधार तैयार करने की यात्रा से आगे बढ़ते हुए तीव्र गति एवं व्यापक स्तर पर विकास के नए आयाम स्थापित किए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि इस वर्ष हमने अपने प्रत्येक हितधारक से किए गए वादे को सफलतापूर्वक निभाया। अपनी रणनीतिक दृष्टि और महत्त्वाकांक्षी लक्ष्यों को सतत एवं उत्तरदायी ढंग से ठोस, मापनीय और ऐतिहासिक उपलब्धियों में रूपांतरित करते हुए हमने अपने संकल्पों को सार्थक परिणामों में परिवर्तित किया।

रणनीतिक अवसरों से परिपूर्ण परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था ने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं तथा परिवर्तित होते वैश्विक व्यापार परिदृश्यों के बीच "नाजुक अनुकूलन" की स्थिति में कार्य किया। किंतु इस जटिल वैश्विक परिवेश के बीच भारत विश्व की सर्वाधिक सुदृढ़ एवं संरचनात्मक रूप से अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा, जहाँ सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6% रही। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने इन परिस्थितियों का केवल सामना ही नहीं किया, बल्कि उन्हें रणनीतिक अवसरों में परिवर्तित किया। 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप अपनी संस्थागत कार्यगति को समन्वित करते हुए हमने ₹8,12,439 करोड़ के कुल व्यवसाय की ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.60 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

हमारा यह विस्तार आकस्मिक नहीं था, बल्कि बाजार की परिस्थितियों के गहन विश्लेषण पर आधारित एक सुविचारित एवं अनुशासित रणनीति का परिणाम था। हमने घरेलू अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ विकास क्षमता पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रभाव को प्रभावी ढंग से संतुलित किया। परिणामस्वरूप, हमारी विकास यात्रा वास्तव में "प्रत्येक भारतीय के जीवन से जुड़ी और उसके विकास की सहभागी" बनी रही।

मापनीय उपलब्धियाँ और वित्तीय सुदृढ़ता

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान हमारी तीव्र प्रगति की सबसे बड़ी पहचान हमारे उन महत्त्वाकांक्षी वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति रही, जिन्हें हमने अपने लिए निर्धारित किया था। हाल के वर्षों के इतिहास में पहली बार बैंक ने वर्ष के दौरान आस्तियों पर प्रतिफल हेतु निर्धारित 1% लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त किया, जो हमारे परिचालन मॉडल की दक्षता और प्रभावशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। यद्यपि पूरे वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का स्टैंडअलोन आस्तियों पर प्रतिफल 0.89 प्रतिशत रहा, जिसका प्रमुख कारण वित्त विधेयक, 2026 के अनुरूप आस्थगित कर परिसंपत्ति की मान्यता के परिणामस्वरूप शुद्ध लाभ पर ₹632 करोड़ का प्रभाव था, फिर भी हमारा मुख्य परिचालन लाभ 10.34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹8,124 करोड़ तक पहुँच गया।

बैंक की पूंजीगत स्थिति भी अत्यंत सुदृढ़ बनी हुई है। पूंजी से जोखिम-भारित आस्ति अनुपात 17.91 प्रतिशत के मजबूत स्तर पर है, जो हमारे आगामी विस्तार चरण को गति प्रदान करने के लिए पर्याप्त पूंजीगत आधार उपलब्ध कराता है। यही वित्तीय सुदृढ़ता हमारी तीव्र गति से विकसित हो रही देयताओं तथा आस्ति व्यवसाय की मजबूत नींव है।

रैम व्यवसाय: व्यापक स्तर पर विकास के संकल्प को साकार करने वाला इंजन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रैम अर्थात् रिटेल, कृषि एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र बैंक के विकास का प्रमुख प्रेरक बना रहा। इस व्यवसाय खंड में 20.86 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई और इसका कुल आकार बढ़कर ₹2,34,571 करोड़ तक पहुँच गया। इस तीव्र प्रगति का सबसे उल्लेखनीय आयाम हमारा रिटेल ऋण पोर्टफोलियो रहा, जिसमें 25.67 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ पहली बार ₹1,00,000 करोड़ का ऐतिहासिक आँकड़ा पार हुआ और यह ₹1,03,533 करोड़ के स्तर पर पहुँचा। यह उपलब्धि देशवासियों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता तथा उच्च मात्रा के लेनदेन का कुशलतापूर्वक एवं सटीक प्रबंधन करने की हमारी क्षमता का प्रमाण है।

हमारे एमएसएमई व्यवसाय ने भी उल्लेखनीय गति प्रदर्शित करते हुए 17.06 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। हमने परंपरागत ऋण वितरण की अवधारणा से आगे बढ़ते हुए क्लस्टर-आधारित वित्तपोषण मॉडल को संस्थागत रूप प्रदान किया तथा 225 शाखाओं को विशिष्ट औद्योगिक समूहों से जोड़ा। इसी प्रकार, कृषि क्षेत्र में हमारा ऋण पोर्टफोलियो 17.60 प्रतिशत की वृद्धि के साथ ₹61,687 करोड़ तक पहुँचा। ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 274 शाखा समूहों को विशिष्ट कृषि क्लस्टरों से जोड़ा गया।

दायित्व पक्ष पर हमारी "कासा प्रथम" कार्यनीति ने भी अभूतपूर्व परिणाम दिए। 'आगाज़' तथा 'प्रारंभ' जैसे लक्षित अभियानों के माध्यम से पहली बार हमारी बचत बैंक जमाएं ₹2,00,000 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गईं। इससे बैंक को कम लागत पर स्थिर संसाधन आधार प्राप्त हुआ, जिसने हमारे ऋण व्यवसाय के सतत विस्तार को सुदृढ़ आधार प्रदान किया.

25.67%

रिटेल ऋण पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय वृद्धि: बैंक के रिटेल ऋण पोर्टफोलियो, जो बैंक के रैम व्यवसाय का प्रमुख आधार है, ने ऐतिहासिक ₹1,00,000 करोड़ का आँकड़ा पार करते हुए ₹1,03,533 करोड़ के स्तर पर पहुँचकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

> वित्त वर्ष 2025-26 केवल सशक्त वित्तीय परिणामों का वर्ष नहीं रहा, बल्कि यह हमारी रणनीतिक सोच, अनुशासित क्रियान्वयन और परिणामोन्मुख कार्यसंस्कृति का प्रमाण रहा, जिसने हमारी महत्वाकांक्षी रणनीतियों को ठोस उपलब्धियों में परिवर्तित किया।


90.54%

डिजिटल लेनदेन की ऐतिहासिक उपलब्धि: कुल लेनदेन में डिजिटल माध्यमों की हिस्सेदारी 90.54% के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गई। यह उपलब्धि बैंक की 'डिजिटल-प्रथम' कार्यनीति तथा ग्राहकों एवं संस्थागत हितधारकों के दृढ़ विश्वास का सशक्त प्रतिबिंब है।

डिजिटल रूपांतरण : तीव्र विकास की आधारशिला

वित्तीय वर्ष 2025-26 में हमारी तीव्र विकास यात्रा को गति प्रदान करने में हमारे डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र तथा आंतरिक रूपांतरण केन्द्र की निर्णायक भूमिका रही। हमने डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर उनकी प्रभावशीलता एवं व्यावसायिक उपयोगिता को भी सफलतापूर्वक स्थापित किया। आज हमारा डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म 37 सक्रिय डिजिटल यात्राओं का समर्थन कर रहा है, जिसके माध्यम से हम एमएसएमई तथा रिटेल ऋण के हजारों प्रस्तावों का अनुमोदन लगभग शून्य मानवीय हस्तक्षेप के साथ दक्षतापूर्वक संपन्न कर रहे हैं।

हमारी 'डिजिटल-प्रथम' कार्य-दृष्टि की सफलता इस तथ्य से भी स्पष्ट होती है कि बैंक के कुल लेनदेन में डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी बढ़कर ऐतिहासिक 90.54 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच गई। इस तकनीकी विस्तार को संस्थागत विश्वास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि ने और अधिक सुदृढ़ बनाया, जब हमने अपनी संपूर्ण डिजिटल अवसंरचना का सफलतापूर्वक स्थानांतरण सुरक्षित .bank.in डोमेन पर किया। आज सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया केवल एक गौरवशाली विरासत वाला बैंक नहीं है, बल्कि डेटा, प्रौद्योगिकी और बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय क्षमता से संचालित एक आधुनिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित हो चुका है।



संस्थागत अनुशासन : आस्ति गुणवत्ता एवं जोखिम प्रबंधन

तीव्र गति से होने वाले विकास की वास्तविक सफलता सुदृढ़ आस्ति गुणवत्ता और प्रभावी जोखिम प्रबंधन पर आधारित होती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 इस दृष्टि से बैंक के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष सिद्ध हुआ। इस अवधि में हमने अपनी सकल गैर-निष्पादित आस्ति को 3.18 प्रतिशत से घटाकर 2.67 प्रतिशत के स्तर पर लाते हुए आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार प्राप्त किया। साथ ही, शुद्ध गैर-निष्पादित आस्ति को 0.49 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर पर बनाए रखा।

हमारी वास्तविक परिचालन क्षमता और वित्तीय दृढ़ता का सबसे सशक्त प्रमाण स्लिपेज अनुपात रहा, जिसे हमने रिकॉर्ड न्यूनतम 1.16 प्रतिशत के स्तर पर नियंत्रित रखा। यह उपलब्धि हमारी सक्रिय वसूली रणनीतियों तथा उन्नत प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। 'अनुशासन के साथ तीव्र विकास' की संस्कृति को संस्थागत स्वरूप प्रदान करते हुए हमने यह सुनिश्चित किया है कि नियोजित पूंजी की प्रत्येक इकाई दीर्घकालिक मूल्य सृजन में सार्थक योगदान दे।

मानव पूंजी : उत्पादकता की प्रेरक शक्ति

हमारे 33,997 कर्मचारियों का समर्पित कार्यबल हमारी विकास यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिसके परिणामस्वरूप प्रति कर्मचारी व्यवसाय 12.11 प्रतिशत बढ़कर ₹23.89 करोड़ तक पहुँच गया। 'प्रोजेक्ट सेन्ट नर्चर' के अंतर्गत हमने 1,000 ऋण अधिकारियों को विशेषीकृत प्रशिक्षण प्रदान किया, ताकि व्यवसाय के विस्तार के साथ-साथ ऋण मूल्यांकन एवं जोखिम आकलन के हमारे उच्च मानक निरंतर अक्षुण्ण बने रहें।

हमने अपने कर्मचारियों के समग्र कल्याण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की। इसी उद्देश्य से 'सेन्ट चेतना' जैसी गोपनीय परामर्श पहल प्रारंभ की गई है। हमारा लक्ष्य सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को भारतीय बैंकिंग उद्योग में 'सर्वाधिक पसंदीदा नियोक्ता' के रूप में स्थापित करना है, ताकि हम श्रेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित कर सकें और उनके माध्यम से डिजिटल नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता तथा सतत विकास की अपनी यात्रा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सकें।

सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण

राष्ट्र निर्माण में बैंक की भूमिका उसकी केयर (सीएआरई) दर्शन की मूल भावना का अभिन्न अंग है, जिसका सार है "ग्राहक प्रथम । राष्ट्र सदैव । कर्मचारी सर्वदा ।" यह दर्शन चार महत्वपूर्ण आयामों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करता है, जिनमें ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता, आकांक्षी एवं सतत विकास, राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान, और कर्मचारियों एवं उनके परिवारों का समग्र कल्याण शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने अपनी हाइब्रिड पहुँच का और विस्तार करते हुए कुल 22,129 सेवा संपर्क बिंदुओं का नेटवर्क स्थापित किया। बैंक की कुल शाखाओं में से 65.19 प्रतिशत शाखाएँ ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी भारत में स्थित हैं। यह व्यापक उपस्थिति बैंक को सुलभ बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने, वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ बनाने तथा देशभर के ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने में प्रभावी योगदान देने में सक्षम बनाती है।

बैंक ने सामाजिक सुशासन की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति करते हुए 115 पिंक शाखाओं की स्थापना की, जिनका संचालन पूर्णत: महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। ये शाखाएँ केवल बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने वाले संपर्क केंद्र ही नहीं हैं, बल्कि महिला नेतृत्व, वित्तीय सशक्तिकरण और समावेशी विकास की सशक्त प्रतीक भी हैं।

हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि बैंक ने उद्यमियों को उनके व्यावसायिक विकास के प्रत्येक चरण में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से एक व्यापक ई-एमएसएमई परामर्श सेवा प्रारंभ की है। इसके अंतर्गत एमएसएमई पंजीकरण, जीएसटी एवं आयकर संबंधी विषयों, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के अनुपालन तथा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। इस पहल के माध्यम से बैंक एमएसएमई उद्यमियों की क्षमताओं को सुदृढ़ बनाने, उनकी विश्वसनीयता को बढ़ाने तथा डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का अधिक प्रभावी ढंग से लाभ उठाने में उनकी सहायता करते हुए उन्हें परिचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बना रहा है।

एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र की गहन समझ होने के कारण बैंक एमएसएमई इकाइयों को उनकी सफलता की यात्रा के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सहजता से सामना करने हेतु प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करने की सुदृढ़ स्थिति में है। परामर्श-आधारित यह दृष्टिकोण उद्यम विकास, रोजगार सृजन तथा विकसित भारत के निर्माण के प्रति बैंक की सतत एवं दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।

इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक एवं सुशासन) नीति के माध्यम से औपचारिक रूप प्रदान किया गया है। इस नीति के अंतर्गत वर्ष 2028 तक स्कोप-1 उत्सर्जन में नेट ज़ीरो का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैंक की हरित बैंकिंग पहलों, जिनमें 16,500 किसानों को सौर पंपों के वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करना शामिल है, से यह स्पष्ट होता है कि सतत विकास और व्यवसाय की प्रगति एक-दूसरे के पूरक बनते हुए साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं।

> भविष्य की ओर हमारी दृष्टि स्पष्ट और अडिग है, परिचालन उत्कृष्टता को समावेशी विकास के साथ जोड़ते हुए प्रत्येक भारतीय के लिए सच्चे अर्थों में एक विश्वसनीय एवं केंद्रीय बैंक बने रहना।

आगे की रूपरेखा : व्यावसायिक उत्कृष्टता की ओर (वित्तीय वर्ष 2026-27)

'व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष' के सफल समापन के साथ, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अर्जित उपलब्धियों ने हमारी अगली विकास यात्रा के लिए एक सुदृढ़ आधार तैयार कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपने 'संकल्प को साकार करने' के उपरांत, अब हम वित्तीय वर्ष 2026-27 को 'व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष' के रूप में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अब हमारा ध्यान केवल तीव्र विस्तार पर नहीं, बल्कि ग्राहक अनुभव से जुड़े प्रत्येक सेवा-संपर्क बिंदु को और अधिक उत्कृष्ट एवं प्रभावी बनाने पर केंद्रित है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि में हमारा उद्देश्य ग्राहक सेवा के क्षेत्र में वैश्विक सर्वोत्तम मानकों को अपनाना, परिचालन दक्षता को और सुदृढ़ करते हुए लागत-आय अनुपात को 56 प्रतिशत से नीचे लाना तथा ऋण-जमा अनुपात में और अधिक सुधार सुनिश्चित करना है। वित्तीय वर्ष 2029-30 तक ₹13 लाख करोड़ के व्यवसाय वाले संस्थान के रूप में स्थापित होने की हमारी यात्रा सुदृढ़ गति से आगे बढ़ रही है। इस यात्रा की आधारशिला हमारी समृद्ध विरासत है और निरंतर प्रगति हमारी प्रेरक शक्ति है।

मैं हमारे सभी ग्राहकों का उनके अटूट विश्वास, हमारे कर्मचारियों का उनके अथक समर्पण तथा हमारे अंशधारकों का उनके निरंतर सहयोग एवं विश्वास के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। हम सभी मिलकर भविष्य में भी "प्रत्येक भारतीय के विश्वास के केंद्र" में रहने की अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर साकार करते रहेंगे।

सादर,

कल्याण कुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

बाज़ार की बदलती परिस्थितियों का प्रबंधन:

गति संवर्धन हेतु अवसरों का लाभ उठाना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रतिवेदन चक्र के दौरान वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य में व्यापक एवं दूरगामी परिवर्तन देखने को मिले। समीक्षाधीन वर्ष सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के लिए वह निर्णायक चरण सिद्ध हुआ, जिसमें बैंक ने आधारभूत स्थिरता से आगे बढ़ते हुए तीव्र निष्पादन के नए चरण में प्रवेश किया। बाज़ार में उपलब्ध संरचनात्मक अवसरों के साथ अपनी संस्थागत कार्यक्षमता एवं गति का प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए बैंक ने ₹8,12,439 करोड़ के कुल कारोबार के ऐतिहासिक के मील के पत्थर को सफलतापूर्वक प्राप्त किया।



गतिसंवर्धन रणनीतिक स्पष्टता एवं बाज़ार में उपलब्ध अवसरों के प्रभावी समन्वय का परिणाम है। वैश्विक परिदृश्य जहाँ अभी भी 'नाज़ुक अनुकूलन' की स्थिति से गुजर रहा था, वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था के सूक्ष्म एवं विविध आयामों पर हमारे केंद्रित निष्पादन ने हमें अनुशासित, सतत एवं विस्तार योग्य विकास प्राप्त करने में सक्षम बनाया।

– 2026-27 के लिए प्रबंधन विजन

संचालन परिवेश के प्रमुख संकेतक

भारत की जीडीपी वृद्धि दर

7.6%

(राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय अनंतिम अनुमान)

बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि

14.5%

(अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, दिसंबर 2025 तक)

वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता पूंजीगत निवेश

200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक

संवृद्धि का प्रमुख प्रेरक


स्वर्ण का उच्चतम मूल्य

3,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस

(सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में बढ़ती मांग का संके)

वैश्विक परिदृश्य : अनिश्चितताओं के बीच प्रत्यास्थता की परीक्षा

इस अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था ने "परीक्षित प्रत्यास्थता" के दौर का सामना किया। गंभीर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वैश्विक स्तर पर व्यापारिक तनावों में अभूतपूर्व वृद्धि तथा बदलती आर्थिक परिस्थितियों के बीच विश्व अर्थव्यवस्था ने स्वयं को निरंतर अनुकूलित करने का प्रयास किया।



- **व्यापक आर्थिक आधार:** वैश्विक आर्थिक वृद्धि लगभग 2.8% के अपेक्षाकृत निम्न स्तर पर रही, फिर भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वर्ष 2025 के दौरान 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अभूतपूर्व निवेश के कारण वैश्विक वित्तीय प्रणाली किसी व्यापक संकट से सुरक्षित रही। इन निवेशों ने विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आधार के रूप में कार्य करते हुए व्यापार संबंधी प्रतिकूल प्रभावों को काफी हद तक संतुलित किया।.
- **भू-राजनीतिक अस्थिरता:** भू-राजनीतिक जोखिम वित्तीय स्थिरता के लिए प्रमुख खतरे के रूप में उभरे। मध्य-पूर्व में संघर्ष के पुन: तीव्र होने तथा हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से होने वाले समुद्री परिवहन में व्यवधान के कारण ऊर्जा एवं उर्वरकों की कीमतों में तीव्र वृद्धि हुई।
- **व्यापारिक व्यवधान:** वर्ष के दौरान व्यापक स्तर पर लागू किए गए प्रशुल्क वर्ष 1930 के दशक के बाद अपने उच्चतम स्तर पर पहुँच गए। इसके परिणामस्वरूप संयुक्त राज्य अमेरिका की औसत प्रभावी आयात शुल्क दर लगभग 17% तक बढ़ गई, जिससे वैश्विक व्यापार में तनाव बढ़ा तथा प्रतिशोधात्मक शुल्कों का नया चक्र प्रारंभ हुआ।
- **सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुझान:** वैश्विक अनिश्चितताओं एवं जोखिमों में वृद्धि के कारण निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ा। इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2026 के प्रारंभ में स्वर्ण की कीमत बढ़कर 3,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुँच गई, जो सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की अभूतपूर्व मांग का स्पष्ट संकेत है।

भारत : संरचनात्मक मजबूती के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्था

वैश्विक संघर्षों, भू-राजनीतिक तनावों एवं आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक सुदृढ़ प्रदर्शन जारी रखा। लगभग 7.6% की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा।

1

घरेलू मांग: आर्थिक विकास का सुदृढ़ आधार:

भारत की आर्थिक मजबूती का प्रमुख आधार सुदृढ़ घरेलू उपभोग तथा ग्रामीण मांग में निरंतर सुदृढ़ीकरण रहा। समीक्षा अवधि के अधिकांश समय में ग्रामीण उपभोग ने शहरी उपभोग की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया, जिससे देश की आर्थिक वृद्धि को स्थायित्व एवं गत प्राप्त हुई।

2

परिवर्तनकारी व्यापार समझौते:

वर्ष 2026 के प्रारंभ में भारत–अमेरिका व्यापार समझौते तथा भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के अंतिम रूप से संपन्न होने ने भारतीय अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय गति प्रदान की। इन ऐतिहासिक समझौतों ने भारतीय रुपये में 'V' आकार की तीव्र पुनर्बहाली को प्रोत्साहित किया तथा श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए वैश्विक निर्यात बाज़ारों के व्यापक अवसर उपलब्ध कराए।

3

राजकोषीय सुदृढ़ता:

भारत के सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त हुई। परिणामस्वरूप, आर एंड आई, जापान (R&I Japan) द्वारा देश की क्रेडिट रेटिंग BBB+ (स्थिर) तथा एस एंड पी ग्लोबल द्वारा BBB (स्थिर) तक उन्नत की गई।

बैंकिंग क्षेत्र की प्रवृत्तियाँ : जमा संसाधनों की प्रतिस्पर्धा एवं डिजिटल विस्तार की दौड़

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने इस अवधि में रिकॉर्ड स्तर की लाभप्रदता के साथ प्रवेश किया, किंतु साथ ही इसकी देयता संरचना में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन भी देखने को मिला।

1

ऋण संवितरण में तीव्र गति:

भारतीय बैंकिंग उद्योग ने तुलन-पत्र सुदृढ़ीकरण के चरण से आगे बढ़ते हुए संतुलित एवं विवेकपूर्ण ऋण विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की। परिणामस्वरूप, दिसंबर 2025 तक संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि बढ़कर 14.5% तक पहुँच गई। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्लस्टरों, खुदरा ऋण तथा स्वर्ण ऋण क्षेत्रों में ऋण की मांग अत्यंत सशक्त रही।

2

जमा संसाधनों की प्रतिस्पर्धा:

बैंकिंग क्षेत्र में जमा संसाधनों को आकर्षित करने की प्रतिस्पर्धा अत्यधिक तीव्र हो गई, क्योंकि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा अपेक्षाकृत उच्च प्रतिफल सावधि जमाओं तथा बाज़ार-संबद्ध निवेश साधनों की ओर स्थानांतरित होने लगा। इसके परिणामस्वरूप जमा ब्याज दरों पर बढ़ोतरी का दबाव बना तथा बैंकों के लिए छोटे-छोटे एवं विविध स्रोतों से जमा संसाधनों के प्रभावी संकलन पर रणनीतिक रूप से विशेष ध्यान देना आवश्यक हो गया।

3

डिजिटल विश्वास बैंकिंग की अनिवार्य आवश्यकता:

साइबर सुरक्षा अब केवल एक सहायक कार्य न रहकर जोखिम प्रबंधन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयाम बन गई है। बैंकिंग उद्योग में .bank.in डोमेन को अपनाना संस्थागत विश्वसनीयता, ग्राहक विश्वास तथा विनियामकीय अनुपालन का एक महत्वपूर्ण मानदंड बनकर उभरा।.

गतिसंवर्धन हेतु हमारी रणनीतिक स्थिति: SWOT विश्लेषण

1. शक्तियाँ: संस्थागत सुदृढ़ता की आधारशिला

हमारे गतिसंवर्धन का आधार संस्थागत विश्वसनीयता, ग्राहकों का अटूट विश्वास तथा भौतिक एवं डिजिटल बैंकिंग नेटवर्क के अद्वितीय समन्वय पर आधारित है।

- **115 वर्षों की स्वदेशी विरासत:** हमारी समृद्ध विरासत ग्राहकों के विश्वास की आधारशिला है, जिसके बल पर 8.26 करोड़ सक्रिय ग्राहकों का हमारा आधार स्थापित है।
- **समावेशी पहुँच में अग्रणी:** हमारी 4,585 शाखाओं में से 65.19% शाखाएँ ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। इसके परिणामस्वरूप हमारे पास एक विशिष्ट एवं 'स्थायी' व्यापक बाज़ार उपलब्ध है, जो 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है।
- **उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि:** "व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" में कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹21.31 करोड़ से बढ़कर ₹23.89 करोड़ हो गया।
- **देयताओं में अग्रणी:** 47.30% के CASA अनुपात के साथ, हमारे पास बैंकिंग उद्योग के सर्वश्रेष्ठ CASA आधारों में से एक है, जो हमारे ऋण व्यवसाय के लिए कम लागत वाला संसाधन उपलब्ध कराता है।

2. कमजोरियाँ: परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर परिष्करण

हम अपनी आंतरिक चुनौतियों को "अनुकूलन की दिशा" के रूप में देखते हैं तथा संस्थागत कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं।

- **लागत-आय अनुपात:** यद्यपि वर्तमान में हमारा लागत-आय अनुपात 58.61% है, तथापि इसे वित्तीय वर्ष 2026-27 तक 56% से नीचे लाने के लिए हमने प्रक्रियाओं के पुनर्रचना तथा डिजिटल रूपांतरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।
- **ऋण-जमा अनुपात की दक्षता:** दिसंबर 2025 तक हमारा ऋण-जमा अनुपात 72.00% है। इसे उद्योग के 75%–80% के मानक स्तर के अनुरूप लाने के लिए हम लक्षित सूक्ष्म ऋण वितरण की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

3. अवसर : लक्षित विकास के प्रेरक

हमारी रणनीतिक से ठोस परिणामों की दिशा में हुई प्रगति हमारे द्वारा चिन्हित विकास क्षेत्रों में सर्वाधिक स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

- **मिशन प्रगति एवं क्लस्टर वित्तपोषण:** हमने सामान्य ऋण वितरण से आगे बढ़ते हुए 225 एमएसएमई क्लस्टरों तथा 274 कृषि क्लस्टरों का मानचित्रण किया है, जिससे सिरेमिक एवं वस्त्र जैसे विशिष्ट उद्योगों के लिए अनुकूलित वित्तीय पारितंत्र का सृजन हुआ है।
- **डिजिटल प्रगति:** हमारे डिजिटल ऋण मंच पर वर्तमान में 37 सक्रिय यात्राएँ उपलब्ध हैं, जो सेन्ट गृह लक्ष्मी तथा सौर पम्प वित्तपोषण जैसे उत्पादों के लिए लगभग तत्काल ऋण स्वीकृति प्रदान करती हैं।
- **आय का विविधीकरण:** जनरली सेन्ट्रल लाइफ इंश्योरेंस तथा जनरली सेन्ट्रल नॉन-लाइफ इंश्योरेंस में नई भागीदारी एवं हिस्सेदारी अधिग्रहण से हमारे व्यापक बैंकएश्योरेंस माध्यमों के द्वारा उच्च-मार्जिन शुल्क-आधारित आय के नए स्रोत उपलब्ध हुए हैं।

4. जोखिम : बाह्य सतर्कता

हम "अनुशासन के साथ गतिसंवर्धन" की संस्कृति तथा उन्नत जोखिम प्रबंधन संरचना के माध्यम से बाह्य जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन करते हैं।.

- **जमा संसाधनों की प्रतिस्पर्धा:** जैसे-जैसे घरेलू बचत बाज़ार-संबद्ध निवेश साधनों (म्यूचुअल फंड में 21.90% की वृद्धि) की ओर स्थानांतरित हो रही है, हम अपने ".bank.in" डिजिटल विश्वास तथा ब्रांड विरासत का लाभ उठाकर अपने जमा संसाधन आधार को सुदृढ़ बनाए हुए हैं।
- **भू-राजनीतिक जोखिम एवं शुद्ध ब्याज मार्जिन पर दबाव:** वैश्विक भू-राजनीतिक संघर्षों तथा ब्याज दरों में अस्थिरता से ऊर्जा कीमतों एवं व्यापार वित्तपोषण पर जोखिम उत्पन्न हो रहे हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन हम सुदृढ़ प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली तथा क्षेत्रवार जोखिमों की सक्रिय निगरानी के माध्यम से कर रहे हैं।

1. शक्तियाँ
फ्रैंचाइज़ मजबूती

संस्थागत विश्वास और व्यापक पहुँच पर आधारित वृद्धि

115 वर्षों की स्वदेशी विरासत
- ग्राहक विश्वास की मज़बूत नींव
- सक्रिय ग्राहक आधार: 8.26 करोड़

प्रमुख समावेशी पहुँच
- 65.11% आरयुएसयु शाखाएँ (ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी)
- अनूठा "कैप्टिय" ग्रैन्युलर बाज़ार
- विकसित भारत के साथ संरेखित

उत्पादकता में तेज वृद्धि
- "बिज़नेस एक्सेलेरेशन का वर्ष" प्रति कर्मचारी व्यवसाय: ₹23.89 करोड़ (₹21.31 करोड़ से वृद्धि)

मज़बूत देयता आधार
- उद्योग में सर्वोत्तम CASA आधार: 47.30%
- ऋण इंजनों के लिए कम लागत वाली धनराशि (फ़ंडिंग)

2. कमज़ोरियाँ
संचालन परिष्कार (रिफाइनमेंट)

'प्रौद्योगिकी के माध्यम से अनुकूलन की दिशाएँ'

लागत-से-आय अनुपात (CIR) की दिशा
- वर्तमान स्तर: 58.61%
- ध्यान: प्रक्रिया पुनरचना और डिजिटल माइग्रेशन
- लक्ष्य: वित्त वर्ष 2027 तक <56%

CD अनुपात (क्रेडिट-डिपॉज़िट) क्षमता में सुधार
- वर्तमान: 73.80% (मार्च 2026)
- कार्रवाई: 75%–80% उद्योग मानक का लक्ष्य
- लक्षित: ग्रैन्युलर क्रेडिट तैनाती

3. अवसर
लक्षित विकास इंजन

फ्रेमवर्क से परिणामों की ओर परिवर्तन

परिवर्तन फ्रेमवर्क और क्लस्टर वित्तपोषण
- 225 MSME क्लस्टर और 274 कृषि क्लस्टर की मैपिंग
- अनुरूपित इकोसिस्टम (जैसे, सिरेमिक, टेक्सटाइल्स)

डिजिटल गति (DLP)
- डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म (DLP)
- 37 लाइव डिजिटल जर्नी
- त्वरित अनुमोदन: सेंट ग्रीह लक्ष्मी, सोलर पंप

राजस्व विविधीकरण
- नई साझेदारियाँ और राज्य अधिग्रहण
- सामान्य केंद्रीय जीवन एवं नॉन-लाइफ बीमा
- उच्च-मार्जिन शुल्क-आधारित आय धाराएँ
- बैंकाशुयोरेंस चैनल्स के माध्यम से आय

4. खतरे
बाह्य सतर्कता

उन्नत जोखिम संरचना के माध्यम से बाह्य जोखिमों का प्रबंधन


जमा (डिपॉज़िट) के लिए युद्ध
- घरेलू बचत का बाज़ार-लिंक्ड साधनों की ओर स्थानांतरण
- म्यूचुअल फंड वृद्धि: 21.90%
- लाभ: डिजिटल विश्वास और ब्रांड विरासत

भूराजनैतिक और NIM दबाव
- वैश्विक तनाव, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव
- जोखिम: कर्जा कीमतें, व्यापार वित
- प्रबंधन: उन्नत प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (EWS)
- क्षेत्रीय जोखिमों की सक्रिय निगरानी

हमारी व्यावसायिक प्राथमिकताएँ:

प्रतिबद्धता से प्रगति की ओर

वित्त-वर्ष 2025-26 में, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने रणनीतिक रूपरेखाओं के निर्माण से आगे बढ़ते हुए तीव्र गति निष्पादन के चरण में प्रवेश किया। हमारी व्यावसायिक प्राथमिकताएं अब केवल महत्वाकांक्षी लक्ष्य नहीं रह गई हैं, बल्कि वे ₹13 लाख करोड़ के संस्थान बनने के हमारी यात्रा को गति प्रदान करने वाली एक सक्रिय प्रेरक शक्ति बन चुकी हैं। "गति संवर्धन, विस्तारण, रुपांतरण एवं सुदृढ़ीकरण'' रोडमैप के मार्गदर्शन में हमने अपनी संस्थागत सुदृढ़ता को रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन में सफलतापूर्वक रुपांतरित किया है।



क्वाड एक्सिस एक्सेलरेशन फ्रेमवर्क

एक्सेलरेट

₹1,03,533 Cr

(रिटेल अग्रिम)

25.67%

रु.1 लाख करोड़ रुपये की ऐतिहासिक उपलब्धि

एक्सपैंड

22,129

(कुल टचप्वॉइंट)

65.19% ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी तक पहुंच

ट्रांसफॉर्म

90.54%

डिजिटल लेन-देन का हिस्सा | ऐतिहासिक उच्च रिकॉर्ड

फोर्टिफाई

2.67% (जीएनपीए)

दशकों में सबसे कम जीएनपीए| 1.16% स्लिपेज अनुपात

आगे की राह: व्यवसाय उत्कृष्टता की ओर (वित्त वर्ष 2027)

जैसा कि हम "व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष'' के समापन की ओर अग्रसर हैं, हमारी प्राथमिकताओं का पुनर्संतुलन पहले ही प्रारंभ हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27, जिसे "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष'' के रूप में नामित किया गया है, में हमारा ध्यान व्यावसाय के मात्रात्मक विस्तार से हटकर परिचालन दक्षता के परिष्करण पर केन्द्रित होगा, हमारा लक्ष्य लागत-आय अनुपात को 56%से कम करना तथा ऋण-जमा अनुपात में और अधिक सुधार सुनिश्चित करना है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, सदैव की भाँति, "हर भारतीय के लिए पूर्ण रूप से केन्द्रित" बना रहेगा।



गति संवर्धन, गति और दिशा का समन्वय है। वित्त वर्ष 2026 में हमने केवल तेज़ी से आगे बढ़ना ही नहीं, बल्कि अपने 8.26 करोड़ ग्राहकों से किए गए हर वादे को पूरा करने के दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना सुनिश्चित किया।

– प्रबंधनतंत्र का वित्त वर्ष 2026 के लिए विज़न

A

प्राथमिकता 1: गति संवर्धन | सूक्ष्म स्तर पर विकास

हमने विविधीकृत, कम जोखिम वाली और उच्च प्रतिफल प्रदान करने वाली बैलेंस शीट सुनिश्चित करने के लिए रैम *(रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई)* क्षेत्र को अपने प्रमुख विकास इंजन के रूप में प्राथमिकता दी है।

- **रिटेल की उल्लेखनीय उपलब्धि**: भारतीय परिवारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, हमारा रिटेल पोर्टफोलियो 25.67% की वृद्धि के साथ ऐतिहासिक ₹1,00,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर ₹1,03,533 करोड़ पर पहुंच गया.
- **एमएसएमई औद्योगिक इंजन**: क्लस्टर-आधारित वित्तपोषण पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के परिणामस्वरूप 17.06% की वृद्धि प्राप्त हुई। इसके अंतर्गत 225 संभावित शाखाओं की पहचान विशिष्ट औद्योगिक क्लस्टरों (जैसे सिरेमिक, वस्त्र आदि) से की गई तथा वर्ष 2030 तक ₹16,983 करोड़ के क्लस्टर ऋण स्वीकृति का लक्ष्य निर्धारित किया गया।
- **कृषि क्षेत्र की सुदृढ़ प्रगति**: कृषि व्यवसाय में 17.60% की वृद्धि के साथ यह ₹61,687 करोड़ तक पहुँच गया। इस वृद्धि को सशक्त बनाने हेतु 274 शाखाओं को 9 विशिष्ट कृषि-क्लस्टर गतिविधियों से जोड़ा गया, जिससे "विकसित भारत" के राष्ट्रीय संकल्प को गति मिली।
- **कासा का विस्तार**: "अगाज़" एवं "प्रारंभ" अभियानों के माध्यम से बचत जमा में ₹2,00,000 करोड़ का ऐतिहासिक आँकड़ा पार किया गया, जिससे आमजन के पसंदीदा बैंक के रूप में हमारी स्थिति और अधिक सुदृढ़ हुई।

E

प्राथमिकता 2: विस्तारण | हाइब्रिड पहुँच का विस्तार

हमारी प्राथमिकता सुदृढ़ भौतिक उपस्थिति बनाए रखते हुए, एजेंट-आधारित एवं साझेदार-आधारित इकोसिस्टम का विस्तार करना है, जिससे अंतिम छोर तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

- **हाइब्रिड वितरण**: अब हमारे पास 22,129 कुल संपर्क बिंदु हैं, जिनमें से 65.19% हमारी 4,585 शाखाओं में ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं।
- **एजेंट-आधारित विस्तार**: हमारे 13,685 बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स (बीसी) बैंक की विस्तारित शाखा के रूप में कार्य करते हैं, जबकि 40 बीसी मेक्स केन्द्र बैंकिंग सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में विशेषीकृत डिजिटल बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं।
- **को-लेंडिंग इकोसिस्टम**: हमने अपने को-लेंडिंग मॉडल को प्रारंभिक चरण से व्यापक विस्तार के स्तर तक पहुँचाया है। वर्तमान में हमारा सहयोग 36 एनबीएससी/एचएफसी साझेदारों तक विस्तारित हो चुका है तथा टियर-2 से टियर-4 के अल्पसेवित बाजारों में ₹7,296.02 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।



प्राथमिकता 3: रुपांतरण | डिजिटल क्षितिज की ओर अग्रसर

वित्तीय वर्ष 2026 में हमारा रुपांतरण "निर्माण" से आगे बढ़कर "अनुकूलन" के चरण में पहुँचा, जिसका प्रमुख आधार सेन्ट नियो इकोसिस्टम एवं आंतरिक रूपान्तरण कार्यक्षेत्र रहा।

- **सेन्ट नियो डिजिटल बैंक**: हम अगली पीढ़ी के ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक भविष्य-उन्मुख, बुद्धिमत्ता-संचालित डिजिटल बैंक का निर्माण कर रहे हैं।
- **डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी)**: हमारा डिजिटल लेंडिंग प्लेटफ़ॉर्म (डीएलपी) वर्तमान में 37 सक्रिय डिजिटल ऋण-माध्यमों का समर्थन कर रहा है तथा लगभग शून्य मानवीय हस्तक्षेप के साथ ₹1,625 करोड़ मूल्य के 6,182 एमएसएमई ऋण स्वीकृत कर चुका है।
- **डिजिटल विश्वसनीयता का आधार**: साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हमने अपने संपूर्ण एंटरप्राइज ई-मेल, इंटरनेट बैंकिंग तथा कार्पोरेट वेबसाइट का ".bank.in" डोमेन पर स्थानांतरण किया है।
- **हाइपर-पर्सनलाइजेशन**: कृत्रिम बुद्धिमत्ता/मशीन लर्निंग और अकाउंट एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग से हमने अपने फील्ड स्टाफ को एमएसएमई पात्रता कैलकुलेटर जैसे डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए हैं, जिनकी सहायता से ग्राहकों का त्वरित ऑनबोर्डिंग सुनिश्चित किया जा सके।



प्राथमिकता 4: सुदृढ़ीकरण | आस्ति गुणवत्ता एवं सतत सुशासन


व्यवसाय में गति संवर्धन उत्कृष्ट पोर्टफोलियो अनुशासन एवं पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का होना आवश्यक है।

- **संस्थागत अनुशासन**: हमने परिसंपत्ति गुणवत्ता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। हमारा सकल गैर-निष्पादित आस्ति अनुपात 3.18% से घटकर 2.67% हो गया है तथा शुद्ध गैर-निष्पादित आस्ति अनुपात 0.49% के स्वस्थ स्तर पर रहा है।
- **स्वचालित अनुपालन**: सक्षम पोर्टल ने सभी शाखाओं में अनुपालन निगरानी को स्वचालित बनाया है, जिससे समग्र स्लिपेज अनुपात को रिकॉर्ड स्तर 1.16% तक नियंत्रित रखने में सहायता मिली है।
- **ईएसजी एकीकरण**: हमने निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ईएसजी नीति लागू की है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2028 तक नेट ज़ीरो स्कोप 1 उत्सर्जन प्राप्त करना है। हरित पहलों के अंतर्गत ₹16,500 करोड़ के ग्रीन पंप वित्तपोषण तथा कागजरहित प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित किया गया है।
- **नारी शक्ति**: हमने समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करते हुए 115 "पिंक शाखाएं'' स्थापित की हैं, जिनका संचालन पूर्णत: महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

हितधारक जुड़ाव:

वचनबद्धता

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में, हितधारकों के साथ जुड़ाव हमारी संस्थागत गति का प्राथमिक उत्प्रेरक है। "व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष" में, हम वित्तीय वर्ष 2025 के सुव्यवस्थित संवाद तंत्र से आगे बढ़कर प्रभावी निष्पादन एवं अपेक्षाओं की सफल पूर्ति के चरण में पहुंच गए हैं। अपने हितधारकों की निरंतर विकसित होती आकांक्षाओं के साथ अपनी विकास रणनीति का तालमेल बिठाकर हमने आपसी संवाद को ₹8,12,439 करोड़ के कुल व्यावसाय की ऐतिहासिक उपलब्धि में परिवर्तित कर दिया है।





> विश्वास से ही प्रगति संभव है। वित्तीय वर्ष 2026 में हमने न केवल अपने हितधारकों की बात सुनी; बल्कि हमने उन्हें वह डिजिटल गति, वित्तीय सुदृढ़ता और समावेशी पहुंच भी प्रदान की जिसका हमने उनसे वादा किया था।
>
> – वित्त वर्ष 2026 के लिए प्रबंधन का दृष्टिकोण

हमारी सहभागिता की रूपरेखा

हमारा दृष्टिकोण सीबीआई – केयर मूल्यों पर आधारित है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक सम्पर्क चाहे डिजिटल हो या भौतिक – एक ऐसे बैंक के रूप में हमारी भूमिका को सुदृढ़ करे जो "वास्तव में प्रत्येक भारतीय के लिये केन्द्रित" है। हम इन संबंधों को उनके महत्व, प्रभाव और ₹13 लाख करोड़ के संस्थान बनने की हमारी यात्रा पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर प्राथमिकता देते हैं।

कर्मचारी सहभागिता एवं संकल्पों की सिद्धि

हितधारक समूह	जुड़ाव के माध्यम	संकल्प (वित्तीय वर्ष 2025 जनादेश)	गति संवर्द्धन का परिणाम (वित्तीय वर्ष 2025 परिणाम)
ग्राहक	सेंट नियो, सोशल मीडिया, शाखाओं का दौरा, आईसीसी प्लेटफॉर्म।	निर्बाध, उपकरण-निरपेक्ष, एवं त्वरित बैंकिंग।	90.54% डिजिटल हिस्सेदारी; खुदरा पोर्टफोलियो ने ₹1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया ।
कर्मचारी	इंट्रानेट (i3 पोर्टल), प्रिज़्म, स्टाफ कॉन्फ्रेंस।	व्यावसायिक विकास और डिजिटल कौशल उन्नयन ।	₹23.89 करोड़ प्रति कर्मचारी व्यवसाय; 1,000 क्रेडिट अधिकारियों के लिये विशेष प्रशिक्षण।
निवेशक	एनालिस्ट कॉल्स, एजीएम, आईआर वेबसाइट।	बेहतर लाभप्रदता और परिचालन दक्षता।	वर्ष के दौरान 1.00% आस्तियों पर प्रतिफल का लक्ष्य प्राप्त किया; शुद्ध लाभ 15.43% बढ़ा।
नियामक	बैठकें, सक्षम अनुपालन पोर्टल।	बढ़ी हुई पारदर्शिता और डेटा विश्वसनीयता	सभी शाखाओं में सक्षम की शुरुआत हुई; सकल एनपीए बढ़कर 2.67% हो गया।
समुदाय	सीएसआर पहल, "पिंक शाखाएं"।	क्षेत्रीय समावेशिता और राष्ट्र निर्माण ।	22,129 संपर्क बिंदुओं तक पहुंच; पूरी तरह से महिलाओं द्वारा प्रबंधित 115 "पिंक शाखाएं"।

शिकायत निवारण में परिचालन गतिशीलता

वित्तीय वर्ष 2026 में, एकीकृत ग्राहक सेवा (आईसीसी) प्लेटफॉर्म एक परिचालन ढांचे से बदलकर एक तीव्र गतिशीलता वाले समाधान इंजन के रूप में परिवर्तित हो गया।

प्रौद्योगिकी एकीकरण:

सेंटीमेंट एनालिटिक्स और वीडियो बैंकिंग का लाभ उठाकर हमने जटिल प्रश्नों के प्रतिक्रिया समय (टीएटी) को कम किया है।

डिजिटल विश्वास:

.bank.in डोमेन में सफलतापूर्वक स्थानांतरण से हमारे डिजिटल टचपॉइंट्स की सुरक्षा और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

सक्षम कार्यान्वयन:

स्वचालित अनुपालन निगरानी ने यह सुनिश्चित किया कि शिकायत निवारण के आगे बढ़ने के मार्गों का कड़ाई से पालन किया जाए, जिससे उत्तरदायित्व की एक संस्थागत संस्कृति को बढ़ावा मिला।

प्रासंगिकता एवं हितधारक मूल्य:

संवर्धन पर हमारा दृष्टिकोण




"व्यवसाय उत्कर्ष के वर्ष" के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने हितधारकों की अपेक्षाओं की पहचान तक स्वयं को सीमित न रखते हुए, व्यापक एवं प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से उनके प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक साकार किया। मूल्य सृजन के प्रति हमारा दृष्टिकोण द्वैध भौतिकता के सिद्धांत पर आधारित है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारी विकास गति वित्तीय सुदृढ़ता के साथ-साथ संस्थागत उत्तरदायित्व के अनुरूप भी रहे।

> स्पष्ट दिशा के बिना विकास की गति केवल गति है, सार्थक प्रगति नहीं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भौतिकता का पुनर्मूल्यांकन कर हमने सुनिश्चित किया है कि रीटेल, कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्र में हमारी तीव्र संवृद्धि हमारे 8.26 करोड़ ग्राहकों की मूलभूत अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं की पूर्ति के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी रहे।
>
> - वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रबंधन की परिकल्पना

द्वैध भौतिकता की रूपरेखा

बैंक अपने परिचालन परिवेश का आकलन दो पृथक, किन्तु परस्पर पूरक दृष्टिकोणों से करता है।

1. प्रभाव भौतिकता (इन्साइड-आउट): डिजिटल बैंकिंग तथा क्लस्टर-आधारित ऋण वितरण में बैंक की तीव्र संवृद्धि का अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन।
2. वित्तीय भौतिकता(आउटसाइड-इन): यह आकलन कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम, व्यापारिक तनाव तथा "जमा जुटाने की प्रतिस्पर्धा" जैसे बाह्य कारक बैंक के वित्तीय मूल्य और ₹13 लाख करोड़ के संस्थान बनने की उसकी यात्रा को किस प्रकार प्रभावित करते हैं।




कार्यप्रणाली : हितधारकों से संवाद की प्रक्रिया

इस चक्र के लिए भौतिकता आकलन एक सुव्यवस्थित एवं संरचित प्रक्रिया थी, जिसका उद्देश्य बैंक को आधारभूत स्थिरता से उच्च-स्तरीय प्रभावी क्रियान्वयन की ओर अग्रसर करना था।

- **सतत सहभागिता**: हितधारकों के साथ संवाद को एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाया गया, जिसमें कर्मचारियों के साथ नियमित संवाद तथा नियामकों के साथ निरंतर परामर्श शामिल रहे।
- **बहु-चैनल मॉडल**: ग्राहकों एवं कर्मचारियों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने हेतु बैंक ने डिजिटल माध्यमों, प्रत्यक्ष संपर्क तथा संरचित परामर्श को सम्मिलित करते हुए समग्र कार्यप्रणाली अपनाई।
- **मिश्रित पहुँच मॉडल (हाइब्रिड आउटरीच)**: ग्राहकों से प्राप्त फीडबैक को सोशल मीडिया निगरानी, ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षणों तथा शाखा स्तर पर संवाद के माध्यम से संकलित किया गया। कर्मचारियों के साथ बैंक के इंट्रानेट तथा समर्पित सम्मेलनों के माध्यम से सहभागिता सुनिश्चित की गई, ताकि उनके व्यक्तिगत लक्ष्यों को बैंक के "व्यावसायिक उत्कर्ष" मिशन के साथ समन्वित किया जा सके।
- **समेकन एवं प्राथमिकता निर्धारण**: प्रमुख हितधारकों जिनमें निवेशक तथा वंचित वर्ग भी शामिल हैं, का मूल्यांकन बैंक के रणनीतिक निर्णयों पर उनके महत्व तथा उनके प्रभाव की तीव्रता के आधार पर किया गया।

डबल मैटेरियलिटी मैट्रिक्स



संवृद्धि की रूपरेखा : वित्तीय वर्ष 2025-26 की भौतिकता एवं जीआरआई मैट्रिक्स

निम्नलिखित सारणी इस वार्षिक प्रतिवेदन की रणनीतिक सेतु के रूप में कार्य करती है। इसमें बैंक द्वारा चिन्हित भौतिक विषयों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की रणनीतिक प्राथमिकताओं – संवृद्धि, विस्तार, रूपांतरण तथा सुदृढ़ीकरण के साथ मानचित्रित किया गया है तथा उन्हें जीआरआई मानकों के अनुरूप संरेखित किया गया है।

क्षेत्र	प्रमुख भौतिक विषय	जीआरआई मानकों से संबद्धता	वित्तीय वर्ष 2025-26 की रणनीतिक प्राथमिकता	वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियाँ
पर्यावरण	जलवायु जोखिम एवं रणनीति	302, 305	सुदृढ़ीकरण	निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ईएसजी नीति तथा वर्ष 2028 तक स्कोप-1 उत्सर्जन हेतु नेट-ज़ीरो लक्ष्य निर्धारित।
	परिचालन पारिस्थितिक दक्षता	302, 305	रूपांतरण	16,500 किसानों को सौर पंपों हेतु पेपरलेस वित्तपोषण।

क्षेत्र	प्रमुख भौतिक विषय	जीआरआई मानकों से संबद्धता	वित्तीय वर्ष 2025-26 की रणनीतिक प्राथमिकता	वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियाँ
सामाजिक	वित्तीय समावेशन	203, 413	विस्तार	कुल 22,129 सेवा संपर्क बिंदु; ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में 65.19% उपस्थिति।
	ग्राहक-केंद्रितता	203, 417, 418	संवृद्धि	रीटेल ऋण पोर्टफोलियो ₹1 लाख करोड़ के पार; नवीन ऋण स्वीकृतियों में 48.71% वृद्धि।
	मानव पूंजी विकास	404	सुदृढ़ीकरण	गुणवत्तापूर्ण ऋण विस्तार हेतु 1,000 ऋण अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण।
	विविधता एवं समावेशन	405, 406	विस्तार	महिला कर्मचारियों द्वारा पूर्णत: संचालित 115 'पिंक शाखाओं' की स्थापना।
सुशासन	नवाचार एवं डिजिटलीकरण	203, 418	रूपांतरण	डिजिटल हिस्सेदारी 90.54% तक पहुँची; डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म पर 37 ग्राहक सेवाएँ सक्रिय।
	जोखिम एवं संकट प्रबंधन	201, 205	सुदृढ़ीकरण	जीएनपीए घटकर 2.67%; सक्षम (SAKSHAM) आधारित स्वचालित अनुपालन निगरानी लागू।
	डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता	418	रूपांतरण	डिजिटल विश्वास एवं सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु .bank.in डोमेन पर सफल माइग्रेशन पूर्ण।

सहभागिता के परिणाम : सुझावों से विकास की ओर

वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक की विकास यात्रा को गत वर्ष के भौतिकता आकलन चक्र के दौरान हितधारकों द्वारा व्यक्त अपेक्षाओं एवं चिंताओं के प्रति अपनाए गए सक्रिय दृष्टिकोण और प्रभावी कार्यान्वयन से नई गति मिली।

- **निवेशकों के लिए**: बैंक ने लाभप्रदता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देते हुए वर्ष के दौरान परिसंपत्तियों पर 1.00% प्रतिलाभ (आरओए) का लक्ष्य हासिल किया तथा शुद्ध लाभ में 15.43% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की।
- **ग्राहकों के लिए**: बैंक ने मैनुअल प्रक्रियाओं के स्थान पर सेन्ट निओ को अपनाते हुए तीव्र, निर्बाध एवं सभी डिजिटल उपकरणों पर सुलभ बैंकिंग सेवाओं की ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा किया।
- **कर्मचारियों के लिए**: बैंक ने कर्मचारी कल्याण एवं उत्पादकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिसके परिणामस्वरूप प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹23.89 करोड़ के स्तर तक पहुँचा।


हमारी व्यावसायिक कार्यप्रणाली:

त्वरित विकास की संरचना

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मूल्य-सृजन तंत्र अब आधारभूत स्थिरता से विकसित होकर एक उच्च-विकासशील, परिणामोन्मुखी एवं मूल्य-वर्धक पारितंत्र का रूप ले चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 – 'व्यवसायिक गतिसंवर्धन का वर्ष' में हमारा सार्वभौमिक बैंकिंग मॉडल 'उत्कृष्टता प्रदान करने' से आगे बढ़कर मापनीय एवं विस्तारयोग्य विकास के माध्यम से 'अपने वादे को साकार करने' के नए चरण में प्रवेश कर चुका है।

जैसे ही हम 'व्यवसायिक गतिसंवर्धन का वर्ष' समापन कर रहे हैं, हमारा मॉडल वित्त वर्ष 2027, "व्यवसाय उत्कर्ष का वर्ष" के लिए पहले से ही पुनर्गठन कर रहा है। हम प्रत्येक टचपॉइंट को अनुकूलित करने के लिए वॉल्यूम (मात्रा) से भी आगे बढ़ेंगे, जिसका लक्ष्य लागत-आय अनुपात को 56% से नीचे लाना है।





गति संवर्धन, गति और दिशा का समन्वय है। 'मिशन प्रगति' के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि नियोजित पूंजी की प्रत्येक इकाई हमें ₹13 लाख करोड़ के संस्थान बनने के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर करे।

- वित्तीय वर्ष 2026 हेतु प्रबंधन की परिकल्पना

विस्तार की गति


कुल व्यवसाय
₹8,12,439 करोड़
(लक्ष्य प्राप्त किया)

डिजिटल साझेदारी
90.54%
(ऐतिहासिक उच्चतम स्तर)

जीएनपीए अनुपात
2.67%
(दशकों में न्यूनतम स्तर)

व्यवसाय/कर्मचारी
₹23.89 करोड़
(+12.11% वृद्धि)

त्वरित व्यवसाय मॉडल की रूपरेखा



मुख्य व्यावसायिक घटकों की पहचान और दृश्यांकन के लिए एक रूपरेखा।

कोड	रूपरेखा स्तम्भ	वित्तीय वर्ष 2026 हेतु उत्कृष्टा की दिशा में परिवर्तन
1	मुख्य साझेदार	36 सक्रिय सह-वित्तपोषण भागीदारों एवं प्रमुख एससीएफ़ साझेदारियों (टीपीईएमएल, बीएएलसीओ) के माध्यम से इकोसिस्टम का विस्तार।
2	प्रमुख गतिविधियाँ	मैनुअल शाखा-आधारित ग्राहक अधिग्रहण से व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र दृष्टिकोण और डिजिटल स्व-सेवा यात्राओं की ओर बढ़े।
3	प्रमुख संसाधन	अनुकूलित वित्तीय पूंजी, उच्च गुणवत्ता वाली बौद्धिक पूंजी तथा आंतरिक निष्पादन क्षमताओं क माध्यम से डिजिटल, ऋण एवं परिचालन परिवर्तन के क्षेत्रों मे अनुशासित विस्तार सुनिश्चित किया गया।
4	मूल्य प्रस्ताव	3-इन-1 खाते के माध्यम से "वित्तीय सुपरमार्केट" अनुभव प्रदान करना (आदित्य बिड़ला, एसएमसी ग्लोबल) और एकीकृत डिपॉजिटरी सेवाएं [15 (सीएमसी)।
5	ग्राहक संबंध	स्वचालित सहायता, समर्पित परामर्श समर्थन तथा डिजिटल फर्स्ट सहभागिता क माध्यम से विभिन्न मंचों, प्लेटफॉर्मों एवं शाखा सम्बद्ध संपर्क बिंदुओं पर ग्राहक अनुभव को सुदृढ़ किया गया।
6	चैनल	13,685 बीसी आउटलेट्स एवं .bank.in डिजिटल डोमेन सहित 22,129 सेवा-संपर्क बिंदुओं का हाइब्रिड नेटवर्क।

कोड	रूपरेखा स्तम्भ	वित्तीय वर्ष 2026 हेतु उत्कृष्टा की दिशा में परिवर्तन
7	ग्राहक वर्ग	42.78% की वृद्धि के साथ मध्यम उद्यम क्षेत्र पर विशेष ध्यान एवं 8.26 करोड़ के मजबूत खुदरा ग्राहक आधार का लाभ उठाना।
8	मुख्य इनपुट	अनुकूलित वित्तीय पूंजी (सीआरएआर 17.91%) और मिशन प्रगति के माध्यम से उच्च-गुणवत्ता वाली बौद्धिक पूंजी।
9	राजस्व के स्रोत	सेंट ई-ट्रेड पोर्टल के माध्यम से विदेशी मुद्रा, व्यापार वित्त एवं मर्चेंट एक्वायरिंग सेवाओं के जरिए विविधीकृत राजस्व स्रोतों का सृजन।

मूल्य का आधार : सीबीआई केयर (सीएआरई)

हमारा मॉडल सीबीआई – केयर रूपरेखा पर आधारित है, जो यह सुनिश्चित करती है कि मूल्य सृजन और व्यवसायिक त्वरण कभी भी संस्थागत अनुशासन से समझौता किए बिना प्राप्त किए जाएँ।

सी
ए
आर
ई

ग्राहक सेवा उत्कृष्टता: सेंट नियो एवं एकीकृत ग्राहक सेवा प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित, सभी उपकरणों पर एकसमान एवं निर्बाध ग्राहक अनुभव।

महत्वाकांक्षी और सतत विकास: खुदरा इंजन को ऋण निर्देशित करना, जो इस वर्ष 25.67% बढ़कर ₹1,00,000 करोड़ के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गया।

राष्ट्र निर्माण में भूमिका: 154 जिलों में 274 कृषि और 225 एमएसएमई समूहों का मानचित्रण करने के लिए मिशन प्रगति का लाभ उठाना।

कर्मचारी कल्याण: 1,000 ऋण अधिकारियों का विशेषीकृत प्रशिक्षण एवं निष्पादन-आधारित कार्य संस्कृति द्वारा उत्पादकता में वृद्धि।

परिवर्तन केंद्र: आंतरिक परिवर्तन केंद्र

वित्तीय वर्ष 2026 के हमारे व्यवसाय मॉडल की प्रमुख विशिष्टता **'आंतरिक परिवर्तन केंद्र'** है—यह परिवर्तन का केंद्रबिंदु है, जो हमारी रणनीतिक सोच को व्यापक एवं मापने योग्य परिणामों में परिवर्तित करता है।

प्रिज़्म पोर्टल: 37 सक्रिय डिजिटल प्रक्रियाओं की वास्तविक समय में निगरानी।

1

कोर : अंतर-विभागीय पुनर्गठन और 100% नियामक सरेखण सुनिश्चित करना।

2

प्रणाली संचालित : स्वचालित अनुपालन निगरानी जिसने हमारे स्लिपेज अनुपात को घटाकर 1.16% कर दिया।

3

मूल्य सृजन कैसे करें:

वित्त वर्ष 2026 में मूल्य सृजन एवं प्रभाव

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में हमारा मूल्य सृजन मॉडल एक ऐसे इंजन के रूप में कार्य करता है जो आधारभूत सुदृढ़ता को मापनीय एवं सतत प्रभाव में परिवर्तित करता है। **"व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष"** में हमने केवल रूपरेखाएँ स्थापित करने से के स्थान पर हितधारकों के प्रति अपनी **प्रतिबद्धताओं को सक्रिय रूप** से पूर्ण किया। मिशन प्रगति परिवर्तन केंद्र के माध्यम से अपनी छह पूंजी श्रेणियों का समन्वय करते हुए हमने ₹8,12,439 करोड़ के कुल व्यवसाय का ऐतिहासिक लक्ष्य प्राप्त किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि हमारी वृद्धि तीव्र होने के साथ-साथ अनुशासित भी रहे।

मूल्य सृजन का इंजन: हमारे कार्यनिष्पादन के केंद्र

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा व्यावसायिक गति संवर्धन दीर्घकालिक मूल्य सृजन में परिवर्तित हो, हमने चार विशिष्ट "निष्पादन प्रेरकों" को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया है, जो हमारे परिचालन मॉडल को विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं।

परिवर्तन केंद्र: सभी प्रमुख संगठनात्मक विकास एवं डिजिटलीकरण परियोजनाओं के समन्वय और निगरानी का केन्द्र बिंदु, जो ईज़ 7.0 जैसी राष्ट्रीय पहलों के साथ संरेखित है।

प्रिज्म [प्रोजेक्ट रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम]: विचार सृजन, निगरानी और रिपोर्टिंग हेतु वास्तविक समय ट्रैकिंग पोर्टल, जो प्रबंधन को पहलों के तीव्र विस्तार हेतु आवश्यक परिचालन दृश्यता प्रदान करता है।

सेन्ट निओ (डिजिटल): एक बुद्धिमत्ता-संचालित डिजिटल पारिस्थितिक तंत्र, जो अत्यधिक वैयक्तिकृत एवं उपकरण-स्वतंत्र ग्राहक अनुभव प्रदान करता है।

सक्षम/SAKSHAM (अनुपालन): एक स्वचालित पोर्टल, जो 100% नियामकीय अनुपालन और स्लिपेज की वास्तविक समय निगरानी सुनिश्चित करता है, जिससे बैंक 1.16 का रिकॉर्ड न्यूनतम स्लिपेज अनुपात प्राप्त करने में सक्षम हुआ।

> गति संवर्धन रणनीतिक उद्देश्य और मापनीय निष्पादन का समन्वय है। अपनी पूंजी के प्रवाह को अनुकूलित करके हमने यह सिद्ध किया है कि 115 वर्ष पुरानी संस्था भी आधुनिक डिजिटल पारिस्थितिक तंत्र की गति से कार्य कर सकती है।




गति संवर्धित मूल्य सृजन मैट्रिक्स: इनपुट से प्रभाव तक

पूंजी का प्रकार	इनपुट: वृद्धि का ईंधन	आउटपुट: गति का परिणाम (वित्त वर्ष 2026)	परिणाम: संकल्प की सि द्धि	संरेखण एवं मानचित्रण (बीएमसी– व्यवसाय मॉडल घटक)
वित्तीय पूंजी *(पृष्ठ 58)*	• पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.91 % • कुल जमा आधार ₹4,67,923 करोड़ • सूक्ष्म कासा पर केंद्रित (कासा अनुपात: 47.30%)	• कुल व्यवसाय ₹8.12 लाख करोड़ के ऐतिहासिक स्तर के पार पहुंच गया • शुद्ध लाभ 15.43% बढ़कर ₹4,369 करोड़ हो गया • वर्ष के दौरान 1.00% आस्ति पर प्रतिफल प्राप्त किया	• 2.67% के बहुवर्षीय निम्न सकल गैर निष्पादित परिसंपत्तियों के साथ बैलेंस शीट को सुदृढ़ बनाया • राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों तथा बड़ी अवसंरचना वाली परियोजनाओं को वित्तपोषित करने की क्षमता में वृद्धि	**जीआरआई**: 201 **यूएनएसडीजी**: 8 **बीएमसी**: प्रमुख इनपुट, राजस्व स्रोत **प्राथमिकता**: सुदृढ़ीकरण
निर्मित पूंजी *(पृष्ठ 54)*	• 4,585 शाखाओं का हाइब्रिड नेटवर्क • ग्रामीण, शहरी, अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 65.19% की व्यापक उपस्थिति • कुल संपर्क बिंदु 22129 तक पहुँचे	• खुदरा अग्रिम पोर्टफोलियो ₹1,00,000 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर के पार पहुंच गया • डिजिटल हिस्सेदारी 90.54% के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुँची • मोबाइल बैंकिंग सक्रिय उपयोगकर्ता आधार बढ़कर 2 करोड़ हुआ	• सेन्ट निओ इकोसिस्टम के माध्यम से निर्बाध 24×7 बैंकिंग द्वारा 'हर भारतीय के लिए वास्तव में सेन्ट्रल' की पुनर्परिभाषा • अंतिम छोर तक डिजिटल एवं भौतिक पहुँच द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त बनाया	**जीआरआई**: 203 **यूएनएसडीजी**: 1, 8, 10, 13 **बीएमसी**: प्रमुख संसाधन, चैनल **प्राथमिकता**: विस्तार
बौद्धिक पूंजी *(पृष्ठ 64)*	• एकीकृत परिवर्तन केंद्र • वास्तविक समय परियोजना निगरानी हेतु प्रिज़्म पोर्टल • स्वचालित अनुपालन पोर्टल	• डीएलपी प्लेटफॉर्म पर 37 सक्रिय डिजिटल यात्राएँ • सुरक्षित एवं सत्यापित .bank.in डोमेन पर 100% सफल स्थानांतरण • डिजी स्व-नवीनीकरण हेतु स्वचालित प्रसंस्करण	• बुद्धिमत्ता-संचालित बैंकिंग; डेटा गोपनीयता उल्लंघन की शून्य घटनाएँ • सक्रिय स्लिपेज नियंत्रण (1.16%) के माध्यम से परिसंपत्ति गुणवत्ता का संस्थानीकरण	**जीआरआई**: 203, 418 **यूएनएसडीजी**: 1, 8, 10, 13 **बीएमसी**: 2, 4 (प्रमुख गतिविधियाँ, मूल्य प्रस्ताव) **प्राथमिकता**: रूपांतरण
मानव पूंजी *(पृष्ठ 84)*	• 33997 कर्मचारियों का प्रतिभाशाली कार्यबल • प्रोजेक्ट सेन्ट नर्चर के माध्यम से व्यावसायिक विकास में निवेश	• प्रति कर्मचारी व्यवसाय 12.11% बढ़कर ₹23.89 करोड़ हुआ • 1,000 ऋण अधिकारियों हेतु विशेष ऋण प्रशिक्षण • महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़कर 28.77% हुई	• 'गति संवर्धन' मिशन के अनुरूप अत्यधिक उत्पादक एवं संलग्न कार्यबल • 115 पूर्णत: महिला संचालित पिंक शाखाओं के माध्यम से विविधता में उद्योग में अग्रणी के रूप में स्थापित	**जीआरआई**: 401, 404, 405 **यूएनएसडीजी**: 3, 4, 5, 8 **बीएमसी**: प्रमुख संसाधन, प्रमुख इनपुट **प्राथमिकता**: गति संवर्धन
प्राकृतिक पूंजी *(पृष्ठ 70)*	• बोर्ड-अनुमोदित ईएसजी नीति एवं जोखिम ढाँचा • सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड्स में ₹350.26 करोड़ का निवेश • नवीकरणीय ऊर्जा हेतु लक्षित वित्तपोषण	• नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु ₹2,751.44 करोड़ का वित्तपोषण • सेन्ट ईवी कनेक्ट एवं सेन्ट सोलर उद्यम सुरक्षा का शुभारंभ • डीएलपी पर कागजरहित डिजिटल यात्राओं का विस्तार	• 2028 तक नेट ज़ीरो स्कोप 1 के स्वैच्छिक लक्ष्य की दिशा में सक्रिय प्रगति • उन्नत ईएसजी जोखिम स्क्रीनिंग के माध्यम से जलवायु-संबंधी वित्तीय जोखिमों का न्यूनीकरण	**जीआरआई**: 302, 305 **यूएनएसडीजी**: 7, 12, 13 **बीएमसी**: प्रमुख गतिविधियाँ, मूल्य प्रस्ताव **प्राथमिकता**: रूपांतरण
संबंध एवं सामाजिक पूंजी *(पृष्ठ 76)*	• 115 वर्ष की स्वदेशी विरासत एवं विश्वास • 8.26 करोड़ ग्राहकों का सक्रिय आधार • 13 राज्य स्तरीय एसआरएलएम के साथ रणनीतिक साझेदारियाँ	• इस वर्ष 25.67% की खुदरा पोर्टफोलियो वृद्धि • 225 शाखाओं को एमएसएमई क्लस्टरों तथा 274 शाखाओं को कृषि क्लस्टरों से जोड़ा गया • सीएसआर निधि वितरण: ₹1.13 करोड़	• मिशन प्रगति के माध्यम से समावेशी विकास एवं क्षेत्रीय एमएसएमई सशक्तीकरण का उत्प्रेरक • विकसित भारत की परिकल्पना का समर्थन करने वाली उत्तरदायी संस्था के रूप में प्रतिष्ठा बनाए रखी	**जीआरआई**: 203, 413 **यूएनएसडीजी**: 1, 4, 5, 8, 10 **बीएमसी**: प्रमुख साझेदार, संबंध, खंड **प्राथमिकता**: विस्तार

हमारी ईएसजी रणनीतिक रूपरेखा:

उत्तरदायी एवं सतत विकास के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धताओं का निर्वहन



पर्यावरणीय, सामाजिक एवं शासन (ईएसजी) सिद्धांत इस बात के परिचायक हैं कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया किस प्रकार दीर्घकालिक मूल्यों का सृजन करता है, जोखिमों का प्रबंधन करता है, पूंजी का आवंटन करता है तथा हितधारकों के विश्वास को सुदृढ़ बनाता है। अपने परिवर्तनकारी विकास-पथ पर आगे बढ़ते हुए, बैंक अब ईएसजी को केवल एक स्वतंत्र धारणीयता एजेंडा के रूप में नहीं देखता है, बल्कि इसे अपने व्यवसाय संचालन, ग्राहकों को सहयोग प्रदान करने, समुदायों को सशक्त बनाने तथा संस्थागत लचीलेपन के निर्माण की प्रक्रिया में समाहित कर चुका है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने ईएसजी के आधारभूत ढाँचों की स्थापना से आगे बढ़कर धारणीयता को परिचालन निष्पादन का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हमारा दृष्टिकोण उत्तरदायी बैंकिंग को व्यावसायिक विकास के साथ समन्वित करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पर्यावरणीय संरक्षण, सामाजिक समावेशन तथा सुदृढ़ शासन प्रत्येक रणनीतिक निर्णय के केंद्र में बनी रहे। निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ईएसजी रूपरेखा के मार्गदर्शन में, बैंक सतत वित्त, जलवायु कार्रवाई, वित्तीय समावेशन, नैतिक शासन तथा हितधारकों के साथ पारदर्शी संवाद को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। साथ ही, भारत की विकासात्मक प्राथमिकताओं तथा वैश्विक संपोषणीय आकांक्षाओं के समर्थन हेतु अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहा है।

ईएसजी शासन एवं पर्यवेक्षण

बैंक ईएसजी के लिए शीर्ष से निम्न शासन दृष्टिकोण अपनाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्थायित्व संबंधी विचारों को रणनीतिक नियोजन, जोखिम प्रबंधन तथा परिचालन निष्पादन में समुचित रूप से समाहित किया जाए।

ईएसजी से संबंधित विषयों का पर्यवेक्षण निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (जो.प्र.स.) द्वारा किया जाता है, जो रणनीतिक दिशा-निर्देश प्रदान करती है तथा निर्धारित धारणीय उद्देश्यों के विरुद्ध प्रगति की निगरानी करती है। यह शासन संरचना पूरे संगठन में स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित करती है तथा साथ ही, यह भी सुनिश्चित करती है कि ईएसजी संबंधी विचारों को व्यावसायिक निर्णयों, जोखिम आकलनों तथा निष्पादन प्रबंधन प्रणालियों में एकीकृत किया जाए।

बैंक ईएसजी को एक रणनीतिक व्यावसायिक अनिवार्यता के रूप में देखता है, जो उत्तरदायी विकास को समर्थन प्रदान करती है, उभरते जोखिमों के प्रति संस्थागत लचीलेपन को सुदृढ़ बनाती है तथा संपोषणीय अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण से उत्पन्न होने वाले अवसरों का लाभ उठाने में बैंक को सक्षम बनाती है।

ईएसजी: रणनीतिक रूपरेखा

बैंक की ईएसजी रणनीति तीन परस्पर संबद्ध स्तंभों पर आधारित है:

1

पर्यावरणीय संरक्षण –
पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना, सतत वित्त को गति प्रदान करना तथा भारत का कम-कार्बन वाली अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण को समर्थन देना।

2

सामाजिक उत्तरदायित्व–
वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, कर्मचारियों के विकास को प्रोत्साहित करना, विविधता एवं समावेशन को सुदृढ़ बनाना, सामुदायिक कल्याण को समर्थन देना तथा बैंकिंग सेवाओं तक समान एवं न्यायसंगत पहुँच सुनिश्चित करना।

3

शासन उत्कृष्टता –
नैतिक आचरण, पारदर्शिता, जवाबदेहिता, जोखिम प्रबंधन तथा हितधारकों के विश्वास को सुदृढ़ बनाना।

ये तीनों स्तंभ मिलकर संपूर्ण संगठन में निर्णय-निर्माण का मार्गदर्शन करते हैं तथा एक ऐसा ढांचा प्रदान करते हैं, जिसके माध्यम से धारणीयता से संबंधित उद्देश्यों को मापनीय परिणामों में परिवर्तित किया जाता है।



जलवायु कार्रवाई एवं सतत वित्त

जलवायु संबंधी उत्तरदायित्व बैंक की एक प्रमुख रणनीतिक प्राथमिकता बनी हुई है। बैंक उन परियोजनाओं एवं क्षेत्रों की ओर पूंजी प्रवाह को निरंतर निर्देशित कर रहा है, जो पर्यावरणीय संपोषणीयता को समर्थन प्रदान करते हैं, साथ ही अपने परिचालन स्तर पर कार्बन उत्सर्जन में कमी के प्रयासों को भी सुदृढ़ कर रहा है।

हमारी सतत वित्त रूपरेखा नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, ऊर्जा दक्षता तथा जलवायु अनुकूल अवसंरचना के वित्तपोषण को समर्थन प्रदान करती है। इस वर्ष के दौरान, हमने सौर, पवन ऊर्जा तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी हरित वित्तपोषण पहलों का विस्तार किया, जिससे धारणीय आर्थिक विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है ।

ग्रीन फिक्स्ड डिपॉजिट कार्यक्रम ने पर्यावरणीय रूप से लाभकारी परियोजनाओं के लिए समर्पित संसाधनों के संग्रहण को जारी रखा, जबकि सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड्स में निवेश ने राष्ट्रीय जलवायु प्राथमिकताओं के प्रति हमारे योगदान को और सुदृढ़ किया है । हमने रूफटॉप सोलर अपनाने तथा स्वच्छ ऊर्जा वित्तपोषण पहलों को भी निरंतर समर्थन दिया है, जिनका उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों तथा व्यवसायों के लिए इसकी पहुँच एवं वहन करने की क्षमता को बढ़ाना है।

वर्ष के दौरान एक उल्लेखनीय उपलब्धि यह रही कि 16,500 किसानों को पूर्णत: डिजिटल एवं कागज़ रहित प्रक्रिया के माध्यम से सौर पंपों की स्वीकृति प्रदान की गई। यह दर्शाता है कि किस प्रकार संपोषणीयता और प्रौद्योगिकी मिलकर बड़े पैमाने पर प्रभावी एवं सार्थक परिणाम प्रदान कर सकते हैं।

साथ ही, बैंक ने इलेक्ट्रिक वाहन वित्तपोषण तथा संबंधित अवसंरचना के समर्थन का भी विस्तार किया है, जिससे भारत के स्वच्छ परिवहन प्रणालियों की ओर संक्रमण को गति मिल रही है।

परिचालनगत संपोषणीयता

बैंक का परिचालनगत संपोषणीयता एजेंडा संसाधन दक्षता में सुधार, उत्सर्जन में कमी तथा पर्यावरण-अनुकूल अवसंरचना के विकास पर केंद्रित है।

बैंक ने वर्ष 2028 तक स्कोप-1 उत्सर्जन के लिए नेट ज़ीरो का लक्ष्य प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा है, जिसे एक संरचित रोडमैप, मापनीय लक्ष्यों तथा कार्यान्वयन कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है ।

प्रमुख पहलें :

- स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों/परिसरों में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का विस्तार।
- पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता में क्रमिक कमी।
- डीज़ल जनरेटर आधारित बैकअप प्रणालियों का ऊर्जा-दक्ष विकल्पों से प्रतिस्थापन।
- बैंक के वाहन बेड़े का इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी आधारित गतिशीलता की ओर रूपांतरण।
- शाखाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों में ऊर्जा-दक्ष प्रथाओं का अपनाया जाना।

इन पहलों को मजबूत निगरानी प्रणालियों का समर्थन प्राप्त है, जो ईएसजी मापदंडों को परिचालन निर्णय-निर्माण तथा जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं में एकीकृत करती हैं।

सामाजिक प्रभाव एवं समावेशी विकास

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया समावेशी विकास के प्रति एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता रखता है, जो इसकी सुगमता, विविधता तथा सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की ऐतिहासिक भूमिका में परिलक्षित होती है।

हमारा सामाजिक एजेंडा वित्तीय समावेशन का विस्तार, कर्मचारियों की क्षमताओं को सुदृढ़ करना, वंचित एवं अल्पसेवित समुदायों को समर्थन प्रदान करना तथा एक समावेशी कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

बैंक अपने विस्तृत भौतिक एवं डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से अपनी पहुँच को निरंतर विस्तारित कर रहा है, जिससे शहरी, अर्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित हो सके। हमारे टचपॉइंट नेटवर्क का विस्तार देशभर में ग्राहकों की सेवा करने की क्षमता को और सुदृढ़ करता है तथा अंतिम छोर तक वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है।

विविधता एवं लैंगिक समावेशन हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।वर्ष 1924 में स्थापित एक समर्पित महिला विभाग की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, बैंक ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी एवं नेतृत्व को निरंतर सुदृढ़ किया है। पूर्णत: महिला-प्रबंधित “पिंक शाखाओं” का विस्तार इस प्रतिबद्धता का एक स्पष्ट एवं सशक्त उदाहरण है।

कर्मचारी क्षमता विकास में निवेश हमारी मानव संसाधन रणनीति का एक प्रमुख आधार बना हुआ है। व्यापक प्रशिक्षण एवं डिजिटल कौशल उन्नयन कार्यक्रमों के माध्यम से, हम कर्मचारियों को एक अधिक डिजिटल, डेटा-आधारित तथा धारणीयता-केंद्रित बैंकिंग वातावरण में कार्य करने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान कर रहे हैं। इन प्रयासों ने उत्पादकता में वृद्धि, बेहतर ग्राहक सेवा तथा संगठनात्मक दक्षता को सुदृढ़ किया है।



हितधारक सहभागिता

सार्थक हितधारक सहभागिता हमारे ईएसजी दृष्टिकोण की आधारशिला है।

हम ग्राहकों, कर्मचारियों, निवेशकों, नियामकों, समुदायों तथा व्यावसायिक भागीदारों के साथ संरचित संचार माध्यमों, फीडबैक तंत्रों, सर्वेक्षणों तथा हितधारक संवादों के माध्यम से सक्रिय रूप से सहभागिता करते हैं। ये सहभागिताएँ बदलती अपेक्षाओं को समझने में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती है तथा हमारी धारणीयता संबंधी प्राथमिकताओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों को आकार देने में सहायक होती हैं।

खुले एवं पारदर्शी संवाद को बनाए रखते हुए, हम हितधारकों के विश्वास को सुदृढ़ करते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी ईएसजी पहलें प्रासंगिक, उत्तरदायी एवं परिणाम-उन्मुख बनी रहे।

नवाचार एवं साझेदारी

बैंक यह मानता है कि धारणीयता लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नवाचार एवं सहयोग दोनों आवश्यक है।

हम ऐसे उत्पादों एवं सेवाओं का निरंतर विकास कर रहे हैं, जो वित्तीय प्रदर्शन को पर्यावरणीय एवं सामाजिक परिणामों के साथ संरेखित करते हैं। प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधान, डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म तथा डेटा-आधारित क्षमताएँ हमें अधिक सुलभ, दक्ष एवं सतत बैंकिंग अनुभव प्रदान करने में सक्षम बना रही है।

हम सरकारी संस्थाओं, नियामकों, उद्योग निकायों, विकास संगठनों तथा अन्य हितधारकों के साथ भी सहयोग कर रहे हैं, ताकि साझा स्थायी उद्देश्यों को आगे बढ़ाया जा सके। ये साझेदारियाँ ज्ञान के आदान-प्रदान, संसाधन जुटाने तथा सामूहिक कार्रवाई को सुगम बनाती है, जिससे हमारी ईएसजी पहलों का प्रभाव और अधिक व्यापक एवं सशक्त होता है।

नीतिगत ढांचा एवं वैश्विक संरेखण

बैंक की ईएसजी नीति इसकी स्थायित्व रणनीति को एक आधारशिला प्रदान करती है तथा इसे प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रूपरेखाओं के साथ संरेखित करती है, जिनमें शामिल हैं:

- उत्तरदायी बैंकिंग के लिए संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांत (यूएनआईपी एफआई)
- सेबी व्यवसायिक उत्तरदायित्व एवं धारणीयता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) आवश्यकताएँ
- आईएफएसआर धारणीयता प्रकटीकरण मानक (आईएफएसआर एस1 एवं आईएफएसआर एस2)
- जलवायु संबंधी वित्तीय प्रकटीकरण पर कार्यबल (टीसीएफडी)
- वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरई)
- स्थायित्व लेखांकन मानक बोर्ड (Sustainability Accounting Standards Board – SASB)

यह नीति पूरे संगठन पर लागू होती है तथा जलवायु कार्रवाई, उत्तरदायी व्यवसाय आचरण, सामाजिक उत्तरदायित्व, कार्यबल विकास, शासन की अखंडता एवं जोखिम प्रबंधन को समर्थन प्रदान करती है।

इस नीति की प्रासंगिकता, नियामकीय संरेखण तथा बदलती हितधारक अपेक्षाओं एवं धारणीयता संबंधी चुनौतियों के प्रति उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने हेतु वार्षिक रूप से समीक्षा की जाती है।

हमारी 2028 प्रतिबद्धताएँ

बैंक अपनी दीर्घकालिक धारणीयता रूपरेखा के अंतर्गत मापनीय प्रगति सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। प्रमुख प्रतिबद्धताएँ निम्नलिखित हैं:

- वर्ष 2028 तक स्कोप 1 उत्सर्जन के लिए नेट ज़ीरो का लक्ष्य प्राप्त करना।
- वित्तीय वर्ष 2024 को आधार मानते हुए, नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने तथा ऊर्जा-दक्षता उपायों के माध्यम से स्कोप 2 उत्सर्जन में 50% की कमी करना।
- पारंपरिक वाहन परिसंपत्तियों को इलेक्ट्रिक (इवी) अथवा सीएनजी विकल्पों से प्रतिस्थापित करना।
- बैंक-स्वामित्व वाली अवसंरचना में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में तेजी लाना।
- ऋण प्रदान करने, निवेश तथा जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं में ईएसजी का अधिक सुदृढ़ एकीकरण करना।
- भारत के हरित संक्रमण एवं समावेशी विकास एजेंडा को समर्थन देने हेतु सतत वित्त समाधान का विस्तार करना।

हमारी प्रतिबद्धता का निर्वहन

हमारी ईएसजी यात्रा एक सरल किन्तु सशक्त विश्वास को प्रतिबिंबित करती है: सतत विकास और व्यावसायिक विकास एक-दूसरे से पृथक नहीं हैं, बल्कि परस्पर अविभाज्य हैं। जैसे-जैसे सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने परिवर्तन के अगले चरण की ओर अग्रसर है, ईएसजी निरंतर संस्थागत लचीलापन, नवाचार तथा दीर्घकालिक मूल्य सृजन का एक रणनीतिक उत्प्रेरक बना रहेगा।


धारणीयता को अपने परिचालन, वित्तपोषण निर्णयों, मानव संसाधन प्रथाओं तथा शासन संरचनाओं में समाहित करके, हम केवल बदलती अपेक्षाओं के प्रति प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं, बल्कि सभी हितधारकों के लिए एक अधिक समावेशी, उत्तरदायी एवं सतत भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान भी दे रहे हैं।

नैतिकता एवं कार्यप्रणाली में सुशासन का समावेशन:

अपनी प्रतिबद्धताओं का निर्वहन

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में, सत्यनिष्ठा केवल एक सैद्धांतिक मूल्य नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक कार्य-व्यवहार का अभिन्न अंग है। "व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" के दौरान हमारी सुशासन एवं नैतिकता संबंधी रूपरेखा ने आधारभूत पर्यवेक्षण से आगे बढ़कर विश्वास को गति प्रदान करने वाले एक सशक्त तंत्र का रूप ग्रहण किया। हमारा मानना है कि सतत विकास तभी संभव है, जब वह सुदृढ़ सिद्धांतों, कठोर आंतरिक नियंत्रणों तथा उत्तरदायित्व की ऐसी संस्कृति पर आधारित हो, जो हमारे 115 वर्ष पुराने संस्थान के प्रत्येक स्तर में समाहित हो।

गवर्नेंस प्रिज्म: वादे का स्वचालन






निष्पादन उत्कृष्टता हमारी विशिष्ट पहचान है। वित्त वर्ष 2025-26 में हमने सिद्ध किया है कि तीव्र प्रगति और अनुशासन एक-दूसरे के पूरक हैं। सक्षम के माध्यम से अनुपालन के स्वचालन तथा प्रिज्म के माध्यम से निगरानी को सुदृढ़ बनाकर हमने एक सुरक्षित, पारदर्शी एवं सुदृढ़ बैंक के वचन का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।



हमारी नैतिक आधारशिला : विकास का सुदृढ़ आधार

निदेशक मंडल ने जटिल नैतिक परिस्थितियों में मार्गदर्शन प्रदान करने तथा सुदृढ़ सिद्धांतों पर आधारित निर्णय लेने में सहायता हेतु आचार संहिता , व्यावसायिक आचरण संहिता एवं हितों के टकराव की नीति को अनुमोदित किया है। इसके साथ ही, हम सुदृढ़ आचार एवं नैतिक संहिता का पालन करते हैं, जिसकी प्रतिवर्ष समीक्षा की जाती है। यह उत्तरदायित्व और विश्वास पर आधारित कार्य-संस्कृति को और सशक्त बनाती है।

ईएसजी गवर्नेंस ढांचा



ये रूपरेखाएँ निम्नलिखित विषयों पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करती हैं :

- हितों के टकराव के प्रभावी प्रबंधन पर।
- व्यावसायिक आचरण बनाए रखने पर।
- सभी हितधारकों के साथ संवाद एवं व्यवहार में उच्चतम नैतिक मानकों के पालन पर।
- कर्मचारी उत्तरदायित्व नीति के माध्यम से उत्तरदायी एवं विवेकपूर्ण निर्णय-निर्माण की संस्कृति को प्रोत्साहित करने पर।

वित्त वर्ष 2025-26 में "अनुशासन के साथ गतिसंवर्धन" के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने इस संस्कृति को और सुदृढ़ किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि व्यावसायिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद नैतिक मानकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पूर्णत: अक्षुण्ण बनी रही।



गतिसंवर्धन सेतु : आंतरिक नियंत्रण निष्पादन

वित्त वर्ष 2024-25 (उत्कृष्टता) से वित्त वर्ष 2025-26 (गतिसंवर्धन) तक की हमारी यात्रा को मैनुअल रिपोर्टिंग से स्वचालित एवं बुद्धिमत्ता-संचालित सुशासन प्रणाली की ओर रूपांतरण द्वारा सर्वोत्तम रूप से परिभाषित किया जा सकता है।

आंतरिक नियंत्रण का विकास (वित्त वर्ष 2024-25 बनाम वित्त वर्ष 2025-26)

नियंत्रक घटक	वित्त वर्ष 2024-2025 की स्थिति (आधारभूत चरण)	वित्त वर्ष 2025-2026 की स्थिति (गतिसंवर्धन के परिणाम)
अनुपालन पोर्टल	आधारभूत ढाँचा स्थापित किया गया।	सक्षम पोर्टल बैंक की सभी 4,585 शाखाओं में पूर्णत: कार्यरत।
स्लिपेज नियंत्रण	आधारभूत चरण में 1.45% स्लिपेज दर्ज।	1.16% (लक्ष्य < 1.25% के लक्ष्य से बेहतर परिणाम)
डिजिटल विश्वास	स्थानांतरण की योजना बनाई गई।	.bank.in सत्यापित डोमेन में स्थानांतरण 100% पूर्ण।
लेखा-परीक्षा कवरेज	मैनुअल रिपोर्टिंग पर केंद्रित व्यवस्था।	प्रिज्म पोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय की निगरानी एवं ट्रैकिंग।

वैश्विक मानकों के साथ संरेखण एवं नीतिगत प्रकटीकरण

हमारी सुशासन रणनीति एक सुदृढ़ एवं सार्वजनिक रूप से उपलब्ध ईएसजी नीति द्वारा निर्देशित है, जो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों मानकों के अनुरूप है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सतत एवं नैतिक वित्तपोषण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है।

- उत्तरदायी बैंकिंग हेतु संयुक्त राष्ट्र सिद्धांत (यूएनईपी एफआई)
- सेबी का व्यवसाय उत्तरदायित्व एवं स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) ढाँचा
- अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता मानक बोर्ड (आईएसएसबी) द्वारा जारी आईएफआरएस एस1 एवं एस2 मानक
- जलवायु-संबंधी वित्तीय प्रकटीकरण कार्यबल (टीसीएफडी)
- वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरई) मानक
- स्थायित्व लेखांकन मानक (एसएएसबी) मानक

वित्त वर्ष 2025-26 में, ईज 7.0 सुधारों के अंतर्गत डेटा गुणवत्ता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर हमने अपने अनुपालन ढाँचे को और सुदृढ़ बनाया, जो परिचालन उत्कृष्टता एवं पारदर्शिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

सुशासन एवं नैतिकता के प्रमुख उद्देश्य

निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित हमारी नीतियाँ संगठन के सभी आयामों को समाहित करती हैं तथा कर्मचारियों, संविदाकर्मियों एवं हितधारकों को निम्नलिखित प्रमुख उद्देश्यों के माध्यम से संबोधित करती हैं :

1. **नेट-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य**: वर्ष 2028 तक स्कोप-1 उत्सर्जन में नेट-शून्य स्थिति प्राप्त करना तथा स्कोप-2 उत्सर्जन में 50% की कमी लाना (आधार वर्ष : वित्त वर्ष 2023-24)।
2. **जलवायु कार्रवाई**: बैंक की गतिविधियों को पेरिस समझौते सहित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जलवायु समझौतों के अनुरूप बनाना।
3. **सामाजिक उत्तरदायित्व**:
   - **कर्मचारी विकास**: ईएसजी विषयों, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं विविधता से संबंधित प्रशिक्षण पहलों को प्रोत्साहित करना।
   - **समावेशी नेतृत्व**: वित्त वर्ष 2025-26 की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि 115 "पिंक शाखाओं" का संचालन रहा, जिनका प्रबंधन पूर्णत: महिलाओं द्वारा किया जाता है। ये शाखाएँ महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य कर रही हैं।
   - **सामुदायिक सहभागिता**: वंचित समुदायों के उत्थान हेतु कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों का निरंतर मूल्यांकन एवं संचालन। इसके अंतर्गत सिग्नल शाला परियोजना तथा दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण संबंधी पहलें शामिल हैं।
4. **सुशासन एवं नैतिकता**: सुदृढ़ आचार संहिता का अनुपालन, जिससे निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। इसे मजबूत जोखिम प्रबंधन तथा शिकायत निवारण प्रक्रियाओं का समर्थन प्राप्त है।

निष्पादन के प्रेरक तंत्र : स्वचालित अनुपालन प्रणाली एवं प्रिज्म

"व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" के दौरान हमने दो प्रमुख डिजिटल पोर्टलों के माध्यम से सुशासन को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि हमारी विकास यात्रा ठोस तथ्यों एवं साक्ष्यों पर आधारित रहे।

- **स्वचालित अनुपालन प्रणालियाँ**: यह स्वचालित पोर्टल 100% नियामकीय अनुपालन तथा स्लिपेज की वास्तविक समय निगरानी सुनिश्चित करता है। वित्त वर्ष 2025-26 में स्वचालित अनुपालन प्रणाली ने हमारे सकल एनपीए को 2.67% तक कम करने तथा स्लिपेज अनुपात को 1.16% पर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो पिछले कई दशकों का न्यूनतम स्तर है।
- **प्रिज्म (प्रोजेक्ट रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम)**: प्रिज्म सभी परिवर्तनकारी परियोजनाओं की निगरानी, विचार-सृजन, तथा सहायता-प्रेषण के लिए केंद्रीय नियंत्रण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा आईटी जोखिम प्रबंधन समिति को आवश्यक परिचालन दृश्यता प्रदान करता है, जिससे कड़े लेखा-परीक्षण ट्रेल को बनाए रखते हुए पहलों का तीव्र विस्तार संभव हो पाता है।

सतर्कता एवं व्हिसलब्लोअर संरक्षण

पारदर्शी एवं उत्तरदायी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए बैंक "सेन्ट ई-व्हिसलब्लोअर" पोर्टल संचालित करता है।

- **गोपनीयता**: यह पोर्टल कर्मचारियों एवं निदेशकों को अपनी पहचान प्रकट किए बिना नैतिक उल्लंघनों अथवा अनियमितताओं की सूचना देने हेतु सुरक्षित माध्यम उपलब्ध कराता है।
- **प्रोत्साहन**: बैंक ने संभावित धोखाधड़ी अथवा अनियमितताओं से संबंधित सूचना देने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की योजना लागू की है, जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार समर्पित स्टाफ पोर्टल पर किया गया है।
- **सत्यनिष्ठा का रिकॉर्ड**: वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले में बैंक पर स्टॉक एक्सचेंजों अथवा सेबी द्वारा कोई दण्ड अथवा प्रतिबंध नहीं लगाया गया।

आगे की राह: उत्कृष्टता का संस्थानीकरण (वित्त वर्ष 2026-27)

जैसे ही हम "व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" का समापन कर रहे हैं, हमारा ध्यान अब वित्त वर्ष 2026-27 अर्थात "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष" की ओर केंद्रित हो रहा है। बड़े पैमाने पर निष्पादन के माध्यम से अपनी वचनबद्धता को सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात् अब हम अपनी सुशासन रूपरेखाओं को और अधिक परिष्कृत एवं सुदृढ़ बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हमारी भावी कार्ययोजना में निम्नलिखित पहलें शामिल हैं :

- स्वचालित अनुपालन निगरानी पोर्टल के माध्यम से जनशक्ति, उत्पाद अथवा प्रक्रिया-संबंधी जोखिमों के संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान हेतु अनुपालन परीक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता/ मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) का एकीकरण।
- परिचालन दक्षता को और सुदृढ़ बनाते हुए तथा डिजिटल अपनाने को बढ़ावा देकर लागत-आय अनुपात (सीआईआर) को 56.00% से नीचे लाना।
- एआई-संचालित धोखाधड़ी जैसे उभरते खतरों का प्रभावी ढंग से सामना करने हेतु साइबर सुरक्षा ढाँचे को और सशक्त बनाना तथा आईएसओ 27001 एवं आईएसओ 22301 मानकों के साथ निरंतर अनुपालन सुनिश्चित करना।



विनिर्मित पूंजी:

त्वरित प्रगति का सशक्त हाइब्रिड आधार

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखण



रणनीतिक प्राथमिकता

E

व्यवसाय मॉडल का घटक

3 6

जीआरआई मानक


203 (परोक्ष आर्थिक प्रभाव)



हमारी अवसंरचना हमारे स्वदेशी भाव और की भौतिक एवं डिजिटल अभिव्यक्ति है. 4,585 शाखाओं को डिजिटल हब में परिवर्तित कर तथा सेन्ट नियो प्लेटफ़ॉर्म को इस स्तर तक सशक्त बनाकर कि वह हमारे 90% से अधिक लेनदेन का संचालन कर सके, हमने ऐसा बैंक विकसित किया है जो भारत की आकांक्षाओं की गति के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ता है.

रणनीतिक संरचना : हाइब्रिड विस्तार ("विस्तार" स्तंभ)

विनिर्मित पूंजी हमारे 'विस्तार' अधिदेश की प्रमुख प्रेरक शक्ति है. हम क्षेत्रीय बाजारों में अपनी पहुँच का विस्तार करने तथा विशिष्ट वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए अपने भौतिक एवं डिजिटल संपर्क बिंदुओं का प्रभावी उपयोग करते हैं। 'व्यावसायिक संवृद्धि के वर्ष' में, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विनिर्मित पूंजी एक सहायक परिसंपत्ति वर्ग से विकसित होकर तीव्र गति से होने वाली वृद्धि की प्रमुख प्रेरक शक्ति बन गई है. हमने अपनी 115 वर्षीय भौतिक विरासत और सीमाहीन डिजिटल इकोसिस्टम के प्रभावी समन्वय के माध्यम से हितधारकों से किए गए अपने वादे को पूरा किया है. यह हाइब्रिड अवसंरचना हमारी वह संरचनात्मक विशिष्टता है, जिसने हमारे कुल व्यवसाय को **₹8,12,439 करोड़** के ऐतिहासिक स्तर प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. हमारी विनिर्मित पूंजी रणनीति अब केवल पहुँच सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है; बल्कि यह व्यापक स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर केंद्रित है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया "प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तव में केंद्रित" बना रहे।



भौतिक अवसंरचना: अंतिम छोर तक सुदृढ़ीकरण

हमारा भौतिक नेटवर्क हमारी संबंध एवं सामाजिक पूंजी की सुदृढ़ नींव है, जो उच्च-मूल्य परामर्श तथा क्षेत्रीय विश्वास को सशक्त बनाने हेतु आवश्यक मानवीय स्पर्श प्रदान करता है.

I. व्यापक शाखा नेटवर्क एवं क्षेत्रीय नेतृत्व

31 मार्च 2026 तक, बैंक 4,585 भौतिक शाखाओं के सुदृढ़ एवं व्यापक नेटवर्क के माध्यम से अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है। हमारी वितरण रणनीति 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप सुविचारित रूप से तैयार की गई है, जो देश के आंतरिक क्षेत्रों की सूक्ष्म आर्थिक विकास पर केंद्रित है।

- **ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी में वर्चस्व**: हमारी शाखा नेटवर्क का 65.19% (2,989 शाखाएँ) रणनीतिक रूप से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित है. यह सुनिश्चित करता है कि "व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" समावेशी हो तथा वंचित कृषि एवं एमएसएमई क्लस्टरों तक ऋण प्रवाह सुनिश्चित हो।
- **शहरी-मेट्रो समन्वय**: हमारी 1,596 शहरी एवं मेट्रो शाखाएँ उच्च-मूल्य कॉर्पोरेट ऋण प्रदान करने तथा "सेन्ट नियो" डिजिटल ऑनबोर्डिंग अनुभव उपलब्ध कराने हेतु उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करती हैं.

II. "पिंक" उपलब्धि: सामाजिक रूप से उत्तरदायी अवसंरचना

वित्त वर्ष 2026 में हमारी संस्थागत परिपक्वता का एक सशक्त एवं स्पष्ट प्रतीक देशभर में 115 "पिंक शाखाओं" का नामांकन रहा। ये शाखाएँ पूर्णत: महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित हैं तथा महिला उद्यमियों के लिए नेतृत्व विकास केंद्रों और विशिष्ट सेवा केंद्रों के रूप में कार्य करती हैं। ये परिसंपत्तियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि विनिर्मित पूंजी का उपयोग सामाजिक परिवर्तन और लैंगिक समावेशी नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के प्रभावी साधन के रूप में किया जा सकता है।

III. बीसी मैक्स: हाइब्रिड फ्रंटीयर

वित्त वर्ष 2025 में स्थापित 25 पायलट केंद्रों से आगे बढ़ते हुए, हमने अपने बीसी मैक्स केंद्रों का सफलतापूर्वक विस्तार कर उनकी संख्या **40 परिचालन इकाइयों तक पहुँचा दी है**। ये केंद्र बैंकिंग के "फिजिटल" भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहाँ आवश्यक लेन-देन हेतु न्यूनतम भौतिक उपस्थिति उपलब्ध कराई जाती है, जबकि साथ ही ये तीव्र गति वाले डिजिटल ऑनबोर्डिंग केंद्रों के रूप में भी कार्य करते हैं. ये केंद्र बैंक को दूरस्थ एवं दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में कम लागत पर उच्च गति से अपनी उपस्थिति स्थापित करने में सक्षम बनाते हैं.

IV. एटीएम एवं संपर्क बिंदु पारिस्थितिकी तंत्र

24×7 विश्वसनीय बैंकिंग सेवाएँ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हमने अपने कुल भौतिक सेवा-संपर्क बिंदुओं का विस्तार करते हुए उनकी संख्या 22,129 तक पहुँचा दी है। इसके अंतर्गत निर्बाध सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से 3,819 एटीएम का उन्नत नेटवर्क शामिल है।

रणनीतिक अंतर्दृष्टि : गतिसंवर्धन की अवसंरचना

कार्यनिष्पादन का आधार स्तंभ	अवसंरचना सूचकांक (वित्तीय वर्ष 2026)	गतिसंवर्धन हेतु रणनीतिक प्रभाव
भौतिक पहुँच	22,129 कुल संपर्क बिंदु	यह अंतिम छोर तक पहुँच सुनिश्चित कर समावेशी ऋण विस्तार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को गति देता है.
क्षेत्रीय विस्तार	65.19% ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी शाखा नेटवर्क	सूक्ष्म स्तर पर जमाओं का संकलन करते हुए 'विकसित भारत' के लक्ष्य को गति प्रदान करता है.
डिजिटल भागीदारी	90.54% लेन-देन की गति	नियमित बैंकिंग गतिविधियों को डिजिटल माध्यमों की ओर स्थानांतरित कर मानव पूंजी को उच्च-मूल्य ऋण व्यवसाय के लिए मुक्त करता है.
आस्ति गुणवत्ता	1.16% स्लिपेज अनुपात	सक्षम स्वचालित अनुपालन प्रणाली द्वारा संचालित, जो उच्च-गुणवत्ता वाले विकास को सुनिश्चित करती है.
डिजिटल इकोसिस्टम	37 सक्रिय डीएलपी प्रक्रियाएं	खुदरा एवं एमएसएमई क्षेत्रों के लिए त्वरित एवं कागजरहित ऋण स्वीकृति प्रदान करता है.
साइबर विश्वसनीयता	100% .bank.in सत्यापित डोमेन	8.26 करोड़ ग्राहकों के लिए डिजिटल विश्वास को संस्थागत स्वरूप प्रदान करते हुए फिशिंग संबंधी जोखिमों को समाप्त करता है.
नेटवर्क सामर्थ्य	40 बीसी मैक्स केंद्र	दूरस्थ क्षेत्रों में डिजिटल ऑनबोर्डिंग हेतु उच्च-प्रभावी एवं कम-लागत वाले 'फिजिटल' केंद्र.
समावेशी नेतृत्व	115 पूर्णत: महिला-संचालित पिंक शाखाएँ	लैंगिक समावेशी नेतृत्व एवं विशेषीकृत वित्तीय सेवाओं के विकास हेतु एक प्रयोगशाला.
परिचालन उपलब्धता	96.35% एटीएम नेटवर्क की उपलब्धता	बढ़ते हुए राष्ट्रीय लेन-देन आधार के लिए 24×7 विश्वसनीय बैंकिंग सेवाएँ सुनिश्चित करता है.
डेटा सुरक्षा एवं सुदृढ़ता	आईएसओ-प्रमाणित द्वि-स्थलीय डेटा केंद्र	शून्य-डेटा-हानि अवसंरचना उच्च उपलब्धता एवं प्रत्यास्थता सुनिश्चित करता है.

डिजिटल अवसंरचना : गति का केंद्र

डिजिटलीकरण हमारी तीव्र प्रगति का प्रमुख आधार रहा है, जिसने बैंक को केवल एक लेन-देन संसाधक से एक बुद्धिमत्ता-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र में रूपांतरित किया है. वित्तीय वर्ष 2026 में हमने "प्लेटफॉर्म लॉन्च करने" से आगे बढ़कर व्यापक रूप से अपनी क्षमता सिद्ध करने के चरण में प्रवेश किया है।

I. सेंट नियो: डिजिटल फ्लैगशिप

हमारा प्रमुख डिजिटल मंच 'सेंट नियो' हमारे 8.26 करोड़ ग्राहकों के लिए बैंकिंग सेवाओं का मुख्य माध्यम बन चुका है.

- **मोबाइल बैंकिंग की तीव्र प्रगति:** हमारा सक्रिय मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ता आधार बढ़कर 2 करोड़ तक पहुँच गया है, जो प्लेटफॉर्म के सहज उपयोग इंटरफेस और 24×7 विश्वसनीयता का प्रमाण है.
- **इंटरनेट बैंकिंग स्थिरता:** 118 लाख सक्रिय उपयोगकर्ताओं के साथ, हमारा इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल एमएसएमई एवं कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए उच्च-मूल्य व्यापार एवं आपूर्ति श्रृंखला लेन-देन हेतु प्राथमिक विकल्प बना हुआ है.

II. अभूतपूर्व डिजिटल हिस्सेदारी

"व्यवसायिक गति संवर्धन के वर्ष" में शाखा-आधारित बैंकिंग से डिजिटल चैनलों की ओर स्थानांतरण हमारे इतिहास के सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुँच गया. डिजिटल लेन-देन की हिस्सेदारी 90.54% तक पहुँच गई है. इस परिवर्तन ने हमारे भौतिक स्टाफ को नियमित प्रसंस्करण कार्यों से उच्च-मूल्य ऋण अंडरराइटिंग की ओर स्थानांतरित करने में सक्षम बनाया है, जिससे प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹23.89 करोड़ तक उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है..

III. डिजिटल ऋण मंच: 37 सक्रिय डिजिटल यात्राएं

हमारा डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म हमारी परिसंपत्ति संवृद्धि का प्रमुख संचालक तंत्र है.

- **ऋण स्वीकृतियों का विस्तार:** अब हम डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म पर 37 सक्रिय डिजिटल यात्राएं संचालित कर रहे हैं, जिनमें खुदरा (आवास, शिक्षा, स्वर्ण ऋण), एमएसएमई (मुद्रा, सेंट उद्यम) और कृषि क्षेत्र शामिल हैं.
- **ऐतिहासिक उपलब्धि:** यह अवसंरचना वह उत्प्रेरक सिद्ध हुई, जिसने हमारे खुदरा अग्रिम पोर्टफोलियो को इस वर्ष ₹1,00,000 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर तक पहुँचाने में सक्षम बनाया, जहाँ हजारों ऋण स्वीकृतियाँ लगभग शून्य मैनुअल हस्तक्षेप के साथ निष्पादित की गईं.

IV. .bank.in : डिजिटल विश्वास की आधारशिला

वित्त वर्ष 2026 में हमने अपने डिजिटल अवसंरचना का 100% स्थानांतरण सुरक्षित एवं सत्यापित .bank.in डोमेन पर पूर्ण कर लिया. यह विनिर्मित पूंजी परिसंपत्ति साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, जो हमारे डिजिटल विस्तार के साथ-साथ ग्राहकों को फिशिंग एवं स्पूफिंग जैसे खतरों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है.

बुद्धिमत्ता-संचालित प्रबंधन: रूपांतरण केंद्र एवं प्रिज़्म

त्वरित प्रगति के लिए आवश्यक गति के साथ अपनी विनिर्मित पूंजी का प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु, हमने दो प्रमुख प्रदर्शन एवं प्रबंधन केंद्रों की स्थापना की है:

1. **आंतरिक रूपांतरण केंद्र:** यह केंद्र सभी अवसंरचना एवं डिजिटलीकरण परियोजना का समन्वय करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि वे हमारी सीबीआई -केयर मूल्यों एवं राष्ट्रीय ईज 7.0 अधिदेशों के अनुरूप हो |
2. **प्रिज़्म पोर्टल:** एक रियल-टाइम ट्रैकिंग पोर्टल, जो प्रबंधन को प्रत्येक एटीएम, शाखा प्रदर्शन नोड तथा डिजिटल लेन-देन की गतिविधियों पर उच्च-गति आधारित दृश्यता प्रदान करता है.

सतत परिसंपत्तियाँ: हरित बैंकिंग की ओर अग्रसर

हमारा तीव्र विकास "ग्रीन वेलोसिटी" पर आधारित है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारा अवसंरचना विकास पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हो.

- **नवीकरणीय ऊर्जा अपनाना:** हमने वित्त वर्ष 2026 में अपने स्वामित्व वाले परिसरों में रूफटॉप सोलर क्षमता को बढ़ाकर 658 किलोवाट पीक कर दिया, जिससे ग्रिड पर निर्भरता कम हुई और परिचालन कार्बन फुटप्रिंट में कमी आई.
- **हरित वाहन बेड़े में परिवर्तन :** हमारी 2028 रोडमैप के अनुरूप, बैंक ने इस वर्ष अपने स्वामित्व वाले वाहन बेड़े का 33% हिस्सा सफलतापूर्वक ईवी या सीएनजी विकल्पों से प्रतिस्थापित किया.
- **परिचालन स्तर पर कार्बन उत्सर्जन में कमी:** हमने अपने ग्रामीण एवं अर्ध्द शहरी नेटवर्क में डीज़ल जनरेटर सेट्स को ऊर्जा-कुशल इन्वर्टर्स से बदलने की प्रक्रिया को तेज किया है, जिससे हम 2028 तक 50% स्कोप 2 उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई हैं.

भविष्य की दिशा: व्यावसायिक उत्कृष्टता के वर्ष की ओर

जैसे ही हम व्यवसायिक गतिसंवर्धन वर्ष समाप्त करते हुए वित्त वर्ष 2026–27 के "व्यवसाय उत्कृष्टता के वर्ष" की ओर अग्रसर हो रहे हैं, हमारा विनिर्मित मुख्य विकास योजना "परिशोधन एवं कृत्रिम बुद्धिमता-परिपक्वता" पर केंद्रित है.

1. **एआई-एकीकृत अनुरक्षण:** हमारे एटीएम एवं डेटा सेंटर नेटवर्क के लिए एआई-संचालित पूर्वानुमानित अनुरक्षण व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे निर्बाध एवं "शून्य अवरोध" परिचालन वातावरण सुनिश्चित हो सके।
2. **ओमनी-चैनल 2.0:** हमारे ओमनी-चैनल प्लेटफॉर्म की परिपक्वता को अंतिम रूप देना, ताकि एक निर्बाध, डिवाइस-स्वतंत्र ग्राहक यात्रा सुनिश्चित की जा सके, जिसमें ग्राहक मोबाइल फोन पर शुरू की गई आवेदन प्रक्रिया को बिना पुन: डेटा दर्ज किए शाखा में पूरा कर सके.
3. **टियर-IV डेटा सेंटर विस्तार:** हमारे प्राथमिक एवं डिजास्टर रिकवरी डेटा सेंटर्स को उन्नत करना ताकि हम ₹13 लाख करोड़ के संस्थान बनने की दिशा में अगले बड़े चरण को समर्थन दे सकें.

वित्तीय पूंजी:

गतिशील पूंजी – तीव्र विकास के संकल्प की सिद्धि

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखण



रणनीतिक प्राथमिकता


E

व्यवसाय मॉडल का घटक

1 3 6

जीआरआई मानक

201 (आर्थिक प्रदर्शन) 203 (अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव) 207 (कर)





शुद्ध लाभ अर्जन

₹4,369 करोड़

15.43% वर्ष-दर-वर्ष ,वृद्धि के साथ अब तक का सर्वाधिक शुद्ध लाभ

वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक ने स्थिरीकरण के चरण से सफलतापूर्वक आगे बढ़ते हुए व्यवसाय संवर्धन के एक नए दौर में प्रवेश किया। वर्ष के दौरान परिचालन गतिविधियों में प्राप्त गति ने हमारे रणनीतिक उद्देश्यों की प्रभावशीलता को प्रमाणित किया। यह उपलब्धि अभूतपूर्व लाभप्रदता, परिसंपत्ति गुणवत्ता के अनुशासित प्रबंधन तथा दायित्व आधार की सुदृढ़ एवं लचीली संरचना से परिलक्षित होती है। "पुनरुत्थान" से "वित्तीय सुदृढ़ता" की ओर बैंक की यह यात्रा इस तथ्य से प्रमाणित होती है कि उसने व्यापक स्तर पर प्रभाव उत्पन्न करने वाले परिणामों के माध्यम से अपने हितधारकों के प्रति की गई प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक साकार किया है।





1. लाभप्रदता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि: 1.00% के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति


बैंक ने ₹4,369 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.43% की वृद्धि को दर्शाता है। यद्यपि बैंक के शुद्ध लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, शुद्ध ब्याज आय की वृद्धि अपेक्षाकृत संयमित रही। वर्ष के दौरान शुद्ध ब्याज आय 1.97% बढ़कर ₹14,171 करोड़ हो गई। यह अंतर तीव्र प्रतिस्पर्धी ब्याज दर परिदृश्य तथा उच्च लागत वाली सावधि जमाओं की ओर उद्योग स्तर पर हो रहे संरचनात्मक परिवर्तन का परिणाम है, जिनमें से अनेक पर 7% से अधिक की ब्याज दर प्रदान की जा रही है। इन चुनौतियों के बावजूद, बैंक 3.07% का स्वस्थ शुद्ध ब्याज मार्जिन बनाए रखने में सफल रहा।

प्रमुख लाभप्रदता संकेतक (वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26)

संकेतक	वित्त वर्ष 2024-25	वित्त वर्ष 2025-26	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि / परिवर्तन
शुद्ध लाभ	₹3,785 करोड़	₹4,369 करोड़	15.43%
परिचालन लाभ	₹8,124 करोड़	₹8,479 करोड़	4.37%
शुद्ध ब्याज आय	₹13,897 करोड़	₹14,171 करोड़	1.97%
इक्विटी पर प्रतिलाभ	12.48%	13.00%	+52 बीपीएस

परिसंपत्तियों पर 1.00% का प्रतिलाभ: एक ऐतिहासिक उपलब्धि

"व्यावसायिक उत्कृष्टता के वर्ष" में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की संरचनात्मक सुदृढ़ता का सबसे स्पष्ट प्रमाण उसकी आय वृद्धि की सुदृढ़ होती प्रवृत्ति रही। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक ने लाभप्रदता को बनाए रखने के चरण से आगे बढ़ते हुए नियोजित आस्तियों से प्राप्त प्रतिलाभ को अधिकतम करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की तथा आस्तियों पर 1.00% प्रतिलाभ के महत्त्वपूर्ण मील के पत्थर को हासिल किया। यह उपलब्धि केवल लाभप्रदता में सुधार का ही परिचायक नहीं है, बल्कि बैंक के अधिक अनुशासित, सुदृढ़ तथा संस्थागत रूप से परिपक्व परिचालन मॉडल को भी प्रतिबिंबित करती है।



त्रैमासिक प्रगति : सुदृढ़ होती मूल आय का प्रमाण

आस्तियों पर 1.00% की त्रैमासिक प्रतिफल सीमा की प्राप्ति कोई आकस्मिक या एकबारगी उपलब्धि नहीं थी। यह रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परिचालन गतिविधियों में बनी रही निरंतर गति, व्यवसायिक प्रगति तथा आय अर्जन क्षमता में सतत सुदृढ़ता का परिणाम थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही में बैंक ने परिसंपत्तियों पर 1.02% का प्रतिलाभ (आरओए) दर्ज करते हुए इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त किया। यह सकारात्मक प्रवृत्ति द्वितीय एवं तृतीय तिमाही में भी जारी रही, जहाँ परिसंपत्तियों पर प्रतिलाभ 1.01% पर बना रहा तथा पूरे कालखंड में 1.00% के स्तर से ऊपर कायम रहा। कार्यनिष्पादन की इस निरंतरता ने उच्च प्रतिफल वाले रीटेल, कृषि एवं एमएसएमई ऋणों पर बैंक के रणनीतिक फोकस, बेहतर निष्पादन अनुशासन तथा सेंट नियो डिजिटल पारितंत्र के बढ़ते योगदान की प्रभावशीलता को प्रमाणित किया। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण यह है कि तिमाही कार्यनिष्पादन की इस प्रवृत्ति ने प्रदर्शित किया कि बैंक का मूल व्यवसायिक तंत्र अब संरचनात्मक रूप से इतना सुदृढ़ हो चुका है कि वह उच्च संस्थागत मानदंडों के अनुरूप प्रतिलाभ प्रदान करने में सक्षम है।

वार्षिक आस्तियों पर प्रतिफल : डीटीए के प्रभाव का आकलन

सम्पूर्ण वर्ष के लिए बैंक ने 0.89% का स्वतंत्र आरओए दर्ज किया। तथापि, इस परिणाम का आकलन एक विशिष्ट गैर-परिचालन लेखांकन समायोजन के परिप्रेक्ष्य में किया जाना चाहिए। रिपोर्टित आंकड़े में आस्थगित कर आस्तियों के पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप उत्पन्न ₹632 करोड़ के एकमुश्त व्यय का प्रभाव सम्मिलित है। वित्त अधिनियम, 2026 में किए गए संशोधनों के अनुपालन में बैंक ने अपनी निवल आस्थगित कर आस्तियों का पुन: आकलन किया तथा उन्हें संशोधित 25.168% कर दर के आधार पर मापा, जबकि पूर्व में यह आकलन 34.944% की कर दर पर किया गया था। यह प्रभाव विशुद्ध रूप से लेखांकन एवं कराधान संबंधी समायोजन का परिणाम था और इससे बैंक के परिचालन प्रदर्शन की मूलभूत सुदृढ़ता अप्रभावित रही। इस विशिष्ट तकनीकी व्यय के प्रभाव को समायोजित करने पर बैंक की परिचालन प्रगति पूरे वर्ष 1.00% आरओए के लक्ष्य के अनुरूप बनी रही, जो उसकी आय प्रोफ़ाइल की गुणवत्ता, स्थायित्व तथा लचीलेपन को रेखांकित करती है।

विजन 2030 की ओर सेतु निर्माण

बैंक का आस्तियों पर प्रतिफल का कार्यनिष्पादन वर्ष-दर-वर्ष निरंतर सुदृढ़ होती प्रगति को भी रेखांकित करता है। डीटीए के प्रभाव के पश्चात भी, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 0.89% का वार्षिक आरओए, वित्तीय वर्ष 2024-25 के 0.86% तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के 0.63% की तुलना में बेहतर कार्यनिष्पादन को दर्शाता है। यह बैंक की लाभप्रदता एवं परिचालन दक्षता में निरंतर हो रहे सुधार का प्रमाण है। लगातार बीस तिमाहियों तक अर्जित लाभप्रदता ने इस प्रगति को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, प्रचालन लाभ में 10.34% की वृद्धि के साथ इसके ₹8,124 करोड़ तक पहुँचने तथा परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रबंधन में निरंतर अनुशासन ने इस उपलब्धि को और बल प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रबंधन में निरंतर अनुशासन के फलस्वरूप गिरावट अनुपात 1.16% के रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर पर आ गया, जो बैंक के जोखिम प्रबंधन एवं ऋण गुणवत्ता पर निरंतर फोकस को रेखांकित करता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1.00% परिचालन आरओए के मील के पत्थर की प्राप्ति ने बैंक के विजन 2030 के उस लक्ष्य के लिए एक सुदृढ़ आधार तैयार किया है, जिसके अंतर्गत 1.50% से अधिक आरओए प्राप्त करने का संकल्प लिया गया है। वर्ष के दौरान अपनी लाभप्रदता संबंधी प्रतिबद्धता को सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात बैंक, "व्यावसायिक उत्कृष्टता के वर्ष" में उस गति, परिचालन अनुशासन एवं संस्थागत विश्वास के साथ प्रवेश कर रहा है, जो दीर्घकाल में इन उपलब्धियों को सुदृढ़ एवं स्थायी बनाने के लिए आवश्यक हैं।

परिचालन दक्षता

बैंक प्रक्रिया पुनर्रचना तथा नियमित कार्यों के डिजिटल रूपांतरण के माध्यम से लागत-आय अनुपात के अनुकूलन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वर्तमान में 58.61% पर स्थित लागत-आय अनुपात 56.00% से कम के लक्ष्य की दिशा में बैंक की सतत प्रगति को दर्शाता है। यह दक्षता एक संस्थागत आंतरिक परिवर्तन प्रकोष्ठ के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है, जो संगठनात्मक चुस्ती को बढ़ाने तथा पूरे बैंक नेटवर्क में परियोजनाओं के निष्पादन की लागत को कम करने के लिए एक केंद्रीय समन्वय मंच के रूप में कार्य करता है।



संपत्ति पर प्राप्त रिटर्न

1 %+ परिसंपति पर प्रतिफल

लगातार चार तिमाहियों तक 1 % से अधिक परिसंपत्ति प्रतिफल बनाए रखा

2. परिसंपत्ति गुणवत्ता की सुदृढ़ता: अनुशासित संवृद्धि

वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विकास रणनीति एक स्पष्ट दृष्टिकोण से प्रेरित रही – बैलेंस शीट की मजबूती को अक्षुण्ण रखते हुए व्यवसायिक विस्तार को तीव्र गति प्रदान करना। बैंक ने पोर्टफोलियो की बेहतर गुणवत्ता, सक्रिय जोखिम निगरानी तथा परिणामोन्मुखी वसूली संस्कृति के माध्यम से ऋण विस्तार को और अधिक सुदृढ़ बनाया। इसके परिणामस्वरूप परिसंपत्ति गुणवत्ता कई वर्षों के सर्वोच्च स्तर पर पहुँची, जो इस तथ्य का प्रमाण है कि बैंक की विकास यात्रा सुदृढ़ नियंत्रण व्यवस्थाओं, जोखिमों की अग्रिम पहचान तथा अनुशासित समाधान तंत्र द्वारा समर्थित रही।


स्वचालित अनुपालन एवं प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली : जोखिम सतर्कता का संस्थानीकरण

स्वचालित अनुपालन निगरानी तंत्र की शुरुआत बैंक में अनुपालन संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल रही। सभी 4,585 शाखाओं में नीतिगत अनुपालन की वास्तविक समय, प्रणाली-आधारित निगरानी के माध्यम से स्वचालित अनुपालन निगरानी तंत्र ने नियंत्रण पर्यवेक्षण के लिए एक अधिक सुसंगत, पारदर्शी एवं संस्थागत दृष्टिकोण को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। उन्नत प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) ने इस ढाँचे को और अधिक सुदृढ़ किया, जिससे बैंक को परिचालन एवं वित्तीय तनाव के संकेतों की समय रहते पहचान करने में सहायता मिली। इन उपायों के परिणामस्वरूप स्खलन अनुपात 1.16% पर सीमित रहा, जो 29 आधार अंकों के उल्लेखनीय सुधार को परिलक्षित करता है।

बैंक ने विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) की निगरानी हेतु समर्पित "वार रूम" भी स्थापित किए, जिससे दैनिक ट्रैकिंग, उत्तरदायित्व में वृद्धि तथा क्षेत्रीय स्तर पर अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सका। इस अनुशासित दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप ₹5 करोड़ एवं उससे अधिक राशि वाले एसएमए खातों का बकाया ₹2,169 करोड़ से घटकर ₹1,670 करोड़ रह गया। इन सभी पहलों के संयुक्त प्रभाव से सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 3.18% से घटकर 2.67% पर आ गया, जबकि निवल अनर्जक आस्ति अनुपात 0.49% पर नियंत्रित रहा। साथ ही, बैंक ने 95.97% का सुदृढ़ प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) बनाए रखा, जो जोखिमों को वहन करने की उसकी क्षमता में निरंतर हो रही मजबूती को दर्शाता है।

वसूली कार्य-निष्पादन: परिणामों में सुदृढ़ता

वर्ष के दौरान बैंक ने लक्षित वसूली पहलों तथा सुदृढ़ क्रियान्वयन अनुशासन के माध्यम से दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान एवं मूल्य प्राप्ति के प्रयासों को और अधिक गति प्रदान की। तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली बढ़कर ₹2,271 करोड़ हो गई, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 77% की प्रभावशाली वृद्धि को परिलक्षित करती है। इस कार्य-निष्पादन को विषयगत ओटीएस योजनाओं तथा सरफेसी के अंतर्गत अधिग्रहित परिसंपत्तियों की नीलामी हेतु आयोजित "मेगा प्रॉपर्टी एक्सपो" पहलों से प्राप्त ₹1,120 करोड़ की प्रत्यक्ष नकद वसूली का भी महत्वपूर्ण समर्थन मिला। ये परिणाम इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि बैंक ने एक सक्रिय एवं सुव्यवस्थित वसूली संस्कृति विकसित की है, जिसमें प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी, खाता-स्तरीय उत्तरदायित्व तथा क्षेत्रीय स्तर पर केंद्रित क्रियान्वयन ने मिलकर दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान को ठोस व्यावसायिक मूल्य सृजन में परिवर्तित किया।



वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 1.00 % आस्तियों के प्रतिफल का ऐतिहासिक आँकड़े को पार किया, साथ ही बैंक ने परिसंपत्ति गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाया, स्लिपेज मे कमी लाई तथा वसूली की गति को निरंतर बनाए रखा।


संपत्ति पर प्राप्त रिटर्न

2.67 % सकल एनपीए

3.18% से सुधार दर्ज करते हुए, एनएनपीए 0.49% पर पहुँच गया।

3. ऋण वृद्धि का प्रमुख चालक: रीटेल, ऋण एवं एमएसएमई व्यवसाय क्षेत्र में तीव्र प्रगति

रीटेल, कृषि एवं एमएसएमई व्यवसाय वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विकास यात्रा के प्रमुख प्रेरक रहे, जिन्होंने बैंक को ₹8,12,439 करोड़ के कुल व्यवसाय के महत्त्वपूर्ण स्तर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सकल अग्रिमों में 18.76% की वृद्धि दर्ज की गई और वे बढ़कर ₹3,44,516 करोड़ हो गए। यह वृद्धि अधिक प्रभावकारी एवं व्यापक आधार वाले ऋण उत्पादों पर बढ़े हुए फोकस तथा विभिन्न क्षेत्रों की संतुलित भागीदारी से समर्थित रही।



महिलाओं के आवास वित्तपोषण पर केंद्रित सेंट गृह लक्ष्मी तथा वाहन वित्तपोषण को प्रोत्साहित करने वाली सेंट गो-ग्रीन जैसी लक्षित ऋण योजनाओं ने इस विकास गति को और अधिक सुदृढ़ किया। इन उत्पादों ने प्राथमिक ग्राहक वर्गों में ऋण विस्तार को गति प्रदान करने के साथ-साथ बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो की संतुलित एवं रीटेल-प्रधान प्रकृति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रीटेल, कृषि एवं एमएसएमई पोर्टफोलियो में व्यापक एवं संतुलित वृद्धि दर्ज की गई। रीटेल अग्रिमों में 25.67% की वृद्धि हुई और वे वित्तीय वर्ष 2024-25 के ₹82,383 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹1,03,533 करोड़ हो गए। कृषि अग्रिमों में 17.60% की वृद्धि दर्ज की गई और वे ₹52,456 करोड़ से बढ़कर ₹61,687 करोड़ हो गए, जबकि एमएसएमई अग्रिम 17.06% बढ़कर ₹59,243 करोड़ से ₹69,351 करोड़ पर पहुँच गए।

तीनों व्यवसाय क्षेत्रों के संयुक्त योगदान से कुल अग्रिमों में 20.86% की सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की गई और वे ₹1,94,082 करोड़ से बढ़कर ₹2,34,571 करोड़ पर पहुँच गए। यह उपलब्धि व्यापक आधार वाली ऋण वृद्धि, क्षेत्रीय विविधीकरण तथा अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों में बैंक की गहन भागीदारी की रणनीति को और अधिक सशक्त बनाती है।

व्यवसाय क्षेत्र	वित्तीय वर्ष 2024-25 (आधार वर्ष)	वित्तीय वर्ष 2025-26 (उपलब्धि)	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (%)
रीटेल	₹82,383 करोड़	₹1,03,533 करोड़	+25.67%
कृषि	₹52,456 करोड़	₹61,687 करोड़	+17.60%
एमएसएमई	₹59,243 करोड़	₹69,351 करोड़	+17.06%
कुल रीटेल, कृषि एवं एमएसएमई अग्रिम	**₹1,94,082 करोड़**	**₹2,34,571 करोड़**	**+20.86%**

क्लस्टर-आधारित विकास : मूल्य श्रृंखला वित्तपोषण में सुदृढ़ता

विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप बैंक ने विशिष्ट क्लस्टर -आधारित ऋण मॉडल को अपनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की। इस रणनीति के माध्यम से बैंक उत्पादन से उपभोग तक सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में अपनी उपस्थिति सुदृढ़ करने में सफल रहा, जिससे ऋण वितरण की प्रासंगिकता, व्यापकता तथा प्रभावशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।


वर्ष के दौरान 225 शाखाओं को एमएसएमई क्लस्टरों तथा 274 शाखाओं को धान मिल, शीतगृह एवं मूंगफली क्लस्टर सहित नौ विशिष्ट कृषि गतिविधियों से जोड़ा गया। इस लक्षित रणनीति ने बैंक को क्षेत्र-विशिष्ट आर्थिक पारितंत्रों में अपनी भागीदारी को और अधिक गहन बनाने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देने तथा क्षेत्रीय आर्थिक क्लस्टरों में ऋण की उपलब्धता को सुदृढ़ करने में सहायता प्रदान की।

क्लस्टर-आधारित रणनीति ने बैंक की प्राथमिकता क्षेत्र ऋण उपलब्धियों को भी सुदृढ़ किया, जिसके परिणामस्वरूप समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) के अनुपात में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण 53.18% तक पहुँच गया, जो 40% की नियामकीय आवश्यकता से कहीं अधिक है। यह प्रदर्शन व्यवसाय संवृद्धि को विकासात्मक उद्देश्यों के साथ समन्वित करने की बैंक की क्षमता को रेखांकित करता है। इसके माध्यम से बैंक ने समावेशी ऋण विस्तार को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय आर्थिक प्राथमिकताओं की पूर्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

> रैम व्यवसाय मे वृद्धि केवल बैलेन्स शीट के विस्तार तक सीमित नहीं है; बल्कि यह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों मे आर्थिक सुदृढ़ ऋण सहभागिता, क्लस्टर आधारित उपस्थिति का विस्तार तथा भारत की उत्पादक अर्थव्यवस्था को अधिक उद्देश्यपूर्ण ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने का प्रतीक है

4. जमा आधार की सुदृढ़ता: कासा इंजन

जमाओं को आकर्षित करने के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद बैंक ने अपने सुदृढ़ एवं लचीले जमा आधार को बनाए रखा। इस अवधि में उद्योग ने बचत के स्वरूप में एक संरचनात्मक परिवर्तन का अनुभव किया, जिसमें घरेलू वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रवाह म्यूचुअल फंडों (21.90% वृद्धि) तथा पेंशन निधियों (23.10% वृद्धि) की ओर बढ़ा। उद्योग स्तर पर कम लागत वाली कासा जमाओं के अनुपात में गिरावट दर्ज किए जाने के बावजूद, बैंक का कासा अनुपात केवल मामूली रूप से घटकर 47.30% रहा और यह बैंकिंग क्षेत्र के सर्वोत्तम अनुपातों में सम्मिलित बना रहा।



जमा आधार की सुदृढ़ता के प्रमुख स्तंभ

1. **व्यापक ग्राहक आधार का विस्तार:** "आगाज़" एवं "प्रारंभ" अभियानों ने जमा पोर्टफोलियो के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप बचत जमा पहली बार ऐतिहासिक ₹2,00,000 करोड़ के स्तर को पार करते हुए ₹2,00,024 करोड़ तक पहुँच गई।
2. **अनुकूलित उत्पाद नवाचार:** सेंट क्वीन (महिलाओं हेतु) तथा सेंट पराक्रम (रक्षा कर्मियों हेतु) जैसे विशेषीकृत उत्पादों ने प्रमुख ग्राहक वर्गों की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आकर्षक एवं मूल्यवर्धित बैंकिंग समाधान प्रदान किए।
3. **डिजिटल ऑनबोर्डिंग:** सेंट ईज़ एप्लिकेशन ने सरल, त्वरित एवं निर्बाध ग्राहक अधिग्रहण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके माध्यम से संसाधन संकलन को सुदृढ़ आधार मिला, जिसके परिणामस्वरूप कुल जमाएँ 13.38% की वृद्धि के साथ ₹4,67,923 करोड़ तक पहुँच गईं।

5. नियामकीय पूंजी एवं शोधनक्षमता: उत्कृष्टता का सुदृढ़ आधार

बैंक की सुदृढ़ पूंजी स्थिति "उत्कृष्टता के सुरक्षा कवच" के रूप में कार्य करते हुए उसकी दीर्घकालिक शोधन क्षमता तथा भविष्य की नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप बने रहने की क्षमता को सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। जोखिम-भारित आस्तियों के अनुपात में पूंजी (सीआरएआर) 89 आधार अंकों के सुधार के साथ 17.02% से बढ़कर 17.91% पर पहुँच गई, जबकि टियर-I पूंजी अनुपात 15.61% रहा।



- **ऋण विस्तार को समर्थन:** सुदृढ़ पूंजी बफर ने बैंक को ऋण वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए पर्याप्त क्षमता प्रदान की। साथ ही, बैंक ने 73.80% का स्वस्थ ऋण-जमा अनुपात बनाए रखा, जो उसके जमा आधार के प्रभावी एवं कुशल उपयोग को दर्शाता है।
- **प्रत्याशित ऋण हानि(ईसीएल) तत्परता एवं वित्तीय सुदृढ़ता:** उच्च पूंजी स्तर तथा 95.97% का प्रावधान कवरेज अनुपात बैंक को प्रत्याशित ऋण हानि ढाँचे को अपनाने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार बनाते हैं तथा वैश्विक व्यापक आर्थिक अस्थिरताओं के प्रति उसकी सुदृढ़ता को भी सुनिश्चित करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2026-27, जिसे "व्यवसाय गति संवर्धन का वर्ष" नामित किया गया है, में प्रवेश करते हुए बैंक का ध्यान तीव्र विस्तार की रणनीति से आगे बढ़कर परिचालन उत्कृष्टता एवं संस्थागत परिपक्वता को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर केंद्रित रहेगा। प्रति कर्मचारी ₹23.89 करोड़ के व्यवसाय सहित उत्पादकता के प्रमुख मानक बैंक की आगामी प्रदर्शन दिशा के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं। इसी आधार पर बैंक ने 1.00% से अधिक आरओए, 2.50% से कम जीएनपीए अनुपात तथा 56.00% से कम लागत-आय अनुपात जैसे महत्त्वाकांक्षी लक्ष्यों का निर्धारण किया है।



बौद्धिक पूंजी:

संस्थागत बुद्धिमत्ता - नवाचार की संभावनाओं का विस्तार

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखण



रणनीतिक प्राथमिकता

T

व्यवसाय मॉडल का घटक


2 4

जीआरआई मानक

203 (अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव)
418 (ग्राहक गोपनीयता)



"व्यवसाय गति संवर्धन का वर्ष" में, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बौद्धिक पूंजी एक अमूर्त परिसंपत्ति से विकसित होकर उच्च-स्तरीय निष्पादन क्षमता के प्रेरक तंत्र में परिवर्तित हो गई है। हमने वित्तीय वर्ष 2025 में स्थापित कार्यनीतिक रूपरेखाओं को मापनीय एवं तीव्र गति से प्राप्त परिणामों में परिवर्तित कर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। हमारी बौद्धिक कार्यनीति अब केवल मंचों के शुभारंभ तक सीमित नहीं है; यह बुद्धिमत्ता-आधारित निष्पादन पर केंद्रित है, जिसने हमारे कुल व्यवसाय को ₹8,12,439 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर तक पहुँचाने में सक्षम बनाया है।



अपने मानवीय कौशल एवं विशेषज्ञता को आंतरिक रूपांतरण केंद्र तथा सेन्ट नियो डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के साथ समन्वित करते हुए हमने अपनी 115 वर्ष पुरानी स्वदेशी विरासत को एक भविष्य-उन्मुख, बुद्धिमत्ता-प्रथम संस्था के रूप में पुनर्परिभाषित किया है।

संरचनात्मक पूंजी: गति संवर्द्धन के परिवर्तनीय तंत्र

"व्यवसाय गति संवर्द्धन के वर्ष" में, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की संरचनात्मक पूंजी को पारंपरिक प्रणालियों के एक समूह से पुनर्परिभाषित कर एक उच्च-गति, एकीकृत संरचना के रूप में विकसित किया गया है, जिसे विस्तार योग्य परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। यह रणनीतिक विकास हमारी "अवसंरचना के आधुनिकीकरण" की आधारभूत अवस्था से "संरचना-संचालित प्रगति" के क्रियान्वयन चरण की ओर रुपांतरण को दर्शाता है। हमारी संरचनात्मक पूंजी अब बैंक के संस्थागत "मस्तिष्क" के रूप में कार्य करती है, जिसमें स्वचालित प्रक्रियाएँ, स्वामित्वाधीन डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा बुद्धिमत्ता-आधारित निगरानी प्रणालियाँ सम्मिलित हैं, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि ₹8,12,439 करोड़ के हमारे कुल व्यवसाय का प्रबंधन सर्वोच्च अनुशासन एवं दक्षता के साथ किया जाए।

मिशन प्रगति: वादे को साकार करना



फ्रेमवर्क से बड़े पैमाने के निष्पादन की ओर संक्रमण।

आंतरिक रूपांतरण केंद्र : परिवर्तन का केंद्रीय नियंत्रण एवं समन्वय केंद्र

वित्तीय वर्ष 2025-26 में हमारे परिचालन मॉडल की सबसे विशिष्ट विशेषता आंतरिक रूपांतरण केंद्र का संस्थानीकरण है। इस विशेष प्रकोष्ठ की स्थापना संगठन में समग्र परिवर्तन लाने तथा शीर्ष स्तर पर निर्धारित रणनीतिक उद्देश्यों को बैंक की सभी 4,585 शाखाओं में मूर्त, मापनीय एवं व्यापक परिणामों में परिवर्तित करने के उद्देश्य से की गई है। यह हब संगठनात्मक सुधारों के समन्वय के लिए केंद्रीय नोडल केंद्र के रूप में कार्य करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि बैंक की सभी पहलें ईज़- 7.0 रूपरेखा तथा वित्तीय सेवाएँ विभाग (DFS) के निर्देशों जैसे राष्ट्रीय अधिदेशों के साथ पूर्णत: संरेखित हों। प्रक्रियाओं के पुनर्रचना को गति देने तथा संगठन के भीतर त्वरित निर्णय एवं अनुकूलन की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के माध्यम से इस रूपांतरण केंद्र ने बैंक को बाजार के अवसरों के प्रति अभूतपूर्व गति से प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाया है। इसके परिणामस्वरूप नियोजित पूंजी की प्रत्येक इकाई का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हुआ है और बैंक ₹13 लाख करोड़ के व्यवसाय वाले संस्थान बनने की अपनी यात्रा में और अधिक तीव्र गति से अग्रसर हुआ है।

त्वरित एवं व्यापक दृश्यता: प्रिज़्म पोर्टल

इस तीव्र विकास को समर्थन प्रदान करने हेतु, हमने प्रिज़्म (प्रोजेक्ट रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम) पोर्टल को बैंक में वास्तविक समय आधारित परिचालन पर्यवेक्षण के प्रमुख तंत्र के रूप में संस्थागत रूप प्रदान किया है। प्रिज़्म, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता वाली आईटी जोखिम प्रबंधन समिति को बैंक की डिजिटल एवं ऋण संबंधी पहलों का पारदर्शी तथा समग्र दृष्टिकोण उपलब्ध कराता है। यह केवल रिपोर्टिंग तक सीमित न रहकर विचार-सृजन, उनके क्रियान्वयन तथा निगरानी को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाता है। वर्तमान में, प्रिज़्म हमारे डिजिटल ऋण मंच (डीएलपी) पर संचालित 37 सक्रिय डिजिटल यात्राओं की प्रगति पर सतत निगरानी रखता है तथा प्रबंधन को ऐसी उच्च-गुणवत्ता वाली सूचनाएँ उपलब्ध कराता है, जो पहलों के तीव्र विस्तार के साथ-साथ सुदृढ़ लेखापरीक्षण अनुक्रम बनाए रखने में सहायक हैं। यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि हमारा व्यवसायिक गति संवर्द्धन साक्ष्य-आधारित हो, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित हस्तक्षेप तथा संसाधनों के पुनर्समायोजन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

स्वचालित सुदृढ़ता : अनुपालन निगरानी

मूलभूत उत्कृष्टता से उच्च स्तर के निष्पादन की दिशा में हमारी यात्रा के साथ जोखिम प्रबंधन संरचना में रूपान्तरण की आवश्यकता थी। इसी दृष्टि से सक्षम स्वचालित अनुपालन निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन किया गया। अब यह प्रणाली बैंक की समस्त शाखाओं में लागू है और इसने अनुपालन को केवल मैनुअल पर्यवेक्षण तक सीमित न रखकर रीयल-टाइम, बुद्धिमत्ता-आधारित अनुशासन का स्वरूप प्रदान किया है। स्वचालित अनुपालन निगरानी प्रणाली ने बैंक को 1.16% के ऐतिहासिक स्लिपेज अनुपात की उपलब्धि प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो हमारे 1.25% के निर्धारित लक्ष्य से भी बेहतर है। यह सुदृढ़ संस्थागत व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि व्यवसाय की मात्रा में तीव्र वृद्धि के साथ-साथ हमारे ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता भी निरंतर मजबूत बनी रहे। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि बैंक का सकल गैर निष्पादक परिसंपत्ति अनुपात घटकर 2.67% के बहुवर्षीय न्यूनतम स्तर पर पहुँच गया है।

डिजिटल फ्रंटियर: सेंट नियो इकोसिस्टम

हमारी संरचनात्मक पूंजी के शिखर पर सेंट नियो स्थित है, जो आधुनिक भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विकसित हमारा प्रमुख बुद्धिमत्ता-संचालित डिजिटल इकोसिस्टम है। वित्तीय वर्ष 2026 में सेंट नियो ने एक आरंभिक रूपरेखा से विकसित होकर उच्च-स्तरीय परिचालन मंच का रूप धारण किया, जिसने हमारे 8.26 करोड़ ग्राहकों को अत्यधिक वैयक्तिकृत तथा उपकरण-निरपेक्ष सेवाएँ प्रदान कीं। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे 90.54% के रिकॉर्ड डिजिटल लेनदेन हिस्से का प्रमुख प्रेरक रहा है। इसने नियमित बैंकिंग कार्यों को स्वचालित माध्यमों की ओर स्थानांतरित किया, जिससे हमारी मानव पूंजी को उच्च-मूल्य ऋण अभिग्रहण एवं मूल्यांकन गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्राप्त हुआ। सेंट नियो एक ऐसे भविष्य-उन्मुख बैंक के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का मूर्त रूप है, जो वास्तव में प्रत्येक भारतीय के जीवन में "सेन्ट्रल" भूमिका निभाता है। यह 24×7 बैंकिंग सेवाओं को वैश्विक मानकों की दक्षता एवं विश्वास के साथ प्रदान करने हेतु आवश्यक संरचनात्मक क्षमता उपलब्ध कराता है।

डिजिटल शेयर

90.54%

डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी 90.54% के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो व्यापक स्तर पर वैकल्पिक वितरण माध्यमों को अपनाए जाने का प्रतीक है।

संबंधपरक बौद्धिक पूंजी : डिजिटल फ्रंटियर में विश्वास का विस्तार

"व्यवसाय गति संवर्द्धन के वर्ष" में, संबंधपरक बौद्धिक पूंजी हमारे 115 वर्षों की विश्वासपूर्ण विरासत और एक बुद्धिमत्ता-संचालित डिजिटल इकोसिस्टम के रूप में हमारे भविष्य के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में उभरी है। हमने पारंपरिक संबंध प्रबंधन की अवधारणा से आगे बढ़कर डिजिटल विश्वास एवं अत्यधिक वैयक्तिकृत सेवाओं को संस्थागत रूप प्रदान किया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हमारे 8.26 करोड़ ग्राहकों को एक फिनटेक की गति तथा एक राष्ट्रीय संस्थान की सुदृढ़ता का समन्वित अनुभव प्राप्त हो। अपनी स्वामित्वाधीन बौद्धिक परिसंपत्तियों का लाभ लेते हुए, हमने ऐसा बैंकिंग परिवेश विकसित किया है, जहाँ सुरक्षा अदृश्य होते हुए भी पूर्णत: सुनिश्चित है तथा जहाँ नवाचार का उपयोग सामाजिक रूपांतरण एवं समावेशी विकास के एक सुनियोजित साधन के रूप में किया जाता है।

डिजिटल विश्वास का आधार: .bank.in डोमेन में स्थानांतरण

वित्तीय वर्ष 2026 में हमारी संस्थागत परिपक्वता का एक महत्वपूर्ण संकेतक बैंक की संपूर्ण डिजिटल अवसंरचना — जिसमें एंटरप्राइज ई-मेल, इंटरनेट बैंकिंग तथा हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट शामिल हैं — का सुरक्षित एवं सत्यापित .bank.in डोमेन में 100% स्थानांतरण रहा है। यह केवल एक तकनीकी अद्यतन नहीं था, बल्कि साइबर सुरक्षा को हमारी ब्रांड प्रतिष्ठा के एक मूलभूत घटक के रूप में संस्थागत रूप प्रदान करने की दिशा में लिया गया एक रणनीतिक कदम था। परिष्कृत साइबर खतरों के इस युग में, .bank.in डोमेन विश्वास के एक उच्च-विश्वसनीयता वाले दृश्य संकेतक के रूप में कार्य करता है, जो फिशिंग एवं स्पूफिंग के जोखिमों को प्रभावी रूप से समाप्त करते हुए ग्राहकों को पूर्णत: यह आश्वासन प्रदान करता है कि वे सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वास्तविक एवं प्रामाणिक डिजिटल मंच के साथ संवाद कर रहे हैं। यह स्थानांतरण एक सुरक्षित वित्तीय शक्ति-केंद्र के रूप में हमारी प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करता है तथा हमारी डिजिटल संरचना को वैश्विक स्तर के सर्वोच्च विनियामकीय मानकों के अनुरूप स्थापित करता है।



प्रगति का प्रमाण : 90.54% डिजिटल हिस्सेदारी की उपलब्धि

हमारी बौद्धिक पूंजी की प्रभावशीलता का सबसे प्रत्यक्ष प्रमाण हमारे डिजिटल माध्यमों द्वारा प्राप्त रिकॉर्ड-स्तरीय प्रगति में परिलक्षित होता है। वित्तीय वर्ष 2026 में वैकल्पिक वितरण चैनलों के माध्यम से किए गए डिजिटल लेनदेनों की हिस्सेदारी ऐतिहासिक रूप से 90.54% तक पहुँच गई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और सेंट नियो इकोसिस्टम की विस्तार क्षमता को प्रमाणित करती है। इसका अर्थ है कि अब प्रत्येक 10 में से 9 ग्राहक संपर्क हमारी बुद्धिमत्ता-संचालित प्रणालियों के माध्यम से हो रहे हैं, जिससे भौगोलिक सीमाओं से परे 24×7 सेवाएँ प्रदान करना संभव हो सका है। नियमित बैंकिंग सेवाओं का डिजिटल फ्रंटियर की ओर यह स्थानांतरण न केवल ग्राहकों की सुविधा में वृद्धि का कारण बना है, बल्कि कार्यबल की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रमुख आधार भी रहा है। इससे हमारे कर्मचारियों को उच्च-मूल्य परामर्श सेवाओं तथा जटिल ऋण अभिग्रहण एवं मूल्यांकन कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

समावेशी नवाचार : पिंक शाखाओं के माध्यम से नेतृत्व

हमारा मानना है कि वास्तविक बौद्धिक पूंजी केवल संस्थागत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक प्रगति की भी प्रेरक शक्ति होनी चाहिए। सामाजिक अभिशासन के क्षेत्र में हमारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि देशभर में 115 "पिंक शाखाओं" का संचालन है, जिनका प्रबंधन पूर्णत: महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। ये शाखाएँ केवल भौतिक अवसंरचना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नेतृत्व के ऐसे सशक्त केंद्र हैं जहाँ विविधता एवं समावेशन से संबंधित हमारी बौद्धिक अवधारणाओं को एक विशिष्ट, संवेदनशील एवं ग्राहक-केंद्रित सेवा मॉडल के रूप में मूर्त रूप दिया जाता है। "नारी शक्ति" के प्रति हमारी इस प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में बैंक को "बेस्ट ऑर्गेनाइजेशन फॉर वुमन 2026" का प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि हमारी बौद्धिक परिसंपत्तियों का उपयोग समाज के सभी वर्गों के लिए आकांक्षी एवं समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने हेतु प्रभावी रूप से किया जा रहा है।



बुद्धिमत्ता के माध्यम से अत्यधिक वैयक्तिकृत सेवाएँ

कृत्रिम बुद्धिमत्ता/मशीन लर्निंग तथा भावना विश्लेषण को हमारे ग्राहक सहभागिता मॉडलों में एकीकृत करके हमारी संबंधपरक पूंजी को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है। अकाउंट एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म तथा आंतरिक डेटा लेक का उपयोग करते हुए हमने अपने फ्रंटलाइन कर्मचारियों को एमएसएमई पात्रता कैलकुलेटर जैसे उपकरणों से सशक्त बनाया है, जिससे ग्राहकों को त्वरित एवं डेटा-के आधार पर शामिल करना संभव हुआ है। हमारा एकीकृत ग्राहक सेवा प्लेटफॉर्म अब भावना विश्लेषण का उपयोग करते हुए शिकायतों के सक्रिय समाधान को सक्षम बनाता है, जिससे ग्राहक सेवा एक प्रतिक्रियात्मक कार्यप्रणाली से विकसित होकर त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्रदान करने वाले सशक्त तंत्र में परिवर्तित हो गई है। यह बुद्धिमत्ता-संचालित दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया केवल पूंजी उपलब्ध कराने वाला संस्थान ही न रहे, बल्कि प्रत्येक भारतीय की वित्तीय यात्रा में अत्यधिक वैयक्तिकृत सेवाएँ प्रदान करने वाला एक विश्वसनीय सहभागी भी बना रहे।


मानव बौद्धिक पूंजी : ज्ञान-संचालित उत्पादकता

"व्यवसाय गति संवर्द्धन के वर्ष" में, मानव बौद्धिक पूंजी को संस्थागत क्षमता को तीव्र एवं प्रभावी परिणामों में परिवर्तित करने वाले प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में देखा गया है। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 33,997 कर्मचारियों वाले कार्यबल को अब केवल एक कार्यात्मक संसाधन के रूप में नहीं, बल्कि 8.26 करोड़ ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाले एक रणनीतिक प्रेरक तंत्र के रूप में देखा जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने अपनी मानव पूंजी रणनीति को "सामान्य प्रशिक्षण" से "लक्षित कौशल संवर्धन" की दिशा में परिवर्तित किया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी सामूहिक विशेषज्ञता उच्च स्तर के ऋण वितरण तथा डिजिटल रूपांतरण की आवश्यकताओं के साथ प्रत्यक्ष रूप से संरेखित हो। इस परिवर्तन ने एक अधिक गतिशील, बुद्धिमत्ता-संचालित कार्यबल का निर्माण किया है, जो जटिल वित्तीय परिदृश्य में प्रभावी ढंग से कार्य करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए आवश्यक सुदृढ़ ऋण मूल्यांकन एवं अभिग्रहण मानकों को बनाए रखने में सक्षम है।

लक्षित कौशल संवर्धन : 1,000 क्रेडिट अधिकारियों का अधिदेश

बैंक के तीव्र गति से बढ़ते ऋण एजेंडा को समर्थन प्रदान करने हेतु, हमने 1,000 क्रेडिट अधिकारियों के लिए एक प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया। यह पहल हमारी बौद्धिक पूंजी रणनीति का एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ रही, जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले ऋण मूल्यांकन मानकों को संस्थागत रूप देना तथा निर्णय-निर्माण की गति को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना था। पारंपरिक ऋण मूल्यांकन से आगे बढ़ते हुए, इस पाठ्यक्रम में विशेषीकृत ईएसजी जोखिम आकलन तथा डिजिटल मूल्यांकन तकनीकों को भी सम्मिलित किया गया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि ऋण पोर्टफोलियो में तीव्र वृद्धि के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता एवं स्वच्छता भी सुदृढ़ बनी रहे। विशेषज्ञता में निवेश ने बैंक को रैम तथा कॉर्पोरेट खंडों में उच्च-गति ऋण उपलब्ध कराने में सक्षम बनाया, वह भी उस, ऋण अनुशासन से समझौता किए बिना जो हमारे परिवर्तन की पहचान है।

उत्प्रेरक को सशक्त बनाना



33,997 सदस्यों वाले कार्यबल में 1,000 क्रेडिट अधिकारियों के सटीक कौशल-विकास से संचालित उत्पादकता वृद्धि।

उत्पादकता का कीर्तिमान: ₹23.89 करोड़ तक की तीव्र वृद्धि

हमारे ज्ञान-संचालित दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे बढ़ते उत्पादकता संकेतकों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। वित्तीय वर्ष 2026 में हमारा प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹23.89 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.11% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। यह कार्य-निष्पादन वृद्धि हमारे उस रणनीतिक निर्णय को प्रमाणित करती है, जिसके अंतर्गत नियमित एवं निम्न-मूल्य वाले लेनदेन को सेंट नियो इकोसिस्टम में स्थानांतरित किया गया, जिसने इस वर्ष 90.54% का रिकॉर्ड डिजिटल शेयर प्राप्त किया। बौद्धिक पूंजी के उपयोग से नियमित कार्यों के स्वचालन ने हमारे मानव संसाधनों को उच्च-मूल्य परामर्श सेवाओं, जटिल एमएसएमई क्लस्टर वित्तपोषण तथा सक्रिय ऋण निगरानी जैसे कार्यों पर केंद्रित होने के लिए मुक्त किया है। यह "प्रसंस्करण" से "बुद्धिमत्ता" की ओर परिवर्तन हमारे तीव्र गति वाले व्यवसाय मॉडल का निर्णायक अंतरकारी तत्व है।

भविष्य का निर्माण: सेंट नर्चर परियोजना एवं सक्सेशन रेडीनेस

- **निदान संबंधी उत्कृष्टता:** बैंक ने कार्डियक कलर डॉप्लर प्रणाली हेतु वित्तीय सहायता स्वीकृत की, जो हृदय संबंधी रोगों की प्रारंभिक पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण नैदानिक उपकरण है। यह सुविधा विशेष रूप से उन आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित मरीजों के लिए उपलब्ध कराई गई है, जिन्हें सामान्यत: ऐसी उन्नत जांच सुविधाओं तक पहुँच प्राप्त नहीं हो पाती।
- **उन्नत चिकित्सा सहायता:** बैंक ने साइक्लोट्रॉन सुविधाओं के विकास हेतु सहयोग प्रदान किया, जिससे नाभिकीय चिकित्सा (न्यूक्लियर मेडिसिन) एवं कैंसर उपचार से संबंधित राष्ट्रीय अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने में योगदान मिला।
- **संस्थागत साझेदारियाँ:** अपने 33,997 कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के

उद्देश्य से बैंक ने रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल ट्रस्ट के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। यह पहल कर्मचारी कल्याण को बैंक की प्रमुख कॉर्पोरेट प्राथमिकताओं में संस्थागत रूप से शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

III. दिव्यांगजन सहायता: संवेदनशीलता एवं समावेशन के साथ अग्रसर

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान दिव्यांगजनों के पुनर्वास, समावेशन एवं सशक्तिकरण के प्रति हमारी सुदृढ़ प्रतिबद्धता हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व दृष्टिकोण की एक विशिष्ट पहचान रही।

- **पुनर्वास सेवाएँ:** बैंक ने तंत्रिका संबंधी विकारों एवं बौद्धिक दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं पुनर्वास सेवाओं को निरंतर प्राथमिकता प्रदान की।
- **समावेशी गतिशीलता:** सुगम्यता एवं पहुँच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंक ने बैटरी चालित उपयोगिता विद्युत वाहनों हेतु वित्तीय सहायता स्वीकृत की, जिससे सामुदायिक कल्याण संगठनों को स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल एवं प्रभावी परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकी।
- **कार्यस्थल पर संवेदनशीलता:** आंतरिक स्तर पर बैंक ने समावेशिता की अपनी संस्कृति को और सुदृढ़ बनाना जारी रखा तथा सभी कर्मचारियों एवं आगंतुकों के लिए सुरक्षित, समावेशी एवं लैंगिक रूप से संवेदनशील वातावरण सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए।

IV. कर्मचारी सहभागिता से प्रेरित सामाजिक परिवर्तन

हमारा मानना है कि वास्तविक सामाजिक पूंजी का निर्माण तभी होता है, जब हमारे कर्मचारी हमारे उद्देश्य एवं सामाजिक प्रतिबद्धताओं के प्रमुख संवाहक बनकर उन्हें समाज तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

- **सेंट संस्कृति:** बैंक ने सेंट संस्कृति मंच का निरंतर विस्तार किया, जो विशेष रूप से कर्मचारियों के जीवनसाथियों को सामुदायिक सेवा गतिविधियों से जोड़ने का कार्य करता है। इस पहल के माध्यम से बैंक ने अपने सामाजिक सरोकारों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का विस्तार कर्मचारियों के परिवारों तक भी सुनिश्चित किया।
- **सहभागिता को नई गति:** उद्देश्य-प्रेरित कार्यसंस्कृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को नियमित रूप से आयोजित हैप्पीनेस सर्वेक्षणों के माध्यम से बल मिला, जिनके द्वारा कर्मचारियों की संतुष्टि, नेतृत्व के प्रति उनके विश्वास तथा बैंक के सामाजिक मूल्यों के साथ उनके सामंजस्य का आकलन किया जाता है।

इन समन्वित प्रयासों के माध्यम से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने यह सिद्ध किया है कि संस्थागत प्रगति एवं विकास तभी सर्वाधिक सतत और सार्थक होते हैं, जब उनकी नींव उस समाज के कल्याण में निहित हो, जिसकी सेवा के लिए संस्था प्रतिबद्ध है।

भावी परिदृश्य: व्यवसाय उत्कर्ष के वर्ष की ओर अग्रसर

'व्यवसाय संवर्धन वर्ष' के सफल समापन के साथ, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया आज अपनी विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण रणनीतिक पड़ाव पर खड़ा है। वित्त वर्ष 2025-26 में रणनीतिक रूपरेखाओं को तीव्र गति से प्राप्त ठोस परिणामों में परिवर्तित करते हुए हमने अपने 'वादे को सफलतापूर्वक पूरा' किया है। अब आगामी चरण हमारी उपलब्धियों को संस्थागत रूप से सुदृढ़ करने का है, जिसमें तीव्र व्यवसायिक विस्तार से आगे बढ़कर हमारे डिजिटल एवं भौतिक पारिस्थितिकी तंत्र के प्रत्येक संपर्क बिंदु को और अधिक परिष्कृत एवं उत्कृष्ट बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना

आगामी वित्तीय वर्ष में बैंक परिचालन स्थिरता से आगे बढ़ते हुए ग्राहक सेवा एवं शिकायत निवारण के क्षेत्र में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने और उन्हें संस्थागत स्वरूप प्रदान करने की दिशा में अग्रसर होगा। हमारा एकीकृत ग्राहक सेवा मंच अपने विकास के अगले चरण में प्रवेश करेगा, जिसमें ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों को ग्राहकों के खातों एवं लेन-देन के वास्तविक समय (रियल-टाइम) विवरण की समग्र जानकारी उपलब्ध कराने हेतु **'कस्टमर 360° व्यू'** सुविधा शामिल की जाएगी। इससे ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक व्यक्तिगत, त्वरित एवं प्रभावी सेवा प्रदान करना संभव होगा। हमारा लक्ष्य आईवीआर संतुष्टि स्कोर को 90% तक पहुँचाना तथा शिकायत निवारण की औसत निष्पादन अवधि को घटाकर मात्र चार दिन करना है। इन प्रयासों के माध्यम से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सेवा उत्कृष्टता के मानक के रूप में अपनी पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

ओम्नी-चैनल बैंकिंग परिपक्वता की प्राप्ति

'व्यवसाय उत्कर्ष के वर्ष' की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक पूर्ण विकसित ओम्नी-चैनल प्लेटफॉर्म की स्थापना करना है. यह पहल सभी उपकरणों एवं सेवा माध्यमों पर ग्राहकों को एकीकृत और निर्बाध अनुभव प्रदान करेगी। इसके माध्यम से ग्राहक किसी प्रक्रिया की शुरुआत मोबाइल उपकरण पर कर सकेंगे तथा बिना जानकारी को पुन: दर्ज किए सहायक चैनलों के माध्यम से उसे पूर्ण कर सकेंगे। सेंट नियो डिजिटल परिवेश का विस्तार करते हुए तथा डिजिटल ऋण मंच के अंतर्गत उपलब्ध सेवा प्रक्रियाओं की संख्या को वर्तमान 37 से आगे बढ़ाकर, हम अपने 8.26 करोड़ ग्राहकों की निरंतर विकसित होती अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं के अनुरूप एक ऐसा एकीकृत अनुभव प्रदान करेंगे, जो किसी एक विशेष उपकरण या माध्यम तक सीमित नहीं होगा।

'कम्युनिटी इम्पैक्ट 2.0 (सामुदायिक प्रभाव 2.0): सामाजिक प्रतिबद्धता का विस्तार

'कम्युनिटी इम्पैक्ट 2.0' के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक होगी। अगले चरण में विस्तारित वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्रों (एफएलसीसी) तथा सुदृढ़ आरसेटी पहलों के माध्यम से 30,000 से अधिक लाभार्थियों तक पहुँचने का हमारा लक्ष्य है। ग्रामीण शिक्षा, स्वास्थ्य अवसंरचना तथा स्टार्टअप्स एवं श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए विशेष ऋण योजनाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि ₹13 लाख करोड़ के संस्थान बनने की उसकी यात्रा 'विकसित भारत' के लिए समावेशी एवं न्यायसंगत विकास को निरंतर गति प्रदान करती रहे।

मानव संपदा

प्रगति की शक्ति- उत्पादकता की सिद्धि

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखण



रणनीतिक प्राथमिकता

A

व्यवसाय मॉडल का घटक

3 8

जीआरआई मानक

401, 404, 405
(रोजगार, प्रशिक्षण,विविधता)



गति संवर्धन केवल गति बढ़ाने का पर्याय नहीं बल्कि हमारे मानव संसाधन की सामूहिक कौशल दक्षता और प्रत्यास्थी का परिणाम है| वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान हमने अपने कर्मचारियों को नियमित प्रक्रियात्मक कार्यों से आगे उच्च मूल्य आधारित बौद्धिक कार्यों की दिशा में सशक्त बनाया है। परिणामस्वरूप हमने अभूतपूर्व कार्यकुशलता प्राप्त की, जो वैश्विक उत्कृष्टता मानकों को अपनाने और हमारी तत्परता को प्रतिबिंबित करती है।

प्रारम्भिक दृष्टिकोण: विकास की गति का आधार- "हमारा कार्यबल"

"व्यावसायिक गतिसंवर्धन" के वर्ष में, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मानव पूंजी में एक गहन रणनीतिक परिवर्तन हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025 में संस्थागत स्थिरता प्रदान करने वाली अपनी भूमिका से आगे बढ़ते हुए, हमारा कार्यबल अब हमारे सार्वभौमिक बैंकिंग मॉडल के निर्णायक **"गतिसंवर्धन इंजन"** के रूप में स्थापित हुआ है। हम यह मानते हैं कि हमारा 33,997 सदस्यों वाला कार्यबल वह प्रमुख उत्प्रेरक है, जिसके माध्यम से हमने अपनी रणनीतिक मंशा को ₹8,12,439 करोड़ के कुल व्यवसाय में परिलक्षित उच्च-गति वाले परिणामों में परिवर्तित किया हैं। वित्तीय वर्ष 2026 में "अपनी प्रतिबद्धता" को सफलतापूर्वक साकार करने के उपरांत, बैंक आधारभूत क्षमता निर्माण के चरण से आगे बढ़कर "ज्ञान-संचालित उत्पादकता" के मॉडल को अपनाने की दिशा में अग्रसर हुआ है। इससे यह सिद्ध हुआ है कि सशक्त एवं स्फूर्त कार्यबल ही संस्थागत सुदृढ़ता की आधारशिला है|

हमारे कर्मचारी अब केवल कार्यात्मक संसाधन के रूप में नहीं देखे जाते; वे हमारे रूपांतरण के बौद्धिक शिल्पकार हैं, जो "सेंट नियो" पारितंत्र के विस्तार तथा स्वचालित निगरानी के माध्यम से कठोर ऋण अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी हैं। यह परिवर्तन "सीबीआई -केयर" दर्शन द्वारा निर्देशित रहा है, विशेष रूप से कर्मचारी कल्याण के स्तंभ के माध्यम से, जिससे यह सुनिश्चित किया गया है कि तीव्र प्रगति के साथ-साथ हमारे कर्मचारी सुदृढ़, दक्ष तथा विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बनें। वित्तीय वर्ष 26 के दौरान, हमने अपने कर्मचारियों को नियमित प्रक्रियात्मक कार्यों से आगे बढ़कर उच्च-मूल्य आधारित बौद्धिक कार्यों की ओर अग्रसर किया, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड स्तर की कार्यकुशलता प्राप्त हुई, जो वैश्विक मानकों के लिए हमारी तैयारी प्रदर्शित करती है । यह व्यापक दृष्टिकोण हमारे सामूहिक कौशल की शक्ति को समर्पित एक नए अध्याय का आधार तैयार करता है तथा यह सिद्ध करता है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की 115 वर्षों की गौरवशाली विरासत को एक ऐसे कार्यबल द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है जो भविष्य के लिए तैयार तथा परिणामोन्मुख है।

त्वरण इंजन को शक्ति देती मानव पूंजी

उच्च-गति उत्पादकता के अपने वादे को साकार करते हुए।

33,997 सशक्त कर्मचारी

₹8.12 लाख करोड़ का पैमाना

रणनीतिक स्तंभ:रूपरेखा से उत्कृष्ट क्रियान्वयन तक

हमारी मानव पूंजी रणनीति पाँच प्रमुख विषयों पर दृढ़तापूर्वक आधारित है, जो हमारे गत्यात्मक क्रियान्वयन मॉडल के स्तंभ हैं-नेतृत्व विकास, डिजिटल सशक्तीकरण, सहभागिता एवं कल्याण, प्रतिभा विकास एवं प्रतिधारण तथा गतिशील कार्य संस्कृति। वित्तीय वर्ष 26 में हमने इन स्तंभों की केवल वैचारिक स्थापना से आगे बढ़ते हुए उन्हें विकास के प्रेरक तंत्र के रूप में सक्रिय रूप से लागू किया।


आई3(आईडीएट,इनोवेट,इन्सपाइर) डिजिटल पोर्टल हमारी "गतिशील कार्य संस्कृति" का प्रमुख प्रेरक रहा है, जिसने प्रत्येक कर्मचारी को परिवर्तन का सक्रिय भागीदार बनाया है। कर्मचारियों को प्रक्रिया पुनर्रचना हेतु नवोन्मेषी सुझाव प्रस्तुत करने तथा उनकी प्रगति का अनुश्रवण करने की सुविधा प्रदान कर, आई3 ने संगठन में नवाचार और समन्वय की संस्कृति को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया है। इसी के साथ, हमारी गोपनीय व्यावसायिक परामर्श सेवा "सेंट-चेतना" का शुभारंभ "सहभागिता एवं कल्याण" स्तंभ को और अधिक सुदृढ़ बनाता है। यह पहल कर्मचारियों के भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने तथा कार्यस्थल की परिस्थितियों के प्रभावी प्रबंधन में सहयोग प्रदान करती है, जिससे संगठनात्मक गति के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक दृढ़ता भी सुनिश्चित होती है।

डिजिटल सशक्तीकरण को **सेन्ट स्वाध्याय एप** तथा **सेन्ट चाणक्य** जनरेटिव एआई आधारित चैटबॉट के माध्यम से और अधिक विस्तार दिया गया, जिससे कर्मचारियों को शिक्षण संसाधनों तथा वास्तविक समय में प्रश्नों के समाधान की त्वरित सुविधा उपलब्ध हुई। ये रणनीतिक स्तंभ सुनिश्चित करते हैं कि हमारी मानव पूंजी रणनीति केवल एक स्वतंत्र पहल न होकर संगठन की कार्यगत गति को बढ़ाने वाला प्रमुख कारक बने, जिससे हम बाजार के अवसरों का अभूतपूर्व तीव्रता से लाभ उठा सकें। इन पाँच स्तंभों के माध्यम से मानव पूंजी के प्रवाह का अनुकूलन कर हमने सिद्ध किया है कि एक शताब्दी पुराना संस्थान भी आधुनिक डिजिटल-पारितंत्र की गति के साथ कार्य कर सकता है।

उत्पादकता एवं विस्तार: ₹23.89 करोड़ के लक्ष्य तक पहुँचने की गति

वित्तीय वर्ष 26 में हमारी मानव पूंजी रणनीति की सबसे महत्वपूर्ण पुष्टि कार्यबल की उत्पादकता में अभूतपूर्व वृद्धि के रूप में हुई। "व्यवसाय संवर्धन वर्ष" के दौरान हमारा प्रमुख उद्देश्य प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर प्रति कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाना तथा व्यवसाय वृद्धि को मानव संसाधन संख्या में वृद्धि से पृथक करना था।

इसका परिणाम एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में सामने आया—प्रति कर्मचारी व्यवसाय में 12.11% की वृद्धि होकर यह ₹23.89 करोड़ तक पहुँच गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह ₹21.31 करोड़ था। यह सूचकांक हमारी उच्च-गति कार्यकुशलता संबंधी प्रतिबद्धता के सफल क्रियान्वयन का स्पष्ट प्रमाण है। उत्पादकता में यह उल्लेखनीय वृद्धि 90.54% लेन-देन को सेंट-नियो तथा डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म जैसे डिजिटल माध्यमों पर स्थानांतरित करने की हमारी रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है। इसके फलस्वरूप हमारे मानव संसाधनों को नियमित लिपिकीय कार्यों से मुक्त कर उच्च-मूल्य वाले ऋण अभिग्रहण तथा परामर्श सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर केंद्रित किया जा सका।



शाखा-स्तर पर भी विस्तार समान रूप से प्रभावशाली रहा है, जहाँ प्रति शाखा व्यवसाय बढ़कर ₹177.19 करोड़ हो गया। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हमारा शाखा नेटवर्क, जो अभी भी 65.19% ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में केंद्रित है, समावेशी होने के साथ-साथ समान रूप से उत्पादक भी है। उत्पादकता में यह उल्लेखनीय वृद्धि हमारी "अधिक स्मार्ट तरीके से विकास की रणनीति को प्रमाणित करती है तथा यह दर्शाती है कि 33,997 कर्मचारियों वाला हमारा कार्यबल अब निजी क्षेत्र के मानकों के समकक्ष कार्यनिष्पादन कर रहा है। संस्थागत क्षमता को उच्च-गति वाले परिणामों में परिवर्तित करते हुए हमारे कर्मचारियों ने यह सुनिश्चित किया है कि व्यवसाय वृद्धि की प्रत्येक इकाई अनुशासित मानव दक्षता द्वारा समर्थित हो।

लक्षित प्रशिक्षण: 1000 ऋण अधिकारियों की पहल का प्रभाव

वित्त वर्ष 2025 – 26 में बैंक ने अपने अधिगम एवं विकास कार्यक्रम को "सामान्य प्रशिक्षण" से "लक्षित कौशल संवर्धन" की ओर रणनीतिक रूप से परिवर्तित किया तथा अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को बड़े पैमाने पर ऋण वितरण की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया। इस रणनीति का प्रमुख आधार **1000 ऋण अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम** का सफल क्रियान्वयन रहा।

इस पहल का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले ऋण अभिग्रहण मानकों को संस्थागत रूप देना तथा ऋण स्वीकृति संबंधी निर्णय प्रक्रिया की गति में उल्लेखनीय वृद्धि करना था। यह विशेष रूप से उस समय महत्वपूर्ण था जब बैंक का खुदरा ऋण पोर्टफोलियो ₹1,00,000 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया। पारंपरिक ऋण मूल्यांकन के अतिरिक्त, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएलपी के माध्यम से ईसीजी जोखिम परीक्षण तथा डिजिटल ऋण मूल्यांकन तकनीकों को भी सम्मिलित किया गया। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि ऋण वितरण में तीव्र वृद्धि के बावजूद हमारे ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता एवं सुदृढ़ता बनी रहे। जिसका प्रमाण 1.16 % के स्लिपेज अनुपात के रूप में परिलक्षित होता है।



इसके अतिरिक्त बैंक ने आईआईएम और एक्सएलआरआई जैसे संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय अनुभवात्मक अध्ययन यात्राओं एवं संरचित कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी नेतृत्व क्षमता विकास श्रृंखला को और सुदृढ़ किया। बैंक ने चयनित 225 अधिकारियों को एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण विशेषज्ञ के रूप में विकसित करने हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रारंभ किया। इस क्षेत्र को समर्थन प्रदान करने के लिए एक विशेष रूप से डिजाइन की गई प्रशिक्षण पुस्तिका भी प्रकाशित की गई। विशिष्ट विशेषज्ञता में किया गया यह निवेश सुनिश्चित करता है कि हमारी मानव पूंजी अधिक जटिल एवं बुद्धि संचालित तुलन पत्र के प्रबंधन के लिए सक्षम हो क्योंकि हम प्रस्तावित वित्त वर्ष 2026 – 27 "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष" की ओर आगे बढ़ रहे हैं। सामान्यीकरण के स्थान पर विशेषज्ञता को प्राथमिकता देने की हमारी प्रतिबद्धता इस तीव्र विकास चरण में हमारी मानव पूंजी मॉडल की विशिष्ट पहचान है।

समावेशिता (विस्तार): "पिंक" उपलब्धि एवं विविधता नेतृत्व

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक सुशासन एवं लैंगिक समावेशन के क्षेत्र में देश का नेतृत्व करना जारी रखे हुए है तथा वित्तीय क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को नए आयाम प्रदान कर रहा है। वित्त वर्ष 2025 – 26 की एक प्रमुख उपलब्धि हमारी "पिंक शाखाओं" का विस्तार कर उनकी कुल संख्या को 115 तक पहुँचाना रहा। महिला कर्मचारियों द्वारा पूर्णत: संचालित ये शाखाएँ नेतृत्वकर्ता केन्द्रों के रूप में कार्य करती हैं जहाँ विविधता संबंधी हमारी वैचारिक रूपरेखाओं को विशिष्ट, ग्राहक केंद्रित एवं संवेदनशील सेवा मॉडल में रूपांतरित किया जाता है।



यह पहल 1924 से एक प्रत्यक्ष ऐतिहासिक सेतु स्थापित करती है, जब हमारे संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला ने बंबई में प्रथम महिला समर्पित विभाग की स्थापना की थी। आज हमने उस अग्रणी दृष्टिकोण को सफलतापूर्वक एक ऐसे राष्ट्रीय स्तर के मॉडल के रूप में रूपांतरित किया है, जो महिलाओं को बैंकिंग व्यवसाय के प्रत्येक स्तर पर नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाता है। समावेशी कार्यबल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को वित्त वर्ष 2025 – 26 में प्राप्त अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों द्वारा औपचारिक मान्यता प्राप्त हुई :

- **ईटी एज द्वारा "महिलाओं हेतु सर्वश्रेष्ठ संगठन 2026"**.सम्मान से अलंकृत।
- **ईवाई इंडिया** द्वारा **"महिलाओं के लिए सर्वाधिक पसंदीदा कार्यस्थल 2025-26"**. के रूप में पहचान।

इस उद्देश्य को और सुदृढ़ बनाने के लिए, बैंक ने मातृत्व सहायता कार्यक्रम के एक प्रायोगिक मॉडल को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया जिसके अंतर्गत मातृत्व अवकाश के उपरांत कार्य पर पुन: लौटने वाली महिला कर्मचारियों के लिए 12 माह की परामर्श एवं पुन:कार्यग्रहण सहायता व्यवस्था उपलब्ध कराई, जिससे उनके कार्यबल में निर्बाध पुनर्समावेशन सुनिश्चित हो सके। इन पहलों ने यह सुनिश्चित किया है कि हमारी विकास यात्रा की गति जितनी उत्पादक है, उतनी ही समावेशी भी है, जिससे सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया भारतीय महिलाओं की नई पीढ़ी के लिए पसंदीदा नियोक्ता के रूप में स्थापित हो रहा है।

कर्मचारी कल्याण एवं नैतिकता: संस्थागत सुदृढ़ता को प्रोत्साहन

हम जानते हैं की संस्थागत प्रगति की गति का आधार हमारे कार्यबल का समग्र कल्याण तथा अडिग नैतिक मूल्यों की संस्कृति होना चाहिए। वित्त वर्ष 2025 – 26 में बैंक ने सामान्य कल्याण कार्यक्रमों से आगे बढ़ते हुए 'सेंट चेतना' नामक गोपनीय परामर्श मंच को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया। इस मंच का परिचालन योग्य पेशेवरों द्वारा किया जाता है, जो कर्मचारियों की भावनात्मक दृढ़ता तथा कार्यस्थल संबंधी चुनौतियों से निपटने मे सहायता प्रदान करते हैं। यह पहल लोगों को आजीवन प्राथमिकता देने संबंधी हमारी सीबीआई – केयर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।


नवाचार की हमारी संस्कृति एक सुदृढ़ नैतिक आधार पर स्थापित है। निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आचार एवं व्यावसायिक आचरण संहिता की प्रतिवर्ष समीक्षा की जाती है, जिससे उत्तरदायित्व एवं विश्वास पर आधारित कार्यसंस्कृति को और सशक्त बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत संकट की परिस्थिति में कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सहायता प्रदान करने हेतु बैंक ₹25 करोड़ का शोक सहायता कोष बनाए रखता है, जिससे सुरक्षित एवं सहयोगपूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित होता है।



इन पहलों की सफलता का आकलन करने के लिए बैंक अब नियमित रूप से **"हैप्पीनेस सर्वे"** आयोजित करता है, जिनके माध्यम से कार्य संतुष्टि, कार्यस्थल संस्कृति तथा कार्य – जीवन संतुलन का मूल्यांकन किया जाता है। इन निष्कर्षों ने हमें 98.38 प्रतिशत की उचित कर्मचारी प्रतिधारण दर बनाए रखने में सहायता प्रदान की है, जो हमारे 33,997 कर्मचारियों की बैंक के प्रति गहरी संस्थागत निष्ठा दर्शाती है। आई3 के माध्यम से व्यावसायिक नवाचार तथा सेंट चेतना के माध्यम से भावनात्मक कल्याण को समान रूप से प्राथमिकता देने वाली कार्यसंस्कृति का निर्माण कर हमने यह सुनिश्चित किया है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया गतिशील बैंकिंग परिदृश्य में एक प्रत्यास्थी, उद्देश्य संचालित एवं सुदृढ़ संस्थान बना रहे।

भावी परिदृश्य: व्यावसायिक उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम (वित्त वर्ष 2027)

व्यावसाय संवर्धन वर्ष के समापन के साथ, वित्त वर्ष 2026–27 अर्थात् "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष" के लिए हमारी मानव पूँजी रूपरेखा हमारी प्रतिभा – संपदा के बुद्धिमत्ता - संचालित परिष्करण पर केंद्रित है। हम व्यवसाय की मात्रा में विस्तार से आगे बढ़कर परिचालन दक्षता के सूक्ष्म एवं व्यवस्थित मापन की दिशा में अग्रसर हैं।



आगामी चक्र हेतु प्रमुख पहलें निम्नलिखित हैं:

1. **कृत्रिम बुद्धिमत्ता/ मशीन लर्निंग आधारित कौशल विश्लेषण:** हम उन्नत विश्लेषणात्मक प्रणालियों का उपयोग कर "पद कौशल उपयुक्तता" प्रतिशत का आकलन करेंगे, जिससे उभरती प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्व पहचान की जा सकेगी तथा कर्मचारियों की प्रोफाइल के अनुरूप पदों का अत्यन्त सटीक मिलान सुनिश्चित किया जा सकेगा।
2. **मानव संपदा प्रक्रियाओं का केंद्रीकरण:** एचआर हब के कार्यान्वयन के माध्यम से वेतन एवं गैर - वेतन संबंधी सभी प्रक्रियाओं जैसे पदस्थापन उपयुक्तता तथा सेवांत लाभों का केन्द्रीकरण किया जायेगा तथा मानव संपदा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से आरंभ से अंत तक स्वचालन सुनिश्चित किया जायेगा।
3. **लक्षित भर्ती:** बैंक ने अपनी अग्रिम पंक्ति की सेवा वितरण क्षमता को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 500 पीओ, मुख्यधारा के अंतर्गत 1,000 ऋण अधिकारियों, वेतनमान-I, II, III एवं IV में 670 विशेषज्ञ अधिकारियों, विभिन्न कार्यक्षेत्रों में 15 सहायक महाप्रबंधकों तथा 2,000 ग्राहक सेवा सहयोगियों की भर्ती की योजना प्रारंभ की है।
4. **वैश्विक मानक निर्धारण:** नेतृत्व को दक्षता एवं डिजिटल परिपक्वता के वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन दौरों तथा कार्यकारी नेतृत्व परामर्श के दूसरे चरण की शुरुआत की जा रही है।

यह कार्ययोजना सुनिश्चित करती है कि गति संवर्धन चरण के दौरान अर्जित प्रगति दीर्घकालिक संस्थागत उत्कृष्टता के लिए एक स्थायी प्रक्षेपण मंच का कार्य करे।

बैंक की 19वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना

सूचना दी जाती है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (बैंक) के शेयरधारकों की **19वीं (उन्नीसवीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम)** शुक्रवार, 31 जुलाई 2026 को अपरान्ह 03.00 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम (ओएवीएम) के द्वारा आयोजित की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित कार्यों पर विचार एवं निर्णय किया जाएगा।

साधारण कार्य :-

मद संख्या 1

दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक की लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित बैलेंस शीट तथा एकल एवं समेकित लाभ-हानि खाते पर, निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना तथा उन्हें अनुमोदित एवं अंगीकृत करना।

मद संख्या 2

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के निदेशक मंडल द्वारा घोषित एवं अनुमोदित ₹10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर कुल ₹1.20 (12%) के 04 (चार) अंतरिम लाभांश के भुगतान की पुष्टि करना।

विशेष कार्य :-

मद संख्या 3

बैंक के निदेशक मंडल में श्री बलदेव पुरुषार्थ की भारत सरकार नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में नियुक्ति को अनुमोदित करना।

इस पर विचार करने के लिए और यदि उपयुक्त समझा जाए, तो निम्नलिखित प्रस्ताव को एक **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित किया जाए:

"यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1C) तथा समय-समय पर संशोधित अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(बी) के अंतर्गत भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ संख्या eF.No.6/2(ii)/2022-BO.I दिनांक 24 जुलाई, 2025 के साथ सहपठित अधिसूचना संदर्भ संख्या eF.No.6/2(i)/2022-BO.I दिनांक 19 जून, 2026 के माध्यम से श्री बलदेव पुरुषार्थ की बैंक के सरकार नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में 24 जुलाई, 2025 से 19 जून, 2026 तक की गई नियुक्ति का अनुमोदन किया जाता है।"

मद संख्या 4

बैंक के निदेशक मंडल में कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री एम. वी. मुरली कृष्णा के कार्यकाल के विस्तार को अनुमोदित करना।

इस पर विचार करने के लिए और यदि उपयुक्त समझा जाए, तो निम्नलिखित प्रस्ताव को एक **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित किया जाए:

"यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1C) तथा समय-समय पर संशोधित अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(a) के अंतर्गत, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या eF.No.4/4(vii)/2024-BO.I दिनांक 15 सितंबर, 2025 के माध्यम से श्री एम. वी. मुरली कृष्ण के बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यकाल को उनके वर्तमान अधिसूचित कार्यकाल, जो 30 नवंबर, 2025 को समाप्त हुआ, के पश्चात उनकी अधिवर्षिता की तिथि अर्थात् 31 जुलाई, 2027 तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ाए जाने को इस प्रकार अनुमोदित किया जाता है।"

मद संख्या 5

बैंक के निदेशक मंडल में श्री कल्याण कुमार की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति को अनुमोदित करना।

इस पर विचार करने के लिए और यदि उपयुक्त समझा जाए, तो निम्नलिखित प्रस्ताव को एक **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित किया जाए:

"यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1C) तथा समय-समय पर संशोधित अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(a) के अंतर्गत, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या eF.No.4/3(ii)/2024-BO.I दिनांक 30 सितंबर, 2025 के माध्यम से श्री कल्याण कुमार की बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में 30 सितंबर, 2025 से, अर्थात् उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से, तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, की गई नियुक्ति को इस प्रकार अनुमोदित किया जाता है।"

मद संख्या 6

बैंक के निदेशक मंडल में श्री ई. रतन कुमार की कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्ति को अनुमोदित करना।

इस पर विचार करने के लिए और यदि उपयुक्त समझा जाए, तो निम्नलिखित प्रस्ताव को एक **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित किया जाए:

"यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1C) तथा समय-समय पर संशोधित अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(a) के अंतर्गत, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या eF.No.4/4(ii)/2024-BO.I दिनांक 24 नवंबर, 2025 के माध्यम से श्री ई. रतन कुमार की बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में 24 नवंबर, 2025 से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, की गई नियुक्ति को इस प्रकार अनुमोदित किया जाता है।"

मद संख्या.7

बैंक के निदेशक मंडल में श्री चन्द्रदीप कुमार झा की सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यपालक) के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु।

विचारार्थ तथा उपयुक्त समझे जाने पर निम्नलिखित **साधारण प्रस्ताव** पारित करने हेतु :

"यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 17(1C) तथा अन्य लागू प्रावधानों जो समय-समय पर संशोधित किए जाते हैं, के अनुसार, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(बी) के अंतर्गत भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ eF.No.6/2(i)/2022-BO.I दिनांक 19 जून, 2026 के माध्यम से श्री चन्द्रदीप कुमार झा की बैंक के सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में 19 जून, 2026 से आगामी आदेशों तक की गई नियुक्ति का अनुमोदन किया जाता है।"

मद संख्या 8

क्यूआईपी/एफपीओ/राइट्स इश्यू जैसी विभिन्न विधाओं के माध्यम से अधिकतम ₹7,000 करोड़ तक की इक्विटी पूंजी जुटाने पर विचार करना।

इस पर विचार करने के लिए और यदि उपयुक्त समझा जाए, तो निम्नलिखित प्रस्ताव को एक **विशेष प्रस्ताव** के रूप में संशोधन सहित अथवा रहित पारित किया जाए:

"यह प्रस्ताव पारित किया गया कि बैंकिंग कंपनियां (अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध उपबंध) योजना, 1970 तथा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 (जैसा कि समय-समय पर संशोधित किया गया है) के प्रावधानों के अंतर्गत तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारत सरकार (जीओआई), प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा/या इस संदर्भ में आवश्यक किसी अन्य प्राधिकरण की स्वीकृति, अनुमति, संस्तुति व आदेशों के अधीन और उनके द्वारा स्वीकृति प्रदान करते समय निर्धारित शर्तों, नियमों एवं संशोधनों के अधीन – जिन्हें बैंक का निदेशक मंडल स्वीकार कर सके – तथा सेबी (पूंजी निर्गम एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018, सेबी (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992, तथा अन्य सभी प्रासंगिक लागू कानूनों, अधिसूचनाओं/परिपत्रों और स्पष्टीकरणों एवं समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों और बैंक द्वारा जिन स्टॉक एक्सचेंजों में उसके शेयर सूचीबद्ध हैं, उनके साथ किए गए सूचीबद्ध समझौतों के अधीन – बैंक के निदेशक मंडल (जिसमें 'कैपिटल रेज़िंग कमेटी' भी सम्मिलित मानी जाएगी, जिसे निदेशक मंडल ने गठित किया है या भविष्य में पुनर्गठित कर सकता है) को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह प्रस्ताव दस्तावेज/प्रॉस्पेक्टस या अन्य किसी दस्तावेज के माध्यम से, भारत या विदेश में, ऐसे अंशों/श्रेणियों के लिए आरक्षण या प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर आरक्षित आवंटन की व्यवस्था सहित, ₹10 (केवल दस रुपये) अंकित मूल्य के ऐसे अंशों को जारी करने, प्रस्ताव करने और आवंटित करने का कार्य करें, जिसकी कुल राशि ₹7000 करोड़ (रुपये सात हजार करोड़ मात्र, प्रीमियम सहित यदि हो तो) तक हो, इस प्रकार कि भारत सरकार का न्यूनतम 51% अंश पूंजी में हिस्सेदारी सदैव बनी रहे। यह निर्गम एक या अधिक किस्तों में किया जा सकता है, और यह बैंक के सदस्यगण, कर्मचारीगण, भारतीय नागरिक, अनिवासी भारतीय (एनआरआई), निजी या सार्वजनिक कंपनियाँ, निवेश संस्थान, सोसायटीज़, ट्रस्ट, अनुसंधान संगठन, योग्य संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी), विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई), बैंक, वित्तीय संस्थान, भारतीय म्यूचुअल फंड्स, वेंचर कैपिटल फंड्स, विदेशी वेंचर कैपिटल निवेशक, राज्य औद्योगिक विकास निगम, बीमा कंपनियाँ, भविष्य निधियाँ, पेंशन निधियाँ, विकास वित्त संस्थान या ऐसे अन्य संस्थाएं/प्राधिकरण या निवेशक श्रेणियाँ जिन्हें प्रचलित नियमों/दिशानिर्देशों के अंतर्गत बैंक की इक्विटी/प्रतिभूतियों में निवेश करने की अनुमति है, अथवा इनका कोई संयोजन – जिन्हें बैंक उपयुक्त समझे – को आवंटित किए जा सकते हैं।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि उक्त निर्गम, प्रस्ताव या आवंटन योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी), फॉलो-ऑन पब्लिक इश्यू (एफपीओ), राइट्स इश्यू या इनका संयोजन, जिसमें समग्र आवंटन विकल्प के साथ या बिना योग्य संस्थागत प्लेसमेंट शामिल हो सकता है, के माध्यम से किया जाएगा तथा ऐसा प्रस्ताव, निर्गम, प्लेसमेंट और आवंटन बैंकिंग कंपनियां (अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, सेबी (पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 ("सेबी आईसीडीआर विनियम") तथा भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी और अन्य प्रासंगिक प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा, और वह ऐसे समय/समयों पर, ऐसी विधि से और ऐसे नियमों और शर्तों के अनुसार किया जाएगा, जैसा कि निदेशक मंडल को अपनी पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार उपयुक्त लगे।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि निदेशक मंडल को यह अधिकार प्राप्त होगा कि वह सेबी (आईसीडीआर) विनियमों, अन्य

विनियमों तथा सभी लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, ऐसे निवेशक/निवेशकों को — चाहे वे बैंक के वर्तमान सदस्य हों या न हों — उस न्यूनतम मूल्य पर या उससे अधिक पर, जो सेबी आईसीडीआर विनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किया गया हो, निर्गम करने का निर्णय ले सके। यह निर्णय निदेशक मंडल अपने पूर्ण विवेकाधिकार से, आवश्यकतानुसार लीड मैनेजर्स और/या अंडरराइटर्स और/या अन्य सलाहकारों से परामर्श करके या अन्यथा, ऐसे मूल्य या मूल्यों पर, ऐसी विधि से तथा ऐसे नियमों और शर्तों पर ले सकेगा, जैसा वह उपयुक्त समझे।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के प्रावधानों, संबंधित स्टॉक एक्सचेंजों के साथ किए गए सूचीबद्ध समझौतों के प्रावधानों, बैंकिंग कंपनियां (अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के प्रावधानों, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के प्रावधानों, सेबी आईसीडीआर विनियमों, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन (भारत के बाहर रहने वाले किसी व्यक्ति द्वारा सिक्योरिटी का ट्रांसफर या जारी किया जाना) विनियमन, 2000 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार, और प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, स्टॉक एक्सचेंजों, भारतीय रिज़र्व बैंक, विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय और अन्य सभी आवश्यक प्राधिकरणों (जिन्हें आगे चलकर सामूहिक रूप से "उपयुक्त प्राधिकरण" कहा गया है) की आवश्यक स्वीकृति, सहमति, अनुमति और/या अनुमोदनों (जिन्हें आगे चलकर "आवश्यक स्वीकृतियां" कहा गया है) के अधीन तथा उन प्राधिकरणों द्वारा स्वीकृति प्रदान करते समय लगाए गए नियमों व शर्तों के अधीन, निदेशक मंडल को यह अधिकार प्राप्त हो कि वह अपने पूर्ण विवेकाधिकार से, समय-समय पर, एक या एक से अधिक किस्तों में, ऐसे इक्विटी शेयर या अन्य कोई प्रतिभूतियां (वारंट को छोड़कर), जो बाद में इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय या अदला-बदली योग्य हों, इस प्रकार निर्गम, प्रस्तावित और आवंटित कर सके जिससे कि भारत सरकार की बैंक में इक्विटी शेयर पूंजी में हिस्सेदारी कभी भी 51% से कम न हो। यह निर्गम योग्य संस्थागत खरीदारों को, जैसा कि सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VI में परिभाषित किया गया है, के पक्ष में 'क्यूआईपी' के अंतर्गत, जो सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VI में प्रदान किया गया है, प्लेसमेंट डॉक्यूमेंट और/या अन्य किसी दस्तावेज/प्रस्ताव/परिपत्र/स्मरणपत्र के माध्यम से, उस समय प्रचलित कानूनों, सेबी आईसीडीआर विनियमों या अन्य प्रावधानों के अनुसार, निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित मूल्य, शर्तों और नियमों पर किया जा सके।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VI के अंतर्गत यदि योग्य संस्थागत प्लेसमेंट किया जाता है, तो –

ए. प्रतिभूतियों का आवंटन केवल ऐसे योग्य संस्थागत खरीदारों को किया जाएगा, जैसा कि सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VI में परिभाषित है, तथा ऐसी सभी प्रतिभूतियाँ पूर्णत: चुकता होंगी और इस प्रस्ताव के पारित होने की तिथि से 365 दिनों के भीतर उनका आवंटन पूर्ण किया जाएगा।

बी. बैंक, सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियमन 176(1) के अंतर्गत, न्यूनतम मूल्य के अनुसार निर्धारित मूल्य पर अधिकतम पाँच प्रतिशत की छूट के साथ शेयर जारी करने के लिए अधिकृत होगा।

सी. प्रतिभूतियों के न्यूनतम मूल्य का निर्धारण 'प्रासंगिक तिथि' के आधार पर किया जाएगा, जो कि सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार होगी।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि निदेशक मंडल को यह अधिकार और शक्ति प्रदान की जाती है कि वह भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, वह स्टॉक एक्सचेंज जहाँ बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं अथवा अन्य किसी उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा निर्गम, आवंटन तथा सूचीबद्धता के संबंध में स्वीकृति, सहमति, अनुमति अथवा अनुमोदन प्रदान करते समय आवश्यकतानुसार सुझाए या थोपे गए किसी भी संशोधन/परिवर्तन को स्वीकार कर सके, बशर्ते कि निदेशक मंडल द्वारा उसे स्वीकार किया गया हो।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि नए इक्विटी शेयरों / प्रतिभूतियों का निर्गम और आवंटन, यदि कोई किया जाता है, अनिवासी भारतीयों, विदेशी संस्थागत निवेशकों और/या अन्य पात्र विदेशी निवेशकों को, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वीकृति के अधीन होगा, यदि लागू हो, किन्तु अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समग्र सीमा के भीतर ही किया जाएगा।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रस्तावित नए इक्विटी शेयरों का निर्गम सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 (यथा संशोधित) के अधीन होगा तथा ये शेयर बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के साथ सभी प्रकार से समान दर्जे के होंगे और यदि कोई लाभांश घोषित किया जाता है, तो वे उस पर वैधानिक दिशा-निर्देशों के अनुसार, जो उस समय प्रभावी हों, लाभांश के पात्र होंगे।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि किसी भी इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम या आवंटन को प्रभावी रूप देने के उद्देश्य से, निदेशक मंडल को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह सार्वजनिक निर्गम की शर्तों का निर्धारण कर सके, जिसमें उन निवेशकों की श्रेणी, जिन्हें प्रतिभूतियां आवंटित की जानी हैं, प्रत्येक किस्त में आवंटित किए जाने वाले शेयरों/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि आदि शामिल हैं, और निदेशक मंडल जो कुछ भी आवश्यक, उचित या वांछनीय समझे, ऐसे सभी कार्य, कृत्य, विषय एवं कार्यवाहियां कर सके, तथा ऐसे विलेखों, दस्तावेजों और अनुबंधों को क्रियान्वित कर सके। साथ ही, यदि सार्वजनिक निर्गम, निर्गम, आवंटन और निर्गम से प्राप्त धन के उपयोग के संबंध में कोई प्रश्न, कठिनाई या संदेह उत्पन्न होता है, तो निदेशक मंडल उसे सुलझाने अथवा उसके लिए निर्देश/निर्देशों को अंतिम रूप देने के लिए अधिकृत होगा, तथा वह निर्गम की शर्तों एवं नियमों में संशोधन, परिवर्तन, विविधता, परिवर्तन, विलोपन या वृद्धि को, जैसा कि वह बैंक के सर्वोत्तम हित में अपने पूर्ण विवेकाधिकार से उपयुक्त समझे, स्वीकार और क्रियान्वित कर सकेगा, इसके लिए सदस्यों की किसी अतिरिक्त स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी, और इस प्रस्ताव द्वारा बैंक तथा निदेशक मंडल को प्रदत्त सभी या कोई भी अधिकार निदेशक मंडल द्वारा प्रयुक्त किए जा सकेंगे।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि निदेशक मंडल को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह किसी भी बुक रनर, लीड मैनेजर, बैंकर, अंडरराइटर, डिपॉजिटरी, रजिस्ट्रार, ऑडिटर तथा ऐसी

सभी एजेंसियों के साथ, जो इक्विटी/प्रतिभूतियों के इस प्रस्ताव में शामिल या संबद्ध हों, आवश्यक समस्त व्यवस्थाओं/संधियों में प्रविष्ट होने एवं उन्हें क्रियान्वित करने हेतु अधिकृत हो, तथा ऐसी संस्थाओं और एजेंसियों को कमीशन, ब्रोकरेज, शुल्क या अन्य किसी उपयुक्त रूप में पारिश्रमिक प्रदान करने हेतु भी अधिकृत हो; साथ ही वह इन एजेंसियों के साथ सभी आवश्यक समझौतों, अनुबंधों, ज्ञापनों, दस्तावेजों आदि में प्रविष्ट हो सके एवं उन्हें क्रियान्वित कर सके।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि उपर्युक्त प्रस्ताव को प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने हेतु, निदेशक मंडल को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह लीड मैनेजर्स, अंडरराइटर्स, सलाहकारों और/या बैंक द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों से परामर्श करके, निर्गम के स्वरूप और शर्तों का निर्धारण कर सके, जिसमें उन निवेशकों की श्रेणी जिन्हें शेयर/प्रतिभूतियां आवंटित की जानी हैं, प्रत्येक किस्त में आवंटित किए जाने वाले शेयरों/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि हो), अंकित मूल्य, निर्गम/ परिवर्तन/ वारंट्स के प्रयोग/ प्रतिभूतियों के रिडेम्पशन पर लगने वाला प्रीमियम, ब्याज दर, रिडेम्पशन अवधि, प्रतिभूतियों के परिवर्तन या रिडेम्पशन या निरस्तीकरण पर मिलने वाले इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम/परिवर्तन पर छूट या प्रीमियम, ब्याज की दर, परिवर्तन की अवधि, रिकॉर्ड तिथि या बुक क्लोजर की तिथि का निर्धारण एवं अन्य संबंधित या अनुषंगिक विषय, भारत में और/या विदेश में एक या अधिक स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्धता आदि शामिल हैं, जैसा कि निदेशक मंडल अपने पूर्ण विवेकाधिकार में उपयुक्त समझे।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि ऐसे शेयरों/ प्रतिभूतियों में से जो सदस्यता के लिए नहीं लिए गए हों, उन्हें निदेशक मंडल अपने पूर्ण विवेकाधिकार से, जैसा उसे उपयुक्त एवं विधिसम्मत लगे, उस प्रकार से निष्पादित करने के लिए अधिकृत होगा।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से निदेशक मंडल को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह अपने पूर्ण विवेकाधिकार से ऐसा कोई भी कार्य, कृत्य, विषय अथवा प्रक्रिया कर सके, जो वह आवश्यक, उचित अथवा वांछनीय समझे, तथा शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रश्न, कठिनाई या संदेह का समाधान कर सके। साथ ही निदेशक मंडल को यह अधिकार भी प्रदान किया जाता है कि वह अपने विवेकानुसार सभी आवश्यक, उपयुक्त अथवा सुविधाजनक दस्तावेजों एवं लेखों को अंतिम रूप देने, निष्पादित करने और लागू करने हेतु, कोई भी कार्य, कृत्य, विषय अथवा प्रक्रिया कर सके, और इसके लिए उसे पुन: किसी भी प्रकार की शेयरधारकों की सहमति या स्वीकृति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी, यह मानते हुए कि इस प्रस्ताव द्वारा शेयरधारकों ने स्पष्ट रूप से अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।"

"यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि निदेशक मंडल को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह इस प्रस्ताव के अंतर्गत उसे प्रदान किए गए सभी अथवा इनमें से किसी एक या अधिक अधिकारों को, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशक(गण), या ऐसे अन्य अधिकारी(गण) अथवा निदेशक मंडल की किसी समिति को, जिसे वह उपयुक्त समझे, इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाने हेतु प्रत्यायोजित कर सके।"

मद संख्या 9

एक शेयरधारक निदेशक का निर्वाचन.

बैंक के शेयरधारकों में से, केंद्रीय सरकार को छोड़कर, ऐसे एक निदेशक का चुनाव करना, जिसके संबंध में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार वैध नामांकन प्राप्त हुए हों। यह चुनाव बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा गया है) की धारा 9(3)(i), बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (जिसे आगे "विनियमन अधिनियम" कहा गया है), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970 (जिसे आगे "योजना" कहा गया है), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अंश एवं बैठकें) विनियम, 1998 (जिसे आगे "विनियम" कहा गया है), सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (जिसे आगे "सेबी सूचीबद्धता विनियम" कहा गया है) तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निर्देश दिनांक 28.11.2025 (वाणिज्यिक बैंक – शासन) निर्देश, 2025 एवं उनमें समय-समय पर किए गए संशोधनों, यदि कोई हों, के अनुसार किया जाएगा तथा इसके लिए निम्नलिखित **आम प्रस्ताव** पारित किया जाएगा:

"यह प्रस्ताव पारित किया गया कि श्री/श्रीमती _____, जिन्हें बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i), उसके अंतर्गत बनाई गई प्रासंगिक योजना एवं विनियमों, भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निर्देशों तथा अन्य लागू दिशानिर्देशों के अनुसार केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त शेयरधारकों में से निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया है, उन्हें एतद्द्वारा बैंक का निदेशक नियुक्त किया जाता है। वे 01 अगस्त, 2026 से अपना पदभार ग्रहण करेंगे तथा 31 जुलाई, 2029 तक, अर्थात् **तीन वर्ष की अवधि** के लिए इस पद पर बने रहेंगे।"

निदेशक मंडल के आदेश से

(चंद्रकांत भागवत)
कंपनी सचिव एवं
अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 23 जून, 2026
स्थान: मुंबई

टिप्पणियाँ:

1. सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अंतर्गत तैयार किया गया यह व्याख्यात्मक विवरण, बैठक में विचारार्थ रखे जाने वाले **व्यवसाय मद संख्या 3 से 9 से** संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को दर्शाता है, जिसे इसके साथ संलग्न किया गया है।

2. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम द्वारा एजीएम का आयोजन:

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अन्य प्रासंगिक परिपत्रों के साथ पठित 22 सितम्बर, 2025 के परिपत्र संख्या 3/2025 के अनुसार, बैंक 19वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम द्वारा कर रहा है, जिसमें सदस्यों की भौतिक उपस्थिति आवश्यक नहीं होगी। अत: सदस्य केवल वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ही एजीएम में भाग ले सकते हैं। वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को गणपूर्ति निर्धारित करने के उद्देश्य से उपस्थित माना जाएगा। मुंबई स्थित बैंक का केंद्रीय कार्यालय एजीएम आयोजित होने का स्थल माना जाएगा।

3. प्रॉक्सी की नियुक्ति

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998 के प्रावधानों के अनुसार, वार्षिक आम बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने का अधिकार रखने वाला सदस्य, अपने स्थान पर उपस्थित होने और मतदान करने हेतु किसी प्रॉक्सी को नियुक्त कर सकता है तथा प्रॉक्सी का बैंक का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। चूँकि यह एजीएम एमसीए के परिपत्रों के अनुसार वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, इसलिए सदस्यों को भौतिक उपस्थिति से छूट प्रदान की गई है। परिणामस्वरूप, इस एजीएम हेतु प्रॉक्सी नियुक्त करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए प्रॉक्सी प्रपत्र तथा उपस्थिति पर्ची सूचना-पत्र के साथ संलग्न नहीं किए गए हैं।

4. अधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

कोई भी व्यक्ति, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की किसी बैठक में कंपनी के विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में तब तक उपस्थित होने या मतदान करने का अधिकारी नहीं होगा, जब तक कि उसे अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त करने वाले प्रस्ताव की सत्यापित प्रति (जिस बैठक में वह प्रस्ताव पारित किया गया हो) बैंक को ई-मेल द्वारा investors@centralbank.bank.in पर बैठक की निर्धारित तिथि से कम-से-कम चार दिन पूर्व, अर्थात् **शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे तक** प्राप्त न हो जाए।

5. बैंक का कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी किसी शेयरधारक का अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया जाएगा।

6. 19वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना तथा एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजा जा रहा है, जिनके ई-मेल पते बैंक/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं। सदस्य यह भी ध्यान दें कि 19वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना तथा एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 बैंक की वेबसाइट https://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations; स्टॉक एक्सचेज की वेबसाइट अर्थात नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com और बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगा। सदस्य वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही एजीएम में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

बैंक उन शेयरधारकों को भी एक पत्र भेजेगा, जिनके ई-मेल पते बैंक/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं हैं, उस पत्र में वार्षिक रिपोर्ट तक पहुँचने के लिए वेब-लिंक तथा उसका पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाएगा।

7. वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बैंक द्वारा प्रदत्त अंतरिम लाभांश

बैंक के निदेशक मंडल ने ₹10/- अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों पर वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रत्येक तिमाही के लिए अंतरिम लाभांश घोषित किया था तथा बैंक द्वारा निर्धारित रिकॉर्ड तिथियों के अनुसार शेयरधारकों को उनकी शेयरधारिता के अनुपात में इसका भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक द्वारा घोषित एवं भुगतान किए गए अंतरिम लाभांश का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	लाभांश का प्रकार	बैंक के निदेशक मंडल द्वारा लाभांश घोषणा की तिथि	लाभांश (%)	प्रति इक्विटी शेयर लाभांश राशि (₹)
1	प्रथम अंतरिम लाभांश	19.07.2025	2%	0.20
2	द्वितीय अंतरिम लाभांश	17.10.2025	2%	0.20
3	तृतीय अंतरिम लाभांश	16.01.2026	2%	0.20
4	चतुर्थ अंतरिम लाभांश	30.04.2026	6%	0.60
		कुल	**12%**	**1.20**

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 12 के अनुसार, लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन शेयरधारकों को किया जाता है जिन्होंने अपनी केवाईसी एवं बैंक खाते का विवरण डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता के साथ अद्यतन किया है। लाभांश वारंट अथवा चेक के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। जहाँ भी लागू हो, बैंक द्वारा अंतरिम लाभांश के भुगतान के समय निर्धारित दरों के अनुसार स्रोत पर कर कटौती की गई है।

8. बैंक ने शेयरधारकों की शिकायतों के पंजीकरण हेतु एक विशेष ई-मेल आईडी investors@centralbank.bank.in निर्धारित की है। यदि किसी सदस्य को खातों अथवा एजीएम में प्रस्तुत किए जाने वाले किसी विषय के संबंध में जानकारी अपेक्षित हो तो वे बुधवार, दिनांक **22 जुलाई 2026** तक उपर्युक्त ई-मेल पते पर बैंक को लिख सकते हैं। बैंक द्वारा उचित रूप से उत्तर प्रदान किया जाएगा।

9. ई-मेल आईडी एवं बैंक खाते के विवरण का पंजीकरण

बैंक की एजीएम सूचना एवं एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु ई-मेल आईडी का पंजीकरण तथा लाभांश भुगतान के लिए बैंक खाते का विवरण अद्यतन करने की प्रक्रिया: यदि शेयरधारक की ई-मेल आईडी बैंक/उसके रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता (RTA)/डिपॉजिटरी के पास पहले से पंजीकृत है, तो ई-वोटिंग से संबंधित लॉग-इन विवरण पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दिए जाएंगे।

यदि किसी शेयरधारक ने बैंक/आरटीए/डिपॉजिटरी के पास अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है अथवा भविष्य में घोषित होने वाले लाभांश की प्राप्ति हेतु अपने बैंक खाते का अधिदेश अद्यतन नहीं किया है, तो निम्नलिखित निर्देशों का पालन किया जाए:

(i) कृपया बैंक के आरटीए एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (MUFG Intime India Pvt. Ltd.) की वेबसाइट पर लॉग-इन करें और Investor Services > Email/Bank Detail Registration अनुभाग में जाकर आवश्यक विवरण भरें, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें तथा आवेदन प्रस्तुत करें।

अथवा

(ii) **डीमैट स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए:** शेयरधारक अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी से संपर्क कर सकते हैं तथा डीमैट खाते में ई-मेल आईडी एवं बैंक खाते का विवरण, डीपी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करा सकते हैं।

(iii) **भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए:** जिन शेयरधारकों के शेयर भौतिक स्वरूप में हैं तथा जिनकी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं है, वे विधिवत भरा हुआ आईएसआर-1 (ISR-1) प्रपत्र तथा आवश्यक दस्तावेज एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रा. लि. को भेजकर अपनी ई-मेल आईडी एवं बैंक खाते का विवरण अद्यतन करा सकते हैं। पता: MUFG Intime India Pvt. Ltd. सी-101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400083 या फिर, विधिवत भरे हुए आईएसआर-1 प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रति ई-मेल द्वारा rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर भेज सकते हैं।

बैंक द्वारा प्रारंभ की गई "हरित पहल" के अनुरूप, भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल पते बैंक के आरटीए के पास पंजीकृत कराएं। वहीं, डीमैट स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के पास अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत कराएं।

10. बैंक के शेयरधारकों द्वारा पैन, केवाईसी, बैंक विवरण एवं नामांकन का अद्यतन:

सेबी ने अपने मास्टर परिपत्र संख्या HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/I/4298/2026 दिनांक 06 फरवरी, 2026 के माध्यम से निवेशकों के सेवा अनुरोधों के निस्तारण तथा आरटीए द्वारा पैन, उनका केवाईसी विवरण एवं नामांकन संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए सरल एवं मानकीकृत प्रक्रिया संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि यदि उन्होंने केवाईसी विवरण एवं नामांकन विकल्प को अद्यतन नहीं कराया है, तो वे बैंक के आरटीए के पास निम्नलिखित प्रपत्र जमा करें:

क्रम संख्या	प्रपत्र	उद्देश्य
1	प्रपत्र ISR-1	पैन एवं केवाईसी विवरण का पंजीकरण/अद्यतन
2	प्रपत्र ISR-2	बैंक द्वारा प्रतिभूति धारक के हस्ताक्षर की पुष्टि
3	प्रपत्र ISR-3	नामांकन न करने (Opting-out) संबंधी घोषणा पत्र
4	प्रपत्र SH-13	नामांकन प्रपत्र
5	प्रपत्र SH-14	नामांकन का निरस्तीकरण अथवा परिवर्तन

उपरोक्त सभी प्रपत्र (ISR-1, ISR-2, ISR-3, SH-13 एवं SH-14) तथा सेबी का उक्त परिपत्र बैंक की वेबसाइट http://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations पर उपलब्ध है।

बैंक के आरटीए एवं निवेशक संबंध प्रभाग का संपर्क विवरण निम्नलिखित है:

इक्विटी शेयरों के लिए रजिस्ट्रार एवं अंतरण अभिकर्ता
एमयूएफजी इटाइम इंडिया प्रा. लि.
(पूर्व नाम: लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि.)
सी-101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग,
विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400083
दूरभाष: 022-4918 6270
ई-मेल: rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com

बैंक के साथ पत्राचार हेतु पता

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
9वीं मंजिल, चंदरमुखी, नरीमन प्वाइंट, मुंबई – 400021
दूरभाष: 022-6638 7575 / 7818
ई-मेल: investors@centralbank.bank.in

11. भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए सूचना:

जैसा कि आप जानते हैं, भौतिक स्वरूप में रखे गए शेयरों का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता। अत: शेयरधारकों को तरलता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपने शेयरों को डीमैट (Dematerialised) स्वरूप में परिवर्तित करा लें।

डीमैट स्वरूप में शेयर रखने के निम्नलिखित लाभ हैं:

- अनेक कंपनियों की प्रतिभूतियों को रखने का सुरक्षित एवं सुविधाजनक माध्यम।
- भौतिक शेयर प्रमाण-पत्रों से जुड़े जोखिमों से मुक्ति, जैसे—प्रमाण-पत्रों का खो जाना, प्रमाण-पत्रों का क्षतिग्रस्त होना, गलत वितरण, जाली अथवा कूटरचित प्रमाण-पत्र/पृष्ठांकन आदि।
- प्रतिभूतियों का सरल एवं त्वरित अंतरण।
- डीमैट स्वरूप में प्रतिभूतियों के अंतरण पर स्टाम्प शुल्क देय नहीं होता।
- अधिकार निर्गम(Rights Issue), बोनस शेयर, स्टॉक स्प्लिट आदि लाभों एवं कॉर्पोरेट कार्यवाहियों का सीधा क्रेडिट शेयरधारक के डीमैट खाते में प्राप्त होता है।

12. भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुन: प्रस्तुत करने हेतु विशेष अवधि

सेबी के दिनांक 30 जनवरी, 2026 के परिपत्र के अनुसार, बैंक के शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने भौतिक शेयरों के अंतरण संबंधी लंबित अनुरोधों को, जो सभी प्रकार से पूर्ण हों, बैंक के आरटीए के पास 04 फरवरी, 2027 तक प्रस्तुत कर दें। इसके लिए 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक विशेष अवधि (Special Window) उपलब्ध कराई गई है, जिससे उन भौतिक शेयरों के अंतरण अनुरोधों को पुन: प्रस्तुत किया जा सके, जो 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व जमा किए गए थे किन्तु दस्तावेज़ों अथवा प्रक्रिया में कमी के कारण अस्वीकृत, वापस कर दिए गए अथवा लंबित रह गए थे।

13. ऑनलाइन विवाद समाधान तंत्र (SMART ODR)

सेबी द्वारा 31 जुलाई, 2023 को जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/OIAE/OIAE_IAD-1/P/CIR/2023/131 तथा 04 अगस्त, 2023 को जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/OIAE/OIAE_IAD-1/P/CIR/2023/135, जिन्हें 31 जुलाई, 2023 के मास्टर परिपत्र (11 अगस्त, 2023 तक अद्यतन) के साथ पढ़ा जाए, के अनुसार भारतीय प्रतिभूति बाजार से संबंधित विवादों के समाधान हेतु एक साझा ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल (ODR Portal) स्थापित किया गया है। उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, आरटीए/बैंक के समक्ष उपलब्ध शिकायत निवारण विकल्पों तथा वर्तमान SCORES मंच का उपयोग करने के बाद भी यदि विवाद का समाधान नहीं होता है, तो निवेशक ODR पोर्टल के माध्यम से विवाद समाधान की प्रक्रिया आरंभ कर सकते हैं।

14. अदावा लाभांश / शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में हस्तांतरण

बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10B के अनुसार, जो लाभांश भुगतान की तिथि से सात वर्ष तक अवैतनिक या अप्राप्त रहता है, उसे निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। इसके पश्चात उस राशि के भुगतान के संबंध में बैंक के विरुद्ध कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा। उपरोक्त के अनुपालन में, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 तक घोषित सभी अवैतनिक अथवा अदावा लाभांशों को उक्त निधि में स्थानांतरित कर दिया है। जिन शेयरधारकों के अदावा लाभांश आईईपीएफ में स्थानांतरित किए जा चुके हैं, वे आईईपीएफ की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध वेब प्रपत्र आईईपीएफ-5 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर उक्त राशि का दावा कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10B में किए गए संशोधन के अनुसार, वे सभी इक्विटी शेयर जिन पर घोषित लाभांश लगातार सात वर्षों अथवा उससे अधिक अवधि तक अप्राप्त अथवा दावा न किया गया हो, उन्हें भी आईईपीएफ में स्थानांतरित किया जाएगा।

इस प्रावधान के अनुपालन में बैंक उन शेयरधारकों के अदावाकृत शेयरों को जिन्होंने पिछले सात वर्षों अथवा उससे अधिक अवधि तक लाभांश का दावा नहीं किया है, आईईपीएफ में स्थानांतरित करने के लिए बाध्य है। वित्तीय वर्ष 2014-15 तक के अदावा लाभांशों का विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। ऐसे शेयरों को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। भविष्य में इन शेयरों पर प्राप्त होने वाले सभी लाभ भी आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित किए जाएंगे। कृपया ध्यान दें कि आईईपीएफ में स्थानांतरित किए गए शेयरों के संबंध में बैंक के विरुद्ध कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

15. मतदान अधिकार

बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (2E) के अनुसार, केंद्र सरकार को छोड़कर संबंधित नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के 10 प्रतिशत से अधिक के संबंध में अपने द्वारा धारित किसी भी शेयर पर

मतदान अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार नहीं होगा। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998 के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के संयुक्त नाम में दर्ज है, तो मतदान के उद्देश्य से रजिस्टर में प्रथम नामित व्यक्ति को ही उस शेयर का एकमात्र धारक माना जाएगा। अत:, यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम पर हैं, तो केवल प्रथम नामित व्यक्ति ही एजीएम में भाग लेने तथा कार्यसूची पर मतदान करने का अधिकारी होगा। मतदान रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम में किया जा सकता है, बशर्ते मतदान अधिकार का प्रयोग पहले से रिमोट ई-वोटिंग द्वारा न किया गया हो।

16. मतदान हेतु कट-ऑफ / रिकॉर्ड तिथि

1. बैंक के वे शेयरधारक, जो **शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026** (कट-ऑफ तिथि) को भौतिक अथवा डीमैट रूप में शेयर धारक होंगे, कार्यसूची की **मद संख्या 1 से 8 तक** पर मतदान करने के पात्र होंगे।
2. बैंक के वे शेयरधारक, जो **शुक्रवार, 26 जून, 2026** (कट-ऑफ तिथि) को भौतिक अथवा डीमैट स्वरूप में शेयर धारक होंगे, कार्यसूची की **मद संख्या 9** पर मतदान करने के पात्र होंगे।

17. रिमोट ई-वोटिंग:

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44(1), कंपनियाँ (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 (संशोधित रूप से) तथा सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के सेबी परिपत्र के अनुपालन में, बैंक वैकल्पिक मतदान व्यवस्था के रूप में रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है, जिससे सदस्यों को अपने मत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रदान करने में सुविधा होगी। रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैंक द्वारा बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता **एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** के साथ आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं।

दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD/CIR/P/2020/242, जो सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई-वोटिंग सुविधा से संबंधित है, के अनुसार मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी व्यक्तिगत डीमैट खाता धारकों के लिए उनके डीमैट खातों/ डिपॉजिटरी अथवा डीपी की वेबसाइटों के माध्यम से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल द्वारा ई-वोटिंग प्रक्रिया सक्षम की गई है। व्यक्तिगत डीमैट खाता धारक ई-वोटिंग सेवा प्रदाता ("ईएसपी") के साथ पुन: पंजीकरण कराए बिना ही अपना मत प्रदान कर सकेंगे, जिससे न केवल निर्बाध प्रमाणीकरण सुनिश्चित होगा, बल्कि ई-वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने में सरलता एवं सुविधा भी प्राप्त होगी। शेयरधारकों को ई-वोटिंग सुविधा का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने डीपी के साथ अपना मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी अद्यतन करने की सलाह दी जाती है।

रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 27 जुलाई, 2026 को प्रात: 10.00 बजे प्रारंभ होगी और गुरुवार, 30 जुलाई, 2026 को सायं 05.00 बजे समाप्त होगी। इसके पश्चात मतदान हेतु एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

डीमैट मोड/भौतिक मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया, निर्देश तथा लॉगिन करने की विधि निम्नलिखित है:

दिनांक 11 नवम्बर, 2024 के सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD2/CIR/P/0155 के अनुसार, डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी एवं डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास अनुरक्षित अपने डीमैट खाते के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है।

डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए लॉगिन की विधि :

एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक

विधि 1 - एनएसडीएल ओटीपी आधारित लॉगिन

ए) यूआरएल पर जाएँ: https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/evoting/evotinglogin.jsp

बी) अपना 8-अक्षरीय डीपी आईडी, 8-अंकीय क्लाइंट आईडी, पैन, सत्यापन कोड दर्ज करें तथा ओटीपी जनरेट करें।

सी) अपने पंजीकृत ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें और "लॉगिन" पर क्लिक करें।

डी) सफल प्रमाणीकरण के उपरांत आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी की वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, जहाँ आप मूल्य संवर्धित सेवाओं के अंतर्गत ई-वोटिंग सेवाएँ देख सकेंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के अंतर्गत "Access to e-Voting" पर क्लिक करें।

ई) "एमयूएफजी इनटाइम" अथवा कंपनी के नाम के साथ प्रदर्शित "ई-वोटिंग" लिंक पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान मतदान करने हेतु 'इंस्टा वोट' वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित कर दिया जाएगा।

विधि 2 - एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा

आईडीईएएस सुविधा के लिए पंजीकृत शेयरधारक :

ए) यूआरएल https://eservices.nsdl.com पर जाएँ तथा "IDeAS अनुभाग" के अंतर्गत "Beneficial Owner" आइकन पर क्लिक करें।

बी) अपना IDeAS यूज़र आईडी, पासवर्ड तथा सत्यापन कोड दर्ज करें और "लॉगइन" पर क्लिक करें।

सी) सफल प्रमाणीकरण के उपरांत आप मूल्य संवर्धित सेवाएँ अनुभाग के अंतर्गत ई-वोटिंग सेवाएँ देख सकेंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के अंतर्गत "Access to e-Voting" पर क्लिक करें।

डी) "एमयूएफजी इनटाइम" अथवा कंपनी के नाम के साथ प्रदर्शित "e-voting" लिंक पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान मतदान करने हेतु इंस्टावोट वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित कर दिया जाएगा।

आईडीईएएस सुविधा के अन्तर्गत गैर पंजीकृत शेयरधारक:

ए) पंजीकरण के लिए यूआरएल https://eservices.nsdl.com पर जाएँ तथा "Register Online for IDeAS Portal" का चयन करें अथवा https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें।

बी) अपना 8-अक्षरीय डीपी आईडी, 8-अंकीय क्लाइंट आईडी, मोबाइल नंबर तथा सत्यापन कोड दर्ज करें और "Submit" पर क्लिक करें।

सी) अपने बैंक खाते के अंतिम 4 अंक दर्ज करें / 'ओटीपी' जनरेट करें।

डी) सफल पंजीकरण के उपरांत उपयोगकर्ता को लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्रदान किया जाएगा।

ई) उपर्युक्त बिंदु (ए) से (डी) में दिए गए चरणों का पालन करें.

Shareholders/ Members can also download NSDL Mobile App "NSDL Speed" facility by scanning the QR code mentioned below for seamless voting experience

App Store Google Play

विधि 3 - एनएसडीएल ई-वोटिंग वेबसाइट

ए) यूआरएल https://www.evoting.nsdl.com पर जाएँ।

बी) 'Shareholder/Member' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध "Login" टैब पर क्लिक करें।

सी) यूज़र आईडी (अर्थात् एनएसडीएल के साथ धारित आपके डीमैट खाते की 16-अंकीय संख्या), पासवर्ड/ओटीपी तथा स्क्रीन पर प्रदर्शित सत्यापन कोड दर्ज करें और "Login" पर क्लिक करें।

डी) सफल प्रमाणीकरण के उपरांत आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी की वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित किया जाएगा, जहाँ आप मूल्य संवर्धित सेवाओं के अंतर्गत ई-वोटिंग सेवाएँ देख सकेंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के अंतर्गत "Access to e-Voting" पर क्लिक करें।

ई) "एमयूएफजी इनटाइम" अथवा कंपनी के नाम के साथ प्रदर्शित "e-voting" लिंक पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान मतदान करने हेतु इंस्टावोट वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित कर दिया जाएगा।

सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक

विधि 1 - सीडीएसएल ई-वोटिंग पृष्ठ

ए) यूआरएल https://www.cdslindia.com पर जाएँ।

बी) ई-वोटिंग टैब पर जाएँ।

सी) 16-अंकीय डीमैट खाता संख्या (बीओ आईडी) तथा पैन संख्या दर्ज करें और "Submit" पर क्लिक करें।

डी) प्रणाली डीमैट खाते में दर्ज पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं ई-मेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता का प्रमाणीकरण करेगी।

ई) सफल प्रमाणीकरण के उपरांत उपयोगकर्ता ई-वोटिंग विकल्प देख सकेगा। ई-वोटिंग विकल्प में ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं अर्थात् "एमयूएफजी इनटाइम" के लिंक उपलब्ध होंगे। "एमयूएफजी इनटाइम" अथवा कंपनी के नाम के साथ प्रदर्शित "e-voting" लिंक पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान मतदान करने हेतु इंस्टा वोट वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित कर दिया जाएगा।

विधि 2 - सीडीएसएल ईज़ी/ईज़ीएस्ट सुविधा

ईज़ी/ईज़ीएस्ट सुविधा के लिए पंजीकृत शेयरधारक:

ए) यूआरएल https://web.cdslindia.com/myeasitoken/Home/Login पर जाएँ अथवा www.cdslindia.com पर जाकर "Login" पर क्लिक करें और "My Easi New (Token)" का चयन करें।

बी) अपना वर्तमान यूज़रनेम एवं पासवर्ड दर्ज करें और "Login" पर क्लिक करें।

सी) सफल प्रमाणीकरण के उपरांत उपयोगकर्ता ई-वोटिंग विकल्प देख सकेगा। ई-वोटिंग विकल्प में ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं अर्थात् एमयूएफजी इनटाइम के लिंक उपलब्ध होंगे। "एमयूएफजी इनटाइम" अथवा कंपनी के नाम के साथ प्रदर्शित "e-voting" लिंक पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान मतदान करने हेतु इंस्टा वोट वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित कर दिया जाएगा।

ईज़ी/ईज़ीएस्ट सुविधा के लिए पंजीकृत नहीं होने वाले शेयरधारक:

ए) पंजीकरण हेतु यूआरएल https://web.cdslindia.com/myeasitoken/Home/EasiRegistration अथवा https://web.cdslindia.com/myeasitoken/Home/EasiestRegistration पर जाएँ।

बी) पंजीकरण के लिए आवश्यक विवरण/फील्ड अद्यतन करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

सी) सफल पंजीकरण के उपरांत उपयोगकर्ता को उसके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर यूज़रनेम एवं पासवर्ड प्रदान किया जाएगा। इसके बाद उपर्युक्त बिंदु (ए) से (सी) में दिए गए चरणों का पालन करें।

डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ डीमैट स्वरूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक

व्यक्तिगत शेयरधारक ई-वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं।

ए) डीपी (डिपॉजिटरी प्रतिभागी) की वेबसाइट पर लॉगिन करें।

बी) सफल लॉगिन के उपरांत उपयोगकर्ता "e-voting" विकल्प पर जाए।

सी) "e-voting" विकल्प पर क्लिक करें। सफल प्रमाणीकरण के पश्चात उपयोगकर्ता एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी की वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित हो जाएगा, जहाँ वह ई-वोटिंग सुविधा

देख सकेगा।

डी) सफल प्रमाणीकरण के उपरांत "एमयूएफजी इनटाइम" अथवा कंपनी के नाम के साथ प्रदर्शित "e-voting" लिंक पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान मतदान करने हेतु इंस्टा वोट वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित कर दिया जाएगा।

भौतिक मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले शेयरधारकों / डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए लॉगिन की विधि।

ई-वोटिंग हेतु निर्धारित तिथि के अनुसार भौतिक मोड में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक / डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक निम्नानुसार इंस्टा वोट पर पंजीकरण कर मतदान कर सकते हैं :

चरण 1 : इंस्टा वोट पर लॉगिन / साइन-अप

इंस्टा वोट सुविधा के लिए पंजीकृत शेयरधारक :

ए) यूआरएल https://instavote.linkintime.co.in पर जाएँ तथा 'SHARE HOLDER' टैब के अंतर्गत "Login" पर क्लिक करें।

बी) निम्नानुसार विवरण दर्ज करें :

InstaVote USER ID	
NSDL	User ID is 8 Character DP ID followed by 8 Digit Client ID (e.g.IN123456) and 8 digit Client ID (eg.12345678).
CDSL	User ID is 16 Digit Beneficiary ID.
Shares held in physical form	User ID is Event No + Folio no. registered with the Company

1. यूजर आईडी: यूज़र आईडी दर्ज करें
2. पासवर्ड: वर्तमान पास्वर्ड दर्ज करें
3. इमेज सत्यापन (कैप्चा) कोड दर्ज करें".
4. Submit पर क्लिक करें.

(ई-वोटिंग का होम पेज खुल जाएगा। इसके पश्चात "प्रस्तावों पर मतदान करने के चरण" के अंतर्गत दी गई प्रक्रिया का पालन करें।)

इंस्टा वोट सुविधा के लिए गैर पंजीकृत शेयरधारक:

ए) यूआरएल https://instavote.linkintime.co.in पर जाएँ तथा 'SHARE HOLDER' टैब के अंतर्गत "Sign Up" पर क्लिक करें और निम्नानुसार विवरण भरकर पंजीकरण करें :

InstaVote USER ID	
NSDL	User ID is 8 Character DP ID followed by 8 Digit Client ID (e.g.IN123456) and 8 digit Client ID (eg.12345678).
CDSL	User ID is 16 Digit Beneficiary ID.
Shares held in physical form	User ID is Event No + Folio no. registered with the Company

1. यूज़र आईडी: यूज़र आईडी दर्ज करें
2. पैन: अपना 10-अंकीय स्थायी खाता संख्या दर्ज करें। (जिन शेयरधारकों ने अपना पैन डिपॉजिटरी प्रतिभागी/कंपनी के साथ अद्यतन नहीं किया है, वे लागू होने पर उन्हें प्रदान की गई अनुक्रम संख्या का उपयोग करें।)
3. जन्म तिथि/निगमन तिथि : अपनी जन्म तिथि / निगमन तिथि DD/MM/YYYY प्रारूप में दर्ज करें (जैसा कि आपके डीपी/कंपनी के अभिलेखों में दर्ज है)
4. बैंक खाता संख्या: अपने बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्ज करें, जैसा कि आपके डीपी/कंपनी के अभिलेखों में दर्ज है।
   - **एनएसडीएल फॉर्म में** शेयर धारित करने वाले शेयरधारक उपर्युक्त बिंदु 4 में दी गई जानकारी प्रदान करेंगे।.
   - **सीडीएसएल फॉर्म में** शेयर धारित करने वाले शेयरधारक उपर्युक्त बिंदु 3 अथवा बिंदु 4 में दी गई जानकारी प्रदान करेंगे।
   - **भौतिक रूप** में शेयर धारित करने वाले ऐसे शेयरधारक, जिनके लिए उपर्युक्त बिंदु 3 एवं बिंदु 4 में उल्लिखित विवरण अभिलेखित नहीं हैं, वे उपर्युक्त बिंदु 4 में अपने फोलियो नंबर का उल्लेख करेंगे।
5. अपनी पसंद का पासवर्ड निर्धारित करें।

   (पासवर्ड में न्यूनतम 8 अंक होने चाहिए तथा उसमें कम से कम एक विशेष वर्ण (!#$&★), एक अंक, एक अक्षर तथा एक कैपिटल अक्षर होना आवश्यक है।)
6. **इमेज सत्यापन (कैप्चा) कोड** दर्ज करें।
7. सबमिट पर क्लिक करें" (अब आपका इंस्टा वोट पर पंजीकरण हो चुका है।)

   सफल पंजीकरण के उपरांत 'SHARE HOLDER' टैब के अंतर्गत "Login" पर क्लिक करें तथा उपर्युक्त बिंदु **(ए) से (बी)** में दिए गए चरणों का पालन करें।

चरण 2 : इंस्टा वोट के माध्यम से प्रस्तावों पर मतदान करने के चरण

ए. सफल प्रमाणीकरण तथा इंस्टा वोट इनबॉक्स पेज पर पुनर्निर्देशन के उपरांत, आप "Notification for e-voting" देख सकेंगे।

बी. 'View' आइकन का चयन करें। ई-वोटिंग पेज प्रदर्शित हो जाएगा।

सी. प्रस्ताव के विवरण को देखें और 'पक्ष में' / 'विपक्ष में' में से अपनी इच्छित विकल्प का चयन कर मतदान करें। (यदि आप प्रस्ताव का पूर्ण विवरण देखना चाहते हैं, तो 'View Resolution' फ़ाइल लिंक पर क्लिक करें।)

डी. इच्छित विकल्प अर्थात् 'पक्ष' / 'विपक्ष' का चयन करने के बाद 'Submit' पर क्लिक करें।

ई. एक पुष्टि बॉक्स प्रदर्शित होगा। यदि आप अपने मत की पुष्टि करना चाहते हैं, तो 'Yes' पर क्लिक करें; अन्यथा अपना मत बदलने के लिए 'No' पर क्लिक करें और तदनुसार अपने मत में संशोधन करें।

नोट : शेयरधारक मतदान करने से पूर्व "Vote as per Proxy Advisor's Recommendation" विकल्प पर क्लिक कर प्रत्येक प्रस्ताव के संबंध में प्रॉक्सी सलाहकार की अनुशंसाओं को देख सकते हैं। "Vote as per Proxy Advisor's Recommendation" विकल्प ई-वोटिंग प्रक्रिया के दौरान विशेषज्ञों की राय एवं सुझावों तक पहुँच

प्रदान करता है। अंतिम रूप से मत प्रस्तुत करने से पूर्व शेयरधारक अपने मत में संशोधन कर सकते हैं।

एक बार किसी प्रस्ताव पर अपना मत प्रदान करने के पश्चात, आप उसमें कोई संशोधन अथवा परिवर्तन नहीं कर सकेंगे।

गैर-व्यक्तिगत निगमित निकाय शेयरधारक अपने प्रतिनिधि को मतदान हेतु प्राधिकृत करने वाले बोर्ड प्रस्ताव की स्कैन की हुई प्रति, जांचकर्ता के पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजेंगे तथा उसकी प्रति रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता (आरटीए) को enotices@in.mpms.mufg.com पर तथा कंपनी के पंजीकृत ई-मेल पते पर भी प्रेषित करेंगे।

संस्थागत शेयरधारकों ("अभिरक्षक/ निगमित निकाय/ म्यूचुअल फंड") के लिए दिशानिर्देश

चरण 1 – अभिरक्षक/ निगमित निकाय / म्यूचुअल फंड का पंजीकरण

ए. यूआरएल https://instavote.linkintime.co.in पर जाएँ।

बी. "अभिरक्षक/ निगमित निकाय/ म्यूचुअल फंड" के अंतर्गत "Sign Up" पर क्लिक करें।

सी. अपनी संस्था/निकाय से संबंधित विवरण भरें और फॉर्म जमा करें।

डी. एक घोषणा-पत्र तथा संस्था आईडी तैयार होकर प्राथमिक संपर्क व्यक्ति के ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी (जो साइन-अप के समय दर्ज की गई है)। उक्त फॉर्म पर संस्था के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, निदेशक अथवा कंपनी सचिव द्वारा हस्ताक्षर किए जाएँगे तथा संस्था की मुहर लगाकर उसे insta.vote@linkintime.co.in पर भेजा जाएगा।

ई. इसके उपरांत लॉगिन क्रेडेंशियल (यूज़र आईडी, ऑर्गनाइजेशन आईडी एवं पासवर्ड) प्राथमिक संपर्क व्यक्ति के ई-मेल आईडी पर भेज दिए जाएँगे। (अब आपका इंस्टा वोट पर पंजीकरण पूर्ण हो चुका है।)

चरण 2 – निवेशक मैपिंग

ए. यूआरएल https://instavote.linkintime.co.in पर जाएँ तथा अपने **इंस्टा वोट लॉगिन क्रेडेंशियल** का उपयोग करके लॉगिन करें।

बी. मेन्यू अनुभाग के अंतर्गत "Investor Mapping" टैब पर क्लिक करें।

सी. निम्नलिखित विवरणों के साथ निवेशक की मैपिंग करें:

1. 'निवेशक आईडी' – एनएसडीएल डीमैट खाते के लिए निवेशक आईडी 8-अक्षरीय डीपी आईडी के बाद 8-अंकीय क्लाइंट आईडी होगी, अर्थात् IN00000012345678. सीडीएसएल डीमैट खाते के लिए निवेशक आईडी 16-अंकीय लाभार्थी आईडी होगी।
2. 'निवेशक का नाम' – डीपी के अभिलेखों में अद्यतन नाम के अनुसार निवेशक का नाम दर्ज करें।
3. 'निवेशक का पैन'– अपना 10-अंकीय पैन दर्ज करें।
4. 'पावर ऑफ अटॉर्नी' – बोर्ड प्रस्ताव अथवा पावर ऑफ अटॉर्नी की प्रति संलग्न करें।

नोट : बोर्ड प्रस्ताव/पावर ऑफ अटॉर्नी की फ़ाइल का नाम डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी अथवा 16-अंकीय लाभार्थी आईडी के अनुसार होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, अभिरक्षक एवं म्यूचुअल फंड को अपने नमूना हस्ताक्षर भी अपलोड करने होंगे।

डी. "Submit" बटन पर क्लिक करें। (अब निवेशक की मैपिंग अभिरक्षक / निगमित निकाय / म्यूचुअल फंड इकाई के साथ हो जाएगी) इसकी जानकारी "Report" अनुभाग के अंतर्गत देखी जा सकती है।

चरण 3 – इंस्टा वोट के माध्यम से प्रस्तावों पर मतदान करने के चरण

निगमित शेयरधारक रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान निम्नलिखित दो विधियों से मतदान कर सकता है.

विधि 1 – मत प्रविष्टि

ए) यूआरएल https://instavote.linkintime.co.in पर जाएँ तथा अपने इंस्टा वोट लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके लॉगिन करें।

बी) मेन्यू अनुभाग के अंतर्गत "Votes Entry" टैब पर क्लिक करें।

सी) उस "Event No." को दर्ज करें, जिसके लिए आप मतदान करना चाहते हैं।

Event No. को इंस्टा वोट के होम पेज पर "On-going Events" के अंतर्गत देखा जा सकता है।

डी) 16-अंकीय डीमैट खाता संख्या दर्ज करें।

ई) प्रस्ताव का विवरण देखें तथा 'पक्ष' / 'विपक्ष' में से अपनी इच्छित विकल्प का चयन कर मतदान करें। (यदि आप प्रस्ताव का संपूर्ण विवरण देखना चाहते हैं, तो 'View Resolution' फ़ाइल लिंक पर क्लिक करें।) इच्छित विकल्प अर्थात् 'पक्ष' / 'विपक्ष' का चयन करने के बाद 'Submit' पर क्लिक करें।

एफ) एक पुष्टि बॉक्स प्रदर्शित होगा। यदि आप अपने मत की पुष्टि करना चाहते हैं, तो 'Yes' पर क्लिक करें; अन्यथा अपना मत बदलने के लिए 'No' पर क्लिक करें और तदनुसार अपने मत में संशोधन करें।

(एक बार किसी प्रस्ताव पर अपना मत प्रदान करने के पश्चात, आप उसमें कोई संशोधन अथवा परिवर्तन नहीं कर पायेंगे)

विधि 2 – मत अपलोड

ए) यूआरएल https://instavote.linkintime.co.in पर जाएँ तथा अपने इंस्टा लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके लॉगिन करें।

बी) सफल लॉगिन के उपरांत आपको "Notification for e-voting" दिखाई देगा।

सी) "Company's Name / Event Number" के लिए "View" आइकन का चयन करें।

डी) ई-वोटिंग पृष्ठ प्रदर्शित हो जाएगा।

ई) "Download Sample Vote File" टैब से नमूना मतदान फ़ाइल डाउनलोड करें।

एफ) नमूना मतदान फ़ाइल में 'पक्ष' / 'विपक्ष' में से अपनी इच्छित विकल्प का चयन करके अपना मत दर्ज करें तथा उसी फ़ाइल को "Upload Vote File" विकल्प के अंतर्गत अपलोड करें।

जी) 'Submit' पर क्लिक करें। 'Data uploaded successfully' का संदेश प्रदर्शित होगा।

(एक बार किसी प्रस्ताव पर अपना मत प्रदान करने के पश्चात, आप उसमें कोई संशोधन अथवा परिवर्तन नहीं कर पायेंगे)

नोट: गैर-व्यक्तिगत निगमित निकाय शेयरधारक अपने प्रतिनिधि को मतदान हेतु प्राधिकृत करने वाले बोर्ड प्रस्ताव की स्कैन प्रति जांचकर्ता के पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजेंगे तथा उसकी प्रति रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता (आरटीए) को enotices@in.mpms.mufg.com पर तथा कंपनी के पंजीकृत ई-मेल पते पर भी प्रेषित करेंगे।

हेल्पडेस्क :

भौतिक स्वरूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले शेयरधारक / डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक :

भौतिक मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले शेयरधारक / डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक, यदि लॉगिन करने में किसी तकनीकी समस्या का सामना करते हैं, तो वे इंस्टा वोट हेल्पडेस्क से enotices@in.mpms.mufg.com पर अनुरोध भेजकर अथवा निम्नलिखित दूरभाष संख्या पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं : दूरभाष : 022 – 4918 6000.

डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक:


डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक डिपॉजिटरी अर्थात् एनएसडीएल तथा सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या हेतु संबंधित हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

लॉगिन प्रकार	हेल्पडेस्क जानकारी
एनएसडीएल के पास डीमैट रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर सदस्य अपनी समस्या का विवरण evoting@nsdl.co.in ई-मेल पर भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं अथवा 022 - 4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं।
सीडीएसएल के पास डीमैट रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर सदस्य अपनी समस्या का विवरण helpdesk.evoting@cdslindia.com ई-मेल पर भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं अथवा टोल-फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

पासवर्ड भूलने की स्थिति में:

भौतिक रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक/ डीमैट रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक:

यदि भौतिक रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक / डीमैट रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक अपना उपयोगकर्ता आईडी [लॉगिन आईडी] अथवा पासवर्ड या दोनों भूल गए हों, तो वे https://instavote.linkintime.co.in पर उपलब्ध "Forgot Password" विकल्प का उपयोग कर सकते हैं।:



- 'शेयरधारक' टैब के अंतर्गत "Login" पर क्लिक करें।
- इसके पश्चात "Forgot Password?" पर क्लिक करें।
- उपयोगकर्ता आईडी दर्ज करें, मोड का चयन करें तथा कैप्चा कोड दर्ज करें।
- "Submit" पर क्लिक करें।

यदि कस्टोडियन / कॉर्पोरेट निकाय / म्यूचुअल फंड अपना उपयोगकर्ता आईडी [लॉगिन आईडी] अथवा पासवर्ड या दोनों भूल गए हों, तो वे https://instavote.linkintime.co.in पर उपलब्ध "Forgot Password" विकल्प का उपयोग कर सकते हैं

- "कस्टोडियन/ कॉर्पोरेट निकाय / म्यूचुअल फंड" टैब के अंतर्गत "लॉगिन" पर क्लिक करें।
- इसके पश्चात "Forgot Password?" पर क्लिक करें।
- उपयोगकर्ता आईडी, संगठन आईडी तथा कैप्चा कोड दर्ज करें।
- "Submit" पर क्लिक करें।

यदि शेयरधारकों का वैध ई-मेल पता पंजीकृत है, तो पासवर्ड उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दिया जाएगा। शेयरधारक सुरक्षा प्रश्न एवं उत्तर, पैन, जन्म तिथि/निगमन तिथि आदि का विवरण प्रदान करके अपनी पसंद का पासवर्ड निर्धारित कर सकते हैं। पासवर्ड में न्यूनतम 8 वर्ण होने चाहिए तथा उसमें कम से कम एक विशेष चिन्ह (!#$&★), एक अंक, एक अल्फाबेट अक्षर और एक कैपिटल लेटर अवश्य होना चाहिए।

एनएसडीएल/सीडीएसएल के पास डीमैट रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक जो अपना पासवर्ड भूल गए हों:

डीमैट रूप में प्रतिभूतियाँ धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों द्वारा यदि अपना उपयोगकर्ता आईडी [लॉगिन आईडी] अथवा पासवर्ड या दोनों भूल गए हों, तो उन्हें संबंधित डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी की उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध "यूज़र आईडी भूल गए "Forget User ID" तथा "Forget Password" विकल्प का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

शेयरधारकों हेतु आम निर्देश

- यह दृढ़तापूर्वक अनुशंसित किया जाता है कि आप अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें तथा अपने पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें।
- भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों/सदस्यों के लिए, इन विवरणों का उपयोग केवल इस सूचना में शामिल प्रस्तावों पर मतदान करने के उद्देश्य से किया जा सकता है।
- मतदान अवधि के दौरान, शेयरधारक/सदस्य किसी विशेष "इवेंट" के लिए प्रस्ताव/प्रस्तावों पर मतदान करने तक कितनी भी बार लॉगिन कर सकते हैं।
    - कोई भी व्यक्ति जो बैठक की सूचना ई-मेल द्वारा प्रेषित किए जाने के पश्चात बैंक का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 को शेयर धारित करता है, वह ऊपर वर्णित प्रक्रिया के अनुसार उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
    - इस सूचना की एक प्रति बैंक की वेबसाइट तथा एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।

18. रिमोट ई-वोटिंग / बैठक में मतदान हेतु संवीक्षक:

- "ठाणे स्थित **एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कंपनी,** कंपनी सचिवों को वार्षिक आम बैठक में दूरस्थ ई-वोटिंग तथा मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संचालित कराने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

19. रिमोट ई-वोटिंग एवं बैठक में मतदान के परिणाम:

- संवीक्षक, ई-वोटिंग अवधि की समाप्ति के पश्चात दो (2) कार्य दिवसों से अधिक की अवधि के भीतर, बैंक के कर्मचारी न होने वाले कम-से-कम दो (2) गवाहों की उपस्थिति में मतों को अनब्लॉक करेंगे तथा पक्ष या विपक्ष में पड़े मतों, यदि कोई हों, की संवीक्षक रिपोर्ट तत्काल अध्यक्ष को प्रस्तुत करेंगे।
- घोषित परिणाम, संवीक्षक रिपोर्ट के साथ, बैंक की वेबसाइट https://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations तथा एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर बैंक की वार्षिक आम बैठक में प्रस्ताव पारित होने की तिथि से दो (2) दिनों के भीतर उपलब्ध कराए जाएंगे तथा उनकी सूचना बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड को भी दी जाएगी।

20. बैठक का परिणाम:

प्रस्तावों के पक्ष में अपेक्षित संख्या में मत प्राप्त होने की शर्त पर, प्रस्तावों को बैंक के केंद्रीय कार्यालय में वार्षिक आम बैठक की तिथि पर पारित माना जाएगा।

21. बैठक की रिकॉर्डेड प्रतिलिपि/कार्यवाही:

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही यथाशीघ्र बैंक की वेबसाइट https://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations पर उपलब्ध कराई जाएगी।

22. ई-वोटिंग एवं वार्षिक आम बैठक में शामिल होने हेतु निर्देश निम्नानुसार हैं:

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के दिनांक 22.09.2025 के आम परिपत्र संख्या 03/2025 के अनुसार, कंपनियाँ वर्तमान प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम से वार्षिक आम बैठकें आयोजित करना जारी रख सकती हैं। अगले आदेश तक यह छूट प्रभावी रहेगी।

शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे इंस्टामीट सुविधा का उपयोग करने हेतु अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी सही रूप से अद्यतन रखें

इंस्टामीट के माध्यम से आम बैठक में भाग लेने हेतु शेयरधारकों के लिए लॉगिन की प्रक्रिया:

ए) यूआरएल https://instameet.in.mpms.mufg.com पर जाएँ तथा "Login" पर क्लिक करें।

बी) "कंपनी का नाम" का चयन करें और निम्नलिखित विवरणों के साथ अपना पंजीकरण करें।

सी) "डीमैट खाता संख्या/ फोलियो संख्या/ पैन)" वाले चेक बॉक्स का चयन करें।

- एनएसडीएल/सीडीएसएल के डीमैट खाते में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक "डीमैट खाता संख्या" वाले चेक बॉक्स का चयन करें तथा 16 अंकों की डीमैट खाता संख्या दर्ज करें।
- भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक "फोलियो संख्या" वाले चेक बॉक्स का चयन करें तथा कंपनी में पंजीकृत फोलियो संख्या दर्ज करें।
- शेयरधारक "पैन" वाले चेक बॉक्स का चयन करें तथा 10 अंकों की स्थायी खाता संख्या दर्ज करें। जिन शेयरधारकों ने अपना पैन डिपॉजिटरी प्रतिभागी/कंपनी के साथ अद्यतन नहीं कराया है, वे, यदि लागू हो, एमयूएफजी इंटाइम द्वारा प्रदान की गई क्रम संख्या का उपयोग करें।

- मोबाइल नंबर: डीपी के साथ अद्यतन मोबाइल नंबर स्वत: प्रदर्शित होगा। जिन शेयरधारकों ने अपना मोबाइल नंबर डीपी के साथ अद्यतन नहीं कराया है, उन्हें अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा।
- ई-मेल आईडी: डीपी के साथ अद्यतन ई-मेल आईडी स्वत: प्रदर्शित होगी। जिन शेयरधारकों ने अपनी ई-मेल आईडी डीपी के साथ अद्यतन नहीं कराई है, उन्हें अपनी ई-मेल आईडी दर्ज करनी होगी।

डी) "Go to Meeting" पर क्लिक करें।

अब आप इंस्टामीट के लिए पंजीकृत हो चुके हैं तथा बैठक हेतु आपकी उपस्थिति दर्ज कर ली गई है।

इंस्टामीट के माध्यम से आम बैठक के दौरान मतदान करने हेतु शेयरधारकों के लिए निर्देश:

बैठक के दौरान जब इलेक्ट्रॉनिक मतदान सक्रिय किया जाएगा, तब वे शेयरधारक जिन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं डाला है, निम्नानुसार मतदान कर सकते हैं:

ए) शेयरधारक वीसी पृष्ठ पर "Cast your vote" लिंक पर क्लिक करें।

बी) अपनी 16 अंकों की डीमैट खाता संख्या/फोलियो संख्या तथा इंस्टामीट के लिए पंजीकरण के दौरान पंजीकृत मोबाइल नंबर/पंजीकृत ई-मेल आईडी पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें।

सी) "सबमिट" पर क्लिक करें।

डी) सफलतापूर्वक लॉगिन होने के पश्चात आपको "प्रस्ताव का विवरण (Resolution Description)" दिखाई देगा तथा उसके सामने मतदान हेतु "पक्ष में" / "विपक्ष में" का विकल्प उपलब्ध होगा।

ई) अपनी इच्छा के अनुसार उपयुक्त विकल्प अर्थात् "पक्ष में" या "विपक्ष में" का चयन करके मतदान करें। 'पक्ष में'/'विपक्ष में' के अंतर्गत कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयरों की संख्या (जो मतों की संख्या का प्रतिनिधित्व करती है) दर्ज करें।

एफ) अपनी इच्छा के अनुसार "पक्ष में" या "विपक्ष में" विकल्प का चयन करने तथा मतदान का निर्णय लेने के पश्चात "सेव" पर क्लिक करें। इसके बाद एक पुष्टि बॉक्स (Confirmation Box) प्रदर्शित होगा। यदि आप अपने मत की पुष्टि करना चाहते हैं, तो "कन्फर्म" पर क्लिक करें; अन्यथा अपना मत बदलने के लिए "बैक" पर क्लिक करें और तदनुसार अपना मत संशोधित करें। एक बार किसी प्रस्ताव पर अपने मत की पुष्टि कर देने के पश्चात आपको उसे बाद में संशोधित अथवा परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी।

नोट:

जो शेयरधारक/सदस्य इंस्टामीट सुविधा के माध्यम से आम बैठक में उपस्थित होंगे तथा जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना मत नहीं दिया है और जो अन्यथा मतदान करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, वे बैठक के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।

जो शेयरधारक/सदस्य आम बैठक से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर चुके हैं, वे इंस्टामीट के माध्यम से आम बैठक में उपस्थित होने/भाग लेने के पात्र होंगे। तथापि, वे बैठक के दौरान पुन: मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

बेहतर अनुभव के लिए शेयरधारकों/सदस्यों को ब्रॉडबैंड से जुड़े टैबलेट अथवा लैपटॉप के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

बैठक के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा से बचने के लिए शेयरधारकों/सदस्यों को अच्छी गति वाले इंटरनेट कनेक्शन (अधिमानत: 2 एमबीपीएस डाउनलोड स्पीड) का उपयोग करना आवश्यक है।

कृपया ध्यान दें कि मोबाइल उपकरणों, टैबलेट अथवा मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से जुड़े लैपटॉप का उपयोग करने वाले शेयरधारकों/सदस्यों को नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो में व्यवधान या गुणवत्ता में कमी का सामना करना पड़ सकता है। अत: ऐसी समस्याओं से बचने के लिए स्थिर वाई-फाई अथवा लैन कनेक्शन का उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है।

हेल्पडेस्क:

लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले शेयरधारक अपनी समस्या का विवरण instameet@in.mpms.mufg.com पर ई-मेल भेजकर इंस्टामीट हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं अथवा दूरभाष संख्या 022 – 4918 6000 / 4918 6175 पर संपर्क कर सकते हैं।

वार्षिक आम बैठक के लिए शेयरधारकों/सदस्यों द्वारा स्वयं को वक्ता के रूप में पंजीकृत करने हेतु निर्देश

जो शेयरधारक बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं अथवा प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपना नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपनी पंजीकरण अनुरोध एवं प्रश्न ई-मेल आईडी investors@centralbank.bank.in पर 24 जुलाई, 2026 को प्रात: 10:00 बजे से 27 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे तक भेजकर स्वयं को वक्ता के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं।

टिप्पणी:

केवल वे ही शेयरधारक/सदस्य, जिन्होंने स्वयं को वक्ता के रूप में पंजीकृत कराया होगा, बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करने अथवा प्रश्न पूछने के लिए अनुमत होंगे। बैंक, वार्षिक आम बैठक के लिए उपलब्ध समय को ध्यान में रखते हुए वक्ताओं की संख्या सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे केवल तभी बोलें जब बैठक के संचालक अथवा प्रबंधन द्वारा उनके नाम एवं क्रम संख्या की घोषणा की जाए।*

शेयरधारकों/सदस्यों को कैमरा का उपयोग करना चाहिए तथा बैठक के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा से बचने के लिए अच्छी गति वाले इंटरनेट कनेक्शन (अधिमानत: 2 एमबीपीएस डाउनलोड स्पीड) का उपयोग करना आवश्यक है।

व्याख्यात्मक विवरण

एजेंडा मद सं. 3

बैंक के निदेशक मंडल में श्री बलदेव पुरुषार्थ की सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु।

बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (बी) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना संदर्भ संख्या eF.No.6/2(ii)/2022-BO.I दिनांक 24 जुलाई, 2025 के माध्यम से श्री बलदेव पुरुषार्थ को 24.07.2025 से प्रभावी तथा आगामी आदेश तक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने दिनांक 19 जून, 2026 की अधिसूचना के माध्यम से श्री बलदेव पुरुषार्थ के स्थान पर श्री चन्द्रदीप कुमार झा को नामित किया है। अत: श्री बलदेव पुरुषार्थ दिनांक 19 जून, 2026 से बैंक के निदेशक पद पर नहीं रहे।

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17(1सी) के अनुसार, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति अथवा पुनर्नियुक्ति या प्रबंधक के रूप में नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति अगली आम बैठक में प्राप्त की जाए। तदनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में **श्री बलदेव पुरुषार्थ** की सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) तथा आम बैठकों पर सचिवीय मानक संख्या-2 के पैरा 1.2.5 के अनुसार **श्री बलदेव पुरुषार्थ** का संक्षिप्त परिचय इस स्पष्टीकरणात्मक विवरण में आगे दिया गया है:

नाम	**श्री बलदेव पुरुषार्थ**
डीआईएन	07570116
आयु	52 वर्ष
राष्ट्रीयता	भारतीय
नियुक्ति तिथि	24 जुलाई, 2025 से 19 जून, 2026
शैक्षणिक योग्यता	एम.ए. (इतिहास)
विशिष्ट कार्यात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता सहित संक्षिप्त परिचय:	श्री बलदेव पुरुषार्थ को 24 जुलाई, 2025 से बैंक के सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। वे वर्ष 2002 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त होने से पूर्व वे लोकपाल सचिव तथा पंजाब के जालंधर मंडल के मंडलायुक्त के रूप में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार तथा भारत सरकार में विभिन्न क्षेत्रीय एवं सचिवालय पदों पर भी कार्य किया है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के निजी सचिव, पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के निदेशक, पंजाब के तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशक, पंजाब के अनिवासी भारतीय (एनआरआई) आयुक्त तथा पंजाब सरकार के व्यय विभाग में विशेष सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व संभाला है। उन्होंने भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के कार्यकारी बोर्ड में निदेशक तथा न्यू डेवलपमेंट बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड में वैकल्पिक निदेशक के रूप में भी कार्य किया है। इसके अतिरिक्त, वे इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल), इंडियन रेल्वे स्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरएसडीसीएल), इंडियन रेल्वे फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरएफसी), नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड ट्रस्टी लिमिटेड (एनआईआईएफटीएल), नेशनल लैंड मोनेटाइजेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएलएमसीएल), ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड तथा एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।
अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद	हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) – नामित निदेशक

अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (हुडको) – लिस्टेड कंपनी नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति – अध्यक्ष लेखा परीक्षा समिति – सदस्य
निदेशकों के मध्य पारस्परिक संबंधों का प्रकटीकरण	किसी भी निदेशक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।
पिछले तीन वर्षों में जिन सूचीबद्ध संस्थाओं से निदेशक ने त्यागपत्र दिया है	शून्य।

वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों में उपस्थिति की संख्या, धारित इक्विटी शेयरों की संख्या तथा निदेशक को भुगतान किए गए बैठक भत्ते संबंधी अन्य विवरणों के लिए कृपया एकीकृत वार्षिक प्रतिवेदन में सम्मिलित कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट का संदर्भ लें।

निदेशक मंडल द्वारा सूचना में उल्लिखित साधारण प्रस्ताव को पारित किए जाने की अनुशंसा की जाती है।

बैंक के किसी भी निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का उपर्युक्त प्रस्ताव में, बैंक में उनके शेयरधारण के हित की सीमा को छोड़कर, कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित अथवा सरोकार नहीं है।

एजेंडा मद सं. 4

बैंक के निदेशक मंडल में श्री एम. वी. मुरली कृष्णा के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यकाल के विस्तार के अनुमोदन हेतु।

बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ए) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना संख्या eF.No.4/4(vii)/2024-BO.I दिनांक 15 सितम्बर, 2025 के माध्यम से बैंक के निदेशक मंडल में श्री एम. वी. मुरली कृष्णा के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्ति की अवधि को 15.09.2025 से प्रभावी रूप से, उनके वर्तमान अधिसूचित कार्यकाल जो 30 नवम्बर, 2025 को समाप्त हुआ था, के पश्चात उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि अर्थात् 31 जुलाई, 2027 तक अथवा आगामी आदेश तक बढ़ा दिया है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1सी) के अनुसार, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति अथवा पुनर्नियुक्ति या प्रबंधक के रूप में नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति अगली आम बैठक में प्राप्त की जाए। तदनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में **श्री एम. वी. मुरली कृष्णा** की कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) तथा आम बैठकों पर सचिवीय मानक संख्या-2 के पैरा 1.2.5 के अनुसार **श्री एम. वी. मुरली कृष्णा** का संक्षिप्त परिचय इस स्पष्टीकरणात्मक विवरण में आगे दिया गया है।

नाम	**श्री एम. वी. मुरली कृष्णा**
डीआईएन	09021111
आयु	59 वर्ष
राष्ट्रीयता	भारतीय
नियुक्ति तिथि	01 दिसंबर, 2022
शैक्षणिक योग्यता	एमबीए (बैंकिंग एवं वित्त)
विशिष्ट कार्यात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता सहित संक्षिप्त परिचय :	श्री एम. वी. मुरली कृष्णा ने 1 दिसम्बर, 2022 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। अपनी वर्तमान नियुक्ति से पूर्व वे बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। बैंक ऑफ बड़ौदा में उनकी अंतिम नियुक्ति बड़े कॉर्पोरेट क्षेत्र के कॉर्पोरेट एवं संस्थागत ऋण विभाग के प्रमुख के रूप में थी। बैंकिंग एवं वित्त में एमबीए की उपाधि प्राप्त श्री मुरली कृष्णा ने बैंक ऑफ बड़ौदा में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत की थी तथा उन्हें नेतृत्वकारी भूमिकाओं में तीन दशकों से अधिक का व्यावसायिक बैंकिंग अनुभव प्राप्त है। उनकी विशेषज्ञता बैंकिंग के सभी प्रमुख क्षेत्रों, जैसे कॉर्पोरेट ऋण, अंतर्राष्ट्रीय परिचालन, ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, एनआरआई व्यवसाय आदि तक विस्तृत है।

	बैंकिंग उद्योग में अपने दीर्घ कार्यकाल के दौरान उन्होंने शाखाओं से लेकर क्षेत्रीय कार्यालयों तक तथा विदेशी क्षेत्रों से लेकर कॉर्पोरेट कार्यालय तक विभिन्न स्तरों पर कार्य किया है। उन्होंने बड़े कॉर्पोरेट विभाग के प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय परिचालन विभाग के प्रमुख, ग्रामीण एवं कृषि विभाग के प्रमुख तथा वित्तीय समावेशन विभाग के प्रमुख जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उन्होंने बीओबी कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक तथा एएफसी लिमिटेड (कृषि वित्त निगम लिमिटेड) के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में भी कार्य किया है
अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद	1. सेंट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड– अध्यक्ष - अनलिस्टेड कंपनी 2. सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड– अध्यक्ष - अनलिस्टेड कंपनी 3. जनरेली सेन्ट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड - अध्यक्ष - अनलिस्टेड कंपनी
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	शून्य
निदेशकों के मध्य पारस्परिक संबंधों का प्रकटीकरण	किसी भी निदेशक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।
पिछले तीन वर्षों में जिन सूचीबद्ध संस्थाओं से निदेशक ने त्यागपत्र दिया है	शून्य

वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों में उपस्थिति की संख्या, धारित इक्विटी शेयरों की संख्या तथा निदेशक को उनके पूर्व कार्यकाल में भुगतान किए गए बैठक भत्ते संबंधी अन्य विवरणों के लिए कृपया वार्षिक प्रतिवेदन में सम्मिलित कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट का संदर्भ लें।

निदेशक मंडल द्वारा सूचना में उल्लिखित साधारण प्रस्ताव को पारित किए जाने की अनुशंसा की जाती है।

बैंक के किसी भी निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का उपर्युक्त प्रस्ताव में, बैंक में उनके शेयरधारण के हित की सीमा को छोड़कर, कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित अथवा सरोकार नहीं है।

कार्यसूची मद संख्या 5

बैंक के निदेशक मंडल में श्री कल्याण कुमार को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ए) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना संदर्भ eF.No.4/3(ii)/2024-BO.I दिनांक 30 सितंबर, 2025 के माध्यम से श्री कल्याण कुमार को 30.09.2025 से प्रभावी, तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के निदेशक मंडल में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17(1सी) के अनुसार, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति अथवा पुनर्नियुक्ति या प्रबंधक के रूप में नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति अगली आम बैठक में प्राप्त की जाए। तदनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में **श्री कल्याण कुमार** की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु वार्षिक आम बैठक(एजीएम) में शेयरधारकों की स्वीकृति अपेक्षित है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) तथा आम बैठक पर सचिवीय मानक संख्या-2 के पैरा 1.2.5 के अनुसार, श्री कल्याण कुमार का संक्षिप्त परिचय इस स्पष्टीकरणात्मक विवरण में आगे प्रदान किया गया है।

नाम	**श्री कल्याण कुमार**
डीआईएन	09631251
आयु	57 वर्ष
राष्ट्रीयता	भारतीय

नियुक्ति की तिथि	30 सितंबर, 2025
शैक्षणिक योग्यताएँ	एम.एससी. (कृषि)
विशिष्ट कार्यात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता सहित संक्षिप्त परिचय	श्री कल्याण कुमार ने 30 सितंबर, 2025 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) का पदभार ग्रहण किया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, श्री कुमार पंजाब नेशनल बैंक में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यरत थे। श्री कल्याण कुमार ने राजेंद्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय, पूसा से विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। वे भारतीय बैंकर्स संस्थान (सीएआईआईबी) के प्रमाणित एसोसिएट सदस्य भी हैं तथा भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) से ट्रेड फाइनेंस, एसएमई फाइनेंस, आईटी सुरक्षा तथा केवाईसी-एएमएल संबंधी विभिन्न प्रमाण-पत्र प्राप्त किए हैं। श्री कुमार ने वर्ष 1995 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में ग्रामीण विकास अधिकारी के रूप में अपने कार्यजीवन की शुरुआत की तथा विभिन्न पदों पर 26 वर्षों से अधिक समय तक बैंक की सेवा की। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों की शाखाओं में शाखा प्रमुख के रूप में कार्य किया, जिनमें वीएलबी (अत्यधिक बड़ी शाखाएँ) भी शामिल हैं। वे स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य भी रहें। कॉर्पोरेट कार्यालय में उन्होंने बैंक की व्यवसाय प्रक्रिया रूपांतरण, ऋण समीक्षा एवं निगरानी तथा सतर्कता संबंधी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आंध्रा बैंक तथा कॉर्पोरेशन बैंक का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सफल विलय उनके पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में संपन्न हुआ। वे पंजाब नेशनल बैंक की दो अनुषंगी कंपनियों, अर्थात् पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड तथा पीएनबी काड्र्स एंड सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष भी रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वे प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई) सोसायटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के नामित सदस्य, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में एससीबी के नामित निदेशक तथा एनआईबीएसकॉम के निदेशक मंडल के अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में, वे भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की प्रबंधन समिति के सदस्य, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की बैंकिंग संबंधी राष्ट्रीय समिति के सदस्य, भारतीय बैंक प्रबंधन संस्थान (आईआईबीएम) के गवर्निंग बोर्ड के सदस्य तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के कृषि बैंकिंग महाविद्यालय की सलाहकार समिति के बाह्य सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। श्री कुमार ने शीर्ष नेतृत्व विकास हेतु एफएसआईबी प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा निदेशक विकास कार्यक्रम पूरा किया है, जिसका आयोजन हार्वर्ड विश्वविद्यालय के सहयोग से एगॉन ज़ेहन्डर द्वारा किया गया था।
अन्य कंपनियों में धारण किए गए निदेशक पद	निरंक
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता / अध्यक्षता	निरंक
निदेशकों के बीच आपसी संबंधों का प्रकटीकरण	परस्पर में कोई संबंध नहीं।
वे सूचीबद्ध संस्थाएँ जिनसे निदेशक ने पिछले तीन वर्षों में इस्तीफा दिया है	निरंक

वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों में निदेशक की उपस्थिति, उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों की संख्या तथा निदेशक को प्रदत्त बैठक शुल्क आदि के संबंध में अन्य विवरणों के लिए कृपया समेकित वार्षिक प्रतिवेदन में सम्मिलित कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रतिवेदन का संदर्भ लें।

निदेशक मंडल द्वारा नोटिस में उल्लिखित साधारण प्रस्ताव को पारित किए जाने की अनुशंसा की जाती है।

बैंक के किसी भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का उपर्युक्त प्रस्ताव में, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर, कोई हित या सरोकार नहीं है।

कार्यसूची मद संख्या 6

बैंक के निदेशक मंडल में श्री ई. रतन कुमार को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ए) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना संदर्भ eF.No.4/4(ii)/2024-BO.I दिनांक 24 नवम्बर, 2025 के माध्यम से श्री ई. रतन कुमार को 24.11.2025 से प्रभावी, तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17(1सी) के अनुसार, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति अथवा पुनर्नियुक्ति अथवा प्रबंधक के रूप में नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति अगली आम बैठक में प्राप्त की जाए। तदनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में **श्री ई. रतन कुमार** की कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु वार्षिक आम बैठक(एजीएम) में शेयरधारकों की स्वीकृति अपेक्षित है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) तथा सामान्य सभाओं पर सचिवीय मानक संख्या-2 के पैरा 1.2.5 के अनुसार, **श्री ई. रतन कुमार** का संक्षिप्त परिचय इस स्पष्टीकरणात्मक विवरण में आगे प्रदान किया गया है।

नाम	**श्री ई. रतन कुमार**
डीआईएन	10686007
आयु	57 वर्ष
राष्ट्रीयता	भारतीय
नियुक्ति की तिथि	24 नवम्बर, 2025
शैक्षणिक योग्यताएँ	एम. टेक. (कंप्यूटर साइंस)
विशिष्ट कार्यात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता सहित संक्षिप्त परिचय	श्री ई. रतन कुमार ने 24 नवम्बर, 2025 को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी.ई. (कंप्यूटर साइंस), हैदराबाद विश्वविद्यालय से एम. टेक. तथा एनएमआईएमएस, मुंबई विश्वविद्यालय से वित्तीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। श्री ई. रतन कुमार ने वर्ष 1997 में सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में अधिकारी संवर्ग में अपने बैंकिंग कार्यजीवन की शुरुआत की तथा बैंकिंग एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में लगभग 35 वर्षों का विविध अनुभव प्राप्त किया है। उन्होंने पूर्व में हैदराबाद एवं भुवनेश्वर क्षेत्र का नेतृत्व वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक तथा हैदराबाद अंचल का नेतृत्व अंचल प्रबंधक के रूप में किया। परिचालन बैंकिंग एवं प्रौद्योगिकी दोनों क्षेत्रों में उनके पास व्यापक अनुभव है, जिसके साथ प्रक्रिया पुनर्रचना के संबंध में उनकी गहन समझ उन्हें संगठन के लिए समृद्ध एवं प्रभावशाली ज्ञान प्रदान करने में सक्षम बनाती है। मुख्य महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी) के रूप में उन्होंने विभिन्न डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया तथा बैंक की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना 'डिजिटल स्ट्रेटेजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन' का संचालन एवं मार्गदर्शन किया।
अन्य कंपनियों में धारण किए गए निदेशक पद	1. सेन्ट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (नामित निदेशक) - अनलिस्टेड कंपनी
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता / अध्यक्षता	निरंक
निदेशकों के बीच आपसी संबंधों का प्रकटीकरण	परस्पर कोई संबंध नहीं
वे सूचीबद्ध संस्थाएँ जिनसे निदेशक ने पिछले तीन वर्षों में इस्तीफा दिया है	निरंक

वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों में निदेशक की उपस्थिति, उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों की संख्या तथा निदेशक को प्रदत्त बैठक शुल्क आदि के संबंध में अन्य विवरणों के लिए कृपया समेकित वार्षिक प्रतिवेदन में सम्मिलित कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रतिवेदन का संदर्भ लें।

निदेशक मंडल द्वारा नोटिस में उल्लिखित साधारण प्रस्ताव को पारित किए जाने की अनुशंसा की जाती है।

बैंक के किसी भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का उपर्युक्त प्रस्ताव में, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर, कोई हित या सरोकार नहीं है।

कार्यसूची मद संख्या 7

बैंक के निदेशक मंडल में श्री चन्द्रदीप कुमार झा की सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यपालक) के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु।

बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (बी) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना संदर्भ संख्या eF.No.6/2(i)/2022-BO.I दिनांक 19 जून, 2026 के माध्यम से श्री चन्द्रदीप कुमार झा को 19.06.2026 से प्रभावी तथा आगामी आदेश तक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में नियुक्त किया है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 17(1सी) के अनुसार, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति अथवा पुनर्नियुक्ति या प्रबंधक के रूप में नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति अगली सामान्य बैठक में प्राप्त की जाए। तदनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में **श्री चन्द्रदीप कुमार झा** की सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी) के रूप में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 36(3) तथा सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक संख्या-2 के पैरा 1.2.5 के अनुसार **श्री चन्द्रदीप कुमार झा** का संक्षिप्त परिचय इस स्पष्टीकरणात्मक विवरण में आगे दिया गया है:

नाम :	**श्री चन्द्रदीप कुमार झा**
डीआईएन :	11417133
आयु :	50 वर्ष
राष्ट्रीयता :	भारतीय
नियुक्ति तिथि :	19 जून, 2026
शैक्षणिक योग्यता :	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर
विशिष्ट कार्यात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता सहित संक्षिप्त परिचय :	श्री चन्द्रदीप कुमार झा (आईएसएस: 2000) को 19 जून, 2026 से बैंक के सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। वे भारत सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर दो दशकों से अधिक की विशिष्ट सेवाओं का समृद्ध अनुभव रखते हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से सांख्यिकी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) में सांख्यिकीय सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (एमओसीआई) तथा गृह मंत्रालय (एमएचए), के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं में कार्य करने का व्यापक एवं बहुआयामी अनुभव है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने डेटा विश्लेषण, समन्वय, योजना निर्माण, पर्यवेक्षण, नीतिगत निर्धारण, अवसंरचना परियोजनाओं के विकास तथा निगरानी के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी विशेषज्ञता का दायरा सांख्यिकीय मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग, राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली में सुधार, व्यवसाय सुगमता, औद्योगिक विकास तथा प्रमुख सरकारी पहलों के क्रियान्वयन सहित अनेक क्षेत्रों तक विस्तृत है। वे वर्तमान में इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में सरकार के नामित निदेशक, पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अंशकालिक सदस्य तथा मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआई), गुरुग्राम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य भी हैं।

अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद:	इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) – सरकार द्वारा नामित निदेशक - लिस्टेड कंपनी
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता:	इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) - लिस्टेड कंपनी लेखा परीक्षा समिति – सदस्य हितधारक संबंध समिति – सदस्य नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति – सदस्य
निदेशकों के मध्य पारस्परिक संबंधों का प्रकटीकरण:	आपस में कोई संबंध नहीं।
पिछले तीन वर्षों में जिन सूचीबद्ध संस्थाओं के निदेशक पद से त्यागपत्र दिया है:	शून्य

वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों में उपस्थिति, धारित इक्विटी शेयरों की संख्या तथा निदेशक को प्रदत्त बैठक शुल्क आदि के अन्य विवरणों के लिए कृपया एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट देखें।

निदेशक मंडल नोटिस में उल्लिखित साधारण प्रस्ताव को पारित किए जाने की अनुशंसा करता है।

बैंक के किसी भी निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का उपर्युक्त प्रस्ताव में, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा के अतिरिक्त, कोई हित या सरोकार नहीं है।

कार्यसूची मद संख्या 8

क्यूआईपी / एफपीओ / राइट्स इश्यू जैसे विभिन्न माध्यमों के द्वारा कुल ₹7,000 करोड़ तक की इक्विटी पूंजी जुटाने पर विचार करने के संबंध में।

बेसल-III विनियमों के अनुसार, बैंक के लिए इक्विटी पूंजी के रूप में न्यूनतम 5.50% का कॉमन इक्विटी टियर-1 (सीईटी 1) अनुपात तथा 2.50% का पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी), कुल मिलाकर 9.50% का टियर-1 अनुपात तथा 11.50% का समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) बनाए रखना आवश्यक है। निर्धारित पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बैंक को अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक का सीआरएआर 17.91% रहा है, जिसमें टियर-I 15.61% (सीसीबी सहित) तथा टियर-II 2.30% है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए व्यवसाय में 14% से 15% की अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) बनाए रखने तथा बैंक में सार्वजनिक शेयरधारिता बढ़ाने के उद्देश्य से बैंक ने क्यूआईपी (क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट), एफपीओ (फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफ़र) अथवा राइट्स इश्यू जैसे विभिन्न माध्यमों के द्वारा कुल ₹7,000 करोड़ तक की इक्विटी पूंजी जुटाने का निर्णय लिया है। इन विकल्पों का उपयोग बैंक द्वारा आवश्यकता तथा उस समय प्रचलित बाजार परिस्थितियों के आधार पर किया जाएगा।

उक्त इक्विटी पूंजी भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970 के अंतर्गत निर्दिष्ट अन्य प्राधिकरणों से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत तथा सेबी के प्रासंगिक दिशा-निर्देशों/विनियमों के अधीन जुटाई जाएगी।

निदेशक मंडल ने अपनी 30 अप्रैल, 2026 को आयोजित बैठक में विभिन्न उपलब्ध विकल्पों के माध्यम से ₹7,000 करोड़ तक की पूंजी जुटाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की थी।

31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 17.91% है। वर्तमान में बैंक की अधिकृत पूंजी ₹10,000 करोड़ है। 31 मार्च, 2026 को बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी ₹9,051.40 करोड़ है।

वर्धित पूंजी का उपयोग बैंक के सामान्य व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

यह विशेष प्रस्ताव निदेशक मंडल को एक अथवा एक से अधिक किश्तों में, ऐसे समय या समयों पर, ऐसे मूल्य या मूल्यों पर तथा ऐसे निवेशकों को, जिन्हें निदेशक मंडल अपने पूर्ण विवेकाधिकार से उपयुक्त समझे, इक्विटी शेयर जारी करने की शक्तियाँ प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। इक्विटी शेयरों के निर्गम से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें, जब भी ऐसा निर्गम किया जाएगा, उस समय प्रचलित बाजार

परिस्थितियों तथा अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए, मर्चेंट बैंकरों, लीड मैनेजरों, सलाहकारों तथा बैंक द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले अन्य प्राधिकरणों के साथ परामर्श करके निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित की जाएँगी।

उपर्युक्तानुसार यदि इक्विटी शेयरों का निर्गम क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के माध्यम से किया जाता है, तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि :

- ✓ इक्विटी शेयरों के मूल्य निर्धारण के प्रयोजनार्थ प्रासंगिक तिथि, सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के अध्याय VI तथा/अथवा अन्य लागू विनियमों के अनुसार, वह तिथि होगी जिस दिन निदेशक मंडल अथवा उसकी पूंजी जुटाने संबंधी समिति, सदस्यों की स्वीकृति तथा अधिनियम एवं प्रस्तावित इक्विटी शेयर निर्गम से संबंधित अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों के अंतर्गत आवश्यक अन्य प्रावधानों के अनुपालन के पश्चात, प्रस्तावित इक्विटी शेयर निर्गम को प्रारंभ करने का निर्णय लेगी।
- ✓ चूंकि प्रस्ताव के मूल्य का निर्धारण बाद के चरण में ही किया जा सकता है, इसलिए जारी किए जाने वाले शेयरों का मूल्य इस समय बताना संभव नहीं है। तथापि, यह मूल्य सेबी (आईसीडीआर) विनियमों, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 तथा समय-समय पर संशोधित सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998 अथवा अन्य लागू अथवा अपेक्षित दिशानिर्देशों/विनियमों/अनुमोदनों के अनुरूप होगा।
- ✓ पूर्णत: चुकता इक्विटी शेयरों का निर्गम एवं आवंटन केवल सेबी (आईसीडीआर) विनियमों में परिभाषित क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स को किया जाएगा तथा उपर्युक्त प्रस्ताव पारित होने की तिथि से 365 दिनों के भीतर आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।
- ✓ प्रस्ताव से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें, उस समय की प्रचलित बाजार परिस्थितियों तथा अन्य नियामकीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सलाहकारों, लीड मैनेजरों, अंडरराइटरों तथा अन्य आवश्यक प्राधिकरणों के साथ परामर्श करके निर्धारित की जाएंगी।
- ✓ इस प्रकार यदि प्रतिभूतियों के निर्गम की शर्तों के अनुसार कोई अतिरिक्त आवंटन किया जाता है, तो उसे सम्मिलित करते हुए जुटाई गई कुल राशि, पिछले वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार बैंक की निवल संपत्ति के पाँच गुने से अधिक नहीं होगी।
- ✓ क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के अंतर्गत आवंटित पात्र प्रतिभूतियों को आवंटी द्वारा आवंटन की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से किए जाने वाले विक्रय को छोड़कर, बेचा नहीं जाएगा।
- ✓ बैंक, उसका प्रमोटर अथवा उसके निदेशक, फरार आर्थिक अपराधी (Fugitive Economic Offender) नहीं हैं।
- ✓ आवंटित किए जाने वाले इक्विटी शेयर, लाभांश सहित सभी दृष्टियों से बैंक के विद्यमान इक्विटी शेयरों के समान अधिकार(pari passu) वाले होंगे।

निदेशक मंडल द्वारा नोटिस में उल्लिखित विशेष प्रस्ताव को पारित किए जाने की अनुशंसा की जाती है।

बैंक के किसी भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का उपर्युक्त प्रस्तावों में, बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर, कोई हित या सरोकार नहीं है।

कार्यसूची मद संख्या 9

एक शेयधारक निदेशक का निर्वाचन

i. बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के अनुसार, जहाँ धारा 3 की उपधारा 2बी के खंड (ग) के अंतर्गत जारी पूंजी, बैंक की कुल चुकता पूंजी के 16% से अधिक हो, वहाँ बैंक के निदेशक मंडल में 2 निदेशक ऐसे होंगे, जो केंद्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों द्वारा अपने मध्य से विधिवत निर्वाचित किए जाएंगे।

ii. उपर्युक्त प्रावधानों के अनुसार तथा बैंक के प्रमोटर द्वारा मई 2026 में घोषित ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) निर्गम के पूर्ण होने के पश्चात बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता 10.73% से बढ़कर 18.81% हो जाने के परिणामस्वरूप, बैंक दो (02) ऐसे निदेशकों का हकदार है, जो केंद्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों में से निर्वाचित किए जाएँ। वर्तमान में बैंक के निदेशक मंडल में एक शेयरधारक निदेशक, श्री शारदा कुमार होता, कार्यरत हैं तथा बैंक के निदेशक मंडल में एक अन्य शेयरधारक निदेशक की नियुक्ति किया जाना अपेक्षित है।

iii. निदेशक मंडल ने अपनी 03 जून, 2026 को आयोजित बैठक में बैंक के निदेशक मंडल में उत्पन्न हुई एक शेयरधारक निदेशक की रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की है।

iv. अत:, केंद्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारक, विभिन्न प्रासंगिक अधिनियमों/योजनाओं/विनियमों/अधिसूचनाओं भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार अपने नामांकन प्रस्तुत करने के पात्र होंगे। विधिवत एवं सभी दृष्टियों से पूर्ण रूप से भरे हुए नामांकन प्राप्त होने पर, नामांकन पत्रों की जांच निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति अथवा निदेशक मंडल द्वारा की जाएगी।

वैधानिक प्रावधान

इस संबंध में लागू विभिन्न अधिनियमों/विनियमों/अधिसूचनाओं में निहित प्रावधान निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए हैं :

अधिनियम / योजना / विनियम / अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949	धारा 5	• पर्याप्त हित
	धारा 16(1)	• समान निदेशक पर प्रतिबंध।
	धारा 20	• किसी निदेशक को अथवा उसके पक्ष में किसी ऋण या अग्रिम प्रदान करने पर प्रतिबंध।
	धारा 51	• अधिनियम की कुछ धाराओं का संबंधित नए बैंक पर लागू होना।
बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970	धारा 3(2ई)	• मतदान अधिकारों पर प्रतिबंध।
	धारा 9(3)(i)	• शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित किए जाने वाले निदेशकों की संख्या।
	धारा 9(3ए)(ए) से (ग)	• विशिष्ट क्षेत्रों में विशेष ज्ञान।
	धारा 9(3एए)	• कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में निर्वाचित होने का पात्र नहीं होगा, जब तक कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा तथा अन्य निर्धारित मानदंडों के आधार पर उसे उपयुक्त एवं समुचित स्थिति वाला व्यक्ति न माना गया हो।
	धारा 9(3एबी)	• भारतीय रिज़र्व बैंक, धारा 9(3एए) के अंतर्गत जारी अधिसूचना में, उपयुक्त एवं समुचित स्थिति के निर्धारण के लिए प्राधिकरण, निर्धारण की प्रक्रिया तथा उससे संबंधित अन्य आवश्यक अथवा आनुषंगिक विषयों का भी विनिर्देशन कर सकता है।
	धारा 9(3बी)	• भारतीय रिज़र्व बैंक को ऐसे निर्वाचित निदेशक को पद से हटाने का अधिकार है, जो अधिनियम की धारा 9(3ए) एवं 9(3एए) की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता हो।
	धारा 13(2)	• निष्ठा एवं गोपनीयता बनाए रखने का दायित्व।
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970	खंड 9(4)	• निर्वाचित निदेशकों के पदावधि की अवधि।
	खंड 10	• बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के लिए अयोग्यताएँ।
	खंड 11	• निदेशकों के पद का रिक्त होना।
	खंड 11ए	• निर्वाचित निदेशक को पद से हटाना।
	खंड 11बी	• निर्वाचित निदेशक के पद पर आकस्मिक रिक्ति को भरना।
	खंड 12(8)	• उन व्यवस्थाओं के संबंध में, जिनमें निदेशकों का हित निहित हो, उनके द्वारा हितों का प्रकटीकरण।
सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998	विनियम 10	• संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग।
	विनियम 63	• सामान्य सभाओं में निर्वाचित किए जाने वाले निदेशक।
	विनियम 64	• शेयरधारकों की सूची।
	विनियम 65	• निर्वाचन हेतु अभ्यर्थियों का नामांकन।
	विनियम 66	• नामांकनों की जांच।
	विनियम 67	• निर्वाचन संबंधी विवाद।
	विनियम 68	• मतदान अधिकारों का निर्धारण।
	विनियम 69	• विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मतदान।

अधिनियम / योजना / विनियम / अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
आरबीआई (वाणिज्यिक बैंक - शासन) निदेश, 2025 दिनांक 28.11.2025	बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3AA) एवं धारा 9(3AB) के अनुसार	• राष्ट्रीयकृत बैंकों के निदेशक मंडलों पर निर्वाचित निदेशकों के लिए उपयुक्त एवं समुचित मानदंड।
सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015	विनियम 16 एवं 25	• स्वतंत्र निदेशकों से संबंधित प्रावधान।
कंपनी अधिनियम, 2013	धारा 2(77), 89, 90, 164 एवं 184	• निदेशकों से संबंधित प्रावधान।

शेयरधारकों की सुविधा के लिए, संबंधित अधिनियमों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, योजनाओं/विनियमों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेशों के प्रासंगिक शेयर बैंक की वेबसाइट अर्थात् https://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें उपयोगकर्ता द्वारा देखा अथवा डाउनलोड किया जा सकेगा। ऐसे शेयर इच्छुक अभ्यर्थियों को कंपनी सचिव, सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय को investors@centralbank.bank.in पर संबोधित अनुरोध प्राप्त होने पर, नामांकन प्रक्रिया हेतु नामांकन प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अर्थात् **गुरुवार, 16 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे** तक, ई-मेल के माध्यम से भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

निर्वाचन में भागीदारी :

वे शेयरधारक, जिनके नाम निर्दिष्ट/कट-ऑफ तिथि अर्थात् **शुक्रवार, 26 जून, 2026** को एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई शेयरधारकों/हितकारी स्वामियों की सूची में अंकित होंगे, वे केंद्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों में से एक निदेशक के निर्वाचन में भाग लेने अर्थात् नामांकन करने, चुनाव लड़ने तथा मतदान करने के पात्र होंगे। यह उल्लेखनीय है कि कार्यसूची मद संख्या 8 अर्थात् निदेशक के निर्वाचन में केंद्र सरकार भाग लेने की पात्र नहीं होगी, तथापि वह वार्षिक आम बैठकमें प्रेक्षक के रूप में उपस्थित रह सकेगी।

बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने हेतु आवश्यक योग्यताएँ:

उम्मीदवार को अधिनियम की धारा 9(3ए) में निर्धारित योग्यताओं का पालन करना होगा तथा योजना के खंड 10 में निर्दिष्ट अयोग्यताओं से मुक्त होना चाहिए और विनियमों के विनियम 65 में उल्लिखित शर्तों को पूरा करना होगा, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

ए. अधिनियम की धारा 9(3ए) के अनुसार, बैंक का वह शेयरधारक जो बैंक का निदेशक बनना चाहता है, उसे—

(ए) निम्नलिखित विषयों में से एक या अधिक विषयों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए, अर्थात्—

(i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था

(ii) बैंकिंग

(iii) सहकारिता

(iv) अर्थशास्त्र

(v) वित्त

(vi) विधि

(vii) लघु उद्योग

(viii) कोई अन्य विषय, जिसमें विशेष ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव, भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार, बैंक के लिए उपयोगी हो। (भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अपने मास्टर निदेश – वाणिज्यिक बैंक गवर्नेंस निदेश, 2025 दिनांक 28.11.2025 के माध्यम से विशेषज्ञता के क्षेत्रों का विस्तार करते हुए निम्न क्षेत्रों को भी सम्मिलित किया गया है: (i) सूचना प्रौद्योगिकी, (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली, (iii) मानव संसाधन, (iv) जोखिम प्रबंधन तथा (v) व्यवसाय प्रबंधन, ऐसे व्यक्तियों के लिए जिन्हें बैंक में निदेशक की नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है।)

(बी) जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो; अथवा

(सी) किसानों, श्रमिकों एवं कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो।

बी. अधिनियम की धारा 9(3एए) तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेशों के अनुसार, बैंक का वह शेयरधारक जो बैंक के निदेशक के रूप में नामांकन प्रस्तुत करता है, उसके पास उसके कार्य निष्पादन के रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित अन्य मानदंडों के आधार पर "उपयुक्त एवं उचित" स्थिति होनी चाहिए।

सी. भारतीय रिज़र्व बैंक ने, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 19ए की उपधारा (2) तथा बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधाराओं (3एए) एवं (3एबी) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – गवर्नेंस) निदेश, 2025 जारी किए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निदेशक मंडल में बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम,

1970 की धारा 9(3)(i) के प्रावधानों के अंतर्गत निर्वाचित होने वाले निदेशकों के लिए "उपयुक्त एवं उचित" मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

डी. इसके अतिरिक्त, निर्वाचित निदेशकों को संविदा-पत्र निष्पादित करना होगा, वे बैंक की आचार संहिता के अधीन होंगे तथा उन्हें इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक/अन्य नियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वार्षिक घोषणाएँ प्रस्तुत करनी होंगी।

बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने से अयोग्यता:

ए. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970 के खंड 10 के अनुसार, कोई व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्त होने तथा निदेशक बने रहने के लिए अयोग्य होगा—

(ए) यदि उसे किसी भी समय दिवालिया घोषित किया गया हो अथवा उसने भुगतान निलंबित कर दिया हो अथवा अपने लेनदारों के साथ समझौता किया हो; अथवा

(बी) यदि उसे मानसिक रूप से अस्वस्थ पाया गया हो तथा सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया हो; अथवा

(सी) यदि उसे किसी आपराधिक न्यायालय द्वारा ऐसे अपराध केलिएदोषसिद्धमानागयाहोजिसमेंनैतिकअधमतासम्मिलितहो; अथवा

(डी) यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत स्थापित भारतीय स्टेट बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (सहायक बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में परिभाषित किसी सहायक बैंक में लाभ का कोई पद धारण करता हो; तथापि इसमें पूर्णकालिक निदेशक, प्रबंध निदेशक तथा अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ई) एवं (एफ) के अंतर्गत बैंक के कर्मचारियों में से नामित निदेशक सम्मिलित नहीं होंगे।

तथा

बी. यदि बैंक की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति/निदेशक मंडल द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक – गवर्नेंस) निदेश, 2025 दिनांक 28.11.2025 के अनुसार उसे "उपयुक्त एवं उचित" व्यक्ति नहीं पाया जाता है।

प्रतियोगी उम्मीदवारों हेतु शेयरधारकों की सूची

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अंश एवं बैठकें) विनियम, 2008 के विनियम 64 के अनुसार, **शुक्रवार, 26 जून, 2026** की स्थिति में बैंक के शेयरधारकों की सूची बैंक के शेयरधारकों के लिए सोमवार, 29 जून, 2026 से उपलब्ध होगी। इसके लिए "सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया" के पक्ष में, मुंबई में देय **₹50,000/- (केवल पचास हजार रुपये)** का डिमांड ड्राफ्ट तथा सहायक महाप्रबंधक – कंपनी सचिव, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, 9वीं मंजिल, चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021 को संबोधित अनुरोध पत्र अथवा investors@centralbank.bank.in पर ई-मेल के माध्यम से आवेदन करना होगा। साथ ही यह वचन देना होगा कि उक्त सूची का उपयोग केवल चुनाव प्रचार हेतु किया जाएगा तथा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार शेयरधारकों की सूची का निरीक्षण भी कर सकते हैं तथा उससे आवश्यक अंश प्राप्त कर सकते हैं।

शेयरधारक रजिस्टर का निरीक्षण

शेयरधारक रजिस्टर बैंक के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार से शनिवार तक प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक (द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार तथा बैंक अवकाश को छोड़कर) निरीक्षण हेतु खुला रहेगा। यदि कोई शेयरधारक रजिस्टर अथवा उसके किसी भाग की प्रति अथवा कंप्यूटर प्रिंट प्राप्त करना चाहता है, तो उसे प्रति 1000 शब्द अथवा उसके अंश के लिए ₹5/- की दर से अग्रिम भुगतान करने पर उपलब्ध कराया जाएगा।

चुनाव में भागीदारी

वे शेयरधारक जिनके नाम **शुक्रवार, 26 जून, 2026** को एनएसडीएल/सीडीएसएल/आरटीए द्वारा उपलब्ध कराए गए सदस्यों/लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होंगे, वे केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त शेयरधारकों में से निदेशक के निर्वाचन में भाग लेने, अर्थात् नामांकन करने, चुनाव लड़ने तथा मतदान करने के पात्र होंगे।

नामांकन:

<u>नामांकन की वैधता</u>

विनियम 65, भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेशों तथा विभिन्न अधिनियमों के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, निदेशक पद के निर्वाचन हेतु किसी उम्मीदवार का नामांकन तभी वैध माना जाएगा, जब—

(ए) वह शुक्रवार, 26 जून, 2026 को, जो चुनाव में भागीदारी हेतु निर्दिष्ट तिथि है, बैंक के कम से कम 100 (एक सौ) अंशों का धारक हो।

(बी) गुरुवार, 16 जुलाई, 2026 (नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि) को वह अधिनियम, योजना अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेशों के अंतर्गत निदेशक बनने के लिए अयोग्य न हो।

(सी) नामांकन लिखित रूप में हो तथा उस पर निदेशकों का निर्वाचन करने के पात्र कम से कम 100 शेयरधारकों अथवा उनके विधिवत अधिकृत अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए गए हों। बशर्ते कि यदि कोई शेयरधारक कंपनी है, तो उसका नामांकन उस कंपनी के निदेशक मंडल के प्रस्ताव द्वारा किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, जिस बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया हो, उसके अध्यक्ष द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित प्रस्ताव की प्रति सहायक महाप्रबंधक – कंपनी सचिव, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, 9वीं मंजिल, चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021 को प्रेषित की जाएगी और ऐसी प्रति को उस कंपनी की ओर से नामांकन माना जाएगा।

(डी) बैंक के शेयरधारकों (न्यूनतम 100) द्वारा किया गया नामांकन, इस सूचना में दिए गए नामांकन एवं घोषणा-पत्र के नमूना प्रपत्रों के अनुसार उम्मीदवार की घोषणा के साथ संलग्न हो, जिस पर उम्मीदवार ने न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार या उप-पंजीयक (आश्वासन), अन्य राजपत्रित अधिकारी, भारतीय रिज़र्व बैंक

के अधिकारी अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष विधिवत हस्ताक्षर किए हों। घोषणा में यह उल्लेख होना चाहिए कि वह नामांकन स्वीकार करता/करती है, चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक है तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, अधिनियम, योजना, विनियम अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेशों के अंतर्गत निदेशक बनने के लिए अयोग्य नहीं है। साथ ही उसके व्यक्तिगत विवरण (बायोडाटा) संलग्न हों, जिन पर उसके हस्ताक्षर हों तथा यह पुष्टि की गई हो कि उक्त विवरण उसकी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य हैं। इसके अतिरिक्त, वह यह भी वचन दे कि घोषणा के बाद यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है जो प्रस्तुत जानकारी से संबंधित हो, तो वह यथाशीघ्र बैंक को सूचित करेगा/करेगी।

(ई) विनियमों/भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेशों के अनुसार निर्धारित नामांकन प्रपत्र एवं घोषणा-पत्र वार्षिक आम बैठक की सूचना के साथ संलग्न हैं। उक्त प्रपत्र बैंक की वेबसाइट https://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations पर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

नामांकन प्रपत्रों की प्रस्तुति

निदेशकों के निर्वाचन में भाग लेने के इच्छुक शेयरधारकों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे—

ए. विधिवत भरा हुआ घोषणा-पत्र;

बी. चुनाव में भाग लेने के पात्र बैंक के न्यूनतम 100 शेयरधारकों द्वारा समर्थित नामांकन;

सी. व्यक्तिगत जानकारी, संबंधित दस्तावेजों एवं प्रमाण-पत्रों सहित घोषणा एवं वचन-पत्र जैसे कि बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, कार्यानुभव प्रमाण-पत्र आदि, इस सूचना के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूपों में, एक सीलबंद लिफाफे में, जिस पर **"सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया – निदेशक निर्वाचन – जुलाई 2026"** अंकित हो। यह दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से सहायक महाप्रबंधक – कंपनी सचिव, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, 9वीं मंजिल, चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021, टेलि: 022 6638 7818/7575 को भेजे जाएँ। सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन बैठक की तिथि से कम से कम 14 दिन पूर्व, अर्थात् गुरुवार, 16 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे तक (बैंक के कार्य समय समाप्त होने से पूर्व) प्राप्त हो जाने चाहिए।

नामांकनों की जांच एवं निदेशकों का निर्वाचन

ए) नामांकनों की जांच शुक्रवार, 17 जुलाई, 2026 को, जो नामांकन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद का अगला कार्य दिवस है, की जाएगी यदि कोई नामांकन वैध नहीं पाया जाता है, तो उसके कारणों को अभिलिखित करते हुए उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

बी) नामांकनों की जांच भारतीय रिज़र्व बैंक तथा अन्य लागू दिशा-निर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति/निदेशक मंडल द्वारा भी की जाएगी।

सी) बैंक, नामांकनों की जांच के समय अथवा निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति/निदेशक मंडल के परामर्शानुसार, उम्मीदवार से उसकी उम्मीदवारी के समर्थन में अतिरिक्त जानकारी, दस्तावेज मांग सकता है।

डी) यदि चुनाव द्वारा भरे जाने वाले एक पद के लिए केवल एक वैध नामांकन प्राप्त होता है, तो उस उम्मीदवार को बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम की धारा 9(3)(i) के साथ पठित सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 25(2ए) के अनुसार वार्षिक आम बैठक में एक प्रस्ताव के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें केवल केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त शेयरधारक ही मतदान करने के पात्र होंगे। उक्त प्रस्ताव बहुमत से पारित होने पर ही उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया जाएगा। नव-निर्वाचित निदेशक शनिवार, 01 अगस्त, 2026 से पद ग्रहण करेगा तथा पद ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने तक पद पर बना रहेगा।

ई) यदि एक से अधिक वैध नामांकन प्राप्त होते हैं, तो उम्मीदवारों के नाम समाचार-पत्रों में प्रकाशित किए जाएंगे तथा निर्वाचन कराया जाएगा। निर्वाचन में सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाला उम्मीदवार निर्वाचित माना जाएगा। उसके नाम की घोषणा वार्षिक आम बैठक के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी तथा समाचार-पत्रों में भी प्रकाशित किया जाएगा। इस प्रकार निर्वाचित उम्मीदवार शनिवार, 01 अगस्त, 2026 को बैंक के निदेशक का पद ग्रहण करेगा।

एफ) यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसका निपटान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अंश एवं बैठकें) विनियमन, 1998 के विनियम 67 के अनुसार किया जाएगा।

नामांकन की वापसी

यदि कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है, तो वह **शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 को अपराह्न 4:00** बजे तक, अर्थात बैंक के कार्य समय समाप्त होने से पूर्व, हस्ताक्षरित पत्र सहायक महाप्रबंधक – कंपनी सचिव, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, 9वीं मंजिल, चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021 को भेजकर अथवा हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन प्रति ई-मेल द्वारा investors@centralbank.bank.in पर भेजकर ऐसा कर सकता है।

निदेशकों के हित

बैंक के किसी भी निदेशक अथवा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक का उपर्युक्त प्रस्ताव में कोई हित या सरोकार नहीं है, सिवाय बैंक में उनके अंशधारण की सीमा तक।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

दिनांक: 23 जून, 2026
स्थान: मुंबई

(चंद्रकांत भागवत)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

घोषणा-पत्र

(उम्मीदवार द्वारा)

(विनियम 65 के संदर्भ में)

मैं, श्री/श्रीमती _____, श्री/श्रीमती _____ के

पुत्र/पुत्री/पत्नी, निवासी _____, एतद्द्वारा पुष्टि करता/करती हूँ कि—

ए. मैं **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** का शेयरधारक हूँ तथा चुनाव में भागीदारी **हेतु कट-ऑफ/निर्दिष्ट तिथि शुक्रवार, 26 जून, 2026** की स्थिति में मेरे पास ₹10/- प्रत्येक अंकित मूल्य के पूर्णत: चुकता _____ इक्विटी अंश हैं, जो फोलियो संख्या _____ / डीपी आईडी संख्या _____ / क्लाइंट आईडी संख्या _____ के अंतर्गत धारित हैं।

बी. मुझे (i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, (ii) बैंकिंग, (iii) सहकारिता, (iv) अर्थशास्त्र, (v) वित्त, (vi) विधि, (vii) लघु उद्योग अथवा किसी अन्य विषय, जैसे सूचना प्रौद्योगिकी/भुगतान एवं निपटान प्रणाली/मानव संसाधन/जोखिम प्रबंधन/व्यवसाय प्रबंधन आदि में विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में बैंक के लिए उपयोगी होगा। साथ ही, मैं बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा 3ए के अनुसार जमाकर्ताओं/किसानों/श्रमिकों/कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता/करती हूँ। इसके समर्थन में मैं संबंधित प्रमाण-पत्र संलग्न कर रहा/रही हूँ। (जो लागू हो उस पर टिक करें।)

सी. मैं क्रमांक _____ से _____ तक के नामांकनों को स्वीकार करता/करती हूँ।

डी. मैं **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के निदेशक पद हेतु निर्वाचन लड़ने के लिए इच्छुक हूँ।

ई. मैं बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अंश एवं बैठकें) विनियम, 1998 (यथा संशोधित) तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरधारक निदेशकों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचनाओं/निर्देशों के अंतर्गत बैंक का निदेशक बनने के लिए अयोग्य नहीं हूँ।

एफ. मैं कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत भी अयोग्य नहीं हूँ।

जी. मैं किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3(1) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (सहायक बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में परिभाषित किसी सहायक बैंक में लाभ का कोई पद धारण नहीं करता/करती और न ही उनका कर्मचारी हूँ।

एच. मैं आगे यह घोषणा करता/करती हूँ कि—

i. मुझे किसी भी समय दिवालिया घोषित नहीं किया गया है तथा मैंने अपने लेनदारों के साथ भुगतान स्थगित नहीं किया है और न ही कोई समझौता किया है;

ii. मुझे विकृतचित्त (अस्वस्थ मस्तिष्क वाला) नहीं पाया गया है और न ही किसी सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया है तथा मुझे किसी ऐसे अपराध के लिए किसी आपराधिक न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध नहीं किया गया है जिसमें नैतिक अधमता सम्मिलित हो;

iii. मुझे किसी आर्थिक अपराध अधिकारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट, उच्च न्यायालय अथवा किसी अन्य न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित नहीं किया गया है;

iv. निर्वाचित होने पर मैं बैंक के साथ किसी भी प्रकार के व्यावसायिक/पेशेवर संबंध को तत्काल समाप्त कर दूँगा/दूँगी तथा निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान और उसके पश्चात तीन वर्ष की अवधि तक बैंक के साथ कोई पेशेवर संबंध स्थापित नहीं करूँगा/करूँगी;

v. मैं किसी बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्तीय संस्था, बीमा कंपनी अथवा किसी अन्य बैंक को धारण करने वाली एनओएफएचसी के निदेशक मंडल का सदस्य नहीं हूँ;

vi. मैंने पूर्व में किसी बैंक/वित्तीय संस्था/भारतीय रिज़र्व बैंक/बीमा कंपनी के निदेशक मंडल में किसी भी श्रेणी के निदेशक के रूप में लगातार अथवा अंतराल सहित कुल छः वर्ष तक कार्य नहीं किया है;

vii. मैं शेयर दलाली (स्टॉक ब्रोकिंग) के व्यवसाय में संलग्न नहीं हूँ;

viii. मैं संसद सदस्य, राज्य विधानमंडल सदस्य, नगर निगम, नगरपालिका अथवा किसी अन्य स्थानीय निकाय (जैसे अधिसूचित क्षेत्र परिषद, नगर परिषद, पंचायत, ग्राम सभा, जिला परिषद आदि) का सदस्य नहीं हूँ;

ix. मैं ऐसी चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म का भागीदार नहीं हूँ जो वर्तमान में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक की सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक के रूप में कार्यरत हो;

x. मैं ऐसी चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म का भागीदार नहीं हूँ जो वर्तमान में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सांविधिक शाखा लेखा परीक्षक अथवा समवर्ती लेखा परीक्षक के रूप में कार्यरत हो;

xi. मेरा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ कोई व्यावसायिक संबंध (जिसमें विधिक सेवाएँ, परामर्श सेवाएँ आदि सम्मिलित हैं) नहीं है और न ही मैं ऐसी किसी गतिविधि में संलग्न हूँ जिससे सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ व्यावसायिक हितों का टकराव उत्पन्न हो सकता हो;

xii. मेरा किसी बैंक अथवा किसी अन्य बैंक को धारण करने वाली एनओएफएचसी के साथ कोई पेशेवर संबंध नहीं है तथा यदि मैं निर्वाचित होता/होती हूँ तो निदेशक पद ग्रहण करने से पूर्व ऐसे संबंध को समाप्त कर दूँगा/दूँगी;

xiii. किसी नियामक अथवा पर्यवेक्षी प्राधिकरण/एजेंसी अथवा विधि प्रवर्तन एजेंसी द्वारा मेरे विरुद्ध कोई प्रतिकूल टिप्पणी/सूचना नहीं है तथा मैं किसी ऋणदाता संस्था का चूककर्ता नहीं हूँ।

आई. मैं निदेशक पद ग्रहण करने से पूर्व भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप में संविदा-पत्र निष्पादित करने का वचन देता/देती हूँ।

जे. मैं बैंक के निदेशक पद पर रहते हुए सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (यथा संशोधित) के प्रासंगिक प्रावधानों का अनुपालन करने का वचन देता/देती हूँ।

के. मैं यह वचन देता/देती हूँ कि इस घोषणा के पश्चात यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है जो यहाँ प्रदान की गई जानकारी से संबंधित हो, तो मैं यथाशीघ्र बैंक को पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराऊँगा/कराऊँगी तथा बैंक का निदेशक निर्वाचित होने पर संविदा-पत्र निष्पादित करूँगा/करूँगी।

एल. मैं अपनी व्यक्तिगत जानकारी का विवरण संलग्न कर रहा/रही हूँ, जो मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सभी दृष्टियों से सत्य एवं पूर्ण है।

नाम
हस्ताक्षर
शेयरों की संख्या
पंजीकृत फोलियो संख्या (यदि डीमैट नहीं है)
डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी (यदि डीमैट है)
स्थान
दिनांक

मेरे समक्ष उपर्युक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए।

मुहर सहित हस्ताक्षर : _____

प्रमाणित करने वाले अधिकारी का नाम : _____

घोषणा-पत्र पर उम्मीदवार द्वारा न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार अथवा उप-पंजीयक (आश्वासन), अन्य राजपत्रित अधिकारी, भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारी अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

★ जो लागू हो उस पर टिक करें।

नामांकन प्रपत्र

(शेयरधारक द्वारा)

(विनियम 65(डी) के संदर्भ में)

सेवा में,
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
केंद्रीय कार्यालय, चंदरमुखी, नरीमन पॉइंट,
मुंबई – 400021

महोदय,

निदेशक के निर्वाचन हेतु नामांकन

दिनांक 23 जून, 2026 की आपकी सूचना के संदर्भ में, मैं, श्री/श्रीमती _____, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एक शेयरधारक, जो **शुक्रवार, 26 जून, 2026** (जो निर्वाचन में भाग लेने के उद्देश्य से कट-ऑफ/निर्दिष्ट तिथि है) की स्थिति में ₹10/- प्रत्येक अंकित मूल्य के पूर्णत: चुकता _____ इक्विटी अंशों का धारक हूँ, एतद्द्वारा श्री/श्रीमती _____ _____, श्री/श्रीमती _____ के पुत्र/पुत्री/पत्नी, निवासी _____ _____ को बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के प्रावधानों के अनुसार बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक के रूप में निर्वाचित होने हेतु नामांकित करता/करती हूँ, जिसका निर्वाचन शेयरधारकों की **19वीं वार्षिक आम बैठक,** जो **शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026** को आयोजित की जाएगी, में किया जाएगा।

हस्ताक्षर

नाम

धारित अंशों की संख्या

पंजीकृत फोलियो संख्या (यदि डीमैट नहीं है)

डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी (यदि डीमैट है)

स्थान

दिनांक

टिप्पणियाँ :

1. यदि नामांकन किसी निगमित निकाय द्वारा किया जाता है, तो नामांकन प्रपत्र के साथ निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव की अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित एवं सत्यापित प्रमाणित प्रति संलग्न की जानी चाहिए।
2. उम्मीदवार को नामांकित करने वाले शेयरधारकों के हस्ताक्षर बैंक के शेयर अंतरण अभिकर्ता के पास उपलब्ध नमूना हस्ताक्षरों से मेल खाने चाहिए।
3. यदि उपर्युक्त किसी भी कॉलम को रिक्त छोड़ा जाता है अथवा विवरण गलत पाया जाता है, तो नामांकन अस्वीकृत किया जा सकता है।

व्यक्तिगत जानकारी, घोषणा एवं वचन-पत्र प्रस्तुत करने का प्रारूप
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

यहाँ स्व-सत्यापित पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएँ

अभ्यर्थी द्वारा दिनांक _____ की स्थिति के अनुसार घोषणा एवं वचन पत्र (आवश्यक संलग्नकों सहित)

I. अभ्यर्थी का व्यक्तिगत विवरण

1.	पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)	प्रथम नाम मध्य नाम उपनाम
2.	पिता का नाम (पूर्ण रूप में)	
3.	लिंग (पुरुष/महिला/अन्य)	पुरुष/महिला/अन्य
4.	वर्तमान पता (पत्राचार हेतु)	
5.	ई-मेल पता और वैकल्पिक ई-मेल पता: टेलीफोन नंबर (एसटीडी कोड सहित): मोबाइल नंबर:	
6.	नागरिकता	
7.	जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष) एवं आयु	
8.	शैक्षणिक योग्यता	
9.	निदेशक पहचान संख्या	
10.	आधार संख्या	
11.	ए) स्थायी खाता संख्या (पैन नं.) बी) आयकर विभाग के उस परिक्षेत्र/विभाग का नाम एवं पता जहाँ व्यक्तिगत आयकर रिटर्न दाखिल किये जाते हैं। सी) पिछले तीन वर्षों के दाखिल आयकर रिटर्न एवं कर भुगतान का विवरण	

रिटर्न दाखिल करने की तिथि	भुगतान किया गया कर (₹ में)

12.	स्थायी पता	
13.	लेखांकन, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग,सहकारिता अर्थशास्त्र, वित्त, विधि, लघु उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, भुगतान एवं निपटान प्रणालियाँ, मानव संसाधन, जोखिम प्रबंधन,व्यवसाय प्रबंधन अथवा अन्य किसी ऐसे क्षेत्र में,जिसके विशेष ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुभव को भारतीय रिजर्व बैंक उपयोगी मानता हो, के संबंध में प्रासंगिक ज्ञान अथवा अनुभव का संक्षिप्त विवरण।	
14.	वर्तमान व्यवसाय (पदनाम, संस्था/संगठन का नाम तथा अनुभव का संक्षिप्त विवरण)	

15. पिछले कम से कम 10 वर्षों के व्यवसाय/रोजगार का विवरण, जिसमें संबंधित संगठन/संस्थाओं का पूर्ण पता/कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, कार्यमुक्त होने की तिथि(कारण सहित), पदनाम आदि शामिल हों।

16. यदि चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं तो निम्नलिखित विवरण दे-

ए) भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की सदस्यता संख्या

बी) आईसीएआई में पंजीकरण की तिथि

सी) पंजीकृत फर्म/फर्मों का नाम एवं पता

डी) फर्म/फर्मों अथवा स्वयं द्वारा वर्तमान में किए जा रहे लेखा परीक्षणों का विवरण

17. उन बैंको का नाम, शाखा तथा खाता संख्या(बचत/चालू/ऋण खाते) जहाँ आप प्राथमिक खाताधारक हैं।

बैंक का नाम	शाखा	खाते का प्रकार	खाता सं.

18. आपके, आपके जीवनसाथी तथा आपके अवयस्क बच्चे द्वारा किसी संस्था में धारित शेयरधारिता का भौतिक अथवा (डी -मैट रूप में विवरण)

19. बैंक के निदेशक पद से संबंधित कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी

II. प्रस्तावित निदेशक के प्रासंगिक संबंध

20. ऐसे रिश्तेदारों की सूची जो कंपनी अधिनियम, की धारा 2(77) तथा कंपनी (परिभाषा विनिर्देशन) नियम, 2014 के नियम 4 के अनुसार किसी बैंक से संबद्ध हों।

21. उन संस्थाओं/इकाइयों की सूची जिनमे –

ए) आपकी रूचि/हित हो। (कंपनी अधिनियम की धारा 184 के अनुसार]

बी) आपका लाभकारी स्वामित्व हो। (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 89 तथा एमसीए के लागू महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व नियमों के अनुसार)

सी) आप न्यासी हों। (किसी ट्रस्ट के सन्दर्भ में अन्य सन्दर्भों का भी उल्लेख करें)

22. वर्तमान एवं प्रस्तावित उन संस्थाओं/इकाइयों की सूची, जिनमें बैंकिंग विनियमन अधिनियम,1949 की धारा 5(एनई)4 के अन्तर्गत आपका पर्याप्त हित हो।

कंपनी/फर्म का नाम
निगमित होने का देश
शेयरों की संख्या
प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य
शेयरधारिता का कुल अंकित मूल्य
कुल चुकता पूँजी में शेयरधारिता का प्रतिशत
लाभकारी हित(मूल्य और प्रतिशत दोनों में)
क्या संस्था, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अन्तर्गत कंपनी है?

23. विदेश में निगमित तथा भारत में व्यवसाय स्थल रखने वाली संस्थाओं में धारित हिस्सेदारी का विवरण	
24. उस बैंक/एनबीएफसी/अन्य कंपनी का नाम जिसमें आप वर्तमान अथवा पूर्व में निदेशक मंडल के सदस्य/सलाहकार आदि रहे हों। (ऐसे पद पर रहने की अवधि का विवरण भी दें।)	
25. यदि आप किसी ऐसी संस्था से संबद्ध हैं जो हायर परचेज, वित्तपोषण, निवेश पट्टे तथा अन्य पैरा-बैंकिंग गतिविधियों में संलग्न हैं, तो उससे संबद्धता की प्रकृति एवं उसका विवरण।	
26. यदि आप शेयर दलाल हैं अथवा किसी ऐसी संस्था से सबंद्ध हैं जो शेयर दलाली गतिविधियों में संलग्न है, तो उसका विवरण।	
27. आपके द्वारा व्यक्तिगत रूप से तथा/उपर्युक्त क्रमांक (21) से (26) में उल्लिखित संस्थाओं द्वारा वर्तमान में प्राप्त निधि आधारित और गैर-निधि आधारित बैंकिंग सुविधाओं का विवरण, यदि कोई हो।	
28. ऐसे मामले, यदि कोई हों, जिनमें आप व्यक्तिगत रूप से अथवा उपर्युक्त (21) से (26) में उल्लिखित संस्थाओं को अतीत में किसी बैंक/एनबीएफसी/अन्य ऋणदाता संस्था से प्राप्त ऋण या साख सुविधाओं के संबंध में चूककर्ता अथवा जानबूझकर चूककर्ता घोषित किया गया हों।	
III. व्यावसायिक उपलब्धियों का रिकॉर्ड	
29. निदेशक पद के लिए प्रासंगिक व्यावसायिक उपलब्धियाँ।	
IV. प्रस्तावित निदेशक के विरुद्ध कार्यवाही, यदि कोई हो	
30. किसी व्यावसायिक संघ/निकाय के सदस्य के रूप में, यदि कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित हो या आरंभ की गई हो, अथवा अतीत में दोषसिद्धि हुई हो, या किसी भी समय किसी व्यवसाय/पेशे में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया हो, तो उसका विवरण।	
यदि व्यक्तिगत व्यावसायिक आचरण या गतिविधियों के संबंध में कोई लिखित शिकायत या आरोप लगाया गया हो, तो उसका विवरण।	
31. आपके अथवा क्रमांक 21 से 26 तक सूचीबद्ध इकाइयों में आर्थिक कानूनों के उल्लंघन के लिए यदि कोई अभियोग लंबित है या शुरू हो गया है या जिसके परिणामस्वरूप दोषसिद्धि हुई है ,तो उसका विवरण।	
32. किसी आपराधिक अभियोजन का विवरण, यदि कोई लंबित हो, आरंभ किया गया हो या दोषसिद्धि में परिणत हुआ हो।	
33. यदि एएमएल/सीएफटी (AML/CFT – धन शोधन निवारण/ आतंकवाद वित्तपोषण निरोध) दिशानिर्देशों के किसी उल्लंघन में संलिप्त रहे हों, तो उसका विवरण।	
34. यदि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के अंतर्गत वर्णित किसी अयोग्यता से प्रभावित हों, तो उसका विवरण।	

35. यदि दिवालिया घोषित किए गए हों, या भुगतान स्थगित किया हो, अथवा लेनदारों के साथ समझौता किया हो, तो उसका विवरण।

36. यदि सक्षम न्यायालय द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित किया गया हो, तो उसका विवरण।

37. (क) यदि किसी आपराधिक न्यायालय द्वारा नैतिक दुराचार अथवा अन्य किसी अपराध में दोषसिद्ध घोषित किया गया हो, तो उसका विवरण।

(ख) यदि किसी न्यायालय द्वारा किसी भी मामले में दोषसिद्ध घोषित किया गया हो, तो उसका विवरण।

38. यदि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक में पूर्णकालिक निदेशक के पद को छोड़कर किसी लाभ के पद पर कार्यरत हों, तो उसका विवरण।

39. यदि स्वयं या ऊपर बिंदु (21) से (26) में उल्लिखित कोई संस्था किसी पूर्व नियोक्ता, सरकारी विभाग या एजेंसी द्वारा किसी जांच/सतर्कता संबंधी मामले या पूछताछ के अधीन रही हो, तो उसका विवरण।

40. यदि सीमा शुल्क/ उत्पाद शुल्क/ आयकर/ विदेशी मुद्रा अथवा अन्य राजस्व प्राधिकरणों द्वारा नियमों/ विनियमों/ वैधानिक आवश्यकताओं के उल्लंघन का दोषी पाया गया हो, तो उसका विवरण दें।

41. यदि किसी नियामक संस्था जैसे सेबी, आईआरडीएआई, पीएफआरडीए आदि, किसी व्यावसायिक संगठन, सरकारी एजेंसी अथवा न्यायालय द्वारा व्यावसायिक आचरण या गतिविधियों के कारण फटकारा गया हो, निंदा की गई हो, प्रतिबंधित किया गया हो, निलंबित किया गया हो, निष्कासित किया गया हो, आदेश द्वारा रोका गया हो अथवा अन्य किसी प्रकार का दंड लगाया गया हो, तो उसका विवरण दें। (यद्यपि ऐसे आदेशों एवं निष्कर्षों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं होगा जिन्हें बाद में पूर्णत: निरस्त/ रद्द कर दिया गया हो, तथापि यदि निरस्तीकरण/ रद्दीकरण केवल तकनीकी आधारों जैसे परिसीमा अथवा अधिकार-क्षेत्र के अभाव के कारण हुआ हो तथा गुण-दोष के आधार पर न हुआ हो, तो उसका उल्लेख करना आवश्यक होगा। यदि आदेश पर अस्थायी स्थगन प्राप्त हो तथा अपीलीय/ न्यायालयीन कार्यवाही लंबित हो, तो उसका भी उल्लेख किया जाना चाहिए।)

V. आम जानकारी

42. यदि अभ्यर्थी चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता आदि जैसा कोई पेशेवर है तथा वर्तमान में या पूर्व में किसी बैंक में कोई व्यवसायिक कार्य कर रहा है/ कर चुका है, तो उस कार्य का विवरण, संबंधित बैंक का नाम तथा बैंक के साथ संबद्धता की अवधि का उल्लेख करें।

43. यदि अभ्यर्थी वर्तमान में सांसद / विधायक / विधान परिषद सदस्य है अथवा किसी नगर निगम, नगरपालिका अथवा अन्य स्थानीय निकाय में कोई राजनीतिक पद धारण करता है, तो उसका विवरण दें।	
VI. प्रकटीकरण एवं पारदर्शिता के हित में, यदि 'उपयुक्त एवं समुचित (Fit and Proper)' आकलन हेतु कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी हो, तो उसका विवरण दें।	

वचन-पत्र

मैं, ... पुत्र/ पुत्री, श्री .... यह पुष्टि करता/ करती हूँ कि उपर्युक्त दी गई जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, सही एवं पूर्ण है।

मैं यह वचन देता/ देती हूँ कि बैंक में शेयरधारक निदेशक के रूप में मेरे निर्वाचन के पश्चात् यदि कोई ऐसी घटना घटित होती है जो ऊपर दी गई जानकारी से संबंधित हो, तो मैं यथाशीघ्र बैंक को उसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराऊँगा/ कराऊँगी।

मैं यह भी वचन देता/ देती हूँ कि बैंक के निदेशकों द्वारा निष्पादित किए जाने हेतु अपेक्षित संविदा-पत्र (Deed of Covenant) निष्पादित करूँगा/ करूँगी।

स्थान :

दिनांक: **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

संलग्नक:

टिप्पणी :

1. जहाँ उपलब्ध स्थान पर्याप्त न हो, वहाँ जानकारी को परिशिष्ट के रूप में कालानुक्रमिक क्रम में संलग्न करें तथा उपयुक्त परस्पर संदर्भ दें।
2. परिशिष्टों सहित सभी पृष्ठों पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

नामांकन एवं पारिश्रामिक समिति/निदेशक मंडल की टिप्पणियाँ

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)/निदेशक मंडल के अध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं मुहर

दिनांक:

स्थान:

व्यावसायिक विश्लेषण

मापदंड	मार्च-17	मार्च-18	मार्च-19	मार्च-20	मार्च-21	मार्च-22	मार्च-23	मार्च-24	मार्च-25	मार्च-26
कुल व्यवसाय	4,49,679	4,72,323	4,67,584	4,86,007	5,06,886	5,32,404	5,77,075	6,36,756	7,02,798	8,12,439
वार्षिक वृद्धि	-1.46%	5.04%	-1.00%	3.94%	4.30%	5.03%	8.39%	10.34%	10.73%	15.60%
कुल जमा	2,96,671	2,94,839	2,99,855	3,13,763	3,29,973	3,42,692	3,59,296	3,85,011	4,12,697	4,67,923
वार्षिक वृद्धि	11.45%	-0.62%	1.70%	4.63%	5.17%	3.85%	4.85%	7.16%	7.19%	13.38%
कुल ऋण और अग्रिम	1,53,008	1,77,484	1,67,729	1,72,244	1,76,913	1,89,712	2,17,779	2,51,745	2,90,101	3,44,516
वार्षिक वृद्धि	-19.53%	16.00%	-5.50%	2.69%	2.71%	7.23%	14.79%	15.60%	15.24%	18.76%
निवेश	93,792	1,05,295	1,29,219	1,47,358	1,53,820	1,46,759	1,42,653	1,49,538	1,43,032	1,58,832
वार्षिक वृद्धि	4.34%	12.26%	22.72%	14.03%	4.39%	-4.59%	-2.80%	4.83%	-4.35%	11.05%
सीडी अनुपात	51.57%	60.20%	55.94%	54.90%	53.61%	55.63%	60.86%	65.59%	70.53%	73.80%
संपत्तियों पर प्रतिफल	-0.80%	-1.61%	-1.70%	-0.35%	-0.26%	0.30%	0.44%	0.63%	0.86%	0.89%

लाभप्रदता

मापदंड	मार्च-17	मार्च-18	मार्च-19	मार्च-20	मार्च-21	मार्च-22	मार्च-23	मार्च-24	मार्च-25	मार्च-26
सकल आय	27,537	26,659	25,052	27,200	25,846	25,770	29,626	35,434	39,308*	42,342
वार्षिक वृद्धि	-1.03%	-3.19%	-6.03%	8.57%	-4.98%	-0.29%	14.96%	19.60%	10.93%	7.72%
सकल व्यय	24,448	23,926	21,925	22,856	21,267	20,028	22,742	28,071	31,184*	33,863
वार्षिक वृद्धि	-2.92%	-2.14%	-8.36%	4.25%	-6.95%	-5.83%	13.55%	23.43%	11.09%	8.59%
परिचालन लाभ	3,089	2,733	3,127	4,344	4,579	5,742	6,884	7,363	8,124	8,479
वार्षिक वृद्धि	16.92%	-11.52%	14.42%	38.92%	5.41%	25.40%	19.89%	6.96%	10.34%	4.37%
शुद्ध लाभ / (हानि)	-2,439	-5,105	-5,641	-1,121	-888	1,045	1,582	2,549	3,785	4,369
वार्षिक वृद्धि	-72.00%	-109.31%	-10.50%	80.13%	-20.79%	217.68%	51.39%	61.13%	48.49%	15.43%
एनआईएम (%)	2.51%	2.47%	2.54%	2.80%	2.78%	3.21	3.47%	3.40%	3.40%	3.07%
शुद्ध ब्याज आय	6,574	6,517	6,773	7,629	8,245	9,487	11,687	12,896	13,897	14,171
वार्षिक वृद्धि	-6.95%	-0.88%	3.93%	12.64%	8.07%	15.06%	23.19%	10.34%	7.76%	1.97%
गैर-ब्याज आय	2,876	2,623	2,413	3,637	3,116	2,968	4,084	4,712	5,642*	6,316
वार्षिक वृद्धि	48.40%	-8.80%	-8.01%	50.73%	-14.32%	-4.75%	37.60%	15.38%	19.74%	11.95%

* मार्च 2025 के आंकड़ों को, जहाँ कहीं भी आवश्यक है, चालू वर्ष के वर्गीकरण के अनुरूप पुनर्गणित/पुनर्समूहीकृत किया गया है।

निदेशक रिपोर्ट 2025-26

माननीय सदस्यों,

आपके निदेशक दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित, लाभ एवं हानि खाते तथा नकद प्रवाह विवरण सहित बैंक की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करते हैं.

1. कार्य निष्पादन वैशिष्ट्य:

- दिनांक 31 मार्च 2026 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹812439 करोड़ रहा जो 31 मार्च 2025 को 702798 करोड़ था.
- बैंक की कुल जमाराशि ₹467923 करोड़ हो गई, जो दिनांक 31 मार्च 2025 को ₹412697 करोड़ थी.
- बैंक का कुल अग्रिम ₹344516 करोड़ हो गया है, जो दिनांक 31 मार्च 2025 को ₹290101 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कुल आय ₹ 42342 करोड़ रही जबकि दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में यह ₹39308 करोड़ थी.
- बैंक की गैर-ब्याज आय दिनांक 31 मार्च 2026 को ₹6316 करोड़ रही जो दिनांक 31 मार्च 2025 को सामान्य वित्तीय वर्ष में ₹5642* करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में बैंक का परिचालन लाभ 4.37% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹8479 करोड़ हो गया. जो पिछले वर्ष दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रुपए ₹8124 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने ₹4369** करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जबकि दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध लाभ ₹3785 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान प्रति कर्मचारी व्यवसाय बढ़कर ₹23.89 करोड़ हो गया जो दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में ₹21.31 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल-III के अनुसार) 17.91% रहा जिसमें टीयर I- 15.61% एवं टीयर II– 2.30% रहा. (बैंक ने भारत सरकार द्वारा जारी गैर ब्याज वाले पुर्नपूंजीकरण बॉन्ड के एनपीवी की गणना के लिए समायोजन के बाद पूंजी अनुपात की गणना की है.)
- दिनांक 31 मार्च 2026 को निवल संपत्ति मूल्य ₹34599.72 करोड़ रही.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए नकद वसूली (एनपीए की बिक्री एवं खातों के अपलेखन सहित) ₹ 3418 करोड़ हो गई जो दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में ₹ 3396 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को सकल एनपीए से सकल अग्रिम में वृद्धि दर्शाते हुए 2.67% हो गया जो दिनांक 31 मार्च 2025 को 3.18% था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को निवल एनपीए से निवल अग्रिम घटकर 0.49% हो गया जो दिनांक 31 मार्च 2025 को 0.55% था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को प्रावधान कवरेज अनुपात घटकर 95.97% हो गया जो दिनांक 31 मार्च 2025 को 96.54% था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 3.07% रहा जो दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 3.40% था.
- आस्तियों पर प्रतिफल मार्च 2025 के 0.86% से बढ़कर मार्च 2025 के लिए 0.89 % हो गया, जो 3 बीपीएस के सुधार को दर्शाता है।.
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण नियोजन ₹159094.26 करोड़ रहा. तथापि प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में एएनबीसी को ऋण के आधिक्य का लाभ उठाने के लिए बैंक ने पीएसएलसी में बिक्री/ खरीद लेनदेन किया है. वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों के अंतर्गत ₹6800 करोड़ के पीएसएलसी की बिक्री की.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का कृषि अग्रिम ₹ 61687 करोड़ हो गया जो दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 52456 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एमएसएमई अग्रिम ₹ 69351 करोड़ रहा जबकि दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में यह ₹ 59243 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में रिटेल ऋण बढ़कर ₹103533 करोड़ हो गया जो दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में ₹ 82383 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो ₹59012 करोड़ रहा जो वर्ष-दर-वर्ष 13.13% की वृद्धि दर्शाता है. दिनांक 31 मार्च 2026 को कुल रिटेल पोर्टफोलियो में आवास ऋण पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 57% रही.
- बैंक ने देश के 9 राज्यों यथा मध्य प्रदेश (18), बिहार (9), महाराष्ट्र (6), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल (3), छत्तीसगढ़ (3) राजस्थान (1), ओडिशा (1) एवं असम (1) में 48 ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरसेटी) स्थापित किए हैं. वर्ष 2025-24 के दौरान आरसेटी ने 1486 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और उनमें 46188 अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया. इनमें से 34037 (अर्थात 73.69%) प्रशिक्षुओं को बैंक ऋण, वेतन समझौते और स्ववित्त के माध्यम से नियोजित किया गया है नियोजित अभ्यर्थियों को क्रेडिट लिंकेज उपलब्धि 22214 अर्थात 65.26% रही.

- दिनांक 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंकएश्योरेंस व्यवसाय से कुल आय ₹161 करोड़ हुई, जिसमें इसकी दो सहयोगी कंपनियों, जेनरली सेन्ट्रल इंश्युरेंस कं. लि. तथा जेनरली सेन्ट्रल लाइफ इंश्युरेंस कं. लि. से प्राप्त बैंकएश्योरेंस आय भी शामिल है।
- दिनांक 31 मार्च 2026 को 4585 शाखाओं के नेटवर्क जिसमें 2989 शाखाएं ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में (65.19%), 3819 एटीएम, 13685 बीसी प्वाइंट तथा कुल 22129 टच प्वाइंट्स के साथ बैंक की अखिल भारतीय उपस्थिति है।

* चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, आकड़ो की पुनर्गणना/पुनर्समूहन किया गया है.

** 34.944% के स्थान पर 25.168% की दर से स्थगित कर परिसंपत्ति की मान्यता के एकमुश्त प्रभाव, जिसकी राशि ₹632 करोड़ थी, को समायोजित करने के पश्चात्।

2. आय एवं व्यय

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आय एवं व्यय विवरण निम्नानुसार दिए गए हैं:

(₹ करोड़ में)

Particulars	31.03.2026	31.03.2025	विचलन	%
1 ब्याज आय	36026	33666	2360	7.01%
– अग्रिम	24050	22339	1711	7.66%
– निवेश	10210	10092	118	1.17%
– अन्य	1766	1235	531	42.99%
2 गैर ब्याज आय*	6316	5642	674	11.95%
3 कुल आय (1+2)*	42342	39308	3034	7.72%
4 प्रदत्त ब्याज	21855	19769	2086	10.55%
– जमाराशि	21001	18488	2513	13.59%
– अन्य	854	1281	(427)	-33.33%
5 परिचालन व्यय*	12008	11415	593	5.19%
– स्थापना	7581	7219	362	05.01%
– अन्य★	4427	4196	231	05.51%
6 कुल व्यय (4+5)*	33863	31184	2679	08.59%
7 स्प्रैड (1-4)	14171	13897	274	1.97%
8 परिचालन लाभ (3-6)*	8479	8124	355	04.37%
9 प्रावधान*	4110	4339	(229)	-5.28%
10 कर के लिए प्रावधान	2066	1149	917	79.81%
11 शुद्ध लाभ/(हानि) (8-9-11)	4369	3785	584	15.43%

* चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, आकड़ो की पुनर्गणना/पुनर्समूहन किया गया है.

3. प्रावधान

पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, लाभ और हानि खातों को प्रभारित ₹4110 करोड़ के कुल प्रावधान का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2026 (वि.व)	31.03.2025 (वि.व)	विचलन
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	(115)	73	-257.53%
एनपीए के लिए प्रावधान *	1534	2802	-45.25%
पुनर्संरचित खातों के लिए प्रावधान	688	539	27.64%
निवेश के लिए प्रावधान *	(121)	(306)	60.46%
करों के लिए प्रावधान	2066	1149	79.81%
अन्य	58	82	-29.27%
कुल	**4110**	**4339**	**-5.28%**

* चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, आकड़ो की पुनर्गणना/पुनर्समूहन किया गया है.

4. लाभप्रदता अनुपात

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लाभप्रदता अनुपात का विवरण इस प्रकार है:

(प्रतिशत में)

विवरण	31.03.2026 (वि.व)	31.03.2025 (वि.व)
जमाओं की लागत	4.82	4.76
निधियों की लागत	4.83	4.85
अग्रिमों पर आय	8.21	8.78
निवेशों पर आय	6.74	6.87
निवेश पर आय (ट्रेडिंग लाभ सहित)	7.30	7.45
शुद्ध ब्याज मार्जिन	3.07	3.40
लागत आय अनुपात*	58.61	58.42

* चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, आकड़ो की पुनर्गणना/पुनर्समूहन किया गया है.

5. व्यवसाय अनुपात:

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए व्यवसाय अनुपात का विवरण इस प्रकार है:

(प्रतिशत में)

विवरण	31.03.2026 (वि.व)	31.03.2025 (वि.व)
औसत कार्यशील निधि (एडब्ल्यूएफ) से ब्याज आय	7.37	7.65
औसत कार्यशील निधि (एडब्ल्यूएफ) से गैर-ब्याज आय	1.29	1.28
औसत कार्यशील निधि (एडब्ल्यूएफ) से परिचालन लाभ	1.73	1.85
औसत आस्तियों पर प्रतिफल	0.89	0.86
प्रति कर्मचारी व्यवसाय (₹करोड़ में)	23.89	21.31
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (₹लाख में)	13.00	12.00

* चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां कहीं भी आवश्यक हुआ, आकड़ो की पुनर्गणना/पुनर्समूहन किया गया है.

6. पूंजी एवं जोखिम भारित आस्तियों का अनुपात (सीआरएआर)

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात के घटक निम्नानुसार रहे:

(प्रतिशत में)

विवरण	31.03.2026 (वि.व)*	31.03.2025 (वि.व)
	बेसल-III	बेसल-III
टियर-I	15.61%	14.73%
टियर-II	2.30%	2.29%
पूंजी पर्याप्तता अनुपात	17.91%	17.02%

* जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट में सलाह दी है, बैंक ने भारत सरकार द्वारा जारी गैर-ब्याज वाले पुनर्पूंजीकरण बांड के एनपीवी की गणना के लिए समायोजन के बाद पूंजी अनुपात की गणना की है.

7. निवल लाभ/ हानि

दिनांक 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने (34.944% के स्थान पर 25.168% की दर से स्थगित कर परिसंपत्ति की मान्यता के एकमुश्त प्रभाव, जिसकी राशि ₹632 करोड़ थी, को समायोजित करने के पश्चात) ₹4,369 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।

8. लाभांश

बैंक के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ₹10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर कुल ₹1.20 के अंतरिम लाभांश को अनुमोदित किया है (अर्थात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय अंतरिम लाभांश के रूप में प्रत्येक इक्विटी शेयर पर ₹0.20 तथा चतुर्थ अंतरिम लाभांश के रूप में प्रत्येक इक्विटी शेयर पर ₹0.60)। बैंक द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार निर्धारित दरों पर, वित्त अधिनियम, 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत स्रोत पर कर की कटौती करने के पश्चात् सभी पात्र शेयरधारकों को उक्त सभी अंतरिम लाभांशों का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

उक्त लाभांश के कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ₹1,086.17 करोड़ का नकद बहिर्प्रवाह हुआ है। उपर्युक्त लाभांश की घोषणा निदेशक मंडल द्वारा वर्ष के दौरान बैंक के प्रदर्शन, इसकी भावी विकास संभावनाओं तथा व्यवसाय विस्तार एवं परिचालन संबंधी आवश्यकताओं हेतु पर्याप्त आरक्षित निधि बनाए रखने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए की गई है।

9. पूंजी एकत्र करना:

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा कोई इक्विटी पूंजी एकत्र नहीं की गई।

इसके अतिरिक्त, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कॉल विकल्प का प्रयोग करते हुए ₹500 करोड़ मूल्य के 01 बेसल-III अनुपालक टियर-II बॉण्ड का मोचन किया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा कोई ऋण पूंजी भी एकत्र नहीं की गई।

10. वर्ष के दौरान निदेशक मंडल में परिवर्तन:

श्री हार्दिक मुकेश सेठ दिनांक 24.07.2025 से बैंक के भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक के पद से पदमुक्त हो गए

श्री बलदेव पुरुषार्थ को दिनांक 24.07.2025 से आगामी आदेश तक बैंक के निदेशक मंडल में भारत सरकार नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

श्री मटम वेंकट राव दिनांक 31.07.2025 को अधिवार्षिता (सेवानिवृत्ति) पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर नहीं है।

श्री विवेक वाही दिनांक 30.09.2025 को अधिवार्षिता (सेवानिवृत्ति) प्राप्त करने पर बैंक के कार्यपालक निदेशक के पद पर नहीं है।

श्री कल्याण कुमार को दिनांक 30.09.2025 से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया।

श्री ई. रतन कुमार को दिनांक 24.11.2025 से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

बैंक के निदेशक मंडल में कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री मल्लादी वेंकट मुरली कृष्णा का कार्यकाल, जो उनकी वर्तमान अधिसूचित अवधि के अनुसार दिनांक 30 नवम्बर, 2025 को समाप्त हो रहा था, भारत सरकार द्वारा उनकी अधिवार्षिता की तिथि अर्थात 31 जुलाई, 2027 तक अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया गया है।

11. व्हिसल ब्लोअर नीति:

जनहित प्रकटीकरण एवं सूचना प्रदाताओं का संरक्षण (पीआईडीपीआई) के अंतर्गत बैंक सूचनादाता शिकायतों के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करता है. बैंक का "सेन्ट ई व्हिसिल ब्लोअर" नामक एक वेब पोर्टल है जिसमें कर्मचारी और निदेशकगण कदाचारी की रिपोर्टिंग अपनी पहचान उजागर किए बिना कर सकते है, जो सिर्फ महाप्रबंधक – मानव संपदा प्रबंधन विभाग को ज्ञात होती है. निदेशकगण और कर्मचारी लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष से भी सीधे संपर्क कर सकते है. इससे कदाचार पर अंकुश लगाने, धोखाधड़ी रोकने एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने में मदद मिलती है.

12. निदेशकों एवं बोर्ड का कार्य-निष्पादन मूल्यांकन:

सेबी (एलओडीआर), 2015 के विनियम 25 के आधार पर बोर्ड और गैर-स्वतंत्र निदेशकों एवं पूर्णकालिक निदेशकों सहित बोर्ड के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन स्वतंत्र निदेशकों द्वारा दिनांक 11 मार्च, 2026 को आयोजित एक अलग बैठक में किया गया.

इसके अतिरिक्त, पूर्णकालिक निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर कार्य-निष्पादन मूल्यांकन हेतु बोर्ड की समिति द्वारा किया जाता है। साथ ही, बैंक के गैर-सरकारी निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन वित्तीय सेवाएं विभाग के दिशानिर्देशों के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा वार्षिक आधार पर किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निदेशक मंडल एवं उसकी उप-समितियों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन मे. केपीएमजी द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी निदेशक मंडल मूल्यांकन संबंधी मार्गदर्शिका के आधार पर किया गया। निदेशक मंडल मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 11.07.2025 को आयोजित बैठक में की गई।

निदेशक मंडल, उसकी उप-समितियों तथा व्यक्तिगत निदेशकों का मूल्यांकन एक संरचित प्रश्नावली तथा केपीएमजी टीम के साथ व्यक्तिगत निदेशकों की अंत:क्रिया के माध्यम से किया गया, ताकि बैंक की समग्र कार्यप्रणाली के संबंध में उनके मूल्यवान विचार एवं सुझाव प्राप्त किए जा सकें।

निदेशक मंडल एवं उसकी उप-समितियों के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन हेतु तैयार की गई संरचित प्रश्नावली में उनकी संरचना एवं गठन, निदेशक मंडल की प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता, पर्यवेक्षण, जोखिम एवं स्वतंत्रता, दृष्टि एवं रणनीति, भूमिकाएँ एवं कार्य आदि पहलुओं को सम्मिलित किया गया था।

बैंक के निदेशकों ने निदेशक मंडल, उसकी उप-समितियों तथा व्यक्तिगत निदेशकों के कार्य-निष्पादन एवं प्रभावशीलता पर संतोष व्यक्त किया।

13. बोर्ड एवं इसकी उप- समितियां:

सेबी (एलओडीआर) विनियमों, भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों एवं इस हेतु आयोजित की गई बैठकें, जिसका कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, के अनुसार आवश्यकतानुसार बोर्ड एवं उप-समितियों का गठन किया जाता है.

14. स्वतंत्र निदेशकों द्वारा वर्ष के दौरान की गई घोषणा

बैंक के सभी स्वतंत्र निदेशकों ने इस बात की पुष्टि करते हुए यह घोषित किया है सेबी (एलओडीआर) 2015 के विनिमय 25 में वर्णित स्वतंत्रता के मानदंड को पूरा करेंगे.

15. सचिवीय लेखा परीक्षा:

सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ विनियम (सेबी), 2015 के विनियम 24ए, अन्य लागू विधियों, यदि कोई हों, तथा सेबी द्वारा समय-समय पर जारी प्रासंगिक परिपत्रों (उनमें समय-समय पर किए गए किसी वैधानिक संशोधन

अथवा पुन: अधिनियमन सहित) के अनुपालन में तथा बैंक की 18वीं वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति के अनुसार, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक की पाँच वर्ष की अवधि के लिए मुंबई स्थित प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों की फर्म मे.रागिनी चोकसी एंड कंपनी (फर्म पंजीकरण संख्या 92897) को बैंक का सचिवीय लेखापरीक्षक नियुक्त किया है। सचिवीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है। सचिवीय लेखापरीक्षक द्वारा अपने लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में की गई टिप्पणियाँ तथा उन पर बैंक की प्रतिक्रिया अनुलग्नक-1 में सम्मिलित हैं।

16.आचार संहिता

कॉर्पोरेट गवर्नेंस से संबंधित सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ विनियम (सेबी), 2015 की आवश्यकताओं के अनुपालन में, बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

17. प्रबंधकीय विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट:

सूचीबद्ध विनियमों की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार, समीक्षाधीन वर्ष के लिए प्रबंधन की चर्चा और विश्लेषण को वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा बनाने वाले एक अलग खंड में प्रस्तुत किया गया है।

18. व्यवसाय उत्तरदायित्व एवं स्थायित्व रिपोर्ट:

व्यवसायिक उत्तरदायित्व एवं स्थायित्व रिपोर्ट, जो कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 34 के अंतर्गत निर्धारित है, इसके साथ संलग्न है तथा बैंक की वेबसाइट (www.centralbank.bank.in) पर भी उपलब्ध है.

19. लाभांश वितरण नीति:

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 43ए के अनुसार, बैंक ने लाभांश वितरण नीति तैयार की है. नीति बैंक की वेबसाइट (www.centralbank.bank.in) पर उपलब्ध है.

20. निदेशकों के उत्तरदायित्व सम्बंधी विवरण

निदेशकगण यह पुष्टि करते हैं कि दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करते समय:

महत्वपूर्ण विचलन, यदि कोई है, के संबंध में समुचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है;

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार तैयार लेखांकन नीतियों को सुसंगत रूप से लागू किया गया है; समुचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय एवं प्राक्कलन किए गए हैं, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक के कारोबारी मामलों का तथा दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के अंत में बैंक के लाभ हानि का सही एवं स्पष्ट चित्रण प्रस्तुत किया जा सके.

भारत में बैंकों को अधिशासित करने वाले नियमों के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेख रखने में समुचित एवं पर्याप्त सावधानियां बरती गई है.

खातों को चालू व्यवसाय के आधार पर तैयार किया गया है। आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं एवं वे प्रभावी रूप से परिचालित हैं और सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली तैयार की गई है जो पर्याप्त व प्रभावी रूप से परिचालित है.

21. कॉर्पोरेट गवर्नेंस:

बैंक का निदेशक मंडल कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रथाओं को अक्षरश: अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर स्पष्ट लिखित प्रणाली तथा प्रथाओं को अपनाया है. बैंक की कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

22. आभार:

बोर्ड ने बैंक के साथ अपने कार्यकाल के दौरान निवर्तमान निदेशकों द्वारा प्रदान किए गए मूल्यवान मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण योगदान के प्रति अपनी गहरी सराहना व्यक्त की।

निदेशक मंडल शेयर धारकों, भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, भारतीय बैंक संघ, ग्राहकों, निवेशकों, शेयर बाजर निवेशकों एवं अन्य शेयर धारकों के अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल अपने ग्राहकों एवं शेयरधारकों द्वारा प्रदत्त निर्बाध समर्थन एवं विश्वास के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है.

कृते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से

स्थान: मुम्बई
दिनांक: 3 जून, 2026

[कल्याण कुमार]
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 की अवधि हेतु

प्रपत्र सं. एमआर-3

प्रति,
सदस्यगण,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

हमारे द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (जिसे आगे "बैंक" कहा गया है) द्वारा लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन तथा सुशासनात्मक कॉर्पोरेट प्रथाओं के पालन का सचिवीय लेखापरीक्षण किया गया. सचिवीय लेखापरीक्षण इस प्रकार से किया गया जिससे हमें कॉर्पोरेट व्यवहार/वैधानिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने तथा उस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक उपयुक्त आधार प्राप्त हो सके.

बैंक की बहियों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त पुस्तकों, प्रस्तुत किए गए प्रपत्रों एवं फाइल किए गए रिटर्न्स तथा बैंक द्वारा बनाए गए अन्य अभिलेखों का सत्यापन के आधार पर और सचिवीय लेखापरीक्षण के दौरान बैंक एवं इसके अधिकारियों, एजेंट्स एवं अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, हम यह रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, बैंक ने 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान निम्न उल्लिखित वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है तथा बैंक के पास उपयुक्त बोर्ड प्रक्रियाएँ और अनुपालन तंत्र उस सीमा तक, उस तरीके से और उसके बाद की रिपोर्टिंग के अधीन विद्यमान हैं.

हमने 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 की लेखापरीक्षा अवधि के लिए बैंक द्वारा रखी गई बहियों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त पुस्तकों, प्रस्तुत किए गए प्रपत्रों एवं फाइल किए गए रिटर्न्स तथा अन्य अभिलेखों की निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार जांच की है:

i. बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970;

ii. राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) की योजना, 1970;

iii. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 एवं बैंकिंग विनियमन (कंपनियाँ) नियम, 1949 (समय-समय पर यथा संशोधित);

iv. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन, 1998;

v. कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियम; (जहाँ तक लागू हो)

vi. डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 एवं इसके अंतर्गत बनाए गए विनियम एवं उपविधियाँ;

vii. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियम एवं विनियम, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, विदेश में प्रत्यक्ष निवेश तथा बाह्य वाणिज्यिक उधारी की सीमा तक।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अंतर्गत निम्नलिखित विनियमन एवं दिशा-निर्देश निर्धारित हैं:

ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015; ("सूचीबद्धता विनियम")

बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और अधिग्रहण) विनियमन, 2011;

सी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015;

डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2018;

ई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ एवं स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 – **(समीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

एफ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम एवं सूचीबद्धता) विनियमन, 2021;

जी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का असूचीबद्धीकरण) विनियमन, 2021; **(समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

एच) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की पुर्नखरीद) विनियमन, 2018; **(समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

आई) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा निधि) विनियमन, 2009;

जे) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (निर्गम एवं शेयर अंतरण एजेंट के रजिस्ट्रार) विनियमन, 1993;

के) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (डिपॉजिटरी एवं प्रतिभागी) विनियमन, 2018;

हमने बैंक तथा उसके अधिकारियों द्वारा किए गए अभ्यावेदन पर विश्वास किया है, जिनमे बैंक पर लागू अन्य अधिनियमों, विधियों एवं विनियमों के अनुपालन हेतु बैंक द्वारा स्थापित प्रणालियों एवं तंत्रों की जानकारी प्रदान की गई है।

हमने निम्नलिखित के लागू प्रावधानों/खंडों के अनुपालन की भी समीक्षा की है:

ए) द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सचिवीय मानक। **(लागू नहीं, क्योंकि बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित नहीं है)**

बी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम")।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने सामान्यत: अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है, तथापि निम्नलिखित अपवाद रहे हैं:

- दिनांक 31 मार्च, 2026 को बैंक के निदेशक मंडल में 09 निदेशक (जिनमें 04 कार्यपालक निदेशक, 02 नामित/गैर-कार्यकारी निदेशक तथा 03 गैर-कार्यकारी /स्वतंत्र/अंशधारक निदेशक शामिल थे) कार्यरत थे, जबकि बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के अनुसार निदेशक मंडल की निर्धारित संख्या 15 है।
- समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक में सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1) (ए) के अनुसार कम-से-कम एक महिला निदेशक तथा एक स्वतंत्र महिला निदेशक नहीं थीं।
- सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 17(1)(बी) के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के अभाव में बैंक के निदेशक मंडल में 50% स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

हम आगे यह रिपोर्ट करते हैं कि

बैंक का निदेशक मंडल कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यकारी निदेशकों तथा स्वतंत्र निदेशकों के समुचित संतुलन के साथ विधिवत गठित है (उपर्युक्त उल्लिखित अपवादों को छोड़कर)। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में हुए परिवर्तन अधिनियम, नियमों एवं विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे।

सभी निदेशकों को निदेशक मंडल की बैठकों के आयोजन हेतु समुचित सूचना दी जाती है। बैठक की कार्यसूची तथा कार्यसूची संबंधी विस्तृत टिप्पणियाँ कम-से-कम सात दिन पूर्व प्रेषित की जाती हैं तथा बैठक से पूर्व कार्यसूची संबंधी विषयों पर अतिरिक्त जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु एक उपयुक्त व्यवस्था विद्यमान है।

बहुमत का निर्णय मान्य होता है तथा असहमति रखने वाले सदस्यों के विचारों को कार्यवृत्त के भाग के रूप में अभिलिखित एवं दर्ज किया जाता है।

हम आगे यह भी रिपोर्ट करते हैं कि बैंक के आकार एवं परिचालन के अनुरूप बैंक में पर्याप्त प्रणालियाँ एवं प्रक्रियाएँ विद्यमान हैं, जो लागू विधियों, नियमों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी तथा उसे सुनिश्चित करने के लिए सक्षम हैं।

हम आगे यह भी रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक में निम्नलिखित विशिष्ट घटनाएँ अथवा कार्यवाहियाँ हुईं, जिनका उपर्युक्त उल्लिखित विधियों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुपालन के संदर्भ में बैंक के कार्यकलापों पर प्रभाव पड़ सकता है:

1. बैंक ने निर्गम की तिथि से 62 माह पूर्ण होने पर कॉल विकल्प का प्रयोग करते हुए दिनांक 20.05.2025 को ₹500 करोड़ के बेसल-III अनुरूप टियर-II बॉण्ड का मोचन किया।
2. बैंक ने दिनांक 16 जुलाई, 2025 को आयोजित 18वीं वार्षिक आम बैठक में अपने अंशधारकों से क्यूआईपी निर्गम/एफपीओ निर्गम/अधिमान्य निर्गम/अधिकार निर्गम के माध्यम से ₹5,000 करोड़ तक की इक्विटी पूंजी एकत्रीकरण की स्वीकृति प्राप्त की।
3. दिनांक 16 जुलाई, 2025 को आयोजित 18वीं वार्षिक आम बैठक में बैंक के अंशधारकों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ₹0.1875 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश को अनुमोदित किया।
4. बैंक के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के ₹10 अंकित मूल्य वाले प्रति शेयर पर कुल ₹1.20 (12%) के चार अंतरिम लाभांश घोषित किए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए:

1. भारत सरकार द्वारा श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी को बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में दिनांक 11 अप्रैल, 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्त किया गया।
2. भारत सरकार द्वारा श्री बलदेव पुरुषार्थ को बैंक के सरकारी नामित निदेशक के रूप में दिनांक 24 जुलाई, 2025 से आगामी आदेशों तक नियुक्त किया गया।
3. श्री हार्दिक मुकेश सेठ दिनांक 24 जुलाई, 2025 से बैंक के सरकार नामित निदेशक नहीं हैं।

4. श्री मटम वेंकट राव सेवानिवृत्ति उपरांत दिनांक 31 जुलाई, 2025 से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर नहीं हैं।

5. श्री विवेक वाही अधिवार्षिता सेवानिवृत्ति उपरांत दिनांक 30 सितंबर, 2025 से बैंक के कार्यपालक निदेशक के पद पर नहीं हैं।

6. भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री एम. वी. मुरली कृष्णा का कार्यकाल, जो 30 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हुआ था, दिनांक 31 जुलाई, 2027 तक अथवा आगामी आदेशों तक, बढ़ाया गया।

7. भारत सरकार द्वारा श्री कल्याण कुमार को बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में दिनांक 30 सितंबर, 2025 से तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया।

8. भारत सरकार द्वारा श्री ई. रतन कुमार को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में दिनांक 24 नवंबर, 2025 से तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया।

कृते **रागिनी चोकशी एंड कंपनी**
कंपनी सचिव
फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर.92897

हस्ताक्षरित
(रागिनी चोकशी)
(साझेदार)
एम. सं.: 2390
सीओपी नं.1436
यूडीआईएन: F002390H000572355
पीआर नं.: 4166/2023

दिनांक: 03-06-2026
स्थान: मुंबई

यह रिपोर्ट हमारे समदिनांकित पत्र के साथ पढ़ा जाए, जो अनुलग्नक'ए' के रूप में संलग्न है तथा इस प्रतिवेदन का अभिन्न अंग है।

अनुलग्नक"ए"

प्रति
सदस्यगण,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए हमारी समदिनांकित सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जानी चाहिए।

1. सचिवीय अभिलेखों का रख-रखाव बैंक के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। इन सचिवीय अभिलेखों की हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर अपनी राय व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है।
2. हमने सचिवीय अभिलेखों की विषय-वस्तु की शुद्धता के संबंध में युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करने हेतु उपयुक्त लेखापरीक्षा पद्धतियों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया है। यह सत्यापन परीक्षण के आधार पर किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य प्रदर्शित हों। हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाएँ एवं पद्धतियाँ हमारी राय के लिए युक्तिसंगत आधार प्रदान करती हैं।
3. हमने बैंक के वित्तीय अभिलेखों तथा लेखा-पुस्तकों की शुद्धता एवं उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।
4. जहाँ भी आवश्यक हुआ, हमने विधियों, नियमों एवं विनियमों के अनुपालन तथा घटनाओं आदि के घटित होने के संबंध में प्रबंधन से अभ्यावेदन प्राप्त किए हैं।
5. निगमित तथा अन्य लागू विधियों, नियमों, विनियमों एवं मानकों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच परीक्षण-आधारित सत्यापन तक सीमित थी।
6. यह सचिवीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन न तो बैंक की भावी व्यवहार्यता के संबंध में कोई आश्वासन है और न ही बैंक के कार्यकलापों के संचालन में प्रबंधन द्वारा अपनाई गई कार्यकुशलता अथवा प्रभावशीलता का प्रमाण है।

कृते **रागिनी चोकशी एंड कंपनी**
कंपनी सचिव
फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर.92897

हस्ताक्षरित
(रागिनी चोकशी)
(साझेदार)
एम. सं.: 2390
सीओपी नं.1436
यूडीआईएन: F002390H000572355
पीआर नं.: 4166/2023

दिनांक: 03-06-2026
स्थान: मुंबई

सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में की गई टिप्पणियाँ तथा उन पर बैंक का प्रत्युत्तर निम्नानुसार है :

क्र. सं.	टिप्पणियाँ/अवलोकन	बैंक का प्रत्युत्तर
1	31 मार्च, 2026 की स्थिति में बैंक के निदेशक मंडल में 09 निदेशक (जिनमें 04 कार्यपालक निदेशक, 02 नामित/गैर-कार्यकारी निदेशक तथा 03 गैर-कार्यकारी/स्वतंत्र/अंशधारक निदेशक शामिल हैं) थे, जबकि बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के अनुसार निदेशक मंडल की निर्धारित संख्या 15 है।	अंशधारक निदेशक की नियुक्ति को छोड़कर, बैंक के निदेशक मंडल में रिक्त पदों पर निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात् भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग का है।
2	समीक्षा अवधि के दौरान सेबी (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(ए) के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल में कम-से-कम एक महिला निदेशक तथा एक स्वतंत्र महिला निदेशक नहीं थीं।	बैंक ने सेबी (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 तथा बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुपालन हेतु प्रशासनिक मंत्रालय से निदेशक मंडल में महिला निदेशक सहित पर्याप्त संख्या में गैर-कार्यकारी/स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति करने का अनुरोध किया है।
3	समीक्षा अवधि के दौरान गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के अभाव में, सेबी (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(बी) के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल में 50% स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।	

निदेशकों के गैर-अयोग्यता का प्रमाण पत्र

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 34(3) और पांचवी अनुसूची पैरा सी खंड (10)(i) के अनुसार)

प्रति
सदस्यगण
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
चंदरमुखी बिल्डिंग, नौवां तल,
नरीमन पॉइंट, मुम्बई- 400021, महाराष्ट्र

हमारे द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (जिसे इसके बाद 'बैंक' के रूप में संदर्भित किया गया है) जिसका केन्द्रीय कार्यालय चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021 में स्थित है, के निदेशकों से प्राप्त प्रासंगिक रजिस्टरों, अभिलेखों, प्रपत्रों, विवरणियों और प्रकटीकरण की जाँच की गई है, यह जाँच बैंक द्वारा हमें प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के आधार पर, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 की अनुसूची V पैरा-सी उप-खंड *(10)(i)* के साथ पठित विनियम 34(3) के अनुसार, यह प्रमाणपत्र जारी करने के उद्देश्य से की गई है।

हमारे मत और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा बैंक तथा इसके अधिकारियों द्वारा हमें प्रदान किए गए सत्यापन (जिसमें आवश्यकतानुसार पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) की स्थिति शामिल है) और स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए नीचे बताए गए बैंक के बोर्ड में से कोई भी निदेशक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड / कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय या ऐसे किसी भी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा बैंक / कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त होने या बने रहने के लिए प्रतिबंधित या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

क्र. सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	डीआईएन	बैंक में नियुक्ति की तिथि
1.	श्री कल्याण कुमार	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी	09631251	30-09-2025
2.	श्री एम वी मुरली कृष्णा	कार्यपालक निदेशक	09021111	01-12-2022
3.	श्री महेन्द्र दोहरे	कार्यपालक निदेशक	09406117	09-10-2023
4.	श्री ई. रतन कुमार	कार्यपालक निदेशक	10686007	24-11-2025
5.	श्री बलदेव पुरुषार्थ	भारत सरकार नामित निदेशक	07570116	24-07-2025
6.	श्री मनोरंजन दास	भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक	लागू नहीं	12-12-2024
7.	श्री प्रियव्रत शर्मा	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	06972771	08-05-2023
8.	श्री शारदा कुमार होता	अंशधारक निदेशक	07491088	17-07-2024
9.	श्री प्रदीप खिमानी	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	लागू नहीं	11-04-2025

* श्री प्रियव्रत शर्मा, अपने 3 वर्ष के कार्यकाल के उपरांत, दिनांक 07.05.2026 से बैंक के निदेशक पद पर नहीं हैं.
** श्री प्रदीप खिमानी, अपने 01 वर्ष के कार्यकाल के उपरांत दिनांक 10.04.2026 से बैंक के निदेशक पद पर नहीं हैं.

टिप्पणी: बैंक कंपनी अधिनियम, 1956/2013 के प्रावधानों के तहत निगमित कंपनी नहीं है और तदनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान बैंक पर लागू नहीं होते हैं। इस प्रकार, बैंक के बोर्ड में निदेशकों के लिए डीआईएन (निदेशक पहचान संख्या) प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है। इसलिए, जिन निदेशकों के पास कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी डीआईएन है, उनके लिए डीआईएन का उल्लेख किया गया है, और जिन निदेशकों के पास डीआईएन नहीं है, उनके लिए 'लागू नहीं' का उल्लेख किया गया है।

बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति/निरंतरता के लिए उनकी पात्रता सुनिश्चित करना बैंक के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारे सत्यापन के आधार पर इन पर एक राय व्यक्त करना है।

यह प्रमाण पत्र बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन नहीं है और न ही यह प्रबंधन द्वारा बैंक के मामलों के संचालन की दक्षता या प्रभावशीलता का है.

कृते **रागिनी चोकशी एंड कंपनी**
कंपनी सचिव
फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर.92897

हस्ताक्षरित
(रागिनी चोकशी)
(साझेदार)
एम. सं.: 2390
सीओपी नं.1436
यूडीआईएन: F002390H000572377
पीएन नं.: 4166/2023

दिनांक: 03-06-2026
स्थान: मुम्बई

प्रबंधन विमर्श एवं विश्लेषण

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था का अवलोकन: अनिश्चितताओं के मध्य अनुकूलन एवं प्रत्यास्थता

समीक्षाधीन अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत धीमी, किंतु स्थिर वृद्धि का प्रदर्शन किया। यद्यपि मुद्रास्फीति पूर्व के उच्च स्तरों से सामान्य स्तर पर वापस आई तथा अनेक विकसित अर्थव्यवस्थाओं में श्रम बाज़ार की स्थितियाँ सामान्य होने लगीं, फिर भी व्यापारिक व्यवधानों, नीतिगत अनिश्चितताओं तथा निरंतर भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित किया। परिणामस्वरूप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में धीमी लेकिन सतत वृद्धि देखी गई, जहाँ पूंजी प्रवाह और कमोडिटी बाज़ार वैश्विक जोखिम लेने की प्रवृत्ति में होने वाले बदलावों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बने रहे।

31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी थी, जहाँ उसे बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच स्वयं को अनुकूलित करने और अपनी अंतर्निहित प्रत्यास्थता का परीक्षण करने की आवश्यकता थी। वर्ष 2025 के प्रारंभ में जहाँ "सॉफ्ट लैंडिंग" की संभावनाएँ प्रबल दिखाई दे रही थीं, वहीं बाद में बढ़ते भू-राजनीतिक संघर्षों, व्यापारिक तनावों में तीव्र वृद्धि तथा मध्य-पूर्व क्षेत्र में उभरे संघर्षों ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को जटिल बना दिया। वर्ष 2026 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि दर 2.6% से 2.9% के बीच रहने का अनुमान है, जो एक ऐसी अर्थव्यवस्था को दर्शाता है जो वृद्धि तो कर रही है, किंतु विभिन्न क्षेत्रों में असमान और अस्थिर परिस्थितियों का सामना कर रही है।

बैंक के अनुसंधान दस्तावेज़ में उद्धृत नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय आकलनों के अनुसार, वर्ष 2025 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि की गति वर्ष की शुरुआत में किए गए अनुमानों की तुलना में अपेक्षाकृत धीमी रहने की संभावना है। इस मंदी का प्रमुख कारण नए टैरिफ उपायों का लागू होना, जवाबी व्यापारिक कार्रवाइयाँ तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ी हुई अनिश्चितता को माना जा रहा है। इसके बावजूद, मुद्रास्फीति में कमी, परिस्थितियों के अनुरूप नीतिगत हस्तक्षेप तथा सेवा एवं प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों में निरंतर गतिविधियों के बल पर वैश्विक अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय प्रत्यास्थता प्रदर्शित की है। निकट अवधि का आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है, हालांकि वस्तुओं के मूल्यों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों तथा निवेश भावना में संभावित कमजोरी से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता है।

वर्ष 2026 की शुरुआत की एक प्रमुख विशेषता वैश्विक व्यापारिक संबंधों में कमजोरी रही। 1930 के दशक के बाद पहली बार इतने व्यापक स्तर पर लगाए गए टैरिफों ने नीतिगत अनिश्चितता को बढ़ाया, जिससे वित्तीय बाज़ारों में अस्थिरता और जोखिम की भावना में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। इसके बावजूद, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने कुछ क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रत्यास्थता प्रदर्शित की, विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में बढ़ते निवेश के माध्यम से। वर्ष 2025 में एआई-संबंधित पूंजीगत व्यय 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा, जिसने विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने तथा व्यापारिक व्यवधानों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, वैश्विक वृद्धि दर का वर्ष 2024 के 3.3% से घटकर वर्ष 2025 में 2.8% रहने का अनुमान है तथा वर्ष 2026 में भी इसके लगभग इसी स्तर पर बने रहने की संभावना है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर उभरते बाज़ारों एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) की तुलना में अपेक्षाकृत कम रहने की उम्मीद है, जबकि ईएमडीई समूह वैश्विक वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहेगा।

चित्र 1: वैश्विक वृद्धि, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि तथा ईएमडीई मेन वृद्धि का ट्रेंड (2024–2026)

वर्ष	वैश्विक वृद्धि (%)	विकसित अर्थव्यवस्था में वृद्धि (%)	ईएमडीई में वृद्धि (%)
2024	3.3	1.8	4.3
2025	2.8	1.4	3.7
2026	2.8	1.5	4.0

Source: IMF World Economic Outlook

विकसित अर्थव्यवस्थाएँ

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की गति अपेक्षाकृत मध्यम रहने का अनुमान है, जिसका प्रमुख कारण कुछ प्रमुख बाज़ारों में कमजोर उपभोक्ता मांग तथा अन्य क्षेत्रों में अभी भी प्रतिबंधात्मक वित्तीय परिस्थितियाँ हैं। अमेरिका का प्रदर्शन अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर बना हुआ है, यद्यपि वहाँ भी आर्थिक गतिविधियों में पिछले वर्ष की तुलना में कुछ नरमी देखी गई है। यूरोप में रिकवरी मिली-जुली है और क्षेत्र के कुछ हिस्सों में विनिर्माण की स्थिति अभी भी सुस्त बनी हुई है। जापान में भी मामूली ग्रोथ की उम्मीद है।

इन अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति के दबावों में कमी आने से नीतिगत समर्थन की कुछ गुंजाइश बनी है, तथापि केंद्रीय बैंक आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने और मूल्य स्थिरता बनाए रखने के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

केंद्रीय बैंकों के लिए, विशेषकर संयुक्त राज्य अमेरिका में, शुल्कों के मुद्रास्फीतिक प्रभाव चिंता का एक प्रमुख विषय बना हुआ है, क्योंकि आपूर्तिकर्ताओं ने इन अतिरिक्त लागतों को वहन करने की सीमित क्षमता दिखाई दी है। विशेषत: स्टिकी मुद्रास्फीति सेवाओं एवं आवास क्षेत्र में विद्यमान आर्थिक वृद्धि में मंदी के बावजूद, केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति में आक्रामक नरमी बरतने की क्षमता को सीमित करती है। इसके

परिणामस्वरूप अनेक बाजारों में वित्तीय परिस्थितियाँ अपेक्षाकृत सख्त बनी हुई हैं तथा सतर्क नीतिगत रुख भी बना हुआ है।

विकासोन्मुख बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ

विकासोन्मुख बाजार एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तीव्र गति से आगे बढ़ते रहने की अपेक्षा है, यद्यपि उनकी वृद्धि अब पूर्ववर्ती चक्रों की भाँति समान रूप से व्यापक नहीं रही है। वर्ष 2026 में ईएमडीई की वृद्धि दर औसतन 4.0% रहने का अनुमान है, जो उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर होगी, किन्तु महामारी-पूर्व औसत से अभी भी कम है। यह समूह अब भी प्रत्यास्थता का परिचय दे रहा है, जिसे बेहतर नीतिगत ढाँचों तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सुदृढ़ घरेलू मांग का समर्थन प्राप्त है।

हालाँकि, अब एक तीव्र असमानता उभरती हुई दिखाई दे रही है। जहाँ लगभग 90% उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ अब महामारी-पूर्व प्रति व्यक्ति आय स्तर से ऊपर पहुँच चुकी हैं, वहीं ईएमडीई में एक-चौथाई से अधिक अर्थव्यवस्थाएँ अभी भी 2019 की तुलना में अधिक कमजोर बनी हुई हैं। भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक सशक्त प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, जबकि चीन अभी भी कमजोर रियल इस्टेट गतिविधियों तथा बाह्य व्यापार संबंधी दबावों का सामना कर रहा है। वर्ष 2026 में चीन की वृद्धि दर 4.4% तक मंद पड़ने का अनुमान है, जिस पर रियल इस्टेट में दीर्घकालिक मंदी, उच्च ऋण स्तर तथा व्यापक विनिर्माण शुल्कों के प्रभाव का दबाव रहेगा।

व्यापक परिप्रेक्ष्य में विकासोन्मुख बाजारों के संदर्भ में, अमेरिकी डॉलर की दिशा, वैश्विक प्रतिफल दरें तथा वस्तु मूल्यों की प्रवृत्ति पूंजी प्रवाह, घरेलू तरलता परिस्थितियों और बाह्य संतुलन की स्थिरता के महत्वपूर्ण निर्धारक बने रहेंगे। अनेक बड़ी ईएमडीई को वर्ष 2025 के उत्तरार्ध में अमेरिकी डॉलर के अवमूल्यन से लाभ मिला, जिससे स्थानीय मुद्रा में मूल्यवर्गीकृत बॉन्डों पर प्रतिफल में सुधार हुआ तथा विनिमय दर पर तत्काल दबाव के बिना व्यापारिक प्रतिकूलताओं का सामना करने हेतु नीतिगत प्रतिक्रिया के लिए कुछ अतिरिक्त गुंजाइश प्राप्त हुई।

भूराजनीतिक संकट एवं वैश्विक युद्धों का प्रभाव

वर्ष 2026 में भूराजनीतिक जोखिम वैश्विक वित्तीय स्थिरता के समक्ष प्रमुख खतरे के रूप में उभरकर सामने आया। रूसी संघ द्वारा यूक्रेन पर लंबे समय से जारी आक्रमण ने यूरोप और मध्य एशिया में वस्तु बाजारों तथा ऊर्जा सुरक्षा को निरंतर प्रभावित किया। ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों के कारण ऊर्जा संक्रमण की लागत उच्च बनी रही तथा आपूर्ति की प्रत्यास्थी क्षमता सीमित हुई, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय प्रभाव वाले देशों की आर्थिक वृद्धि में मंदी देखने को मिली।

इसी के साथ, ईरान, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा इज़राइल से जुड़ा संघर्ष वर्ष 2026 के प्रारम्भ में एक अत्यंत निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया। जहाँ इससे पूर्व वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति में नरमी की प्रवृत्ति विद्यमान थी, वहीं इस संघर्ष के परिणामस्वरूप कच्चे तेल एवं गैस की कीमतों में तीव्र उछाल आया, जिससे उपभोक्ताओं की क्रय-शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा तथा वैश्विक स्तर पर घरेलू मांग कमजोर हुई। इन घटनाओं ने न केवल भूराजनीतिक जोखिम को अभूतपूर्व स्तर तक पहुंचा दिया, बल्कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में जोखिम ग्रहण करने की प्रवृत्ति के पुनर्मूल्यांकन को भी तीव्र रूप से प्रेरित किया।

इसके परिणामस्वरूप सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जिसके चलते वर्ष 2026 के प्रारम्भ में सोने की कीमतें बढ़कर $ 3,500 प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गईं। सशस्त्र संघर्ष की तीव्रता में वृद्धि को अब एक नकारात्मक आपूर्ति आघात के रूप में देखा जा रहा है, जो प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन लागत में वृद्धि करता है तथा समष्टिगत मांग पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में अवरोध एवं अस्थिर ऊर्जा–वस्तु मूल्य

वर्ष 2026 के प्रारम्भ का सर्वाधिक निर्णायक आर्थिक आघात हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से होने वाले माल-प्रेषण में उत्पन्न अवरोध के रूप में सामने आया। इस महत्वपूर्ण समुद्री संकरे मार्ग में व्यवधान के कारण ऊर्जा तथा उर्वरक मूल्यों में वैश्विक स्तर पर तीव्र वृद्धि दर्ज की गई। चूँकि मध्य-पूर्व वैश्विक आपूर्ति का एक प्रमुख केंद्र है, इसलिए ऊर्जा अवसंरचना के बंद होने तथा क्षतिग्रस्त होने से ऊर्जा एवं अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं, विशेषकर उर्वरकों, की आपूर्ति प्रभावित हुई, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

ऊर्जा आयातक देशों के लिए यह अवरोध एक गंभीर आपूर्ति-आघात सिद्ध हुआ, जिसके परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों में पुनरीक्षण करना पड़ा। अब जी-20 देशों में शीर्षक मुद्रास्फीति के वर्ष 2026 में पूर्वानुमानित स्तर की तुलना में 1.2 प्रतिशत अंक अधिक होकर 4.0% तक रहने का अनुमान है। विश्व व्यापार संगठन के अनुसार, यदि ये व्यवधान बने रहते हैं, तो वस्तु व्यापार वृद्धि, जिसके वर्ष 2026 में पहले ही 1.9% तक धीमा पड़ने का अनुमान है, उसमें अतिरिक्त 0.5 प्रतिशत अंक की और कमी आ सकती है।

बढ़ती हुई अनिश्चितता एवं अविश्वसनीयता के इस परिवेश ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के रूपांतरण की प्रक्रिया को तीव्र कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप अनेक कंपनियाँ भूराजनीतिक अवरोध-बिंदुओं से उत्पन्न जोखिमों के विरुद्ध प्रत्यास्थता विकसित करने हेतु ऑनशोरिंग तथा नियरशोरिंग जैसी रणनीतियाँ अपना रही हैं।

वस्तु बाजार की गतिशीलता

ऊर्जा बाजारों में विद्यमान अस्थिरता अन्य वस्तु-वर्गों में भी परिलक्षित हुई। जहाँ एक ओर मांग में नरमी के कारण कच्चे तेल की कीमतें प्रारम्भिक रूप से घटकर $ 60 प्रति बैरल तक

आने का अनुमान लगाया गया था, वहीं जून 2025 तथा वर्ष 2026 के प्रारम्भ में भूराजनीतिक तनावों के पुन: उभार ने कीमतों पर उल्लेखनीय ऊर्ध्वमुखी दबाव उत्पन्न कर दिया। प्राकृतिक गैस बाजार भी संरचनात्मक परिवर्तनों के दौर से गुजर रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में प्राकृतिक गैस की कीमतों में 11% वृद्धि का अनुमान है, क्योंकि अधिक मात्रा में गैस का निर्यात द्रवीकृत प्राकृतिक गैस के रूप में किया जा रहा है। इसके विपरीत, यूरोप में गैस की कीमतों में लगभग समान परिमाण की गिरावट देखे जाने की संभावना है, क्योंकि पाइपलाइन आधारित रूसी गैस पर निर्भरता में कमी के पश्चात वैश्विक स्तर पर एलएनजी की उपलब्धता बढ़ने से उसे लाभ मिल रहा है।

खाद्य मूल्यों के संरचनात्मक रूप से उच्च बने रहने का अनुमान है, क्योंकि मध्य-पूर्व संघर्ष से जुड़ी उर्वरक कीमतों में वृद्धि कृषि उत्पादकों के उत्पादन व्यय को बढ़ा रही है। हरित ऊर्जा संक्रमण से उत्पन्न मजबूत मांग के कारण औद्योगिक धातुओं के मूल्यों को सहारा मिल रहा है, जिससे विनिर्माण गतिविधियों की सुस्त वृद्धि के प्रभाव का आंशिक संतुलन हो रहा है। बढ़ती लागतों और परिवर्तित होती आपूर्ति श्रृंखलाओं के इस जटिल अंत:संबंध ने व्यवसायों तथा बैंकों दोनों के लिए वित्तीय सुदृढ़ता एवं लागत अनुशासन के महत्व को और अधिक बढ़ा दिया है।

वैश्विक व्यापार एवं मौद्रिक नीति

वैश्विक व्यापार प्रणाली पिछले कई दशकों के अपने सबसे महत्वपूर्ण व्यवधान के दौर से गुजर रही है। प्रमुख पारस्परिक शुल्कों की शुरुआत के परिणामस्वरूप संयुक्त राज्य अमेरिका की औसत प्रभावी शुल्क दर बढ़कर लगभग 17% तक पहुँच गई। इससे तनाव-वृद्धि का एक नया चक्र प्रारम्भ हुआ, जिसके तहत अमेरिका–चीन के बीच अधिकांश व्यापार गलियारों पर लगाए गए शुल्क अत्यंत उच्च स्तर तक पहुँच गए।

व्यापार नीति के इस निर्णायक मोड़ के कारण आयातों में उल्लेखनीय अग्रिम वृद्धि देखी गई, क्योंकि कंपनियाँ शुल्क लागू होने से पहले वस्तुओं का भंडारण करने के लिए तेजी से जुट गईं। वर्ष 2026 में इस अग्रिम आयात प्रभाव के कम होने के साथ, वैश्विक व्यापार वृद्धि के उल्लेखनीय रूप से घटकर 2.2% तक रहने का अनुमान है। व्यापारिक तनाव, शुल्कों से संबंधित नई कार्रवाइयाँ तथा प्रतिशोधात्मक उपाय वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अब भी प्रमुख जोखिम बने हुए हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि इनका मुद्रास्फीति, निवेश धारणा तथा वित्तीय बाजारों की अस्थिरता पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

2. भारतीय अर्थव्यवस्था प्रत्यास्थता एवं संरचनात्मक गति संवर्धन:

असमान वैश्विक परिदृश्य के बाबजूद, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी प्रत्यास्थता निरंतर प्रदर्शित करना जारी रखा। घरेलू मांग आर्थिक वृद्धि का प्रमुख आधार बनी रही, जिसे कृषि, निर्माण, वित्तीय सेवाओं तथा लोक प्रशासन से समर्थन प्राप्त हुआ। ग्रामीण मांग में सुदृढ़ता आई, मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय नरमी देखी गई, मौद्रिक परिस्थितियाँ अधिक सहायक हुईं, तथा मुद्रा एवं वैश्विक बाजारों में बीच-बीच में उत्पन्न अस्थिरता के बावजूद बाह्य क्षेत्रीय सुरक्षा कवच पर्याप्त रूप से मजबूत बना रहा.

वैश्विक संघर्षों और तनावपूर्ण परिस्थितियों के मध्य, भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता बना रहा तथा वित्तीय वर्ष 2026 में 6.4% से 6.6% की जीडीपी वृद्धि दर के साथ सबसे तीव्र गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान है। भारत ने वैश्विक व्यापारिक तनावों के प्रति उल्लेखनीय प्रत्यास्थता प्रदर्शित की, जिसे मजबूत घरेलू मांग तथा महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन का समर्थन प्राप्त हुआ।

जीडीपी वृद्धि

वैश्विक स्तर पर भारत की विकास दर सबसे मजबूत बनी रही। उपलब्ध व्यापक आर्थिक अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर लगभग मध्य-6% के स्तर पर रहने का अनुमान है, जिसे स्वस्थ घरेलू उपभोग, निरंतर सार्वजनिक निवेश, बेहतर कृषि उत्पादन और निरंतर सेवा गतिविधि का समर्थन प्राप्त है। अनुकूल मानसून स्थितियों के कारण कृषि ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि निर्माण और वित्तीय सेवाएं भी सहायक बनी रहीं।

पिछले वर्ष के उच्च आधार के कारण विनिर्माण विकास दर में कमी आई, लेकिन समग्र विकास प्रोफ़ाइल इतनी मजबूत रही कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़े बताते हैं कि औद्योगिक गतिविधियों में काफी मजबूती आई, और वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में उद्योग जीवीए में 7.0% की वृद्धि हुई। विशेष रूप से, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में विनिर्माण जीवीए में 9.13% की वृद्धि हुई।

इस गति को सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का समर्थन प्राप्त था, जिन्होंने 2025 के अंत तक ₹2.0 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित किया और 12.6 लाख से अधिक रोजगार सृजन किए। इसके अतिरिक्त, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन ने ₹1.60 लाख करोड़ के निवेश वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दी, जिससे देश क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित हो गया।

मुद्रा स्फ़ीति

खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी, बेहतर कृषि उत्पादन और साल के अधिकांश समय कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता के कारण, इस अवधि के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति में काफी कमी आई। मुख्य मुद्रास्फीति में कमी ने घरेलू क्रय शक्ति में सुधार किया और अधिक सहायक मौद्रिक रुख के लिए नीतिगत संभावना बनाई। इसके बावजूद, भू-राजनीतिक झटकों, सोने की अस्थिर कीमतों और बदलती वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की दुनिया में मुख्य मुद्रास्फीति पर अभी भी नज़र रखने की आवश्यकता है।

भारत 2026 में ऊर्जा और वस्तुओं की कीमतों में आने वाले उतार-चढ़ाव के प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उछाल और कीमती धातुओं के बाज़ार में अस्थिरता के कारण वस्तु व्यापार घाटा बढ़ गया है। ऊर्जा और फर्टिलाइज़र की कीमतों पर फिर से बढ़ता दबाव भी महंगाई के अनुमानों और परिवारों की क्रय क्षमता के लिए एक बड़ा जोखिम बना हुआ है।

नीतिगत दरें और मौद्रिक स्थितियां

इस अवधि के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने अधिक उदार नीतिगत रुख अपनाया, जिसमें लगातार रेपो दर में बदलाव और तरलता-सहायक उपाय किए गए, जिनका उद्देश्य मुद्रास्फीति की उम्मीदों को स्थिर रखते हुए विकास को बनाए रखना था। बदलता ब्याज दर परिवेश निधि लागत और ऋण देने के अवसरों दोनों के माध्यम से बैंकों के लिए प्रासंगिक है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के लिए, परिवेश ने व्यवसाय विस्तार का समर्थन किया, हालांकि इसके लिए मार्जिन, देनदारी मिश्रण और मूल्य निर्धारण अनुशासन पर निरंतर सतर्कता की भी आवश्यकता थी।

औद्योगिक उत्पादन

औद्योगिक उत्पादन सकारात्मक बना रहा लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में इसमें कमी आई। मजबूती के अधिक सतत स्रोत घरेलू बुनियादी ढांचे, सेवा गतिविधियों और चुनिंदा उपभोक्ता मांग से जुड़े क्षेत्रों से आए। औद्योगिक गति सभी श्रेणियों में समान नहीं थी, जो बैंक ऋण पोर्टफोलियो में क्षेत्र-विशिष्ट जोखिम की बारीकी से निगरानी और सुनियोजित ऋण वितरण की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

उसी समय, भारत की औद्योगिक गति को नीति-आधारित निवेश, विनिर्माण क्षेत्र के प्रोत्साहन और आपूर्ति श्रृंखला के स्थानीकरण के अवसरों से समर्थन मिला। इन कारकों ने एक ऐसे परिवेश का निर्माण करने में सहायता की जिसमें भारत, बाहरी व्यापार व्यवधानों के बावजूद, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के पुनर्गठन के लाभार्थी के रूप में स्वयं को स्थापित करना जारी रख सकता था।

मुद्रा विनिमय दर

भारतीय रुपया वृहद तौर पर प्रत्यस्थी बना रहा, लेकिन वैश्विक जोखिम-मुक्त घटनाओं, वस्तुओं की कीमतों में हलचल और अमेरिकी दरों के दृष्टिकोण के प्रति संवेदनशील रहा। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और अपेक्षाकृत नियंत्रित बाहरी ऋण स्थिति ने महत्वपूर्ण स्थिरता प्रदान की। लगभग 696.65 अरब अमेरिकी डॉलर का मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और 18% के कम बाहरी ऋण-से-जीडीपी अनुपात ने एक महत्वपूर्ण बफर प्रदान किया।

इसके बाबजूद, विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव आयातित मुद्रास्फीति, व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता और वित्तीय बाजारों में जोखिम धारणा पर बना रहा। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों के परिदृश्य और विदेशी पोर्टफोलियो प्रवाह में उलटफेर के जोखिम के प्रति अर्थव्यवस्था संवेदनशील बनी हुई है।

व्यापार एवं चालू खाता

भारत का वस्तु व्यापार घाटा ऊँचे स्तर पर बना रहा, यद्यपि सेवा निर्यातों ने संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेवा क्षेत्र की मजबूत वृद्धि, भारतीय क्षमताओं की निरंतर अंतरराष्ट्रीय मांग तथा बाह्य खातों की बेहतर सुदृढ़ता ने समष्टि आर्थिक स्थिरता को समर्थन प्रदान किया, हालांकि ऊर्जा की बढ़ती कीमतें तथा पुन: वैश्विक व्यवधानों के उभरने से जोखिम बना रहा।

ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि तथा बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में अस्थिरता के कारण वस्तु व्यापार घाटा और बढ़ गया। यदि कच्चे तेल की कीमतों पर पुन: दबाव बढ़ता है और ब्रेंट कच्चे तेल का मूल्य 74 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना रहता है, तो चालू खाता घाटा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद के 1.3 प्रतिशत तक पहुँच सकता है, जिससे रुपये की स्थिरता एवं मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाएँ प्रभावित हो सकती हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक

विदेशी पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह वैश्विक परिस्थितियों के प्रति संवेदनशील बना रहा, किन्तु वैश्विक बॉण्ड सूचकांकों में भारत के समावेशन तथा घरेलू बाजार की निरंतर बढ़ती गहराई ने ऋण निवेश प्रवाह को समर्थन प्रदान किया। यह बैंकिंग क्षेत्र के लिए प्रणालीगत तरलता तथा भारत की समष्टि आर्थिक स्थिति से जुड़े व्यापक विश्वास, दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण है।

साथ ही, वैश्विक व्यापार तनाव, वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में लंबे समय तक उच्च ब्याज दरों की स्थिति विदेशी पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह में प्रतिकूल परिवर्तन ला सकती है। अत:, यद्यपि भारत की समष्टि आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है, फिर भी बाह्य बाजारों की अस्थिरता पर सतर्क निगरानी बनाए रखना आवश्यक है।

बैंकिंग उद्योग का परिदृश्य : सतर्क दृष्टिकोण एवं डिजिटल विस्तार

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2026 में अभूतपूर्व संस्थागत मजबूती के साथ प्रवेश किया है। इसने पिछले वित्तीय वर्ष की जटिल चुनौतियों का उल्लेखनीय प्रत्यास्थता के साथ सफलतापूर्वक सामना किया। यह मजबूती वित्त वर्ष 2025 में प्राप्त रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन पर आधारित है, जब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 1.78 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक संचयी लाभ अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है।

रिकॉर्ड लाभप्रदता के इस दौर को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के बहुवर्षीय निम्न स्तर ने और सुदृढ़ किया। पूरे बैंकिंग उद्योग का सकल एनपीए वित्त वर्ष 2025 के अंत तक

घटकर 2.7 प्रतिशत के 13-वर्षीय न्यूनतम स्तर पर आ गया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के लिए यह प्रवृत्ति और भी अधिक स्पष्ट रही, जहाँ सकल एनपीए में उल्लेखनीय गिरावट होकर यह 3.18 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध एनपीए सुधरकर 0.55 प्रतिशत के मजबूत स्तर पर पहुँच गया, जो 1 प्रतिशत की सीमा से काफी नीचे है।

जमा संसाधनों की प्रतिस्पर्धा एवं निधि लागत का प्रभावी प्रबंधन

मजबूत पूंजीगत आधार के बावजूद, बैंकिंग क्षेत्र वित्त वर्ष 2026 में सतर्क आशावाद की स्थिति का सामना कर रहा है। इसका मुख्य कारण निवेश लागत का प्रभावी प्रबंधन तथा विकास की गति को बनाए रखने की दोहरी चुनौती है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2025 में घटकर लगभग 11% रह गई, जो वर्ष 2021-22 के बाद का सबसे निम्न स्तर है। इसका प्रमुख कारण खुदरा ऋण में जोखिमों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से अपनाई गई समष्टि-सावधानीपूर्ण नीतियाँ रहीं। साथ ही, जमा संसाधनों का संकलन चुनौतीपूर्ण बना रहा तथा बैंकिंग उद्योग में जमा वृद्धि दर 10.6% पर सीमित रही।

बैंकिंग उद्योग वर्तमान में अपनी देयता संरचना में एक संरचनात्मक परिवर्तन का अनुभव कर रहा है। मार्च 2025 तक, कम लागत वाले कासा जमा (चालू एवं बचत खाता जमा) का हिस्सा घटकर 29.1% रह गया, क्योंकि जमाकर्ताओं ने अधिक प्रतिफल देने वाली सावधि जमाओं की ओर रुख किया। वर्तमान में लगभग 72.7% सावधि जमाओं पर 7% से अधिक ब्याज दर प्रदान की जा रही है। संसाधनों को आकर्षित करने के लिए बढ़ती यह प्रतिस्पर्धा बैंकों के लिए अपनी रणनीतियों में परिवर्तन तथा संसाधनों के अधिक कुशल एवं प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के लिए, जिसने 17.02% की सुदृढ़ पूंजी पर्याप्तता अनुपात दर्ज की है, उच्च लागत वाली जमा व्यवस्था के वर्तमान परिवेश में मार्जिन, आस्ति-देयता प्रबंधन तथा ऋण वृद्धि के अवसरों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन आवश्यक है। बदलता हुआ ब्याज दर परिवेश व्यापार विस्तार को समर्थन प्रदान करता है, किन्तु साथ ही निवेश लागत एवं लाभप्रदता पर निरंतर सतर्कता बनाए रखने की भी आवश्यकता है।

सतर्कतापूर्ण परिदृश्य : भू-राजनीतिक एवं वस्तु-बाज़ार संबंधी जोखिम

वित्त वर्ष 2027 का परिदृश्य वैश्विक अनिश्चितताओं में वृद्धि के कारण अत्यधिक सावधानीपूर्ण बना हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा ईरान, संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल से जुड़े मध्य-पूर्वी संघर्षों के पुन: तीव्र होने से आपूर्ति श्रृंखला पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके अतिरिक्त, होर्मुज़ जलडमरूमध्य के लंबे समय तक अवरुद्ध रहने की संभावना वैश्विक ऊर्जा एवं उर्वरक कीमतों के लिए गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है, जिससे उत्पादन लागत में वृद्धि हो सकती है और समग्र मांग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए ये घटनाएँ कई प्रकार के संचरण जोखिम उत्पन्न करती हैं। वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि तथा ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों पर पुन: बढ़ते दबाव से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और रुपये की स्थिरता तथा मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाएँ प्रभावित हो सकती हैं। मुद्रा विनिमय दरों में अस्थिरता भी एक प्रमुख जोखिम बनी हुई है, क्योंकि भारतीय रुपया संयुक्त राज्य अमेरिका में लंबे समय तक उच्च ब्याज दरों की स्थिति तथा वैश्विक व्यापार तनावों के प्रति संवेदनशील है। इसके परिणामस्वरूप विदेशी पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह में प्रतिकूल परिवर्तन हो सकता है। व्यापार संबंधी व्यवधान भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं, विशेष रूप से तब जब भू-राजनीतिक चुनौतियाँ निर्यात ऋण तथा क्षेत्रीय व्यापार गलियारों को प्रभावित करती हैं।

भूराजनैतिक परिवर्तनों का प्रभाव निर्यात ऋण पर पहले से ही परिलक्षित होने लगा है, जैसा कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निर्यात ऋण पोर्टफोलियो में देखा गया है, जहाँ प्रमुख निर्यातक ग्राहकों द्वारा चूक का एक कारण क्षेत्रीय व्यापार गलियारों में उत्पन्न व्यवधान रहा। यह स्थिति बैंकों के लिए इस आवश्यकता को रेखांकित करती है कि वे क्षेत्रवार जोखिम, उधारकर्ताओं की संवेदनशीलताओं तथा बाह्य बाजार संबंधी व्यवधानों की निरंतर निगरानी करते हुए अपनी कार्यप्रणाली को प्रत्यास्थी एवं सतर्क बनाए रखें।

डिजिटल विस्तार, वित्तीय सुदृढ़ता एवं समावेशी विकास

यद्यपि बैंकिंग क्षेत्र को बाह्य अस्थिरता के प्रति प्रत्यास्थी एवं त्वरित प्रतिक्रियाशील बने रहना आवश्यक है, फिर भी भारतीय बैंकिंग प्रणाली की मूलभूत सुदृढ़ता, जो उच्च पूंजी पर्याप्तता, मजबूत तरलता भंडार तथा रिकॉर्ड निम्न एनपीए से परिलक्षित होती है, घरेलू अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय स्थिरता प्रदान करती है। अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, मजबूत पूंजीगत स्थिति तथा निरंतर डिजिटल परिवर्तन का समन्वय भारतीय बैंकों को अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए एक अनुकूल स्थिति में स्थापित करता है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के लिए, वर्तमान परिचालन परिवेश में चुनौतियाँ और अवसर दोनों विद्यमान हैं। बैंक की बेहतर होती आस्ति गुणवत्ता, मजबूत पूंजी आधार तथा भारत की घरेलू विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी की क्षमता एक स्थायी और सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। साथ ही, जमा संसाधनों के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा, निधि लागत पर दबाव, मुद्रा विनिमय दरों में अस्थिरता, वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा बाह्य व्यापार में व्यवधान जैसी चुनौतियाँ विकास के लिए एक संतुलित एवं विवेकपूर्ण रणनीति अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं।

अनुशासित वित्तीय सुदृढ़ता को डिजिटल अवसंरचना के तीव्र विस्तार के साथ जोड़ते हुए, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया वित्त वर्ष 2027 के दौरान वैश्विक चुनौतियों को समावेशी विकास के अवसरों में परिवर्तित करने के लिए सुदृढ़ एवं सक्षम स्थिति में है।

3. बैंकिंग क्षेत्र का अवलोकन

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय रूप से बेहतर वित्तीय स्थिति के साथ प्रवेश किया। इसकी प्रमुख विशेषताओं में आस्ति गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार, मजबूत पूंजी पर्याप्तता, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की निरंतर लाभप्रदता तथा डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग शामिल हैं। पूर्ववर्ती अवधि में रिकॉर्ड लाभप्रदता और गैर-निष्पादित आस्तियों के बहुवर्षीय न्यूनतम स्तर प्राप्त करने के बाद, इस क्षेत्र ने व्यापार विस्तार को समर्थन देने हेतु और अधिक सुदृढ़ आधार के साथ नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत की।

साथ ही, परिचालन परिवेश पहले की अपेक्षा अधिक प्रतिस्पर्धी एवं जटिल हो गया। बैंकिंग प्रणाली के समक्ष ऋण वृद्धि की गति बनाए रखने के साथ-साथ मूल्य निर्धारण में अनुशासन, विवेकपूर्ण जोखिम चयन तथा देयता प्रबंधन के बीच संतुलन स्थापित करने की चुनौती रही। जमा संसाधनों का संकलन प्रतिस्पर्धी बना रहा, क्योंकि ग्राहक अधिक प्रतिफल देने वाली सावधि जमाओं को प्राथमिकता देने लगे। इसके परिणामस्वरूप कासा (CASA) अनुपात तथा वित्तपोषण लागत पर दबाव बना रहा। इन परिस्थितियों के बावजूद, वित्त वर्ष 2025-26 ऐसा वर्ष बनकर उभरा जिसमें बैंकिंग क्षेत्र ने अपनी मूलभूत स्थिरता को निरंतर ऋण वृद्धि तथा परिचालनात्मक प्रत्यास्थता में परिवर्तित किया, जबकि वैश्विक परिवेश अस्थिर बना रहा।

"व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष" के रूप में नामित इस अवधि में बैंकिंग क्षेत्र ने तुलन-पत्र के पुनर्संतुलन से आगे बढ़कर संतुलित एवं विवेकपूर्ण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की। विशेष रूप से, खुदरा बैंकिंग, कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्द्योग तथा चुनिंदा कॉर्पोरेट क्षेत्रों में ऋण की मांग निरंतर बनी रही। यह मांग मुख्यत: अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण, अवसंरचना विकास, आपूर्ति श्रृंखला गतिविधियों तथा उभरते उद्यमों की वित्तीय आवश्यकताओं से प्रेरित थी। वर्ष के प्रारंभिक चरण में बैंकिंग प्रणाली की वृद्धि दर में आई कुछ नरमी ने वितरण क्षमता, ऋण मूल्यांकन एवं स्वीकृति में अनुशासन, डिजिटल सशक्तीकरण तथा क्षेत्र-विशिष्ट रणनीति के महत्व को और अधिक रेखांकित किया।


3.1 ऋण वृद्धि

बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर पिछले वर्ष के उच्च स्तरों की तुलना में कुछ धीमी हुई, तथापि यह समग्र रूप से स्वस्थ स्तर पर बनी रही। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत बैंक ऋण वृद्धि में तीव्र मंदी के साथ हुई, जो जून तिमाही में घटकर 9.49 प्रतिशत रह गई। यह मार्च 2022 के बाद का सबसे निम्न स्तर था। प्रारंभिक चरण की यह मंदी विशेष रूप से कृषि, उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों में अधिक स्पष्ट थी, जबकि व्यक्तिगत ऋण की तुलना में इन क्षेत्रों में गिरावट अपेक्षाकृत अधिक रही।

हालांकि, जैसे-जैसे वर्ष आगे बढ़ा, ऋण वृद्धि में मजबूत पुनरुद्धार देखने को मिला। इस सुधार को प्रमुख क्षेत्रों में बनी हुई ऋण मांग, वैश्विक स्तर पर ऊँची ब्याज दरों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण भारतीय कंपनियों द्वारा स्थानीय वित्तपोषण की ओर बढ़ते रुझान तथा खुदरा एवं रैम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) क्षेत्रों में निरंतर गति से समर्थन मिला। विनिर्माण क्षेत्र में वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के दौरान ऋण मांग में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, कृषि ऋण, व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण तथा स्वर्ण ऋण ने भी वृद्धि को निरंतर गति प्रदान की।

वर्ष के दौरान स्वर्ण ऋण सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में से एक रहा। स्वर्ण की बढ़ती कीमतों ने परिवारों के बीच इस बहुमूल्य धातु के प्रति रुचि को पुनर्जीवित किया, जिसके परिणामस्वरूप स्वर्ण ऋण ऐसा एकमात्र क्षेत्र बन गया जिसने वर्ष के कई महीनों तक लगातार तीन अंकों की वृद्धि दर दर्ज की।

वर्ष के दौरान ऋण वृद्धि में आई पुनर्बहाली ने यह दर्शाया कि बैंकिंग क्षेत्र जोखिम चयन में सावधानी बरतते हुए भी भारत की घरेलू आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने में सक्षम है। वर्ष के प्रारंभिक चरण में प्रणाली स्तर पर देखी गई मंदी ने सुनियोजित विकास, सुदृढ़ ऋण मूल्यांकन एवं स्वीकृति ढाँचे तथा उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्रों के लिए केंद्रित ऋण रणनीतियों के महत्व को और अधिक रेखांकित किया।



1 तालिका 1 : अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया ऋण में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि

3.2 जमा वृद्धि

जमा वृद्धि पूरे वर्ष सकारात्मक बनी रही, हालांकि प्रतिस्पर्धा भी काफी तीव्र रही। बैंकिंग क्षेत्र में जमाकर्ताओं ने अधिक प्रतिफल देने वाली सावधि जमाओं को स्पष्ट रूप से प्राथमिकता दी, जिसके परिणामस्वरूप कासा अनुपात तथा देयता लागत पर दबाव बना रहा। यह प्रवृत्ति बैंक के स्वयं के वित्त वर्ष 2026 के प्रदर्शन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहाँ जमाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, किंतु उनकी वृद्धि दर अग्रिमों की तुलना में अपेक्षाकृत धीमी रही। वहीं, कासा अनुपात में कुछ कमी आने के बावजूद, कासा जमाओं का कुल स्तर सुदृढ़ बना रहा।

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान भारतीय परिवारों की वित्तीय संरचना में एक संरचनात्मक परिवर्तन देखा गया। यद्यपि कुल बैंक जमाओं ने प्रत्यास्थता प्रदर्शित की, फिर भी उन्हें अन्य वित्तीय साधनों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। पूर्ववर्ती अवधि में बैंक जमाओं में निवेशित घरेलू परिसंपत्तियों की वृद्धि दर 8.39% रही, जबकि म्यूचुअल फंड में यह 21.90% तथा पेंशन फंड में 23.10% दर्ज की गई। यह घरेलू बचत व्यवहार में व्यापक परिवर्तन को दर्शाता है, जिसमें बाजार से जुड़े तथा दीर्घकालिक वित्तीय उत्पादों की ओर निवेश का रुझान बढ़ा है।

उद्योग में कम लागत वाली कासा जमाओं से अधिक प्रतिफल देने वाली सावधि जमाओं की ओर स्थानांतरण भी देखा गया। मार्च 2025 तक, 7% से अधिक ब्याज दर वाली सावधि जमाओं का हिस्सा बढ़कर 72.7% हो गया। इस संरचनात्मक परिवर्तन के कारण जमाओं की लागत में वृद्धि हुई और बैंकों को देयता प्रबंधन, ग्राहक प्रतिधारण, सूक्ष्म स्तर पर जमा संसाधन जुटाने तथा मूल्य निर्धारण अनुशासन पर अधिक ध्यान केंद्रित करना पड़ा।

प्रणालीगत तरलता को समर्थन प्रदान करने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात में 100 आधार अंकों की कमी किए जाने से बैंकिंग प्रणाली में लगभग ₹2.5 लाख करोड़ की अतिरिक्त तरलता आने की संभावना व्यक्त की गई। इससे ऋण वितरण को सुगम बनाने में सहायता मिली। हालांकि, इस तरलता समर्थन के बावजूद, जमाओं के लिए प्रतिस्पर्धी वातावरण ने बैंकों के लिए यह आवश्यक बना दिया कि वे ग्राहक सहभागिता को सुदृढ़ करें, वितरण नेटवर्क का विस्तार करें तथा अपनी देयता संरचना की गुणवत्ता एवं स्थिरता में निरंतर सुधार करें।

3.3 आस्ति गुणवत्ता

उद्योग की आस्ति गुणवत्ता सुदृढ़ीकरण के मार्ग पर बनी रही और सकल गैर-निष्पादित आस्तियों का अनुपात बहुवर्षीय न्यूनतम स्तर के आसपास बना रहा। इससे बैंकों को संतुलित विकास, डिजिटल सशक्तीकरण तथा परिचालन दक्षता पर अधिक प्रभावी ढंग से ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला। हालांकि, विशेषकर बाह्य अनिश्चितताओं और तीव्र गति से बढ़ते ऋण पोर्टफोलियो के वर्तमान परिवेश में, सुदृढ़ निगरानी की आवश्यकता यथावत बनी रही।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में निरंतर और उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला, जिसके परिणामस्वरूप पोर्टफोलियो की गुणवत्ता बहुवर्षीय उच्च स्तर पर पहुँच गई। उद्योग स्तर पर सकल गैर-निष्पादित आस्ति अनुपात दिसंबर 2024 के 2.42 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2025 में 1.89 प्रतिशत पर आ गया। यह सुधार निम्नलिखित कारकों का परिणाम रहा,

क्षेत्रवार ऋण वितरण	जून -25 (%)	सितं-25 (%)	दिसं-25 (%)	फर-26 (%)
सकल बैंक ऋण	9.49	10.4	14.5	14.5
गैर-खाद्य ऋण	9.33	10.2	14.4	14.3
कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां	6.78	9.0	12.1	12.3
उद्योग	5.49	7.3	13.3	13.5
सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग	17.4	19.7	23.4	21.8
व्यक्तिगत ऋण	12.11	11.7	14.4	15.2
सेवा क्षेत्र	9.00	10.2	15.3	16.3
स्वर्ण ऋण	123.81	114.9	127.6	127.9

***स्रोत:** समष्टि आर्थिक संकेतकों से संकलित*

ऋणों की बेहतर वसूली, जोखिम प्रबंधन पद्धतियों में सुधार, तथा पूर्ववर्ती वर्षों में किए गए तुलन-पत्र शुद्धिकरण के सकारात्मक प्रभाव।

6. **कपड़ा**: कानपुर, लुधियाना, सूरत, मुंबई, राजकोट, जोधपुर।

7ए.4 .6 सप्लाई चेन वित्त पोषण (एससीएफ) और डिजिटल इकोसिस्टम

एससीएफ प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च से आगे बढ़कर बड़े स्तर पर काम करने लगा है और इसने 40% क्षेत्रीय संवर्धन हासिल कर लिया है, जबकि 2026-27 तक 100% संवर्धन का लक्ष्य रखा गया है।

- **एकत्रित करना:** बैंक ने अपने सोर्सिंग भागीदार, यूबी के ज़रिए ₹518 करोड़ जुटाए।
- भविष्य हेतु दिशानिर्देश: पीएसबी अलायंस के साथ टाई-अप के ज़रिए, बैंक को मार्च 2027 तक ₹2,000 करोड़ जुटाने की उम्मीद है ।
- क्षेत्रों में कार्यरत स्टाफ को मज़बूत बनाना: नए डिजिटल टूल्स, जिसमें एमएसएमई पात्रता कैलकुलेटर और सेंट संपूर्ण में योजनाओं की डिजिटल पुस्तिका शामिल हैं, कर्मचारी को ग्राहकों को त्वरित ऋण अर्हता बताने में मदद करते हैं।

7ए.4. 7 मानव संसाधन: संस्थागत उत्कृष्टता

उत्कृष्ट गुणवत्ता की अंडरराइटिंग सुनिश्चित करने के लिए, बैंक गहन प्रशिक्षण के ज़रिए एसएसएमई प्रसंस्करण विशेषज्ञों का एक समूह तैयार कर रहा है।

- **समयकाल**: 225 चिन्हित अधिकारियों के एक बैच ने फरवरी 2026 में सीबीओटीसी कोलकाता और भोपाल में ट्रेनिंग शुरू की।
- **विस्तारण**: बैंक का लक्ष्य 2030 तक प्रत्येक वर्ष 1,000 अधिकारियों को प्रशिक्षण देना है।

7ए.4 .8 रणनीतिक पहुँच: साइना नेहवाल अभियान

व्यापार में तेजी बनाए रखने के लिए, बैंक ने 1 मई से 30 जून, 2026 तक देशव्यापी 'मेगा क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम' आयोजित किया। पद्म भूषण साइना नेहवाल द्वारा होस्ट किए गए इस कैंपेन का ध्यान आरएएम सेगमेंट पर है; इसमें उनकी लोकप्रियता का इस्तेमाल करके ब्रांड की प्रतिष्ठा बढ़ाई जाएगी और क्रेडिट वृद्धि को बढ़ावा दिया जाएगा।

7ए.5 कासा को प्रधानता और लक्षित सेगमेंट उत्पाद

कम लागत वाले संसाधनों के साथ आरएएम लेंडिंग की सहायता करने के लिए, बैंक ने "आगाज़" और "प्रारंभ" अधिग्रहण कार्यक्रम के माध्यम से अपनी देयता फ्रैंचाइज़ को और मज़बूत किया।

- **सेंट क्वीन:** खास तौर पर महिलाओं के लिए एक प्रीमियम बचत खाता, जो दुर्घटना बीमा एवं स्वास्थ्य सुविधा भी देता है।
- **सेंट पराक्रम:** प्रतिरक्षा और सुरक्षा कर्मचारियों के लिए एक खास बचत उत्पाद, जो बैंक के प्रति श्रद्धा रखने वाले ग्राहकों के सेगमेंट में क्रॉस-सेल की सुविधा देता है।
- **सेंट प्रेस्टीज:** सरकारी और शीर्ष स्तरीय पीएसयू में कार्यरत पेशेवरों के लिए बनाया गया एक प्रीमियम वेतन खाता।

7ए.6 सह – ऋण वितरण संवर्धन: पहुंच का विस्तार

36 एनबीएफसी/एसएफसी भागीदारों के साथ बैंक के सह – ऋण वितरण ढांचे ने आरएएम वृद्धि खासकर टियर 2 से टियर 4 स्थानों पर, के लिए एक क्षमतावर्धक का काम किया।

- **स्वीकृति बढ़ाना**: इस वर्ष कुल सह – ऋण वितरण मंजूरी ₹7,296.02 करोड़ तक पहुंच गई, जिसमें खुदरा (₹2,378.43 करोड़) और एमएसएमई (₹2,493.22 Cr) पर खास ध्यान दिया गया ।
- **पोर्टफोलियो शुद्धता:** सह ऋण वितरण पोर्टफोलियो को रणनीतिक गुणवत्ता की ओर अग्रसर किया गया, जिसमें सुरक्षित ऋण 10.58% बढ़कर ₹13,357.86 करोड़ तक पहुंच गया।


7बी. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण: समावेशी गतिसंवर्धन के वादे को पूरा करना

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार, समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का कम से कम 40% या ऑफ-बैलेंस शीट एक्सपोज़र से समतुल्य ऋण राशि, जो भी अधिक हो, को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र गतिविधियों के लिए आवंटित किया जाना है.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 में समावेशी विकास और वित्तीय पहुँच के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन: दोहराया है. बैंक ने इस विनियामक सीमा को उल्लेखनीय रूप से पार किया, जिसमें 31 मार्च 2026 तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम इसके एएनबीसी का 53.18% रही. यह प्रदर्शन अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण खंडों की सेवा करने और राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों में योगदान देने की दिशा में बैंक के रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है.

प्राथमिकता क्षेत्र में उत्कृष्टता | वित्त वर्ष 2025-26

सभी प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्र श्रेणियों में बैंक ने अनिवार्य नियामकीय मानकों से बेहतर प्रदर्शन किया है।



प्रदर्शन सारांश

सभी 5 श्रेणियों में अनिवार्य मानकों से बेहतर प्रदर्शन

श्रेणी	उपलब्धि	मानक से अधिक (प्रतिशत अंक)
कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	53.18%	↑ +13.18 pp
कृषि अग्रिम	19.27%	↑ +1.27 pp
लघु एवं सीमांत किसान	10.54%	↑ +0.54 pp
सूक्ष्म उद्यम	14.70%	↑ +7.20 pp
कमज़ोर वर्ग	14.86%	↑ +2.86 pp

स्रोत: ऑडिटेड वित्तीय परिणाम, मार्च 2026

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण प्रदर्शन

कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 31 मार्च 2026 तक रु.1,59,094.25 करोड़ तक पहुँच गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18.15%, अर्थात् रु. 24,448 करोड़ की वार्षिक वृद्धि दर्शाते हैं. यह विस्तार निर्धारित लक्ष्यों का अनुपालन बनाए रखते हुए कृषि, एमएसएमई और किफायती आवास जैसी प्रमुख श्रेणियों में ऋण पहुंच को बढाने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित था.

कृषि ऋण बढ़कर रू. 61,687.39 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2025 की तुलना में रू. 9,231 करोड़ की वृद्धि है, इसने एएनबीसी का 19.27% हासिल किया और 18% के विनियामक उप-लक्ष्य को पार कर लिया। इसी प्रकार, एमएसएमई ऋण में 17.06% की मजबूत वार्षिक वृद्धि देखी गई, जिसका कुल अग्रिम बढ़कर रू. 69,350.49 करोड़ हो गया.

शिक्षा ऋण में 43.11% की वृद्धि हुई, जबकि 25 लाख तक के आवास ऋण 20.10% बढ़ कर रु. 24,829.89 करोड़ तक पहुँच गई. नवीकरणीय ऊर्जा, सामाजिक अवसंरचना और निर्यात ऋण जैसी छोटी उप-श्रेणियों में कुछ संकुचन देखा गया, जो चक्रीय रुझानो और पोर्टफोलियो पुनर्संतुलन को दर्शाता है.

खंड-वार प्रदर्शन का सारांश नीचे रेखांकित किया गया है:

खंड	वित्त वर्ष 2025 (रु. करोड़)	वित्त वर्ष 2026 (रु. करोड़)	वृद्धि (%)
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	1,34,646.12	1,59,094.25	18.16%
कृषि	52,456.39	61,687.39	17.60%
एमएसएमई	59,242.97	69,350.49	17.06%
शिक्षा	2,238.30	3,203.14	43.11%
आवास (रु. 25 लाख तक)	20,673.49	24,829.89	20.10%
अन्य प्राथमिकता क्षेत्र	0.82	5.02	512.20%
नवीकरणीय ऊर्जा	0.85	0.31	-63.53%
सामाजिक अवसंरचना	24.25	16.85	-30.52%
निर्यात ऋण	9.05	1.16	-87.18%

पीएसएलसी का रणनीतिक उपयोग और आरआईडीएफ आवंटन

विनियामक पूंजी को अनुकूलित करने और कुछ श्रेणियों में अत्यधिक उपलब्धि का लाभ उठाने के लिए बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र बाज़ार में सक्रिय रूप से भाग लिया. वित्त वर्ष 2025-26 में कुल रु. 6,800 करोड़ के पीएसएलसी बेचे गए, जिनमें कृषि के अंतर्गत रु.5,300 करोड़ और लघु एवं सीमांत किसान उप-श्रेणी के अंतर्गत रु.1,500 करोड़ शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, बैंक ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि में अपनी उपस्थिति बनाए रखी. 31 मार्च 2026 तक, बकाया आरआईडीएफ) एक्सपोज़र रु. 619.12 करोड़ था, जिसमें से रु. 523.21 करोड़ सहायक गतिविधियों के लिए निर्धारित किए गए थे. ये पहल ग्रामीण विकास का समर्थन करती हैं और बैंक को पात्र निवेशों के माध्यम से उप-लक्ष्यों में कमी को पूरा करने में सक्षम बनाती हैं.

कृषि क्षेत्र

सेंट्रलबैंकऑफ इंडिया आजीविका को बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और भारत की आर्थिक सुदृढ़ता में योगदान देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए कृषि क्षेत्र को अपनी समावेशी विकास रणनीति के केंद्र में बनाए रखना जारी रखता है. वित्त वर्ष 2025-26 में, बैंक ने विशेष वित्तीय उत्पादों, सक्रिय ऋण वितरण, और कृषि-संबद्ध गतिविधियों एवं अवसंरचना के लिए लक्षित सहायता के माध्यम से किसान समुदाय तक अपनी पहुँच को गहरा किया है.

कृषि अग्रिमों में मजबूत वृद्धि

31 मार्च 2026 तक, बैंक के कुल कृषि एवं संबद्ध अग्रिम रु.61,687.39 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत में दर्ज रु. 52,456.39 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 17.60% की मजबूत वार्षिक वृद्धि दर्शाता है.उल्लेखनीय रूप से, कृषि ऋण से समायोजित निवल बैंक ऋण अनुपात 19.27% तक पहुँच गया, जो 18% की विनियामक आवश्यकता से अधिक है. यह प्रदर्शन भारत की कृषि अर्थव्यवस्था की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करते हुए विनियामक अधिदेशों के अनुपालन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को पुनर्रेखांकित करता है.

विविध एवं समावेशी कृषि-वित्त योजनाएं

बैंक किसानों, कृषि-उद्यमियों और ग्रामीण उद्यमों की विविध आवश्यकताओं के अनुरूप कृषि वित्त उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- सेंट किसान क्रेडिट कार्ड - फसल उत्पादन, कटाई-उपरांत व्यय, और कार्यशील पूंजी के लिए.
- सेंट एग्री गोल्ड लोन - फसल और पूंजीगत आवश्यकताओं हेतु सोने के बदले त्वरित ऋण सुविधा.
- सेंट पॉली हाउस/ ग्रीन हाउस योजना - बागवानी फसलों की संरक्षित खेती के लिए.
- सेंट ए.एम.आई - विपणन और भंडारण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए.
- सेंट डेयरी, मुर्गीपालन, मत्स्य पालान और पशुपालन अवसंरचना- संबद्ध गतिविधियों के वित्तपोषण और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए.
- सेंट एस.एच.जी. बैंक लिंकेज और डे-एन.आर.एल.एम. - महिला-नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को मियादी एवं आवर्ती ऋण के साथ सशक्त बनाना.
- सेंट फार्म मशीनरीऔर सेंट एग्री इंफ्रा - मशीनीकरण और कटाई-उपरांत निवेश के लिए.
- सेंट सोलर (पीएम-कुसुम के अंतर्गत) – विकेन्द्रीकृत एवं नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों हेतु।

सेंट गोटरी, मशरूम एवं नारी शक्ति – आय के वैकल्पिक स्रोतों को प्रोत्साहित करने तथा अल्प-प्रतिनिधित्व प्राप्त समूहों को समर्थन प्रदान करने हेतु।

सेंट एफपीओ, एफआईडीएफ, पीएमएफएमई एवं कोल्ड स्टोरेज योजनाएँ – उत्पादक संगठनों, प्रसंस्करण इकाइयों तथा ग्रामीण कृषि-लॉजिस्टिक्स को प्रोत्साहित करने हेतु।

ये योजनाएँ कृषि वित्तपोषण के प्रति बैंक के समग्र दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं, जिनमें फसल ऋण, पूंजीगत निवेश, अवसंरचना सृजन तथा जलवायु-सहिष्णु कृषि को समाहित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियाँ एवं पहलें

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने तथा समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनेक लक्षित पहलें कीं, जिनका विवरण निम्नानुसार है—

- ऋण अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम: ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी शाखाओं द्वारा प्रतिमाह ऋण शिविरों तथा ग्राम-स्तरीय जागरूकता अभियानों का आयोजन किया गया। इन अभियानों के माध्यम से स्वयं सहायता समूह वित्तपोषण को बढ़ावा दिया गया तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी सरकारी योजनाओं तक पहुँच का विस्तार किया गया।
- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र : अधिशेष ऋण वितरण से प्राप्त नियामकीय लाभों के अधिकतम उपयोग हेतु बैंक ने ₹6,800 करोड़ के पीएससीएल प्रमाणपत्र का विक्रय किया, जिनमें से ₹5,300 करोड़ कृषि क्षेत्र तथा ₹1,500 करोड़ लघु एवं सीमांत किसानों से संबंधित थे।
- ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि : 31 मार्च 2026 तक बैंक के पास आरआईएफडी के अंतर्गत ₹619.12 करोड़ का बकाया आवंटन था, जिसमें से ₹523.21 करोड़ सहायक गतिविधियों के लिए आवंटित थे। इससे ग्रामीण पूंजी निर्माण में बैंक की सुदृढ़ भूमिका और अधिक सशक्त हुई।
- कृषि समावेशन हेतु डिजिटल नवाचार: बैंक ने आपातकालीन फसल वित्तपोषण सहित डिजिटल कृषि ऋण उत्पादों का पायलट संचालन किया तथा प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन प्रक्रियाएँ प्रारंभ कीं, जिससे दूरस्थ एवं वंचित उधारकर्ताओं के लिए ऋण सुविधाओं की पहुँच और सुगमता में वृद्धि हुई।
- जलवायु-स्मार्ट कृषि पर विशेष ध्यान: सेन्ट पॉली हाउस जैसी योजनाओं के माध्यम से बैंक ने सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दिया तथा संरक्षित वातावरण में उच्च-मूल्य बागवानी फसलों की खेती हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रदर्शन से ग्रामीण ऋण को प्रोत्साहित करने, प्राथमिकता क्षेत्र के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा सतत कृषि परिवर्तन को गति देने के प्रति बैंक की सक्रिय प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। उत्पाद नवाचार, डिजिटल सशक्तीकरण तथा संस्थागत साझेदारियों के प्रभावी समन्वय के माध्यम से बैंक भारत के कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर अपने सकारात्मक प्रभाव का और अधिक विस्तार करने के लिए सुदृढ़ स्थिति में है।

वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ बनाना

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया वित्तीय समावेशन को अपनी संस्थागत रणनीति के प्रमुख आधार-स्तंभ के रूप में आगे बढ़ाने के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। बैंक के लिए वित्तीय समावेशन केवल एक नियामकीय दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, आर्थिक सशक्तीकरण तथा सतत विकास को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने लक्षित योजनाओं, रणनीतिक साझेदारियों तथा डिजिटल सशक्तीकरण के माध्यम से वंचित एवं सेवाविहीन समुदायों तक अपनी पहुँच का और विस्तार किया। इसके परिणामस्वरूप बैंक ने सतत विकास लक्ष्यों , विशेषकर एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन), एसडीजी 8 (सम्मानजनक कार्य एवं आर्थिक वृद्धि) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) की प्राप्ति में प्रत्यक्ष योगदान दिया।

कृषि समावेशन को सुदृढ़ बनाना

भारत की सामाजिक-आर्थिक संरचना में कृषि की केंद्रीय भूमिका को ध्यान में रखते हुए बैंक ने किसानों तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के लिए समयबद्ध एवं पर्याप्त ऋण प्रवाह को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि एवं संबद्ध अग्रिमों में 17.60% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹61,687.39 करोड़ तक पहुँच गया। कृषि ऋण-से-एएनबीसी अनुपात 19.27% रहा, जो 18% के नियामकीय लक्ष्य से अधिक है।

कृषि एवं कृषि-व्यवसाय की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बैंक की क्षेत्र-विशिष्ट योजनाओं का व्यापक पोर्टफोलियो उपलब्ध है। प्रमुख योजनाएँ निम्नलिखित हैं—

- सेंट किसान क्रेडिट कार्ड – फसल उत्पादन एवं फसलोपरांत वित्तपोषण हेतु।
- सेंट एग्री गोल्ड लोन – त्वरित तरलता उपलब्ध कराने हेतु।
- सेंट पॉली हाउस योजना – संरक्षित बागवानी को बढ़ावा देने हेतु।
- सेंट डेयरी, सेंट फिशरी एवं सेंट फार्म मशीनरी – कृषि विविधीकरण एवं यंत्रीकरण को प्रोत्साहित करने हेतु।
- सेंट एफपीओ, सेंट पीएमएफएमई तथा सेंट कोल्ड स्टोरेज – कृषि अवसंरचना एवं प्रसंस्करण मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने हेतु।
- सेंट सोलर एवं सेंट एग्री इंफ्रा – जलवायु-स्मार्ट कृषि को प्रोत्साहित करने हेतु।
- सेंट फूड क्लस्टर (दल/चावल/तेल) – रियायती ब्याज दर पर खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु।
- सेंट कोल्ड स्टोरेज/वेयरहाउस क्लस्टर – कृषि अवसंरचना के अंतर्गत कृषि व्यवसाय पोर्टफोलियो की वृद्धि हेतु।
- सेंट एग्रो टी – चाय उत्पादक क्षेत्रों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट योजना।

अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी शाखाओं में प्रतिमाह ऋण शिविर आयोजित किए तथा ग्राम स्तर पर साप्ताहिक जागरूकता अभियान संचालित किए। दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा सेंट एसएचजी बैंक लिंकेज के अंतर्गत औपचारिक ऋण संपर्क को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों हेतु विशेष शिविर आयोजित किए गए। साथ ही, बैंक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत समावेशन सुनिश्चित करते हुए लघु एवं सीमांत किसानों को जोखिम न्यूनीकरण का लाभ उपलब्ध कराया।

बैंक ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से वित्तीय समावेशन को और सुदृढ़ किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिज़नेस कॉरेस्पॉन्डेंट आउटलेट व्यवसाय में 15.68% तथा कुल वित्तीय समावेशन व्यवसाय में 12.99% की वृद्धि दर्ज की गई।

देशभर में बैंकिंग सेवाओं का उल्लेखनीय विस्तार किया गया। 19,336 गाँवों को बैंकिंग सेवाओं के दायरे में लाया गया तथा 13,685 बिज़नेस कॉरेस्पॉन्डेंट एजेंट तैनात किए गए। शहरी क्षेत्रों में 1,268 वित्तीय समावेशन केंद्र संचालित रहे, जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं तक समान पहुँच सुनिश्चित हुई।

प्रौद्योगिकी-संचालित समावेशन

बैंक की समावेशन रणनीति में प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण सक्षमकर्ता बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में डिजिटल माध्यमों से आपातकालीन कृषि ऋण सुविधा प्रारंभ की गई, जिससे ग्राहकों को समयबद्ध एवं लचीले ढंग से वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सकी। यद्यपि डिजिटल वित्तीय साक्षरता संबंधी विशिष्ट आँकड़े उपलब्ध नहीं थे, तथापि बैंक की बढ़ती डिजिटल पहुँच से ग्राहकों का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निरंतर ऑनबोर्डिंग हुआ, जिससे स्व-सेवा (Self-service) क्षमताओं तथा वित्तीय जागरूकता में वृद्धि हुई।

सामाजिक सुरक्षा एवं कमजोर वर्गों के लिए सहायता

बैंक ने सेंट नारी शक्ति (महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों हेतु), सेंट किसान साथी (अनौपचारिक साहूकारों से लिए गए ऋण से राहत हेतु) तथा सेंट अनुसूचित जनजाति (कमजोर वर्गों को लक्षित) जैसी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों तक अपनी पहुँच का विस्तार किया। ये योजनाएँ सामाजिक समावेशन एवं लक्षित कल्याण संबंधी राष्ट्रीय उद्देश्यों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार समर्थित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई—

- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना : 17.35% की वृद्धि (कुल 32.26 लाख नामांकन)
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना : 11.88% की वृद्धि (कुल 116.87 लाख नामांकन)
- अटल पेंशन योजना : 20.35% की वृद्धि (कुल 31.81 लाख नामांकन)

बैंक ने इन योजनाओं के अंतर्गत दावों के निपटान में उल्लेखनीय कार्य निष्पादन किया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत प्राप्त 20,539 मृत्यु दावों में से 18,771 दावों तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत प्राप्त 9,248 दावों में से 6,984 दावों का निपटान किया गया। यह समयबद्ध वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं बैंकिंग संवाददाता मॉडल के अंतर्गत कार्य निष्पादन

प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बैंक का कार्य निष्पादन निरंतर सुदृढ़ हुआ। बैंकिंग संवाददाताओं (बीसी) के माध्यम से संपादित व्यवसाय में 15.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर ₹6,917.37 करोड़ हो गया। इसी प्रकार, बीसी खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन संबंधी लेनदेन में 12.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह ₹10,405.36 करोड़ तक पहुँच गया। बीसी के माध्यम से खोले गए कुल खातों की संख्या में 4.83 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 198.69 लाख हो गई, जो बैंकिंग सेवाओं से अब तक वंचित लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने में इस मॉडल की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

पीएमजेडीवाई खातों में आधार सीडिंग की स्थिति में भी सुधार हुआ। सभी खातों में आधार सीडिंग का स्तर बढ़कर 91.25 प्रतिशत तथा परिचालित खातों में 95.51 प्रतिशत तक पहुँच गया, जिससे लाभों के निर्बाध अंतरण और ग्राहकों की पहचान की शुद्धता में वृद्धि हुई।

भौतिक पहुँच, ग्राहक-आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद विकास, विभिन्न साझेदारियों तथा डिजिटल सेवाओं के समन्वित दृष्टिकोण के माध्यम से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने भारत के वित्तीय समावेशन परिदृश्य में एक अग्रणी योगदानकर्ता के रूप में अपनी सुदृढ़ पहचान स्थापित की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के प्रयास इस मिशन को और अधिक गहराई प्रदान करते हैं, जिसमें ग्रामीण ऋण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिलाओं तथा समाज के वंचित एवं संवेदनशील वर्गों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। ये प्रयास न केवल विनियामकीय दायित्वों की पूर्ति करते हैं, बल्कि व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए औपचारिक वित्तीय तंत्र में अधिकाधिक लोगों को सम्मिलित कर दीर्घकालिक मूल्य सृजन में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं।

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी)

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने समर्पित जनसंपर्क एवं जागरूकता पहलों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल देना जारी रखा, जिनमें वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र प्रमुख रहे। ये केन्द्र बैंक की उस कार्यनीति के महत्वपूर्ण अंग हैं, जिसके माध्यम से वित्तीय शिक्षा एवं मार्गदर्शन को बैंकिंग सेवाओं से वंचित तथा अल्पसेवित वर्गों तक पहुँचाया जाता है। इनका प्रमुख उद्देश्य व्यापक वित्तीय शिक्षा प्रदान कर लोगों को सशक्त बनाना, उन्हें सूचित वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम बनाना तथा उपलब्ध वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं के प्रति उनकी समझ को बढ़ाना है। वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने सात राज्यों, अर्थात् मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ में कुल 52 वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र स्थापित किए हैं। इसके अतिरिक्त, केरल में ब्लॉक स्तर पर चार एफएलसीसी स्थापित किए गए हैं। बैंक इन राज्यों में रणनीतिक रूप से स्थापित 178 सामुदायिक वित्तीय साक्षरता केन्द्रों का भी संचालन कर रहा है। इनकी राज्यवार संख्या इस प्रकार है: पश्चिम बंगाल (12), मध्य प्रदेश (49), उत्तर प्रदेश (21), राजस्थान (7), बिहार (61), छत्तीसगढ़ (14) तथा महाराष्ट्र (14)। ये केन्द्र समाज के विभिन्न वर्गों को वित्तीय शिक्षा प्रदान करने के महत्वपूर्ण मंच हैं तथा इनके माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान एवं सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया जाता है।

एफएलसीसी, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों तथा सीएफएल की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों का संचालन और पर्यवेक्षण "सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान" नामक एक समर्पित सोसायटी/ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। इन संस्थाओं के प्रभावी प्रबंधन एवं समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए एक शीर्षस्तरीय शासी परिषद समग्र मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण प्रदान करती है. बैंक विभिन्न संसाधनों का सक्रिय रूप से उपयोग करता है, जिसमें सेवानिवृत्त कार्मिकों की सलाहकार के रूप में बहुमूल्य सेवाएँ भी शामिल हैं। इस पहल के माध्यम से बैंक उनके व्यापक अनुभव एवं ज्ञान का लाभ उठाते हुए ग्राहकों को समृद्ध परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है, जो बैंक की व्यापक वित्तीय समावेशन एवं अनुभव-साझाकरण रणनीति के अनुरूप है। इन प्रयासों का उद्देश्य विशेष रूप से अल्पसेवित क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों तथा लघु उद्यमों तक पहुँचना तथा ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी समुदायों में वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास को प्रोत्साहित करना है। इन कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप लोगों को प्रभावी वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान प्राप्त हो रहा है तथा उनकी आर्थिक समृद्धि और कल्याण में वृद्धि हो रही है।

आरसेटी के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाना

वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के अंतर्गत सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों को और अधिक सुदृढ़ बनाया। ये संस्थान बैंक की व्यापक रणनीति का एक प्रमुख आधार हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार अथवा लाभकारी रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल और उद्यमशीलता क्षमताओं से सुसज्जित करना है। आरसेटी केवल कौशल विकास तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने और समुदायों में सतत आजीविका के अवसरों का सृजन करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बैंक देश के नौ राज्यों में रणनीतिक रूप से स्थापित 48 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरसेटी) का संचालन कर रहा है। इनमें मध्य प्रदेश में 18, बिहार में 9, महाराष्ट्र में 6, उत्तर प्रदेश में 5, पश्चिम बंगाल में 3, छत्तीसगढ़ में 4, राजस्थान में 1, ओडिशा में 1 तथा असम में 1 आरसेटी संचालित हैं। ये संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करते हैं, जिनमें व्यावहारिक कौशल विकास, उद्यमशीलता संवर्धन और वित्तीय जागरूकता पर विशेष बल दिया जाता है। आरसेटी, वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्रों तथा वित्तीय साक्षरता केन्द्रों की गतिविधियों का प्रबंधन और पर्यवेक्षण बैंक के समर्पित गैर-लाभकारी ट्रस्ट, "सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान" द्वारा किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आरसेटी द्वारा कुल 1,510 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से 46,914 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इनमें से 34,037 (अर्थात् 72.55 प्रतिशत) प्रशिक्षार्थियों का सफलतापूर्वक पुनर्वास/स्थापन किया गया। पुनर्वासित अभ्यर्थियों में से 22,214 (अर्थात् 47.35 प्रतिशत) को ऋण-संबद्धता (क्रेडिट लिंकेज) प्रदान की गई।

जमीनी स्तर पर उद्यमिता और वित्तीय आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करते हुए आरसेटी समावेशी विकास के महत्वपूर्ण संवाहक के रूप में अपनी भूमिका निरंतर निभा रहे हैं। इन संस्थानों के प्रति सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की निरंतर प्रतिबद्धता क्षमता निर्माण की परिवर्तनकारी शक्ति में उसके विश्वास तथा रोजगार सृजन, ग्रामीण उत्थान और समावेशी आर्थिक विकास पर केन्द्रित राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है।

सामाजिक बैंकिंग एवं सरकार प्रायोजित योजनाएँ

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से समाज के व्यापक वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान कर समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ये पहलें वित्तीय समावेशन को गहन बनाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा अल्पसेवित एवं वंचित समुदायों को सशक्त बनाने संबंधी बैंक की रणनीतिक कार्यसूची का अभिन्न अंग हैं। राष्ट्रीय प्राथमिकताओं तथा सतत विकास लक्ष्यों, विशेष रूप से एसडीजी-1 (गरीबी उन्मूलन), एसडीजी-8 (सम्मानजनक कार्य एवं आर्थिक वृद्धि) तथा एसडीजी-10 (असमानताओं में कमी) के अनुरूप, बैंक की पहुँच एवं पहलें सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को कम करने तथा सामुदायिक स्तर पर विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने लक्षित वित्तीय साधनों के माध्यम से सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने में सुदृढ़ परिचालन क्षमता का कार्य निष्पादन किया। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई, जिसका उद्देश्य शहरी रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं की आजीविका को पुनर्स्थापित करने में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत खातों की संख्या 3,48,472 से बढ़कर 3,76,528 हो गई, जो 8.05 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाती है। यह बैंक की समाज के संवेदनशील वर्गों की आवश्यकताओं के प्रति त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता को रेखांकित करता है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ समर्थन प्रदान करते हुए बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत भी उत्कृष्ट कार्य निष्पादन किया। पीएमएमवाई के अंतर्गत ऋण वितरण ₹8,906.37 करोड़ से बढ़कर ₹9,592.37 करोड़ हो गया, जो 7.70 प्रतिशत की वृद्धि को प्रतिबिंबित करता है। यह वित्तपोषण विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्रों में कार्यरत गैर-कॉर्पोरेट उद्यमों, विशेष रूप से टियर-II एवं टियर-III शहरों में संचालित इकाइयों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायक माध्यम बना हुआ है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। इस योजना के अंतर्गत खातों की संख्या 6,132 से बढ़कर 8,962 हो गई, जो 46.15 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। यह पहल सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के औपचारिकीकरण और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा ग्रामीण रोजगार सृजन और मूल्य श्रृंखला एकीकरण को प्रोत्साहन प्रदान करती है।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा देना है, के अंतर्गत ऋण वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस योजना के अंतर्गत ऋण वितरण ₹2,467.79 करोड़ से बढ़कर ₹2,738.15 करोड़ हो गया, जो 10.95 प्रतिशत की वृद्धि को प्रतिबिंबित करता है। यह उत्कृष्ट कार्य निष्पादन विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में ग्रीनफील्ड परियोजनाओं को समर्थन प्रदान करने और युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

समग्र रूप से, ये उपलब्धियाँ सामाजिक बैंकिंग एवं समावेशी विकास के प्रति बैंक की गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। अपनी 4,545 शाखाओं के व्यापक नेटवर्क तथा सुव्यवस्थित बैंकिंग संवाददाता मॉडल के माध्यम से बैंक ग्रामीण, अर्द्ध-शहरी तथा बैंकिंग सेवाओं से वंचित क्षेत्रों तक वित्तीय उत्पादों की अंतिम छोर तक पहुँच सुनिश्चित करता है। इन प्रयासों को बैंक के वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं, जो वित्तीय आत्मनिर्भरता की आकांक्षा रखने वाले व्यक्तियों को आवश्यक प्रशिक्षण, जागरूकता एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

बैंक की डिजिटल परिवर्तन संबंधी पहलों ने भी इसके सामाजिक उद्देश्य को प्रभावी रूप से सशक्त बनाया है। प्रौद्योगिकी-आधारित सरलीकरण, जैसे एमएसएमई ऋणों का डिजिटल नवीनीकरण तथा ऋण स्वीकृति प्रक्रियाओं का सरलीकरण, ने वित्त तक पहुँच को अधिक सुगम बनाया है और लघु उधारकर्ताओं के लिए प्रसंस्करण समय में उल्लेखनीय कमी की है। ये सुधार सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए अधिक सक्षम और अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण संबंधी बैंक के उद्देश्य में सार्थक योगदान देते हैं।

आगे बढ़ते हुए, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपनी सामाजिक

बैंकिंग पहलों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। बैंक सरकारी एजेंसियों के साथ साझेदारी को और सुदृढ़ करेगा, प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग करेगा तथा अपने विविध ग्राहक वर्ग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप लक्षित योजनाओं का विकास जारी रखेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त परिणाम वित्तीय समावेशन के एक विश्वसनीय संवाहक तथा भारत की समावेशी विकास यात्रा के एक दृढ़ सहयोगी के रूप में बैंक की भूमिका के सशक्त प्रमाण हैं।

8(ए). आंतरिक नियंत्रण परिवेश : जोखिम प्रबंधन, अनुपालन एवं वसूली

विभिन्न उन्नत नियंत्रण तंत्रों के संस्थानीकरण के माध्यम से, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 'व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष' में 'उत्कृष्टता प्रदान करने' से आगे बढ़कर 'अपने वचन का निर्वहन करने' की दिशा में सफल परिवर्तन किया है। यह परिवर्तन प्रस्तावित वित्त वर्ष 2027 के 'व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष' की ओर अग्रसर होने के लिए एक सुरक्षित, सुदृढ़ और स्थिर आधार प्रदान करता है।

आंतरिक नियंत्रण कार्य निष्पादन का सारांश

नियंत्रण घटक	वि व 2025 की स्थिति	वित्त वर्ष 2026 (गति संवर्धन वर्ष के परिणाम)
अनुपालन पोर्टल	मूलभूत ढाँचा	'सक्षम' सभी शाखाओं में क्रियाशील/लाइव किया गया
एनपीए स्लिपेज नियंत्रण	1.45%	1.16 प्रतिशत (1.25 प्रतिशत से कम का लक्ष्य प्राप्त)
डिजिटल विश्वास	स्थानांतरण की योजना	.bank.in" डोमेन पर स्थानांतरण पूर्ण
लेखापरीक्षा कवरेज	मैनुअल रिपोर्टिंग पर विशेष ध्यान	रीयल-टाइम निगरानी हेतु 'प्रिज्म' पोर्टल

8(ए).1. प्रशासकीय व्यवस्था एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी

बैंक का आंतरिक नियंत्रण परिवेश निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा संचालित एक सुदृढ़ ढाँचे पर आधारित है, जिसका उद्देश्य बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा वित्तीय प्रतिवेदन की सत्यनिष्ठा एवं विश्वसनीयता को बनाए रखना है।

- **एमडी एवं सीईओ तथा सीएफओ का प्रमाणीकरण:** 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी ने वित्तीय प्रतिवेदन हेतु आंतरिक नियंत्रणों की स्थापना एवं उनके अनुरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रमाणीकरण किया है। उन्होंने इन नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है तथा यह पुष्टि की है कि रिपोर्टिंग अवधि के दौरान इन नियंत्रणों की अभिकल्पना अथवा संचालन में कोई महत्वपूर्ण कमी परिलक्षित नहीं हुई।
- **लेखापरीक्षकों की राय:** सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के स्वतंत्र तथा समेकित वित्तीय परिणामों पर निष्कलंक राय व्यक्त की है। उन्होंने यह पुष्टि की है कि बैंक के वित्तीय विवरण सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप बैंक की वित्तीय स्थिति का सत्य एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं।
- **मिशन प्रगति:** बैंक का यह केंद्रीय परिवर्तन केंद्र पर्यवेक्षण की एक अतिरिक्त परत के रूप में कार्य करता है। यह संस्थागत क्षमता निर्माण को गति प्रदान करते हुए यह सुनिश्चित करता है कि सभी प्रक्रिया पुनर्रचना संबंधी पहलें नियामकीय प्राथमिकताओं के अनुरूप बनी रहें।

8(ए).2. स्वचालित अनुपालन निगरानी

'व्यावसायिक गति संवर्धन वर्ष' की एक ऐतिहासिक उपलब्धि हस्तचालित निगरानी व्यवस्था से आगे बढ़कर स्वचालित तथा रीयल-टाइम निगरानी तंत्र को अपनाना रही है।

- **वास्तविक समय निगरानी:** बैंक ने स्वचालित अनुपालन निगरानी पोर्टल प्रारंभ किया है, जो संपूर्ण शाखा नेटवर्क में नीतियों एवं दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत प्लेटफार्म के रूप में कार्य करता है।
- **दक्षता एवं त्वरित कार्यक्षमता:** नियमित अनुपालन संबंधी कार्यों के स्वचालन के माध्यम से बैंक ने विचलनों की तत्काल पहचान करने की अपनी क्षमता को सुदृढ़ किया है। इससे संसाधनों के इष्टतम उपयोग को बढ़ावा मिला है तथा लागत-आय अनुपात को 56 प्रतिशत से नीचे लाने के बैंक के उद्देश्य को समर्थन प्राप्त हुआ है।

8 ए.3. ऋण निगरानी एवं जोखिम नियंत्रण

ऋण व्यवसाय में 18.76 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद परिसंपत्ति गुणवत्ता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से बैंक ने ऋण क्षेत्र में आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया है।

- **प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली:** बैंक ने अपनी प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की क्षमता को और अधिक सशक्त बनाया है, जिससे उधारकर्ता खातों में उत्पन्न होने वाले संभावित तनाव के शुरुआती संकेतों की सक्रिय रूप से पहचान करना संभव हुआ है। इस व्यवस्थित नियंत्रण तंत्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्लिपेज अनुपात को घटाकर 1.16 प्रतिशत तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

- **'वॉर रूम आधारित अनुशासित निगरानी:** विशेष उल्लेख खातों की दैनिक समीक्षा हेतु समर्पित वॉर रूम व्यवस्था अपनाई गई, जिसके माध्यम से त्वरित सुधारात्मक हस्तक्षेप सुनिश्चित हुआ तथा सकल एनपीए अनुपात घटकर 2.67 प्रतिशत रह गया।
- **विशिष्ट निगरानी व्यवस्था:** ₹250 करोड़ से अधिक के बड़े ऋण जोखिमों के लिए बैंक निरंतर 'विशिष्ट निगरानी एजेंसियों' की सेवाएँ ले रहा है, जो वास्तविक समय में लेनदेन आधारित सतत निगरानी एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करती हैं।

8(क).4. डिजिटल अवसंरचना एवं साइबर सुरक्षा नियंत्रण

जब डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 90.54 प्रतिशत तक पहुँच गई, तब बैंक की प्रौद्योगिकी अवसंरचना पर आधारित आंतरिक नियंत्रणों का महत्व और अधिक बढ़ गया।

- **ऑपरेशनल रेजिलिएंसी कमांड सेंटर :** यह केंद्र महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों तथा ग्राहक-संबंधी सेवाओं के कार्य निष्पादन की 24x7 निगरानी करता है। स्वचालित कोर बैंकिंग प्रणाली के दिनांत प्रसंस्करण का उपयोग करते हुए यह व्यवसाय की निरंतरता सुनिश्चित करता है।
- **सीएसओसी एवं पीएएमएस:** 24x7 कार्यरत साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सीएसओसी) वास्तविक समय में साइबर खतरों की पहचान एवं निगरानी करता है, जबकि विशेषाधिकार प्राप्त अभिगम प्रबंधन प्रणाली(पीएएमएस) तथा डेटा रिसाव रोकथाम उपकरण (डीएलपी) आंतरिक जोखिमों को कम करने और संवेदनशील डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक हैं।
- **डोमेन माइग्रेशन :** ".bank.in" डोमेन में सफल माइग्रेशन बैंक की डिजिटल विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने वाला एक उच्च-स्तरीय नियंत्रण संकेतक है। यह पहल डिजिटल विश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य की नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित करने में भी सहायक है।


8(क).5. लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण फ्रेमवर्क

बैंक ने एक बहुस्तरीय लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण फ्रेमवर्क विकसित किया है, जो परिचालन जोखिमों की समय रहते पहचान करने हेतु एक प्रभावी प्रारंभिक चेतावनी तंत्र के रूप में कार्य करता है।

- **समवर्ती लेखापरीक्षा:** 31 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार, समवर्ती लेखापरीक्षा के अंतर्गत बैंक के कुल व्यवसाय का लगभग 60 प्रतिशत तथा कुल अग्रिमों का 72.64 प्रतिशत भाग शामिल है। यह व्यवस्था महत्वपूर्ण शाखा परिचालनों की वास्तविक समय निगरानी एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करती है।
- **अनुपालन एवं विधिक लेखापरीक्षा :** नीतियों से संबंधित विचलनों की पहचान के लिए 696 शाखाओं में नियमित अनुपालन लेखापरीक्षाएँ संचालित की गईं। साथ ही, विधिक लेखापरीक्षाओं के माध्यम से बैंक के परिसंपत्ति पोर्टफोलियो से संबंधित प्रलेखन की विधिक वैधता एवं प्रवर्तनीयता सुनिश्चित की गई।

8 ए .6. वसूली

वित्त वर्ष 2026 के दौरान बैंक ने अपने ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में एक ऐतिहासिक सुधार दर्ज किया। बैंक का सकल अनर्जक आस्ति अनुपात घटकर 2.67 प्रतिशत पर आ गया, जो हाल के वर्षों में इसका न्यूनतम स्तर है। साथ ही, स्वचालित अनुपालन निगरानी पोर्टल तथा उन्नत प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों जैसे प्रणालीगत हस्तक्षेपों के माध्यम से स्लिपेज अनुपात को 1.16 प्रतिशत तक नियंत्रित रखा गया। बैंक की अभूतपूर्व लाभप्रदता में बट्टे खाते में डाले गए खातों से हुई वसूली का निर्णायक योगदान रहा। इस मद में वसूली 77.01 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ ₹2,271 करोड़ तक पहुँच गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह राशि ₹1,716 करोड़ थी। इस प्रदर्शन को एनपीए खातों से ₹1,146 करोड़ की कुल नकद वसूली तथा सक्रिय उन्नयन (अपग्रेडेशन) के माध्यम से ₹443 करोड़ मूल्य के खातों को पुन: 'मानक' श्रेणी में लाने की उपलब्धि से और अधिक मजबूती मिली। विषय-आधारित एकमुश्त निपटान योजनाओं तथा सरफेसी से संबंधित परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण के लिए देशव्यापी मेगा प्रॉपर्टी एक्सपो आयोजित कर बैंक ने आक्रामक वसूली संस्कृति को संस्थागत स्वरूप प्रदान किया। परिणामस्वरूप, बैंक ने 95.97 प्रतिशत का अत्यंत सुदृढ़ प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा, जिसने प्रस्तावित वित्त वर्ष 2027 के 'व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष' की दिशा में अग्रसर होने के लिए एक लचीला, सुरक्षित और मजबूत आधार प्रदान किया।



8 ए.7. सहायक कंपनी नियंत्रण : सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड


आंतरिक नियंत्रण उत्कृष्टता का विस्तार बैंक की सहायक कंपनियों तक भी है, जिससे समूह-स्तर पर वित्तीय सुदृढ़ता सुनिश्चित होती है।

- **असंशोधित लेखापरीक्षा मत:** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सीएफएसएल के स्वतंत्र वित्तीय विवरणों पर लेखापरीक्षकों ने निष्कलंक राय व्यक्त की है तथा यह पुष्टि की है कि कंपनी में पर्याप्त और प्रभावी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली विद्यमान है।
- **मानक संचालन प्रक्रिया :** सीएफएसएल ने निष्क्रिय न्यास खातों पर होल्डिंग शुल्क अधिरोपित करने हेतु नई मानक संचालन प्रक्रिया लागू की है। इस पहल से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा प्रशासनिक अनुशासन के मानकीकरण को भी बल मिला है।
- **सॉफ्टवेयर आधारित सुरक्षा उपाय:** सहायक कंपनी विशेषीकृत लेखांकन सॉफ्टवेयर का उपयोग करती है, जिसमें अनिवार्य लेखापरीक्षा ट्रेल सुविधा उपलब्ध है। यह प्रणाली पूरे वर्ष प्रभावी रूप से संचालित रही और अभिलेखों में किसी भी अनधिकृत परिवर्तन या छेड़छाड़ को रोकने में सहायक सिद्ध हुई।

8(बी). अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग : वैश्विक उपस्थिति का विस्तार

'**व्यवसायिक गति संवर्धन वर्ष**' के दौरान बैंक का अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग एक विशिष्ट सहयोगी इकाई से विकसित होकर विस्तारयोग्य वृद्धि के एक प्रमुख प्रेरक के रूप में उभरा है। "अपने वादे को निभाना" की अवधारणा से प्रेरित होकर बैंक ने प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग करते हुए वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा भारत की निर्यात महत्वाकांक्षाओं को समर्थन प्रदान करने के उद्देश्य से अपने अंतरराष्ट्रीय ढाँचों को बड़े पैमाने पर ठोस परिणामों में परिवर्तित किया है। बैंक की सीमा-पार बैंकिंग गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने, ग्राहकों को समर्पित सेवाएँ प्रदान करने तथा अनुपालन मानकों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बैंक ने एक नए अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग का गठन किया है। इस प्रभाग की स्थापना बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने, प्रभावी रणनीतियों का निर्माण करने तथा बैंक की अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने के उद्देश्य से की गई है।

यह नया प्रभाग 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा तथा इसका मुख्य ध्यान बैंक के वर्तमान ग्राहकों के साथ अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग संबंधों को और गहरा करने, संभावित ग्राहकों से जुड़ाव बढ़ाने, विभागीय कार्मिकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित करने तथा इस क्षेत्र में बैंक की उपस्थिति को और सशक्त बनाने के लिए नई रणनीतियों के कार्यान्वयन पर केंद्रित रहेगा।



गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग इकाई की स्थापना

बैंक को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी, गांधीनगर, गुजरात में अपनी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र बैंकिंग इकाई स्थापित करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण तथा विशेष आर्थिक क्षेत्र प्राधिकरण, कांडला पोर्ट से नियामकीय एवं सांविधिक अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

आईएफएससी बैंकिंग इकाई बैंक की देशभर में स्थित वर्तमान शाखाओं द्वारा पहले से प्रदान की जा रही विदेशी मुद्रा विनिमय एवं व्यापार वित्त सेवाओं के अतिरिक्त अनेक नई सेवाएँ प्रदान करेगी। ये सेवाएँ विशेष रूप से बैंक के वर्तमान एवं संभावित ग्राहकों, जिनमें निवासी भारतीय, अनिवासी भारतीय तथा भारतीय मूल के विदेशी नागरिक शामिल हैं, को गिफ्ट सिटी व्यवस्था के अंतर्गत अनुमत प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध कराई जाएँगी। इन सेवाओं में बचत एवं चालू खातों के रूप में जमा सुविधाएँ, ऋण एवं व्यापार वित्त सेवाएँ, जैसे बाह्य वाणिज्यिक उधार, क्रेता एवं आपूर्तिकर्ता ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण, सिंडिकेटेड ऋण तथा ट्रेजरी सेवाएँ शामिल होंगी।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही के दौरान अपनी आईएफएससी बैंकिंग इकाई प्रारंभ करने की योजना बनाई है।

केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा कक्ष

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विदेशी मुद्रा परिचालन के केंद्रीकरण की प्रक्रिया आरंभ की, जिससे बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित की जा सके और सभी विदेशी मुद्रा परिचालन को एक ही स्थान पर लाकर अनुपालन संस्कृति को सुदृढ़ किया जा सके।

बैंक के 143वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 9 अगस्त 2024 को मुंबई के सर सोराबजी भवन (पूर्व में एवर्ट हाउस) में बैंक द्वारा केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा कक्ष की स्थापना की गई।

सभी सीमा पार लेनदेन, जिनमें बहिर्वाह प्रेषण, अंतर्वाह प्रेषण, विदेशी बैंक गारंटी, आयात बिल, विदेशी साख पत्र और निर्यात शामिल हैं, बैंक के नवीनतम सेंट ई-ट्रेड एप्लिकेशन के माध्यम से केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा कक्ष में संपन्न किए जाएंगे।

बैंक की सभी शाखाएं अब सेंट ई-ट्रेड एप्लिकेशन के माध्यम से व्यापार और गैर-व्यापार लेनदेन आरंभ कर सकती हैं, जिन्हें प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच और उचित परिश्रम के पश्चात केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा कक्ष में आगे की प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा। इससे फेमा (एफईएमए) और अन्य नियामक तथा बैंक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित होता है। ग्राहकों को अब अधिकृत डीलर श्रेणी 'बी' शाखा से सीधे या अपने क्षेत्र में किसी गैर-अधिकृत डीलर शाखा के माध्यम से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अब बैंक की किसी भी शाखा से लेनदेन आरंभ किया जा सकता है।

बैंक ने एक वेब-आधारित सेंट ई-ट्रेड कस्टमर वेब पोर्टल की शुरुआत की है, जो सभी व्यापार वित्त लेनदेन को आरंभ करने में सक्षम है। इस पोर्टल के माध्यम से, ग्राहक आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करके सीधे बाहरी प्रेषण, विदेशी बैंक गारंटी, साख पत्र, निर्यात बिल जमा करने और प्राप्ति, तथा निर्यात पैकिंग ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन दस्तावेज़ों को केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा कक्ष में आगे की प्रक्रिया के लिए भेजा जाता है। इससे परिचालन में लचीलापन बढ़ा है और ऐसे लेनदेन के लिए लगने वाला समय काफी कम हो गया है।

इसके अतिरिक्त, सेंट ई-ट्रेड पोर्टल, ग्राहक पोर्टल के माध्यम से केंद्रीकृत फॉरेक्स कक्ष, शाखा और ग्राहक स्तर पर आवेदनों की सरल ट्रैकिंग को संभव बनाता है।

विदेशी मुद्रा व्यापार

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान ग्राहकों की ओर से किए गए आंतरिक और बाहरी प्रेषण, निर्यात लेनदेन और आयात लेनदेन से संबंधित भारतीय केंद्रीय बैंक का कुल विदेशी मुद्रा व्यापारी कारोबार ₹36,592 करोड़ रहा।

विदेशी मुद्रा परिचालनों को सुदृढ़ एवं अधिक प्रभावी बनाने के लिए बैंक ने निम्नलिखित सहित अनेक रणनीतिक पहलें कीं:

- बैंक ने बैंकों के लिए संपूर्ण व्यापार निर्यात ऋण बीमा का एक उन्नत विकल्प चुना है, जो 90% तक की गारंटी प्रदान करता है। सभी पैकिंग ऋण और पोस्ट-शिपमेंट सीमाओं के लिए कुल बकाया निर्यात ऋण सीमा ₹80.00 करोड़ तक है, जो कि एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ईसीजीसी) का कवरेज बैंक के लिए एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है, क्योंकि यह निर्यात ऋण में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के लिए ईसीजीसी कवर की सीमा तक उच्च प्रावधान की आवश्यकता को कम करता है।
- 31 मार्च 2026 तक, एफएक्स रिटेल एक्सेस एक इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है जो विदेशी मुद्रा की खरीद और बिक्री की सुविधा प्रदान करता है। बैंक के खुदरा ग्राहकों को प्रत्यक्ष विनिमय दरें प्राप्त करने के लिए 108 ग्राहकों को यह सुविधा प्रदान की गई। सभी गैर-अधिकृत डीलर शाखाओं को अपने ग्राहकों के अनुरोध सीधे अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग को भेजने की अनुमति दी गई, ताकि उन्हें एफएक्स रिटेल प्लेटफॉर्म में शामिल किया जा सके।
- बैंक ने अपने उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार और विद्यमान सेवाओं के उन्नयन हेतु ग्राहकों से सुझाव एवं प्रतिपुष्टि प्राप्त करने के उद्देश्य से तिरुपुर, हैदराबाद, मदुरै एवं चेन्नई सहित देश के विभिन्न केंद्रों पर निर्यातकों एवं आयातकों के लिए ग्राहक बैठकें आयोजित कीं।

बैंक का विदेशी मुद्रा कारोबार पहले इसकी 64 अधिकृत डीलर श्रेणी 'बी' शाखाओं के माध्यम से परिचालित होता था। 22 अप्रैल 2025 से बाहरी प्रेषण लेनदेन के साथ, बैंक ने अपने विदेशी मुद्रा कारोबार का केंद्रीकरण आरंभ किया। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, अतिरिक्त 3,335 श्रेणी 'सी' शाखाओं को सक्रिय किया गया ताकि अधिकृत डीलर श्रेणी 'बी' शाखा के हस्तक्षेप के बिना सीधे नए व्यापार वित्त केंद्र ई-ट्रेड एप्लिकेशन के माध्यम से विदेशी मुद्रा लेनदेन आरंभ किया जा सके।

श्रेणी 'सी' की शाखाओं से प्राप्त अनुरोध अब सीधे केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा कक्ष में प्रसंस्करण के लिए प्राप्त किए जा सकते हैं। इससे शाखाओं में बैंक के विदेशी मुद्रा कारोबार की पहुंच में वृद्धि हुई है, ग्राहक सेवा में सुधार हुआ है और अनुपालन को मजबूत किया गया है। बैंक अंतरराष्ट्रीय व्यापार में संलग्न ग्राहकों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए अपनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सेवा वितरण में सुधार करने का प्रयास जारी रखेगा।

निर्यात ऋण पोर्टफोलियो

बैंक का निर्यात ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च 2026 तक ₹3,346.15 करोड़ था, जबकि 31 मार्च 2025 तक यह ₹3,757.01 करोड़ था। इस कमी के प्रमुख कारण निम्नलिखित थे:

- विदेशी मुद्रा मूल्यवर्गित उधार खातों में बकाया गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) की राशि को अंतिम रूप देकर वसूली की गई। कुल वसूली राशि लगभग ₹185.00 करोड़ रही, जो बैंक के तीन निर्यातक ग्राहकों से संबंधित खातों से प्राप्त हुई।
- रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष, लाल सागर संकट तथा मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में उभरते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत कीं। परिणामस्वरूप, इन क्षेत्रों के साथ व्यापारिक संबंध रखने वाले बैंकों के अनेक निर्यातक ग्राहकों के समक्ष अनिश्चितताएँ एवं चिंताएँ बढ़ गईं।

बैंक ने अपने निर्यात ऋण पोर्टफोलियो को सुदृढ़ करने के लिए कई पहलों को लागू किया है, जैसे कि सेंट ई-ट्रेड पोर्टल की शुरुआत के साथ विदेशी मुद्रा व्यवसाय का केंद्रीकरण, क्रेडिट कैप और निर्यातकों की बैठकें आयोजित करना, तथा

अधिकारियों को बेहतर समझ और प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने निर्यातकों की आवश्यकताओं के अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समय पर और पर्याप्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके। उदाहरण के लिए, बैंक ने एमएसएमई ग्राहकों के लिए विशेष रूप से सेंट एक्सपोर्ट स्कीम की शुरुआत की है, जिसमें ग्राहकों को ऋण देने के लिए उदार मानदंड निर्धारित किए गए हैं, और ईसीजीसी की गारंटी भी उपलब्ध है।

एनआरई और एफसीएनआर जमा

बैंक ने अपने अनिवासी भारतीय ग्राहकों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया को केंद्रीकृत कर दिया है। सभी अनिवासी भारतीय खाते, जिनमें एनआरओ, एनआरई, एफसीएनआर(बी) और आरएफसी खाते शामिल हैं, केंद्रीकृत विदेशी मुद्रा कक्ष के तहत खोले जा रहे हैं। यह कदम प्रक्रिया को मानकीकृत करने, अनावश्यकताओं को समाप्त करने, परिचालन को सुव्यवस्थित करने और अनिवासी भारतीय सेवाओं के वितरण में लगने वाले समय को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अनिवासी बाह्य जमा और विदेशी मुद्रा अनिवासी जमा में वृद्धि दर्ज की है। कुल अनिवासी बाह्य जमा और विदेशी मुद्रा अनिवासी जमा 31 मार्च 2025 को ₹7,758 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2026 को ₹8,512 करोड़ हो गए, जो 9.72% की वृद्धि दर्शाते हैं।

बैंक ने उच्च गुणवत्ता वाली ग्राहक सेवा प्रदान करना जारी रखा है, साथ ही इन जमा योजनाओं पर प्रतिस्पर्धात्मक ब्याज दरें भी उपलब्ध कराई हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, भारत के विभिन्न स्थानों पर 159 एनआरआई डेस्क स्थापित किए गए। इन एनआरआई डेस्क पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए निरंतर क्षमता निर्माण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे दैनिक कार्यों का प्रबंधन कर सकें, नए एनआरआई ग्राहकों को आकर्षित कर सकें और बैंक के ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान कर सकें।

8 बी.1 अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त उद्यम: इंडो-ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड

ज़ाम्बिया में स्थित इंडो-ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड, ज़ाम्बिया गणराज्य की सरकार और भारत सरकार का एक संयुक्त उद्यम है, जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व है। प्रत्येक भारतीय बैंक की इसमें 20% हिस्सेदारी है, जबकि सरकारी स्वामित्व वाली निवेश कंपनी औद्योगिक विकास निगम, ज़ाम्बिया सरकार की ओर से शेष 40% हिस्सेदारी रखती है।

1984 में स्थापित, इंडो-ज़ाम्बिया बैंक कैलेंडर वर्ष के अनुसार कार्य करता है। 31 मार्च 2026 तक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पास संयुक्त उद्यम में 83,200,000 शेयर थे, जिनमें से प्रत्येक शेयर का मूल्य 1 क्वाचा था। बैंक ने वर्ष के दौरान सुदृढ़ विकास दर का कार्यनिष्पादन जारी रखा। जमा राशि पिछले वर्ष की तुलना में 33.50% बढ़कर 21,310.01 मिलियन क्वाचा हो गई, जबकि ऋण और अग्रिम राशि 55.15% बढ़कर 9,992.24 मिलियन क्वाचा हो गई। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हुए कैलेंडर वर्ष के लिए, इंडो-ज़ाम्बिया बैंक ने 932.83 मिलियन क्वाचा का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो ₹375.54 करोड़ के बराबर है। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को भी इंडो-ज़ाम्बिया बैंक से ₹13.42 करोड़ का शुद्ध लाभांश प्राप्त हुआ।

ज़ाम्बिया बैंक का कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए 30 मार्च 2026 का अभिलेख।

मदें	विवरण
संयुक्त उद्यम इकाई	इंडो-ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड,
स्थान	ज़ाम्बिया
स्थापना वर्ष	1984
संचालन वर्ष	कैलेंडर वर्ष में
शेयरधारिता संरचना	बैंक ऑफ बड़ौदा: 20%; बैंक ऑफ इंडिया: 20%; सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया: 20%; ज़ाम्बिया सरकार की औद्योगिक विकास निगम: 40%
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की होल्डिंग	83,200,000 शेयर,
प्रति शेयर अंकित मूल्य	क्वाचा 1
जमा राशि	21,310.01 मिलियन क्वाचा
जमा राशि में वृद्धि	पिछले वर्ष की तुलना में 33.50% की वृद्धि
ऋण और अग्रिम	9,992.24 मिलियन क्वाचा
ऋण और अग्रिमों में वृद्धि	पिछले वर्ष की तुलना में 55.15% की वृद्धि
31 दिसंबर 2025 को समाप्त कैलेंडर वर्ष के लिए शुद्ध लाभ	932.83 मिलियन क्वाचा, जो ₹375.54 करोड़ के समकक्ष है।
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्राप्त शुद्ध लाभ	वर्ष 2025 के लिए ₹13.42 करोड़ की राशि 30 मार्च 2026 को प्राप्त हुई.

8बी.5 डिपॉजिटरी सेवाएं: पूंजी बाजार तक पहुंच को तेज करना

"**व्यवसायिक गति संवर्धन वर्ष**" में, बैंक ने अपने ग्राहकों की बढ़ती निवेश आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी बाजारों में अपनी उपस्थिति का रणनीतिक विस्तार किया है। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया एक सशक्त डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के रूप में कार्य करते हुए अपनी डिपॉजिटरी सेवाओं को सुदृढ़ करने में निरंतर प्रयासरत है।

रणनीतिक विस्तार और द्वि-स्तरीय उपस्थिति

अपने 8.26 करोड़ ग्राहकों को विकल्प और लचीलापन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, बैंक - जो पहले सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट था - ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय प्रतिभूति डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के साथ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट

बनने का आधिकारिक रूप से विकल्प चुना है। दोहरी डिपॉजिटरी मॉडल में यह परिवर्तन हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारे ग्राहकों को भारत के डिपॉजिटरी बुनियादी ढांचे की संपूर्ण श्रृंखला तक पहुंच प्राप्त हो।

परिचालन उत्कृष्टता और केंद्रीकरण

उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करने तथा जोखिम-अनुशासित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए बैंक के डिपॉजिटरी परिचालनों का पूर्णत: केंद्रीकरण किया गया है। इनका प्रबंधन मुंबई के फोर्ट स्थित एमर्जिंग बिज़नेस शाखा में अवस्थित विशेष नोडल कार्यालय, कैपिटल मार्केट सेल (सीएमसी), द्वारा किया जाता है।

- अखिल भारतीय स्तर पर पहुंच: सीबीआई-केयर के ग्राहक सेवा स्तंभ के अनुरूप, हमारे 4,585 शाखाओं के व्यापक नेटवर्क में स्थित सभी शाखाएं ओएलएओ (ऑनलाइन खाता खोलने) सॉफ्टवेयर का उपयोग करके डीमैट खाता खोलने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित हैं।
- प्राथमिक बाजार सहायता: पूंजी बाजार प्रकोष्ठ (एएसबीए) (अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन) सेवाओं के लिए नोडल कार्यालय के रूप में कार्य करना जारी रखता है, जिससे हमारे ग्राहकों के लिए देश के प्रमुख शेयर और ऋण बाजारों में निर्बाध सहभागिता सुनिश्चित होती है।

3-इन-1 खाता प्रणाली: एक सरल अनुभव प्रदान करना

बैंक एकीकृत निवेश अनुभव प्रदान करने के लिए बैंकिंग, डीमैट और ट्रेडिंग सेवाओं को समेकित करने की दिशा में सक्रिय रूप से प्रयासरत है।

- **रणनीतिक साझेदारियां:** बैंक ने 3-इन-1 खाता सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आदित्य बिरला मनी लिमिटेड तथा एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ भागीदारी स्थापित की है।
- **गति संवर्धन की स्थिति :** इन ट्रेडिंग सेवाओं के लिए तकनीकी एकीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है, जिसके परिणामस्वरूप खुदरा एवं उच्च निवल मूल्य वाले (एचएनआई) ग्राहकों के लिए भविष्य-उन्मुख, एंड-टू-एंड निवेश पोर्टल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

31 मार्च, 2026 तक, बैंक डीमैट खाताधारकों के बढ़ते आधार को सेवा प्रदान करता है, जो हमारे विकासोन्मुख व्यावसायिक वर्टिकल के सफल विस्तार को दर्शाता है।

तालिका 8बी.5: डिपॉजिटरी सेवाओं के प्रमुख चरण

फीचर	वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्थिति:	वित्तीय वर्ष 2025-26 (त्वरण परिणाम)
डिपॉजिटरी संबंध	केवल सीडीएसएल	दोहरी उपस्थिति: सीडीएसएल और एनएसडीएल
ट्रेडिंग साझेदारी	योजना का चरण	आदित्य बिरला मनी तथा एसएमसी ग्लोबल के साथ साझेदारी
खाता खोलना	शाखा-नेतृत्व वाला	सभी शाखाओं में ओएलएओ लागू है।
परिचालन	विखंडित	यह पूरी तरह से केंद्रीकृत है (मुंबई नोडल कार्यालय)

8सी. सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल अवसंरचना: विकास का प्रेरक

वित्त वर्ष 2025-26 में, बैंक की प्रौद्योगिकी रणनीति आधारभूत स्थिरीकरण से तीव्र क्रियान्वयन की दिशा में अग्रसर हुई, जो "व्यवसायिक गति संवर्धन वर्ष" की नींव बनी। डिजिटलीकरण ने परिचालन चपलता के प्रमुख प्रवर्तक के रूप में कार्य किया, जिससे बैंक संस्थागत सुदृढ़ता बनाए रखते हुए अपने कुल कारोबार को ₹8,00,000 करोड़ से अधिक तक विस्तारित करने में सक्षम हुआ। बैंक की अवसंरचना अब एक "भविष्य के लिए तैयार" पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करती है, जो 22,129 संपर्क बिंदुओं के विशाल नेटवर्क पर 24x7 बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है।

8सी.1 डिजिटल आधारभूत संरचना और परिचालन लचीलापन

बैंक आईएसओ-प्रमाणित डेटा केंद्रों और शून्य डेटा हानि वास्तुकला के साथ निर्मित आपदा पुनर्प्राप्ति केंद्र द्वारा समर्थित एक सशक्त प्रौद्योगिकी आधार का संचालन जारी रखता है।

- **व्यापार निरंतरता:** नियमित अभ्यासों द्वारा समर्थित समकालिक और असमकालिक प्रतिकृति ढांचा, ऑनलाइन, मोबाइल, एटीएम और आरटीजीएस चैनलों पर निर्बाध बैंकिंग संचालन की गारंटी देता है।
- **ऑपरेशनल रेजिलिएंसी कमांड सेंटर (ओआरसीसी):** निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किया गया।

महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए, ओआरसीसी स्वचालित सीबीएस एंड-ऑफ-डे (ईओडी) प्रोसेसिंग और उन्नत एप्लिकेशन प्रदर्शन निगरानी का उपयोग करता है ताकि निरंतर सेवा वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

- **अपनाए जाने का पैमाना**: इस बुनियादी ढांचे ने डिजिटल जुड़ाव में महत्वपूर्ण वृद्धि को प्रभावी ढंग से संभाला, जिसके साथ वित्त वर्ष 2026 में वैकल्पिक वितरण चैनलों (एडीसी) के माध्यम से डिजिटल लेनदेन का हिस्सा ऐतिहासिक रूप से 90.54% के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया है।

8सी.2 आंतरिक रूपांतरण केन्द्र के माध्यम से रूपांतरण

बैंक के केंद्रीय रूपांतरण केंद्र ने प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन का संस्थानीकरण आंतरिक रूपांतरण वर्टिकल के माध्यम से किया।

- **प्रिज़्म पोर्टल**: प्रोजेक्ट रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम (पीआरआईएसएम) पोर्टल का उपयोग सभी प्रमुख परिवर्तन और डिजिटलीकरण परियोजनाओं की वास्तविक समय में ट्रैकिंग, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए किया गया है।
- **कोर उत्कृष्टता**: संगठनात्मक सुधार और ईज उत्कृष्टता केंद्र कोर ने यह सुनिश्चित किया कि सभी आईटी पहलें नियामक प्राथमिकताओं और सरकारी पहलों, जैसे कि ईज 7.0 सुधारों के अनुरूप बनी रहें।

8 सी.3 आईटी गवर्नेंस, अनुपालन और डेटा सुरक्षा

प्रौद्योगिकी प्रशासन एक सुव्यवस्थित बहुस्तरीय निगरानी तंत्र पर निर्भर करता है, जिसमें बोर्ड स्तर की आईटी रणनीति समिति और प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में आईटी जोखिम प्रबंधन समिति शामिल है।

- **मानक और लेखापरीक्षा**: बैंक ने आईएसओ 27001 (सूचना सुरक्षा) और आईएसओ 22301 (व्यावसायिक निरंतरता) के साथ निरंतर अनुपालन बनाए रखा, जिसे सीईआरटी-इन सूचीबद्ध एजेंसियों और आरबीआई समीक्षाओं द्वारा नियमित लेखापरीक्षाओं के माध्यम से और सुदृढ़ किया गया।
- **कार्डधारक सुरक्षा**: पीसीआई-डीएसएस स्तर 1 संस्करण 4.0 अनुपालन प्राप्त करना कार्डधारकों के डेटा की सुरक्षा और डिजिटल विश्वास के निर्माण के प्रति बैंक की अडिग प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

8सी.4 सूचना सुरक्षा एवं डिजिटल विश्वास

परिष्कृत साइबर खतरों के युग में, बैंक ने उच्च-स्तरीय सुरक्षा नियंत्रणों तथा संस्थागत विश्वास की स्थापना एवं संरक्षण को प्राथमिकता प्रदान की है :

- **डोमेन माइग्रेशन**: बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट, इंटरनेट बैंकिंग तथा ई-मेल प्रणाली का ".bank.in" डोमेन पर सफल माइग्रेशन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इस पहल से बैंक की साइबर सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ हुई है तथा ग्राहकों के लिए यह डिजिटल विश्वास के एक स्पष्ट एवं विश्वसनीय प्रतीक के रूप में कार्य करती है।
- **रीयल-टाइम सुरक्षा**: 24x7 साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र के माध्यम से निरंतर जोखिम निगरानी तथा साइबर घटनाओं के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाती है। इस व्यवस्था को प्रिविलेज एक्सेस मैनेजमेंट सिस्टम (PAMS) और डेटा लीकेज प्रिवेंशन (DLP) टूल्स द्वारा समर्थन प्राप्त है ।

8सी.5 वित्त वर्ष 2025-26 में प्रमुख डिजिटल उपलब्धियाँ एवं नवाचार

वित्त वर्ष के दौरान बैंक का प्रौद्योगिकी एजेंडा सुविधा एवं नवाचार के वादे को मूर्त रूप देने पर केंद्रित रहा :

- **सेंट नियो इकोसिस्टम**: अगली पीढ़ी के ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार किए गए सेंट नियो डिजिटल बैंक के विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की गई।
- **डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म**: इसका विस्तार 37 सक्रिय ग्राहक यात्राओं तक किया गया, जिससे निर्बाध एवं त्वरित अनुमोदन सुनिश्चित हुए तथा कुल अग्रिमों में वृद्धि को बल मिला।
- **वर्चुअल डेबिट कार्ड**: सेंट ईज ऐप के माध्यम से रीयल-टाइम निर्गम एवं सक्रियण सुविधा प्रारंभ की गई, जिससे विनिर्माण लागत में कमी आई तथा डिजिटल भुगतान के उपयोग को बढ़ावा मिला।
- **सेंट ईज व्यापार साथी**: लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए एक व्यापक कॉर्पोरेट नेट बैंकिंग मंच प्रारंभ किया गया, जिसमें बल्क अपलोड सुविधा तथा बहु-उपयोगकर्ता कार्यप्रवाह जैसी विशेषताएँ उपलब्ध हैं।
- **इन-हाउस डीईएएफ़ पोर्टल**: आरबीआई के यूपीडीजीएएम फ्रेमवर्क के अनुरूप दावा न की गई जमाओं के प्रबंधन हेतु एकीकृत पोर्टल लागू किया गया, जिससे पारदर्शिता तथा ग्राहकों का विश्वास और सुदृढ़ हुआ।
- **वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने वाली पहलें**: बैंकिंग सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने हेतु 40 बीसी मैक्स केन्द्र स्थापित किए गए। साथ ही, दावों के निपटान को सरल बनाने के उद्देश्य से इंटरनेट बैंकिंग में बहुविध नामांकन की सुविधा भी प्रारंभ की गई।

सारणी 8.1: डिजिटल विकास की प्रगति यात्रा

मापदंड	मार्च 2025	मार्च 2026	वृद्धि %
इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ता (लाख में)	114.29	117.62	2.91%
मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ता (लाख मे)	91.90	93.36	1.59%
डिजिटल लेन-देन का प्रतिशत हिस्सा(%)	86.15%	90.54%	439 bps
प्रति कर्मचारी व्यवसाय (₹करोड़ में)	21.31	23.89	12.11%

(स्रोत:लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम एवं कॉर्पोरेट प्रस्तुतीकरण, मई 2026)

8डी. कोषागार, निधि एवं निवेश

31 मार्च 2026 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का निवेश पोर्टफोलियो ₹1,58,831.58 करोड़ था। इसमें गैर-एसएलआर श्रेणी के भारत सरकार के पुनर्पूंजीकरण बॉण्डों में निवेशित ₹17,982.40 करोड़ भी शामिल हैं।

निवेश पोर्टफोलियो की संरचना

(₹करोड़)

क्र. सं.	संरचना	वित्त वर्ष2025	वित्त वर्ष 2026
1	एसएलआर	1,11,907.80	1,28,830.15
2	गैर-एसएलआर	31,124.22	30,001.43
	कुल	**1,43,032.02**	**1,58,831.58**

8डी.1 मौद्रिक एवं समष्टिआर्थिक परिवेश

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत का समष्टि आर्थिक परिवेश स्थिर बना रहा, जिसमें मुद्रास्फीति में निरंतर नरमी तथा आर्थिक वृद्धि की गति में स्थिरता देखी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के औसतन लगभग 2.50% से 2.60% के स्तर पर रहने का अनुमान है, जिसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में स्थिरता, आपूर्ति स्थितियों में सुधार तथा वैश्विक वस्तु-बाजारों में अनुकूल रुझानों का समर्थन प्राप्त हुआ। कोर मुद्रास्फीति भी लगभग 4.2% से 4.4% के स्तर पर नियंत्रित रही, जो आगत लागतों के अपेक्षाकृत कम दबाव को दर्शाती है।

मुद्रास्फीति में आई नरमी से घरेलू उपभोग को समर्थन मिला तथा कॉर्पोरेट क्षेत्र के लाभ मार्जिन में सुधार हुआ। तथापि, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों तथा खाद्य मुद्रास्फीति को प्रभावित करने वाली मौसम संबंधी अनिश्चितताओं के कारण जोखिम बने रहे।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने क्रमिक रूप से समायोजनकारी रुख अपनाया। फरवरी 2025 में प्रारंभ किए गए दर कटौती चक्र के पश्चात्, भारतीय रिज़र्व बैंक ने क्रमबद्ध रूप से रेपो दर में कुल 125 आधार अंकों की अतिरिक्त कटौती की, जिससे रेपो दर 5.25 प्रतिशत के स्तर के निकट पहुँच गई। इन कटौतियों का उद्देश्य मुद्रास्फीति को लक्षित दायरे के भीतर बनाए रखते हुए आर्थिक वृद्धि को समर्थन प्रदान करना था। इन उपायों में नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 4 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत किए जाने के माध्यम से 100 आधार अंकों की कमी के साथ-साथ खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के अंतर्गत क्रय नीलामियाँ तथा यूएसडी/आईएनआर क्रय-विक्रय स्वैप परिचालन भी शामिल थे।

पिछले वर्ष की तुलना में तरलता की स्थिति में सुधार हुआ, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए सक्रिय उपायों का समर्थन प्राप्त हुआ। भारतीय रिज़र्व बैंक ने निम्नलिखित माध्यमों से तरलता का प्रबंधन किया :

- टिकाऊ तरलता उपलब्ध कराने हेतु खुले बाजार परिचालन।
- अल्पकालिक तरलता के सूक्ष्म समायोजन के लिए परिवर्तनीय रेपो दर तथा परिवर्तनीय रिवर्स रेपो दर नीलामियाँ।
- प्रणालीगत तरलता तथा मुद्रा विनिमय दर की अस्थिरता के प्रबंधन के लिए विदेशी मुद्रा स्वैप परिचालन।
- तरलता की स्थिति स्थिर होने के साथ-साथ नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) संबंधी आवश्यकताओं का क्रमिक सामान्यीकरण।

प्रणालीगत तरलता अधिकांश अवधि के दौरान अधिशेष अथवा तटस्थ स्थिति में रही, जिससे ऋण वृद्धि तथा वित्तीय बाजारों की स्थिरता को समर्थन प्राप्त हुआ।

वैश्विक स्तर पर, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक सहजता का क्रम जारी रहा। मुद्रास्फीति के लक्षित स्तरों की ओर घटने के साथ, संयुक्त राज्य अमेरिका के फेडरल रिज़र्व जैसे केंद्रीय बैंकों ने कुल 75 आधार अंकों की दर कटौती लागू की। तथापि, नीतिगत विचलन बना रहा, जहाँ जापान में मजदूरी-प्रेरित मुद्रास्फीति के परिप्रेक्ष्य में मौद्रिक नीति के सख्तीपूर्ण रुझान को बनाए रखा गया।

वैश्विक वित्तीय बाजार भू-राजनीतिक जोखिमों तथा वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील बने रहे, जबकि भारत सहित उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं की ओर पूंजी प्रवाह, वृद्धि दर के अनुकूल अंतर तथा व्यापक आर्थिक सुदृढ़ता के कारण सामान्यत: स्थिर बना रहा।

वित्त वर्ष के दौरान, मानक प्रतिफल 6.48 प्रतिशत से 7.03 प्रतिशत के दायरे में रहे तथा जून 2025 में अल्पावधि के लिए 6.11 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर को भी स्पर्श किया।

मार्च के प्रथम सप्ताह में पश्चिम एशिया में संघर्ष प्रारंभ होने से पूर्व, भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल 6.52 प्रतिशत से 6.66 प्रतिशत के दायरे में कारोबार कर रहे थे, पाँच वर्षीय ओवरनाइट इंडेक्स्ड स्वैप 5.95 प्रतिशत से 6.03 प्रतिशत के दायरे में कारोबार कर रहा था तथा ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत लगभग 72 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी। तथापि, शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में तीव्रता आने के पश्चात्, मानक प्रतिफलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे वे 7 प्रतिशत के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुए 7.03 प्रतिशत पर बंद हुए। 30 मार्च 2026 तक ओवरनाइट इंडेक्स्ड स्वैप का स्तर भी बढ़कर कई महीनों के उच्चतम स्तर 6.80 प्रतिशत पर पहुँच गया।

8डी.2 कोषागार आय का निष्पादन

विवरण	वित्त वर्ष 2024-25 (₹ करोड़)	वित्त वर्ष 2025-26 (₹ करोड़)
निवेशों की बिक्री पर लाभ	1,048	1,054
विनिमय लेन-देन पर लाभ	225	180
लाभांश आय	9	18
निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर(लाभ/हानि)	145	(93)
कुल कोषागार आय	**1,427**	**1,159**

वित्त वर्ष 2025-26 में, प्रतिफलों में वृद्धि के कारण निवेशों की बिक्री से होने वाले लाभ में उल्लेखनीय गिरावट आने से कुल कोषागार आय में पर्याप्त कमी दर्ज की गई और यह ₹1,159 करोड़ रह गई।

- कारोबार लाभ को छोड़कर निवेशों पर प्रतिफल में 13 आधार अंकों की कमी आई और यह वित्त वर्ष 2024-25 के 6.87 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.74 प्रतिशत रह गया।
- कारोबार लाभ सहित निवेशों पर प्रतिफल में 15 आधार अंकों की कमी आई और यह 7.45 प्रतिशत से घटकर 7.30 प्रतिशत रह गया।

ब्याज दर संवेदनशीलता के प्रबंधन हेतु बैंक ने अपने निवेश पोर्टफोलियो की अवधि प्रोफाइल में आवश्यक समायोजन किए। 31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार:

- संशोधित अवधि : 4.25, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 3.46 था।
- मूल्य में एक आधार अंक परिवर्तन का प्रभाव (पीवी01) : 18.08, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 13.28 था।

बीमा क्षेत्र में रणनीतिक विस्तार

- एक महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल के अंतर्गत, बैंक ने निम्नलिखित अधिग्रहणों के माध्यम से बीमा सेवाओं के क्षेत्र में प्रवेश किया :
- जनरली सेन्ट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फ्यूचर जेनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से ज्ञात)में 24.91 प्रतिशत हिस्सेदारी।
- जनरली सेन्ट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फ्यूचर जेनराली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से ज्ञात) में 25.27 प्रतिशत हिस्सेदारी।

यह निवेश बैंक की वित्तीय सेवाओं के विविधीकरण रणनीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उसे एकीकृत बैंकिंग एवं बीमा समाधान प्रदान करने में सक्षमता प्राप्त होगी। यह अपेक्षित है कि

- दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य में वृद्धि करना
- आय के नए स्रोतों का सृजन करना।
- पारंपरिक बैंकिंग आय पर निर्भरता को कम करना।

9. मानव पूंजी प्रबंधन : संवर्धन इंजन को गति प्रदान करना

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में मानव पूंजी प्रबंधन को बैंक की सफलता को आगे बढ़ाने में केंद्रीय तत्व के रूप में मान्यता प्राप्त है तथा इसे परिचालन उत्कृष्टता और रणनीतिक सफलता की आधारशिला माना जाता है। बैंक के लिए अपने कर्मचारियों में निवेश करना, उसके भविष्य में निवेश के समान है। मानव पूंजी प्रबंधन बैंक की सफलता एवं स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो परिचालन दक्षता, ग्राहक संतुष्टि तथा नवाचार को प्रभावित करता है।


वित्त वर्ष 2025 - 26 के दौरान, मानव पूंजी प्रबंधन के प्रति बैंक की नीति निरंतर रणनीतिक पहलों पर केंद्रित रही, जिनमें कर्मचारी विकास, डिजिटल सशक्तिकरण कर्मचारी सहभागिता तथा कल्याण पर विशेष बल दिया गया। यह दृष्टिकोण एक अधिक समावेशी, संलग्न एवं कुशल कार्यबल को प्रोत्साहित

करने के लिए तैयार किया गया है, जो संगठनात्मक उद्देश्यों के अनुरूप हो। वित्त वर्ष 2025-26 में की गई पहलों का उद्देश्य नेतृत्व विकास, डिजिटल सशक्तिकरण तथा कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देते हुए एक अधिक अनुकूलनशील एवं सुदृढ़ कार्यबल के लिए मजबूत आधार तैयार करना रहा। मानव पूंजी विकास की रणनीतिक प्राथमिकताओं में एक गतिशील एवं संलग्न कार्यबल का निर्माण तथा प्रतिभा विकास एवं प्रतिधारण को सुदृढ़ करना भी शामिल है।

मानव पूंजी प्रदर्शन में सुधार | वित्त वर्ष 2026

प्रतिभा अधिग्रहण, क्षमता निर्माण, विविधता और कर्मचारी कल्याण में रणनीतिक निवेशों ने कार्यबल की सुदृढ़ता और संगठनात्मक तत्परता को मजबूत किया।

प्रमुख मानव पूंजी KPI सुधार (वित्त वर्ष 2025 की तुलना में परिवर्तन)



संदर्भ डेटा (वास्तविक मान)

मापदंड	वित्त वर्ष 2024	वित्त वर्ष 2025	वित्त वर्ष 2026
कुल कर्मचारी	31,610	33,081	33,997
कर्मचारी प्रतिधारण दर	80.50%	87.00%	98.30%
महिला कार्यबल भागीदारी	26.18%	27.51%	28.76%

मानव पूंजी KPI स्कोरकार्ड

मापदंड	वित्त वर्ष 2025	वित्त वर्ष 2026	परिवर्तन
कुल कर्मचारी	33,081	33,997	+916
कर्मचारी प्रतिधारण दर	87.00%	98.30%	+11.30 pp
महिला कार्यबल भागीदारी	27.51%	28.76%	+1.25 pp
नए भर्ती	–	2,419	–
प्रशिक्षणाधीन क्रेडिट अधिकारी	–	1,000	–
राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रतिभागी	–	10,000+	–
सर्व-महिला पिंक शाखाएँ	–	115	–
कार्यबल में प्रशिक्षुओं का %	–	7.12%	–

वित्त वर्ष 2026 मानव पूंजी सक्षमकर्ता एवं प्रमुख बिंदु

प्रतिभा अधिग्रहण
भविष्य-तैयार कार्यबल को सुदृढ़ करने हेतु प्रमुख भूमिकाओं में लक्षित भर्ती।

क्षमता निर्माण
भविष्य की तैयारी हेतु नेतृत्व, कार्यक्षेत्र और डिजिटल क्षमता कार्यक्रम।

समावेशन एवं विविधता
115 पिंक शाखाएँ और लैंगिक समावेशन पर मजबूत जोर।

कर्मचारी कल्याण
परामर्श, स्वास्थ्य सेवा समर्थन और वित्तीय सुरक्षा पहल।

नवाचार एवं चपलता
i³ पोर्टल, मिशन प्रगति और डिजिटल चैंपियंस परिवर्तन को आगे बढ़ा रहे हैं।

कार्यबल सुदृढ़ता
उच्च प्रतिधारण, सहभागिता और सकारात्मक कार्य संस्कृति।

स्रोत: लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम और कॉर्पोरेट प्रस्तुति, मई 2026।

वित्त वर्ष 2025-26 में उपलब्धियाँ एवं पहलें

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपने मानव संसाधन को सुदृढ़ करने हेतु कई प्रमुख रणनीतियाँ एवं पहलें लागू कीं :

कार्यबल में वृद्धि एवं भर्ती: सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा को आकर्षित करने के उद्देश्य से लक्षित भर्ती पहलों के माध्यम से अपने कार्यबल को सुदृढ़ किया, जिससे संगठनात्मक विकास में योगदान प्राप्त हुआ। ये रणनीतिक भर्ती पहलें बैंक के व्यावसायिक उद्देश्यों तथा भावी आवश्यकताओं के अनुरूप थीं। इस अवधि के दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 2,419 कर्मचारियों की भर्ती की गई, जिनमें 1,164 परिवीक्षाधीन अधिकारी, 163 क्षेत्र आधारित अधिकारी तथा 117 विशेषज्ञ अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 1,000 क्रेडिट अधिकारियों (पीजीडीबीएफ) के समावेशन हेतु एक विशेष भर्ती पहल भी की गई है, जिन्हें बेंगलुरु स्थित मणिपाल अकादमी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा वे वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान बैंक में कार्यभार ग्रहण करेंगे। इन रणनीतिक प्रयासों का उद्देश्य कुशल प्रतिभा को आकर्षित करना तथा बैंक की उस प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है जिसके अंतर्गत वह विकसित होती बैंकिंग क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु एक सक्षम एवं भावी कार्यबल का निर्माण कर रहा है।

प्रतिभा विकास एवं प्रशिक्षण: वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने व्यावसायिक प्राथमिकताओं के अनुरूप लक्षित अधिगम पहलों के माध्यम से नेतृत्व एवं कार्यबल क्षमताओं को सुदृढ़ किया। नेतृत्व विकास को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोज़र विज़िट्स तथा प्रतिष्ठित बाह्य संस्थानों के सहयोग से संचालित संरचित कार्यक्रमों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ किया गया।

क्षेत्रीय विशेषज्ञता को एमएसएमई तथा धारणीय वित्त संबंधी प्रशिक्षणों के माध्यम से सुदृढ़ किया गया साथ ही ऋण उत्कृष्टता विशिष्ट कार्यक्रम भी शामिल किए गए। विक्रय दक्षता, ग्राहक सेवा, संचार तथा टीम निर्माण विषयों पर व्यापक क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया गया, जिनमें प्रत्येक विषय के लिए 4,000 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त 10,000 से अधिक कर्मचारियों को "राष्ट्रीय कर्मयोगी जनसेवा कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे नागरिक केन्द्रित सेवा दृष्टिकोण को और सुदृढ़ता मिली।

बैंक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सूचना प्रौद्योगिकी तथा साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षणों के माध्यम से डिजिटल क्षमताओं के विकास पर भी विशेष बल दिया। साथ ही डिजिटल शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपनी अधिगम प्रबंधन प्रणाली के उन्नयन की दिशा में भी पहल की गई।

कर्मचारी कल्याण एवं सहभागिता: बैंक ने कर्मचारी कल्याण पर विशेष ध्यान बनाये रखा। यह प्रतिबद्धता "सेंट चेतना" जैसी पहलों में परिलक्षित होती है। जिसके अन्तर्गत कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को गोपनीय परामर्श तथा भावनात्मक सहायता सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। वहीं "सेंट आरोग्य" के माध्यम से कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 24★7 टेली-चिकित्सा परामर्श सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025 – 26 के लिए 20 करोड़ के परिक्रामी शोक सहायता कोष की स्थापना कर सेंट्रलाइट परिवार के प्रति संवेदनशील सहयोग भी प्रदान किया। कर्मचारी कल्याण को प्रोत्साहित करने तथा संगठनात्मक दक्षता में वृद्धि के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025 – 26 के दौरान विभिन्न नीतियों की समीक्षा एवं अनुमोदन किया गया।

विविधता एवं समावेशन: बैंक ने आरक्षण नीति तथा समान अवसर नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से समावेशी एवं न्यायसंगत कार्यस्थल को बढ़ावा देना जारी रखा। बैंक ने लैंगिक समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए महिला कार्यबल की भागीदारी को वित्तीय वर्ष 2025 के 27.5 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2026 में 28.76 प्रतिशत तक पहुँचाया।

बैंक ने "सेंट ममता" नामक प्रसूति-पूर्व एवं प्रसूति-पश्चात् परामर्श पहल तथा मातृत्व अवकाश के उपरांत कार्य पर लौटने वाली महिला कर्मचारियों के समर्थन हेतु बैंक टू वर्क प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रारंभ किया। इसके अतिरिक्त दिव्यांग कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल की सुगम्यता एवं समावेशन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सुगम्यता एवं समावेशन सर्वेक्षण भी आयोजित किया गया।

कार्यबल विकास एवं वित्तीय समावेशन सहभागिता : वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ बनाने हेतु मानव पूँजी की सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलें की गई। इसके अंतर्गत समृद्ध परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के लिए सेवानिवृत्त कार्मिकों को सलाहकार के रूप में जोड़ा गया जो बैंक की व्यापक समावेशन एवं अनुभव साझाकरण रणनीति के अनुरूप था। वित्तीय वर्ष 2026 में कार्यबल विकास संबंधी प्रयासों के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना का क्रियान्वयन भी शामिल था। कुल कर्मचारियों में प्रशिक्षुओं की हिस्सेदारी लगभग 6.09% प्रतिशत रही जिसमें कौशल उन्नयन तथा नियोजनीयता को बढ़ावा मिला।

औद्योगिक संबंध: वित्तीय वर्ष 2026 में सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए गए। जिन्हें प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच पारस्परिक सम्मान तथा सक्रिय संवाद द्वारा और सुदृढ़ किया गया।, जिससे सहयोगात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला।

वित्तीय वर्ष 2026 में प्रमुख निष्पादन संकेत

बैंक मानव पूँजी से संबंधित विभिन्न प्रमुख निष्पादन संकेतों की निगरानी करता है। वित्तीय वर्ष 2026 की एक उल्लेखनीय उपलब्धि कुल कर्मचारी प्रतिधारण दर में महत्वपूर्ण सुधार रही जो वित्तीय वर्ष 2025 के 87 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2026 में 98.3 प्रतिशत हो गई। यह कर्मचारियों की बढ़ी हुई कार्य संतुष्टि तथा संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महिला कार्यबल की भागीदारी भी वित्तीय वर्ष 2025 के 27.51 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2026 में 28.76 प्रतिशत हो गई।कर्मचारियों की कुल संख्या 33081 से बढ़कर 33997 हो गई तथा नियुक्त किए गए विशेषज्ञ अधिकारियों की संख्या 471 से बढ़कर 610 हो गई।

इन सभी संकेतकों के संदर्भ में, वित्तीय वर्ष 2026 के वार्षिक निष्पादन ने वर्ष के लिए निर्धारित वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया। वित्तीय वर्ष 2026 में मानव पूँजी प्रबंधन के अन्तर्गत की गई ये पहलें एवं उपलब्धियाँ एक ऐसे सहयोगात्मक एवं गतिशील वातावरण के निर्माण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास दोनों को प्रोत्साहित करता है तथा व्यापक वित्तीय सेवाओं के अग्रणी प्रदाता बनने तथा आर्थिक विकास को गति देने के बैंक के दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रभावी मानव पूँजी प्रबंधन को कर्मचारी संतुष्टि एवं प्रतिधारण में वृद्धि का आधार माना जाता है जो बैंक की दीर्घकालिक समृद्धि को दृढ़ करता है।

औद्योगिक संबंध

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया पारस्परिक सम्मान, पारदर्शिता तथा प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच खुले संवाद पर आधारित सकारात्मक एवं सहयोगात्मक कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सुदृढ़ औद्योगिक संबंधों को परिचालन निरंतरता एवं संस्थागत स्थिरता की आधारशिला माना जाता है, जो प्रत्यक्ष रूप से कर्मचारी कल्याण तथा बैंक की दीर्घकालिक सफलता में योगदान देते हैं।

वित्तीय वर्ष 2026 के दौरान बैंको ने अपने सभी परिचालन क्षेत्रों में सौहार्द्रपूर्ण औद्योगिक संबंधों को सफलतापूर्वक बनाये रखा। यह उपलब्धि कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद तथा सक्रिय संचार एवं पारस्परिक सम्मान पर आधारित प्रबंधन धारणा का परिणाम रही। बैंक का यह दृष्टिकोण विश्वास एवं सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देता है। जो आगे चलकर उत्पादकता, कार्यस्थल,मनोबल तथा संगठनात्मक प्रत्यास्थता को सुदृढ़ करता है।

वर्ष के दौरान व्यापक मानव पूँजी प्रबंधन ढांचे ने सकारात्मक कार्यबल गतिशीलता को सुदृढ़ करने में महत्वूर्ण भूमिका निभाना जारी रखा। कर्मचारी केंद्रित नीतियों जिनमें – कर्मचारी कल्याण, समावेशन, व्यावसायिक विकास तथा संगठनात्मक दक्षता शामिल है – की समीक्षा की गई तथा उनका क्रियान्वयन किया गया, जिससे सहयोगात्मक कार्य वातावरण को और तेजी मिली। ये नीतियाँ बैंक की व्यापक ईएसजी प्रतिबद्धताओं तथा उत्तरदायी व्यावसायिक आचार के अनुरूप है।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए आंतरिक आकलनों में यह पुष्टि हुई कि बैंक की किसी भी शाखा अथवा कार्यालय में बाल श्रम, बंधुआ अथवा अनैच्छिक श्रम, कार्यस्थल पर भेदभाव, यौन उत्पीड़न अथवा वेतन संबंधी शिकायत का कोई मामला रिपोर्ट नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, मानवाधिकार संबंधी शिकायत निवारण तंत्र के अंतर्गत भी कोई शिकायत

प्राप्त नहीं हुई। यह बैंक द्वारा नैतिक रोजगार प्रथाओं के अनुपालन तथा सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी कार्यस्थल बनाए रखने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि करता है।

सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बनाए रखने पर बैंक का सतत बल भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में उसे एक पसंदीदा नियोक्ता के रूप में सुदृढ़ करता है। सहयोगात्मक एवं नैतिक कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया संगठनात्मक सामंजस्य बनाए रखने तथा अपने कर्मचारियों एवं हितधारकों के कल्याण में सकारात्मक योगदान देने के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

आरक्षण नीति का कार्यान्वयन

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा दिव्यांगजनों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति का समुचित रूप से अनुपालन करता है। यह नीति कार्यबल के सभी संवर्गों में लागू की जाती है, जो विविधता, समावेशन, समान अवसर तथा सामाजिक न्याय के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। केन्द्रीय कार्यालय में स्थापित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ आरक्षण नीतियों के कार्यान्वयन,निगरानी तथा मूल्यांकन के लिए उत्तरदायी है तथा सरकारी दिशानिर्देशों एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करता है। मुख्य संपर्क अधिकारी इस प्रकोष्ठ के कार्यों की देखरेख करते हैं, शिकायतों का निवारण करते हैं तथा एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करतें हैं।

आरक्षण रोस्टरों का संधारण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाता है तथा पारदर्शिता एवं अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उन्हें नियमित रूप से अद्यतन कर बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। वर्ष 2024 के आरक्षण रोस्टर का वर्ष के दौरान निरीक्षण भी किया गया। कल्याण संघों तथा आंतरिक शिकायत निवारण समितियों के साथ नियमित संवाद आरक्षण नीति के प्रभावी कार्यान्वयन एवं निरन्तर सुधार को और सुदृढ़ बनाते हैं।

इसके अतिरिक्त बैंक 1 फरवरी, 2019 से भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रत्यक्ष भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण प्रदान कर रहा है।

विविधता एवं समावेशन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता उसकी व्यापक मानव पूँजी दर्शन में परिलक्षित होती है। जो कर्मचारी विकास, डिजिटल सशक्तीकरण, सहभागिता, कल्याण तथा समान अवसर पर बल देता है। ये प्रयास गतिशील कार्यबल के निर्माण तथा प्रतिभा विकास एवं प्रतिधारण को सुदृढ़ करने संबंधी बैंक की रणनीतिक प्राथमिकताओं का समर्थन करते हैं। महिला कार्यबल की भागीदारी वित्तीय वर्ष 2025 के 27.51 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2026 में 28.76 प्रतिशत हो गई। जो अधिक विविधतापूर्ण एवं समावेशी कार्यस्थल की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाती है।

आरक्षण नीति के सतत कार्यान्वयन एवं निगरानी से सभी कर्मचारियों के लिए निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं समावेशी कार्य वातावरण बनाये रखने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ होती है।

कार्यबल क्षमता, समावेशन तथा कल्याण को सुदृढ़ करने हेतु अतिरिक्त पहलें

वित्तीय वर्ष 2026 के दौरान की गई अतिरिक्त पहलों में 1000 ऋण अधिकारियों के लिए एक प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल था, जिसका उद्देश्य ऋण मूल्यांकन की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना तथा निर्णय निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाना था। इसके अतिरिक्त फेमा दिशानिर्देशों एवं विप्रेषण संबंधी मामलों में प्रशिक्षित कार्मिकों द्वारा संचालित 159 विशिष्ट एनआरआई डेस्कों की स्थापना की गई तथा शाखाओं में डिजिटल चैंपियनों को नामित किया गया ताकि सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके और सेन्ट – ईज पर ग्राहक ऑनबोर्डिंग में सहायता प्रदान की जा सके। बैंक ने पूर्णत: महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित 115 पिंक शाखाओं के माध्यम से समावेशी नेतृत्व को और सुदृढ़ किया तथा राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना के माध्यम से युवाओं की रोजगार योग्यता को बढ़ावा दिया जिसमें प्रशिक्षुओं की हिस्सेदारी कुल कर्मचारियों की लगभग 6.09 प्रतिशत थी। संस्थागत रूपांतरण को 'मिशन प्रगति', बैंक के केंद्रीय रूपांतरण केंद्र तथा कर्मचारी-प्रेरित नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले "i3 – आइडिएट, इनोवेट, इंस्पायर" डिजिटल पोर्टल के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ किया गया। कर्मचारी कल्याण एवं प्रत्यास्थता को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने "सेंट चेतना" नामक गोपनीय परामर्श सेवा प्रारंभ की, सुगम्यता एवं समावेशन सर्वेक्षण आयोजित किया, मातृत्व अवकाश से लौटने वाली महिला कर्मचारियों के लिए 12 माह की मातृत्व सहायता पायलट योजना शुरू की तथा कार्य संतुष्टि, कार्यस्थल संस्कृति एवं कार्य-जीवन संतुलन का आकलन करने हेतु नियमित हैप्पीनेस सर्वेक्षण जारी रखे।

राजभाषा विभाग की विशेष उपलब्धियां : वित्त वर्ष 2025–26

वित्त वर्ष 2025–26 राजभाषा कार्यान्वयन की दृष्टि से बैंक के लिए अत्यंत उल्लेखनीय रहा। इस अवधि में न केवल हिंदी के प्रयोग को संस्थागत स्तर पर सुदृढ़ किया गया, बल्कि नवाचार, प्रकाशन, प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से इसे व्यापक जन-भागीदारी से भी जोड़ा गया। विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर प्राप्त सम्मान तथा आंतरिक पहलों ने बैंक की राजभाषा प्रतिबद्धता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

पुरस्कार एवं सम्मान

वर्ष के दौरान बैंक को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए। भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, गांधीनगर में बैंक के संयोजन में कार्यरत विभिन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मदुरै नराकास को सर्वोच्च प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि पणजी, देवरिया, ग्वालियर, अकोला एवं ठाणे नराकासों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किए गए।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा बैंक को भाषिक क्षेत्र 'ख' में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया जाना इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धि रही। इसके अतिरिक्त, गृह मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों द्वारा गुवाहाटी एवं पणजी आंचलिक/क्षेत्रीय कार्यालयों तथा पणजी एवं ठाणे नराकासों को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए।


अन्य संस्थाओं द्वारा भी बैंक की उपलब्धियों को सराहा गया। मुंबई स्थित साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था 'आशीर्वाद' द्वारा बैंक को "भाषा-सेतु पुरस्कार" तथा बैंक के मुख्य महाप्रबंधक श्री कुशल पाल को "आशीर्वाद राजभाषा गौरव पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

नराकास स्तर पर भी बैंक के विभिन्न कार्यालयों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जहां कुल 73 पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें 25 प्रथम, 15 द्वितीय, 20 तृतीय एवं 13 प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल हैं। यह उपलब्धि बैंक के सभी स्तरों पर राजभाषा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

समग्र रूप से, वित्त वर्ष 2025–26 में राजभाषा विभाग ने पुरस्कार, प्रकाशन, नवाचार एवं व्यापक सहभागिता के माध्यम से हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन को नई दिशा प्रदान की है। यह उपलब्धियां बैंक की उस सतत प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसके माध्यम से हिंदी को कार्य-संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

10. तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन एवं वसूली: परिसंपत्ति गुणवत्ता के वादे को बनाए रखना

व्यावसायिक गति संवर्धन के वर्ष में, तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन ने प्रतिक्रियात्मक परिमार्जन की भूमिका से आगे बढ़कर वित्तीय सुदृढ़ता के एक सक्रिय प्रेरक तंत्र का रूप धारण कर लिया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने यह मान्यता दी कि तीव्र व्यावसायिक वृद्धि को सतत मूल्य सृजन के अपने "हमारे वादे को पूरा करना " संकल्प के अनुरूप उच्चस्तरीय पोर्टफोलियो स्वच्छता का आधार प्राप्त होना चाहिए। आक्रामक वसूली संस्कृति को संस्थागत रूप प्रदान करने तथा प्रणालीगत निगरानी को सुदृढ़ बनाने के परिणामस्वरूप बैंक ने परिसंपत्ति गुणवत्ता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इसका प्रमाण सकल अनर्जक आस्ति अनुपात में सुधार के रूप में सामने आया, जो घटकर 2.67 प्रतिशत रह गया, जो हाल के वर्षों में इसका न्यूनतम स्तर है।



10.1 वसूली निष्पादन एवं पोर्टफोलियो गुणवत्ता

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण तथा लाभ-हानि खाते पर राइट-बैक के प्रभाव को अधिकतम करने के लिए अपने प्रयासों को और तेज किया।

- **नकद वसूली एवं खातों का उन्नयन :**

  बैंक ने एनपीए खातों से कुल ₹1,120 करोड़ की नकद वसूली प्राप्त की, जबकि सक्रिय उन्नयन प्रयासों के माध्यम से ₹443 करोड़ के खातों को पुन: मानक श्रेणी में लाने में सफलता प्राप्त की।

- **अपलिखित-बट्टा खातों में वसूली :**

  वर्ष के दौरान गैर-ब्याज आय का एक प्रमुख स्रोत लिखित-बट्टा खातों में वसूली रही, जो बढ़कर ₹2,271 करोड़ तक पहुँच गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2025 में यह ₹1,283 करोड़ थी।

- **प्रावधानीकरण सुदृढ़ता:**

  व्यवसाय में वृद्धि के बावजूद बैंक ने प्रावधान कवरेज अनुपात को 95.97% के मजबूत स्तर पर बनाए रखा, जिससे संभावित ऋण जोखिमों के विरुद्ध उच्च स्तर की प्रत्यास्थता सुनिश्चित हुई।

10.2 रणनीतिक वसूली पहलें

बैंक के नेतृत्व ने गुणात्मक पहलों पर विशेष बल दिया, जिनके परिणाम मात्रात्मक उपलब्धियों के रूप में सामने आए।

- **विशेष ओटीएस योजनाएँ :**

  शीघ्र समाधान को प्रोत्साहित करने हेतु बैंक ने कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए विषय-आधारित एकमुश्त निपटान योजनाएँ प्रारंभ कीं।

- **संपत्ति प्रदर्शनी एवं सरफेसी :**

  वसूली टीमों ने सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत अधिगृहीत परिसंपत्तियों की नीलामी हेतु देशव्यापी मेगा संपत्ति प्रदर्शनियों का आयोजन किया, जिससे पारदर्शिता बढ़ी तथा प्रतिभूतियों से अधिक वसूली मूल्य प्राप्त हुआ।

- **एआरसी एवं एनएआरसीएल लेनदेन:**

  बैंक ने तनावग्रस्त ऋणों के द्वितीयक बाजार का रणनीतिक उपयोग करते हुए वर्ष के दौरान 4 उच्च-मूल्य एनपीए खातों को एआरसी एवं एनएआरसीएल को सफलतापूर्वक हस्तांतरित किया, जिनकी कुल मूलधन बकाया राशि ₹241 करोड़ थी।

10.3 स्लिपेज नियंत्रण एवं पूर्व चेतावनी प्रणाली

बैंक की "अनुशासन के साथ संवर्द्धन" रणनीति का वास्तविक प्रमाण नए स्लिपेज में उल्लेखनीय कमी रही।

- **स्लिपेज अनुपात:** पूर्व चेतावनी प्रणालियों को और सुदृढ़ बनाकर बैंक ने कुल स्लिपेज अनुपात को वित्तीय वर्ष 2026 में 1.16% तक सीमित रखा, जो पिछले वर्ष के 1.45% की तुलना में कम है।
- **सक्षम स्वचालन:** स्वचालित अनुपालन ट्रैकिंग प्रणाली के कार्यान्वयन से नीतिगत अनुपालन की वास्तविक समय निगरानी संभव हुई, जिससे संभावित तनाव की समय रहते पहचान कर उसे एनपीए में परिवर्तित होने से पूर्व नियंत्रित किया जा सका।

10.4 एसएमए प्रबंधन : वार रूम दृष्टिकोण

बैंक के विशेष उल्लेख खाता प्रबंधन ने उसके रूपांतरण प्रयासों की प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया। विशेषीकृत "वार रूम" के माध्यम से दैनिक निगरानी एवं गहन क्षेत्रीय कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप बैंक ने उच्च-मूल्य एसएमए पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय कमी हासिल की।

- एसएमए में कमी: 31 मार्च 2026 तक ₹5 करोड़ एवं उससे अधिक वाले खातों के अंतर्गत बकाया एसएमए राशि घटकर ₹1,670 करोड़ रह गई, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में यह ₹2,169 करोड़ थी।

10.5 आगे की राह: उत्कृष्टता का संस्थानीकरण

जैसे-जैसे बैंक प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2027 के "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष" की ओर अग्रसर है, एसएएम विभाग वसूली-व्यय अनुपात को और अधिक अनुकूल बनाने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि इस तीव्र प्रगति चरण में प्राप्त उपलब्धियों को दीर्घकालिक रूप से संस्थागत स्वरूप प्रदान किया जा सके।

11ए. ईएसजी : व्यावसायिक गति संवर्द्धन में धारणीयता का समावेशन

"व्यावसायिक गति संवर्द्धन वर्ष" के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने पर्यावरणीय, सामाजिक एवं शासन ढाँचों की स्थापना से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर मापनयोग्य प्रभाव प्राप्त करने की दिशा में सफल संक्रमण किया है। "संकल्प से सिद्धि" की मूल अवधारणा के अंतर्गत धारणीयता को बैंक की मूल वित्तीय रणनीति में समाहित किया गया है, ताकि आकांक्षी एवं धारणीय विकास को गति दी जा सके। सीबीआई - केयर मूल्यों के अनुरूप बैंक का ईएसजी एजेंडा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तथा कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता पर केंद्रित है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि व्यवसायिक गति संवर्द्धन सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य का सृजन करे।

11ए.1 ईएसजी रणनीति एवं धारणीय वित्त रूपरेखा:

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ESG नीति बैंक की धारणीयता पहलों का मार्गदर्शन करती है, जो उसके विज़न एवं मिशन को राष्ट्रीय धारणीयता लक्ष्यों के अनुरूप बनाती है।

- **संरचित वित्त :** उत्तरदायी बैंकिंग हेतु व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए बैंक ने निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित धारणीय वित्त रूपरेखा लागू की है।
- समर्पित पर्यवेक्षण : बैंक ने ईएसजी पहलों का संचालन करने तथा भौतिक एवं संक्रमण जोखिमों का आकलन करने के लिए केंद्रीय कार्यालय स्तर पर एक ग्रीन सेल तथा जलवायु जोखिम प्रकोष्ठ की स्थापना की है।

11ए.2 पर्यावरणीय संरक्षण :

नेट-ज़ीरो की ओर :

बैंक वर्ष 2028 तक स्कोप-1 श्रेणी के उत्सर्जन में नेट-ज़ीरो का स्पष्ट लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्यरत है। इस प्रतिबद्धता को हरित क्षेत्रों के वित्तपोषण तथा अपने परिचालनों

के कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण द्वारा समर्थन प्रदान किया जा रहा है।

- **नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण**: 31 मार्च 2026 तक बैंक ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु ₹2,751.44 करोड़ का वित्तपोषण किया।
- **प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना उपलब्धि**: समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बैंक ने मध्य प्रदेश के 16,500 किसानों को पूर्णत: कागजरहित डिजिटल ऋण प्रक्रिया के माध्यम से सौर पंपों की स्वीकृति प्रदान की।
- **हरित अवसंरचना**: बैंक ने अपने परिसरों में 658 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित किए हैं तथा जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने हेतु डीज़ल जनरेटरों के स्थान पर ऊर्जा-दक्ष इन्वर्टर लगाए जा रहे हैं।
- **एमएसई गिफ्ट एवं एमएसएमई स्पाइस**: इन हरित-एमएसएमई योजनाओं के अंतर्गत बैंक ने ग्रीन इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंसिंग फॉर ट्रांसफॉर्मेशन हेतु ₹1.69 करोड़ तथा सर्कुलर अर्थव्यवस्था में संवर्धन एवं निवेश हेतु ₹0.14 करोड़ स्वीकृत किए।
- **संसाधन संग्रहण**: 1111, 2222 एवं 3333 दिनों की लचीली अवधि वाली सेंट ग्रीन डिपॉजिट योजना के माध्यम से बैंक ने पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु ₹453 करोड़ जुटाए।
- **हरित निवेश** : वित्तीय वर्ष 2026 के अंत तक हरित बांड (जी- सेक) में बैंक का कुल निवेश ₹350.26 करोड़ तक पहुँच गया।

तालिका 7.1: विषयगत हरित ऋण एवं पहलें

कार्यनिष्पादन सूचकांक	वि व 2026 गति संवर्धन परिणाम
नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण (₹ करोड़)	2,751.44
हरित बॉण्ड निवेश (₹ करोड़)	350.26
सेंट ग्रीन जमा संकलन (₹ करोड़)	406.23
स्थापित रूफटॉप सौर क्षमता (केडब्ल्यू)	658
संपीडित बायोगैस वित्तपोषण (₹ करोड़)	33.90*

★टिप्पणी: यह वित्तीय वर्ष के दौरान प्रदान की गई नई स्वीकृतियों का प्रतिनिधित्व करता है |

11ए.3 सामाजिक प्रशासन : लोगों एवं समुदायों का सशक्तीकरण :

सीबीआई - केयर के कर्मचारी कल्याण स्तंभ के अनुरूप बैंक ने अपनी मानव पूंजी के विकास तथा सेवा-प्राप्त समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को प्राथमिकता दी है।

- **प्रतिभा एवं क्षमता निर्माण**: ऋण मूल्यांकन की गुणवत्ता तथा निर्णय लेने की गति में सुधार के लिए 1,000 ऋण अधिकारियों हेतु एक प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **महिला नेतृत्व का सशक्तीकरण**: देशभर में 115 "पिंक शाखाओं" की स्थापना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि रही। इन शाखाओं का संचालन पूर्णत: महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है, जिससे महिला नेतृत्व सुदृढ़ हुआ तथा बैंक को ईटी एज द्वारा "महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ संगठन 2026" का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- **कर्मचारी कल्याण एवं प्रत्यास्थता**: बैंक कार्यस्थल संस्कृति, कार्य संतुष्टि एवं कार्य-जीवन संतुलन के आकलन हेतु नियमित "हैप्पीनेस सर्वेक्षण" आयोजित करता है। साथ ही, कर्मचारियों के भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक कल्याण के समर्थन हेतु "सेंट चेतना" नामक गोपनीय परामर्श सेवा भी प्रारंभ की गई।
- **नवाचार संस्कृति**: समावेशी नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए बैंक ने "i3 – आइडिएट, इनोवेट, इंस्पायर" डिजिटल पोर्टल प्रारंभ किया, जो कर्मचारियों को नवोन्मेषी प्रक्रिया सुधार सुझाव प्रस्तुत करने एवं उनकी प्रगति की निगरानी हेतु समर्पित मंच उपलब्ध कराता है।
- **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)**:

  31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक स्वीकृत 1.17 करोड़ की राशि में से 1.13 करोड़ का वितरण प्रभावी सामुदायिक गतिविधियों हेतु किया ।

  - वंचित बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराना है।
  - ग्रामीण विद्यालयों हेतु सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण।
  - अबैंकित क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाईटों तथा जलशीतकों (वाटर कूलर) की स्थापना।
  - कार्डियक कलर डॉप्लर प्रणालियों सहित चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

11(ए).4 वित्त वर्ष 2026 में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक विकास

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया समावेशी एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अभिन्न अंग के रूप में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का पालन करता है। यद्यपि वित्त वर्ष 2026 में बैंक, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनिवार्य प्रावधानों के दायरे में नहीं आता था, तथापि उसने सामुदायिक उत्थान, वित्तीय साक्षरता, पर्यावरणीय सततता तथा नैतिक बैंकिंग प्रथाओं के प्रति अपनी सुदृढ़ स्वैच्छिक प्रतिबद्धता का निरंतर प्रदर्शन किया। ये प्रयास बैंक की व्यापक सामाजिक-पूंजी रणनीति का महत्वपूर्ण भाग हैं तथा एक उत्तरदायी वित्तीय संस्था के रूप में उसकी दीर्घकालिक भूमिका को प्रतिबिंबित करते हैं।

31 मार्च 2026 तक, बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों हेतु स्वीकृत कुल ₹1.16 करोड़ की राशि में से ₹1.13 करोड़ का व्यय किया। यह व्यय प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण एवं विकासात्मक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए बैंक के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करता है।

वर्ष के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता से संबंधित पहलें विभिन्न क्षेत्रों में संचालित की गईं:

- **शिक्षा सहायता**: बैंक ने विभिन्न शैक्षिक पहलों के माध्यम से बौद्धिक दिव्यांगता वाले 45 बच्चों को वित्तीय सहायता प्रदान की, जिसका उद्देश्य शिक्षण वातावरण में सुधार करना तथा संसाधनों से वंचित संस्थानों को सहयोग प्रदान करना था। इसके अतिरिक्त, वंचित विद्यार्थियों को भी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई। यद्यपि वर्ष के दौरान कोई छात्रवृत्ति प्रदान नहीं की गई, फिर भी बैंक ने वंचित समुदायों के लिए आधारभूत शिक्षा को समर्थन देने पर अपना रणनीतिक ध्यान बनाए रखा।
- **स्वास्थ्य सेवा एवं कल्याण**: स्वास्थ्य सेवा, बैंक के प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्रों में बनी रही। इस अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना हेतु सहायता प्रदान की गई। यद्यपि स्वास्थ्य शिविरों से संबंधित विशिष्ट आँकड़े प्रकाशित नहीं किए गए, बैंक ने आगामी वर्षों में इन प्रयासों का विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- **सामुदायिक विकास**: अपनी सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहभागिता को सुदृढ़ करते हुए बैंक ने जल शीतलन प्रणाली की स्थापना, स्वच्छता सुविधाओं एवं परिधि दीवारों के निर्माण तथा छात्र एवं छात्राओं के लिए पृथक शौचालय ब्लॉकों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की। अस्पतालों में भर्ती रोगियों के साथ आने वाले परिचारकों एवं उनके परिजनों के लिए खाद्य वितरण कार्यक्रमों हेतु भी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई।
- **पर्यावरणीय उत्तरदायित्व**: पर्यावरण संरक्षण, बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एजेंडा का अभिन्न अंग बना रहा। बैंक ने 25 सौर ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइटों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की तथा अधिक आवागमन वाले सामुदायिक स्थल पर हरित परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए बैटरी चालित उपयोगिता विद्युत वाहन (Utility Electric Vehicle) उपलब्ध कराया। यद्यपि वित्त वर्ष 2026 के लिए वृक्षारोपण से संबंधित मात्रात्मक उपलब्धियों की सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई, तथापि बैंक ने हरित पहलों के विस्तार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि की। बैंक ने सौर ऊर्जा संयंत्रों तथा पीएम-कुसुम जैसी योजनाओं सहित सतत अवसंरचना के वित्तपोषण को भी समर्थन प्रदान किया, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने तथा पारिस्थितिकीय लचीलेपन को बढ़ावा मिला।

इन विविध पहलों के माध्यम से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व प्रयासों ने स्थानीय समुदायों के साथ अपनी सहभागिता को और सुदृढ़ किया, हितधारकों के विश्वास को मजबूत किया तथा समावेशी विकास को गति प्रदान की। ये पहलें इस विश्वास को प्रतिबिंबित करती हैं कि समुदाय का कल्याण संस्था की दीर्घकालिक सफलता से अविभाज्य रूप से जुड़ा हुआ है।

भविष्य की ओर अग्रसर होते हुए, बैंक नवोन्मेषी तथा विस्तार योग्य दृष्टिकोणों के माध्यम से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रभाव का दायरा बढ़ाने के उपायों का अन्वेषण कर रहा है। इसकी प्राथमिकताओं में कार्यक्रमों के प्रभाव का उन्नत मूल्यांकन, कर्मचारियों की संरचित स्वैच्छिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना, समुदाय की आवश्यकताओं का आकलन करना तथा रणनीतिक साझेदारियों के संबंध में प्रतिवेदन प्रणाली को और सुदृढ़ बनाना शामिल है। इन प्रथाओं को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ढाँचे में समाहित करके, बैंक का उद्देश्य सभी हितधारकों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही तथा मूल्य सृजन को बढ़ावा देना है।

सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपने सक्रिय एवं सिद्धांतनिष्ठ दृष्टिकोण के माध्यम से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के उत्प्रेरक के रूप में अपनी विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रहा है तथा ऐसे परिणाम प्रदान कर रहा है जिनका प्रभाव बैंकिंग के पारंपरिक दायरे से कहीं अधिक व्यापक है।

11(ए).5 बाह्य प्रमाणीकरण एवं ईएसजी (ESG) रेटिंग

सतत विकासोन्मुख प्रगति की दिशा में बैंक के सफल परिवर्तन को अग्रणी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा मान्यता प्रदान की गई है:

- क्रिसिल ने बैंक की "AA (Stable)" रेटिंग की पुन: पुष्टि की।
- इंडिया रेटिंग्स ने बैंक की "IND AA (Stable)" रेटिंग की पुन: पुष्टि की
- आईसीआरए ने बैंक की "AA(stable)" रेटिंग की पुन:पुष्टि की |

11(बी). कॉर्पोरेट संचार एवं हितधारक सहभागिता

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक की कॉर्पोरेट संचार रणनीति ने "व्यवसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" के लिए एक महत्त्वपूर्ण उत्प्रेरक की भूमिका निभाई। यह केवल आकांक्षापरक संदेशों तक सीमित न रहकर, महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों के वास्तविक एवं ठोस परिणामों पर केंद्रित रही। विभाग का प्रमुख उद्देश्य बैंक के मिशन, मूल्यों तथा आंतरिक रूपांतरण केंद्र के अंतर्गत चल रहे रणनीतिक रूपांतरण को प्रतिबिंबित करने वाली एक सुसंगत एवं सकारात्मक सार्वजनिक छवि का निर्माण करना है। परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण का प्रभावी उपयोग करते हुए, इस वर्टिकल ने हितधारकों के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया तथा प्रस्तावित "व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष" की दिशा में एक स्पष्ट एवं सशक्त कथानक-सेतु स्थापित किया।

11.1 ब्रांड सुदृढ़ीकरण एवं विषयगत संरेखण

बैंक ने मुद्रित, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल तथा बाह्य (आउटडोर) माध्यमों पर उच्च प्रभावशीलता एवं कम लागत वाले विज्ञापन मॉडल का उपयोग करते हुए अनुशासित ब्रांड-निर्माण रणनीति को बनाए रखा।

- **व्यापक स्तर पर उपस्थिति:** बैंक की ब्रांड छवि को उसके 22,129 कुल टचपॉइंट्स के व्यापक नेटवर्क में निरंतर सुदृढ़ किया गया, जिससे "गतिसंवर्धन (Acceleration)" की अवधारणा दूरस्थ ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों तक पहुँची, जो बैंक के कुल शाखा नेटवर्क का 65.19% है।
- **ओम्नी-चैनल विज्ञापन:** अभियान बैंक के प्रमुख बैंकिंग उत्पादों एवं अभिनव डिजिटल सेवाओं पर केंद्रित रहे। ग्राहक सफलता की कहानियों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने हेतु टेलीविजन एवं रेडियो विज्ञापनों का उपयोग किया गया तथा ब्रांड की उपस्थिति को और सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख राष्ट्रीय प्रकाशनों में मुद्रित विज्ञापन प्रकाशित किए गए।
- **स्थिर एवं गतिशील मीडिया:** स्थिर एवं गतिशील मीडिया पर व्यापक ब्रांडिंग के माध्यम से ब्रांड की निरंतर सुदृढ़ उपस्थिति सुनिश्चित की गई, ताकि जब भी कोई ग्राहक किसी शाखा में प्रवेश करे अथवा एटीएम का उपयोग करे, उसे एक परिचित एवं विश्वसनीय वातावरण का अनुभव हो।
- **सीबीआई-केयर मूल्य:** समेकित अभियानों को सीबीआई-केयर के स्तंभों के अनुरूप संचालित किया गया, जिसमें विशेष रूप से राष्ट्र निर्माण में बैंक की भूमिका तथा आकांक्षी विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

11.2 नवाचार का प्रदर्शन: ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल एवं हैकाथॉन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक की सार्वजनिक सहभागिता रणनीति में डिजिटलीकरण एवं प्रौद्योगिकी नेतृत्व प्रमुख आधार रहे।

- **ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025:** बैंक ने इस प्रतिष्ठित मंच का उपयोग बायोमेट्रिक यूपीआई तथा आधार-आधारित फेस यूपीआई पिन जैसी अग्रणी डिजिटल समाधानों के शुभारंभ के लिए किया। इनका शुभारंभ वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।
- **नवाचार केंद्र:** ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल में हैकाथॉन-2025 के आयोजन ने बैंक को "ग्राहक अनुभव रूपांतरणकर्ता" के रूप में प्रभावी रूप से स्थापित किया । इसके अंतर्गत 35 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NITs) की प्रतिभाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित 'धोखाधड़ी पहचान समाधान' विकसित करने हेतु जोड़ा गया।

11.3 डिजिटल विश्वास एवं ".bank.in" डोमेन में माइग्रेशन

डिजिटल युग में हितधारकों की सहभागिता का एक प्रमुख आधार डिजिटल विश्वास को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना है। बैंक के एंटरप्राइज़ ई-मेल, इंटरनेट बैंकिंग तथा कॉर्पोरेट वेबसाइट का सफलतापूर्वक ".bank.in" डोमेन में स्थानांतरण साइबर सुरक्षा एवं विनियामकीय अनुपालन के एक महत्त्वपूर्ण दृश्य संकेतक के रूप में कार्य करता है। इस पहल से संस्थागत जोखिम में उल्लेखनीय कमी आई है तथा बैंक के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति ग्राहकों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है।

11.4 सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व

समुदाय के प्रति सार्थक योगदान देना बैंक के मिशन का मूल आधार है और सामुदायिक सहभागिता उसी का अभिन्न अंग बनी हुई है।

- **सामाजिक योजनाओं में सहभागिता:** बैंक सरकारी सामाजिक योजनाओं तथा इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर जैसी प्रमुख प्रदर्शनियों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से अपने उत्पादों को व्यापक रूप से लोकप्रिय बनाता है।
- **सम्मान कार्यक्रम:** शिक्षकों, विद्यार्थियों, चिकित्सकों एवं अभियंताओं का सम्मान करने वाले कार्यक्रमों को प्रायोजित करने से बैंक के स्थानीय ब्रांड मूल्य में वृद्धि हुई है।
- **नारी शक्ति:** विभाग ने पूर्णत: महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित बैंक की 115 "पिंक शाखाओं" को प्रमुखता प्रदान करते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ किया।


- **सीएसआर की दृश्यता:** वर्ष के दौरान किए गए संचार माध्यमों से समाज के कल्याण हेतु बैंक के ₹7.09 करोड़ के स्वैच्छिक योगदान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी पहलें तथा वंचित बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता शामिल हैं।

11.5 संस्थागत उपलब्धियां एवं पुरस्कार

"व्यवसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" के रूप में बैंक के सफल परिवर्तन को अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों द्वारा मान्यता प्राप्त हुई, जिनका उपयोग बैंक की समग्र ब्रांड प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करने के लिए किया गया।

तालिका 11.1: वित्त वर्ष 2025-26 में संस्था की उल्लेखनीय उपलब्धियां

पुरस्कार	पुरस्कार प्रदाता	मूल्य सामंजस्य
कस्टमर एक्सपीरियंस ट्रांसफॉर्मर	डेटा इनोवेशन अवार्ड्स 2026	उत्कृष्ट ग्राहक सेवा
महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ संगठन 2026	ईटी ऐज	कर्मचारी कल्याण / समावेशन
रीजिलिएंस अवार्ड 2025	स्कोच अवार्ड	संस्थागत लचीलापन और विश्वास
डेटा गुणवत्ता मान्यता में दूसरा स्थान	ईज 7.0 रिफोर्म	परिचालन उत्कृष्टता
शिक्षा ऋण के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक	नवभारत एजुकेशन अवार्ड्स	आकांक्षी विकास



11(बी).2 नवाचार का प्रदर्शन: ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल एवं हैकाथॉन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक की सार्वजनिक सहभागिता रणनीति में डिजिटलीकरण एवं नवाचार केंद्रीय तत्व रहे।

- **ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025:** बैंक ने इस प्रतिष्ठित मंच का उपयोग अपने प्रौद्योगिकी नेतृत्व का प्रदर्शन करने के लिए किया तथा बायोमेट्रिक यूपीआई एवं आधार-आधारित फेस यूपीआई पिन जैसी अग्रणी डिजिटल समाधानों का शुभारंभ वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।
- **नवाचार केंद्र:** ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल में हैकाथॉन 2025 के सफल आयोजन ने बैंक को "ग्राहक अनुभव रूपांतरणकर्ता" के रूप में प्रभावी रूप से स्थापित किया। इस पहल के अंतर्गत 35 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NITs) की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित धोखाधड़ी पहचान समाधान विकसित करने हेतु जोड़ा गया।

11(बी).3 डिजिटल विश्वास एवं ".bank.in" डोमेन में माइग्रेशन

डिजिटल युग में हितधारकों की सहभागिता का एक प्रमुख आधार डिजिटल विश्वास को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना है। बैंक के एंटरप्राइज़ ई-मेल, इंटरनेट बैंकिंग तथा कॉर्पोरेट वेबसाइट का सफलतापूर्वक ".bank.in" डोमेन में स्थानांतरण साइबर सुरक्षा एवं विनियामकीय अनुपालन के एक महत्त्वपूर्ण दृश्य संकेतक के रूप में कार्य करता है। इस पहल से संस्थागत जोखिम में उल्लेखनीय कमी आई है तथा बैंक के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति ग्राहकों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है।

11(बी).4 पुरस्कार एवं संस्थागत मान्यता

"व्यवसायिक गति संवर्धन वर्ष" के रूप में बैंक के सफल रूपांतरण को अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों द्वारा मान्यता प्रदान की गई, जिनका उपयोग बैंक की ब्रांड प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए किया गया।

- **एंटरप्राइज़ सुरक्षा उत्कृष्टता:** पीएसई एक्सीलेन्स अवार्ड में एंटरप्राइज़ सुरक्षा श्रेणी के अंतर्गत बैंक को पुन: "सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक" के रूप में मान्यता प्रदान की गई
- **ग्राहक अनुभव रूपांतरणकर्ता:** ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने हेतु प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग में उत्कृष्टता के लिए बैंक को डेटा इनोवेशन अवार्ड्स 2026 से सम्मानित किया गया।
- **समावेशी नेतृत्व:** ईटी ऐज द्वारा बैंक को "बेस्ट ऑर्गेनाइजेशन फॉर विमेन 2026" के रूप में मान्यता प्रदान की गई, जो महिला कर्मचारियों द्वारा पूर्णत: संचालित 115 पिंक शाखाओं जैसी पहलों की सफलता को दर्शाती है।
- **संस्थागत लचीलापन:** बैंक के सुरक्षा संचालन केंद्र की सुदृढ़ता के लिए बैंक को स्कोच अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया।

11(बी).5 सामाजिक जनसंपर्क एवं सीएसआर संचार

सीबीआई-केयर के 'कर्मचारी कल्याण' तथा 'राष्ट्र निर्माण' स्तंभों के अनुरूप बैंक ने अपनी सामाजिक सहभागिता को और अधिक सशक्त बनाया।

- **सीएसआर की दृश्यता:** वर्ष के दौरान,समाज के कल्याण हेतु बैंक के ₹7.09 करोड़ के स्वैच्छिक योगदान को संचार माध्यमों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। इसमें वंचित बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता तथा कार्डियक कलर डॉप्लर प्रणाली उपलब्ध कराने जैसी स्वास्थ्य संबंधी पहलें शामिल हैं।
- **हरित दृष्टिकोण:** वर्ष 2028 तक नेट ज़ीरो स्कोप 1 प्राप्त करने की बैंक की परिकल्पना तथा पूर्णत: पेपरलेस डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से 16,500 किसानों को सौर पंपों के वित्तपोषण के अभियान के माध्यम से, बैंक के पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रयासों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

11(बी).6 आगे की राह: उत्कृष्टता की ओर विस्तार

"व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" के समापन के साथ ही बैंक की नई कॉर्पोरेट संचार रणनीति वित्तीय वर्ष 2027: व्यावसायिक उत्कृष्टता वर्ष की दिशा में प्रत्यावर्तित हो रही है। बैंक का ध्यान निवेशकों, ग्राहकों एवं कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों के साथ पारदर्शी एवं सक्रिय संवाद बनाए रखने पर केंद्रित रहेगा, ताकि बैंक की निरंतर प्रगति को वित्तीय सुदृढ़ता एवं सेवा उत्कृष्टता की सतत यात्रा के रूप में समझा और स्वीकार किया जा सके।

12. सहायक एवं सहयोगी संस्थाओं की समीक्षा: समन्वित गति संवर्धन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक की सहायक एवं सहयोगी संस्थाओं के पोर्टफोलियो ने व्यापक बैंकिंग व्यवसाय को महत्वपूर्ण पूरक क्षमताएँ प्रदान करना जारी रखा। इन संस्थाओं ने "व्यावसायिक गतिसंवर्धन वर्ष" के दौरान विशिष्ट विशेषज्ञता-आधारित विकास प्रेरकों के रूप में कार्य किया, जिससे किफायती आवास एवं ट्रस्टीशिप सेवाओं में बैंक की पहुँच का विस्तार हुआ तथा समूह की समग्र वित्तीय सुदृढ़ता में भी योगदान मिला।

12.1 सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड

वित्त वर्ष 2025-26 में सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी बैलेंस शीट में निरंतर वृद्धि तथा लाभप्रद परिचालन प्रदर्शन का प्रदर्शन किया और बैंक की महत्त्वाकांक्षी विकास रणनीति के एक प्रमुख प्रेरक के रूप में अपनी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। चुनौतीपूर्ण संसाधन जुटाने की परिस्थितियों के बावजूद, सहायक संस्था ने अपने परिसंपत्ति आधार का सफलतापूर्वक विस्तार करते हुए इसे ₹2,000 करोड़ के स्तर तक पहुँचा दिया।

तालिका 12.1 : सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रमुख वित्तीय प्रमुख कार्य-निष्पादन संकेतक (KPIs) – तुलनात्मक सारांश

मद (₹ करोड़)	2024-25	2025-26	वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन (%)
कुल आय	183.56	183.84	0.15%
शुद्ध लाभ	25.29	19.70	22.10%
लोन बुक(अग्रिम)	1638.50	1787.04	9.07%
कुल परिसंपत्तियाँ	1715.00	1892.66	10.36%
पूंजी एवं आरक्षित निधियाँ	239.23	258.93	8.23%
प्रति शेयर आय (₹)	10.11	7.88	22.06%

स्रोत: मार्च 2026 के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम।

प्रदर्शन समीक्षा – वित्तीय वर्ष 2025-26

- **आय एवं लाभप्रदता:**

  सीबीएचएफएल ने ₹183.84 करोड़ की कुल आय के साथ स्थिर आय अर्जन क्षमता बनाए रखी। वर्ष के दौरान शुद्ध लाभ ₹19.70 करोड़ रहा, जो वित्तीय वर्ष में उच्च ब्याज व्यय के प्रभाव को परिलक्षित करता है।

- **बैलेंस शीट की स्थिति:**

  कंपनी की कुल बैलेंस शीट ₹1,892.66 करोड़ तक पहुँच गई, जो वर्ष-दर-वर्ष 10.36 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाती है। यह विस्तार मुख्यत: ऋण पोर्टफोलियो के ₹1,787.04 करोड़ तक बढ़ने के कारण हुआ, जो खुदरा एवं किफायती आवास वित्त खंडों पर कंपनी के विशेष ध्यान को रेखांकित करता है।

- **संसाधनों का संग्रहण:**

  जमाओं का स्तर ₹613.79 करोड़ रहा, जबकि व्यवसाय वृद्धि हेतु आवश्यक तरलता उपलब्ध कराने के लिए उधारियों में वृद्धि होकर ₹949.11 करोड़ हो गई।

- **भावी परिदृश्य:**

  वित्तीय वर्ष 2026-27 में सीबीएचएफएल वित्तीय समावेशन के अपने उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध रहेगा। सहायक कंपनी उच्च ऋण गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए किफायती आवास वित्त पोर्टफोलियो के विस्तार हेतु अपने पेरेंट बैंक की व्यापक वितरण व्यवस्था का प्रभावी उपयोग करने पर केंद्रित रहेगी।

12.2 सेन्टबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

सेन्टबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, जो बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली ट्रस्टीशिप सहायक कंपनी है, ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में परिचालन गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के स्वतंत्र वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षण किया गया है तथा लेखा परीक्षकों द्वारा उन पर असंशोधित मत व्यक्त किया गया है, जो इसकी वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता की पुष्टि करता है।

तालिका 12.2 : सेन्टबैंक फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड के प्रमुख वित्तीय प्रदर्शन संकेतकों का तुलनात्मक सारांश

मद (₹ करोड़)	वित्तीय वर्ष 2024-25	वित्तीय वर्ष 2025-26	वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन (%)
कुल आय	12.80	20.24	+58.13%
शुद्ध लाभ	8.25	12.27	+48.73%
कुल परिसंपत्तियाँ	63.23	78.09	+23.50%
पूंजी एवं भंडार	44.73	55.00	+22.96%
प्रति शेयर आय (₹)	1,650	2,453	+48.67%

(स्रोत : मार्च 2026 के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम एवं स्वतंत्र वित्तीय विवरण)

प्रदर्शन समीक्षा – वित्तीय वर्ष 2025-26

- **राजस्व एवं लाभप्रदता:**

  उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन करते हुए अपनी कुल आय को बढ़ाकर ₹20.24 करोड़ तक पहुँचाया। यह वृद्धि मुख्यत: परिचालन राजस्व (₹17.32 करोड़) में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के कारण हुई, विशेष रूप से निष्पादक तथा डिबेंचर ट्रस्टीशिप शुल्क से प्राप्त आय में वृद्धि के परिणामस्वरूप। कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर ₹12.27 करोड़ हो गया।

- **व्यय प्रबंधन:**

  वर्ष के दौरान कुल व्यय ₹3.55 करोड़ के नियंत्रित स्तर पर बनाए रखा गया, जिसमें कार्मिक व्यय (₹0.95 करोड़) प्रमुख घटक रहा। होल्डिंग शुल्क हेतु नई मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) लागू किए जाने से कार्यकुशलता तथा राजस्व संग्रहण में वृद्धि हुई।

- **बैलेंस शीट में मजबूती:**

  कंपनी की शुद्ध संपत्ति (पूंजी एवं आरक्षित) बढ़कर ₹55.00 करोड़ हो गई, जो लगभग 23 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। संपत्तियों का निवेश मुख्यत: सुरक्षित निवेश साधनों तथा नकदी समतुल्यों में किया जाता है।

- **भावी परिदृश्य:**

  सीएफएसएल समूह के भीतर एक विशिष्ट वित्तीय सेवा प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी "व्यवसाय उत्कृष्टता वर्ष" के दौरान कंपनी, प्रतिभूति न्यासिता तथा एस्क्रो सेवाओं के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर विशेष ध्यान देगी।

12.3 सहयोगी संस्थाएँ एवं संयुक्त उपक्रम

बैंक का रणनीतिक व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र उसकी सहयोगी संस्थाओं एवं संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ हुआ है, जो आय के विविधीकरण तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इंडो-जाम्बिया बैंक लिमिटेड

इंडो-जाम्बिया बैंक लिमिटेड ने अपनी सुदृढ़ विकास यात्रा को जारी रखा। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के हिस्से के शुद्ध लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा यह बढ़कर ₹436.11 करोड़ हो गया।

- **बीमा संयुक्त उपक्रम (जनरली सेन्ट्रल):** जनराली सेन्ट्रल इंश्योरेंस में 24.91% तथा जनराली सेन्ट्रल लाइफ इंश्योरेंस में 25.27% हिस्सेदारी के अधिग्रहण के पश्चात् इन कंपनियों को बैंक की सहयोगी कंपनियों के रूप में शामिल किया गया है। यद्यपि प्रारंभिक एकीकरण संबंधी व्ययों के कारण वर्ष के दौरान कुछ हानि दर्ज की गई, तथापि दीर्घकाल में ये कंपनियाँ शुल्क-आधारित आय में वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक माध्यम के रूप में कार्य करेंगी।
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक: सरकार द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के एकीकरण के परिणामस्वरूप, 1 मई 2025 से बैंक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक तथा उत्तरबंग क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का प्रायोजक बैंक नहीं रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में इन संस्थाओं में अपनी हिस्सेदारी के विनिवेश से बैंक ने ₹84.85 करोड़ की एकमुश्त (असाधारण) आय अर्जित की।

13.भावी परिदृश्य : व्यवसायिक गति संवर्द्धन वर्ष की ओर

वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन पर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया एक महत्वपूर्ण रणनीतिक मोड़ पर खड़ा है। बैंक ने **"व्यावसायिक गति संवर्द्धन वर्ष"** के दौरान ₹8,00,000 करोड़ के कुल व्यवसाय के ऐतिहासिक स्तर को पार करते हुए तथा 1.00 प्रतिशत रिटर्न ऑन एसेट्स महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इन उपलब्धियों के साथ बैंक अब वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रवेश कर रहा है, जिसे औपचारिक रूप से **"व्यवसायिक गति संवर्द्धन वर्ष"** घोषित किया गया है। विकास यात्रा का यह अगला चरण मात्र आकार और विस्तार पर केंद्रित न होकर परिचालन उत्कृष्टता, डिजिटल परिपक्वता, जोखिम प्रबंधन, ग्राहक अनुभव तथा दीर्घकालिक मूल्य सृजन को सुदृढ़ करने पर बल देगा। इसका उद्देश्य तीव्र विकास के दौर में अर्जित उपलब्धियों को संस्थागत रूप प्रदान करते हुए बैंक को अधिक दक्ष, प्रौद्योगिकी-संचालित और भविष्य के लिए तैयार संगठन के रूप में स्थापित करना है।

वित्तीय प्रदर्शन मार्गदर्शन | वित्त वर्ष 2026-27 के लिए

वित्त वर्ष 2025-26 की उपलब्धि बनाम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रबंधन मार्गदर्शन

वृद्धि संबंधी सूचकांक

पैरामीटर	वित्त वर्ष 2025-26 की उपलब्धि	वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मार्गदर्शन
कारोबार वृद्धि	15.60%	↑ 14.00% - 15.00%
जमा वृद्धि	13.38%	↑ 10.00% - 12.00%
ऋण (एडवांस) वृद्धि	18.76%	↑ 14.00% - 16.00%
CASA अनुपात	47.30%	↑ 48.00% (+/- 1%)

लाभप्रदता एवं दक्षता

पैरामीटर	वित्त वर्ष 2025-26 की उपलब्धि	वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मार्गदर्शन
कुल परिसंपत्ति पर प्रतिफल (ROA)	0.89%*	↑ 1.00% से अधिक
लागत-आय अनुपात (CIR)	58.61%	↓ 56.00% से कम

परिसंपत्ति गुणवत्ता

पैरामीटर	वित्त वर्ष 2025-26 की उपलब्धि	वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मार्गदर्शन
सकल एनपीए (Gross NPA)	2.67%	↓ 2.50% से कम
शुद्ध एनपीए (Net NPA)	0.49%	↓ 0.50% से कम

*DTA समायोजन के पश्चात एकल (Standalone) आधार पर।

मार्गदर्शन की प्राथमिकताएँ

- संतुलित वृद्धि
  संतुलित एवं नियंत्रित दृष्टिकोण के साथ
- मजबूत देयता फ्रैंचाइज़ी
  और CASA पर फोकस
- ROA को 1.00% से अधिक
  तक पुनः स्थापित करना
  और दक्षता में सुधार
- परिसंपत्ति गुणवत्ता में
  निरंतर सुधार

13.1 वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आर्थिक परिदृश्य आशावादी दिखाई देता है, जिसका आधार वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की एक "उज्ज्वल संभावनाओं" वाले देश के रूप में स्थापित स्थिति है।

- **वैश्विक परिदृश्य** : यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने वर्ष 2026 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है, तथापि निरंतर व्यापारिक तनाव तथा भू-राजनीतिक परिस्थितियाँ—विशेषकर अमेरिका-ईरान युद्धविराम से संबंधित घटनाक्रम-ऊर्जा एवं उर्वरकों की उपलब्धता पर संभावित प्रभाव के कारण सतत निगरानी की अपेक्षा रखते हैं।

- **भारतीय अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता** : निजी उपभोग में स्थिरता, निजी निवेश में सुधार तथा प्रमुख व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिए जाने के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की संभावना है। द्वितीय अग्रिम अनुमान के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यद्यपि वर्ष 2026 में यह वृद्धि दर कुछ घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है, फिर भी घरेलू आर्थिक वातावरण बैंकिंग ऋण विस्तार के लिए अनुकूल बना हुआ है।

13.2 बैंकिंग क्षेत्र का परिदृश्य एवं ऋण वृद्धि की गति

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र वित्तीय वर्ष 2026-27 में सुदृढ़ परिसंपत्ति गुणवत्ता तथा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCBs) के पर्याप्त पूंजी बफर के साथ मजबूत स्थिति में प्रवेश कर रहा है।

- **ऋण मांग** :

  अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में ऋण की निरंतर मांग दर्ज की गई है। विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में उल्लेखनीय मजबूती प्रदर्शित की। आगे चलकर उच्च GDP वृद्धि अनुमान तथा मौद्रिक नीति दरों में कटौती के प्रभाव के विस्तार से ऋण वृद्धि मजबूत बने रहने की संभावना है।

- **परिसंपत्ति गुणवत्ता :**

  दिसंबर 2025 तक संपूर्ण बैंकिंग उद्योग का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (GNPA) अनुपात घटकर 1.89% पर आ गया है, जो परिसंपत्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार को दर्शाता है। यह सकारात्मक प्रवृत्ति बैंकों को अपनी सुदृढ़ पूंजी स्थिति का लाभ उठाते हुए ऋण विस्तार तथा व्यावसायिक वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत और स्थिर आधार प्रदान करती है।

13.3 संकल्प से सिद्धि तक: वित्तीय वर्ष 2026-27 की परिचालन एवं वित्तीय प्राथमिकताएँ

"व्यवसाय उत्कृष्टता के वर्ष" के लिए बैंक का रोडमैप स्पष्ट प्रदर्शन मानकों तथा रणनीतिक प्राथमिकताओं पर आधारित है, जिन्हें वित्तीय सुदृढ़ता को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

13.4 उत्कृष्टता हेतु रणनीतिक प्रेरक तत्व

इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बैंक निम्नलिखित परिवर्तनकारी स्तंभों पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा :

- **सेन्ट नियो के माध्यम से डिजिटल नेतृत्व :** बैंक, सेन्ट नियो डिजिटल बैंक पहल का और अधिक विस्तार करते हुए स्वयं को भविष्य के लिए तैयार संस्था के रूप में विकसित करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य ओम्नी-चैनल ग्राहक अनुभव उपलब्ध कराना तथा डिजिटल लेंडिंग प्लेटफ़ॉर्म (DLP) के विस्तार पर विशेष ध्यान देकर इसकी पहुँच वर्तमान 37 डिजिटल ग्राहक यात्राओं से आगे बढ़ाकर अधिक व्यापक बैंकिंग एवं ऋण सेवाओं को समाहित करना है।
- **रूपांतरण केंद्र :** नवाचार के केंद्रीय मंच के रूप में आंतरिक रूपांतरण केन्द्र प्रक्रिया पुनर्रचना तथा परिचालन दक्षता को गति प्रदान करेगा, जिससे लागत-आय अनुपात को और बेहतर बनाया जा सकेगा।
- **रैम क्षेत्र एवं क्लस्टर वित्तपोषण :** बैंक खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ करेगा तथा क्लस्टर-आधारित शाखा मानचित्रण के माध्यम से "विकसित भारत" के लक्ष्य के अनुरूप कार्य करेगा।
- **ईएसजी एवं राष्ट्र निर्माण :** CBI-CARE के मूल मूल्यों के अनुरूप बैंक वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वीकृत ईएसजी नीति को लागू करेगा तथा वर्ष 2028 तक स्कोप-1 के अंतर्गत नेट-ज़ीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में कार्य करेगा।

13.5 निष्कर्ष

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त व्यावसायिक संवर्द्धन, वित्तीय वर्ष 2026-27 में संस्थागत उत्कृष्टता की आधारशिला सिद्ध हो। परिसंपत्ति गुणवत्ता पर निरंतर ध्यान, डिजिटल विश्वास को सुदृढ़ बनाने तथा अपने 33,997 कर्मियों को सशक्त बनाने के माध्यम से बैंक देश की आर्थिक प्रगति को गति प्रदान करने हेतु व्यापक वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी सफलतापूर्वक निभाता रहेगा।

14. SWOT विश्लेषण: संस्थागत उत्कृष्टता के लिए व्यावसायिक संवर्द्धन को आधार बनाना

14.1 सामर्थ्य (संस्थागत सुदृढ़ता)

- **विरासत एवं ब्रांड पहचान :** 115 वर्षों से अधिक के गौरवशाली इतिहास के साथ सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया देश के प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में अपनी मजबूत ब्रांड पहचान बनाए हुए है। विश्वास की यह विरासत बैंक के 8.26 करोड़ सक्रिय ग्राहकों के आधार की प्रमुख शक्ति है।
- **सुदृढ़ देयता आधार :** 47.30 प्रतिशत के कासा (चालू एवं बचत खाता) अनुपात के साथ बैंक के पास उद्योग के सर्वश्रेष्ठ देयता आधारों में से एक उपलब्ध है। इसने बैंक को कम लागत पर संसाधन उपलब्ध कराते हुए नियामकीय दरों में कटौती के बावजूद 3.07 प्रतिशत के उच्च शुद्ध ब्याज मार्जिन को बनाए रखने में सहायता प्रदान की।
- **व्यापक भौतिक एवं डिजिटल उपस्थिति :** बैंक 4,585 शाखाओं तथा 22,129 ग्राहक संपर्क बिंदुओं के विशाल अखिल भारतीय नेटवर्क के माध्यम से सेवाएँ प्रदान कर रहा है। इसकी उपस्थिति विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में मजबूत है, जो कुल नेटवर्क का 65.19 प्रतिशत हिस्सा हैं।
- **सुदृढ़ वित्तीय स्थिति :** पीसीए ढाँचे से बाहर आने के पश्चात बैंक ने लगातार 20 तिमाहियों तक लाभप्रदता बनाए रखी है तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹4,369 करोड़ का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बैंक की पूंजी पर्याप्तता स्थिति भी मजबूत है, जिसमें सीआरएआर 17.91 प्रतिशत तथा टियर-I पूंजी अनुपात 15.61 प्रतिशत रहा।
- **परिसंपत्ति गुणवत्ता में मजबूती :** बैंक ने परिसंपत्ति गुणवत्ता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार करते हुए सकल एनपीए अनुपात को घटाकर 2.67 प्रतिशत तथा शुद्ध एनपीए अनुपात को 0.49 प्रतिशत तक सीमित रखा है। 95.97 प्रतिशत का प्रावधान कवरेज अनुपात इसकी वित्तीय दृढ़ता को और सुदृढ़ करता है।

- **परिचालन उत्पादकता में वृद्धि** : "व्यावसायिक संवर्द्धन वर्ष" के दौरान बैंक ने परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया। प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹21.31 करोड़ से बढ़कर ₹23.89 करोड़ हो गया, जबकि वैकल्पिक वितरण माध्यमों के जरिए किए गए डिजिटल लेन-देन का हिस्सा बढ़कर 90.54 प्रतिशत के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुँच गया।

14.2 कमजोरियाँ (परिचालन सुधार के क्षेत्र)

- **उच्च लागत-आय अनुपात** : 58.61 प्रतिशत का लागत-आय अनुपात अभी भी कुछ समकक्ष बैंकों की तुलना में अधिक है। इसे 56 प्रतिशत से नीचे लाना "व्यवसाय उत्कृष्टता वर्ष" का प्रमुख लक्ष्य है।
- **वैश्विक झटकों का ब्याज मार्जिन पर प्रभाव** : यद्यपि बैंक ने उच्च शुद्ध ब्याज मार्जिन बनाए रखा है, तथापि नियामकीय ब्याज दरों में कटौती तथा दूरस्थ क्षेत्रों में विस्तृत भौतिक अवसंरचना के रखरखाव की उच्च लागत के कारण मार्जिन पर दबाव अभी भी जारी है।
- **कासा अनुपात में कमी** : हालांकि कासा अभी भी एक मज़बूत पक्ष बना हुआ है, लेकिन पूरे इंडस्ट्री में जमाकर्ताओं के ज़्यादा रिटर्न देने वाले टर्म डिपॉज़िट की ओर रुझान के कारण इसका अनुपात 48.91% से घटकर 47.30% हो गया
- **ऋण-जमा अनुपात** : यद्यपि ऋण जमा अनुपात में सुधार के पश्चात यह 73.80 प्रतिशत हो गया है, फिर भी बैंक के मजबूत देयता आधार के अधिक प्रभावी उपयोग हेतु इसमें और सुधार की आवश्यकता है।

14.3 उपलब्धियाँ (रणनीतिक प्रगति)

- **सेन्ट नियो डिजिटल बैंक** : बैंक की प्रमुख डिजिटल पहल 'सेन्ट नियो' अगली पीढ़ी के ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु एक समग्र एवं भविष्य-उन्मुख डिजिटल बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।
- **स्केलेबल इकोसिस्टम मॉडल** : सह-ऋण साझेदारियों की संख्या बढ़कर 36 हो जाने तथा आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण मंच के विस्तार से उच्च गुणवत्ता वाले एवं विविधीकृत ऋण वितरण के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं।
- **क्लस्टर आधारित ऋण वृद्धि** : आंतरिक रूपांतरण पहल के अंतर्गत बैंक ने एमएसएमई क्लस्टरों हेतु 225 शाखाओं तथा कृषि क्लस्टरों हेतु 274 शाखाओं का मानचित्रण किया है, जो "विकसित भारत" के लक्ष्य के अनुरूप केंद्रित आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा।
- **सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से आय विविधीकरण** : जनरली सेन्ट्रल लाइफ एवं जनरली सेन्ट्रल जनरल इंश्योरेंस में हिस्सेदारी अधिग्रहण से बैंक को बैंकएश्योरेंस माध्यमों द्वारा गैर-ब्याज आय बढ़ाने के महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त होंगे।
- **वैश्विक एनआरआई व्यवसाय** : 159 विशेष एनआरआई डेस्कों की स्थापना के माध्यम से बैंक वैश्विक भारतीय समुदाय के साथ अपने संबंधों को और मजबूत कर सकता है तथा प्रेषण एवं निवेश व्यवसाय में वृद्धि कर सकता है।
- **डिजिटल ऋण विस्तार**: वर्तमान में 37 ऋण यात्राओं वाले डिजिटल ऋण मंच (DLP) में कॉर्पोरेट एवं एमएसएमई क्षेत्र के अधिक जटिल उत्पादों को शामिल करने की पर्याप्त संभावनाएँ हैं, जिससे ऋण स्वीकृति समय एवं अधिग्रहण लागत में कमी आएगी।

14.4 जोखिम (समष्टि आर्थिक एवं बाह्य सतर्कता)

- **भू-राजनीतिक अस्थिरता** : विशेषकर अमेरिका-ईरान संबंधों से जुड़ी भू-राजनीतिक परिस्थितियाँ वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं, ऊर्जा उपलब्धता तथा आयातित मुद्रास्फीति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं, जिससे घरेलू मांग प्रभावित होने की संभावना है।
- **मौद्रिक एवं बाजार अस्थिरता** : विकसित अर्थव्यवस्थाओं में लंबे समय तक उच्च ब्याज दरों की स्थिति उभरते बाजारों से पूंजी निकासी तथा मुद्रा अवमूल्यन को बढ़ावा दे सकती है, जिसका प्रभाव विदेशी मुद्रा एवं ट्रेजरी आय पर पड़ सकता है।
- **कम लागत वाली जमाओं के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा** : म्यूचुअल फंड (21.90 प्रतिशत वृद्धि) तथा पेंशन फंड (23.10 प्रतिशत वृद्धि) जैसे वैकल्पिक निवेश साधनों के कारण बैंकों को कम लागत वाली जमाओं के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।
- **साइबर सुरक्षा जोखिम** : साइबर खतरों की बढ़ती जटिलता के कारण डिजिटल विश्वास बनाए रखने हेतु सुरक्षा प्रणालियों एवं अवसंरचना में निरंतर और पर्याप्त निवेश की आवश्यकता बनी हुई है।
- **कृषि आपूर्ति शृंखला में व्यवधान** : उर्वरकों की कमी तथा खुदरा मूल्य सूचकांक में वृद्धि जैसी परिस्थितियाँ खाद्यान्न उत्पादन को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे कृषि क्षेत्र की ऋण गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट 2025-26

कॉर्पोरेट गवर्नेंस के प्रति बैंक की विचारधारा

बैंक के कॉर्पोरेट गवर्नेंस का मुख्य उद्देश्य अपने व्यावसायिक कार्यों के संचालन में नैतिक आचरण एवं सर्वोत्तम व्यावसायिक नियमों का पालन करते हुए तथा प्रकटीकरण और पारदर्शिता के उच्च मानकों को बनाए रखकर शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि करना है। बैंक ने गवर्नेंस की सर्वोत्तम नियमों एवं मानकों को अपनाया है, जिनकी निगरानी निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों द्वारा की जाती है। निदेशक मंडल, कार्यकारी अधिकारियों तथा अन्य पदाधिकारियों की भूमिकाएँ कॉर्पोरेट उद्देश्यों की प्राप्ति बेहतर प्रदर्शन एवं शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि के लिए स्पष्ट रूप से निर्धारित एवं पृथक रूप से परिभाषित हैं।

बैंक के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं। तथापि, बैंक एक कंपनी न होकर बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के अंतर्गत गठित एक निगमित निकाय है तथा इसका विनियमन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाता है। बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड [सेबी] (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस संबंधी मानदंडों का अनुपालन उस सीमा तक करता है, जहाँ तक वे बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970 तथा इस संबंध में भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों, आदेशों एवं अन्य प्रावधानों के विपरीत नहीं हैं।


निदेशक मंडल :


(क) निदेशक मंडल की संरचना

बैंक की स्थापना बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (यथासमय संशोधित) के अंतर्गत की गई है। बैंक के कार्यों एवं व्यवसाय का सामान्य अधीक्षण, निदेशन और प्रबंधन निदेशक मंडल में निहित है, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष करते हैं।

बैंक के निदेशक मंडल की संरचना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (यथासमय संशोधित), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970 (यथासमय संशोधित), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (यथासमय संशोधित) तथा भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित होती है।

दिनांक 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल में कुल 09 निदेशक हैं, जिनमें 04 कार्यकारी निदेशक, 02 गैर-कार्यकारी/स्वतंत्र निदेशक तथा 03 गैर-कार्यकारी/स्वतंत्र निदेशक सम्मिलित हैं।





बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 तथा भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंक के निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति हेतु निम्नलिखित कौशल, विशेषज्ञता अथवा दक्षताओं का होना अपेक्षित है।

i. लेखांकन
ii. कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था
iii. बैंकिंग
iv. सहकारिता
v. अर्थशास्त्र
vi. वित्त
vii. विधि
viii. लघु उद्योग
ix. सूचना प्रौद्योगिकी
x. लोक नीति आदि, अथवा ऐसा कोई अन्य विषय, जिसके संबंध में विशेष ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव, भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में, बैंक के लिए उपयोगी हो।

बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों के पास उपर्युक्त व्यावसायिक ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का समुचित समावेश है, जिससे सतत व्यावसायिक विकास के माध्यम से वैल्यू क्रिएशन के लिए एक सक्षम एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित होता है।

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 7(2) के प्रावधानों के अनुसार, बैंक के व्यवसाय का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन एवं प्रबंधन निदेशक मंडल में निहित है। निदेशक मंडल की प्रमुख जिम्मेदारियों में नीतियों का निर्धारण, नई पहलों का अनुमोदन, बैंक के प्रदर्शन की समीक्षा, विनियामकीय एवं वैधानिक अनुपालन की निगरानी, विभिन्न पदाधिकारियों को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन तथा बैंक के विभिन्न कार्यात्मक प्राधिकारियों को प्रदत्त शक्तियों से परे वित्तीय स्वीकृतियों पर समग्र पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण सुनिश्चित करना शामिल है। बैंक का निदेशक मंडल बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (यथासमय संशोधित) तथा भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार कार्य करता है।

दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि के दौरान बैंक के निदेशक मंडल की संरचना

क्रम सं.	नाम	धारित पद	अवधि (से – तक)	31.03.2026 की स्थिति के अनुसार बैंक के धारित इक्विटी शेयरों की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	31.03.2026 की स्थिति के अनुसार सूचीबद्ध संस्थाओं (इस बैंक सहित) में एसीबी/ एसआरसी की सदस्यता / अध्यक्षता★		31.03.2026 की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों/निगमित निकायों में निदेशक पद	19.07.2025 को आयोजित पिछली वार्षिक साधारण सभा में उपस्थिति
						सदस्य	अध्यक्ष		
1.	श्री कल्याण कुमार	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पूर्णकालिक निदेशक)	30.09.2025 से	शून्य	बैंकिंग	शून्य	शून्य	शून्य	लागू नहीं
2.	श्री एम वी राव	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पूर्णकालिक निदेशक)	01.03.2021 से 31.07.2025 तक	शून्य	बैंकिंग	शून्य	शून्य	1. यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (1) 2. एक्सपोर्ट इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (2)	हाँ
3.	श्री विवेक वाही	कार्यपालक निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)	10.03.2021 से 30.09.2025 तक	शून्य	बैंकिंग	एसआरसी★	शून्य	1. इंडो ज़ाम्बिया बैंक लिमिटेड	हाँ
4.	श्री एम. वी. मुरली कृष्णा	कार्यपालक निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)	01.12.2022 से	12025	बैंकिंग	एसआरसी★	शून्य	1. सेन्ट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड 2. सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड 3. जनरली सेन्ट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	हाँ
5.	श्री महेंद्र दोहरे	कार्यकारी निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)	09.10.2023 से	शून्य	बैंकिंग	एसआरसी★	शून्य	1. जनरली सेन्ट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	हाँ
6.	श्री ई. रतन कुमार	कार्यकारी निदेशक (पूर्णकालिक निदेशक)	24.11.2025 से	21920	बैंकिंग	एसआरसी★	शून्य	1. सेन्ट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड	लागू नहीं
7.	श्री हार्दिक मुकेश सेठ	भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी निदेशक)	11.04.2022 से 24.07.2025 तक	शून्य	बैंकिंग एवं वित्त	शून्य	शून्य	शून्य	नहीं

क्रम सं.	नाम	धारित पद	अवधि (से – तक)	31.03.2026 की स्थिति के अनुसार बैंक के धारित इक्विटी शेयरों की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	31.03.2026 की स्थिति के अनुसार सूचीबद्ध संस्थाओं (इस बैंक सहित) में एसीबी/ एसआरसी की सदस्यता / अध्यक्षता★		31.03.2026 की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों/निगमित निकायों में निदेशक पद	19.07.2025 को आयोजित पिछली वार्षिक साधारण सभा में उपस्थिति
						सदस्य	अध्यक्ष		
8.	श्री बलदेव पुरुषार्थ	भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी निदेशक)	24.07.2025 से	शून्य	बैंकिंग एवं वित्त	शून्य	शून्य	1. हुडको लिमिटेड	लागू नहीं
9	श्री मनोरंजन दास	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यकारी निदेशक)	12.12.2024 से	शून्य	शून्य	बैंकिंग एवं वित्त	एसीबी★	शून्य	हां
10.	श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक (गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक)	11.04.2025 से 10.04.2026 तक	शून्य	लेखांकन एवं वित्त	एसीबी★	एसआरसी	शून्य	हाँ
11.	श्री प्रियव्रत शर्मा	अंशकालिक अशासकीय निदेशक (गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक)	08.05.2023 से 07.05.2026 तक	शून्य	लेखांकन एवं वित्त	शून्य	एसीबी★	ब्रह्म फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री	हां
12.	श्री शारदा कुमार होता	शेयरधारक निदेशक (गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक)	17.07.2024 से	250	बैंकिंग एवं वित्त	शून्य	शून्य	शून्य	हां

★ एसीबी का अर्थ है ऑडिट कमिटी ऑफ़ बोर्ड तथा एसआरसी का अर्थ है स्टेकहोल्डर्स रिलेशनशीप कमिटी

1 एवं 2: श्री एम वी राव ने दिनांक 31.07.2025 तक इन कंपनियों के निदेशक के रूप में कार्य किया।

3: श्री विवेक वाही ने इंडो जाम्बिया बैंक लिमिटेड के निदेशक के रूप में दिनांक 30.06.2025 तक कार्य किया।

वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के निदेशक मंडल की संरचना में निम्नलिखित परिवर्तन हुए:

1. श्री हार्दिक मुकेश सेठ दिनांक 24.07.2025 से बैंक के सरकारी नामित निदेशक नहीं रहे।
2. श्री बलदेव पुरुषार्थ को दिनांक 24.07.2025 से बैंक के निदेशक मंडल में सरकारी नामित निदेशक के रूप में, अग्रिम आदेश तक, नियुक्त किया गया।
3. श्री एम. वी. राव दिनांक 31.07.2025 से अधिवर्षिता प्राप्त करने के उपरांत बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो गए।
4. श्री विवेक वाही दिनांक 30.09.2025 से अधिवर्षिता प्राप्त करने के उपरांत बैंक के कार्यकारी निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो गए।
5. श्री कल्याण कुमार को भारत सरकार द्वारा दिनांक 30.09.2025 से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में, 3 वर्षों की अवधि के लिए अथवा अग्रिम आदेश तक, नियुक्त किया गया।
6. श्री ई. रतन कुमार को भारत सरकार द्वारा दिनांक 24.11.2025 से बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में, 3 वर्षों की अवधि के लिए अथवा अग्रिम आदेश तक, नियुक्त किया गया।.
7. श्री एम. वी. मुरली कृष्णा, कार्यकारी निदेशक, का कार्यकाल उनके अधिसूचित कार्यकाल, जो 30 नवम्बर 2025 को समाप्त हो रहा था, से आगे बढ़ाकर उनकी अधिवर्षिता की तिथि अर्थात 31 जुलाई 2027 तक अथवा अग्रिम आदेश तक विस्तारित किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पश्चात बैंक के निदेशक मंडल की संरचना में हुए परिवर्तन:

1. श्री प्रदीप पी. खिमानी दिनांक 10.04.2026 से बैंक के अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के पद से, उनके 01 वर्ष के कार्यकाल की पूर्णता पर, सेवानिवृत्त हो गए।
2. श्री प्रियव्रत शर्मा दिनांक 07.05.2026 से बैंक के अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक (सीए श्रेणी) के पद से, उनके 03 वर्ष के कार्यकाल की पूर्णता पर, सेवानिवृत्त हो गए।

दिनांक 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार बैंक के निदेशकों का संक्षिप्त परिचय

1. श्री कल्याण कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

श्री कल्याण कुमार को 30 सितम्बर 2025 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्तमान पदभार ग्रहण करने से पूर्व, श्री कुमार ने तीन वर्ष से अधिक अवधि तक पंजाब नेशनल बैंक में

कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवाएँ प्रदान कीं।

एक अनुभवी बैंकर, श्री कुमार ने राजेंद्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय, पूसा से विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। वे भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) के प्रमाणित एसोसिएट सदस्य (सीएआईआईबी) हैं तथा भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान से व्यापार वित्त, एमएसएमई वित्त, आईटी सुरक्षा तथा केवाईसी - एएमएल में विभिन्न प्रमाणपत्र की उपाधि प्राप्त हैं।

श्री कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक की दो अनुषंगी कंपनियों, पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड तथा पीएनबी काड्र्स एंड सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मंडल में अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। वे प्रबंधन विकास संस्थान सोसायटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के नामित सदस्य भी रहे हैं। श्री कुमार राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली केंद्र के निदेशक मंडल में भी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे हैं एवं आईआईएफसीएल के बोर्ड में एससीबी के नामांकित निदेशक भी थे।

पंजाब नेशनल बैंक में कार्यकारी निदेशक के रूप में, उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक, सहायक एवं नियंत्रण कार्यों के अंतर्गत लाभ एवं हानि की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा अनेक क्षेत्रों में दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

उन्होंने डिजिटल परिवर्तन, रणनीतिक प्रबंधन, आर्थिक परामर्श, डेटा एनालिटिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता के माध्यम से समग्र व्यावसायिक वृद्धि हेतु बैंक के दृष्टिकोण एवं रणनीति का नेतृत्व किया। उन्होंने मानव संसाधन परिवर्तन पहल 'पीएनबी उड़ान' का भी नेतृत्व किया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक कर्मचारी की भूमिकाओं एवं अपेक्षाओं को स्पष्ट करते हुए सुव्यवस्थित एवं मापनीय प्रमुख परिणाम क्षेत्र निर्धारित किए गए। वे 'बिजनेस एक्विजिशन और रिलेशनशिप डिवीज़न' का नेर्तृत्व भी करते हैं, जिसमें उनका मुख्य ध्यान कासा में बढ़ोतरी करने और क्रेडिट कार्ड सहित आस्ति और देयता उत्पादकों की मार्केटिंग पर होता है। श्री कुमार ने बैंक के 'वेल्थ मैनेजमेंट वर्टिकल' का नेर्तृत्व भी किया, जिसमें थर्ड-पार्टी प्रोडक्ट्स के जरिए फीस-बेस्ड इनकम बढ़ाने पर ध्यान दिया गया।

ई.एस.जी. लक्ष्यों को प्राथमिकता देते हुए, श्री कुमार ने 'पी. एन.बी. पलाश' नामक हरित पहल की शुरुआत भी की। इसके अंतर्गत अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा वृक्षारोपण अभियान, डिजिटल प्रतियों एवं बायोडिग्रेडेबल फोल्डरों का उपयोग, ऊर्जा, कागज एवं जल संरक्षण उपाय तथा कारपूलिंग जैसी विभिन्न पहलों को लागू किया गया।

श्री कल्याण कुमार ने वर्ष 1995 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में ग्रामीण विकास अधिकारी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और विभिन्न पदों पर 26 वर्षों से अधिक समय तक बैंक की सेवा की। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों की शाखाओं में शाखा प्रमुख के रूप में कार्य किया, जिनमें अत्यंत बड़ी शाखाएँ भी शामिल हैं। उन्होंने स्टाफ प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के रूप में भी कार्य किया। कॉर्पोरेट कार्यालय में उन्होंने बैंक के व्यवसाय प्रक्रिया परिवर्तन, ऋण समीक्षा एवं निगरानी तथा सतर्कता कार्यों में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बैंक में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में मानव संसाधन विभाग का नेतृत्व भी किया। आंध्र बैंक एवं कॉर्पोरेशन बैंक के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सफल समामेलन का संचालन एवं नियंत्रण भी उनके पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

श्री कुमार ने बैंक बोर्ड ब्यूरो द्वारा संचालित शीर्ष नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा इगॉन ज़ेहन्डर द्वारा हार्वर्ड विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित निदेशक विकास कार्यक्रम में भाग लिया है।

वर्तमान में वे भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय बैंकिंग समिति के सदस्य, भारतीय बैंकिंग प्रबंधन संस्थान के गवर्निंग बोर्ड के सदस्य, कृषि बैंकिंग महाविद्यालय की कॉलेज सलाहकार समिति के बाह्य सदस्य तथा भारतीय बैंकिंग संघ (आईबीए) के वैकल्पिक अध्यक्ष/सदस्य के रूप में कार्यरत हैं।

2. श्री एम. वी. मुरली कृष्णा, कार्यपालक निदेशक

श्री एम. वी. मुरली कृष्णा दिनांक 01 दिसंबर 2022 से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व, उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में सेवाएँ प्रदान कीं।

श्री एम. वी. मुरली कृष्णा ने बैंकिंग एवं वित्त में एमबीए. की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में अपने करियर की शुरुआत की तथा नेतृत्वकारी भूमिकाओं में तीन दशकों से अधिक का पेशेवर बैंकिंग अनुभव प्राप्त किया है। उनकी विशेषज्ञता बैंकिंग के सभी प्रमुख क्षेत्रों, जैसे कॉरपोरेट क्रेडिट, अंतरराष्ट्रीय परिचालन, ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग, वित्तीय समावेशन तथा एनआरआई व्यवसाय आदि में विस्तृत है। बैंक ऑफ बड़ौदा में उनकी अंतिम पदस्थापना बड़े कॉर्पोरेट के लिए कॉर्पोरेट संस्थागत ऋण विभाग के प्रमुख के रूप में रही।

अपने लंबे बैंकिंग कार्यकाल के दौरान उन्होंने शाखाओं से लेकर क्षेत्रीय कार्यालयों तथा विदेशी क्षेत्र से लेकर कॉर्पोरेट कार्यालय तक विभिन्न स्तरों पर कार्य किया है। उन्होंने सफलतापूर्वक बड़े कॉर्पोरेट विभाग के प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय परिचालन के प्रमुख, ग्रामीण एवं कृषि विभाग के प्रमुख तथा वित्तीय समावेशन विभाग के प्रमुख के रूप में दायित्वों का निर्वहन किया। इससे पूर्व, उन्होंने बीओबी कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक तथा ए.एफ.सी. इंडिया लिमिटेड (एग्रीकल्चर फाइनेंस कॉर्पोरेशन) के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

वर्तमान में, वे बैंक की अनुषंगी/सहायक कंपनियों सेन्टबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, सेन्टबैंक होम फाइनेंस लिमिटेड तथा जनरली सेन्ट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

3. श्री महेंद्र दोहरे, कार्यपालक निदेशक

श्री महेंद्र दोहरे दिनांक 09 अक्टूबर 2023 से सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व, उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में सेवाएँ प्रदान कीं।

श्री महेंद्र दोहरे ने मार्केटिंग एवं वित्त में एमबीए की उपाधि प्राप्त की है तथा वे भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) के प्रमाणित एसोसिएट सदस्य हैं। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग, आईटी सुरक्षा, साइबर अपराध एवं धोखाधड़ी प्रबंधन की रोकथाम, प्रमाणित सूचना प्रणाली बैंकर, ग्राहक सेवा, एमएसएमई वित्त तथा लेखा एवं लेखांकन में भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) से विभिन्न प्रमाणपत्र भी प्राप्त किए हैं।

वे एक अनुभवी बैंकर हैं, जिनके पास 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति से पूर्व, उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक तथा ई-यूएनआई में मुख्य महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक के रूप में विभिन्न बैंकिंग क्षेत्रों जैसे व्यवसाय अधिग्रहण एवं संबंध प्रबंधन, डिजिटल बैंकिंग परिवर्तन, फिनटेक, क्रेडिट कार्ड, मर्चेंट एक्वायरिंग व्यवसाय तथा सूचना प्रौद्योगिकी में सेवाएँ प्रदान की हैं।

उन्होंने मेट्रो, शहरी, अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में, क्षेत्रीय प्रमुख सहित विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए विविध भौगोलिक क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। इससे पूर्व, उन्होंने पीएनबी काड्र्स एंड सर्विसेज लिमिटेड तथा त्रिपुरा ग्रामीण बैंक के निदेशक मंडल में नामित निदेशक के रूप में भी सेवाएँ प्रदान की हैं।

वर्तमान में, वे जनरली सेन्ट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पीएसबी, एलायंस प्रा. लि. के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

4. श्री ई. रतन कुमार, कार्यपालक निदेशक

श्री ई. रतन कुमार ने दिनांक 24 नवम्बर 2025 को कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व, वे मुख्य महाप्रबंधक (तकनीक) के रूप में बैंक के डिजिटल परिवर्तन का कार्य संभाल रहे थे।

उन्होंने आरईसी (वर्तमान एनआईटी), इलाहाबाद से कंप्यूटर साइंस में बीई तथा हैदराबाद विश्वविद्यालय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स में एमटेक की उपाधि प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय के एनएमआईएमएस से वित्तीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि भी प्राप्त की है।

बैंकिंग में उन्हें मध्य कॉर्पोरेट शाखा के प्रभारी, कॉर्पोरेट फाइनेंस शाखा, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रमुख तथा अंचल प्रमुख के रूप में विविध अनुभव प्राप्त है। परिचालन बैंकिंग एवं प्रौद्योगिकी दोनों क्षेत्रों में अनुभव तथा प्रक्रिया पुनर्रचना की मजबूत समझ के साथ, वे संगठन को समृद्ध एवं प्रभावी ज्ञान प्रदान करते हैं।

वर्तमान कार्यभार से पूर्व, उन्होंने बैंक में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, योजना एवं विकास, व्यवसाय प्रक्रिया पुनर्गठन विभाग, ऋण निगरानी , सीडीआर सेल आदि सहित विभिन्न विभागों में कार्य किया है। उनके द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं में ओमनीचैनल तथा डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म सहित कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएँ शामिल हैं। समग्र रूप से, उनके पास प्रौद्योगिकी एवं बैंकिंग दोनों क्षेत्रों में तीन दशकों का अनुभव है।

मुख्य महाप्रबंधक–प्रौद्योगिकी के रूप में, वे डिजिटल पहलों का नेतृत्व कर रहे हैं तथा बैंक की सबसे महत्वपूर्ण परियोजना "डिजिटल रणनीति एवं परिवर्तन" का संचालन एवं नेतृत्व कर रहे हैं। वर्तमान में वे सीएफएसएल के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

5. श्री बलदेव पुरुषार्थ, सरकार नामित निदेशक

श्री बलदेव पुरुषार्थ वर्ष 2002 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी (आईएएस) हैं, जो पंजाब कैडर से संबंधित हैं। उन्होंने पंजाब सरकार एवं भारत सरकार में विभिन्न क्षेत्रीय तथा सचिवालय स्तर के पदों पर कार्य किया है। वर्तमान में वे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वे भारत सरकार की ओर से अनेक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निदेशक मंडलों में भी प्रतिनिधित्व करते हैं।

उन्हें माननीय प्रधानमंत्री द्वारा चंडीगढ़ को फर्स्ट मिलियन प्लस ओडीएफ शहर बनाने के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

वे हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) के निदेशक मंडल में भी भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

श्री पुरुषार्थ ने दिल्ली विश्वविद्यालय, भारत से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। डीईए में संयुक्त सचिव के रूप में उन्होंने अवसंरचना में पीपीपी से संबंधित विभिन्न पुस्तकों के निर्माण एवं नीति-निर्माण में योगदान दिया है, जिनमें राज्य पीपीपी इकाइयों की स्थापना हेतु संदर्भ मार्गदर्शिका, पीपीपी परियोजना मूल्यांकन हेतु संदर्भ मार्गदर्शिका तथा परियोजना कार्यान्वयन हेतु संदर्भ मार्गदर्शिका शामिल हैं।

मोड चयन - वॉटरफॉल फ्रेमवर्क; पीपीपी प्रोजेक्ट्स के लिए लेन-देन सलाहकार: पैनल के इस्तेमाल के लिए मैनुअल, वगैरह। उन्होंने आधारभूत संरचना और पीपीपी पर कई पत्रिकाओं में कई लेख भी लिखे हैं।

6. श्री मनोरंजन दाश, भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक

श्री मनोरंजन दाश 12.12.2024 से बैंक के भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक हैं।

श्री मनोरंजन दाश के पास कृषि में स्नातक डिग्री है। वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ बैंकिंग एंड फाइनेंस के सर्टिफाइड एसोसिएट भी हैं। उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक के साथ काम करने का तीन दशकों से ज़्यादा का अनुभव है। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के जोखिम निगरानी विभाग के मुख्य महा प्रबंधक – प्रभारी के रूप में काम किया और मई 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक से सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले, उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक गुवाहाटी के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्य किया। वह 1990 में ग्रेड 'बी' अधिकारी के तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक में शामिल हुए थे।

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय परिचालन जोखिम कार्य समूह और सेन्ट्रल बैंक रिस्क मैनेजर्स फोरम जैसे कई अंतर्राष्ट्रीय फोरम में भारतीय रिजर्व बैंक का प्रतिनिधित्व किया है।

7. श्री शारदा कुमार होता, शेयरधारक निदेशक

श्री शारदा कुमार होता 17 जुलाई, 2024 से बैंक के शेयरधारक निदेशक हैं।

श्री शारदा कुमार होता कृषि में स्नात्कोत्तर हैं। उन्हें 34 साल से ज़्यादा का अनुभव है, जिसमें से 26 साल वाणिज्यिक बैंकिंग में देश के सभी इलाकों में - ग्रामीण और अर्ध-शहरी से लेकर मेट्रो शाखाओं में काम किया है। उन्होंने केनरा बैंक के साथ अलग-अलग जगहों पर मानव संसाधन, रणनीतिक व्यवसाय योजना और लाभ आयोजना वर्टिकल में कई भूमिकाओं में काम किया है।

उन्हें बोर्ड लेवल पर 08 साल का अनुभव है (03 साल कैन फिन होम्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ के तौर पर और 05 साल राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रबंध निदेशक के तौर पर)।

वह भारतीय रिजर्व बैंक के अंतर-नियामक मंच के सदस्य,

रियल एस्टेट नियामक प्रधिकरण के केंद्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य और अटके हुए प्रोजेक्ट्स से जुड़े मुद्दों की जांच के लिए भारत सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी के सदस्य भी थे।

आचार संहिता :

बैंक के निदेशक बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन के लोगों के लिए आचार संहिता को सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के तहत निदेशक बोर्ड ने मंज़ूरी दी है। यह आचार संहिता बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है:

https://centralbank.bank.in/sites/default/files/Code-of-conduct-for-Bank's-BOD-and-Senior-Management-2025-26.pdf

बैंक के सभी बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लोगों ने इस आचार संहिता का पालन करने की पुष्टि की है।

स्वतंत्र निदेशकों की स्वतंत्रता के बारे में बोर्ड की पुष्टि:

सभी स्वतंत्र निदेशकों से मिली जानकारी के आधार पर, बोर्ड का मानना है कि सभी स्वतंत्र निदेशकों ने कंपनीज़ एक्ट, 2013 और सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 में बताई गई स्वतंत्रता की शर्तों को पूरा किया है और वे प्रबंधन से स्वतंत्र हैं। .

स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक:

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के तहत, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 11.03.2026 को बैंक के स्वतंत्र निदेशकों की बैठक हुई।

बोर्ड सदस्यों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन:

पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन, भारत सरकार द्वारा तय दिशानिर्देशों के आधार पर कार्यनिष्पादन मूल्यांकन के लिए बनी बोर्ड की समिति करती है। इसके अलावा, गैर-आधिकारिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन निदेशक बोर्ड सालाना आधार पर करते हैं।

जानकारी देने का कार्यक्रम :

बैंक अपने निदेशकों को बैंक में उनकी भूमिकाओं, अधिकारों, जिम्मेदारियों और दायित्वों के बारे में नियमित रूप से जानकारी देता रहता है। बैंक समय-समय पर सीएएफआरएएल, आईडीआरबीटी, आईआईसीएऔर अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए भी अपने निदेशकों को नॉमिनेट करता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के निदेशकों द्वारा अटेंड किए गए जानकारी/ट्रेनिंग प्रोग्राम की डिटेल्स बैंक की वेबसाइट https://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations पर उपलब्ध हैं।

आपस में संबंध :

बैंक के किसी भी निदेशक का आपस में कोई संबंध नहीं है।

ए) निदेशक मण्डल की बैठक

बैंक का बोर्ड, बैंक की बिज़नेस पॉलिसी और स्ट्रेटेजी पर चर्चा करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियमित अंतराल पर बैठक करता है। बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की बैठकें आमतौर पर मुंबई में बैंक के केन्द्रीय कार्यालय में होती हैं। डायरेक्टर्स को बोर्ड और उसकी सब-कमेटी की बैठकों में वर्चुअल माध्यम से भाग लेने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी दी जाती है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की 13 बैठकें निम्नलिखित तारीखों पर आयोजित की गईं, जबकि राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के क्लॉज़ 12 के तहत कम से कम 6 बैठकें और सेबी (लिस्टिंग से जुडी बाध्यताएं और जानकारी देने की जरुरतें) अधिनियम 2015 के तहत कम से कम 04 (चार) बैठकें अनिवार्य हैं :

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित तारीखों पर 13 बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं:

28.04.2025	07.10.2025	16.01.2026
13.06.2025	17.10.2025	10.02.2026
11.07.2025	25.11.2025	24.03.2026
19.07.2025	02.12.2025	
17.09.2025	20.12.2025	

बोर्ड मीटिंग में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है :

निदेशक का नाम	दर्ज की गई उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान हुई मीटिंग	अवधि (से – तक)
श्री कल्याण कुमार	08	08	30.09.2025-31.03.2026
श्री एम.वी.राव	04	04	01.04.2025-31.07.2025
श्री विवेक वाही	05	05	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम.वी.मुरली कृष्णा	13	13	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	13	13	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई-रतन कुमार	06	06	24.11.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक मुकेश सेठ	03	04	01.04.2025-24.07.2025
श्री बालदेव पुरुषार्थ	05	09	24.07.2025-31.03.2026

श्री मनोरंजन दाश	13	13	01.04.2025-31.03.2026
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	13	13	11.04.2025-31.03.2026
श्री प्रियव्रत शर्मा	12	13	01.04.2025-31.03.2026
श्री शारदा कुमार होता	13	13	01.04.2025-31.03.2026

बी) बोर्ड की उप-समितियों का विवरण

आज की तारीख तक, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम और स्वयं बोर्ड द्वारा जारी नियमों/विनियमों और निर्देशों के तहत बोर्ड की कुल 16 समितियां बनाई गई हैं। इन उप-समिति का विवरण इस प्रकार है:-

i) बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)

ii) बोर्ड की ऋण स्वीकृति समिति (सीएसीबी)

iii) बोर्ड की ऑडिट समिति (एसीबी)

iv) बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी)

v) धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी और फॉलो-अप के लिए बोर्ड की विशेष समिति (एससीबीएफ)

vi) बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएसबी)

vii) बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी)

viii) बोर्ड की शेयरधारक संबंध समिति (एसआरसी)

ix) बोर्ड की नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)

x) बोर्ड की सतर्कता समिति (वीजीसी)

xi) बोर्ड की मानव संसाधन समिति (एचआरसी)

xii) बोर्ड की वसूली की निगरानी के लिए समिति (एमआरसी)

xiii) बोर्ड की पूंजी जुटाने वाली समिति (सीआरसी)

xiv) जानबूझकर चूक करने वालों (विलफुल डिफॉल्टर) की पहचान और सहयोग न करने वाले उधारकर्ताओं को घोषित करने की समीक्षा के लिए बोर्ड की समिति (सीआरआईडब्ल्यू एवं एनसीबी)

xv) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (सीएसआर)

xvi) बोर्ड की निष्पादन मूल्यांकन समिति (बीसीपीई)

i) बोर्ड की प्रबंधन समिति:

बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी) का गठन राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के क्लॉज़ 13, सब-क्लॉज़ 2 और वित्तीय सेवा विभाग के 24.08.2015 और 10.06.2014 के पत्रों के अनुसार किया गया है। यह समिति महत्वपूर्ण व्यावसायिक मामलों पर विचार करती है, जैसे कि उच्च मूल्य वाले ऋण प्रस्तावों को मंज़ूरी देना, समझौता/राइट-ऑफ प्रस्ताव, पूंजी और राजस्व व्यय की मंज़ूरी, परिसर, निवेश, दान आदि। आर.बी.आई/ भारत सरकार/ बैंक बोर्ड के निर्देशानुसार कोई अन्य कार्य भी करती है। समिति की बैठक आवश्यकतानुसार होती है।

31.03.2026 तक, इसमें 06 सदस्य शामिल थे, जिनमें प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, 03 कार्यकारी निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक और शेयरधारक निदेशक शामिल थे। समिति की बैठक की अध्यक्षता बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी करते हैं।

बोर्ड की प्रबंधन समिति की बैठक वर्ष के दौरान निम्नलिखित तारीखों पर 16 बार हुई:

28.04.2025	14.08.2025	25.11.2025	10.02.2026
02.06.2025	17.09.2025	15.12.2025	23.02.2026
25.06.2025	29.09.2025	24.12.2025	11.03.2026
30.07.2025	01.11.2025	23.01.2026	24.03.2026

सदस्यों की उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया:

निदेशक का नाम	दर्ज की गई उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान हुई मीटिंग	अवधि (से – तक)
श्री कल्याण कुमार	09	09	30.09.2025-31.03.2026
श्री एम.वी.राव	04	04	01.04.2025-31.07.2025
श्री विवेक वाही	07	07	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम.वी.मुरली कृष्णा	16	16	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	15	16	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई रतन कुमार	08	08	24.11.2025-31.03.2026
श्री मनोरंजन दाश	15	16	01.04.2025-31.03.2026
श्री सारदा कुमार होता	15	16	01.04.2025-31.03.2026

ii) ऋण स्वीकृति समिति:

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध उपबंध) योजना, 1970 के क्लॉज़ 13A के तहत, 31.01.2012 से निदेशक बोर्ड की एक ऋण मंज़ूरी समिति बनाई गई है। यह समिति ऋण प्रस्तावों के संबंध में बोर्ड की शक्तियों का इस्तेमाल करती है, जैसे कि : अकेले उधारकर्ता के लिए ₹100 करोड़ से ज्यादा और ₹400 करोड़ तक के ऋण प्रस्ताव; ग्रुप कंपनियों/उधारकर्ताओं के लिए ₹200 करोड़ से ज़्यादा और ₹800 करोड़ तक के प्रस्ताव; और ऐसे समझौते/राइट-ऑफ़ (बट्टे खाते में डालने) के प्रस्ताव जिनमें ₹10 करोड़ से ज्यादा और ₹50 करोड़ तक का नुकसान शामिल हो। इसके अलावा, आर.बी.आई/ भारत सरकार/ सेबी/ बैंक बोर्ड के निर्देशों के अनुसार कोई भी अन्य काम भी यह समिति करती है। यह समिति जरुरत पड़ने पर बैठक करती है।

दिनांक 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार, समिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, 03 कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, केन्द्रीय कार्यालय, ऋण, लेखा/वित्त, ऋण निगरानी एवं नीति के प्रभारी महाप्रबंधक तथा उन कार्यक्षेत्रों (वर्टिकल्स) के महाप्रबंधक, जिनके प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं, एवं मुख्य जोखिम अधिकारी शामिल हैं। समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जाती है।

क्रेडिट मंज़ूरी समिति की बैठक साल के दौरान 22 बार इन तारीखों पर हुई:

24.04.2025	15.10.2025	01.12.2025	02.03.2026
22.05.2025	23.10.2025	08.12.2025	09.03.2026
20.06.2025	31.10.2025	02.01.2026	20.03.2026
05.08.2025	06.11.2025	05.01.2026	30.03.2026
04.09.2025	10.11.2025	23.01.2026	
25.09.2025	19.11.2025	06.02.2026	

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख नीचे दिया गया है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें	अवधि (से - तक)
श्री कल्याण कुमार	16	16	30.09.2025-31.03.2026
श्री एम.वी.राव	03	03	01.04.2025-31.07.2025
श्री विवेक वाही	06	06	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम.वी.मुरली कृष्णा	22	22	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	21	22	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई रतन कुमार	09	10	24.11.2025-31.03.2026

iii) बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति:

बोर्ड की ऑडिट समिति (एसीबी) का गठन भारतीय रिजर्व बैंक के 28.11.2025 के मास्टर निर्देश, वित्तीय सेवा विभाग के

10.06.2014 के सर्कुलर और समय-समय पर संशोधित सेबी (एलओडीआर) नियमों, 2015 के अनुसार किया गया है। एसीबी बैंक के पूरे ऑडिट कामकाज के संचालन पर नज़र रखती है और दिशा-निर्देश देती है। इसमें बैंक के अंदर आंतरिक ऑडिट और निरीक्षण का संगठन, संचालन और गुणवत्ता नियंत्रण शामिल है, साथ ही बैंक के वैधानिक/बाहरी ऑडिट और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए निरीक्षणों पर फ़ॉलो-अप करना भी शामिल है। समिति साल में कम से कम चार बार और हर तिमाही में एक बार बैठक करती है।

लेखा परीक्षा समिति के काम करने के नियम इस प्रकार हैं:

1. आंतरिक लेखापरीक्षा के संबंध में, बैंक में आंतरिक निरीक्षण/लेखा परीक्षा कामकाज की समीक्षा करना। इसमें खास तौर पर अंतर शाखा एडजस्टमेंट अकाउंट, अंतर -बैंक अकाउंट और नॉस्ट्रो अकाउंट में लंबे समय से बकाया बिना मिलान वाली एंट्री, बही-खातों के मिलान में देरी, धोखाधड़ी और हाउस-कीपिंग के अन्य सभी मुख्य क्षेत्रों पर अनुवर्ती कार्यवाही करने पर ध्यान दिया जाता है।
2. भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक में नियुक्त अनुपालन अधिकारियों से छमाही रिपोर्ट प्राप्त करना और उनकी समीक्षा करना;
3. स्वतंत्र लेखापरीक्षा के दायरे की समीक्षा करना, जिसमें ऑडिटर की टिप्पणियाँ शामिल हैं, और बोर्ड को सौंपने से पहले तिमाही, छमाही और सालाना वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना;
4. सांविधिक लेखा परीक्षा के संबंध में, विस्तृत ऑडिट रिपोर्ट (एसएफएआर) में उठाए गए सभी मुद्दों पर अनुवर्ती कार्यवाही करना और तिमाही/छमाही/वार्षिक वित्तीय खातों और रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले बाहरी लेखा परीक्षक के साथ चर्चा करना;
5. खातों, अकाउंटिंग नीतियों और प्रकटीकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करना ;
6. प्रबंधन के निर्णय के आधार पर मुख्य अकाउंटिंग प्रविष्टियों की समीक्षा करना और ऑडिट से निकले किसी भी अहम बदलाव की समीक्षा करना; ड्राफ्ट ऑडिट रिपोर्ट में बताई गई कमियों या आपत्तियों पर ध्यान देना; ऑडिट के बाद ऑडिटर के साथ चर्चा करके किसी भी चिंता वाले विषय का पता लगाना; इंटरनल ऑडिट का दायरा और आवृति तय करना, आंतरिक ऑडिटर्स की रिपोर्ट की समीक्षा करना और आंतरिक कंट्रोल सिस्टम के सही और पर्याप्त होने को सुनिश्चित करना।
7. जहाँ लागू हो, वहाँ वित्तीय विवरणियों से जुड़ी स्टॉक एक्सचेंज की कानूनी ज़रूरतों का पालन करना ;
8. सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में उल्लिखित विषयों तथा समय-समय पर लागू किसी वैधानिक, संविदात्मक अथवा विनियामक अपेक्षा के अंतर्गत लेखापरीक्षा समिति द्वारा विचारणीय एवं अनुपालित किए जाने वाले अन्य मामलों पर विचार करना।
9. भारतीय रिजर्व बैंक/ भारत सरकार /सेबी /बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार कोई अन्य कार्य।

31.03.2026 की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षा समिति में 02 स्वतंत्र निदेशक और आरबीआई नामित निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठक की अध्यक्षता श्री प्रियव्रत शर्मा, स्वतंत्र निदेशक (सीए श्रेणी) द्वारा की जाती है। वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की निम्नलिखित तारीखों पर 11 बैठकें हुईं:

28.04.2025	07.10.2025	16.01.2026
02.06.2025	17.10.2025	23.03.2026
19.07.2025	24.11.2025	25.03.2026
29.09.2025	19.12.2025	

सदस्यों का उपस्थिति रिकॉर्ड नीचे दिया गया है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री प्रियव्रत शर्मा	11	11	01.04.2025-31.03.2026
श्री प्रदीप प्रानलाल खिमानी	11	11	16.04.2025-31.03.2026
श्री मनोरंजन दाश	11	11	01.04.2025-31.03.2026

कंपनी सचिव, एसीबी के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।.

iv) जोखिम प्रबंधन समिति:

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन 28.11.2025 के आरबीआई के मास्टर निर्देशों और समय-समय पर संशोधित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार किया गया है। समिति का गठन क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम से संबंधित एकीकृत जोखिम प्रबंधन की नीति और रणनीति की निगरानी के लिए किया गया था। समिति की बैठक वर्ष में कम से कम चार बार और प्रत्येक तिमाही में एक बार होती है।

जोखिम प्रबंधन समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं:

1. समिति बैंक द्वारा सामना किए जाने वाले जोखिमों का दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों दृष्टिकोणों से मूल्यांकन करेगी।
2. दीर्घकालिक हितों और प्रभावों को ध्यान में रखते हुए, यह बैंक के जोखिम दर्शन को स्पष्ट रूप से व्यक्त करेगी और उसे सक्रिय रूप से अपडेट करेगी।
3. परिचालनात्मक दृष्टिकोण से समिति बैंक की जोखिम-प्रोफाइल की समीक्षा करेगी तथा जोखिमों के बेहतर प्रबंधन हेतु संबंधित इकाइयों को आवश्यक निर्देश/दिशानिर्देश जारी करेगी।
4. समिति विभिन्न जोखिम प्रबंधन पहलों तथा नीतिगत दिशानिर्देशों के समन्वय हेतु सर्वोच्च समिति के रूप में कार्य करेगी। यह बैंक की जोखिम प्रबंधन दर्शन के साथ-साथ बैंक के जोखिम प्रोफाइल को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने और दिशानिर्देश प्रदान करने पर बोर्ड को दिशा देने की सुविधा प्रदान करेगी। यह बैंक द्वारा लिए जाने वाले जोखिमों का एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाएगी और बैंक की जोखिम क्षमता को दर्शाने के लिए व्यापक निर्देश प्रदान करेगी।.
5. यह ऋण जोखिम प्रबंधन नीतियों की भी समीक्षा करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे बैंक के जोखिम दर्शन और जोखिम प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। यह देशव्यापी/संगठन स्तर पर जोखिम प्रबंधन नीतियों के प्रति जागरूकता और समझ का निर्माण भी करेगी। यह बैंक के परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए नीतियों और मार्गदर्शक सिद्धांतों की समय-समय पर समीक्षा करेगी। इसके अलावा समिति नीतियों के अनुपालन की निगरानी के लिए समय-समय पर प्राप्त सूचनाओं की भी आवधिक समीक्षा करेगी।
6. पूरे बैंक में एएलएम (परिसंपत्ति देयता प्रबंधन) के मुद्दों के प्रति जागरूकता और समझ पैदा करना। बैंक की इच्छित जोखिम प्राथमिकताओं और बैलेंस शीट प्रोफाइल को बनाए रखने के लिए बैलेंस शीट संरचना, निधि संरचना, मूल्य निर्धारण और कॉर्पोरेट योजना के क्षेत्रों में उपयुक्त दिशानिर्देशों का उपयोग करना।
7. जोखिम प्रबंधन तथा जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण से संबंधित कार्यों के निष्पादन हेतु स्थापित निर्देशात्मक तंत्र की समय-समय पर समीक्षा करना।
8. समिति ऋण जोखिम सहित बैंक के विभिन्न जोखिम-उद्भासनों को समाहित करने वाले एकीकृत जोखिम प्रबंधन के लिए नीति और रणनीति तैयार करेगी।
9. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार, सेबी या बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार कोई अन्य कार्य।

दिनांक 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार, जोखिम प्रबंधन समिति में 01 कार्यपालक निदेशक, 02 स्वतंत्र निदेशक और भारत सरकार के नामांकित निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठक की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक, श्री शारदा कुमार होता द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान समिति की बैठक निम्नलिखित तारीखों पर 05 बार हुई::

02.06.2025	17.09.2025	19.12.2025	10.02.2026	23.03.2026

सदस्यों की दर्ज की गई उपस्थिति नीचे दिखाई गई है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री शारदा कुमार होता	05	05	01.04.2025-31.03.2026
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	05	05	16.04.2025-31.03.2026
श्री विवेक वाही	02	02	01.04.2025-30.09.2025
श्री ई रतन कुमार	03	03	24.11.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक मुकेश सेठ	01	01	01.04.2025-24.07.2025
श्री बलदेव पुरुषार्थ	02	04	24.07.2025-31.03.2026

v) धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति:

धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति का गठन 15.07.2024 के आरबीआई के परिपत्र के अनुसार किया गया है। समिति बैंक में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन की प्रभावशीलता की निगरानी करती है। एससीबीएमएफ धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा एवं निगरानी करेगी, जिसमें मूल कारण विश्लेषण शामिल है और आंतरिक नियंत्रण, जोखिम प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने और धोखाधड़ी की घटनाओं को कम करने के लिए शमन उपायों का सुझाव देगी। समिति संदिग्ध खातों के रूप में चिह्नित खातों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा करती है।

समिति वर्ष में कम-से-कम चार बार तथा प्रत्येक तिमाही में न्यूनतम एक बार बैठक आयोजित करती है। 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार, समिति में 03 कार्यकारी निदेशक, भारत सरकार के नामांकित निदेशक और 02 स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठक

की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक, श्री प्रियव्रत शर्मा द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान समिति की बैठक निम्नलिखित तारीखों पर 04 बार हुई:

23.05.2025	29.09.2025	25.11.2025	23.03.2026

सदस्यों की उपस्थिति का रिकॉर्ड नीचे दिया गया है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री प्रियव्रत शर्मा	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री विवेक वाही	02	02	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम. वी. मुरली कृष्णा	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई रतन कुमार	02	02	24.11.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक मुकेश सेठ	01	01	01.04.2025-24.07.2025
श्री बलदेव पुरुषार्थ	02	03	24.07.2025-31.03.2026
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	02	02	07.10.2025-31.03.2026

vi) बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति:

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति का गठन आरबीआई के 14 अगस्त 2004 के पत्र के परामर्श और विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के संबंध में ग्राहक सेवाओं में व्यापक सुधार का समर्थन करने के उद्देश्य से डॉ. एस. एस. तारापोर की अध्यक्षता में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित 'सार्वजनिक सेवाओं पर प्रक्रियाओं और प्रदर्शन लेखापरीक्षा समिति' के साथ मिलाकर किया गया था। समिति की बैठक वर्ष में कम से कम चार बार और प्रत्येक तिमाही में एक बार होती है।.

ग्राहक सेवा समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं

1. बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना।
2. बैंकों में सार्वजनिक सेवाओं पर प्रक्रियाओं और प्रदर्शन लेखापरीक्षा समिति की सिफारिशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।
3. सभी स्तरों पर सभी श्रेणियों के ग्राहकों के लिए ग्राहक सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने और ग्राहक संतुष्टि के स्तर में सुधार करने के लिए अभिनव (नवाचारी) उपाय शुरू करना।
4. ग्राहकों की शिकायतों/व्यथाओं की समीक्षा करना। (i) एक व्यापक जमा नीति तैयार करना (ii) खाता संचालन के लिए जमाकर्ता की मृत्यु के बाद की प्रक्रियाओं जैसे मामले (iii) उपयुक्तता और औचित्य को ध्यान में रखते हुए उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया
5. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार, सेबी या बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार कोई अन्य कार्य।

31.03.2026 की स्थिति के अनुसार, समिति में 03 कार्यपालक निदेशक, 01 स्वतंत्र निदेशक और 01 आमंत्रित सदस्य शामिल हैं। समिति की बैठक की अध्यक्षता संबंधित क्षेत्र (डोमेन) के कार्यकारी निदेशक द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान समिति की बैठक निम्नलिखित तारीखों पर 04 बार हुई:

23.05.2025	17.09.2025	19.12.2025	11.03.2026

सदस्यों की उपस्थिति का रिकॉर्ड नीचे दिया गया है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री महेंद्र दोहरे	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई रतन कुमार	02	02	24.11.2025-31.03.2026
श्री विवेक वाही	02	02	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम वी मुरली कृष्णा	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री प्रदीप प्रानलाल खिमानी	04	04	16.04.2025-31.03.2026
श्री गुलशन राय (आमंत्रित)	01	02	19.12.2025-31.03.2026

vii) बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति:

बोर्ड की आईटी रणनीति समिति का गठन आरबीआई के 07.11.2023 के परिपत्र, वित्तीय सेवा विभाग के 06.06.2018 के पत्र और आईबीए के निर्देशों के अनुसार किया गया है।

भूमिकाएं और उद्देश्य:

1. यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन द्वारा एक प्रभावी आईटी रणनीतिक नियोजन प्रक्रिया स्थापित की गई है।
2. आईटी रणनीति के निर्माण में मार्गदर्शन प्रदान करना तथा यह सुनिश्चित करना कि आईटी रणनीति बैंक की समग्र रणनीति एवं व्यावसायिक उद्देश्यों की प्राप्ति के अनुरूप हो।
3. स्वयं को आश्वस्त करना कि आईटी प्रशासन और सूचना सुरक्षा (इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी) प्रशासन की संरचना उत्तरदायित्व सुनिश्चित करती है, प्रभावी एवं दक्ष है, उसके पास पर्याप्त कुशल संसाधन हैं तथा संगठन के प्रत्येक स्तर के लिए स्पष्ट उद्देश्यों एवं निर्विवाद उत्तरदायित्वों को परिभाषित करती है।
4. यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने आईटी और साइबर सुरक्षा जोखिमों के आकलन और प्रबंधन के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं लागू की हैं।
5. यह सुनिश्चित करना कि सूचना प्रौद्योगिकी कार्य (जिसमें आईटी सुरक्षा भी सम्मिलित है) तथा साइबर सुरक्षा हेतु बजटीय आवंटन बैंक की आईटी परिपक्वता, डिजिटल विस्तार, जोखिम परिवेश एवं उद्योग मानकों के अनुरूप हो तथा उसका उपयोग निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ही किया जाए।
6. बैंक की व्यवसाय निरंतरता योजना तथा आपदा पुनर्प्राप्ति प्रबंधन की पर्याप्तता एवं प्रभावशीलता की कम-से-कम वार्षिक आधार पर समीक्षा करना।
7. आईटी रणनीति और नीति दस्तावेज को मंजूरी देना।
8. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार, सेबी या बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार कोई अन्य कार्य।

31.03.2026 की स्थिति के अनुसार, समिति में 03 कार्यपालक निदेशक, 02 स्वतंत्र निदेशक, सरकारी नामांकित निदेशक और 01 आमंत्रित सदस्य शामिल हैं। समिति की बैठक की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक श्री शारदा कुमार होता द्वारा की जाती है।.

वर्ष के दौरान समिति की 06 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को हुईं:

02.06.2025	11.07.2025	17.09.2025	25.11.2025	19.12.2025	11.03.2026

सदस्यों का उपस्थिति रिकॉर्ड नीचे दिया गया है::

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री शारदा कुमार होता	06	06	01.04.2025-31.03.2026
श्री विवेक वाही	03	03	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम वी मुरली कृष्णा	06	06	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	06	06	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई रतन कुमार	03	03	24.11.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक मुकेश शेठ	02	02	01.04.2025-24.07.2025
श्री बलदेव पुरुषार्थ	03	04	24.07.2025-31.03.2026
श्री प्रियव्रत शर्मा	06	06	01.04.2025-31.03.2026
श्री वीरेश्वर कुमार (आमंत्रित)	06	06	01.04.2025-31.03.2026

viii) हितधारक संबंध समिति

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 20 के अनुपालन में बैंक ने हितधारक संबंध समिति का गठन किया है। समिति का मुख्य उद्देश्य शेयरधारकों, ऋण-पत्रधारकों तथा अन्य प्रतिभूति धारकों की शिकायतों के निवारण तंत्र की निगरानी करना है। इसमें विशेष रूप से शेयरों के अंतरण, वार्षिक प्रतिवेदन की प्राप्ति न होना, घोषित लाभांश की प्राप्ति न होना तथा अन्य संबंधित शिकायतों के निवारण से जुड़े मामलों पर विचार किया जाता है। वर्ष के दौरान निवेशकों से प्राप्त सभी संदर्भों/शिकायतों

का उत्तर दिया गया है तथा उनका निवारण कर दिया गया है। सामान्यत: निवेशकों की शिकायतों का निस्तारण आवश्यक जानकारी प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर कर दिया जाता है। आरबीआई/भारत सरकार/सेबी/बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार कोई अन्य कार्य। समिति वर्ष में कम-से-कम चार बार तथा प्रत्येक तिमाही में न्यूनतम एक बार बैठक आयोजित करती है।

दिनांक 31.03.2026 तक, समिति में 03 कार्यपालक निदेशक और 01 स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठक की अध्यक्षता श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी, स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान समिति की 04 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गईं -

23.05.2025	11.07.2025	24.11.2025	11.03.2026

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है -

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री विवेक वाही	02	02	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम. वी. मुरली कृष्णा	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई. रतन कुमार	01	01	24.11.2025-31.03.2026
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	04	04	16.04.2025-31.03.2026

वित्तीय–वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026) के लिए निवेशकों की शिकायतों का विवरण निम्नानुसार है:

1	वर्ष के प्रारंभ में लंबित शिकायतें	शून्य
2	शेयर प्रमाणपत्र/शेयर प्राप्त न होने के संबंध में पत्र	शून्य
3	लाभांश वारंट प्राप्त न होना	शून्य
4	वार्षिक रिपोर्ट / ईजीएम की सूचना प्राप्त न होना	शून्य
5	धनवापसी आदेश प्राप्त न होना	शून्य
6	अस्वीकृत डीआरएफ प्राप्त न होना	शून्य
7	अन्य (एनएसई, बीएसई, सेबी)	शून्य
8	कुल प्राप्त शिकायतें	शून्य
9	कुल निपटाई/ समाधान की गईं शिकायतें	शून्य
10	वर्ष के अंत में लंबित कुल शिकायतें	शून्य

हम पुष्टि करते हैं कि किसी भी निवेशकों की कोई भी शिकायत 30 दिनों से अधिक की अवधि तक बिना कार्रवाई के / लंबित नहीं रही।

ix) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति :

बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 28.11.2025 के मास्टर निर्देशों तथा समय-समय पर संशोधित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुसार कियां गया है। बैंक ने बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण एवं उपक्रम) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के तहत निदेशक के रूप में चुने जाने वाले व्यक्तियों की 'उपयुक्त एवं उचित' स्थिति निर्धारित करने के लिए उचित जाँच-पड़ताल प्रक्रिया अपनाने तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में दी गई निर्दिष्ट भूमिका निभाने के लिए नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किया है। समिति की भूमिका सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुरूप है। यह समिति आवश्यकता अनुसार बैठक करती है।

31.03.2026 तक , इस समिति में 03 गैर-कार्यपालक निदेशक स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठक की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक प्रदीप प्राणलाल खिमानी द्वारा की गई।

वर्ष के दौरान समिति की एक बैठक निम्नलिखित तिथि को आयोजित हुई थी :

23.03.2026

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	01	01	16.04.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक मुकेश सेठ	00	00	01.04.20205-24.07.2025
श्री बलदेव पुरूषार्थ	00	00	24.07.2025-20.12.2025
श्री प्रियव्रत शर्मा	01	01	20.12.2025-31.03.2026
श्री शारदा कुमार होता	01	01	01.04.2025-31.03.2026

x) सतर्कता समिति:

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंक ने सतर्कता संबंधी अनुशासनात्मक मामलों तथा विभागीय जाँच की समीक्षा के लिए सतर्कता समिति का गठन किया है। इसके अतिरिक्त, समिति भारतीय रिज़र्व बैंक /भारत सरकार/सेबी/बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार अन्य कार्य भी करती है। समिति की बैठक वर्ष में कम-से-कम चार बार तथा प्रत्येक तिमाही में एक बार आयोजित की जाती है।

31.03.2026 तक के अनुसार, सतर्कता समिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारत सरकार के नामित निदेशक और भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान समिति की 4 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गईं:

02.06.2025	11.07.2025	25.11.2025	11.03.2026

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है -

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री कल्याण कुमार	02	02	30.09.2025-31.03.2026
श्री एम. वी. राव	02	02	01.04.2025-31.07.2025
श्री हार्दिक सेठ	02	02	01.04.2025-24.07.2025
श्री बलदेव पुरुषार्थ	02	02	24.07.2025-31.03.2026
श्री मनोरंजन दास	04	04	01.04.2025-31.03.2026

xi) बोर्ड की मानव संपदा समिति:

बोर्ड की मानव संपदा समिति (एचआरसी) का गठन वित्तीय सेवा विभाग के दिनांक 21.10.2011 और मार्च, 2012 के पत्र के अनुसार किया गया है। समिति की बैठक वर्ष में कम-से-कम चार बार तथा प्रत्येक तिमाही में एक बार आयोजित की जाती है। समिति का कार्यक्षेत्र निम्नानुसार हैं :

1. पांच वर्षीय जनशक्ति योजना और उसकी वार्षिक समीक्षा करना।
2. उत्तराधिकार योजना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं नेतृत्वकारी पदों की त्रैमासिक समीक्षा करना।
3. चिन्हित संभावित उत्तराधिकारियों को अत्यंत महत्वपूर्ण पदों के लिए तैयार करने हेतु विभिन्न तंत्रों के माध्यम से उनके विकास की त्रैमासिक निगरानी करना।
4. कोई भी अन्य मानव संपदा विषय अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक माना जाता है, परन्तु जिसमें मानव संपदा नीतियां, व्यक्तिगत मामले या अवॉर्ड स्टाफ से संबंधित वे द्विपक्षीय मुद्दे शामिल नहीं हैं, जिनमें औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत अवॉर्ड स्टाफ के बहुसंख्यक संघ के साथ समझौते शामिल हों, और अधिकारियों से संबंधित नीतिगत मुद्दे जो द्विपक्षीय हों आदि), जिसे समिति समक्ष संदर्भित किए जाने की आवश्यकता हो।
5. भारतीय रिज़र्व बैंक /भारत सरकार/सेबी/बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

31.03.2026 तक के अनुसार, मानव संपदा समिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, 03 कार्यपालक निदेशक, भारत सरकार के नामित निदेशक तथा 01 आमंत्रित सदस्य शामिल हैं। समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान समिति की 07 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गईं:

23.05.2025	11.07.2025	17.09.2025	17.10.2025
19.12.2025	05.02.2026	23.03.2026	

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है -

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री कल्याण कुमार	04	04	30.09.2025-31.03.2026
श्री एम. वी. राव	02	02	01.04.2025-31.07.2025
श्री विवेक वाही	03	03	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम. वी. मुरली कृष्णा	07	07	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	07	07	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई रतन कुमार	03	03	24.11.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक एम सेठ	02	02	01.04.2025-24.07.2025
श्री बलदेव पुरुषार्थ	03	05	24.07.2025-31.03.2026
श्री एस सेनगुप्ता (आमंत्रित सदस्य)	05	07	01.04.2025-31.03.2026

xii) वसूली की निगरानी हेतु बोर्ड की समिति:

वसूली की निगरानी हेतु बोर्ड की समिति (एमआरसी) का गठन वित्तीय सेवा विभाग के दिनांक 21.11.2012 के पत्र के अनुसार किया गया है। बैंक की दबावग्रस्त परिसंपत्तियों तथा एनपीए खातों में वसूली की निगरानी करने के लिए इस समिति का गठन बोर्ड की एक उप-समिति के रूप में किया गया है। समिति की बैठक वर्ष में कम-से-कम चार बार तथा प्रत्येक तिमाही में एक बार आयोजित की जाती है।

समिति का कार्यक्षेत्र निम्नानुसार है:

1) वसूली की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी करना, वसूली के सभी संभावित विकल्पों की समीक्षा करना तथा उन्हें लागू करना।

2) विशेष उल्लेखित खाते की स्थिति का विश्लेषण करना तथा खातों को एनपीए बनने से रोकने के लिए रणनीति तैयार करना।

3) भारतीय रिज़र्व बैंक /भारत सरकार/सेबी/बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

31.03.2026 तक के अनुसार, समिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, 03 कार्यपालक निदेशक, भारत सरकार के नामित निदेशक तथा 01 स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान समिति की 04 बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गईं :

23.05.2025	29.09.2025	25.11.2025	11.03.2026

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री कल्याण कुमार	02	02	30.09.2025-31.03.2026
श्री एम. वी. राव	01	01	01.04.2025-31.07.2025
श्री विवेक वाही	02	02	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम. वी. मुरली कृष्णा	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेंद्र दोहरे	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई रतन कुमार	02	02	24.11.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक एम सेठ	01	01	01.04.2025-24.07.2025
श्री बलदेव पुरुषार्थ	03	03	24.07.2025-31.03.2026
श्री प्रियव्रत शर्मा	04	04	01.04.2025-31.03.2026

xiii) पूंजी संवर्धन समिति:

बैंक के बोर्ड ने बैंक के लिए आवश्यक टियर-1 एवं टियर-2 पूंजी जुटाने संबंधी गतिविधियों की निगरानी तथा उनसे संबंधित सभी परिचालनात्मक कदम उठाने के लिए पूंजी संवर्धन समिति का गठन किया है। समिति भारतीय रिज़र्व बैंक /भारत सरकार/सेबी/बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार अन्य कार्यों का निर्वहन करती है। समिति की बैठकें आवश्यकता अनुसार आयोजित की जाती हैं।

31.03.2026 तक के अनुसार, समिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा 03 कार्यपालक निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

xiv) गैर-सहयोगी उधारकर्ताओं को घोषित करने तथा इरादतन चूककर्ताओं की पहचान हेतु समीक्षा समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार, बैंक ने गैर-सहयोगी उधारकर्ता घोषित करने और इरादतन चूककर्ताओं की पहचान करने के लिए समीक्षा समिति का गठन किया है। समिति की भूमिका, आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, गैर-सहयोगी उधारकर्ता एवं इरादतन चूककर्ता घोषित करने संबंधी आंतरिक समिति द्वारा पारित आदेशों की समीक्षा करना है। भारतीय रिज़र्व बैंक /भारत सरकार/ सेबी/बैंक के बोर्ड के निर्देशानुसार अन्य कार्यों का भी निर्वहन किया जाता है। समिति की बैठकें आवश्यकता अनुसार आयोजित की जाती है।

31.03.2026 तक के अनुसार, समिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा 03 स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। समिति की बैठकों की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जाती है।

02.06.2025	29.09.2025	25.11.2025	11.03.2026

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री कल्याण कुमार	02	02	30.09.2025-31.03.2026
श्री एम. वी. राव	01	01	01.04.2025-31.07.2025
श्री विवेक वाही	01	01	02.08.2025-30.09.2025
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	02	02	07.10.2025-31.03.2026
श्री प्रियव्रत शर्मा	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री शारदा कुमार होता	04	04	01.04.2025-31.03.2026

xv) निदेशक मंडल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति

बैंक द्वारा गठित समिति, कार्य मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा परिभाषित बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों (दान सहित) के संबंध में निर्णय लेगी। समिति बैंक की सीएसआर नीति को अनुमोदित करेगी तथा बैंक की सीएसआर गतिविधियों के बजट की समीक्षा एवं निगरानी करेगी।

31 मार्च 2026 को समिति में 03 कार्यपालक निदेशक तथा 02 स्वतंत्र निदेशक शामिल थे। समिति की बैठक की अध्यक्षता संबंधित कार्यकारी निदेशक करते हैं।

वर्ष के दौरान समिति की दो बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गईं :

02.06.2025	11.03.2026

सदस्यों के उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री विवेक वाही	01	01	01.04.2025-30.09.2025
श्री एम. वी. मुरली कृष्ण	02	02	01.04.2025-31.03.2026
श्री महेन्द्र दोहरे	02	02	01.04.2025-31.03.2026
श्री ई. रतन कुमार	01	01	24.11.2025-31.03.2026
श्री प्रियव्रत शर्मा	02	02	01.04.2025-31.03.2026
श्री शारदा कुमार होता	02	02	01.04.2025-31.03.2026

xvi) बोर्ड की निष्पादन मूल्यांकन समिति (बीसीपीई)

बोर्ड की निष्पादन मूल्यांकन समिति (बीसीपीई) का गठन वित्तीय सेवा विभाग के दिनांक 30.08.2019, 06.02.2023, 14.11.2019 के पत्रों के अनुसार किया गया है। समिति पूर्णकालिक निदेशकों तथा महाप्रबंधकों (आंतरिक नियंत्रण कार्यों अर्थात् जोखिम, अनुपालन एवं लेखा परीक्षा के प्रभारी) के कार्यनिष्पादन का वार्षिक आधार पर मूल्यांकन करेगी। समिति आवश्यकता के अनुसार बैठक करती है।

दिनांक 31.03.2026 को, भारत सरकार नामित निदेशक और 03 स्वतंत्र निदेशक इस समिति के सदस्य हैं. समिति की बैठक की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक श्री शारदा कुमार होता द्वारा की जाती है.

वर्ष के दौरान समिति की चार बैठकें निम्नलिखित तिथियों को आयोजित की गईं :

13.06.2025	30.07.2025	29.09.2025	24.03.2026

सदस्यों के उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

निदेशक का नाम	दर्ज उपस्थिति	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	ऑडिट समिति में अवधि (से - तक)
श्री शारदा कुमार होता	04	04	01.04.2025-31.03.2026
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	04	04	11.04.2025-31.03.2026
श्री प्रियव्रत शर्मा	02	02	17.09.2025-31.03.2026
श्री हार्दिक एम. सेठ	01	01	01.04.2025-24.07.2025
श्री बलदेव पुरुषार्थ	02	03	24.07.2025-31.03.2026

1. निदेशकों का पारिश्रमिक

गैर-सरकारी (स्वतंत्र) निदेशकों/गैर-कार्यकारी निदेशकों को निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक में भाग लेने हेतु ₹40,000 (दिनांक 28.10.2025 से ₹60,000) तथा निदेशक मंडल की विभिन्न उप-समितियों की प्रत्येक बैठक में भाग लेने हेतु ₹20,000 (दिनांक 28.10.2025 से ₹30,000) की बैठक शुल्क का भुगतान किया गया। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी निदेशकों तथा भारत सरकार के अधिकारियों के रूप में नामित निदेशकों को बैठक शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है। निदेशक मंडल तथा उसकी समितियों की बैठकों की अध्यक्षता करने हेतु क्रमश: ₹10,000 (दिनांक 28.10.2025 से ₹15,000) तथा ₹5,000 (दिनांक 28.10.2025 से ₹7,500) की अतिरिक्त बैठक शुल्क का भुगतान किया गया।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक द्वारा पात्र निदेशकों को निदेशक मंडल की बैठकों में भाग लेने हेतु ₹24,60,000/- (रुपये चौबीस लाख साठ हजार मात्र) तथा निदेशक मंडल की उप-समितियों की बैठकों में भाग लेने हेतु पात्र निदेशकों/आमंत्रित सदस्यों को ₹39,47,500/- (रुपये उनतालीस लाख सैंतालीस हजार पाँच सौ मात्र) का भुगतान किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान निदेशकों को भुगतान की गई बैठक शुल्क

निदेशक का नाम	वि.व.2025-26 के दौरान भुगतान किए गए बैठक शुल्क (राशि ₹ में)
श्री शारदा कुमार होता	17,02,500
श्री प्रदीप प्राणलाल खिमानी	15,42,500
श्री प्रियव्रत शर्मा	15,52,500
श्री मनोरंजन दास	13,40,000
कुल	**61,37,500**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आमंत्रित सदस्यों को भुगतान की गई बैठक शुल्क

आमंत्रित सदस्यों के नाम	वि.व.2025-26 के दौरान भुगतान किए गए बैठक शुल्क (राशि ₹ में)
श्री एस. सेनगुप्ता	1,20,000
श्री वीरेश्वर कुमार	1,50,000
डॉ. गुलशन राय	शून्य
कुल	**2,70,000**

टिप्पणी

1. श्री एस. सेनगुप्ता निदेशक मंडल की मानव संसाधन समिति के आमंत्रित सदस्य हैं।
2. श्री वीरेश्वर कुमार निदेशक मंडल की आईटी रणनीति समिति के आमंत्रित सदस्य हैं।
3. डॉ. गुलशन राय निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति के आमंत्रित सदस्य हैं। वे बैठकों में भाग लेने हेतु कोई बैठक शुल्क स्वीकार नहीं करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा कार्यकारी निदेशकों को वेतन, भत्तों एवं परिलब्धियों के रूप में निम्नलिखित राशि का भुगतान किया गया :

क्र.	नाम	राशि (₹ लाख में)
1.	श्री कल्याण कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (30.09.2025 से)	20.66
2.	श्री एम. वी. राव, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (31.07.2025 तक)	30.20
3.	श्री विवेक वाही, कार्यकारी निदेशक (30.09.2025 तक)	32.64
4.	श्री एम. वी. मुरली कृष्ण, कार्यकारी निदेशक	73.39
5.	श्री महेन्द्र दोहरे, कार्यकारी निदेशक	67.68
6.	श्री ई. रतन कुमार, कार्यकारी निदेशक (24.11.2025 से)	14.86
	कुल	**239.43**

2. अनुपालन अधिकारी

श्री चंद्रकांत भागवत, सहायक महाप्रबंधक/कंपनी सचिव, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अंतर्गत बैंक द्वारा जारी एवं स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों तथा गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों के संबंध में बैंक के अनुपालन अधिकारी हैं।

3. सचिवीय लेखा परीक्षा

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 से वित्तीय वर्ष 2029-30 तक की पाँच वर्षीय अवधि के लिए बैंक की सचिवीय लेखा परीक्षा करने के लिए मैसर्स रागिनी चोकशी एंड कंपनी, कंपनी सचिव, मुंबई को सचिवीय लेखा परीक्षक नियुक्त किया है। वार्षिक सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट इसके साथ संलग्न है।

6. वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सार्वजनिक निर्गम, अधिकार निर्गम, अधिमान्य निर्गम आदि से प्राप्त आय

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा कोई इक्विटी पूंजी नहीं जुटाई गई।

इसके अतिरिक्त, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कॉल विकल्प का प्रयोग करते हुए ₹500 करोड़ मूल्य के एक बेसल-III अनुरूप टियर-II बॉण्ड का मोचन किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक द्वारा कोई ऋण पूंजी नहीं जुटाई गई।

5. संप्रेषण के माध्यम

त्रैमासिक वित्तीय परिणाम (अलेखापरीक्षित, किन्तु वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन) तथा लेखापरीक्षित वार्षिक परिणाम सामान्यत: अंग्रेज़ी, हिन्दी एवं मराठी समाचार पत्रों, जैसे बिज़नेस स्टैंडर्ड, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, तरुण भारत, जनसत्ता, लोकसत्ता आदि में प्रकाशित किए जाते हैं। विश्लेषकों हेतु प्रस्तुतियाँ, वित्तीय निष्पादन संबंधी प्रेस विज्ञप्तियाँ तथा आधिकारिक समाचार विज्ञप्तियों सहित वित्तीय परिणाम भी बैंक की वेबसाइट www.centralbank.bank.in पर अपलोड किए गए थे। शेयरधारिता पैटर्न, कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट, कॉर्पोरेट घोषणाएँ, मीडिया विज्ञप्तियाँ तथा अन्य आवधिक अनुपालन/दाखिले बीएसई कॉर्पोरेट कम्प्लायंस एवं लिस्टिंग सेंटर तथा एनएसई इलेक्ट्रॉनिक एप्लीकेशन प्रोसेसिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं तथा व्यापक प्रसार हेतु बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

6. आचार संहिता

बैंक ने निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए एक आचार संहिता अपनाई है, जिसे निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसकी प्रति बैंक की वेबसाइट www.centralbank.bank.in पर "निवेशक संबंध" अनुभाग में उपलब्ध है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सभी निदेशकों एवं वरिष्ठ प्रबंधन ने उक्त आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है तथा इस संबंध में अनुपालन प्रमाण-पत्र अनुबंध-I के रूप में संलग्न है।।

बैंक ने अपने निदेशकों एवं नामित कर्मचारियों के लिए बैंक की प्रतिभूतियों में अंतरंग व्यापार (इनसाइडर ट्रेडिंग) के निषेध हेतु पृथक आचार संहिता भी निर्धारित की है। इसकी प्रति बैंक की वेबसाइट www.centralbank.bank.in पर "निवेशक संबंध" अनुभाग में निम्नलिखित वेब-लिंक पर उपलब्ध है: https://centralbank.bank.in/sites/default/files/CBI_POLICY_PIT_2026-27.pdf

7. अन्य प्रकटीकरण

7.1 सामान्य बैंकिंग व्यवसाय के अतिरिक्त बैंक ने अपने प्रवर्तकों, निदेशकों, प्रबंधन, उनकी सहायक कंपनियों अथवा संबंधियों के साथ ऐसा कोई महत्त्वपूर्ण लेन-देन नहीं किया है जिससे बैंक के

हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता है। वर्ष के दौरान गैर-कार्यकारी निदेशकों का बैंक के साथ कोई वित्तीय संबंध अथवा लेन-देन नहीं था।

7.2 बैंक में यह स्थापित प्रथा है कि जब किसी निदेशक अथवा उसके संबंधियों से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया जाता है, तब संबंधित निदेशक निदेशक मंडल अथवा उसकी उप-समितियों की चर्चा में भाग नहीं लेते हैं। वर्ष के दौरान ऐसा कोई महत्त्वपूर्ण संबंधित पक्ष लेन-देन नहीं हुआ जिससे बैंक के हितों के साथ संभावित टकराव हो सकता है।

7.3 बैंक ने पूंजी बाजार से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, स्टॉक एक्सचेंजों तथा अन्य वैधानिक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित सभी लागू नियमों एवं विनियमों का अनुपालन किया है।

7.4 गत तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले में बैंक पर किसी स्टॉक एक्सचेंज, सेबी अथवा अन्य वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कोई बड़ा दंड अथवा प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

7.5 वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने कमोडिटी कारोबार नहीं किया है। अत: "कमोडिटी मूल्य जोखिम एवं कमोडिटी हेजिंग गतिविधियों" से संबंधित जानकारी शून्य है।

7.6 बैंक लोकहित प्रकटीकरण एवं सूचनादाताओं के संरक्षण (पीआईडीपीआई) संकल्प के अंतर्गत व्हिसल ब्लोअर शिकायतों के संबंध में केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करता है। बैंक के पास "सेंट ई-व्हिसल ब्लोअर" नाम से एक वेब-आधारित पोर्टल उपलब्ध है, जिसके माध्यम से कर्मचारी एवं निदेशक अपनी पहचान प्रकट किए बिना अनियमितताओं की रिपोर्ट कर सकते हैं; जिसकी सूचना महाप्रबंधक - मानव पूंजी प्रबंधन को होगी। निदेशक एवं सभी कर्मचारी निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष से भी सीधे संपर्क कर सकते हैं। इससे अनियमितताओं पर अंकुश लगाने, धोखाधड़ी की रोकथाम करने तथा कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने में सहायता मिलती है। किसी भी कर्मचारी को लेखा परीक्षा समिति तक पहुँचने से वंचित नहीं किया गया है।

7.7 बैंक ने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 तथा सूचीबद्धता समझौते की निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, उस सीमा तक, जहाँ तक उनकी आवश्यकताएँ बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, उपबंधों एवं विनियमों के अनुरूप हैं।

7.8 बकाया वैश्विक डिपॉजिटरी रसीदें (जीडीआर), अमेरिकी डिपॉजिटरी रसीदें (एडीआर), वारंट अथवा अन्य परिवर्तनीय लिखतें, उनकी परिवर्तन तिथि तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव – शून्य।

7.9 वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ऐसा कोई मामला नहीं रहा जिसमें निदेशक मंडल ने अपनी किसी समिति की ऐसी अनुशंसा को अस्वीकार किया हो, जिसका स्वीकार किया जाना अनिवार्य था।

7.10 हम सेबी सूचीबद्धता विनियमों की अनुसूची-V के उप-पैरा (2) से (10) तक निहित कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट संबंधी आवश्यकताओं के अनुपालन की पुष्टि करते हैं।

7.11 विनियम 32(7ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अधिमान्य आवंटन अथवा योग्य संस्थानों के प्लेसमेंट के माध्यम से संग्रहीत की गई निधियों के उपयोग का विवरण: इन निधियों को बैंक के पूंजी पर्याप्तता अनुपात को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा बैंक के दीर्घकालिक संसाधनों में वृद्धि करने के मुख्य उद्देश्य से जुटाया गया था। जुटाई गई निधियों का उपयोग उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जा रहा है।

7.12 'महत्त्वपूर्ण' सहायक कंपनियों के निर्धारण संबंधी नीति बैंक की वेबसाइट www.centralbank.bank.in पर "निवेशक संबंध" अनुभाग के अंतर्गत निम्नलिखित वेब-लिंक पर उपलब्ध है: https://centralbank.bank.in/sites/default/files/2%20Material%20Subsidiary.pdf

7.13 संबंधित पक्ष लेन-देन से संबंधित नीति बैंक की वेबसाइट www.centralbank.bank.in पर "निवेशक संबंध" अनुभाग के अंतर्गत निम्नलिखित वेब-लिंक www.centralbank.bank.in पर https://centralbank.bank.in/sites/default/files/1%20RPT_0.pdf उपलब्ध है।

7.14 बैंक ने लाभांश वितरण नीति तैयार की है, जो बैंक की वेबसाइट https://centralbank.bank.in/sites/default/files/Policy%20on%20Dividend%20Distribution%202024-25.pdf पर उपलब्ध है।

7.15 वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सूचीबद्ध इकाई तथा उसकी सहायक कंपनियों द्वारा समेकित आधार पर वैधानिक लेखा परीक्षक तथा उसके नेटवर्क फर्मों/नेटवर्क इकाइयों को सभी सेवाओं के लिए कुल ₹54.03 करोड़ शुल्क का भुगतान किया गया।

7.16 कार्यरत कंपनी सचिव से यह प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया है कि बैंक के निदेशक मंडल का कोई भी निदेशक कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय अथवा किसी अन्य वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त होने अथवा बने रहने से वंचित अथवा अयोग्य घोषित नहीं किया गया है तथा यह रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

7.17 बैंक ने विनियम 17 से 27 तथा विनियम 46(2) के खंड (बी) से (आई) और अनुसूची V के भाग सी, डी एवं ई में निर्दिष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, जहाँ तक कि उक्त आवश्यकताएँ बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1970 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, उपबंधों एवं विनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करती हैं।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण:

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु शिकायतों की स्थिति:

वर्ष की शुरुआत में लंबित शिकायतों की संख्या	01
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	15
मामलों की कुल संख्या	16
वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	12
वर्ष के अंत में लंबित मामलों की संख्या	04

विवेकाधीन आवश्यकताएं (सेबी में सूचीबद्ध विनियमों की अनुसूची-II का भाग ई)

क्रम सं.	गैर- अनिवार्य	कार्यान्वयन की स्थिति
1	गैर कार्यकारी अध्यक्ष के लिए संस्था के खर्च पर अध्यक्ष कार्यालय को बनाए रखना तथा उनके कर्तव्यों के निर्वहन में हुए व्ययों की प्रतिपूर्ति करना अनुमत है ।	हाँ, लागू किया गया है। हालांकि 23.05.2021 से गैर कार्यकारी अध्यक्ष का पद रिक्त है ।
2	पिछले छह महीनों की महत्वपूर्ण घटनाओं के सारांश के साथ अर्द्धवार्षिक वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा शेयरधारकों को भेजें गए हैं ।	बैंक अपने तिमाही, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक के आधार पर वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत करता है तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाते हैं । इसके अतिरिक्त, वित्तीय परिणाम बैंक की वेबसाईट www.centralbank.bank.in पर भी उपलब्ध कराए जाते हैं.
3	कंपनी अहर्तारहित वित्तीय परिणामों की ओर अग्रसर हो सकती है।	बैंक के वित्तीय विवरण अहर्तारहित हैं .
4	आंतरिक लेखा परीक्षक रिपोर्टिंग।	आंतरिक लेखापरीक्षा प्रमुख (एचआईए) निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करते हैं।

8. सामान्य शेयरधारकों के लिए जानकारी

बैंक की 19 वीं(उन्नीसवीं) वार्षिक आम बैठक:

दिन और दिनांक: शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026 को सुबह 03:00 बजे बैंक के सेन्ट्रल ऑफिस, चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400 021 (बैठक का मान्य स्थल) पर वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) अथवा अन्य श्रव्य-दृश्य तरीकों (ओएवीएम) से बैठक होगी।

1. यह वार्षिक आम बैठक वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रासंगिक है।

9 विगत तीन वर्षों में हुई सामान्य सभा की बैठक के विवरण नीचे दी गए हैं:

बैठक की प्रकृति	तिथि एवं समय	स्थल	व्यावसायिक प्रदर्शन
अठारहवां सामान्य वार्षिक बैठक	19 जुलाई 2025, प्रात:11:00 बजे	चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021, (बैठक के मान्य स्थल पर) वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) अथवा अन्य श्रव्य-दृश्य तरीकों (ओएवीएम) के माध्यम से ।	1. 31 मार्च, 2025 के लिए बैंक के लेखापरीक्षित स्टैंड अलोन एवं समेकित तुलन-पत्र, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन एवं समेकित लाभ एवं हानि खाते, लेखों द्वारा कवर किए गए अवधि के लिए बैंक की कार्यशैली एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं तुलनपत्र तथा लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अंगीकृत करना । 2. बैंक के हर इक्विटी शेयर पर रु. 0.1875 का लाभांश की घोषणा करना । 3. भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक के रूप में श्री मनोरंजन दाश को बैंक के निदेशक मंडल में नियुक्ति को स्वीकृत करना । 4. बैंक के अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में श्री प्रदीप पी. खिमानी की पुनर्नियुक्ति की स्वीकृत करना. 5. क्यूआईपी/एफपीओ/राइट्स इश्यू/इत्यादि विभिन्न रूपों के माध्यम से ₹5000 करोड़ तक की सकल पूंजी जुटाने पर विचार करना । 6. वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक की अवधि हेतु बैंक की सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में सुश्री रागिनी चोकशी एंड कंपनी की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान करना ।

बैठक की प्रकृति	तिथि एवं समय	स्थल	व्यावसायिक प्रदर्शन
सत्रहवाँ सामान्य वार्षिक बैठक	16 जुलाई 2024, प्रात: 11:00 बजे	चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021, (बैठक के मान्य स्थल पर) वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) अथवा अन्य श्रव्य-दृश्य तरीकों (ओएवीएम) के माध्यम से ।	1. 31 मार्च, 2024 के लिए बैंक के लेखापरीक्षित स्टैंड अलोन एवं समेकित तुलन-पत्र, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन एवं समेकित लाभ एवं हानि खाते, लेखों द्वारा कवर किए गए अवधि के लिए बैंक की कार्यशैली एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं तुलनपत्र तथा लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अंगीकृत करना । 2. भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक के रूप में सुश्री चारुलता एस. कार को बैंक के निदेशक मंडल में नियुक्ति को स्वीकृत करना । 3. बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री महेंद्र दोहरे की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान करना । 4. एक शेयरधारक निदेशक का निर्वाचन । 5. क्यूआईपी/एफपीओ/राइट्स इश्यू/इत्यादि विभिन्न रूपों के माध्यम से ₹5000 करोड़ तक की सकल पूंजी जुटाने पर विचार करना ।
सोलहवां सामान्य वार्षिक बैठक	30 जून 2023, प्रात: 11 बजे	चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021, (बैठक के मान्य स्थल पर) वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) अथवा अन्य श्रव्य-दृश्य तरीकों (ओएवीएम) के माध्यम से ।	1. 31 मार्च, 2024 के लिए बैंक के लेखापरीक्षित स्टैंड अलोन एवं समेकित तुलन-पत्र, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन एवं समेकित लाभ एवं हानि खाते, लेखों द्वारा कवर किए गए अवधि के लिए बैंक की कार्यशैली एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं तुलनपत्र तथा लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट को अनुमोदित एवं अंगीकृत करना । 2. बैंक के निदेशक मंडल में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में श्री हार्दिक मुकेश शेठ की नियुक्ति का अनुमोदन एवं अंगीकृत करना । 3. बैंक के निदेशक मंडल में कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री एम. वी. मुरली कृष्णा की नियुक्ति का अनुमोदन एवं अंगीकृत करना । 4. बैंक के निदेशक मंडल में सीए कैटेगरी के अंतर्गत गैर सरकारी निदेशक के रूप में श्री प्रियव्रत शर्मा की नियुक्ति का अनुमोदन एवं अंगीकृत करना । 5. क्यूआईपी/एफपीओ/राइट्स इश्यू/इत्यादि विभिन्न रूपों के माध्यम से ₹2500 करोड़ तक की सकल पूंजी जुटाने पर विचार करना ।

10. स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता:

बैंक के शेयर बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध हैं। इनके स्क्रिप कोड निम्नानुसार हैं:

बीएसई लिमिटेड (बीएसई) फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स, 25वीं मंजिल, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400 001	532885
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) "एक्सचेंज प्लाज़ा", बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400051	CENTRALBK
आईएसआईएन संख्या	INE483A01010

दोनों स्टॉक एक्सचेंज को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक लिस्टिंग शुल्क का भुगतान किया जा चुका है.

बैंक ने समय-समय पर प्रॉमिसरी नोट्स (टियर-II कैपिटल) के तौर पर नॉन-कन्वर्टिबल बॉन्ड जारी किए हैं। इससे जुड़ी शेष जानकारी नीचे दी गई है:

भारतीय रिज़र्व बैंक टियर-II बांड – 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार पूंजीगत स्थिति

श्रृंखला विवरण	निर्गम तिथि	कुल मूल्य(करोड़ में)	आईएसआईएन	रेटिंग
बासेल III कम्प्लेंट एसआर VI	30.08.2023	1500.00	आईएनई 483ए08049	क्रिसिल एए/ आईसीआरए AA
कुल		**1500.00**		

उपरोक्त बॉण्ड बीएसई लिमिटेड (बीएसई लि.) में सूचीबद्ध है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्टॉक एक्सचेंज को वार्षिक लिस्टिंग के शुल्क का भुगतान कर दिया है।

बाजार मूल्य संबंधी जानकारी:

एनएसई पर कारोबार किए गए शेयरों की मासिक उच्चतम एवं न्यूनतम भाव तथा मात्रा (एनएसई निफ्टी के साथ बैंक के शेयर मूल्य की तुलना) निम्नानुसार है:

एनएसई					
माह	उच्चतम कीमत (₹)	न्यूनतम कीमत (₹)	शेयरों की संख्या	एनएसई निफ्टी	
				उच्चतम	न्यूनतम
अप्रैल 2025	42.79	33.16	346769143	56098.70	49156.95
मई 2025	39.48	32.75	217277126	55875.75	53483.05
जून 2025	41.20	36.37	343422249	57614.50	55149.30
जुलाई 2025	40.69	35.88	173504565	57628.40	55843.25
अगस्त 2025	37.08	34.22	76130738	56156.30	53606.45
सितम्बर 2025	38.75	34.52	121995877	55835.25	53658.15
अक्टूबर 2025	40.65	36.66	214850000	58577.50	54582.55
नवंबर 2025	40.53	37.24	156157977	59897.50	57521.00
दिसंबर 2025	39.04	35.40	112189960	60114.30	58801.40
जनवरी 2026	39.75	35.50	177423300	60437.35	58346.25
फ़रवरी 2026	40.92	35.52	201051444	61764.85	57829.85
मार्च 2026	39.20	31.30	169737370	60177.50	50105.25

बीएसई पर कारोबार किए गए शेयरों के मासिक उच्चतम एवं न्यूनतम भाव तथा मात्रा (सेंसेक्स के साथ बैंक के शेयर मूल्य की तुलना) निम्नानुसार है:

बीएसई					
माह	उच्चतम कीमत (₹)	न्यूनतम कीमत (₹)	शेयरों की संख्या	बीएसई सेंसेक्स	
				उच्चतम	न्यूनतम
अप्रैल 2025	43.51	33.18	28612111	80661.31	71425.01
मई 2025	39.45	32.81	22111230	82718.14	78968.34
जून 2025	41.18	36.41	22995478	84089.35	80705.18
जुलाई 2025	40.70	35.96	13640126	83935.01	80776.44
अगस्त 2025	37.10	34.22	6622098	82231.17	79809.65
सितम्बर 2025	38.73	34.53	11103669	83108.92	79818.38
अक्टूबर 2025	40.68	36.70	18520683	85290.06	80159.90
नवंबर 2025	40.53	37.25	13816426	86055.86	82670.95
दिसंबर 2025	39.05	35.40	8848730	86159.02	84238.43
जनवरी 2026	39.75	35.51	15192276	85883.50	81088.59
फ़रवरी 2026	40.91	35.50	17651953	85871.73	80387.25
मार्च 2026	39.19	31.29	17124419	80632.55	71774.13

11. शेयर अंतरण एवं शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों के निवारण :

शेयर अंतरण, रिफंड आदेश, लाभांश भुगतान तथा निवेशकों से संबंधित अन्य सभी कार्यों का निपटान और प्रसंस्करण हमारे रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के कार्यालय द्वारा किया जाता है। इनमें से किसी भी दस्तावेज़ को जमा करने तथा किसी भी प्रकार की पूछताछ, शिकायत या निवेशक /शेयरधारक संबंधी समस्या के समाधान हेतु, शेयरधारकों एवं निवेशकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित पते पर रजिस्ट्रार से संपर्क करें:

एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रा. लिमिटेड

(पूर्वनाम लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लिमिटेड)

सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400 083 दूरभाष: 022-4918 6270

फैक्स: 022-4918 6060

ईमेल आईडी : rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com

सूचीबद्ध गैर परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों हेतु रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट:

एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड ऑफिस नंबर 3बी3, 3री मंजिल, बी विंग

गुंडेचा ऑनक्लेव परिसर को-ऑप सोसाइटी लिमिटेड खेरानी रोड, साकीनाका,

अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400 072

दूरभाष: 022 – 2851 6021

ईमेल पहचान: helpdeskmum@mcsregistrars.com

सूचीबद्ध गैर परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों हेतु डिबेंचर ट्रस्टी:

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड यूनिवर्सल इंश्योरेंस बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर, सर पीएम रोड,

फोर्ट, मुंबई – 400 001

टेलीफोन : 022-4080 7000

फैक्स :022- 66311776

ई-मेल पहचान: itsl@idbitrustee.com

बैंक के साथ पत्र-व्यवहार हेतु पता :

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

सेन्ट्रलबैंक ऑफ इंडिया, 9वीं मंजिल ,

चंद्रमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021

दूरभाष: 022- 6638 7575/7818

ईमेल आइडी: investors@centralbank.bank.in

12. शेयरधारिता का वितरण

i) 31.03.2026 तक शेयरधारिता का वितरण (डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी और फोलियो नंबर के आधार पर)

शेयरधारिता (शेयर) का वितरण				
शेयरों की शेयरधारिता	शेयरधारकों की संख्या	कुल का प्रतिशत	शेयर	कुल का प्रतिशत
1 से 500	609037	83.5235	61540534	0.6799
501 से 1000	53686	7.3625	43731068	0.4831
1001 से 2000	30259	4.1497	45955249	0.5077
2001 से 3000	11796	1.6177	30575091	0.3378
3001 से 4000	5550	0.7611	19903575	0.2199
4001 से 5000	5014	0.6876	23938425	0.2645
5001 से 10000	8477	1.1625	61535860	0.6798
10001 से 999999999999	5361	0.7352	8764221472	96.8272
कुल	**729180**	**100**	**9051401274**	**100**

ii) "सार्वजनिक" श्रेणी के उन व्यक्तियों की शेयरधारिता जिनके पास कुल शेयरों का 1% से ज़्यादा हिस्सा है।

"सार्वजनिक" श्रेणी से संबंधित और कुल शेयरों की संख्या के 3% से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता दर्शाने वाला विवरण		
शेयरधारक का नाम	शेयरों की संख्या	%
भारतीय जीवन बीमा निगम	285865659	3.16%

iii) "सार्वजनिक" श्रेणी के उन व्यक्तियों की शेयरधारिता जिनके पास कुल शेयरों का 1% से ज़्यादा हिस्सा है।

"सार्वजनिक" श्रेणी से संबंधित और कुल शेयरों की संख्या के 5% से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्तियों की शेयरधारिता दर्शाने वाला विवरण		
शेयरधारक का नाम	शेयरों की संख्या	%
शून्य	शून्य	शून्य

iv) 31.03.2026 तक शेयरहोल्डिंग पैटर्न

शेयरधारिता (शेयर) का वितरण						
शेयरधारकों की श्रेणी	शेयरों की संख्या		शेयरधारकों की संख्या		कुल शेयर	धारिता का प्रतिशत
	डीमेट	भौतिक	डीमेट	भौतिक		
केंद्र सरकार (भारत के राष्ट्रपति)	8080391687	0	1	0	8080391687	89.2723
पब्लिक	425817947	8916	716777	78	425826863	4.7045
जीवन बीमा निगम (बीमा कंपनियों सहित)	288813263	0	11	0	288813263	3.1908
अन्य कॉर्पोरेट निकाय	15047379	90	881	1	15047469	0.1662
हिंदू अविभाजित परिवार	14964357	0	7080	0	14964357	0.1653
जीआईसी एवं सहायक कंपनियां	6531875	0	4	0	6531875	0.0722
प्रवासी भारतीय	5846477	121600	1995	1	5968077	0.0659

शेयरधारिता (शेयर) का वितरण						
शेयरधारकों की श्रेणी	शेयरों की संख्या		शेयरधारकों की संख्या		कुल शेयर	धारिता का प्रतिशत
	डीमेट	भौतिक	डीमेट	भौतिक		
क्लियरिंग सदस्य	314197	0	45	0	314197	0.0035
म्यूचुअल फंड्स	30367526	0	49	0	30367526	0.3355
अनिवासी (गैर- प्रत्यावर्तनीय)	4133323	0	2087	0	4133323	0.0457
बॉडी कॉर्पोरेट - सीमित देयता साझेदारी	797873	0	64	0	797873	0.0088
ट्रस्ट	171494	0	20	0	171494	0.0019
आरबीआई के साथ पंजीकृत एनबीएफसी	34014	0	4	0	34014	0.0004
राष्ट्रीयकृत बैंक	78853408	0	10	0	78853408	0.8712
गैर राष्ट्रीयकृत बैंक	29677359	0	5	0	29677359	0.3279
एफपीआई (कॉर्पोरेट)	67877646	0	60	0	67877646	0.7499
प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी	427852	0	1	0	427852	0.0047
सरकारी कंपनियाँ	1700	0	2	0	1700	0.0000
वैकल्पिक निवेश निधि	1201291	0	4	0	1201291	0.0133
कुल :	**9051270668**	**130606**	**729100**	**80**	**9051401274**	**100**

v) लॉक-इन शेयरों का विवरण दर्शाने वाला विवरण पत्र

क्र.	शेयरधारक का नाम	लॉक-इन शेयरों की संख्या	कुल शेयरों की संख्या के प्रतिशत के रूप में लॉक-इन शेयर
1.	प्रमोटर	शून्य	शून्य
2.	पब्लिक	शून्य	शून्य
	कुल	**शून्य**	**शून्य**

vii) डिपॉजिटरी रिसीटों (DRs) का विवरण दर्शाने वाला विवरण पत्र

क्र.	बकाया डीआर का प्रकार (एडीआर, जीडीआर,एसडीआर आदि)	बकाया डीआर की संख्या	अंतर्निहित बकाया डीआर शेयर की संख्या	कुल शेयरों की संख्या के प्रतिशत के रूप में अंतर्निहित बकाया डीआर शेयर
1.	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

vii) डिपॉजिटरी रिसीट (DRs) की होल्डिंग दर्शाने वाला विवरण पत्र , जहाँ संबद्ध शेयर कुल शेयरों की संख्या के 1% से अधिक हैं।

क्र.	डीआर धारक का नाम	बकाया डीआर का प्रकार (एडीआर, जीडीआर, एसडीआर, आदि)	अंतर्निहित बकाया डीआर शेयरों की संख्या	कुल शेयरों की संख्या के प्रतिशत के रूप में अंतर्निहित बकाया डीआर शेयर
1.	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

viii) शेयरों का डीमटेरियलाइजेशन

बैंक के शेयरों का कारोबार अनिवार्य रूप से डीमैट रूप में किया जा रहा है। बैंक ने शेयरों के डीमैटेरियलाइज़ेशन के लिए दोनों डिपॉजिटरी - नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेन्ट्रलडिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) - के साथ पूर्व में ही समझौता कर चुका है।

31.03.2026 तक शेयरधारकों के पास मौजूद डीमैट और भौतिक रूप में शेयरों का विवरण (डीपी आईडी/क्लाईंट आईडी और फोलियो नंबर के आधार पर) इस प्रकार है:

	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या	% शेयरधारिता
भौतिक	80	130606	0.01%
एनएसडीएल	176842	694918419	7.67%
सीडीएसएल	552258	8356352249	92.32%
कुल	**729180**	**9051401274**	**100.00%**

ix) भौतिक शेयरधारिता का डीमटेरियलाइजेशन – एक विशेष अनुरोध

हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी भौतिक शेयरधारिता को डीमैट करवा लें। डीमटेरियलाइज़ेशन के लिए, शेयरधारक अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स से संपर्क कर सकते हैं, जहाँ उनके डीमैट खाते हैं। डीमैटेरियलाइज़ेशन के लाभ निम्नानुसार हैं :

i) निर्बाध अंतरण

ii) शेयर सर्टिफिकेट खोने का कोई खतरा नहीं

iii) लाभांश / कॉर्पोरेट लाभ की त्वरित एवं सीधी प्राप्ति

iv) नामांकन सुविधा

v) अस्बा/आईपीओ आदि के माध्यम से सीधा एप्लीकेशन।

जिन शेयरधारकों के पास भौतिक या डीमैट रूप में शेयर हैं और जिन्होंने अभी तक अपनी ईमेल आईडी रजिस्टर नहीं कराई है, उनसे अनुरोध है कि वे हरित पहलों को बढ़ावा देने के लिए बैंक के आरटीए या अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपनी ईमेल आईडी रजिस्टर कराएं।

x) केवाईसी विवरण का अद्यतनीकरण :

सेबी ने दिनांक 7 मई, 2024 के अपने मास्टर सर्कुलर सं० SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2024/37 के माध्यम से यह अनिवार्य कर दिया है कि 1 अप्रैल, 2024 से, भौतिक रूप में प्रतिभूतियों को रखने वाले प्रतिभूतिधारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही किया जाएगा। ऐसा भुगतान तभी किया जाएगा जब शेयरधारक अपना पैन, सम्पर्क विवरण (मोबाइल नंबर के साथ डाक पता एवं पिन), बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर ("केवाईसी") तथा नॉमिनेशन का विकल्प जमा कर देंगे। इसके अतिरिक्त, सेबी की वेबसाइट पर पब्लिश किए गए संबंधित अक्सर पुछे जाने वाले प्रश्न को इस लिंक पर देखा जा सकता है: https://www.sebi.gov.in/sebi_data/faqfiles/sep2024/1727418250017.pdf

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे केवाईसी और नॉमिनेशन का विकल्प (यदि अद्यतित नहीं है) अद्यतन करने के लिए बैंक के आरटीए को नीचे दिए गए फॉर्म प्रस्तुत करें ।

क्र.	फॉर्म	उद्देश्य
1.	फॉर्म ISR-1	पैन, केवाईसी विवरण पंजीकरण/अद्यतन करने के लिए
2.	फॉर्म ISR-2	बैंक द्वारा प्रतिभूतिधारकों के हस्ताक्षर की पुष्टि करने के लिए
3.	फॉर्म ISR-3	नामांकन से बाहर निकलने के लिए घोषणा-पत्र
4	फॉर्म SH-13	नामांकन फॉर्म
5.	फॉर्म SH-14	नॉमिनेशन रद्द करने या उसमें बदलाव (यदि कोई हो)

ऊपर बताए गए सभी फ़ॉर्म [ISR-1, ISR-2, ISR-3, SH-13, SH-14] और इस बारे में सेबी का सर्कुलर बैंक की वेबसाइट https://www.centralbank.bank.in/en/investor-relations पर 'इन्वेस्टर रिलेशंस' सेक्शन में उपलब्ध हैं।

आरटीए और बैंक के इन्वेस्टर रिलेशंस डिवीज़न का संपर्क विवरण इस प्रकार है:

इक्विटी शेयरों के लिए रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट:

एमयूएफ़जी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

(पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग,

विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400 083

टेलीफोन : 022-4918 6270

फैक्स: 022-4918 6060

ईमेल आईडी: rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com

बैंक के साथ पत्र-व्यवहार के लिए पता:

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

सेन्ट्रलबैंक ऑफ इंडिया, 9 वीं मंजिल, चंद्रमुखी , नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021

फ़ोन: 022- 6638 7575/7818

ईमेल आईडी: investors@centralbank.bank.in

xi) शेयर पूंजी लेखापरीक्षा रिपोर्ट का मिलान:

सेबी के नियमों के अनुसार, एक कार्यरत कंपनी सेक्रेटरी बैंक की कुल जारी और लिस्टेड पूंजी का मिलान नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेन्ट्रलडिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के पास मौजूद कुल स्वीकृत पूंजी से करने के लिए लेखापरीक्षा करता है। यह लेखापरीक्षा हर तिमाही में की जाती है और इसकी रिपोर्ट उन स्टॉक एक्सचेंजों को सौंपी जाती है जहाँ बैंक के शेयर लिस्टेड हैं। यह लेखापरीक्षा इस बात की पुष्टि करती है कि कुल लिस्टेड पूंजी और पेड-अप पूंजी, डीमटेरियलाइज्ड रूप (एनएसडीएल और सीडीएसएल के पास रखे गए) में मौजूद शेयरों की कुल संख्या और भौतिक रूप में मौजूद शेयरों की कुल संख्या के योग से मेल खाती है।

xii) अदावाकृत सस्पेंस खातों में शेयर:

सूचीबद्धन समझौता की धारा 5A के अनुसार, 31 मार्च, 2026 तक " अदावाकृत सस्पेंस खातों " में मौजूद शेयर निम्नानुसार हैं:

क्र	विवरण	शेयरधारकों की कुल संख्या	कुल बकाया शेयर में शेयरहोल्डिंग %
(i)	साल की शुरुआत में अदावाकृत सस्पेंस खातों में मौजूद शेयरधारकों की कुल संख्या और बकाया शेयर।	233	32,853
(ii)	साल के दौरान अदावाकृत सस्पेंस खातों से शेयरों के अंतरण के लिए जारीकर्ता से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या।	शून्य	शून्य
(iii)	वर्ष के दौरान अदावाकृत सस्पेंस खातों से जिन शेयरधारकों को शेयर ट्रांसफर किए गए, उनकी संख्या ।	शून्य	शून्य
(iv)	वर्ष के अंत में 'अदावाकृत सस्पेंस खातों' में उपलब्ध शेयरधारकों की कुल संख्या और बकाया शेयर ।	233	32,853

नोट – इन शेयरों पर मतदान का अधिकार (वोटिंग राइट्स) तब तक फ्रीज (स्थगित) रहेगा जब तक कि इन शेयरों का वास्तविक मालिक इन शेयरों पर अपना दावा नहीं करता। कॉर्पोरेट गवर्नेंस की अनिवार्य शर्तों के अनुपालन का प्रमाणपत्र।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन , 2015 और स्टॉक एक्सचेंज के साथ हुये सूचीबद्धता समझौते के अनिवार्य प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र संलग्न है ।

अनुलग्नक I

आचार संहिता के अनुपालन की घोषणा

मैं इसकी पुष्टि करता हूँ कि सभी बोर्ड सदस्यों और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बैंक की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

हस्ताक्षर/-

कल्याण कुमार
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

दिनांक : 03 जून, 2026
स्थान : मुम्बई

कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर प्रमाणपत्र

प्रति
सदस्यगण,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

हमने सेबी (सूचीबद्धता आदेश और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम , 2015 (सूचीबद्धता विनियम) के विनियम 17 से 27 और विनियम 46(2) के खंड (बी) से (आई) तथा अनुसूची V के पैरा सी और डी में निर्धारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ("बैंक") द्वारा 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अनुपालन की जाँच की है।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जाँच, प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन तक सीमित रही है, जिन्हें बैंक द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपनाया गया है। यह न तो कोई लेखा परीक्षण है और न ही इसका अभिप्राय बैंक के वित्तीय विवरणों पर कोई राय की अभिव्यक्ति से है.

हमने बैंक द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस आवश्यकताओं के अनुपालन पर उचित आश्वासन प्रदान करने के उद्देश्य से रखे गए प्रासंगिक रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जाँच की गई है।

प्रासंगिक रिकॉर्ड की जाँच के आधार पर और हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरणों तथा प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए अभ्यावेदन के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान सूचीबद्धता विनियम के विनियम 17 से 27 और विनियम 46(2) के खंड (बी) से (आई) तथा अनुसूची V के पैरा सी , डी और ई में निर्धारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का निम्नलिखित टिप्पणियों के साथ अनुपालन किया है:

1. दिनांक 31.03.2026 को बैंक के निदेशक मंडल में 09 निदेशक (जिनमें 04 कार्यकारी निदेशक, 02 नामित/गैर-कार्यकारी निदेशक तथा 03 गैर-कार्यकारी/स्वतंत्र/अंशधारक निदेशक शामिल हैं) थे, जबकि बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के अनुसार निदेशक मंडल की स्वीकृत संख्या 15 है।

2. समीक्षा अवधि के दौरान बैंक में सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(a) के अनुसार कम-से-कम एक महिला निदेशक तथा एक स्वतंत्र महिला निदेशक नहीं थीं।

3. समीक्षा अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के अभाव में बैंक के निदेशक मंडल में सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(b) के अनुसार 50% स्वतंत्र निदेशक नहीं थे।

हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि आदेशों का पालन किया जाना न तो बैंक की भविष्य की क्षमता या स्थिरता की गारंटी देता है और न ही इसका अर्थ यह लगाया जाना चाहिए कि प्रबंधन ने बैंक के कार्यों का संचालन कितने सक्षम या प्रभावी ढंग से किया है।

कृते **रागिनी चोक्षी एंड कं.**
कंपनी सचिव
फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर.92897

(रागिनी चोक्षी)
(साझेदार)
एम. सं.: F2390
सीओपी नं.1436
यूडीआईएन: F002390H000575820
पीआर नं.: 4166/2023

दिनांक: 03-06-2026
स्थान: मुंबई

सेबी विनियमन (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ),

2015 के विनियम 17(8) के तहत प्रमाणपत्र

प्रति,
निदेशक मंडल
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

यह प्रमाणित किया जाता है कि:

ए. हमने 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय विवरणों की समीक्षा की है और हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार :

I. इन विवरणों में कोई भी ऐसा बयान शामिल नहीं है जो भौतिक रूप से असत्य हो, या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाता हो, अथवा ऐसा कोई बयान शामिल नहीं है जो भ्रामक हो सकता है।

II. ये विवरण मिलकर बैंक के मामलों का एक सच्चा और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं और मौजूदा लेखांकन मानकों, लागू कानून और विनियमों के अनुपालन में हैं।

बी. हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के दौरान बैंक द्वारा ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया गया है, जो कपटपूर्ण, अवैध हो या बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन करता हो।.

सी. हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है तथा हमने लेखा परीक्षकों और लेखापरीक्षा समिति के समक्ष ऐसे आंतरिक नियंत्रणों के डिज़ाइन या संचालन में यदि कोई कमियाँ हैं, जिनकी हमें जानकारी है, उन्हें प्रकट किया है और वे कदम जो हमने इन कमियों को दूर करने के लिए उठाए हैं या उठाने का प्रस्ताव करते हैं।

डी. हमने लेखा परीक्षकों और लेखापरीक्षा समिति को सूचित किया है कि:

I. 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं।.

II. 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है और इन्हें वित्तीय विवरण के नोटों में प्रकट किया गया है, तथा

III. महत्वपूर्ण धोखाधड़ी के मामले जिनके बारे में हमें जानकारी मिली है और उसमें प्रबंधन या किसी ऐसे कर्मचारी की संलिप्तता, यदि कोई हो, जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका है।

(मुकुल.एन.दांडिगे)
मुख्य महाप्रबंधक – एफ एंड ए एवं सी.एफ.ओ

(कल्याण कुमार)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थान : मुम्बई
दिनांक : 30 अप्रैल, 2026

व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं स्थायित्व रिपोर्ट 2025-26

अनुभाग ए : सामान्य प्रकटीकरण

I. विवरण

1.	कंपनी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	लागू नहीं
2.	कंपनी का नाम	सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
3.	निगमन वर्ष	1911
4.	पंजीकृत कार्यालय का पता	चंदरमुखी बिल्डिंग नरीमन पॉइंट, मुम्बई – 400 021
5	कॉर्पोरेट कार्यालय का पता	चंदरमुखी बिल्डिंग नरीमन पॉइंट, मुम्बई – 400 021
6.	ईमेल आईडी	investors@centralbank.bank.in
7.	टेलीफ़ोन	+91 22 6638 7777
8.	वेबसाइट	www.centralbank.bank.in
9.	वित्तीय वर्ष जिसके लिए रिपोर्टिंग की जा रही है	2025-26
10.	स्टॉक एक्सचेंज का नाम जहां शेयर सूचीबद्ध है	इक्विटी शेयर, बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध है.
11.	प्रदत्त पूंजी	₹ 9051.40 करोड़
12.	उस व्यक्ति का नाम और संपर्क विवरण जिससे बीआरएसआर रिपोर्ट पर किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क किया जा सकता है	श्री कुशल पाल मुख्य महाप्रबंधक फोन न. +91 22 6638 7880 ईमेल आईडी - gmhrd@centralbank.bank.in
13.	रिपोर्टिंग सीमा	इस रिपोर्ट में किए गए प्रकटीकरण स्वतंत्र आधार पर है और सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया से संबंधित है.
14.	आश्वासन प्रदाता का नाम	मेसर्स. यू. हेगड़े एंड एसोसिएट्स
15.	प्राप्त आश्वासन का प्रकार	बीआरएसआर कोर संकेतक – यथोचित आश्वासन

II. उत्पाद/सेवाएं

टिप्पणी: बैंक, अपनी ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक एवं सुशासन) पहल के अंतर्गत विद्युत खपत में कमी लाने हेतु सर्वोत्तम प्रयास कर रहा है। इसके अतिरिक्त, बैंक ने अपनी कुछ शाखाओं/क्षेत्रीय कार्यालयों/आंचलिक कार्यालयों में सौर ऊर्जा उपकरण स्थापित किए हैं, ताकि हरित स्रोतों से उत्पन्न ऊर्जा का उपयोग बढ़ाया जा सके तथा पारंपरिक स्रोतों से उत्पन्न विद्युत पर निर्भरता कम की जा सके।.

2. क्या संस्था के पास भारत सरकार की परफॉर्म, अचीव एंड ट्रेड (पीएटी) योजना के अंतर्गत नामित उपभोक्ता के रूप में चिन्हित कोई स्थल/सुविधा है? (हाँ/नहीं) यदि हाँ, तो यह भी बताएं कि क्या पीएटी योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की गई है। यदि लक्ष्य प्राप्त नहीं किए गए हैं, तो उसके लिए की गई सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें। नहीं

3. जल से संबंधित निम्नलिखित प्रकटीकरणों का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:

बैंक द्वारा जल का उपयोग केवल मानवीय उपभोग एवं घरेलू आवश्यकताओं तक सीमित है। कार्यालय परिसरों में जल का विवेकपूर्ण एवं मितव्ययी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए गए हैं। बैंक यह भी सुनिश्चित करता है कि कार्यालयों एवं शाखाओं से उत्पन्न घरेलू अपशिष्ट जल (सीवेज) को जल निकायों में प्रवाहित न किया जाए।

4. क्या संस्था ने शून्य द्रव अपशिष्ट निर्वहन हेतु कोई व्यवस्था लागू की है? यदि हाँ, तो उसके कवरेज एवं कार्यान्वयन का विवरण प्रदान करें। नहीं।

5. संस्था द्वारा वायु उत्सर्जन (ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के अतिरिक्त) का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:

लागू नहीं।

6. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (स्कोप-1 एवं स्कोप-2 उत्सर्जन) तथा उसकी तीव्रता का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:
लागू नहीं।

7. क्या संस्था के पास ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हाँ, तो उसका विवरण प्रदान करें।

लागू नहीं।

8. संस्था द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:

मापदंड	वित्तीय वर्ष 2025-26 (वर्तमान वित्तीय वर्ष)	वित्तीय वर्ष 2024-25 (पिछला वित्तीय वर्ष)
कुल उत्पन्न अपशिष्ट		
प्लास्टिक अपशिष्ट (ए)	*	*
ई-अपशिष्ट (बी) (₹ लाख में)★★	4.00	9.00

मापदंड	वित्तीय वर्ष 2025-26 (वर्तमान वित्तीय वर्ष)	वित्तीय वर्ष 2024-25 (पिछला वित्तीय वर्ष)
जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट (सी)		
निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (डी)		
बैटरी अपशिष्ट (ई)		
रेडियोधर्मी अपशिष्ट (एफ)	लागू नहीं	लागू नहीं
अन्य खतरनाक अपशिष्ट (जी), यदि कोई हो, तो कृपया निर्दिष्ट करें		
अन्य गैर-खतरनाक उत्पन्न अपशिष्ट (एच), यदि कोई हो, तो कृपया निर्दिष्ट करें (संरचना के अनुसार विवरण अर्थात् क्षेत्र से संबंधित सामग्रियों के आधार पर वर्गीकरण सहित)		
कुल (ए+बी + सी + डी + ई + एफ + जी + एच)	4.00	9.00

★अपशिष्टों का निपटान अधिकृत पुनर्विक्रेताओं के माध्यम से किया जाता है।

★★ भार के आधार पर आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।.

9. अपने प्रतिष्ठानों में अपनाई गई अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों का संक्षिप्त विवरण दें। साथ ही, अपने उत्पादों एवं प्रक्रियाओं में खतरनाक एवं विषैले रसायनों के उपयोग को कम करने हेतु अपनाई गई रणनीति तथा ऐसे अपशिष्टों के प्रबंधन के लिए अपनाई गई प्रथाओं का विवरण दें।

अपशिष्टों का निपटान दिशानिर्देशों के अनुरूप अधिकृत पुनर्विक्रेताओं के माध्यम से किया जाता है। उपयोग किए जाने वाले उपकरण नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं। हमारे उत्पादों में किसी भी प्रकार के खतरनाक अथवा विषैले रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता है।

10. यदि संस्था का परिचालन/कार्यालय पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (जैसे राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य, जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र, आर्द्रभूमि, जैव विविधता हॉटस्पॉट, वन, तटीय विनियमन क्षेत्र आदि) में अथवा उनके आसपास स्थित हैं, जहाँ पर्यावरणीय अनुमोदन/स्वीकृति आवश्यक है, तो निम्नलिखित प्रारूप में विवरण प्रदान करें: लागू नहीं

11. वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान लागू कानूनों के आधार पर संस्था द्वारा की गई परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन का विवरण: लागू नहीं

12. क्या संस्था भारत में लागू पर्यावरणीय कानूनों/विनियमों/दिशानिर्देशों, जैसे जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम तथा उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों का अनुपालन करती है? (हाँ/नहीं)। यदि नहीं, तो ऐसे सभी अनुपालनों में कमी का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें।: हां

नेतृत्व संकेतक

1. नवीकरणीय एवं गैर-नवीकरणीय स्रोतों से उपभोगित कुल ऊर्जा (जूल अथवा उसके गुणकों में) का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:

मापदंड	वित्तीय वर्ष 2025-26 (वर्तमान वित्तीय वर्ष)	वित्तीय वर्ष 2024-25 (पिछला वित्तीय वर्ष)
नवीकरणीय स्रोतों से		
कुल विद्युत खपत (ए)	7 लाख	शून्य
कुल ईंधन खपत (बी)	शून्य	शून्य
अन्य स्रोतों से ऊर्जा खपत (सी)	शून्य	शून्य
नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत (ए+बी+सी)	7 लाख	शून्य
गैर-नवीकरणीय स्रोतों से		
कुल विद्युत खपत (डी)	शून्य	शून्य
कुल ईंधन खपत (ई)	शून्य	शून्य
अन्य स्रोतों से ऊर्जा खपत (एफ)	शून्य	शून्य
गैर-नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत (डी+ई+एफ)	शून्य	शून्य

2. जल निकास से संबंधित निम्नलिखित विवरण प्रदान करें: लागू नहीं

मापदंड	वित्तीय वर्ष 2025-26 (वर्तमान वित्तीय वर्ष)	वित्तीय वर्ष 2024-25 (पिछला वित्तीय वर्ष)
गंतव्य एवं उपचार स्तर के अनुसार जल निकासी (किलोलीटर में)		
i. सतही जल		
- बिना उपचार		
- उपचार सहित – कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें		
ii. भूजल		
- बिना उपचार		
- उपचार सहित – कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें		
iii. तृतीय पक्ष जल		
- बिना उपचार	लागू नहीं	लागू नहीं
- उपचार सहित – कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें		
iv. समुद्री जल / अलवणीकृत जल		
- बिना उपचार		
- उपचार सहित – कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें		
v. अन्य		
- बिना उपचार		
- उपचार सहित – कृपया उपचार का स्तर निर्दिष्ट करें		
कुल जल निकास (किलोलीटर में)		

3. जल-अभाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी, उपभोग एवं निर्वहन (किलोलीटर में): लागू नहीं

4. कुल स्कोप 3 उत्सर्जन एवं उसकी तीव्रता का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें: लागू नहीं

5. उपर्युक्त आवश्यक संकेतकों के प्रश्न 10 में रिपोर्ट किए गए पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में, ऐसे क्षेत्रों की जैव विविधता पर संस्था के महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावों तथा रोकथाम एवं सुधारात्मक गतिविधियों का विवरण प्रदान करें। लागू नहीं

6. यदि संस्था ने संसाधन दक्षता में सुधार करने अथवा उत्सर्जन/अपशिष्ट जल निर्वहन/उत्पन्न अपशिष्ट के प्रभाव को कम करने के लिए कोई विशिष्ट पहल की है अथवा किसी नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी या समाधान का उपयोग किया है, तो उसका विवरण तथा उन पहलों के परिणाम प्रदान करें:

लागू नहीं

7. क्या संस्था के पास व्यवसाय निरंतरता एवं आपदा प्रबंधन योजना है? 100 शब्दों में/वेब लिंक सहित विवरण दें।

हाँ, हमारे बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित व्यवसाय निरंतरता योजना / आपदा पुनर्प्राप्ति नीति है तथा इसके कार्यान्वयन हेतु इसे सभी संबंधित पक्षों को प्रसारित किया गया है। प्रत्येक विभाग ने अपने महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्यों की पहचान की है तथा किसी आकस्मिकता/आपदा की स्थिति में महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रक्रियाओं की पुन: शुरुआत एवं पुनर्प्राप्ति के लिए कार्ययोजना तैयार की है। आपदा पुनर्प्राप्ति व्यवस्थाओं की सुदृढ़ता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों द्वारा आपदा पुनर्प्राप्ति ड्रिल आयोजित की जाती हैं। प्रत्येक शाखा को दो निकटवर्ती शाखाओं से जोड़ा गया है तथा क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उनका मानचित्रण किया गया है ताकि परिपत्र संख्या 2986 दिनांक 04.02.2022 के अनुसार प्रभावित शाखा की समस्त व्यावसायिक गतिविधियाँ तत्काल प्रारंभ की जा सकें। महत्वपूर्ण प्रणालियों के सुदृढ़ संचालन को सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर आपदा पुनर्प्राप्ति ड्रिल आयोजित की जाती हैं। आपदा पुनर्प्राप्ति ड्रिल के परिणाम अभिलिखित किए जाते हैं तथा उपयुक्त सुधारात्मक/पुनर्प्राप्ति उपाय करने हेतु संबंधित कार्यक्षेत्रों के साथ साझा किए जाते हैं।

8. संस्था की मूल्य श्रृंखला से उत्पन्न पर्यावरण पर किसी महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव प्रकट करें। इस संबंध में संस्था द्वारा कौन-से शमन अथवा अनुकूलन उपाय किए गए हैं?

पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं है।

9. मूल्य श्रृंखला साझेदारों (ऐसे साझेदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य के आधार पर) का वह प्रतिशत, जिनका पर्यावरणीय प्रभावों के लिए आकलन किया गया। लागू नहीं

सिद्धांत 7 : व्यवसायों को सार्वजनिक एवं नियामकीय नीतियों को प्रभावित करने में संलग्न होने पर उत्तरदायी एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करना चाहिए।

आवश्यक संकेतक

1. ए. व्यापार एवं उद्योग मंडलों/संघों के साथ संबद्धताओं की संख्या - 10

बी. शीर्ष 10 व्यापार एवं उद्योग मंडलों/संघों (ऐसे निकाय के कुल सदस्यों के आधार पर निर्धारित) की सूची प्रदान करें, जिनके साथ संस्था सदस्यता रखती है/संबद्ध है।

क्र	व्यापार एवं उद्योग मंडलों/संघों का नाम	व्यापार एवं उद्योग मंडलों/संघों का कार्यक्षेत्र (राज्य/राष्ट्रीय)
1	भारतीय बैंक संघ (आईबीए)	राष्ट्रीय
2	भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ)	राष्ट्रीय
3	इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनल सेलेक्शन (आईबीपीएस)	राष्ट्रीय
4	राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम)	राष्ट्रीय
5	भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई)	राष्ट्रीय
6	अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य मंडल (आईसीसी)	राष्ट्रीय
7	भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर्स संघ (फेडाई)	राष्ट्रीय
8	फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन (एफआईएमएमडीए)	राष्ट्रीय
9	क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल)	राष्ट्रीय
10	वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो	राष्ट्रीय

2. नियामकीय प्राधिकरणों के प्रतिकूल आदेशों के आधार पर संस्था द्वारा प्रतिस्पर्धा-विरोधी आचरण से संबंधित किसी भी मुद्दे पर की गई अथवा प्रगति पर चल रही सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।

प्राधिकरण का नाम	मामले का संक्षिप्त विवरण	की गई सुधारात्मक कार्रवाई
शून्य		

नेतृत्व संकेतक

1. संस्था द्वारा समर्थित सार्वजनिक नीति संबंधी रुख का विवरण:

क्र	समर्थित सार्वजनिक नीति	ऐसी वकालत हेतु अपनाई गई पद्धति	क्या सूचना सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है? (हाँ/नहीं	निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा की आवृत्ति (वार्षिक/ अर्धवार्षिक/ त्रैमासिक/अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें)	वेब लिंक, यदि उपलब्ध हो
1.	केवाईसी-एएमएल नीति	बैंक की आंतरिक नीति	हाँ	वार्षिक	https://www.centralbank.bank.in/en
2.	सरकारी व्यवसाय नीति		हाँ	वार्षिक	
3.	चेक संग्रहण नीति		हाँ	वार्षिक	
4.	बैंक जमा नीति		हाँ	वार्षिक	
5.	सुरक्षित जमा लॉकर नीति		हाँ	वार्षिक	
6.	अभिलेख संधारण नीति		हाँ	वार्षिक	
7.	मृत जमाकर्ताओं के दावों के निपटान तथा सुरक्षित जमा लॉकर/सुरक्षित अभिरक्षा में रखी वस्तुओं की वापसी एवं लापता व्यक्तियों से संबंधित दावों के निपटान की नीति		हाँ	वार्षिक	
8.	वरिष्ठ नागरिकों/दिव्यांग/अक्षम खाताधारकों हेतु नीति		हाँ	वार्षिक	
9.	क्षतिपूर्ति नीति		हाँ	वार्षिक	
10.	ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र संबंधी नीति		हाँ	वार्षिक	
11.	ग्राहक अधिकार नीति		हाँ	वार्षिक	

सिद्धांत 8 : व्यवसायों को समावेशी विकास एवं समानतापूर्ण प्रगति को बढ़ावा देना चाहिए

आवश्यक संकेतक

1. **वर्तमान वित्तीय वर्ष में लागू कानूनों के आधार पर संस्था द्वारा संचालित परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव आकलन का विवरण।** लागू नहीं
2. **उन परियोजनाओं की जानकारी प्रदान करें जिनके लिए आपकी संस्था द्वारा पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन की प्रक्रिया वर्तमान में संचालित की जा रही है, निम्नलिखित प्रारूप में:** लागू नहीं
3. **समुदाय की शिकायतों को प्राप्त करने एवं उनके निवारण हेतु उपलब्ध तंत्र का विवरण दें।**

   नीति के अनुसार शिकायत निवारण तंत्र स्थापित है।
4. **आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त इनपुट सामग्री (मूल्य के आधार पर कुल इनपुट के प्रतिशत के रूप में) का विवरण प्रदान करें:**

   ऐसा कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।
5. **छोटे शहरों में रोजगार सृजन –** निम्नलिखित स्थानों पर नियोजित व्यक्तियों (स्थायी अथवा अस्थायी/संविदा आधार पर नियोजित कर्मचारियों या श्रमिकों सहित) को दिए गए वेतन का कुल वेतन व्यय के प्रतिशत के रूप में प्रकट करें:

स्थान	वित्तीय वर्ष 2025-26 (वर्तमान वित्तीय वर्ष)	वित्तीय वर्ष 2024-25 (पिछला वित्तीय वर्ष)
ग्रामीण	24.93%	20.41%
अर्ध-शहरी	22.36%	19.02%
शहरी	25.80%	28.01%
महानगरीय	26.91%	32.56%

नेतृत्व संकेतक

1. **सामाजिक प्रभाव आकलन (उपरोक्त आवश्यक संकेतकों के प्रश्न 1 के संदर्भ में) में पहचाने गए किसी भी नकारात्मक सामाजिक प्रभाव को कम करने हेतु की गई कार्रवाइयों का विवरण प्रदान करें:** किसी भी प्रकार के नकारात्मक सामाजिक प्रभाव की सूचना नहीं मिली है।.
2. **सरकारी निकायों द्वारा चिन्हित आकांक्षी जिलों में आपकी संस्था द्वारा संचालित सीएसआर परियोजनाओं के संबंध में निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:** लागू नहीं
3. **(ए) क्या आपके पास ऐसी अधिमान्य क्रय नीति है जिसके अंतर्गत आप वंचित/संवेदनशील समूहों से संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को खरीद में प्राथमिकता देते हैं?** हाँ

   (बी) आप किन वंचित/संवेदनशील समूहों से खरीद करते हैं? सूक्ष्म एवं लघु उद्यम

   (सी) कुल खरीद (मूल्य के आधार पर) में इसका कितना प्रतिशत योगदान है? ऐसा कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।
4. **पारंपरिक ज्ञान के आधार पर, आपकी संस्था के स्वामित्व वाली अथवा अर्जित बौद्धिक संपदाओं (वर्तमान वित्तीय वर्ष में) से प्राप्त एवं साझा किए गए लाभों का विवरण प्रदान करें।** उपलब्ध नहीं
5. **बौद्धिक संपदा से संबंधित विवादों में, जहाँ पारंपरिक ज्ञान का उपयोग शामिल हो, किसी प्रतिकूल आदेश के आधार पर की गई अथवा प्रगति पर चल रही सुधारात्मक कार्रवाइयों का विवरण प्रदान करें।** उपलब्ध नहीं

1. **सीएसआर परियोजनाओं के लाभार्थियों का विवरण:**

क्र सं.	नाम	एनजीओ / संस्थान	उद्देश्य	राशि (₹ करोड़ में)
1	महावीर कैंसर संस्थान, पटना	महावीर कैंसर संस्थान, पटना	बीपीएल रोगियों हेतु कार्डियक कलर डॉप्लर सिस्टम उपलब्ध कराना	0.18

क्र सं.	नाम	एनजीओ / संस्थान	उद्देश्य	राशि (₹ करोड़ में)
2	सेंट जोसेफ्स लेप्रोसी पेशेंट्स सोसायटी (सेंट जोसेफ्स स्पेशल स्कूल फॉर चिल्ड्रेन विद इंटेलेक्चुअली डिसेबल्ड की इकाई), टी. वी. मलई, तमिलनाडु	सेंट जोसेफ्स लेप्रोसी पेशेंट्स सोसायटी (सेंट जोसेफ्स स्पेशल स्कूल फॉर चिल्ड्रेन विद इंटेलेक्चुअली डिसेबल्ड की इकाई), पी.बी. नं. 2, थेनपल्लीपट्टू, कालासापक्कम - 606751, टी. वी. मलई, तमिलनाडु	बौद्धिक दिव्यांगता वाले 45 चिन्हित बच्चों (विशेष विद्यालय में अध्ययनरत) हेतु नोटबुक, भोजन, यूनिफॉर्म, पोषण, टिल्टिंग थेरेपी टेबल आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना	0.02
3	श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर, श्रीरंगम	श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर, श्रीरंगम	श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर, श्रीरंगम को 1 बैटरी चालित उपयोगिता विद्युत वाहन का दान	0.05
4	आरसेटी, कोटा	आरसेटी, कोटा	आरसेटी, कोटा भवन की मरम्मत एवं रखरखाव हेतु	0.12
5	द गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद (एम. पी. शाह कैंसर हॉस्पिटल), स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, सिविल हॉस्पिटल परिसर, असरवा	द गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद (एम. पी. शाह कैंसर हॉस्पिटल), स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, सिविल हॉस्पिटल परिसर, असरवा, अहमदाबाद - 380016	गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद में साइक्लोट्रॉन सुविधा हेतु सहयोग	0.25
6	श्री आशीष गोयल, संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी, उमंग फाउंडेशन	जिला परिषद विद्यालय, शिंदेवाड़ी	महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के शिंदेवाड़ी स्थित जिला परिषद विद्यालय में लड़कों एवं लड़कियों के लिए पृथक शौचालय ब्लॉक तथा परिसर दीवार का निर्माण	0.12
7	श्री पंकज सिंह, सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा, लखनऊ	यूपीनेडा, लखनऊ	लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में एनसीईडीए के माध्यम से 25 सोलर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता	0.05
8	श्री बी. एन. नवाल, प्रशासक	श्री पी. के. वी. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, बिजयनगर, ब्यावर (राजस्थान)	श्री पी. के. वी. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, बिजयनगर, ब्यावर (राजस्थान) में चिकित्सा उपकरणों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता	0.08
9	डॉ. गोपाल शरण गुप्ता, सचिव	जन कल्याण संस्थान, जयपुर	जन कल्याण संस्थान, जयपुर के केंद्रीय भवन के भूतल पर मशीनरी सहित वाटर कूलर की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता	0.10
10	श्री के. वी. एस. राव, प्रबंध ट्रस्टी	श्री रामकृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट, विजयवाड़ा	विजयवाड़ा के सरकारी सामान्य अस्पताल के भर्ती एवं बाह्य रोगियों के परिजनों को भोजन वितरण हेतु वित्तीय सहायता	0.05
11	श्री प्रथामेश बोभाटे, ट्रस्टी, सार्थ प्रतिष्ठान	सार्थ प्रतिष्ठान, मुंबई	दक्षिण-मध्य मुंबई के वंचित छात्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान करने हेतु वित्तीय सहायता	0.02
12	श्री संजय कुमार, सचिव	भगवान महावीर चाइल्ड वेलफेयर ट्रस्ट, जयपुर	विभिन्न ट्रस्टों, एनजीओ, परामर्श केंद्रों एवं संस्थानों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों के कल्याण हेतु सामाजिक निवेश; व्यक्तियों को उनके भविष्य के निर्माण में सहायता प्रदान करना	0.01
13	श्री कमलेश डी. पटेल	हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट, कान्हा विलेज, रंगा रेड्डी, तेलंगाना	हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट की सामाजिक प्रभाव परियोजनाओं (पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण, खेल उत्कृष्टता एवं अनुसंधान) हेतु वित्तीय सहायता	0.07
			कुल	**1.13**

सिद्धांत 9 : व्यवसायों को अपने उपभोक्ताओं के साथ उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से जुड़ना चाहिए तथा उन्हें मूल्य प्रदान करना चाहिए

आवश्यक संकेतक

1. उपभोक्ता शिकायतों एवं फीडबैक को प्राप्त करने तथा उन पर प्रतिक्रिया देने हेतु स्थापित तंत्र का विवरण दें।

शिकायत निवारण तंत्र: त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आधार

उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए बैंक का प्रमुख तंत्र एकीकृत ग्राहक सेवा (आईसीसी) मंच है, जिसका संचालन मुंबई और हैदराबाद स्थित दो रणनीतिक कमांड केंद्रों से किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2026 के दौरान इस मंच का उल्लेखनीय विस्तार किया गया, ताकि डिजिटल सहभागिता में हुई व्यापक वृद्धि का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सके, जो अब कुल लेन-देन का 90.54% है। इस तंत्र को सुदृढ़ बनाने वाली प्रमुख प्रौद्योगिकीय सुविधाएँ निम्नलिखित हैं:

- **एआई-संचालित भावविश्लेषण**: आईसीसी अब ग्राहकों की भावनाओं एवं प्रतिक्रियाओं की वास्तविक समय (रियल-टाइम) निगरानी करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करता है, जिससे ग्राहक सेवा प्रतिनिधि शिकायतों के गंभीर रूप धारण करने से पहले ही सक्रिय रूप से हस्तक्षेप कर उनका निवारण कर सकते हैं।
- **वीडियो बैंकिंग एवं सहायता प्राप्त सेवा अनुभव**: जटिल प्रश्नों एवं आवश्यकताओं के समाधान के लिए बैंक ने वीडियो बैंकिंग सुविधा प्रारंभ की है, जो दूरस्थ माध्यम से आमने-सामने संवाद जैसा उच्च-गुणवत्ता वाला सेवा अनुभव प्रदान करती है। यह सुविधा डिजिटल सेवाओं की त्वरितता और मानवीय संवेदनशीलता के बीच प्रभावी संतुलन स्थापित करती है।
- **ग्राहक 360⁰ व्यू**: ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों को बैंक के साथ ग्राहक के संपूर्ण संबंध का समग्र विवरण उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें खाते की स्थिति, लेन-देन का इतिहास तथा पूर्व में दर्ज शिकायतों का विवरण शामिल होता है। इससे प्रत्येक ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप अत्यधिक वैयक्तिकृत एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है।
- **बहुभाषी एआई वॉयस बॉट**:प्रत्येक भारतीय के लिए "ट्रूली सेंट्रल" बने रहने के उद्देश्य से बैंक ने ऐसे वॉयस बॉट स्थापित किए हैं, जो हिंदी, अंग्रेज़ी तथा 10 क्षेत्रीय भाषाओं का समर्थन करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायत निवारण में भाषा कभी भी बाधा न बने।

शिकायत निवारण नीति: सीबीआई-केयर द्वारा समर्थित

बैंक की शिकायत निवारण रूपरेखा उसके सीबीआई-केयर मूल्यों, विशेष रूप से 'ग्राहक सेवा उत्कृष्टता' के स्तंभ में संरचनात्मक रूप से समाहित है। यह नीति केवल दिशानिर्देशों का एक समूह नहीं है, बल्कि एक सक्रिय परिचालन अनुशासन है:

- **स्वचालित पर्यवेक्षण**: 'सक्षम' अनुपालन स्वचालन पोर्टल यह सुनिश्चित करता है कि सभी शाखाएँ एवं ग्राहक संपर्क केंद्र शिकायतों के निवारण के लिए निर्धारित समय-सीमाओं का पालन करें।
- **मिशन प्रगति के साथ संरेखण**: 'मिशन प्रगति' परिवर्तन पहल के अंतर्गत सेवा क्षेत्र में प्रक्रिया पुनर्रचना की प्रभावशीलता की निरंतर निगरानी की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि शिकायतों के माध्यम से पहचानी गई प्रणालीगत समस्याओं का प्रौद्योगिकी उन्नयन के जरिए स्थायी समाधान किया जाए।
- **सुशासन एवं उत्तरदायित्व**: सेवा प्रदायगी से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों की प्रभावशीलता का प्रमाणन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी द्वारा किया जाता है। साथ ही, 8.26 करोड़ ग्राहकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निदेशक मंडल स्तर की समितियों द्वारा बहु-स्तरीय पर्यवेक्षण भी प्रदान किया जाता है।

वेबसाइट पर ग्राहक सेवा संबंधी विवरण एवं डिजिटल विश्वास

निर्बाध एवं सुरक्षित संचार सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने अपने डिजिटल ग्राहक संपर्क माध्यमों का व्यापक आधुनिकीकरण किया है।

- **ओम्नी-चैनल एकरूपता**: बैंक एक डिवाइस-निरपेक्ष ओम्नी-चैनल प्लेटफ़ॉर्म लागू कर रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सेंट नियो ऐप पर दर्ज की गई शिकायत का वेबसाइट अथवा बैंक की 4,585 शाखाओं में से किसी भी शाखा के माध्यम से, बिना किसी डेटा की पुनरावृत्ति के, अनुगमन या निवारण किया जा सके।
- .bank.in **सत्यापित डोमेन**: डिजिटल विश्वास को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट वेबसाइट, ई-मेल परिवेश तथा इंटरनेट बैंकिंग का .bank.in डोमेन पर 100% माइग्रेशन सफलतापूर्वक पूरा किया। इससे ग्राहकों को बैंक के साथ ऑनलाइन लेन-देन एवं संवाद के दौरान सुरक्षा और प्रामाणिकता का एक स्पष्ट एवं विश्वसनीय संकेत प्राप्त होता है।
- **विशेषीकृत एनआरआई डेस्क**: वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बैंक ने चयनित शाखाओं में 159 विशेषीकृत एनआरआई डेस्क स्थापित किए हैं। इन डेस्कों पर प्रशिक्षित कार्मिक नियुक्त हैं, जो फेमा तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के विनियमों के अनुरूप एक ही स्थान पर समग्र बैंकिंग सेवाएँ एवं शिकायत निवारण सहायता प्रदान करते हैं।

- **इन-हाउस उद्गम पोर्टल**: बैंक ने अदावाकृत जमाओं (डीईएएफ) के लिए एक एकीकृत पोर्टल लागू किया है, जिससे निष्क्रिय खातों की खोज करने वाले ग्राहकों के लिए पारदर्शिता और विश्वास में वृद्धि हुई है।

इसके अतिरिक्त, ग्राहक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक लॉगिन पोर्टल: https://icc.centralbank.bank.in/cucms_cboi/docket/srbooking/srbooking/ पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, साथ ही ग्राहक 18003030 पर कॉल करके भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

2. उन उत्पादों/सेवाओं के व्यवसाय का कुल व्यवसाय में प्रतिशत, जिनमें निम्नलिखित संबंधी जानकारी उपलब्ध है:

	कुल व्यवसाय के प्रतिशत के रूप में
उत्पाद से संबंधित पर्यावरणीय एवं सामाजिक मानक सुरक्षित एवं उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग पुनर्चक्रण एवं/अथवा सुरक्षित निपटान	लागू नहीं

3. निम्नलिखित के संबंध में उपभोक्ता शिकायतों की संख्या:

	वित्तीय वर्ष 2025-26 (वर्तमान वित्तीय वर्ष)			वित्तीय वर्ष 2024-25 (पिछला वित्तीय वर्ष)		
	वर्ष के दौरान दर्ज	वर्ष के अंत में निस्तारण हेतु लंबित	टिप्पणियाँ	वर्ष के दौरान दर्ज	वर्ष के अंत में निस्तारण हेतु लंबित	टिप्पणियाँ
डाटा गोपनीयता	-	-	-	-	-	-
विज्ञापन	-	-	-	-	-	-
साइबर सुरक्षा	-	-	-	-	-	-
आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति	-	-	-	-	-	-
प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाएँ	-	-	-	-	-	-
अनुचित व्यापार प्रथा	-	-	-	-	-	-
अन्य	321197	365		160868	8285	

4. सुरक्षा संबंधी मुद्दों के कारण उत्पादों को वापस मंगाए जाने की घटनाओं का विवरण: लागू नहीं

5. क्या संस्था के पास साइबर सुरक्षा एवं डेटा गोपनीयता संबंधी जोखिमों के लिए कोई रूपरेखा/नीति है? (हाँ/नहीं) यदि उपलब्ध हो तो नीति का वेब लिंक प्रदान करें।

हाँ, चूँकि यह एक आंतरिक दस्तावेज है, इसलिए वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है।

6. विज्ञापन एवं आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति; साइबर सुरक्षा एवं ग्राहकों की डेटा गोपनीयता; उत्पादों को वापस मंगाए जाने की घटनाओं की पुनरावृत्ति; तथा उत्पादों/सेवाओं की सुरक्षा के संबंध में नियामकीय प्राधिकरणों द्वारा लगाए गए दण्ड/की गई कार्रवाई से संबंधित मुद्दों पर की गई अथवा प्रगति पर चल रही सुधारात्मक कार्रवाइयों का विवरण प्रदान करें।

साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर की गई सुधारात्मक कार्रवाइयों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- डिजिटल लेन-देन के लिए टू फैक्टर प्रमाणीकरण
- ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट
- अलर्ट मॉनिटरिंग

7. डेटा ब्रीच से संबंधित निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:

ए. डेटा ब्रीच की घटनाओं की संख्या: शून्य

बी. ग्राहकों की व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी से संबंधित डेटा ब्रीच का प्रतिशत: लागू नहीं

सी. डेटा ब्रीच का प्रभाव, यदि कोई हो: लागू नहीं।

नेतृत्व संकेतक

1. वे चैनल/प्लेटफॉर्म जहाँ संस्था के उत्पादों एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है (यदि उपलब्ध हो तो वेब लिंक प्रदान करें)।

ए) वेबसाइट – https://centralbank.bank.in/en

बी) "सेंट ईज़" नामक मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन, जो प्ले स्टोर(https://play.google.com/store/apps/details?id=com.centralbank.retail.omni) तथा ऐप स्टोर (https://apps.apple.com/in/app/cent-eez/id6737806722) पर उपलब्ध है।

सी) सोशल मीडिया नेटवर्क: यूट्यूब – https://www.youtube.com/channel/UCAlZ_H8-YpEOfQ0VeQ_XsnQ

एक्स (X) – https://x.com/centralbank_in

फेसबुक – https://www.facebook.com/CentralBankofIndia

लिंक्डइन – https://www.linkedin.com/company/centralbankofindia

इंस्टाग्राम – https://www.instagram.com/centralbankofindiaofficial/

डी) टोल-फ्री नंबर – 1800 30 30

2. उत्पादों और/अथवा सेवाओं के सुरक्षित एवं उत्तरदायी उपयोग के संबंध में उपभोक्ताओं को सूचित एवं जागरूक करने के लिए उठाए गए कदम

वित्तीय वर्ष 2025-26 में उपभोक्ता सुरक्षा एवं जागरूकता के प्रति हमारे दृष्टिकोण को निम्नलिखित पहलें परिभाषित करती हैं:

1. ".bank.in" डोमेन पर माइग्रेशन: दृश्यात्मक विश्वास का संस्थागतकरण

उपभोक्ताओं को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के उपयोग के प्रति जागरूक बनाने की हमारी रणनीति का एक प्रमुख आधार बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट, इंटरनेट बैंकिंग तथा ई-मेल प्रणाली का .bank.in **डोमेन** पर शत-प्रतिशत सफल माइग्रेशन रहा। यह परिवर्तन ग्राहकों के लिए सुरक्षा एवं प्रामाणिकता का एक महत्वपूर्ण दृश्य संकेत प्रदान करता है, जिससे वे बैंक के डिजिटल संपर्क माध्यमों की प्रामाणिकता का तुरंत सत्यापन कर सकते हैं तथा फ़िशिंग एवं स्पूफिंग जैसे साइबर हमलों के जोखिम में उल्लेखनीय कमी आती है। ग्राहकों को इस विशिष्ट डोमेन की पहचान करने के लिए जागरूक बनाकर, बैंक ने उन्हें उत्तरदायी एवं सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के लिए एक सरल, किन्तु अत्यंत प्रभावी साधन उपलब्ध कराया है।

2. 24x7 साइबर सुरक्षा सुदृढ़ता

बैंक अपने **साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र** के सतत परिचालन के माध्यम से सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर निभा रहा है।

- **वास्तविक समय (रियल-टाइम) निगरानी**: सीएसओसी 24x7 खतरे का पता लगाने तथा साइबर घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है। इससे बैंक की प्रौद्योगिकी अवसंरचना, जो वर्तमान में **कुल लेन-देन का 90.54%** संभालती है, परिष्कृत साइबर खतरों के विरुद्ध सुदृढ़ एवं सक्षम बनी रहती है।
- **डेटा संरक्षण: प्रिविलेज एक्सेस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएएमएस)** तथा **डेटा लीकेज प्रिवेंशन (डीएलपी)** उपकरणों के कार्यान्वयन से यह सुनिश्चित किया जाता है कि ग्राहकों का संवेदनशील डेटा आंतरिक एवं बाह्य जोखिमों से सुरक्षित रहे।

3. विशेषीकृत मानक एवं कार्डों का सुरक्षित उपयोग

भुगतान उत्पादों के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में **पीसीआई-डीएसएस लेवल 1 संस्करण 4.0** का अनुपालन प्राप्त किया। यह वैश्विक मानक कार्डधारकों के डेटा की सुरक्षा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, **सेंट ईज़ ऐप** के माध्यम से **वर्चुअल डेबिट कार्ड** की सुविधा प्रारंभ की गई है, जो ग्राहकों को भौतिक कार्ड का सुरक्षित एवं वास्तविक समय (रियल-टाइम) विकल्प उपलब्ध कराती है तथा कार्ड के निर्माण और चोरी से जुड़े जोखिमों को कम करती है।

4. सामुदायिक सहभागिता आधारित नवाचार एवं जागरूकता

बैंक सुरक्षा संबंधी समाधान विकसित करने तथा जागरूकता बढ़ाने के लिए हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहभागिता करता है:

- **हैकाथॉन 2025**: ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल में बैंक ने 35 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) की प्रतिभाओं को एआई-संचालित धोखाधड़ी पहचान समाधान विकसित करने के लिए सहभागी बनाया। इस पहल ने न केवल बैंक की तकनीकी सुरक्षा को सुदृढ़ किया, बल्कि डिजिटल सुरक्षा के प्रति ग्राहकों की भावी पीढ़ी को जागरूक करने के लिए एक प्रभावी मंच भी प्रदान किया।

- **डिजिटल चैंपियंस**: जमीनी स्तर पर डिजिटल सेवाओं को उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए बैंक ने प्रत्येक शाखा में "**डिजिटल चैंपियंस**" नामित किए हैं। ये डिजिटल चैंपियंस प्रत्येक सप्ताह हेल्पडेस्क एवं आमने-सामने के सत्र आयोजित कर सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायता करते हैं तथा ग्राहकों को सेंट ईज़ एप्लिकेशन के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक करते हैं।
- **स्वचालित पर्यवेक्षण**: '**सक्षम**' अनुपालन स्वचालन पोर्टल यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक शाखा ग्राहक संरक्षण एवं डिजिटल विश्वास के लिए बैंक द्वारा निर्धारित कठोर मानकों का पालन करे।

उच्च-स्तरीय सुरक्षा नियंत्रणों को सक्रिय सामुदायिक सहभागिता के साथ एकीकृत करते हुए, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने यह सुनिश्चित किया है कि उसकी व्यावसायिक प्रगति **परिचालन उत्कृष्टता** तथा अटूट डिजिटल विश्वास पर आधारित हो।

3. आवश्यक सेवाओं में किसी व्यवधान/बंद होने के जोखिम के बारे में उपभोक्ताओं को सूचित करने हेतु उपलब्ध तंत्र।

तकनीकी कारणों से होने वाले किसी भी व्यवधान के संबंध में ग्राहकों को एसएमएस अथवा ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाता है।

4. क्या संस्था स्थानीय कानूनों के अनुसार अनिवार्य जानकारी से अतिरिक्त उत्पाद संबंधी जानकारी भी उत्पाद पर प्रदर्शित करती है? यदि हाँ, तो संक्षेप में विवरण प्रदान करें।

नहीं।

क्या संस्था ने अपने प्रमुख उत्पादों/सेवाओं, परिचालन के महत्वपूर्ण स्थानों अथवा संस्था के समग्र स्तर पर उपभोक्ता संतुष्टि के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है? (हाँ/नहीं)

हाँ।

5. डेटा ब्रीच से संबंधित निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:

ए. डेटा ब्रीच की घटनाओं की संख्या तथा उनका प्रभाव – अब तक कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है।

बी. ग्राहकों की व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी से संबंधित डेटा ब्रीच का प्रतिशत – लागू नहीं।

व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं स्थायित्व रिपोर्ट (बीआरएसआर) के मुख्य संकेतकों पर स्वतंत्र आश्वासन रिपोर्ट

सेवा में,
निदेशक मंडल
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मुम्बई, भारत

मैने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (आगे "बैंक" के रूप में संदर्भित) के लिए, हमारे नियुक्ति पत्र दिनांक 30 मई, 2026 के अनुसार नीचे सूचीबद्ध स्वीकृत धारणीयता सूचना (आगे "चिन्हित धारणीयता सूचना" अथवा "बीआरएसआर मुख्य संकेतक" के रूप में संदर्भित) के संदर्भ में युक्तिसंगत आश्वासन कार्य संपादित किया है। यह कार्य नीचे अनुच्छेद 3 में उल्लिखित मानदंडों के अनुसार किया गया है। उक्त धारणीयता सूचना व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं धारणीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर)(आगे "रिपोर्ट" के रूप में संदर्भित) में सम्मिलित है जो 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट का भाग है।

2. चिन्हित धारणीयता सूचना

मेरे युक्तिसंगत आश्वासन कार्य का दायरा इस रिपोर्ट के परिशिष्ट – I में उल्लिखित बीआरएसआर मुख्य संकेतकों तक सीमित है। रिपोर्टिंग सीमा बीआरएसआर के खंड ए : सामान्य प्रकटीकरण के प्रश्न 15 में किए गए प्रकटीकरण के अनुरूप है, तथापि जहां लागू हो, संबंधित प्रश्नों के अन्तर्गत टिप्पणियों के माध्यम से प्रकटीकृत अपवाद इसके अन्तर्गत शामिल नहीं हैं।

यह आश्वासन कार्य केवल 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष से संबंधित सूचना तक सीमित है। मैंने पूर्ववत अवधियों के लिए कोई प्रक्रिया निष्पादित नहीं की है तथा न ही उनपर कोई मत व्यक्त किया है।

3. मानदंड

बैंक ने चिन्हित धारणीयता सूचना निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर तैयार की है -

- सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 34(2)(एफ)(समय – समय पर संशोधित);
- सेबी मास्टर परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD2/CIR/P/2023/120 दिनांक 11 जुलाई 2023; तथा
- सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-SEC-2/P/CIR/2023/122 दिनांक 12 जुलाई, 2023 तथा उससे संबंधित स्पष्टीकरण।

4. प्रबंधन का उत्तरदायित्व

बैंक का प्रबंधन लागू मानदंडों के अनुरूप चिन्हित धारणीयता सूचना की तैयारी एवं प्रस्तुति के लिए उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य सम्मिलित हैं -

- उपयुक्त मानदंडों का चयन;
- आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों का अभिकल्पन,कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण;
- सुनिश्चित करना कि सूचना धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण होने वाले किसी भी महत्वपूर्ण मिथ्या विवरण से मुक्त हो।

5. अंतर्निहित सीमाएँ

वर्तमान में गैर – वित्तीय आंकड़ों के मापन एवं रिपोर्टिंग हेतु कोई महत्वपूर्ण वैश्विक मानक उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण विभिन्न स्वीकार्य कार्यप्रणालियों का उपयोग किया जा सकता है तथा विभिन्न संस्थाओं के मध्य तुलनीयता प्रभावित हो सकती है।

यह आश्वासन निर्धारित रिपोर्टिंग अवधि एवं भौगोलिक सीमा तक सीमित हैं। इसमें निम्नलिखित शामिल नहीं हैं -

- रणनीतिक दृष्टिकोण अथवा भविष्य संबंधी अपेक्षाएँ;
- बौद्धिक संपदा, प्रतिस्पर्धात्मक विषयों या विधिक अनुपालन से संबंधित कथन;
- स्वीकृत रिपोर्टिंग रूपरेखाओं के दायरे से बाहर की जानकारी;
- यह आश्वासन बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की पूर्णता, पर्याप्तता एवं प्रमाणिकता पर आधारित हैं।

6. स्वतंत्रता

मैंने लागू सेबी परिपत्र के संदर्भ में स्वतंत्रता बनाए रखी है तथा इस कार्य को संपादित करने हेतु आवश्यक दक्षताओं एवं अनुभवों को धारित करता हूँ।

7. उत्तरदायित्व

मेरा उत्तरदायित्व इस कार्य के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर चिन्हित धारणीयता सूचना के सन्दर्भ में युक्तिसंगत आश्वासन मत व्यक्त करना है।

8. आश्वासन प्रक्रियाएँ

मेरी प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं -

- प्रासंगिक नियंत्रकों का अभिकल्पन एवं कार्यान्वयन का मूल्यांकन;
- बीआरएसआर रिपोर्टिंग के लिए उत्तरदायी कार्मिकों के साक्षात्कार तथा डेटा बिंदुओं का नमूना आधारित सत्यापन ;
- विश्लेषणात्मक प्रक्रियाएँ एवं सामंजस्यकरण;
- चयनित आंकड़ों के सत्यापन हेतु दस्तावेजों एवं अभिलेखों की समीक्षा।

मेरा मानना है कि प्राप्त साक्ष्य, आश्वासन मत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त एवं उपयुक्त हैं।

9. अपवर्जन

इस आश्वासन के दायरे में निम्नलिखित शामिल नहीं हैं –

- चिन्हित धारणीयता सूचना के अतिरिक्त अन्य आंकड़े;
- मत, अपेक्षा अथवा भावी आशय से संबंधित कथन।

10. अन्य जानकारी

बीआरएसआर तथा वार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित चिन्हित धारणीय सूचना को छोड़कर अन्य सभी जानकारियों के लिए प्रबंधन

उत्तरदायी है। मैनें अतिरिक्त अनुभागों की समीक्षा महत्वपूर्ण विसंगतियों की पहचान के उद्देश्य से की है तथा ऐसी कोई विसंगति नहीं पाई है जो आश्वासन के निष्कर्ष को प्रभावित करती है।

11. आश्वासन मत

निष्पादित प्रक्रियाओं तथा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर, 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए चिन्हित धारणीयता सूचना सभी महत्वपूर्ण पहलुओं में निर्धारित मानदंडों के अनुरूप तैयार की गई है।

12. उपयोग पर प्रतिबंध

यह रिपोर्ट केवल सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल के उपयोग हेतु अभिप्रेत है तथा मेरी पूर्व लिखित सहमति के बिना इसका उपयोग किसी तृतीय पक्ष द्वारा नहीं किया जाना चाहिए और न ही इसे किसी तृतीय पक्ष को प्रकट किया जाना चाहिए।

कृते **यू हेगड़े एण्ड एसोसिएट्स**
कंपनी सचिव

हस्ताक्षरित
उमाशंकर हेगड़े
(प्रोपराइटर)
सदस्यता सं.: A22133
सी.पी. सं.: 11161
यूआईडीएन: A022133H000673564

दिनांक : 23 जून, 2026
स्थान : मुम्बई

परिशिष्ट - I

क्रम सं.	रिपोर्टिंग मानक संदर्भ		संकेतक संख्या	
	खंड सी: सिद्धान्त (पी) आधारित आवश्यक निष्पादन प्रकटीकरण			
1	पी-1:	व्यवसायों को सत्यनिष्ठा, नैतिकता, पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता से अपना संचालन एवं प्रशासन करना चाहिए।	ई-8:	देय खातों के दिनों की संख्या = (देय खाते ★ 365)/क्रय की गई वस्तुओं की लागत)
			ई-9:	संबंधित पक्षों के साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों, विक्रेताओं आदि के माध्यम से की गई खरीद एवं बिक्री तथा संबंधित पक्षों को दिए गए ऋण, अग्रिम एवं निवेशों के संकेंद्रण का विवरण।
2	पी-3:	व्यवसायों को अपने कर्मचारियों तथा अपनी मूल्य श्रृंखला से जुड़े व्यक्तियों के कल्याण में संवर्धन एवं सम्मान करना चाहिए।	ई-1सी:	कर्मचारियों एवं श्रमिकों (स्थायी व उसके अतिरिक्त अन्य भी सम्मिलित) के कल्याण हेतु किए गए व्यय का विवरण।
			ई-11:	सुरक्षा संबंधी घटनाओं का विवरण।
3	पी-5:	व्यवसायों को मानवाधिकारों का सम्मान एवं संवर्धन करना चाहिए।	ई-3बी:	संस्था द्वारा महिला कर्मचारियों को दिए गए सकल वेतन का कुल वेतन व्यय में प्रतिशत। (चर्चा करें)
			ई-7:	कार्यस्थल पर महिलाओं के य़ौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत दर्ज की गई शिकायतों का विवरण।
4.	पी-6:	व्यवसायों को पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्स्थापन हेतु प्रयास करने चाहिए।	ई-1:	कुल ऊर्जा उपभोग (जूल अथवा उसके गुणकों में) तथा ऊर्जा तीव्रता का विवरण।
			ई-3:	जल निकासी एवं जल उपभोग से संबंधित प्रकटीकरण।
			ई-4:	अपशिष्ट जल के निस्तारण से संबंधित विवरण।
			ई-7:	ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (स्कोप -1 एवं स्कोप -2 उत्सर्जन) तथा उसकी उत्सर्जन तीव्रता का विवरण)
			ई-9:	उत्पन्न कुल अपशिष्ट का भार (मीट्रिक टन में) तथा अपशिष्ट की संरचना के आधार पर उसका वर्गीकरण।
5.	पी-8:	व्यवसायों को समावेशी वृद्धि एवं न्यायसंगत विकास को बढ़ावा देना चाहिए।	ई-4:	आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त इनपुट सामग्री का प्रतिशत (मूल्य के आधार पर कुल इनपुट सामग्री के सापेक्ष)
			ई-5:	स्थायी अथवा अस्थायी/संविदात्मक आधार पर नियोजित व्यक्तियों (कर्मचारियों और श्रमिकों) को दिए गए रोजगार सृजन वेतन का कुल वेतन लागत में प्रतिशत। (टिप्पणी 1 देखें)
6.	पी-9:	व्यवसायों को अपने उपभोक्ताओं के साथ उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से जुड़ना तथा उन्हें महत्व प्रदान करना चाहिए।	ई-7:	डेटा ब्रीच से संबंधित जानकारी।

बैंक की लाभांश वितरण नीति

बैंक ने लाभांश नीति तैयार की है और वह बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है

https://centralbank.bank.in/sites/default/files/Dividend-Distribution-Policy.pdf

एडीबी एंड कंपनी
सनदी लेखाकार,
प्रथम तल, महावीर गौशाला कॉम्पलेक्स,
के.के. रोड़, मौधापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

जैन पारस बिलाला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार,
50 का 2, ज्योति नगर, जयपुर,
राजस्थान-302005

अमित राय एंड कंपनी
सनदी लेखाकार,
5-B, सरदार पटेल मार्ग, प्रयागराज,
उत्तर प्रदेश–211001

गर्ग अशोक एंड कंपनी
सनदी लेखाकार,
503, एमार कोलोनेड, सेक्टर 66, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड,
गुरुग्राम, हरियाणा 122018

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति
सदस्यगण,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
मुंबई
स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण पर रिपोर्ट

मत

1. हमने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ('बैंक') के साथ संलग्न स्वतंत्र वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया है, जिसमें 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक का तुलन पत्र, लाभ और हानि खाता, नकद प्रवाह विवरण तथा स्वतंत्र वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों सहित महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारियों का सार सम्मिलित है।

   इन विवरणों में वर्ष के लिए

   i. केन्द्रीय कार्यालय, 14 अंचलों, 1 विशिष्ट एकीकृत कोष शाखा तथा शीर्ष 20 शाखाओं एवं केन्द्रीय कार्यालय के अन्य विभागों की लेखा परीक्षित विवरणियाँ (जिनका परीक्षण हमारे द्वारा किया गया),

   ii. 1952 शाखाओं एवं अन्य कार्यालयों की विवरणियाँ (जिनका लेखा परीक्षण संबंधित सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया), शामिल हैं।

   उक्त शाखाएँ, जिनका लेखा परीक्षण हमारे द्वारा तथा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, का चयन बैंक द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है।

   तुलन पत्र, लाभ और हानि खाता तथा नकद प्रवाह विवरण में ऐसी 2613 शाखाओं से प्राप्त विवरण भी सम्मिलित हैं, जिनका लेखा परीक्षण नहीं किया गया है। ये अपरीक्षित शाखाएँ कुल अग्रिमों का 19.26 प्रतिशत, जमाओं का 38.50 प्रतिशत, ब्याज आय का 21.94 प्रतिशत तथा ब्याज व्यय का 35.77 प्रतिशत योगदान करती हैं।

   हमारे मतानुसार तथा हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और हमें प्राप्त स्पष्टीकरणों के आधार पर, उपर्युक्त स्वतंत्र वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा गया है) द्वारा निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार वांछित जानकारी प्रदान करते हैं और भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं तथा:

   ए) तुलन पत्र (उस पर दिए गए टिप्पणियों सहित) सभी आवश्यक विवरणों सहित पूर्ण और निष्पक्ष है, विधिवत तैयार की गई है तथा 31 मार्च 2026 की स्थिति में बैंक की वित्तीय स्थिति का सही और निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करती है;

   बी) लाभ और हानि खाता (उस पर दिए गए टिप्पणियों सहित) उस दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए लाभ की वास्तविक स्थिति को दर्शाता है; तथा

   सी) नकद प्रवाह विवरण उस दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह की सच्ची और निष्पक्ष स्थिति दर्शाता है।

मत का आधार

2. हमने अपना लेखा परीक्षण भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा परीक्षण मानकों (एसए) के अनुसार किया है। इन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों का विवरण इस प्रतिवेदन के "स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियाँ" अनुभाग में किया गया है। हम बैंक से स्वतंत्र हैं, जैसा कि भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता और उन नैतिक आवश्यकताओं में निर्धारित है जो स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण से संबंधित हैं। ये वित्तीय विवरण भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों, आईसीएआई द्वारा जारी लागू लेखांकन मानकों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार किए गए हैं। हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुरूप अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को भी निभाया है। हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य हमारे स्वतंत्र वित्तीय विवरणों पर दिए गए मत के लिए पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

महत्व के विषय पर ध्यानाकर्षण

3. हम निम्नलिखित टिप्पणियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं:

   विवरण हेतु विवरण तालिका 18 टिप्पणी संख्या 15 (एम) देखें, जिसमें स्थगित कर से संबंधित बैंक प्रबंधन द्वारा संभावित कर लाभों के संबंध में किए गए कर मूल्यांकन के आधार पर 31 मार्च 2026 को ₹ 1628.06 करोड़ (31 मार्च 2025 को ₹3145.57 करोड़) की शुद्ध स्थगित कर परिसंपत्ति को मान्यता दी गई है।

4. विवरण हेतु विवरण तालिका 18 - टिप्पणी संख्या 15 (अ) (iii) देखें, जिसमें स्थायी परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास की पद्धति को अवलिखित मूल्य पद्धति से सीधी रेखा पद्धति में परिवर्तित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए मूल्यह्रास में कमी तथा कर-पूर्व लाभ में 49.30 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

   उपरोक्त विषयों के संबंध में हमारा मत संशोधित नहीं है।

प्रमुख लेखा परीक्षा विषय

5. प्रमुख लेखा परीक्षा विषय वे विषय होते हैं जो हमारे व्यावसायिक निर्णयानुसार 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्वतंत्र वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहे। इन विषयों को हमने संपूर्ण स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के संदर्भ में तथा उस पर अपना मत बनाने के दौरान ध्यान दिया गया है, और इन विषयों पर हम पृथक मत नहीं देते हैं। नीचे वर्णित विषयों को हमने इस रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने हेतु प्रमुख लेखा परीक्षा विषय के रूप में निर्धारित किया है।

प्रमुख लेखा परीक्षा विषय	हमारी लेखा परीक्षा में इन मामलों पर कैसे ध्यान दिया गया।
1. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आय की मान्यता, परिसंपत्ति वर्गीकरण एवं अग्रिमों से संबंधित प्रावधानों (तालिका 9 देखें, साथ ही तालिका 17 की टिप्पणी 3) में निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार गैर-निष्पादित अग्रिमों की पहचान एवं उनके लिए प्रावधान करना। अग्रिम बैंक की कुल परिसंपत्तियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। गैर-निष्पादित अग्रिमों (एनपीए) की पहचान कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) सॉफ्टवेयर द्वारा प्रणाली आधारित पहचान के माध्यम से की जाती है, जो उसमें निहित विभिन्न नियंत्रणों एवं तर्कों के आधार पर कार्य करता है। ऐसे गैर-निष्पादित अग्रिमों एवं पुनर्गठित अग्रिमों के संबंध में प्रावधान, अग्रिमों की हानि की मात्रा के संबंध में प्रबंधन द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर तथा समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम प्रावधान स्तरों के अनुरूप किए जाते हैं। एनपीए पर प्रावधान उपलब्ध प्रतिभूति के मूल्यांकन के आधार पर भी किया जाता है। पुनर्गठित खातों के मामले में प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। हमने ऋण एवं अग्रिमों पर एनपीए की पहचान एवं प्रावधान को एक **प्रमुख लेखा परीक्षा विषय** के रूप में चिह्नित किया है क्योंकि इसमें एनपीए की पहचान के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर प्रबंधन द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण प्रयास शामिल होते हैं। इसके साथ ही, प्रावधान निर्धारण में प्रबंधन के विवेक का उच्च स्तर सम्मिलित होता है (जिसमें वे परिसंपत्तियाँ भी शामिल हैं जिन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है), एनपीए की संपार्श्विक की मूल्यांकन प्रक्रिया तथा ये सभी अनुमान बैंक के स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के लिए अत्यधिक महत्व रखते हैं।	हमारे लेखा परीक्षा दृष्टिकोण में अग्रिमों की स्वीकृति, अभिलेख संधारण और निगरानी पर प्रमुख आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन तथा अग्रिमों से संबंधित आय की मान्यता, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधानों के संबंध में प्रामाणिक लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ शामिल थीं। विशेष रूप से: • हमने बैंक के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और समझा कि वह अग्रिमों से संबंधित आय की मान्यता, परिसंपत्ति वर्गीकरण एवं प्रावधानों के संबंध में लागू भारतीय रिजर्व बैंक दिशानिर्देशों का पालन कैसे करता है। • हमने एनपीए की पहचान की प्रक्रिया, उससे संबंधित आय की वापसी और प्रावधान के निर्माण का आकलन एवं मूल्यांकन किया। • हमने प्रमुख आईटी सिस्टम/ एप्लिकेशन का विश्लेषण किया और समझा, जिनका उपयोग संबंधित नियंत्रणों की परिचालनात्मक प्रभावशीलता के लिए किया जाता है, जिसमें अग्रिमों से संबंधित आय की मान्यता, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधानों में मैनुअल प्रक्रिया और मैनुअल नियंत्रणों की भागीदारी भी शामिल है। प्रमुख नियंत्रणों के परिचालन की प्रभावशीलता और भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए, हमने यह सत्यापित किया है कि क्या सीबीएस प्रणाली और प्रबंधन दोनों द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए हैं: • उपलब्ध प्रतिभूति के मूल्य में कमी की समय पर पहचान की गई है।

प्रमुख लेखा परीक्षा विषय	हमारी लेखा परीक्षा में इन मामलों पर कैसे ध्यान दिया गया।
यदि सावधानीपूर्ण मानदंडों को अनुपयुक्त रूप से लागू किया जाए अथवा संपार्श्विक के मूल्य का गलत आकलन किया जाए, तो अग्रिमों की वहन लागत व्यक्तिगत रूप से अथवा सामूहिक रूप से भौतिक रूप से भ्रामक हो सकती है।	• भारतीय रिज़र्व बैंक के कोविड-19 नियामक पैकेज के अनुसार परिसंपत्ति वर्गीकरण के लाभ के लिए पात्र खातों सहित परिसंपत्ति वर्गीकरण की समय-समय पर निगरानी और पहचान के आधार पर उचित प्रावधान किए गए हैं। • हमने परीक्षण आधार पर समवर्ती लेखा परीक्षाओं, आंतरिक निरीक्षणों, नियामक लेखा परीक्षाओं, राजस्व लेखा परीक्षाओं आदि की रिपोर्टों की समीक्षा की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अग्रिमों में कोई कमियाँ या नकारात्मक पहलू तो नहीं हैं, जिनके लिए अतिरिक्त लेखा परीक्षा प्रक्रियाएँ आवश्यक हों। • हमने आय की मान्यता, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधानों के संबंध में संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों की स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्टों तथा शाखाओं तथा केन्द्रीय कार्यालय दोनों में सुझाए गए परिवर्तनों के ज्ञापन पर भरोसा किया है।
2. निवेश बैंक का निवेश पोर्टफोलियो सरकारी प्रतिभूतियों, बॉन्ड, डिबेंचर्स, शेयर, प्रतिभूति रसीदों और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेशों से बना है, जिन्हें तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है – परिपक्वता तक रखे जाने वाले, बिक्री के लिए उपलब्ध और लाभ तथा हानि के माध्यम से निपटाए जाने वाले। निवेश बैंक की कुल परिसंपत्तियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। निवेशों का मूल्यांकन, गैर-निष्पादित निवेशों की पहचान तथा उनसे संबंधित आय की गैर-मान्यता और प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित परिपत्रों / दिशानिर्देशों / निर्देशों के अनुसार किया जाता है। (तालिका 17 की टिप्पणी 5, स्वतंत्र वित्तीय विवरणों के साथ तालिका 8 देखें)। उपरोक्त प्रत्येक प्रकार की प्रतिभूति का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाता है, जिसमें एफबीआईएल दरें, बीएसई/एनएसई पर उद्धृत दरें, सूचीबद्ध न हुई कंपनियों के वित्तीय विवरण, और प्रतिभूति रसीदों के मामले में एनएवी जैसी विभिन्न स्रोतों से आंकड़ें/जानकारी एकत्र करना शामिल होता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, कुछ निवेशों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है, जबकि कुछ निवेशों का मूल्यांकन उन पद्धतियों के आधार पर किया जाता है जिनमें सांख्यिकीय मॉडल शामिल होते हैं, जिनमें अंतर्निहित मान्यताएँ होती हैं, और वित्तीय विवरणों के आधार पर मूल्यांकन के लिए मूल्य का आकलन किया जाता है। इन निवेशों के मूल्यांकन हेतु प्राप्त मूल्य केवल उन निवेशों का एक न्यायसंगत आकलन होता है। इसलिए निवेशों के मूल्यांकन पर विशेष ध्यान की आवश्यकता है और वित्तीय विवरणों में निवेश की राशि की महत्वपूर्णता को दृष्टिगत रखते हुए, इसे हमारे लेखा परीक्षण में प्रमुख लेखा परीक्षण विषय के रूप में माना गया है।	निवेशों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों/निर्देशों के संदर्भ में हमारे लेखा परीक्षण दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों के डिज़ाइन, उनके परिचालन की प्रभावशीलता की समीक्षा एवं परीक्षण, तथा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अवमूल्यित निवेशों की पहचान, निवेशों से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में पर्याप्त लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं को शामिल किया गया। विशेष रूप से: • हमने निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अवमूल्यित निवेशों की पहचान, निवेशों पर प्रावधान एवं मूल्यह्रास के संबंध में प्रासंगिक भारतीय रिज़र्व बैंक दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक द्वारा स्थापित प्रणाली एवं आंतरिक नियंत्रण का मूल्यांकन किया और उसे समझा। • चयनित निवेशों के नमूनों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों एवं निर्देशों के अनुसार प्रत्येक प्रकार की प्रतिभूति का पुन: मूल्यांकन कर उसकी शुद्धता एवं अनुपालन की जांच की। • हमने अवमूल्यित निवेशों की पहचान की प्रक्रिया, आय की वापसी तथा संबंधित प्रावधान के निर्माण का मूल्यांकन एवं आकलन किया। • हमने स्वतंत्र रूप से बनाए जाने वाले प्रावधान एवं प्रदान किए जाने वाले मूल्यह्रास की पुन: गणना हेतु पर्याप्त लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं अपनाईं। • हमने यह सुनिश्चित किया कि एकल वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण, लागू लेखांकन मानकों एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, निवेशों के मूल्यांकन से संबंधित जोखिमों के प्रति बैंक के जोखिम को उपयुक्त रूप से दर्शाते हैं।

प्रमुख लेखा परीक्षा विषय	हमारी लेखा परीक्षा में इन मामलों पर कैसे ध्यान दिया गया।
3. वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रयुक्त सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली बैंक की परिचालनात्मक और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रियाएँ मुख्य रूप से कोर बैंकिंग सॉल्यूशन्स (सीबीएस) तथा अन्य एकीकृत सॉफ्टवेयरों पर आधारित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों पर निर्भर करती हैं, जो स्वचालित प्रक्रियाओं और नियंत्रणों के माध्यम से बड़े पैमाने पर लेन-देन का परिचालन करती हैं। प्रक्रियाओं एवं नियंत्रणों का उद्देश्य उपयुक्त उपयोगकर्ता अभिगम एवं प्रबंधन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना है। बैंक के पास एक इन-हाउस सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग है, जिसका परिचालन शीर्ष प्रबंधन की निगरानी में विशेषज्ञ परामर्श एजेंसियों के सहयोग से किया जाता है, ताकि आईटी सेवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जा सके। उक्त के परिप्रेक्ष्य में, हमारी लेखा परीक्षा प्रमुख आईटी प्रणालियों एवं नियंत्रणों पर केंद्रित रही, क्योंकि इनका एकल वित्तीय विवरणों पर व्यापक प्रभाव पड़ता है, और इसीलिए इसे हमारी लेखा परीक्षा में एक महत्वपूर्ण लेखा परीक्षण विषय के रूप में शामिल किया गया है।	हमने एक मूल्यांकन किया और प्रमुख आईटी एप्लिकेशन, डेटाबेस और ऑपरेटिंग सिस्टम की पहचान की जो हमारे लेखापरीक्षण के लिए प्रासंगिक हैं और हमने सीबीएस और ट्रेजरी सिस्टम को मुख्य रूप से वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए प्रासंगिक के रूप में पहचाना है। लेखांकन और वित्तीय जानकारी तैयार करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सीबीएस और ट्रेजरी परिचालन से संबंधित प्रमुख आईटी प्रणालियों के लिए, हमारे लेखा परीक्षा के फोकस के क्षेत्रों में अभिगम सुरक्षा (विशेषाधिकार युक्त अभिगम पर नियंत्रण सहित), एप्लिकेशन परिवर्तन नियंत्रण, डेटाबेस प्रबंधन और नेटवर्क संचालन शामिल थे। विशेष रूप से: • हमने लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक के आईटी नियंत्रण परिवेश और प्रमुख परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की, जो लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं। • हमने वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण प्रमुख आईटी प्रणालियों पर बैंक के सामान्य आईटी नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया, जिसमें स्वतंत्र विशेषज्ञों से रिपोर्ट प्राप्त करना भी शामिल है। इसमें कार्यों के पृथक्करण का मूल्यांकन करने के लिए बैंक के नियंत्रणों का मूल्यांकन और विधिवत स्वीकृत अनुरोधों के आधार पर प्रावधानित/संशोधित किए जा रहे अभिगम अधिकारों, समयबद्ध तरीके से निकास मामलों के लिए पहुँच को रद्द करना शामिल था। • हमने लेखापरीक्षा से संबंधित प्रणाली जनित रिपोर्टों के लिए प्रमुख स्वचालित और मैन्युअल व्यापार चक्र नियंत्रणों और उनकी तर्क प्रणाली की भी जांच की है; जिसमें क्षतिपूर्ति नियंत्रणों का परीक्षण शामिल था या यह आकलन करने के लिए वैकल्पिक प्रक्रियाएं निष्पादित की गईं, कि क्या कोई अनसुलझे आईटी जोखिम थे जो एकल वित्तीय विवरणों, और उन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी को भौतिक रूप से प्रभावित करते हों, की भी जांच की है।
4. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और दावे: अन्य पक्षों द्वारा दायर विभिन्न दावों पर कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयता का आकलन, जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है (अनुसूची 17 की टिप्पण संख्या 14 और अनुसूची 18 की टिप्पण संख्या 15(आर))। प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है। बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके स्वयं के निर्णय, पिछले अनुभव और जहाँ भी आवश्यक समझा जाता है, कानूनी और स्वतंत्र विशेषज्ञों की सलाह द्वारा समर्थित है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं। आकस्मिक देयता एक संभावित दायित्व है, जिसका परिणाम एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के घटित होने या न होने पर निर्भर करता है। प्रबंधन के निर्णय में, बैंक के खिलाफ कर मांगों सहित ऐसे दावे और मुकदमे अंततः देयता का कारण नहीं बनेंगे।	हमने लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों की समझ प्राप्त कर ली है, ताकि हम अपनी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को ऐसी रूपरेखा में तैयार कर सकें जो परिस्थितियों के अनुरूप हों। हमने व्यापक रूप से प्रावधानीकरण के लिए प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त अंतर्निहित मान्यताओं और अनुमानों की समीक्षा की, लेकिन चूंकि प्रभाव की सीमा भविष्य के घटनाक्रमों पर निर्भर है, जो अत्यधिक अनिश्चित हैं, इसलिए हमने मुख्य रूप से उन मान्यताओं और अनुमानों पर भरोसा किया, जो बैंक द्वारा आवधिक समीक्षा का विषय हैं।

प्रमुख लेखा परीक्षा विषय	हमारी लेखा परीक्षा में इन मामलों पर कैसे ध्यान दिया गया।
तथापि, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए वित्तीय परिणामों को मुख्य रूप से प्रभावित कर सकते हैं, जो इस स्तर पर अनिश्चित है। इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के उपयोग की आवश्यकता होती है, इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा विषय निर्धारित किया गया है।	हमने दावों और कर मुकदमों के संबंध में बैंक द्वारा प्राप्त प्रबंधन नोट और कानूनी राय पर भरोसा किया है और ऐसे मुकदमों और दावों की प्रकृति, उनकी वर्तमान स्थिति, स्थिरता, विभिन्न कर अधिकारियों/न्यायिक मंचों से प्राप्त हाल के आदेशों और/या संचार की जांच करने और उनके आधार पर अनुवर्ती कार्रवाई करने और अंतिम समाधान पर दावों/मुकदमों के अंतत: देयता में बदल जाने की संभावना, उपलब्ध रिकॉर्ड और आज तक के घटनाक्रमों की समीक्षा के लिए अपने आंतरिक टीम को लगाया है।

अन्य मामले

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार, कुछ निवेश बाजार मूल्य पर मूल्यांकित है जबकि कुछ निवेश ऐसी मूल्यांकन पद्धति पर आधारित है जिसमें अंतर्निहित पूर्वानुमानों के साथ सांख्यकीय मॉडल, वित्तीय विवरणियों इत्यादि पर आधारित मूल्यांकन आदि शामिल होते है. इन निवेशों के मूल्यांकन के लिए निश्चित किया गया मूल्य केवल एक उचित आकलन होता है. इसलिए निवेशों के मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है और वित्तीय विवरणियों में निवेशों की राशि अत्यंत महत्व रखती है, अत: इसे हमारी लेखापरीक्षा में एक प्रमुख लेखा परीक्षा विषय के रूप में माना गया है.	• हमने सृजित किए जाने वाले प्रावधान तथा की जाने वाली मूल्यह्रास व्यवस्था की स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना करने हेतु सारगर्भित लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ संपादित कीं। • हमने मूल्यांकन किया है कि वित्तीय विवरण प्रकटीकरण प्रचलित लेखांकन मानकों और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों की आवश्यकता के संदर्भ में बैंक के निवेश मूल्यांकन जोखिम को पर्याप्त रूप से दर्शाता है.
3. वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का उपयोग बैंक की परिचालन एवं वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रियाएं कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस) और अन्य समन्वित सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित आईटी प्रणाली पर निर्भर हैं जो स्वचालित प्रक्रियाओं और नियंत्रणों के साथ बड़ी मात्रा में नियंत्रित करती हैं. इन प्रक्रियाओं एवं नियंत्रणों का उद्देश्य उपयुक्त उपयोगकर्ता पहुंच तथा प्रबंधन प्रक्रिया को सुनिश्चित करना है. मूल बैंक के पास आईटी सेवाओं के रखरखाव के लिए शीर्ष प्रबंधन के पर्यवेक्षण एवं विशेषज्ञ परामर्श एजेंसियों के सहयोग के अधीन कार्यरत आंतरिक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी) है. तदनुसार, आईटी प्रणालियों एवं नियंत्रणों का हमारे लेखा परीक्षण पर व्यापक प्रभाव पड़ने के कारण, इस विषय को हमने लेखा परीक्षा का प्रमुख विषय माना गया है.	हमने मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाकर मूल आईटी एप्लीकेशन, डेटाबेस और परिचालन प्रणाली की पहचान की, जो हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए प्राथमिक रूप से प्रासंगिक सीबीएस एवं ट्रेजरी प्रणाली को चिह्नित किया. लेखांकन और वित्तीय सूचनाओं को तैयार करने में उपयोग किए जा रहे सीबीएस और ट्रेजरी परिचालन से संबंधित प्रमुख आईटी प्रणालियों के लिए हमारे लेखापरीक्षा का फोकस क्षेत्र अभिगम सुरक्षा (विशेषाधिकार प्राप्त के ऊपर नियंत्रण सहित) के साथ एप्लिकेशन परिवर्तन नियंत्रण, डेटाबेस प्रबंधन और नेटवर्क परिचालन शामिल हैं. विशेष रूप से: • हमने लेखापरीक्षा अवधि के दौरान मूल बैंक के आईटी नियंत्रण तंत्र एवं मूल परिवर्तनों को समझने के लिए विवरण प्राप्त किया जो लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं. • हमने मूल आईटी प्रणालियों पर बैंक के सामान्य आईटी नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया जिसमें स्वतंत्र विशेषज्ञों से प्राप्त रिपोर्टों का मूल्यांकन भी शामिल था. वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं. इसमें कर्तव्यों के पृथक्करण और विधिवत अनुमोदित अनुरोधों के आधार पर प्रावधान / संशोधित किए जा रहे पहुंच अधिकारों, समय पर तरीके से रद्द किए जा रहे, निकास मामलों की पहुंच का मूल्यांकन शामिल है. • हमने लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक प्रणाली सृजित रिपोर्टों के लिए प्रमुख स्वचालित और मैन्युअल व्यापार चक्रीय नियंत्रण और सिस्टम द्वारा जनित रिपोर्टों के तर्कों का भी परीक्षण किया; इसके साथ ही जहां आवश्यक हुआ, वहां क्षतिपूर्ति नियंत्रणों का परीक्षण या वैकल्पिक प्रक्रियाएं अपनाकर यह मूल्यांकन किया कि क्या कोई आईटी जोखिम शेष है जो वित्तीय विवरणों अथवा इससे इतर सूचनाओं और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है.

प्रमुख लेखापरीक्षा विषय	हमारे लेखापरीक्षा में इस मामले को कैसे संबोधित किया गया
4. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और दावे: ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किए गए अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों पर कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों एवं आकस्मिक दायित्व का आकलन (अनुसूची 17 की नोट संख्या 15 एवं अनुसूची 18 की नोट संख्या 3.13) प्रावधान स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के विवेक और निर्णय की आवश्यकता होती है. बैंक को मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव एवं जहां भी आवश्यक हो कानूनी और स्वतंत्र विशेषज्ञों की राय पर आधारित होता है. तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए लाभ और बैलेंस शीट में प्रस्तुत मामलों की स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं. आकस्मिक दायित्व एक संभावित दायित्व है, जिसका परिणाम एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के घटित होने या न होने पर निर्भर होता है. प्रबंधन के दृष्टिकोण में कर मांगों सहित ऐसे दावे और मुकदमे बैंक के विरूद्ध दावे उत्पन्न नहीं करेंगे. हालाँकि, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक के रिपोर्ट किए गए वित्तीय परिणामों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं जिनका पूर्वानुमान इस स्तर पर अनिश्चित/अप्रत्याशित है. इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए, जिसमें कानून की व्याख्या में विवेक के प्रयोग की आवश्यकता होती है, इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया गया है.	हमने लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों की समझ प्राप्त कर ली है, ताकि हम अपनी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को ऐसी रूपरेखा में तैयार कर सकें जो परिस्थितियों के अनुरूप हों। हमने प्रावधान हेतु प्रबंधन द्वारा उपयोग की जाने वाली अंतर्निहित धारणाओं और अनुमानों की व्यापक समीक्षा की, लेकिन चूंकि इनका प्रभाव भविष्य के विकास पर निर्भर है जो अत्यधिक अनिश्चित हैं, अत: हमने मुख्य रूप से उन धारणाओं और अनुमानों पर भरोसा किया, जो बैंक द्वारा समय-समय पर समीक्षा के अधीन हैं. हमने दावों एवं कर मुकदमों के संबंध में बैंक द्वारा प्राप्त प्रबंधन नोट और कानूनी राय पर भरोसा किया है तथा इस तरह के मुकदमों और दावों की प्रकृति, उनकी वर्तमान स्थिति, स्थिरता, हाल के आदेशों की जांच और विभिन्न करों से प्राप्त संप्रेषणों एवं उन पर की गई कार्रवाइयों की समीक्षा के लिए अपनी आंतरिक टीम को शामिल किया है. हमने उपलब्ध अभिलेखों और अब तक की प्रगति के आधार पर यह आकलन किया है कि ये दावे/मुकतमे अंतिम समाधान के पश्चात संभावित रूप से दायित्व में परिवर्तित होंगे या नहीं.

अन्य विषय

6. इन समेकित वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित को शामिल किया गया है.

(ए) हमने बैंक की 1952 शाखाओं की वित्तीय जानकारी/वित्तीय विवरणों लेखा परीक्षण नही किया है. इन शाखाओं के एकल वित्तीय विवरण के अनुसार, 31 मार्च 2026 को इनकी कुल परिसंपत्तियाँ ₹2,98,880.60 करोड़ तथा वर्ष के लिए कुल राजस्व ₹11,985.47 करोड़ रूपये था. इन शाखाओं के वित्तीय विवरण /सूचनाओं का लेखा परीक्षण शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, जिनकी रिपोर्ट हमें उपलब्ध कराई गई है. जहाँ तक इन शाखाओं की राशियों और सार्वजनिकीकरण का संबंध है, हमारी राय पूर्णत: उन शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर आधारित है.

(बी) हमारे ऑडिट के दौरान, हमने 2613 शाखाओं के अलेखापरीक्षित रिटर्न को ध्यान में रखा है, जिन्हें बैंक प्रबंधन द्वारा प्रमाणित किया गया है. इन शाखाओं के एकल वित्तीय विवरणों में दर्शाई गई कुल परिसंपत्तियाँ 31 मार्च 2026 को ₹99,025.15 करोड़ तथा उस वर्, का कुल राजस्व ₹6,354.34 करोड़ रूपये था.

(सी) हमने एक अनुषंगी कंपनी के वित्तीय विवरणों सूचनाओं का लेखा परीक्षण नही किया है, जिसकी वित्तीय स्थितियों के अनुसार 31 मार्च 2026 को कुल परिसंपत्तियाँ ₹78.09 करोड़ तथा वर्ष के लिए कुल राजस्व ₹20.24 करोड़ था. इन वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण अन्य लेखा परीक्षक द्वारा किया गया, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई है. इस अनुषंगी कंपनी से संबंधित राशियों और प्रकटीकरण के संबंध में हमारी राय पूर्णत: उस अन्य लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर आधारित है.

(डी) समेकित वित्तीय विवरणों में एक ऐसी सहायक कंपनी की वित्तीय जानकारी/विवरण भी शामिल है, जिसकी 31 मार्च 2026 को कुल परिसंपत्तियाँ ₹1862.96 करोड़ तथा उस वर्ष का कुल राजस्व ₹183.84 करोड़ है. इन वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नही किया गया है और इन्हें समेकित वित्तीय विवरणों में प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर शामिल किया गया है. इस सहायक कंपनी से संबंधित राशियों के प्रकटीकरण से संबंध में हमारी राय केवल ऐसे अलेखापरीक्षित विवरणों पर आधारित है. हमारे मत में प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, ये वित्तीय विवरण समूह के लिए महत्वपूर्ण नही हैं.

(ई) समेकित वित्तीय विवरणों में समूह के हिस्से का ₹47.28 करोड़ का शुद्ध लाभ भी शामिल है जो (31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए) 5 सहयोगी संस्थाओं से संबंधित हैं. ये सहयोगी संस्थाएँ वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण प्रभावों की समाप्ति/खरीद की तिथियों तक अलेखापरीक्षित रही हैं. इनकी वित्तीय जानकारी हमें प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई है और इस सहायक कंपनी से संबंधित राशियों के प्रकटीकरण से संबंध में हमारी राय केवल ऐसे अलेखापरीक्षित विवरणों पर आधारित है. हमारे मत में प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, ये वित्तीय विवरण समूह के लिए महत्वपूर्ण नही हैं.

उपरोक्त विषय के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में कोई संशोधन नही किया गया है.

समेकित वित्तीय विवरणियों तथा उस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अतिरिक्त जानकारी

7. बैंक का निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं के लिए उत्तरदायी है. अन्य सूचना में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट, अनुलग्नकों सहित निदेशकों की रिपोर्ट, बैंक की लाभांश वितरण नीति, व्यवसाय उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, प्रमुख वित्तीय संकेतक और अन्य शेयरधारक जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और उस पर हमारे स्वतंत्र लेखापरीक्षा की रिपोर्ट शामिल नहीं है. उपरोक्त अन्य जानकारी इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है.

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना एवं नये पूंजी पर्याप्तता ढांचे (बेसल III प्रकटीकरण) के अंतर्गत पिलर 3 प्रकटीकरण को शामिल नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं, और न ही करेंगे.

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी ज़िम्मेदारी है कि उपर्युक्त अन्य जानकारी पढ़ें और इस बात पर विचार करें कि क्या यह जानकारी समेकित वित्तीय विवरणों या लेखा परीक्षा के दौरान प्राप्त हमारे ज्ञान से भौतिक रूप से असंगत है, गलत अथवा कही कोई गंभीर भौतिक प्रस्तुति प्रतीत होती है.

जब हम अन्य जानकारी पढ़ते हैं और यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते है कि उनमें कोई गंभीर भौतिक त्रुटि है तो हमें यह विषय गवर्नेंस से संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों (टीसीडब्ल्यूजी) को सूचित करना होता है.

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन एवं गवर्नेंस से संबंधित उत्तरदायित्व

8. मूल बैंक का प्रबंधन तथा निदेशक मंडल इन समेकित वित्तीय विवरणियों की तैयारी के लिए उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्यत: स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार समूह और इसके सहयोगियों की समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्यनिष्पादन एवं समेकित नकदी प्रवाह का सटीक एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं, जिसमें आईसीएआई द्वारा जारी लागू लेखांकन मानक तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान और भारतीय रिजर्व बैंक ('आरबीआई') द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र और दिशानिर्देश ("आरबीआई दिशानिर्देश") और न्यायिक घोषणाएं सम्मिलित हैं. इस उत्तरदायित्व में समूह

की आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का रखरखाव, उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; उचित तथा विवेकपूर्ण निर्णय एवं अनुमान लगाना; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी तथा प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक लेखांकन अभिलेख की सटीकता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे, जो सही तथा निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं एवं भौतिक असंगत बयानों से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, जिनका उपयोग बैंक के निदेशक मंडल द्वारा उपर्युक्त कथन/विवरण को तैयार करने के उद्देश्य से किया गया है, भी शामिल है.

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, समूह में शामिल संस्थाओं और उसके सहयोग समूह के संबंधित निदेशक मंडल इस बात के लिए भी उत्तरदायी है कि वे समूह की सतत परिचालन क्षमता का आकलन करें, जहां लागू हो वहां सतत परिचालन से संबंधित मामलों का प्रकटीकरण करें और सतत परिचालन की लेखांकन नीति का उपयोग करें, जब तक कि निदेशक मंडल का आशय समूह का परिसमापन करने या उसका संचालन बंद करने का न हो अथवा उनके पास कोई व्यवहारिक विकल्प न हो.

संबंधित समूह में शामिल संस्थाओं और सहयोगियों के निदेशक मंडल भी समूह और सहयोगियों की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए उत्तरदायी है.

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

9. हमारा उद्देश्य यह युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि समेकित वित्तीय विवरणियाँ समग्र रूप से , भौतिक रूप से किसी प्रकार की गलत प्रस्तुति, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या त्रुटि के कारण से युक्त है, और इस पर हमारी राय सहित लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना है. यह युक्तिसंगत आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार किया गया प्रत्येक लेखा परीक्षण हर स्थिति में भौतिक गलत बयानी का पता लगा लेगा. गलत बयानी, धोखाधड़ी अथवा त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है और इसे भौतिक तब तक माना जाता है जब व्यक्तिगत रूप से या समष्टि रूप से, यह उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को इन समेकित वित्तीय विवरणियों के आधार पर यथोचित रूप से प्रभावित कर सकती है.

लेखांकन के मानदंडों के अनुरुप लेखापरीक्षा के एक भाग के तौर पर, हम व्यावसायिक निर्णय प्रक्रिया का पालन करते हैं एवं लेखापरीक्षा के दौरान व्यावसायिक संशयशीलता बनाए रखते हैं. हम निम्नलिखित कार्य भी करते है:

- समेकित वित्तीय विवरणों में संभावित भौतिक गलतबयानी के जोखिमों की पहचान एवं उनका आकलन करना, चाहे वे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन कर निष्पादित करना और लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना जो हमारी राय को आधार देने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हों. धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाली भौतिक गलतबयानी का पता नहीं चलने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम से अधिक होता है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत प्रस्तुति या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है.
- लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों को समझना ताकि ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन किया जा सके जो परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त हो, लेकिन समूह के आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशीलता पर राय व्यक्त करना इसका उद्देश्य नहीं होता हैं.
- प्रयोग की गई लेखांकन नीतियों के औचित्य एवं प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों एवं संबंधित प्रकटीकरण की युक्तिसंगतता का मूल्यांकन करना.
- प्रबंधन द्वारा सतत चालू रहने की अवधारणा के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालना और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर यह मूल्यांकन करना कि क्या कोई ऐसी भौतिक अनिश्चितता मौजूद है जो समूह और उसके सहयोगियों की सतत जारी रहने की क्षमता पर महत्वपूर्ण गंभीर संदेह पैदा कर सकती है. यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि भौतिक अनिश्चितता मौजूद है तो हमें अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित प्रकटीकरण पर ध्यान आकर्षित करना आवश्यक होता है अथवा, यदि ऐसे प्रकटीकरण अपर्याप्त है. तो हमें अपनी राय में संशोधन करना होता है हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं. तथापि, भविष्य की घटनाएं या परिस्थितियां समूह और उसके सहयोगियों को सतत चलायमान रहने से रोक सकती हैं.

- प्रकटीकरण सहित समेकित वित्तीय विवरणियों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं सामग्री का मूल्यांकन करना एवं यह मूल्यांकन करना कि क्या समेकित वित्तीय विवरणियां अंतर्निहित लेनदेन एवं घटनाओं की न्यायसंगत प्रस्तुति के अनुरूप चित्रण करते हैं.
- समूह में शामिल उन संस्थाओं या व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त और उपयुक्त साक्ष्य प्राप्त करना जिनका हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक के रूप में लेखा परीक्षण कर चुके हैं, ताकि समेकित वित्तीय विवरणियों पर राय व्यक्त की जा सके. हम उन संस्थाओं के वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा की दिशा, पर्यवेक्षण और निष्पादन हेतु उत्तरदायी हैं, जिनके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं. समेकित वित्तीय विवरणियों में शामिल अन्य संस्थाओं हेतु, जिनके लेखा परीक्षण अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा किया गया है के विषय में लेखापरीक्षण की दिशा, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए वे लेखा परीक्षा स्वयं उत्तरदायी रहते है. हम अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए पूरी तरह उत्तरदायी हैं.

भौतिकता समेकित वित्तीय विवरणियों में गलत बयानों का परिणाम है, जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, यह संभव बनाती है कि वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय को प्रभावित कर सकती हैं. हम (i) अपने लेखापरीक्षण के कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने, और (ii) समेकित वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचाने गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने में मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं.

हम अन्य विषयों के अलावा, लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे तथा समय और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा के निष्कर्षों के संबंध में मूल बैंक के गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी लोगों के साथ संवाद करते हैं, इसमें आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमियां, जिन्हें हम अपने लेखापरीक्षा के दौरान पाते है, शामिल हैं.

हम उन बैंक के सन्दर्भ में गवर्नेंस के प्रति उत्तरदायी लोगों को भी एक वचन देते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और उन सभी संबंधों और अन्य विषयों के बारे में संवाद करते है जो हमारी स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकते हैं और जहां लागू हो संबंधित सुरक्षा, उपायों पर भी जानकारी देते हैं.

गवर्नेंस के प्रति उत्तरदायी लोगों के साथ संवाद किए गए मामलों से, हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा विषय हैं.

हम अपने लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में इन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन इस मामलों में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि किसी विषय को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के सार्वजनिक हित प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकते है.

अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

10. समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तैयार किया गया है.

11. उपरोक्त पैराग्राफ 6, 8 से 9 में उल्लिखत लेखापरीक्षा की सीमाओं के अधीन और जैसा कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 द्वारा अपेक्षित, हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार के आधार पर अलग-अलग वित्तीय विवरणों और सहायक कंपनियों और सहयोगियों की अन्य वित्तीय जानकारी पर, जैसा कि "अन्य मामले" पैराग्राफ में उल्लेख किया गया है, हम यह प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हैं कि:

ए) हमने सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, हमारे लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे और उन्हें संतोषजनक पाया है.

बी) हमारी जानकारी में आए लेन-देन समूह की शक्तियों के अंतर्गत हैं, और

सी) समूह के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त विवरणियां हमारे लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त पाए गए हैं.

12. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 30(2) के प्रावधानों तथा भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र सं. DOS.ARG. NO.6270/08.91.001/2019 - 20 दिनांक 17 मार्च 2020, जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में वैधानिक केन्द्रीय लेखा परीक्षकों की नियुक्ति और वित्तीय वर्ष 2019-20 से उनकी रिपोर्टिंग संबंधी दायित्वों से संबंधित है तथा आरबीआई द्वारा 19 मई 2020 को जारीअनुवर्ती निर्देशों के साथ पढ़े जाने पर हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि:

ए) हमारी राय में, मूल बैंक द्वारा विधिक रूप से अपेक्षित उचित लेखा पुस्तकें रखी गई हैं, जो हमारे द्वारा उन पुस्तकों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों की हमारी जांच से स्पष्ट होता है और हमारे लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त उचित विवरणियां उन शाखाओं से प्राप्त हुई हैं जिनका हमने दौरा नहीं किया है.

बी) इस रिपोर्ट से संबंधित समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह विवरण संबंधित लेखा पुस्तकों और हमारे द्वारा नहीं देखी गई शाखाओं से प्राप्त रिटर्न के अनुरूप हैं.

सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के तहत बैंक की शाखाओं के खातों पर लेखा परीक्षकों द्वारा रिपोर्ट हमें भेजी गई है और इस रिपोर्ट को तैयारी में हमने उन्हें यथोचित रूप से सम्मिलित किया है.

डी) हमारी राय में, समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ-हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह विवरण लागू लेखांकन मानकों का इस सीमा तक अनुपालन करते हैं, कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों से असंगत न हो.

ई) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई अवलोकन या टिप्पणियाँ नहीं हैं जिनका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.

एफ) चूंकि मूल बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत नहीं है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उपधारा (2) के तहत बैंक के निदेशक होने की अयोग्यता मूल बैंक पर लागू नहीं होती है.

भारत में निगमित एक सहायक कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, भारत में निगमित सहायक कंपनी का कोई भी निदेशक 31 मार्च 2026 को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) के संदर्भ में निदेशक के रूप में नियुक्त होने से अयोग्य नहीं पाया गया है..

जी) लेखों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों के संबंध में कोई आपत्तियां, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं है.

एच) आईसीएआई द्वारा जारी "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा पर तकनीकी मार्गदर्शिका" के पैरा 1.14 के अनुसार, आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू की गई रिपोर्टिंग आवश्यकता सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एकल वित्तीय विवरणों पर लागू होती है. तदनुसार, समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर समूह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्टिंग नहीं की गई है.

कृते **एडीबी एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 005593C

सीए अरुण अग्रवाल
भागीदार
एम.नं. – 409937
यूडीआईएन: 26409937RTSFIW3278

कृते **जैन पारस बिलाला एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 011046C

सीए पारस बिलाला
भागीदार
एम.नं. – 400917
यूडीआईएन: 26400917SLROFC9677

कृते **अमित राय एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 000483C

सीए अभिषेक शर्मा
भागीदार
एम.नं. – 403861
यूडीआईएन: 26403861TVONWL8556

कृते **गर्ग अशोक एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 012127N

सीए अशोक कुमार
भागीदार
एम.नं. – 090991
यूडीआईएन: 26090991UQMAKH3723

स्थान : मुंबई
दिनांक : 30.04.2026

समेकित तुलन पत्र

31 मार्च 2026 को लेखापरीक्षित

(000 को छोड़कर)

विवरण	अनुसूची क्रमांक	31 मार्च 2026 को ₹	31 मार्च 2025 को ₹
पूंजी एवं देयताएं			
पूंजी	1	90,514,012	90,514,012
आरक्षित निधि एवं अधिशेष	2	299,497,387	278,300,775
अल्प ब्याज	2A	921,786	851,657
जमा	3	4,684,439,999	4,132,709,815
उधार राशि	4	318,542,048	218,196,431
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	5	116,876,228	83,995,728
कुल		**5,510,791,460**	**4,804,568,418**
आस्तियां			
भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकद एवं शेष	6	189,529,570	229,314,258
अन्य बैंकों के पास शेष एवं मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	7	188,817,444	132,659,652
निवेश	8	1,576,071,527	1,416,522,608
अग्रिम	9	3,382,086,016	2,835,054,044
अचल आस्तियां	10	51,255,146	52,051,373
अन्य आस्तियां	11	122,270,020	138,877,587
समेकन पर सुनाम		761,737	88,896
कुल		**5,510,791,460**	**4,804,568,418**
आकस्मिक देयताएं	12	2,110,393,595	1,437,119,094
वसूली के लिए बिल		97,329,706	82,737,699

उपर्युक्त उल्लेखित अनुसूचियां तुलन पत्र के अभिन्न भाग हैं.

एम वी मुरली कृष्णा
कार्यपालक निदेशक

महेंद्र दोहरे
कार्यपालक निदेशक

ई. रतन कुमार
कार्यपालक निदेशक

कल्याण कुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बी.पुरुषार्थ
निदेशक

मनोरंजन दास
निदेशक

प्रियव्रत शर्मा
निदेशक

शारदा कुमार होता
निदेशक

एडीबी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन: 005593सी

सीए अरुण अग्रवाल
पार्टनर
एम. संख्या 409937

अमित रे एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन: 000483सी

सीए अभिषेक शर्मा
पार्टनर
एम. संख्या 403861

जैन पारस बिलाला एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन: 011046सी

सीए. पारस बिलाला
पार्टनर
एम. संख्या 400917

गर्ग अशोक एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन:012127एन

सीए. अशोक कुमार
पार्टनर
एम.संख्या 090991

स्थान: मुंबई
दिनांक: 30 अप्रैल, 2026

समेकित लाभ एवं हानि खाता

मार्च 31, 2026 को समाप्त वर्ष हेतु

(000 को छोड़कर)

विवरण		अनुसूची क्रमांक	31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष ₹	31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष ₹
I.	**आय**			
	अर्जित ब्याज	13	361,676,945	337,974,470
	अन्य आय	14	64,154,439	56,582,717
	कुल		425,831,384	394,557,187
II.	**व्यय**			
	व्यय किया गया ब्याज	15	219,260,535	198,296,709
	परिचालन व्यय	16	120,500,558	114,509,442
	प्रावधान एवं आकस्मिकताएं		41,235,116	43,573,040
	कुल		**380,996,209**	**356,379,191**
	सहयोगी ईकाई में अर्जक/हानि का शेयर		472,828	1,254,095
	अल्प ब्याज में कटौती से पूर्व अवधि के लिए समेकित शुद्ध लाभ/(हानि)		45,308,003	39,432,091
	घटाएं: अल्प ब्याज		70,129	90,037
III.	**समूह के पूर्व अवधि मद के पहले कर कटौती वर्ष के लिए लाभ/(हानि)**		**45,237,874**	**39,342,054**
	जोडे - पूर्व अवधि मद		55,503,499	28,300,561
	पूर्व अवधि मद के पश्चात् वर्ष के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)		-	571
	जोडे - अग्रिम लाभ/(हानि) शेष			
IV.	**विनियोजन**			
	संवैधानिक आरक्षित निधियों का अंतरण		10,921,494	9,463,145
	अन्य निधियों का अंतरण		15,707,141	2,676,542
	ए. पूंजी निधियां		1,397,331	883,270
	बी. राजस्व निधियां		13,831	17,841
	सी. निवेश उतार-चढ़ाव निधियां		2,878,201	-
	डी. धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षित निधि		556,098	78,046
	लाभांश हेतु अंतरण :			-
	ए. अंतरिम लाभांश – इक्विटी पूंजी – जून, सितम्बर एवं दिसम्बर 2025		5,430,840	-
	बी. अंतरिम लाभांश – इक्विटी पूंजी – चौथी तिमाही हेतु पिछले संगत वित्त वर्ष 2024-25 का लाभांश		5,430,840	1,697,385
	तुलन पत्र में स्थानांतरित शेष		74,112,738	55,503,499
	कुल		**100,741,373**	**67,643,186**
	प्रति शेयर (₹ में) अर्जन - आधार (₹10/- प्रति शेयर मैद्रिक मूल्य)		5.00	4.53
	प्रति शेयर (₹ में) अर्जन - डायल्यूटेड (₹10/- प्रति शेयर मैद्रिक मूल्य)		5.00	4.53

उपर्युक्त उल्लेखित अनुसूचियां समेकित लाभ एवं हानि खातों का अभिन्न भाग हैं.

एम वी मुरली कृष्णा
कार्यपालक निदेशक

महेंद्र दोहरे
कार्यपालक निदेशक

ई. रतन कुमार
कार्यपालक निदेशक

कल्याण कुमार
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बी.पुरुषार्थ
निदेशक

मनोरंजन दास
निदेशक

प्रियव्रत शर्मा
निदेशक

शारदा कुमार होता
निदेशक

एडीबी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन: 005593सी

सीए अरुण अग्रवाल
पार्टनर
एम. संख्या 409937

अमित रे एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन: 000483सी

सीए अभिषेक शर्मा
पार्टनर
एम. संख्या 403861

जैन पारस बिलाला एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन: 011046सी

सीए. पारस बिलाला
पार्टनर
एम. संख्या 400917

गर्ग अशोक एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
एफआरएन:012127एन

सीए. अशोक कुमार
पार्टनर
एम.संख्या 090991

स्थान: मुंबई
दिनांक: 30 अप्रैल, 2026

समेकित तुलन-पत्र का भाग बनने वाली अनुसूचियां

31 मार्च 2026 को

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को ₹	₹	31 मार्च 2025 को ₹	₹
अनुसूची 1 : पूंजी				
अधिकृत पूंजी		100,000,000		100,000,000
प्रति ₹ 10/- के 1000,00,00,000 शेयर				
जारी, अभिदत्त एवं चुकता पूंजी:	90,514,012		90,514,012	
(प्रति ₹ 10/- के 9051401274 इक्विटी शेयर)				
अभिदत्त पूंजी	90,514,012		90,514,012	
(प्रति ₹ 10/- के 9051401274 इक्विटी शेयर)				
चुकता पूंजी	90,514,012		90,514,012	
(प्रति ₹ 10/- के 9051401274 इक्विटी शेयर)				
(प्रति ₹ 10/- के 9051401274 इक्विटी शेयर पिछले वर्ष)				
9051401274 इक्विटी शेयर) केन्द्र सरकार द्वारा धारित				
प्रति शेयर ₹ 10/- के 8080391687 इक्विटी शेयर सहित)				
		90,514,012		90,514,012
कुल		**90,514,012**		**90,514,012**
अनुसूची 2 : आरक्षित निधियां एवं अधिशेष				
I. **संवैधानिक निधियां**				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	43,039,372		33,576,227	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	10,921,494		9,463,145	
		53,960,866		43,039,372
II. **पूंजीगत निधियां**				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	20,046,613		19,163,086	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	1,608,574		883,527	
		21,655,187		**20,046,613**
III. **पुनर्मूल्यांकित निधियां**				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	39,216,328		40,847,181	
जोड़े: वर्ष के दौरान पुनर्मूल्यांकन	-		-	
घटाएं: राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधियों में अंतरण	607,145		1,630,853	
वर्ष के दौरान कटौती	-		-	
		38,609,183		**39,216,328**
IV. **शेयर प्रीमीयम**				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	85,961,710		74,666,328	
वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन	-		11,295,382	
वर्ष के दौरान कटौती	-		-	
		85,961,710		**85,961,710**

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को ₹	₹	31 मार्च 2025 को ₹	₹
V. अन्य आरक्षित निधियां				
ए) धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षित निधियां				
पिछले तुलन पत्र के अनुसार शेष	1,737,959		1,660,319	
जोडें-वर्ष के दौरान परिवर्धन	556,098		78,046	
घटाएं- वर्ष के दौरान कटौती	-		406	
		2,294,057		**1,737,959**
VI. राजस्व एवं अन्य सामान्य निधियां				
i) निवेश अस्थिर निधियां				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	9,071,633		8,502,889	
जोड़े: वर्ष के दौरान परिवर्धन	2,878,201		568,742	
घटाएं: वर्ष के दौरान कटौती	-		-	
	11,949,834		**9,071,631**	
ii) निवेश निधियां				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	-		568,742	
जोड़े: राजस्व निधि से अंतरण	-		-	
जोड़े- वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		-	
घटाएं: वर्ष के दौरान कटौती	-		568,742	-
	-		**-**	
iii) एएफएस निधियां				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	4,865,217		-	
जोड़े: वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		4,865,217	
वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन	-		-	
घटाएं: वर्ष के दौरान कटौती	13,390,827		-	
	(8,525,610)		**4,865,217**	
iv) सामान्य आरक्षित निधियां:				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	(12,439,472)		-	
जोड़े: वर्ष के दौरान परिवर्धन	-		36,974,062	
वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन	-		-	
घटाएं: वर्ष के दौरान कटौती	-		49,413,534	
	(12,439,472)		**(12,439,472)**	
v) राजस्व निधियां				
अंतिम तुलन पत्र अनुसार शेष	31,297,918		29,649,389	
जोड़े: पुनर्मूल्यांकन निधि से अंतरण	607,145		1,630,853	
वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन	13,831		17,841	
घटाएं: वर्ष के दौरान कटौती	-		165	
	31,918,894		31,297,918	
उप-योग VI – राजस्व / अन्य सामान्य आरक्षित निधियाँ		**22,903,646**		**32,795,294**

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को ₹	₹	31 मार्च 2025 को ₹	₹
VII. **लाभ एवं हानि खाते में शेष राशि**				
पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष राशि	55,503,499		28,300,561	
जोड़े- लाभ एवं हानि में समायोजन	-		571	
जोड़े- लाभ के विनियोग के बाद वर्ष के लिए लाभ	18,609,239		27,202,367	
		74,112,738		55,503,499
कुल		**299,497,387**		**278,300,775**
अनुसूची 2ए: अल्प ब्याज				
जिस दिनांक पर मूल/सहयोगी संबंध अस्तित्व में आए उस दिनांक पर अल्प ब्याज	24,500		24,500	
अनुवर्ती वृद्धि/कमी	897,286		827,157	
तुलन पत्र की दिनांक पर अल्प ब्याज		**921,786**		**851,657**
अनुसूची 3: जमा				
ए. I. मांग जमा				
i) बैंकों से	8,350,883		9,295,157	
ii) अन्य से	207,258,056		193,907,922	
		215,608,939		**203,203,079**
II. **बैंक बचत जमा**		2,000,240,110		1,817,614,464
III. **सावधि जमा**				
i) बैंकों से	6,036,504		7,962,218	
ii) अन्य से	2,462,554,446		2,103,930,054	
		2,468,590,950		2,111,892,272
कुल (I, II और III)		**4,684,439,999**		**4,132,709,815**
बी. i) भारत में शाखाओं की जमा		4,684,439,999		4,132,709,815
ii) भारत के बाहर शाखाओं की जमा		-		-
कुल (i और ii)		**4,684,439,999**		**4,132,709,815**
अनुसूची 4 : उधार				
I. भारत में उधार				
i) भारतीय रिजर्व बैंक	132,000,000		88,910,000	
ii) अन्य बैंक	75,052,539		25,567,286	
iii) अन्य संस्थान एवं संगठन	93,170,284		83,719,145	
iv) असुरक्षित प्रतिदेय बॉन्ड (सहायक उधार)	-		-	
v) ऊपरी टीयर II बॉन्ड				
vi) नवोन्मेषी सतत ऋण उपाय	-		-	
vii) असुरक्षित प्रतिदेय एनसी बेसल III बॉन्ड (टीयर II)	-		-	
vii) असुरक्षित प्रतिदेय एनसी बेसल III बॉन्ड (टीयर II)	15,000,000		20,000,000	
		315,222,823		218,196,431
II. भारत के बाहर से उधार		3,319,225.00		-
कुल		**318,542,048**		**218,196,431**
उपरोक्त I एवं II में शामिल सुरक्षित उधारियाँ.		253,765,766		157,723,880

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को ₹	₹	31 मार्च 2025 को ₹	₹
अनुसूची 5 : अन्य प्रावधान एवं देयताएं				
I. देय बिल	11,089,737		9,489,218	
II. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	24,209		2,552	
III. उपार्जित ब्याज	7,193,221		7,938,679	
IV. आस्थगित कर देयताएं	-		-	
V. अन्य (प्रावधान सहित)	98,569,061	116,876,228	66,565,279	83,995,728
★इसमें वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मानक परिसंपत्तियों हेतु प्रावधान ₹3280.90 करोड़ (वित्त वर्ष 2024-25 ₹2713.73 करोड़) एवं देय लाभांश ₹543.08 करोड़ शामिल है।				
कुल		**116,876,228**		**83,995,728**
अनुसूची 6 : भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकद एवं शेष				
I. नकद (विदेशी मुद्रा नोट सहित)		13,784,372		14,203,351
II. भारतीय रिजर्व बैंक के पास शेष				
चालू खातों में	137,515,198		184,110,907	
अन्य खातों में	38,230,000		31,000,000	
		175,745,198		215,110,907
कुल (I and II)		**189,529,570**		**229,314,258**
अनुसूची 7 :बैंकों के पास शेष एवं मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि				
I. भारत में				
i) बैंकों के पास शेष				
ए) चालू खातों में	136,767		130,033	
बी) अन्य जमा खातों में	-		-	
		136,767		130,033
ii) मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि				
ए) बैंकों के पास	-		-	
बी) अन्य संगठनों के पास	5,002,454		1,808,962	
		5,002,454		**1,808,962**
कुल... I		**5,139,221**		**1,938,995**
II. भारत से बाहर				
ए) चालू खातों में	2,069,198		1,226,032	
बी) अन्य जमा खातों में	181,609,025		129,494,625	
सी) मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	-		-	
कुल II		183,678,223		130,720,657
कुल .....(I+II)		188,817,444		132,659,652

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को ₹	₹	31 मार्च 2025 को ₹	₹
अनुसूची 8 : निवेश				
I. भारत में निवेश:*				
i) सरकारी प्रतिभूतियां	1,288,786,246		1,119,511,313	
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	-		-	
iii) शेयर	14,312,803		16,140,694	
iv) डिबेंचर एवं बॉन्ड	257,115,146		266,498,865	
v) सहायक और प्रायोजित संस्थान	4,910,350		6,257,769	
vi) अन्य				
a) (वाणिज्यिक पत्र, म्युचुअल फण्ड इकाइयां आदि.)	6,784,709		4,823,919	
कुल I		**1,571,909,254**		**1,413,232,560**
II. भारत के बाहर निवेश				
i) सरकारी प्रतिभूतियां	-		-	
ii) सहायक और प्रायोजित संस्थान	4,162,273		3,290,048	
iii) अन्य निवेश	-		-	
कुल II		**4,162,273**		**3,290,048**
कुल (I और II)		**1,576,071,527**		**1,416,522,608**
III. भारत में निवेश				
सकल मूल्य	1,587,023,618		1,429,200,294	
घटाएं: प्रावधान पर मूल्यह्रास	15,114,364		15,967,734	
निवल मूल्य		1,571,909,254		1,413,232,560
IV. भारत के बाहर निवेश				
सकल मूल्य	4,162,273		3,290,048	
घटाएं: प्रावधान पर मूल्यह्रास	-		-	
निवल मूल्य		4,162,273		3,290,048
कुल		**1,576,071,527**		**1,416,522,608**
अनुसूची 9: अग्रिम				
ए. i) क्रय एवं बट्टाकृत बिल	53,341,211		35,239,769	
ii) नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकाए जाने वाले ऋण	1,652,639,373		1,372,127,805	
iii) सावधि ऋण	1,676,105,432		1,427,686,470	
कुल (i, ii और iii)		**3,382,086,016**		**2,835,054,044**
बी. अग्रिमों का विवरण:				
i) मूर्त परिसंपत्तियों द्वारा सुरक्षित (बही ऋण पर अग्रिमों सहित)	2,895,799,935		2,301,219,326	
ii) बैंक/सरकारी गारंटी से कवर	23,076,997		18,375,259	
iii) असुरक्षित	463,209,084		515,459,459	
कुल (i, ii और iii)		**3,382,086,016**		**2,835,054,044**

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को ₹	₹	31 मार्च 2025 को ₹	₹
सी. अग्रिमों का खण्डवृत्त वर्गीकरण				
(I) भारत में अग्रिम				
i) प्राथमिक क्षेत्र	1,529,714,919		1,289,197,730	
ii) सार्वजनिक क्षेत्र	13,953,984		20,016,899	
iii) बैंक	369		-	
iv) अन्य	1,838,416,744		1,525,839,415	
कुल (i, ii, iii **और** iv)		3,382,086,016		2,835,054,044
कुल		3,382,086,016		2,835,054,044
(II) भारत के बाहर अग्रिम		-		-
अनुसूची 10 : अचल आस्तियां				
I. **परिसर**				
(लागत/पुनर्मूल्यांकित लागत पर)				
पिछले वर्ष के 31 मार्च तक का शेष	53,840,545		53,752,805	
वर्ष के दौरान परिवर्धन	65,951		87,740	
वर्ष के दौरान पुनर्मूल्यांकन के कारण परिवर्धन	-		-	
कुल	**53,906,496**		**53,840,545**	
वर्ष के दौरान कटौती एवं समायोजन	-		-	
कुल	**53,906,496**		**53,840,545**	
दिनांक तक मूल्यह्रास	12,908,295		12,273,298	
कुल...I		**40,998,201**		**41,567,247**
II. **अन्य अचल आस्तियां**				
(फर्नीचर व फिक्सचर सहित)				
पिछले वर्ष के 31 मार्च तक लागत	33,027,530		43,307,453	
वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन	4,512,575		4,464,169	
कुल	37,540,105		47,771,622	
वर्ष के दौरान कटौतियाँ / समायोजन	650,691		14,744,093	
कुल	36,889,414		33,027,529	
दिनांक तक मूल्यह्रास	26,632,469		22,543,403	
कुल....II		**10,256,945**	.	**10,484,126**
कुल ... (I + II)		**51,255,146**		**52,051,373**
पूंजीगत कार्य प्रगति पर	-		-	
कुल (I, II और III)		**51,255,146**		**52,051,373**

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को ₹	₹	31 मार्च 2025 को ₹	₹
अनुसूची 11: अन्य आस्तियां				
I. **अंतर कार्यालय समायोजन (शुद्ध)**	-		-	
II. **उपचित ब्याज**	26,533,643		22,961,661	
III. **अग्रिम रूप से कर का भुगतान/स्रोत पर कर कटौती**	35,127,821		37,000,518	
IV. **स्टेशनरी एवं मुहरें**	336,013		272,128	
V. **दावों की संतुष्टि के लिए अर्जित गैर-बैंकिंग आस्तियां**	-		-	
VI. **आस्थगित कर परिसंपत्तियां**	16,177,088		31,340,208	
VII. **अन्य**	44,095,455		47,303,072	
		122,270,020		138,877,587
कुल		**122,270,020**		**138,877,587**
अनुसूची 12 : आकस्मिक देयताएं				
I. **ए) बैंक के विरूद्ध दावों को ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया**		4,205,064		4,173,800
बी) अपीलों, संशोधनों के अंतर्गत विवादित आयकर मांगें*		59,377,056		65,191,711
II. आंशिक रूप से भुगतान किए गए निवेश के लिए देयता		11,270,113		11,780,241
III. अग्रिम विनियम अनुबंध बकाया के कारण देयता		1,857,430,740		1,187,035,182
IV. ग्राहक की ओर से दी गई गारंटी				
ए) भारत में	107,447,794		99,834,082	
बी) भारत के बाहर से	961,928		338,240	
		108,409,722		**100,172,322**
V. स्वीकृतियां, समर्थन और अन्य दायित्व		31,904,221		34,669,411
VI. अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है		37,796,679		34,096,427
कुल		**2,110,393,595**		**1,437,119,094**

* अपीलों एवं पुनरीक्षण के अंतर्गत विवादित कर मांगें (जिसमें आयकर विभाग द्वारा दायर अपीलें शामिल हैं) 31 मार्च 2026 को ₹5130,49,39 (000 को छोड़कर) थीं, जबकि 31 मार्च 2025 को यह ₹5802,75,23 (000 को छोड़कर) थीं। टीडीएस से संबंधित मांग हेतु वित्तीय विवरणों में पहले ही प्रावधान किया जा चुका है।

समेकित लाभ एवं हानि खाते का भाग बनने वाली अनुसूचियाँ

31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष ₹	31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष ₹
अनुसूची 13: अर्जित ब्याज		
I. अग्रिमों/बिलों पर ब्याज/छूट	241,773,920	224,563,325
II. निवेश पर आय (लाभांश सहित)	102,142,154	100,961,969
III. भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य अंतरबैंक निधियों के पास शेष पर ब्याज	12,538,285	9,164,034
IV. अन्य	5,222,586	3,285,142
कुल	**361,676,945**	**337,974,470**
अनुसूची 14 : अन्य आय		
I. **आयोग, विनिमय एवं दलाली**	22,329,606	21,804,305
II. **भूमि, बिल्डिंग एवं अन्य परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ**	71,415	27
घटाएं: भूमि, बिल्डिंग एवं अन्य परिसम्पत्तियों की बिक्री पर हानि	108,490	243,995
III. **ट्रांजैक्शन विनिमय पर लाभ**	1,828,534	2,249,797
घटाएं: ट्रांजैक्शन विनिमय पर हानि	-	-
IV. **निवेश बिक्री पर लाभ (शुद्ध)**	12,558,908	10,479,077
घटाएं: निवेश बिक्री पर हानि	1,173,751	-
V. **निवेश के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ**	-	1,448,537
घटाएं: निवेश के पुनर्मूल्यांकन पर हानि	933,308	-
VI. **विविध आय**		
ए. विदेश में/ भारत में सहायक कंपनियों एवं सहयोगियों से लाभांश आदि के माध्यम से अर्जित आय	157,898	75,085
बी. अन्य	29,423,627	20,769,884
कुल	**64,154,439**	**56,582,717**

**निवेश की बिक्री पर मुनाफे/नुकसान (शुद्ध) में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक में निवेश की बिक्री से हुआ लाभ रु.20,22,292 (000 को छोड़कर) और उत्तर बंगा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में निवेश की बिक्री से हुआ नुकसान रु. (11,73,751) (000 को छोड़कर) शामिल हैं.

(000 को छोड़कर)

विवरण	31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष ₹	31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष ₹
अनुसूची 15 : व्यय किया गया ब्याज		
I. जमा पर ब्याज	210,500,459	185,344,052
II. भारतीय रिजर्व बैंक/ अंतर्बैंक उधार पर ब्याज	2,548,933	4,700,248
III. अन्य	6,211,143	8,252,409
कुल	**219,260,535**	**198,296,709**
अनुसूची 16 : परिचालन पर व्यय		
I. कर्मचारियों के लिए भुगतान एवं प्रावधान	76,003,763	72,348,461
II. किराया, कर एवं बिजली	6,881,387	6,730,770
III. प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी	348,794	382,216
IV. विज्ञापन एवं प्रकाशन	456,159	390,807
V. ए) पट्टाकृत परिसंपत्तियों के अलावा बैंक की संपत्तियों पर मूल्यह्रास	5,297,631	5,575,736
बी) बैंक की अन्य संपत्तियों पर मूल्यह्रास	-	-
VI. निदेशक के शुल्क, भत्ते एवं व्यय	19,208	11,041
VII. लेखापरीक्षकों के शुल्क एवं व्यय (शाखा के लेखापरीक्षकों की शुल्क सहित)	540,287	427,268
VIII. विधि शुल्क	632,539	610,454
IX. डाक, टेलीग्राम, टेलीफोन आदि	938,417	885,541
X. मरम्मत व रखरखाव	2,172,347	2,080,013
XI. बीमा	5,803,327	4,872,677
XII. गुडबिल का परिशोधन, यदि कोई हो	-	-
XIII. अन्य व्यय	21,406,699	20,194,458
कुल	**120,500,558**	**114,509,442**

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियाँ

31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार

अनुसूची 17 - महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

(ए) पृष्ठभूमि

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (बैंक) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के तहत पंजीकृत एक निगमित निकाय है और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित है। इसका मुख्य व्यवसाय व्यक्तियों, वाणिज्यिक उद्यमों, बड़े कॉरपोरेट्स, सार्वजनिक निकायों और संस्थागत ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला के साथ बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है। यह व्यवसाय भारत में इसकी शाखाओं के माध्यम से संचालित किया जाता है। बैंक के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया समूह में वर्तमान में मूल बैंक और निम्नलिखित संबंधित संस्थाएं शामिल हैं:

कंपनी का नाम	देश	संबंध	बैंक का स्वामित्व अनुपात
सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड	भारत	सहायक कंपनी	64.40%
सेंट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड	भारत	सहायक कंपनी	100%
जेनरली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	सहयोगी संस्था	24.91%
जेनरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	सहयोगी संस्था	25.27%
इंडो-जाम्बिया बैंक लिमिटेड	जाम्बिया	सहयोगी संस्था	20%
उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक (UBGB), मुजफ्फरपुर	भारत	सहयोगी संस्था (30 अप्रैल 2025 तक)	
उत्तर बंग क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (UBKGB), कूचबिहार	भारत	सहयोगी संस्था (30 अप्रैल 2025 तक)	

(बी) तैयारी का आधार

समेकित वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत अभिसमय (historical cost conventions) के तहत तैयार किए गए हैं, सिवाय परिसरों के पुनर्मूल्यांकन के संबंध में, और ये चालू संस्था (going concern), निरंतरता (consistency), और उपार्जन (accrual) की मूलभूत लेखांकन मान्यताओं का पालन करते हैं तथा सभी महत्वपूर्ण पहलुओं में भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) के अनुरूप हैं, जिसमें लागू वैधानिक प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विनियामक मानदंड (बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 द्वारा निर्धारित मानदंडों सहित), लेखांकन मानक (AS) और आईसीएआई द्वारा जारी घोषणाएं तथा भारत में बैंकिंग उद्योग के भीतर प्रचलित प्रथाएं शामिल हैं। ये वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची के तहत आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।

(सी) समेकन का आधार

समूह के समेकित वित्तीय विवरण निम्नलिखित के आधार पर तैयार किए गए हैं:

(ए) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (मूल बैंक) के लेखापरीक्षित (Audited) वित्तीय विवरण।

(बी) आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक 21 समेकित वित्तीय विवरण" के अनुसार, सहायक कंपनियों की परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय जैसी समान मदों का मूल बैंक की संबंधित मदों के साथ लाइन-दर-लाइन एकीकरण तथा सभी महत्वपूर्ण अंतर-समूह शेष/लेनदेन और अवास्तविक लाभ/हानि को समाप्त करने के बाद।

(सी) सहयोगी संस्थाओं में निवेश का हिसाब आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक (AS) 23 (समेकित वित्तीय विवरणों में सहयोगी संस्थाओं में निवेश के लिए लेखांकन) के अनुसार इक्विटी विधि के तहत रखा गया है।

(डी) इंडो जाम्बिया बैंक लिमिटेड के वित्तीय विवरण लागू स्थानीय विनियामक आवश्यकताओं और/या अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं। सहयोगी संस्था से प्राप्त वित्तीय विवरण इन समेकित वित्तीय विवरणों में इसके समेकन का एकमात्र आधार बनते हैं। सहयोगी संस्था अपनी लेखांकन अवधि के रूप में कैलेंडर वर्ष का पालन करती है, जो मूल बैंक की लेखांकन अवधि से भिन्न है। तदनुसार, मूल बैंक के लाभ या हानि के

आनुपातिक हिस्से को लेखापरीक्षित अवधि के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर और बीच की अपरीक्षित अवधि के लिए सहयोगी संस्था की प्रबंधन-प्रमाणित/अपरीक्षित वित्तीय जानकारी के आधार पर माना गया है।

(ई) समेकित वित्तीय विवरण समान परिस्थितियों में समान लेनदेन और अन्य घटनाओं के लिए एकसमान लेखांकन नीतियों का उपयोग करके तैयार किए जाते हैं और जहां तक संभव हो, कंपनी के अलग वित्तीय विवरणों के समान ही प्रस्तुत किए जाते हैं, सिवाय इसके कि जहां अन्यथा उल्लेख किया गया हो।

(फ) सहायक कंपनियों ने कुछ मामलों में बैंक द्वारा अपनाई गई नीतियों से भिन्न लेखांकन नीतियों का उपयोग किया हो सकता है। समेकित वित्तीय विवरण तैयार करते समय सहायक कंपनी के वित्तीय विवरणों में कोई समायोजन नहीं किया जाता है, क्योंकि समेकित वित्तीय विवरणों में उन मदों का अनुपात जिन पर सहायक कंपनियों द्वारा भिन्न लेखांकन नीतियां लागू की गई हैं, नगण्य है।

सहायक कंपनियों और सहयोगी संस्थाओं के समेकन पर ख्याति / पूंजी आरक्षित की पहचान:

सहायक/सहयोगी संस्थाओं में समूह की निवेश लागत और सहायक/सहयोगी संस्था की इक्विटी में मूल कंपनी के हिस्से के बीच के अंतर को समेकित वित्तीय विवरणों में ख्याति या पूंजी आरक्षित के रूप में, जैसी भी स्थिति हो, मान्यता दी जाती है।

समेकित सहायक कंपनियों की शुद्ध संपत्तियों में अल्पसंख्यक हित में निम्नलिखित शामिल हैं

(ए) सहायक कंपनी में निवेश किए जाने की तिथि पर अल्पसंख्यक को देय इक्विटी की राशि, और

(बी) मूल-सहायक संबंध अस्तित्व में आने की तिथि से इक्विटी में उतार-चढ़ाव में अल्पसंख्यक का हिस्सा।

(डी) अनुमानों का उपयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन को ऐसे अनुमान और धारणाएं बनाने की आवश्यकता होती है, जो वित्तीय विवरणों की तिथि पर संपत्तियों और देनदारियों (आकस्मिक देनदारियों सहित) की रिपोर्ट की गई राशि तथा रिपोर्टिंग अवधि के लिए रिपोर्ट की गई आय और व्यय में विचार की जाती हैं। प्रबंधन का मानना है कि वित्तीय विवरणों की तैयारी में उपयोग किए गए अनुमान विवेकपूर्ण और उचित हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। लेखांकन अनुमानों में किसी भी संशोधन को बदलाव की अवधि से भावी रूप से मान्यता दी जाती है जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो।

(ई) महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. **नकद और नकद समतुल्य**

नकद और नकद समतुल्य में हाथ में नकद (और एटीएम, भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष, अन्य बैंकों के पास शेष तथा मांग पर और अल्प सूचना पर उपलब्ध धन शामिल हैं।

2. **राजस्व मान्यता**

मूल बैंक

2.1 सामान्य:

आय/व्यय का हिसाब आमतौर पर उपार्जन आधार पर रखा जाता है, सिवाय विनियामक प्रावधानों के अनुसार नकद आधार पर गिनी जाने वाली आय के।

2.2 निवेशों से आय:

निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में मान्यता दी जाती है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी में निवेश की बिक्री पर लाभ को (लागू करों और "वैधानिक आरक्षित खाते" में स्थानांतरित की जाने वाली आवश्यक राशि को घटाकर) "पूंजी आरक्षित खाते" में विनियोजित किया जाता है। लाभांश आय तब मान्यता प्राप्त करती है जब लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाता है। सुरक्षा रसीदों पर होने वाले अतिरिक्त लाभ को वसूली होने पर 'अन्य आय' के रूप में मान्यता दी जाती है।

2.3 वित्तीय आस्तियों की बिक्री:

बेची गई वित्तीय आस्तियों को निम्नानुसार मान्यता दी जाती है:

(ए) एनपीए की बिक्री का हिसाब आरबीआई द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार रखा जाता है। जब बैंक अपनी वित्तीय आस्तियों को प्रतिभूतिकरण कंपनी /पुनर्गठन कंपनी को बेचता है, तो उसे बही-खातों से हटा दिया जाता है।

(बी) यदि एससी/एआरसी को बिक्री शुद्ध बही मूल्य से कम कीमत पर होती है, तो कमी को बिक्री वाले वर्ष में ही लाभ और हानि खाते में वसूल किया जाता है।

(सी) यदि बिक्री नकद आधार पर एनबीवी से अधिक कीमत पर होती है, तो अधिशेष को लाभ और हानि खाते के क्रेडिट में ले जाया जाता है।

2.4 शुल्क आधारित आय:

साख पत्र , बैंक गारंटी और आस्थगित भुगतान गारंटी पर कमीशन को आनुपातिक रूप से पूरी अवधि में उपार्जन आधार पर मान्यता दी जाती है। अन्य सभी कमीशन और शुल्क आय को उनकी वसूली पर मान्यता दी जाती है।

2.5 अन्य:

आयकर रिफंड पर ब्याज का हिसाब रिफंड आदेश/ आयकर विभाग से सूचना प्राप्त होने और बैंक द्वारा इसे स्वीकार किए जाने पर किया जाता है।

II. सहायक कंपनियां

सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड

(ए) ऋणों पर ब्याज:

लागू विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, गैर-निष्पादित आस्तियों के मामलों को छोड़कर, ब्याज आय को उपार्जन आधार पर मान्यता दी जाती है, जहां आय को वसूली के आधार पर मान्यता दी जाती है।

समान मासिक किश्तों के माध्यम से चुकाए जाने वाले ऋणों के संबंध में, प्रत्येक किश्त में मूलधन और ब्याज शामिल होता है, जिसमें ब्याज की गणना महीने के प्रारंभ में बकाया ऋण शेष पर की जाती है।

ईएमआई अधिस्थगन अवधि के पूरा होने के बाद शुरू होती हैं। अधिस्थगन अवधि के दौरान, प्री-ईएमआई ब्याज की वसूली की जाती है।

एनपीए के मामले में, वसूलियों को सबसे पहले अतिदेय ब्याज के प्रति और उसके बाद अतिदेय किश्तों के मूलधन घटक के प्रति तथा उसके बाद शुल्कों में विनियोजित किया जाता है।

(बी) शुल्क और अन्य प्रभार: शुल्क और अन्य प्रभारों से आय, जैसे लॉगिन शुल्क, अतिदेय राशियों पर दंडात्मक ब्याज, पूर्व-भुगतान प्रभार , और इसी तरह की मदों को नकद आधार पर मान्यता दी जाती है।

(सी) निवेशों से आय: बैंक जमा, बॉन्ड और सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज आय को उपार्जन आधार पर मान्यता दी जाती है। लाभांश आय को उस वर्ष मान्यता दी जाती है जिसमें लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित होता है।

(डी) अन्य आय: आयकर रिफंड पर ब्याज और अन्य विविध आय को नकद आधार पर मान्यता दी जाती।

सेंट बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

(ए) ट्रस्टीशिप सेवा आय, जिसमें वार्षिक शुल्क शामिल है, सेवा की अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर मान्यता प्राप्त करती है, जबकि प्रारंभिक स्वीकृति शुल्क प्रस्ताव पत्र की स्वीकृति पर मान्यता प्राप्त करता है जो सेवाओं की शुरुआत का प्रतीक है; दस्तावेज़ीकरण और सहायक शुल्कों को तब मान्यता दी जाती है जब वे मापने योग्य और वसूली योग्य हों।

(बी) डिबेंचर और सुरक्षा ट्रस्टीशिप सेवाओं से राजस्व को उपार्जन आधार पर मान्यता दी जाती है, सिवाय उन मामलों के जिनमें कानूनी विवाद या गैर-निष्पादित आस्तियां शामिल हैं, जहां वसूली की अनिश्चितता के कारण आय को नकद आधार पर मान्यता दी जाती है।

(सी) गैर-आवंटित फंडों पर वार्षिक रखरखाव या होल्डिंग शुल्क को गैर-आवंटन की तारीख से सात वर्ष पूरे होने के बाद उपार्जन आधार पर मान्यता दी जाती है।

(डी) अदावाकृत आय पर दंडात्मक शुल्क लगातार तीन वर्षों तक लावारिस रहने के बाद वार्षिक रूप से उपार्जन आधार पर मान्यता प्राप्त करते हैं, और लगातार दस वर्षों के बाद एक अतिरिक्त एकमुश्त जुर्माना मान्यता प्राप्त करता है।

(ई) पोर्टफोलियो प्रबंधन शुल्क को अंतर्निहित परिसंपत्तियों के मूल्य के आधार पर उपार्जन आधार पर मान्यता दी जाती है, और सावधि तथा अन्य मियादी जमाओं पर ब्याज आय को प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग करके उपार्जन आधार पर मान्यता दी जाती है, जो वसूली की उचित निश्चितता के अधीन है।

3. अग्रिम

मूल बैंक

3.1 आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों/निर्देशों के आधार पर, ऋणों और अग्रिमों को परफॉर्मिंग और नॉन-परफॉर्मिंग के रूप में निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता है:

(ए) मियादी ऋण को एक गैर-निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, यदि ब्याज और/या मूलधन की किश्त 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए अतिदेय रहती है।

(बी) एक ओवरड्राफ्ट या कैश क्रेडिट को गैर-निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, यदि खाता "आउट ऑफ ऑर्डर" रहता है, यानी यदि बकाया शेष राशि लगातार 90 दिनों की अवधि के लिए स्वीकृत सीमा/ आहरण शक्ति से अधिक हो जाती है, या यदि लगातार 90 दिनों तक कोई क्रेडिट नहीं होता है, या यदि क्रेडिट पिछले 90 दिनों की अवधि के दौरान डेबिट किए गए ब्याज को कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(सी) खरीदे गए/भुनाए गए बिलों को गैर-निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि बिल 90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए अतिदेय रहता है।

(डी) कृषि अग्रिमों को गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि, (i) कम अवधि की फसलों के लिए, जहां मूलधन या ब्याज की किश्त दो फसल चक्रों के लिए अतिदेय रहती है; और (ii) लंबी अवधि की फसलों के लिए, जहां मूलधन या ब्याज एक फसल चक्र के लिए अतिदेय रहता है।

(ई) एक कार्यशील पूंजी उधार खाता जहां खाते में लगातार 90 दिनों की अवधि के लिए अनियमित आहरण की अनुमति दी जाती है,

भले ही इकाई काम कर रही हो या उधारकर्ता की स्थिति संतोषजनक हो।

(फ) एक खाता जहां नियमित / तदर्थ क्रेडिट सीमाओं की नियत तारीख / तदर्थ मंजूरी की तारीख से 180 दिनों के भीतर समीक्षा / नवीनीकरण नहीं किया गया है।

(जी) भारतीय रिज़र्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक - प्रतिभूतिकरण लेनदेन) निर्देश, 2025 के संदर्भ में किए गए प्रतिभूतिकरण लेनदेन के संबंध में तरलता सुविधा की राशि 90 दिनों से अधिक समय तक बकाया रहती है।

(एच) डेरिवेटिव लेनदेन के संबंध में, डेरिवेटिव अनुबंध के सकारात्मक मार्क-टू-मार्केट मूल्य (positive mark-to-market value) का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिदेय प्राप्य (overdue receivables), भुगतान के लिए निर्दिष्ट नियत तारीख से 90 दिनों की अवधि के लिए भुगतान न किए गए हों।

3.2 गैर-निष्पादित आस्तियों को RBI द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर उप-मानक, संदिग्ध और हानि आस्तियों में वर्गीकृत किया जाता है:

(i) **उप-मानक** : एक ऋण आस्ति जो 12 महीने या उससे कम की अवधि के लिए गैर-निष्पादित रही हो।

(ii) संदिग्ध एक ऋण आस्ति जो 12 महीने की अवधि के लिए उप-मानक श्रेणी में रही हो या उप-मानक खाते जहां प्रतिभूति के मूल्य में बैंक द्वारा आकलित या अंतिम निरीक्षण के समय RBI द्वारा स्वीकृत मूल्य के 50% से अधिक की कमी हुई हो, जैसी भी स्थिति हो।

(iii) **हानि** : एक ऋण आस्ति जहां हानि की पहचान की गई है लेकिन राशि को पूरी तरह से बट्टे खाते में नहीं डाला गया है या यदि बैंक/ अनुमोदित मूल्यांककों/RBI द्वारा आकलित सुरक्षा का वसूली योग्य मूल्य बकाया राशि के 10 प्रतिशत से कम है।

3.3 विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के लिए प्रावधान किए जाते हैं, जो नीचे दिए गए न्यूनतम प्रावधानों के अधीन हैं

उप-मानक आस्तियां:

(i) कुल बकाया पर 15% का सामान्य प्रावधान।

(ii) उन एक्सपोजर के लिए 10% का अतिरिक्त प्रावधान (बकाया शेष पर कुल 25 प्रतिशत) जो शुरुआत से ही असुरक्षित हैं (अर्थात जहां सुरक्षा का वसूली योग्य मूल्य शुरुआत से 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है)।

(iii) बुनियादी ढांचा अग्रिमों के संबंध में असुरक्षित एक्सपोजर जहां एस्क्रो खाते-20 % जैसे कुछ सुरक्षा उपाय उपलब्ध हैं ।

संदिग्ध आस्तियां:	
-सुरक्षित हिस्सा	
1 वर्ष तक	25%
